स्त्रैणता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जनानापन। जनखापन। २ स्त्रियो की अत्यत इच्छा या लालसा (को०)।

स्त्रैराजक—सज्ञा पु० [स०] स्त्रीराज्य का निवासी।

स्त्र्यगार—सज्ञा पुं० [स०] स्त्रियो का आगार। अत पुर। जनानखाना।

स्त्र्यध्यक्ष—सज्ञा पुं० [स०] रानियो की देखभाल करनेवाला। अत पुर का प्रधान अधिकारी।

स्त्र्यनुज—वि० [स०] जो बहन के बाद उत्पन्न हुआ हो।

स्त्र्यभिगमन—सज्ञा पु० [स०] १ बलात्कार। २ सभोग। स्त्रीसभोग। स्त्रीप्रसग (को०)।

स्त्र्यर्थ—सज्ञा पुं० [स०] स्त्रीत्व। स्त्रीशक्ति। स्त्रीबल। उ०—यद्यपि एकबार जी मे आया कि पत्नी पर अपने बल तथा पुरुषार्थ का प्रयोग करके उसे अपनी आज्ञाकारिणी बनाए रखे परतु जब उन्होने अपने शरीर को और उसके मुकाबिले पत्नी के शरीर को देखा तो उनका यह विचार भी बदल गया। उनकी पत्नी का स्त्र्यर्थ उनके पुरुषार्थ से अधिक बलवान् निकला।—माँ, पृ० १८६।

स्त्र्याख्या—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रियगु लता।

स्त्र्याजीव—सज्ञा पुं० [स०] वह जो अपनी या दूसरी स्त्रियो की वेश्यावृत्ति से अपनी जीविका चलाता हो। औरतो की कमाई खानेवाला।

स्थडिल—सज्ञा पुं० [स० स्थण्डिल] १ भूमि। जमीन। २ यज्ञ के लिये साफ की हुई भूमि। चत्वर। ३ सीमा। हद। सिवान। ४ मिट्टी का ढेर। ५ एक प्राचीन ऋषि का नाम। ६ खुली हुई साफ भूमि। जैसे, गृह के सामने की भूमि (को०)। ७ सीमाबोधक चिह्न (को०)। ८ ऊसर भूमि। बजर भूमि (को०)।

स्थडिलश—वि० [स० स्थण्डिलश] साफ जमीन पर सोनेवाला। बिना बिस्तर के भूमि पर शयन करनेवाला।

स्थडिलशय्या—सज्ञा स्त्री० [स० स्थण्डिलशय्या] (व्रत के कारण) भूमि या जमीन पर सोना। भूमिशयन।

स्थडिलशायिका—सज्ञा स्त्री० [स० स्थण्डिलशायिका] दे० 'स्थडिल शय्या' (को०)।

स्थडिलशायी—सज्ञा पु० [स० स्थण्डिलशायिन्] वह जो व्रत के कारण भूमि या यज्ञस्थल पर सोता हो।

स्थडिलसवेशन—सज्ञा पु० [स० स्थण्डिलसवेशन] दे० 'स्थडिलशय्या'।

स्थडिलसितक—सज्ञा पु० [स० स्थण्डिलसितक] यज्ञ की वेदी।

स्थडिलेय—सज्ञा पु० [स० स्थण्डिलेय] महाभारत के अनुसार रौद्राश्व के एक पुत्र का नाम।

स्थडिलेशय—सज्ञा पु० [स० स्थण्डिलेशय] १ दे० 'स्थडिलशायी'। २ एक प्राचीन ऋषि का नाम।

स्थ[1]—प्रत्य० [स०] 'स्था' धातु का एक प्रकार का कृदत रूप जो शब्दो के अत मे लगकर नीचे लिखे अर्थ देता है—(१) स्थित। कायम। जैसे,—गगातटस्थ भवन। (२) उपस्थित। वर्तमान। विद्यमान। मौजूद। जैसे,—उन्हे बहुत से श्लोक कठस्थ है। (३) रहनेवाला। निवासी। जैसे,—काशीस्थ पडितो ने यह व्यवस्था दी। (४) लगा हुआ। लीन। रत। जैसे,—वे ध्यानस्थ है।

स्थ[2]—सज्ञा पु० स्थान। जगह (को०)।

स्थकर—सज्ञा पु० [स०] दे० 'स्थगर'।

स्थकित—वि० [हिं० थकित] थका हुआ। शिथिल। ढीला। उ०—जिसने वेनिस की पुलिस के गुप्तचरो और अनुसधानियो को स्थकित कर दिया हो।—अयोध्या० (शब्द०)।

स्थग[1]—वि० [स०] १ धूर्त। ठग। धोखेबाज। वंचक। २ निर्लज्ज।

स्थग[2]—संज्ञा पुं० दुष्ट व्यक्ति (को०)।

स्थगणा—संज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी।

स्थगन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० स्थगयितव्य] १ ढकना। आच्छादन। २ छिपाना। लुकाना। गोपन। ३ दूर करना। हटा देना। अपवारण। ४ किसी कार्य या सभा आदि को कुछ समय के लिये रोकना।

स्थगर—संज्ञा पुं० [स०] १ तगर नामक गंधद्रव्य। विशेष दे० 'तगर'। २ पुत्रजीव नामक एक वृक्ष। विशेष दे० 'पुत्रजीव'।

स्थगल—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थगर'।

स्थगिका—संज्ञा स्त्री० [स०] १ पान, सुपारी, चूना, कत्था आदि रखने का डिब्बा। पनडब्बा। पानदान। ताम्बूलकरंक। २ अंगूठे, उँगलियों और लिंगेंद्रिय के अग्रभाग पर के घाव पर बाँधी जानेवाली (पनडब्बे के आकार की) एक प्रकार की पट्टी। (वैद्यक)। ३ वेश्या। ४ पानविक्रेता की दुकान (को०)। ५ पान लगाकर देने का काम (को०)।

स्थगित—वि० [स०] १ ढका हुआ। आवृत। आच्छादित। २ छिपा हुआ। तिरोहित। अंतर्हित। गुप्त। ३ बंद। रुद्ध। ४ रोका हुआ। अवरुद्ध। ५ जो कुछ समय के लिये रोक दिया गया हो। मुलतवी। जैसे,—यात्रा स्थगित हो गई।

स्थगी—संज्ञा स्त्री० [स०] पान, सुपारी आदि रखने का डिब्बा। पनडब्बा। पानदान। ताम्बूलकरंक।

स्थगु—संज्ञा पुं० [स०] पीठ पर का कूबड़। कुब्ज। गंडु।

स्थडु—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थगु'।

स्थपति[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ राजा। अधिपति। नरेश। २ सामंत। शासक। उच्च राजकर्मचारी। ३ रामचंद्र का मंत्री, गुह। ४ वह जिसने बृहस्पति भवन नामक यज्ञ किया हो। ५ अंतःपुर-रक्षक। कंचुकी। ६ वास्तुविद्या विशारद। भवननिर्माण कला में निपुण। वास्तुशिल्पी। ७ रथ या गाड़ी बनानेवाला। बढ़ई। सूत्रकार। ८ कुबेर का एक नाम। ९ बृहस्पति का एक नाम। १० अमात्य। सचिव। मंत्री (को०)। ११ रथ हाँकनेवाला। सारथि।

स्थपति[2]—वि० १ मुख्य। प्रधान। २ उत्तम। श्रेष्ठ।

स्थपत्य—संज्ञा पुं० [स०] गृहाध्यक्ष। राजभवन का महाप्रतीहार।

स्थपनी—संज्ञा स्त्री० [स०] दाना सींहो के बीच का स्थान, जो वैद्यक के अनुसार मर्म स्थान माना जाता है।

स्थपुट[1]—वि० [स०] १ कुबड़ा। कुब्ज। २ विषम। ऊबड़ खाबड़। ३ जिसपर संकट पड़ा हो। विपन्न। ४ पीड़ा के कारण झुका हुआ। पीड़ानत।

स्थपुट[2]—संज्ञा पुं० १ पीठ पर का विषम उन्नत स्थान। कूबड़। २ ऊबड़ खाबड़ या असम भूमि (को०)। ३ आत्मा (को०)।

यौ०—स्थपुटगत = (१) दुर्गम या कठिन स्थान में स्थित। (२) स्थपुट संबंधी।

स्थल—संज्ञा पुं० [सं०] १ भूमि। भूभाग। जमीन। २ जलशून्य भूभाग। खुश्की। जैसे,—स्थल मार्ग से जाने में बहुत दिन लगेंगे। ३ पर्वत। जंगल। ४ अवसर। मौका। ५ टीला। ढूह। ६ तट। किनारा। ७ पुस्तक का एक अंश। परिच्छेद। ८ नागरों में बालक बालिका के घर पुत्र का नाम। ९ निर्जन और मरु भूमि जिसमें जल बहुत कम हो।

विशेष—सिंध और पंजाब प्रदेश में ऐसे स्थानों को 'थर' कहते हैं।

१० तट। किनारा। बेला (सं०)। ११ ठहरने की जगह। पड़ाव (सं०)। १२ प्रस्ताव। प्रकरण। विषय (सं०)। १३ पाठ (सं०)। १४ प्रासाद की छत (सं०)।

स्थलकंद—संज्ञा पुं० [सं० स्थलकन्द] जमीकंद। सूरन। जमीकंद।

स्थलकमल—संज्ञा पुं० [सं०] कमल की आकृति का एक प्रकार का पुष्प जो स्थल में उत्पन्न होता है।

विशेष—इसका मूल ६ से १२ इंच तक ऊँचा और पत्ते कुछ लंबाई लिए गोल होते हैं। जड़ के पास के पत्ते लाल से पत्तों में कुछ चौड़े होते हैं। फूल गुलाबी रंग के और पाँच दलवाले होते हैं। यह बगीचों में होता है। वैद्यक में यह शीतल, रुचिकर, कफकारक, दूषित, स्तनों को दृढ़ करनेवाला तथा कफ, पित्त, मूत्रकृच्छ्र अतिसार, वात, शूल, वमन, दाह, मोह, प्रमेह, रक्तविकार, श्वास, अपस्मार, विष और कृमि का नाश करनेवाला माना गया है।

पर्या०—पद्मचारिणी। अतिरुचा। पद्माक्षा। चारुदृष्टि। अव्यया। पद्मा। सारदा। पुष्पमूला। अक्षया। लक्ष्मी। श्रेष्ठा। सुपुष्पिका। रमा। पद्मावती। स्थलरुहा। पुष्पिणी। पुष्पदर्शिका। पुष्पसारिणी।

स्थलकमलिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्थलकमल का पौधा।

स्थलकाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा की एक सहचारी का नाम।

स्थलकुमुद—संज्ञा पुं० [सं०] बनैला। कुंभी।

स्थलग—वि० [सं०] स्थल या भूमि पर रहने या विचरण करनेवाला। स्थलचर। थलचर।

स्थलगत—वि० [सं०] जो स्थल या भूमि पर गया हो (को०)।

स्थलगामी—वि० [सं० स्थलगामिन्] स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला। स्थलग। स्थलचर।

स्थलचर—वि० [सं०] स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला।

स्थलचारी—वि० [सं० स्थलचारिन्] स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला। स्थलचर।

स्थानच्युत—वि० [सं०] जो किसी स्थान या पद से गिराया या हटाया गया हो। स्थानच्युत। पदच्युत (को०)।

स्थलज—वि० [सं०] १ स्थल या भूमि में उत्पन्न। स्थल में उत्पन्न होनेवाला। २ स्थलमार्ग से जानेवाले माल पर लगनेवाला (कर, चुंगी या महसूल)।

स्थलजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मुलेठी। मधुयष्टी।

स्थलदुर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] मैदान का किला।

स्थलदेवता—सज्ञा पु० [स०] १ लोक के देवता। ग्रामदेवता या स्थान-देवता। २ भूमि के देवता। भूसुर।

स्थलनलिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्थलकमलिनी'।

स्थलनीरज—सज्ञा पुं० [स०] स्थलकमल।

स्थलपत्तन—सज्ञा पु० [स०] सूखी जमीन पर बसा हुआ नगर [को०]।

स्थलपथ—सज्ञा पुं० [स०] भूमार्ग। भूमिपथ। स्थलमार्ग।

यौ०—स्थलपथभोग = वह भूभाग जो उत्तम पथ या मार्ग से युक्त हो।

स्थलपथभोग—सज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य के अनुसार वह उपनिवेश या राष्ट्र जिसमे अच्छी अच्छी सडके मौजूद हो।

स्थलपद्म—सज्ञा पुं० [स०] १ स्थलकमल। २ मानकच्चू। मानक। विशेष दे० 'मानकद'। ३ दे० 'छत्रपत्र'। ४ सेवती गुलाब आदि। शतपत्र।

स्थलपद्मिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'स्थलकमलिनी'।

स्थलपिंडा—सज्ञा स्त्री० [स० स्थलपिण्डा] पिंड खजूर। पिंडी। खर्जूरिका।

स्थलपुष्पा—सज्ञा स्त्री० [स०] गुल मखमल नाम का पौधा। झडूक नामक क्षुप। गुल मखमली।

स्थलभडा—सज्ञा स्त्री० [सं० स्थलभण्डा] वनभटा। वृहती।

स्थलमजरी—सज्ञा स्त्री० [स० स्थलमञ्जरी] लटजीरा। अपामार्ग।

स्थलमर्कट—सज्ञा पुं० [स०] करौदा। करमर्दक।

स्थलमार्ग—सज्ञा पु० [स०] जमीन पर होकर जानेवाला पथ। खुश्की का रास्ता या सडक [को०]।

स्थलयुद्ध—सज्ञा पुं० [स०] वह युद्ध या सग्राम जो स्थल या भूभाग पर होता है। खुश्की की लडाई। मैदानी लडाई।

स्थलयोधी—सज्ञा पु० [स० स्थलयोधिन्] जमीन पर लडाई करनेवाला योद्धा।

स्थलरुहा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्थलकमल।

स्थलवर्त्म—सज्ञा पु० [स० स्थलवर्त्मन्] दे० 'स्थलमार्ग'।

स्थलविग्रह—सज्ञा पुं० [स०] वह लडाई या युद्ध जो स्थल या भूभाग पर होता है। खुश्की की लडाई।

स्थलविहग—सज्ञा पु० [स० स्थलविहङ्ग] स्थल पर विचरण करनेवाले मोर आदि पक्षी।

स्थलविहगम—सज्ञा पुं० [स० स्थलविहङ्गम] दे० 'स्थलविहग'।

स्थलविहग—सज्ञा पुं० [स०] स्थलचारी पक्षी। स्थलविहगम।

स्थलशुद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] जमीन की सफाई या परिष्कार [को०]।

स्थलवेतस—सज्ञा पुं० [स०] भूमि पर पैदा होनेवाला वेत [को०]।

स्थलशृगाट—सज्ञा पुं० [सं० स्थलशृङ्गाट] गोखरू। गोक्षुर।

स्थलशृगाटक—सज्ञा पुं० [सं० स्थलशृङ्गाटक] दे० 'स्थलशृगाट'।

स्थलसीमा—सज्ञा स्त्री० [स० स्थलसीमन्] देश की सीमा। सरहद।

स्थलस्थ—वि० [सं०] सूखी धरती पर खडा होनेवाला। भूस्थित [को०]।

स्थलातर—सज्ञा पुं० [स० स्थलान्तर] अन्य स्थान। दूसरी जगह [को०]।

स्थला—सज्ञा स्त्री० [स०] जलशून्य भूभाग। खुश्क जमीन।

स्थलारविद—सज्ञा पुं० [स० स्थलारविन्द] दे० 'स्थलकमल'।

स्थलारूढ—वि० [स०] जो घोडे, रथ आदि सवारी से भूमि पर उतरकर खडा हो [को०]।

स्थली—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जलशून्य भूभाग। खुश्क जमीन। भूमि। २ ऊँची सम भूमि। ३ स्थान। जगह। जैसे,—वहाँ एक सुदर वनस्थली है। ४ दे० 'स्थलीदेवता' (को०)। ५ उपत्यका (को०)। ६ शरीर का निकला हुआ कोई भाग या अश (को०)।

स्थलीदेवता—सज्ञा पुं० [सं०] ग्राम्य देवता।

स्थलीभूता—वि० [स०] ऊँचे या उच्च स्तर पर स्थित। जैसे कोई भूभाग या देश [को०]।

स्थलीय—वि० [स०] १ स्थल या भूमि सबधी। स्थल का भूमि का। जमीन का। जैसे,—जिसे कभी स्थलीय अथवा जलीय सग्राम से भय उत्पादन नही हुआ।—अयोध्यासिह (शब्द०)। २ किसी स्थान का। स्थानीय। ३ विशेष स्थिति या विषय से सबद्ध।

स्थलीशायी—वि० [स० स्थलीशायिन्] बिछावन आदि से रहित धरती पर ही सोनेवाला [को०]।

स्थलेजात[1]—वि० [स०] स्थल पर पैदा होनेवाला। जो पृथिवी पर उत्पन्न हो।

स्थलेजात[2]—सज्ञा पुं० मधुयष्टिका। मुलेठी। स्थलजा [को०]।

स्थलेयु—सज्ञा पु० [स०] हरिवश के अनुसार रौद्राश्व के एक पुत्र का नाम।

स्थलेरुहा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ घीकुआर। घृतकुमारी। २ कुरुही। दग्धा वृक्ष।

स्थलेशय[1]—सज्ञा पुं० [स०] स्थल अर्थात् भूमि पर सोनेवाले कुरग, कस्तूरीमृग आदि।

स्थलेशय[2]—वि० भूमि पर शयन करनेवाला [को०]।

स्थलौक—सज्ञा पुं० [सं० स्थलौकस्] स्थल पर रहनेवाला पशु। स्थलचर जीव।

स्थव—सज्ञा पुं० [स०] छाग। बकरा [को०]।

स्थवि—सज्ञा पुं० [स०] १ थैला। थैली। २ स्वर्ग। ३ जुलाहा। ततुवाय। ४ अग्नि। आग। ५ कोढी या उसका शरीर। ६ फल। ७ जगम।

स्थविका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की मक्खी।

स्थविर[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वृद्ध। बुड्ढा। जैसे,—उनका प्रभाव स्थविर और युवा सब पर समान हुआ।—अयोध्यासिह (शब्द०)। २ ब्रह्मा। ३ वृद्ध और पूज्य बौद्ध भिक्षु। ४ छरीला। शैलेय। ५ विधारा। वृद्धदारक। ६ कदव। कदम। ७ बौद्धो का एक सप्रदाय।

स्थविर[2]—वि० १ वृद्ध और पूज्य। २ स्थिर। दृढ। अचल (को०)। ३ पुरातन। प्राचीन (को०)।

स्थविरता—पञ्चा स्त्री० [स०] स्थविर या वृद्ध होने का भाव। बुढापा। वृद्धावस्था (को०)।

स्थविरदारु—सञ्चा पु० [स०] विधारा। वृद्धदारक।

स्थविरद्युति—वि० [स०] वृद्धोचित समान या मर्यादावाला (को०)।

स्थविरा—सञ्चा स्त्री० [स०] १ गोरखमुडी। महाश्रावणिका। २ वृद्धा स्त्री। बूढी औरत।

स्थविरायु—वि० [स० स्थविरायुस्] बहुत वृद्ध। अत्यत बूढा (को०)।

स्थविष्ठ—वि० [स०] १ अत्यत स्थूल। बहुत मोटा। २ अत्यत शक्तिशाली। महान् बली (को०)।

स्थवीयस—वि० [स०] जो अत्यत महान् एव विशालतम हो (को०)।

स्थाडिल[1]—सञ्चा पुं० [स० स्थाण्डिल] वह जो व्रत के कारण भूमि या यज्ञस्थल पर सोता है। स्थडिलशायी।

स्थाडिल[2]—वि० व्रती होने के कारण यज्ञस्थली या अनावृत भूमि पर शयन करनेवाला। व्रत के कारण भूमि पर सोनेवाला।

स्थाई—वि० [स० स्थायी] दे० 'स्थायी'।

स्थाग—सञ्चा पुं० [स०] १ प्राणहीन देह। शव। लाश। २ शिव के एक अनुचर का नाम।

स्थागर—वि० [स०] स्थगर सबधी। तगर से निर्मित (को०)।

स्थाणव—वि० [स०] १ स्थाणु या वृक्ष के तने से निर्मित अथवा उत्पन्न। २ स्थाणु से सबधित (को०)।

स्थाणवीय—वि० [स०] स्थाणु या शिव सबधी। शिव का।

स्थाणु[1]—सञ्चा पु० [स०] १ खभा। थून। स्तभ। २ पेड का वह धड जिसके ऊपर की डालियाँ और पत्ते आदि न रह गए हो। ठूँठ। ३ शिव का एक नाम। ४ एक प्रकार का भाला या बरछी। ५ हल का एक भाग। ६ जीवक नामक अष्टवर्गीय ओषधि। ७ धूपषडी का काटा। ८ दीमको की बाँबी। ९ वह वस्तु जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर न जा सके। स्थिर वस्तु। स्थावर पदार्थ। १० ग्यारह रुद्रो मे से एक का नाम। ११ एक प्रजापति का नाम। १२ एक नाग का नाम। १३ एक राक्षस का नाम। १४ खूँटी। कील (को०)। १५ बैठने का एक ढग (को०)।

स्थाणु[2]—वि० स्थिर। अचल।

स्थाणुकर्णी—सञ्चा स्त्री० [स०] बडी इद्रायन। महेंद्रवारुणी लता।

स्थाणुच्छेद—सञ्चा पुं० [स०] वृक्ष का तना काटनेवाला व्यक्ति (को०)।

स्थाणुतीर्थ—सञ्चा पुं० [स०] कुरुक्षेत्र के थानेश्वर नामक स्थान का प्राचीन नाम जो किसी समय बहुत प्रसिद्ध तीर्थ माना जाता था।

स्थाणुदिश—सञ्चा स्त्री० [स०] बृहत्सहिता के अनुसार शिव की दिशा। उत्तरपूर्व दिशा।

स्थाणुभूत—वि० [स०] वृक्ष के ठूँठ के समान जड या गतिहीन (को०)।

स्थाणुभ्रम—सञ्चा पु० [स०] भ्रम के कारण स्थाणु या ठूँठ को कुछ और समझना। स्थाणु सबधी भ्रम (को०)।

स्थाणुमती—सञ्चा स्त्री० [सं०] वाल्मीकि रामायण वर्णित एक प्राचीन नदी का नाम।

स्थाणुरोग—सञ्चा पुं० [स०] घोडे को होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमे उसकी जाँघ मे व्रण या फोडा निकलता है।

विशेष—यह रोग दूषित रक्त के कारण होता है। यह प्राय बरसात मे ही होता है।

स्थाणुवट—सञ्चा पु० [स०] महाभारत वर्णित एक तीर्थ का नाम।

स्थाण्वीश्वर—सञ्चा पु० [स०] १ वामन पुराण के अनुसार स्थाणुतीर्थ मे स्थित एक प्रसिद्ध शिवलिंग। २ थानेश्वर नामक एक ऐतिहासिक नगर।

स्थातव्य—वि० [स०] रहने या ठहरने योग्य (को०)।

स्थाता[1]—वि० [स० स्थातृ] १ जो स्थित हो। स्थिर रहनेवाला। २ दृढ। मजबूत (को०)।

स्थाता[2]—सञ्चा पुं० प्रेरक। नियता। यजमान।

स्थान—सञ्चा पु० [स०] १ ठहराव। टिकाव। स्थिति। २ भूमिभाग। भूमि। जमीन। मैदान। जैसे,—सभा के सामनेवाला स्थान बडा रम्य है। ३ वह अवकाश जिसमे कोई चीज रह सके। जगह। ठाम। स्थल। जैसे,—सब सभासद अपने अपने स्थान पर बैठ गए। ४ देश। घर। गावाम। जैसे,—मैं आपके स्थान पर गया था, आप मिले नहीं। ५ काम करने की जगह। पद। ओहदा। जैसे,—उनके दफ्तर मे कोई स्थान खाली है। ६ पद। दर्जा। जैसे,—काश्मीर पडितो मे उनका स्थान बहुत ऊँचा है। ७ व्याकरण के अनुसार मुँह के अदर का वह अग या स्थल जहाँ से किसी वर्ण या शब्द का उच्चारण हो। जैसे,—कठ, तालु, मूर्धा, दत, ओष्ठ। ८ राज्य। देश। ९ मदिर। देवालय। १० किसी राज्य का मुख्य आधार या बल जो चार माने गए है। यथा,—सेना, कोश, नगर और देश। (मनु०)। ११ गढ। दुर्ग। १२ सेना का अपने बचाव के लिये डटे रहना। (मनु०)। १३ आखेट मे शरीर की एक प्रकार की मुद्रा। १४ (माल का) जखीरा। गोदाम। १५ अवसर। मौका। १६ अवस्था। दशा। हालत। १७ कारण। उद्देश्य। १८ ग्रथसधि। परिच्छेद। १९ नीतिविदो के त्रिवर्ग के अतर्गत एक वर्ग। २० किसी अभिनेता का अभिनय या अभिनयगत चरित्र। २१ वेदी। २२ रामायण मे वर्णित एक गधर्व राजा का नाम। २३ आसन (युद्धयात्रा न कर चुपचाप बैठे रहना) का एक भेद। किसी एक उद्देश्य से उदासीन होकर बैठ जाना। २४ मृत्यु के बाद कर्मानुसार प्राप्त होनेवाला लोक (को०)। २५ सबध। हैसियत (को०)। २६ पदार्थ। वस्तु (को०)। २७ उचित या उपयुक्त स्थान (को०)। २८ उचित या योग्य पदार्थ (को०)। २९ नगरस्थित प्रागण (को०)। ३० पडाव। विश्रामस्थान (को०)। ३१ स्थित होने या ठहरने की क्रिया (को०)। ३२ आकार। आकृति। रूप (को०)। ३३ जीवन की मान्य चार (ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ और सन्यास) अवस्थाओ या स्थितियो मे कोई एक। आश्रम (को०)। ३४ सगीत मे गीत, सुर या स्वरो के स्पदन की स्थिति या मात्रा (को०)। ३५ सादृश्य। समानता। तुल्यता (को०)। ३६ निश्चेष्ट स्थिति या अवस्था। औदासीन्य। उदासीनता (को०)। ३७ ज्ञानेंद्रिय (को०)।

स्थानक—सज्ञा पु० [सं०] १ जगह। ठाँव। स्थान। २ नगर। शहर। ३ पद। स्थिति। दर्जा। ४ नृत्य मे एक प्रकार की मुद्रा। ५ वृक्ष का थाला। आलवाल। ६ मद्य आदि मे उत्पन्न फेन। ७ सस्वर पाठ करने की एक रीति (को०)। ८ नाटकीय व्यापार का एक विशेष स्थल। जैसे, पताका स्थानक (को०)। ९ यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा का अनुवाक् या प्रभाग (को०)। १० बाण चलाते समय शरीर की एक मुद्रा (को०)। ११ वह मदिर जिसमे मूर्ति खडी या तनी हुई अवस्था म स्थित हो (को०)।

स्थानकुटिकासन—सज्ञा पु० [स०] गृह या आवास का परित्याग करना। स्थावर-गृहत्याग (को०)।

स्थानचचला—सज्ञा स्त्री० [स० स्थानचञ्चला] वनतुलसी। बर्बरी।

स्थानचिंतक—पज्ञा पुं० [स० स्थानचिन्तक] सेना का वह अधिकारी जो सेना के लिये छावनी आदि की व्यवस्था करता हो।

स्थानच्युत—वि० [स०] १ जो अपने निर्धारित स्थान से च्युत या गिर गया हो। अपनी जगह से गिरा हुआ। स्थानभ्रष्ट। जैसे,—स्थानच्युत कमल। २ जो अपने ओहदे या पद से हटा दिया गया हो। अपने ओहदे से हटाया हुआ। जैसे,—स्थानच्युत कर्मचारी।

स्थानटिप्पटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] शुक्रनीति के अनुसार दैनिक आय और व्यय का लेखा या हिसाब की बही। रोकड बही (को०)।

स्थानतव्य—वि० [स०] ठहरने के योग्य। स्थिति के योग्य। रहने के योग्य।

स्थानत्याग—सज्ञा पुं० [स०] १ अपना ओहदा या पद छोड देना। पदत्याग। २ निवासस्थान का परित्याग।

स्थानदाता—वि० [स० स्थानदातृ] १ स्थान देनेवाला। जगह देनेवाला। २ किसी के लिय किसी विशिष्ट स्थान का निदेश करनेवाला।

स्थानदीप्त—वि० [स०] जो स्थानविशेष पर स्थित होने के कारण अशुभ या उग्र हो। स्थान को पा जाने के कारण दीप्त या अशुभ (को०)।

स्थानपति—सज्ञा पु० [स०] १ किसी मठ, मदिर या विहार आदि का प्रधान व्यक्ति। २ दे० 'स्थानाधिपति'।

स्थानपात—सज्ञा पुं० [स०] किसी को उसके स्थान से च्युत करना। किसी को उसके स्थान से हटाकर अधिकार करना।

स्थानपाल—सज्ञा पु० [स०] १ स्थान या देश का रक्षक। २ प्रधान निरीक्षक। ३ चौकीदार। पहरेदार।

स्थानप्रच्युत—वि० [सं०] दे० 'स्थानच्युत'।

स्थानप्राप्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] किसी पद या स्थान का प्राप्त होना।

स्थानभग—सज्ञा पुं० [स० स्थानभङ्ग] किसी स्थान का भग या बरबाद होना। स्थानभ्रश (को०)।

स्थानभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] रहने की जगह। मकान।

स्थानभ्रश—सज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'स्थानभग'। २ अर्थ की हानि। ओहदे या पद की हानि (को०)।

स्थानभ्रष्ट—वि० [स०] दे० 'स्थानच्युत'।

स्थानमाहात्म्य—सज्ञा पु० [स०] १ स्थानविशेष की महत्ता या विशेषता। २ किसी स्थानविशेष का पुण्य प्रभाव, पवित्रता या तीर्थत्व (को०)।

स्थानमृग—सज्ञा पु० [स०] १ केकडा। ककट। २ मछली। मत्स्य। ३ कछुआ। कच्छप। ४ मगर। मकर।

स्थानयोग—सज्ञा स० [स०] उचित स्थानो का नियोजन। उपयुक्त स्थान का विनियोग (को०)।

स्थानरक्षक—सज्ञा पु० [स०] दे० 'स्थानपाल' (को०)।

स्थानविद्—वि० [स०] स्थानीय विषयो का अच्छा ज्ञाता या जानकार।

स्थानविभाग—सज्ञा पु० [स०] बीजगणित मे अको की स्थिति के अनुसार किसी सख्या का उपविभाजन। २ स्थान का बँटवारा, वितरण या विभाजन करना।

स्थानवीरासन—सज्ञा पु० [स०] ध्यान करने की एक प्रकार की मुद्रा या आसन।

स्थानस्थ—वि० [स०] १ अपने स्थान पर स्थित या उपस्थित। २ जो अपनी जगह पर अटल हो (को०)।

स्थानाग—सज्ञा पु० [स० स्थानाङ्ग] जैन धर्मशास्त्र का तीसरा अग।

स्थानातर—सज्ञा पु० [स० स्थानान्तर] दूसरा स्थान। प्रकृत या प्रस्तुत से भिन्न स्थान।

यो०—स्थानातरगत = दूसरे स्थान पर गया हुआ।

स्थानातरित—वि० [स० स्थानान्तरित] जो एक स्थान से हट या उठकर दूसरे स्थान पर गया हो। जो एक जगह से दूसरी जगह पर भेजा या पहुँचाया गया हो। जैसे,—(क) भानु कार्यालय चौक मे दशाश्वमेध स्थानातरित हो गया। (ख) मि० सिंह काशी से आजमगढ स्थानातरित कर दिए गए है।

स्थानाधिकार—सज्ञा पु० [स०] देवस्थान आदि की देखभाल (को०)।

स्थानाधिपति—सज्ञा पुं० [स०] १ स्थान का स्वामी। २ दे० 'स्थानपति'।

स्थानाध्यक्ष—सज्ञा पु० [स०] वह जिसपर किसी स्थान की रक्षा का भार हो। स्थानरक्षक।

स्थानापत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी व्यक्ति या वस्तु का स्थान लेना। २ दूसरे व्यक्ति के स्थान पर कुछ दिनो के लिये काम करना (को०)।

स्थानापन्न—वि० [स०] दूसरे के स्थान पर अस्थायी रूप से काम करनेवाला। कायम मुकाम। एवजी। जैसे,—स्थानापन्न मैजिस्ट्रेट।

स्थानाश्रय—सज्ञा पु० [स०] खडे होने की भूमि या स्थान। आश्रय। आधार (को०)।

स्थानासेध—सज्ञा पु० [सं०] एक ही स्थान पर नजरबदी। गिरफ्तारी। कैद (को०)।

स्थानिक[1]—वि० [सं०] उस स्थान का जिसके विषय मे कोई उल्लेख हो। उल्लिखित, वक्ता या लेखक के स्थान का। जैसे,—स्थानिक घटना, स्थानिक समाचार।

स्थानिक[2]—सज्ञा पु० १ वह जिसपर किसी स्थान की रक्षा का भार हो। स्थानरक्षक। २ मदिर का प्रबधक। ३ राजकर वसूल करनेवाला एक कर्मचारी।

विशेष—जनपद के चौथे भाग की मालगुजारी इनके जिम्मे रहती थी। ये 'समाहर्ती' के अधीन होते थे और इनके अधीन गोप' होते थे।

स्थानी—वि० [स० स्थानिन्] १ स्थानयुक्त। पदयुक्त। २ ठहरनेवाला। स्थायी। ३ उचित। उपयुक्त। ठीक। ४ जिसका कोई स्थानापन्न हो (को०)।

स्थानीय[1] वि० [स०] १ उस स्थान या नगर का जिसके सबध मे कोई उल्लेख हो। उल्लिखित वक्ता या लेखक के स्थान का। मुकामी। स्थानिक। जैसे,—स्थानीय पुलिस कर्मचारी। स्थानीय समाचार। २ जो किसी स्थान पर स्थित हो।

स्थानीय[2] - सज्ञा पुं० १ नगर। शहर। कस्बा। २ कौटिल्य के अनुसार एक प्रकार का गढ जो ८०० गावो के मध्य मे हो। आठ सौ गाँवो के बीच बना हुआ किला।

स्थानीयता—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्थानीयपन। आचलिकता। उ०—भाषा की यह स्थानीयता जायसी की सीमित लोकप्रियता का एक कारण है।—आचार्य०, पृ० ६८।

स्थानेश्वर—सज्ञा पुं० [स०] १ कुरुक्षेत्र का थानेश्वर नामक स्थान जो किसी समय एक प्रसिद्ध तीर्थ था। २ दे० 'स्थानाध्यक्ष'।

स्थापक[1]—वि० [स०] १ रखने या खडा करनेवाला। २ कायम करनेवाला। स्थापनकर्ता।

स्थापक[2]—सज्ञा पु० १ देवप्रतिमा या मूर्ति बनानेवाला। २ मूर्ति स्थापित करनेवाला। ३ सूत्रधार का सहकारी। सहकारी रगमचाध्यक्ष। (नाटक)। ४ कोई सस्था खोलने या खडी करनेवाला। सस्थापक। प्रतिष्ठाता। ५ जो किसी के पास कोई चीज जमा करे। अमानत रखनेवाला।

स्थापत्य—सज्ञा पु० [स०] १ स्थपति का कार्य। भवननिर्माण। राजगीरी। मेमारी। २ वह विद्या जिसमे भवननिर्माण सबधी सिद्धातो आदि का विवेचन हो। ३ अत पुर का रक्षक। रनिवास की रखवाली करनेवाला। ४ स्थानरक्षक का पद।

यौ०—स्थापत्य कला = भवन आदि निर्माण करने की कला। स्थापत्यविद्या = वास्तुशिल्प। दे० 'स्थापत्य—२'। स्थापत्यवेद।

स्थापत्यवेद—सज्ञा पुं० [स०] चार उपवेदो मे से एक जिसमे वास्तुशिल्प या भवननिर्माण कला का विषय वर्णित है। कहते हैं, इसे विश्वकर्मा ने अथर्ववेद से निकाला था।

स्थापन—सज्ञा पुं० [सं०] १ खडा करना। उठाना। २ रखना। बैठाना। जमाना। ३ नया काम खोलना। नया काम जारी करना। ४ जकडना। पकडना। ५ (प्रमाणपूर्वक किसी विषय को) सिद्ध करना। साबित करना। प्रतिपादन। ६ (शरीर की) रक्षा या आयुवृद्धि का उपाय। ७ (रक्त का स्राव) रोकने का उपाय। ८ समाधि। ९ पुमवन। १० मकान। घर। आवास। ११ अन्न की राशि। १२ निरूपण। १३ पारे की एक क्रिया (को०)। १४ गर्भाधान नामक एक सस्कार (को०)। १५ रग की व्यवस्था करना। व्यवस्थापन। निर्देशन (को०)।

स्थापननिक्षेप—सज्ञा पुं० [सं०] अर्हत् की मूर्ति का पूजन। (जैन)।

स्थापनवृत्त—वि० [सं०] जो शक्ति के पुन सचय से अतीत हो गया हो (को०)।

स्थापना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रतिष्ठित या स्थित करना। बैठाना। थापना। दृढतापूर्वक रखना। २ रखना। जमा कर रखना। ३ (प्रमाणपूर्वक किसी विषय को) सिद्ध करना। साबित करना। प्रतिपादन। ४ (नाटक मे) व्यवस्थापन। निर्देश।

स्थापनासत्य—सज्ञा पुं० [स०] किसी प्रतिमा या चित्र आदि मे स्वय उस वस्तु या व्यक्ति का आरोप करना जिसकी वह प्रतिमा या चित्र हो। जैसे,—पार्श्वनाथ की प्रतिमा को 'पार्श्वनाथ की प्रतिमा' न कहकर 'पार्श्वनाथ' कहना। (जैन)।

स्थापनिक—वि० [सं०] भाडार मे जमा किया हुआ।

स्थापनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पाढ। पाठा।

स्थापनीय—वि० [स०] १ स्थापित करने के योग्य। जो स्थापना करने के योग्य हो। २ जो रखने अथवा पोषण पालन करने योग्य हो (को०)। ३ शक्तिवर्धक औषधो द्वारा चिकित्सा करने योग्य (को०)।

स्थापयितव्य—वि० [स०] १ स्थापित करने के योग्य। २ रखने के योग्य। ३ जिसपर नियत्रण रखा जा सके। नियत्रित करने के योग्य (को०)।

स्थापयिता—वि० [स० स्थापयितृ] प्रतिष्ठा या स्थापन करनेवाला। सस्थापक। स्थापक।

स्थापित—वि० [स०] १ जिसकी स्थापना की गई हो। २. कायम किया हुआ। प्रतिष्ठित। ३ जो जमा किया गया हो। ४ जो जमा कर रखा गया हो। रक्षित। ५ व्यवस्थित। निर्दिष्ट। ६ निश्चित। ७ ठहरा हुआ। दृढ। मजबूत। ८. जो किसी कार्य पर नियुक्त हो (को०)। ९ विवाहित।

स्थापी—सज्ञा पुं० [स० स्थापिन्] १ प्रतिमा निर्माण करनेवाला। मूर्ति बनानेवाला। २ स्थापना करनेवाला। स्थापक।

स्थाप्य[1]—वि० [स०] १ स्थापित करने के योग्य। जिसकी स्थापना की जा सके अथवा जो स्थापित करने के योग्य हो। २. रखे जाने या जमा किए जाने योग्य (को०)। ३ जिसे किसी पद पर रखा जा सके। नियुक्ति योग्य (को०)। ४ जो नियत्रित किया जा सके। नियत्रण योग्य। ५ जो पालन पोषण के लायक हो, जैसे,—पशु (को०)।

स्थाप्य[2]—सज्ञा पुं० १ देवप्रतिमा। २ धरोहर। अमानत।

स्थाप्यापहरण—सज्ञा पु० [स०] अमानत मे खयानत। धरोहर को डकार जाना (को०)।

स्थप्याहरण—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थाप्यापहरण'।

स्थाम—सज्ञा पु० [सं० स्थामन्] १ सामर्थ्य। शक्ति। २ घोडे की हिनहिनाहट। अश्वघोष। ३ स्थान। जगह। मुकाम। ४. स्थिरता। स्थायित्व (को०)।

स्थामवत्—वि० [स०] शक्तियक्त। दृढ। मजबूत [को०]।

स्थाय—सज्ञा पु० [सं०] १ आधार। पात्र। २ दे० 'स्थाम'।

स्थाया—सज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी। धरती।

स्थायिक—वि० [स०] दे० 'स्थायी' [को०]।

स्थायिका—सज्ञा स्त्री० [स०] स्थित होना। स्थित होने की क्रिया [को०]।

स्थायिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'स्थायित्व'।

स्थायित्व—सज्ञा पु० [स०] १ स्थायी होने का भाव। टिकाव। ठहराव। २ स्थिरता। दृढता। मजबूती।

स्थायी[1]—वि० [सं० स्थायिन्] १ ठहरनेवाला। टिकनेवाला। जो स्थिर रहे। २ बहुत दिन चलनेवाला। जो बहुत दिन चले। टिकाऊ। जैसे—(क) अब यह मकान पहले की अपेक्षा अधिक स्थायी हो गया है। (ख) अब हमारे यहाँ धीरे धीरे स्थायी साहित्य की भी सृष्टि होने लगी है। ३ बना रहनेवाला। स्थितिशील। स्थिर। ४ (किसी के) तुल्य या समान रूपवाला (को०)। ५ जो किसी स्थान पर हो। रहनेवाला (को०)। ६ विश्वास करने योग्य। विश्वस्त।

स्थायी[2]—सज्ञा पु० १ नित्य या शाश्वत भावना अथवा कोई भी टिकाऊ वस्तु, दृढ स्थिति या दशा। २. गीत का प्रथम चरण जो बार बार गाया जाता है। टेक [को०]।

स्थायीभाव—सज्ञा पुं० [स० स्थायिभाव=हिं० स्थायी+भाव] साहित्य मे तीन प्रकार के भावो मे से एक जिसकी रस मे सदा स्थिति रहती है।

विशेष—स्थायीभाव चित्त मे सदा सस्कार रूप से वर्तमान रहते हैं और विभाव आदि मे अभिव्यक्त होकर रसत्व को प्राप्त होते हैं। ये विरुद्ध अथवा अविरुद्ध भावो मे नष्ट नही होते, बल्कि उन्ही को अपने आपमे समा लेते है। ये सख्या मे नौ हैं, यथा—(१) रति। (२) हास्य। (३) शोक। (४) क्रोध। (५) उत्साह। (६) भय। (७) निंदा या जुगुप्सा। (८) विस्मय और (९) निर्वेद।

स्थायी समिति—सज्ञा स्त्री० [स०] किसी सभा समेलन के कुछ निर्वाचित सदस्यो की एक समिति जिसका काम उस सभा या समेलन के दो महाधिवेशनो के बीच की अवधि मे उपस्थित होनेवाले कामो की व्यवस्था करना है।

स्थायुक[1]—वि० [सं०] [स्त्री० स्थायुका, स्थायुकी] १ ठहरनेवाला। टिकनेवाला। रहनेवाला। २ स्थितियुक्त। स्थितिशील। ३ दृढ। स्थिर (को०)।

स्थायुक[2]—सज्ञा पुं० गाँव का अध्यक्ष या निरीक्षक।

स्थाल—सज्ञा पुं० [स०] १ आधार। पात्र। बरतन। २ थाल। परात। थाली। ३ देग। देगची। पतीला। बटलोही। ४ दाँतो के नीचे का और मसूडो का भीतरी भाग।

स्थालक—सज्ञा पुं० [स०] पीठ की एक हड्डी।

स्थालपथ—वि० [स०] स्थल मार्ग से आयात किया हुआ या मँगाया हुआ [को०]।

स्थालपथिक—वि० [स०] १ स्थल मार्ग से यात्रा करनेवाला। २. स्थल मार्ग से आयात होनेवाला [को०]।

स्थालरूप—सज्ञा पुं० [स०] भोजन बनाने के बर्तन की शक्लवाला। पात्र की तरह आकृतिवाला [को०]।

स्थालिक—सज्ञा पु० [स०] मल की दुर्गंध।

स्थालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की मक्खी।

स्थाली[1]—स्त्री० [स०] १ हडी। हँडिया। २ मिट्टी की रिकाबी। ३ एक प्रकार का बरतन जो सोम का रस बनाने के काम मे आता था। ४ पाडर का पेड। पाटला वृक्ष।

स्थाली[2]—वि० [सं० स्थालिन्] थाली सहित। पात्रयुक्त [को०]।

स्थालीग्रह—सज्ञा पु० [सं०] वह पदार्थ जो पाकपात्र से करछी या चम्मच भर निकाला गया हो [को०]।

स्थालीदरण—सज्ञा पु० [स०] पात्र का टूटना। बर्तन टूट जाना [को०]।

स्थालीद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] बेलिया पीपल। नदी वृक्ष।

स्थालीपक्व—वि० [स०] हडी या पतीली मे पकाया हुआ [को०]।

स्थालीपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'शालिपर्णी'।

स्थलीपाक—सज्ञा पुं० [सं०] १ आहुति के लिये दूध मे पकाया हुआ चावल या जौ। एक प्रकार का चरु। २ वैद्यक मे लोहे की एक पाक विधि।

स्थालीपाकीय—वि० [स०] स्थालीपाक सबधी। स्थालीपाक का।

स्थालीपुरीष—सज्ञा पु० [सं०] पात्र मे जमी हुई मैल या तरौछ [को०]।

स्थालीपुलाक—सज्ञा पुं० [स०] स्थाली मे पका हुआ चावल [को०]।

स्थालीपुलाक न्याय—सज्ञा पु० [स०] जिस प्रकार हाँडी का एक चावल छूकर या टोकर सब चावलो के पक जाने का अनुमान किया जाता है, उसी प्रकार किसी एक बात को देखकर उस सबध की सब बातो का मालूम होना। जैसे,—मैने उनका एक ही व्याख्यान सुनकर स्थालीपुलाक न्याय से सब विषयो मे उनका मत जान लिया।

स्थालीविल—सज्ञा पुं० [स०] पाकपात्र (बटलोही या हाँडी आदि) का भीतरी भाग।

स्थालीविलीय—वि० [स०] पाकपात्र (देग, बटलोही, हाँडी आदि) मे उबलने या पकने योग्य।

स्थालीविल्य—वि० [स०] दे० 'स्थालीविलीय [को०]।

स्थालीवृक्ष—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थालीद्रुम'।

स्थाल्य—सज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार सूखी जमीन मे होनेवाले अनाज, ओषधि आदि।

स्थावर[1]—वि० [स०] १ जो चले नही। सदा अपने स्थान पर रहने वाला। अचल। स्थिर। २ जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाया न जा सके। जगम का उलटा। अचल। गैर मनकूला। जैसे,—स्थावर सपत्ति (मकान, बाग, गाँव आदि)। ३ स्थायी। स्थितिशील। ४ स्थावर सपत्ति सबधी। ५ निश्चेष्ट। निष्क्रिय (को०)। ६ वनस्पति सबधी। वानस्पतिक [को०]।

स्थावर[2]—सज्ञा पुं० १ पहाड। पर्वत। २ अचल सपत्ति। गैर मनकूला जायदाद। जैसे,—जमीन, घर आदि। ३ वह सपत्ति जो वशपरपरा से परिवार मे रक्षित हो और जो बेची न जा सके। जैसे,—रत्न आदि। ५ धनुष की डोरी। प्रत्यचा। चिल्ला।

६ कोई भी स्थावर वस्तु या पदार्थ। जैसे, वृक्ष, प्रस्तर आदि (को०)। ७ विशाल एव स्थूल शरीर (को०)। ८ स्थायी होने का भाव। स्थायित्व। ९ जैन दर्शन के अनुसार एकेंद्रिय पदार्थ आदि जिनके पाँच भेद कहे गए हैं—(१) पृथ्वीकाय, (२) अपकाय, (३) तेजस्काय, (४) वायुकाय और (५) वनस्पतिकाय।

स्थावरकल्प[1]—सज्ञा पु० [स०] बौद्ध मत के अनुसार सृष्टि सबधी कल्प (को०)।

स्थावरकल्प[2]—वि० जो स्थावर न होते हुए भी स्थावर के तुल्य हो।

स्थावरक्रयाणक—सज्ञा पु० [स०] काठ की बनी वस्तुएँ (को०)।

स्थावरगरल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थावरविष'।

स्थावरजगम—सज्ञा पुं० [स० स्थावरजङ्गम] सृष्टिगत स्थावर और जगम या चल और अचल सभी पदार्थ।

स्थावरता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ स्थावर होने का भाव। स्थिरता। अचलता। २ वानस्पतिक या खनिज होने की स्थिति या अवस्था।

स्थावरतीर्थ—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्राचीन तीर्थ का नाम। २ वह तीर्थ जिसका जल स्थिर हो। स्थिर जलवाला तीर्थ (को०)।

स्थावरत्व—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थावरता'।

स्थावरनाम—सज्ञा पुं० [सं०] जैन मतानुसार वह पाप कर्म जिसके उदय से जीव स्थावर काय मे जन्म ग्रहण करते है।

स्थावरराज—सज्ञा पु० [स०] पर्वतो का राजा, हिमालय।

यौ०—स्थावरराजकन्या = पार्वती।

स्थावरविष—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का विष। स्थावर पदार्थों मे होनेवाला जहर।

विशेष—यह विष सुश्रुत के अनुसार वृक्षमूल, पत्तो, फल, फूल, छाल, दूध, सार, गोद, धातु और कद मे होता है। वैद्यक मे यह ज्वर, हिचकी, दतहर्ष, गलवेदना, वमन, अरुचि, श्वास, मूर्छा और भ्रम उत्पन्न करनेवाला बताया गया है।

स्थावराकृति—वि० [स०] स्थावर अर्थात् वृक्ष की आकृति या स्वरूप-वाला (को०)।

स्थावरादि—सज्ञा पुं० [स०] वत्सनाभ विष। बच्छनाग विष।

स्थावरास्थावर—सज्ञा पुं० [स०] स्थावर और अस्थावर पदार्थ। दे० 'स्थावरजगम'।

स्थाविर[1]—सज्ञा पुं० [स०] वृद्धावस्था। वार्धक्य। बुढौती।

विशेष—यह अवस्था औरतो के लिये ५० से तथा पुरुषो के लिये ७० से ९० वर्ष तक मानी गई है। स्थाविरावस्था (९० वर्ष) के उपरात मनुष्य 'वर्षीयस्' कहलाता है।

स्थाविर[2]—वि० १ वृद्ध। वार्धक्ययुक्त। २ बुढौती सबधी। ३ मोटा। दृढ (को०)।

स्थासक—सज्ञा पुं० [स०] १ शरीर को चदन आदि से चर्चित या सुगधित करना। २ पानी का बुलबुला। जलबुद्बुद्। ३ घोडे के साज पर बुलबुले के आकार का एक गहना। ४ अभ्यजन, विलेपन, चदनादि द्वारा निर्मित आकृति या चित्र (को०)।

स्थासु—सज्ञा पुं० [स०] शारीरिक बल। दे० 'स्थास' (को०)।

स्थास्नु[1]—सज्ञा पुं० [सं०] पौधा। वृक्ष (को०)।

स्थास्नु[2]—वि० [स०] १ स्थायी। २ बहुत दिन टिकनेवाला। टिकाऊ। ३ सहनशील। ४ स्थित। स्थिर। अचल (को०)।

स्थिक—सज्ञा पुं० [स०] नितब। चूतड।

स्थिरनुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्थास्नु होने का भाव या स्थिति। दृढता। स्थिरता (को०)।

स्थित[1]—वि० [स०] १ अपने स्थान पर ठहरा हुआ। टिका हुआ। जैसे,—उस भवन की छत खभो पर स्थित है। २ लटका हुआ। अवलबित। ३ बैठा हुआ। आसीन। जैसे,—वे अपने आसन पर स्थित हो गए। ४ अपनी प्रतिज्ञा पर डटा हुआ। दृढप्रतिज्ञ। जैसे,—वह अपनी बात पर स्थित है। ५ विद्यमान। वर्तमान। मौजूद। जैसे,—परमात्मा सर्वत्र स्थित है। ६ रहनेवाला। निवासी। जैसे,—स्वर्गस्थित देवता, दुर्गस्थित सेना। ७ जमा हुआ। अवस्थित। जैसे,—यह नगर गगा के बाएँ किनारे पर स्थित है। ८ खडा हुआ। ऊर्ध्व। ९ अचल। स्थिर। १० लगा हुआ। सलग्न। मशगूल। ११. जडा हुआ। खचित (को०)। १२ घटित। बीता हुआ। १३ सहमत (को०)। १४ निर्धारित। निश्चित। व्योकृत (को०)। १५ रोका हुआ। वरित (को०)। १६ निकटस्थ। पार्श्वस्थ (को०)। १७ प्रस्तुत। उपस्थित (को०)। १८ धैर्यशाली। धीर (को०)। १९ कर्तव्य-परायण (को०)। २० पुण्यात्मा (को०)।

स्थित[2]—सज्ञा पुं० १. अवस्थान। निवास। २ कुलमर्यादा। ३ खडा रहना। रुका रहना। ठहरना (को०)। ४ खडा होने की अवस्था या ढग (को०)। ५ सत्कर्म मे तल्लीनता (को०)।

स्थितता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्थित होने का भाव। ठहराव। अवस्थान। स्थिति।

स्थितधी—वि० [स०] १ जिसका मन किसी बात से डावाँडोल न होता हो। जिसकी बुद्धि सदा स्थिर रहती हो। स्थिरबुद्धि। २ जिसका चित्त दुख मे विचलित न हो, सुख की जिसे चाह न हो और जिसमे राग, आसक्ति, भय या क्रोध न रह गया हो। ब्रह्मबुद्धि सपन्न।

स्थितपाठ्य—सज्ञा पुं० [स०] नाट्यशास्त्र के अनुसार लास्य के दस अगो मे से एक। काम से सतप्त नायिका का बैठकर स्वाभाविक पाठ करना।

विशेष—कुछ लोगो के मत से वृद्ध या श्रात स्त्री पुरुषो का प्राकृत पाठ भी यही है।

स्थितप्रज्ञ—वि० [स०] १ जिसकी विवेकबुद्धि स्थिर हो। २ जो समस्त मनोविकारो से रहित हो। आत्मा द्वारा आत्मा मे ही सतुष्ट रहनेवाला। आत्मसतोषी।

स्थितप्रेमा—सज्ञा पुं० [सं० स्थितप्रेमन्] विश्वस्त मित्र (को०)।

स्थितबुद्धिदत्त—सज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध का एक नाम।

स्थितसकेत—वि० [सं० स्थितसङ्केत] दे० 'स्थितसविद्'।

स्थितसविद्—वि० [सं०] जो अपने वचन का पालन करता है। दृढप्रतिज्ञ (को०)।

स्थिति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रहना। ठहरना। टिकाव। ठहराव। जैसे,—इस छत की स्थिति इन्ही खभो पर है। २ निवास। अवस्थान। जैसे,—यहाँ कब तक आपकी स्थिति रहेगी? ३ अवस्था। दशा। हालत। जैसे,—उनकी स्थिति बहुत शोचनीय है। ४ पद। दर्जा। जैसे,—वे उन्नति करते हुए इस स्थिति को पहुँच गए। ५ एक स्थान या अवस्था मे रहना। अवस्थान। ६ निरतर बना रहना। अस्तित्व। ७ पालन। ८ नियम। ९ निष्पत्ति। निर्णय। १० मर्यादा। ११ सीमा। हद्द। १२ निवृत्ति। १३ स्थिरता। १४ ठहरने का स्थान। १५ ढग। तरीका। १६ आकार। आकृति। रूप। सूरत। १७ सयोग। मौका। १८ यति। विराम (को०)। १९ जडता। गतिहीनता (को०)। २० ग्रहण की अवधि (को०)। २१ कुशल क्षेम। कल्याण (को०)। २२. सगति (को०)। २३ स्वभाव। प्रकृति (को०)। २४ निर्वाह (को०)। २५ आयु (को०)। २६ जीव की तीन अवस्थाओ मे से एक (को०)। २७ पृथ्वी (को०)। २८ दृढ विश्वास (को०)। १९ प्रथा। रस्म (को०)।

यौ०—स्थितिकर्ता = स्थिति करनेवाला। स्थायी बनानेवाला। स्थितिज्ञ = (१) परिस्थिति या अवसर का जानकार। (२) मर्यादा का ध्यान रखनेवाला। स्थितिदेश = निवासस्थान। स्थितिपालन = स्थिति को कायम रखना। स्थितिप्रद = दृढ या स्थायी बनानेवाला। स्थितिभिद् = मर्यादा को भग करनेवाला। स्थितिमार्ग = मस्तिष्क या मन की स्थिरतादायक प्रक्रिया। स्थितियुक्त = स्थिरता या स्थायित्वयुक्त।

स्थितिता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. स्थिति का भाव या धर्म। २ स्थिरता।

स्थितिपद्—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु का एक नाम (को०)।

स्थितिपद—सज्ञा पु० [सं०] उचित एव उपयुक्त प्रवाह मार्ग। ठीक राह। उचित पथ (को०)।

स्थितिमान्—सं० [स० स्थितिमत्] १ दृढ। धीर। २ स्थायी। टिकाऊ। ३ अपनी सीमा या मर्यादा के अदर रहनेवाला। ४ धार्मिक। सदाचारी (को०)।

स्थितिस्थापक[१]—सज्ञा पुं० [सं०] वह गुण जिसके रहने से कोई वस्तु साधारण स्थिति मे आने पर फिर अपनी पूर्व अवस्था को प्राप्त हो जाय। किसी वस्तु को अनुकूल परिस्थिति मे फिर उसकी पूर्व अवस्था पर पहुँचानेवाला गुण। जैसे,—बेत लचकाने से लचक जाता है और छोड देने से फिर (इसी गुण के कारण) ज्यो का त्यो हो जाता है।

स्थितिस्थापक[२]—वि० १ किसी वस्तु को उसकी पूर्व अवस्था को प्राप्त करानेवाला। २ जो सहज मे लचक या झुक जाय और छोड देने पर फिर ज्यो का त्यो हो जाय। लचीला। लचकदार। लचलचा। जैसे,—बेत।

स्थितिस्थापकता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्थितिस्थापक होने की अवस्था या गुण। अनुकूल परिस्थिति मे फिर अपनी पूर्व अवस्था को पहुँच जाने का गुण या शक्ति। लचीलापन। लचक।

स्थितिस्थापकत्व—सज्ञा पु० [स०] पूर्वावस्था को प्राप्त होने की शक्ति या गुण। स्थितिस्थापकता।

स्थिर[१] वि० [स०] १ जो चलता या हिलता डोलता न हो। निश्चल। ठहरा हुआ। जैसे,—(क) हम लोग देखते है कि पृथ्वी स्थिर है, पर वह एक घटे मे ५८ हजार मील चलती है। (ख) और लोग उठकर चले गए पर वह अपने स्थान पर स्थिर रहा। २ निश्चित। जैसे,—(क) उन्होने कलकत्ते जाना स्थिर किया है। (ख) आप स्थिर जानिए कि वह कभी सफल न होगा। ३ शात। जैसे,—आप बहुत उत्तेजित हो गए है, जरा स्थिर होइए। ४ दृढ। अटल। जैसे,—वे अपनी प्रतिज्ञा पर स्थिर है। ५ स्थायी। सदा बना रहनेवाला। जैसे,—इस ससार मे कीर्ति ही स्थिर रहती है। ६ नियत। मुकर्रर। जैसे,—वहाँ चलने का समय स्थिर हो गया। ७ विश्वस्त। ८ धैर्ययुक्त। धीर (को०)। ९ जटित। नक्श। खचित। जडा हुआ (को०)। १० आचारयुक्त। आचारव्रती (को०)। ११ कठिन। ठोस (को०)। १२ बली। उग्र। कठोरहृदय (को०)। १३ मद। धीमा। जैसे, स्थिरगति।

स्थिर[२]—सज्ञा पु० १ शिव का एक नाम। २ स्कद के एक अनुचर का नाम। ३ ज्योतिष मे एक योग का नाम। ४ ज्योतिष मे वृष सिंह, वृश्चिक और कुभ ये चार राशियाँ, जो स्थिर मानी गई है।

विशेष—कहते है, इन राशियो मे कोई काम करने से वह स्थिर या स्थायी होता है। जो बालक इनमे से किसी राशि मे जन्म लेता है, वह स्थिर और गभीर स्वभाववाला, क्षमाशील तथा दीर्घसूत्री होता है।

५. देवता। ६ साँड। वृष। ७. मोक्ष। मुक्ति। ८. वृक्ष। पेड। ९ धौ। धव वृक्ष। १०. पहाड। पर्वत। ११ कार्तिकेय का एक नाम (को०)। १२ दृढता। स्थिरता (को०)। १३ शनि ग्रह। १४ एक प्रकार का छद। १५ एक प्रकार का मत्र जिससे शस्त्र अभिमत्रित किए जाते थे। १६ जैन धर्मानुसार वह कर्म जिससे जीव को स्थिर अवयव प्राप्त होते है।

स्थिरक—सज्ञा पु० [स०] सागौन। शाक वृक्ष।

स्थिरकर्मा—वि० [स० स्थिरकर्मन्] स्थिरता या दृढता से काम करनेवाला।

स्थिरकुसुम—सज्ञा पुं० [स०] मौलसिरी। बकुल वृक्ष।

स्थिरगध[१]—सज्ञा पुं० [स० स्थिरगन्ध] चपा। चपक वृक्ष।

स्थिरगध[२]—वि० जिसकी सुगध स्थिर रहती हो। स्थिर या स्थायी गधयुक्त।

स्थिरगधा—सज्ञा स्त्री० [सं० स्थिरगन्धा] १ केवडा। केतकी। २ पाढर। पाटला।

स्थिरगति—सज्ञा पुं० [स०] शनैश्चर (को०)।

स्थिरचक्र—सज्ञा पुं० [स०] मजुघोष या मजुश्री नामक प्रसिद्ध बोधिसत्व का एक नाम। विशेष दे० 'मजुघोष—२।

स्थिरचित्त—वि० [स०] जिसका मन स्थिर या दृढ हो। जो जल्दी जल्दी अपने विचार न बदलता हो, अथवा घबराता न हो। दृढचित्त।

स्थिरचेता—वि० [स० स्थिरचेतस्] दे० 'स्थिरचित्त'।

स्थिरच्छद—सज्ञा पुं० [स०] भोजपत्र। भूर्जपत्र।

स्थिरच्छाय—सज्ञा पुं० [स०] १ छाया देनेवाले पेड। छायातरु। २ पेड। वृक्ष (को०)।

स्थिरजिह्व—सज्ञा पु० [स०] मछली। मत्स्य।

स्थिरजीवित—वि० [स०] दीर्घायु। दे० 'स्थिरायु' (को०)।

स्थिरजीविता—सज्ञा स्त्री० [स०] सेमल का पेड। शाल्मलि वृक्ष।

स्थिरजीवी—सज्ञा पुं० [स० स्थिरजीविन्] कौआ, जिसका जीवन बहुत दीर्घ होता है।

स्थिरतर[1]—वि० [स०] अत्यत दृढ। विशेष दृढ (को०)।

स्थिरतर[2]—सज्ञा पुं० [स०] परमेश्वर। ईश्वर (को०)।

स्थिरता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्थिर होने का भाव। ठहराव। निश्चलता। २ दृढता। मजबूती। ३ स्थायित्व। ४. धीरता। धैर्य। ५ कठोरता। निर्भयता। निर्भीकता (को०)।

स्थिरत्व—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थिरता'।

स्थिरदष्ट्र—सज्ञा पुं० [स०] १ साँप। सर्प। भुजग। २. वाराहरूपी विष्णु का नाम। ३ ध्वनि।

स्थिरधामा—वि० [सं० स्थिरधामन्] जिसकी जाति, वर्ग या वशपरपरा समर्थ एव स्थिर हो (को०)।

स्थिरधी—वि० [स०] जिसकी बुद्धि या चित्त स्थिर हो। दृढचित्त।

स्थिरपत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ ताड से मिलता जुलता एक प्रकार का पेड। श्रीताल। २ एक प्रकार का खजूर का पेड। हिंताल।

स्थिरपद—वि० [स०] दृढ। बद्धमूल (को०)।

स्थिरपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] १ चपे का पेड। चपक वृक्ष। २ मौलसिरी का पेड। बकुल वृक्ष। ३ तिलपुष्पी। तिलकपुष्प वृक्ष।

स्थिरपुष्पी—सज्ञा पु० [स० स्थिरपुष्पिन्] १ तिलपुष्पी। तिलकपुष्प का वृक्ष। २ चपक वृक्ष। चपा का वृक्ष (को०)। ३ बकुल। मौलसिरी (को०)।

स्थिरप्रतिज्ञ—वि० [स०] वचन का पक्का। दृढप्रतिज्ञ। प्रतिज्ञा पर डटा रहनेवाला (को०)।

स्थिरप्रतिबध—वि० [स० स्थिरप्रतिबन्ध] जो डटकर मुकाबला करनेवाला हो (को०)।

स्थिरप्रतिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] निश्चित निवासस्थान या रहने का आवास (को०)।

स्थिरप्रेमा—वि० [स० स्थिरप्रेमन्] जिसका प्रेम अटल हो (को०)।

स्थिरफला—सज्ञा स्त्री० [स०] कुम्हडे या पेठे की लता। कुष्माड लता।

स्थिरबुद्धि—वि० [स०] जिसकी बुद्धि स्थिर हो। ठहरी हुई बुद्धिवाला। दृढचित्त।

स्थिरमति[1]—वि० [स०] दे० 'स्थिरबुद्धि'।

स्थिरमति[2]—सज्ञा स्त्री० सुस्थिर बुद्धि।

स्थिरमद[1]—सज्ञा पुं० [सं०] मोर। मयूर।

स्थिरमद[2]—वि० १ जिसका नशा काफी समय तक बना रहे। २. जो गहरे नशे मे हो या जिसका नशा शीघ्र न उतरे (को०)।

स्थिरमना—वि० [स० स्थिरमनस्] दे० 'स्थिरचित्त'।

स्थिरमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लाल कुलथी। रक्त कुलत्थ।

स्थिरयोनि—सज्ञा पुं० [सं०] वह वृक्ष जो सदा छाया देता हो। छायावृक्ष।

स्थिरयौवन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ विद्याधर। २. अनवरत युवावस्था।

स्थिरयौवन[2]—वि० जो सदा जवान रहे।

स्थिररगा—सज्ञा स्त्री० [सं० स्थिररङ्गा] नील का पौधा।

स्थिररागा—सज्ञा स्त्री० [स०] दारुहलदी। दारुहरिद्रा।

स्थिरलिंग—वि० [स० स्थिरलिङ्ग] जिसका लिंग कठिन एव स्थिर या अनम्य हो (को०)।

स्थिरलोचन—वि० [स०] जिसकी टकटकी बँधी हो। जिसकी पलक न गिरती हो (को०)।

स्थिरवाक्—वि० [स० स्थिरवाच्] जो अपनी बात पर दृढ रहे। विश्वसनीय (को०)।

स्थिरविक्रम—वि० [सं०] ठोस कदम रखनेवाला (को०)।

स्थिरश्री—वि० [सं०] जिसका वैभव चिरस्थायी हो (को०)।

स्थिरसगर—वि० [स० स्थिरसङ्गर] १. वादे का पक्का। विश्वसनीय। २ जो सग्राम मे स्थिर रहे। युद्ध मे अडिग।

स्थिरसस्कार—वि० [सं०] जिसके सस्कार स्थिर हो। सुसस्कृत (को०)।

स्थिरसाधनक—सज्ञा पुं० [स०] सँभालू। सिंदुवार वृक्ष।

स्थिरसार—सज्ञा पुं० [सं०] सागौन। शाक वृक्ष।

स्थिरसौहृद—सज्ञा वि० [स०] जिसकी मित्रता सुदृढ हो (को०)।

स्थिरस्थायी—वि० [सं०] १ बहुत दिनो तक टिकनेवाला। २ ध्यान आदि मे देर तक स्थिर रहनेवाला।

स्थिराघ्रिप—सज्ञा पुं० [स० स्थिराङ्घ्रिप] हिंताल वृक्ष।

स्थिराङ्घ्रिप—सज्ञा पुं० [सं०] हिंताल वृक्ष।

स्थिरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दृढ चित्तवाली स्त्री। २ पृथ्वी। धरित्री। ३ सरिवन। शालपर्णी। ४ काकोली। ५ सेमल। शाल्मलि वृक्ष। ६ वनमूँग। वनमुद्ग। ७ मषवन। माषपर्णी। ८ मूसाकानी। मूषकर्णी।

स्थिराघात—वि० [सं०] १ आघात सहने मे अविचल। २ जो खोदी न जा सके। कठोर (जैसे, भूमि) (को०)।

स्थिरात्मा—वि० [स० स्थिरात्मन्] जिसका चित्त अस्थिर न हो। सुदृढ चित्तवाला (को०)।

स्थिरानुराग—वि० [स०] प्रगाढ प्रेमी। जिसका प्रेम अखूट या अटूट हो (को०)।

स्थिरानुराग—सज्ञा पुं० स्थिर प्रेम। सच्चा अनुराग।

स्थिरापाय—वि० [स०] जिसका अपाय अर्थात् नाश निश्चित हो। क्षणभगुर। क्षयशील (को०)।

स्थिरायु[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्थिरायुस्] सेमल का पेड। शाल्मलि वृक्ष।

स्थिरायु[2]—वि० १ जिसकी आयु बहुत अधिक हो। चिरजीवी। २ जो कभी मरे नही। अमर।

स्थिरीकरण—सज्ञा पु० [सं०] १ स्थिर करने की क्रिया। २ दृढ करना। मजबूत करना। ३ पुष्टि। समर्थन।

स्थिरीकार—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थिरीकरण' [को०]।

स्थिरीभाव—सज्ञा पुं० [स०] अचलता [को०]।

स्थुरी—सज्ञा पुं० [स० स्थुरिन्] दे० 'स्थूरिन्' [को०]।

स्थुल—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का लवा तबू। पट्टवास।

स्थूण—सज्ञा पु० [स०] १ महाभारत के अनुसार विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम। २ एक यक्ष का नाम (को०)। ३ खभा। स्तभ। स्थाणु (को०)।

स्थूणकर्ण—सज्ञा पु० [स०] एक ऋषि।

स्थूणा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ घर का खभा। थूनी। २ पेड का तना या ठूँठ। ३ लोहे का पुतला। ४ निहाई। थूमि। ५ एक प्रकार का रोग।

स्थूणाकर्ण—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का व्यूह। २ महाभारत मे वर्णित एक यक्ष का नाम। ३ हरिवश पुराण के अनुसार एक रोगग्रह का नाम। ४ एक प्रकार का बाण। ५ रुद्र का एक रूप (को०)।

स्थूणाखनन न्याय—सज्ञा पुं० [स०] एक दृष्टातवाक्य या न्याय। जैसे खभा गाडने मे उसे दृढ करने के लिये युक्ति की जाती है, अपने पक्षसमर्थन मे वैसा करना। विशेष दे० 'न्याय'—४(१०६)।

स्थूणानिखनन न्याय—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्थूणाखनन न्याय'।

स्थूणागर्त—सज्ञा पु० [सं०] खभा गाडने के लिये खोदा हुआ गर्त या गड्ढा [को०]।

स्थूणापक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] सेना का एक प्रकार का व्यूह। मानकद।

स्थूणाभार—सज्ञा पुं० [स०] खभा या धरन आदि का वजन [को०]।

स्थूणाराज—सज्ञा पुं० [स०] प्रधान खभा। मुख्य स्तभ [को०]।

स्थूणाविरोहण—सज्ञा पुं० [स०] खभे से अकुर फूटना [को०]।

स्थूणीय—वि० [स०] थूमि सबधी। स्तभ सबधी [को०]।

स्थूम—सज्ञा पु० [स०] १ दीप्ति। प्रकाश। २ चद्रमा।

स्थूर—सज्ञा पु० [स०] १ मनुष्य। आदमी। २ साँड। वृक्ष।

स्थूरिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] बाँझ गाय का नथना। घूरिका। खुरिका।

स्थूरी—सज्ञा पु० [स० स्थूरिन्] बोझ लादनेवाला पशु। लद्दू घोडा या बैल।

स्थूरीपृष्ठ—सज्ञा पु० [स०] वह अश्व जिसपर सवारी न की गई हो [को०]।

स्थूल[1]—वि० [स०] १ जिसके अग फूले हुए या भारी हो। मोटा। पीन। जैसे,—स्थूल देह। उ०—देख्यो भरत तरुण अति सुदर। स्थूल शरीर रहित सब द्वदर।—सूर (शब्द०)। २ जो यथेष्ट स्पष्ट हो। जिसकी विशेष व्याख्या करने की आवश्यकता न हो। सहज मे दिखाई देने या समझ मे आने योग्य। सूक्ष्म का उलटा। जैसे,—स्थूल सिद्धात, स्थूल खडन। ३ मूर्ख। अज्ञ। जड। ४ जिसका तल सम न हो। ५ विस्तृत। बडा (को०)। ६ पुष्ट। मजबूत। शक्तिशाली (को०)। ७ बेडौल। भद्दा (को०) ८, सामान्य। साधारण (को०)। ९ आलसी। काहिल। सुस्त (को०)। १० अवास्तविक। भौतिक। जैसे,—स्थूल जगत्।

स्थूल[2]—सज्ञा पुं० १ वह पदार्थ जिसका साधारणतया इद्रियो द्वारा ग्रहण हो सके। वह जो स्पर्श, घ्राण, दृष्टि आदि की सहायता से जाना जा सके। गोचर पिंड। उ०—जो स्थूल होने के प्रथम देखने मे आकर फिर न देख पडे, उसको हम विनाश कहते है।—दयानद (शब्द०)। २ विष्णु। ३ समूह। राशि। ढेर। ४ कटहल। ५ प्रियगु। कँगनी। ६ एक प्रकार का कदब। ७ शिव के एक गण का नाम। ८ अन्नमय कोश। ९ वैद्यक के अनुसार शरीर की सातवी त्वचा। १० तूद या तूत का वृक्ष। ११ ईख। ऊख। १२ पहाड की चोटी। कूट। शृग (को०)। १३ दधि या मट्ठा (को०)। १४ तबू। शिविर (को०)।

स्थूलकगु—सज्ञा पु० [स० स्थूलकङ्गु] बरक धान्य। चेना।

स्थूलकटक—सज्ञा पु० [स० स्थूलकण्टक] बबूल की जाति का एक प्रकार का पेड जिसे 'जाल बर्बूरक' या 'आरी' भी कहते है।

स्थूलकटकिका—सज्ञा स्त्री० [स० स्थूलकण्टकिका] सेमल का वृक्ष। शाल्मलि।

स्थूलकटफल—सज्ञा पु० [स० स्थूलकण्टफल] पनस। कटहल।

स्थूलकटा—सज्ञा स्त्री० [स० स्थूलकण्टा] बडी कटाई। बनभटा। बृहती।

स्थूलकद[1]—सज्ञा पुं० [स० स्थूलकन्द] १ लाल लहसुन। २ जमीकद। सूरन। ओल। ३ जगली सूरन। बनओल। ४ हाथीकद। ५ मानकद। ६ मडपारोह। मुखालु।

स्थूलकद[2]—वि० जिसके कद बडे बडे हो। बडे कदवाला [को०]।

स्थूलकदक—सज्ञा पुं० [स० स्थूलकन्दक] मानकद। कच्चू [को०]।

स्थूलक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का तृण। उलप। उलूक।

स्थूलक[2]—वि० स्थूल। मोटा [को०]।

स्थूलकरणा—सज्ञा स्त्री० [स०] मँगरैला।

स्थूलकर्ण—सज्ञा पु० [स०] महाभारत मे वर्णित एक प्राचीन ऋषि का नाम।

स्थूलका—सज्ञा स्त्री० [स०] आँबा हलदी।

स्थूलकाय—वि० [सं०] मोटे शरीरवाला।

स्थूलकाष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि मे प्रज्वलित वृक्ष का तना या विशाल कुदा [को०]।

स्थूलकुमुद—सज्ञा पुं० [स०] सफेद कनेर।

स्थूलकेश—सज्ञा पु० [स०] महाभारतोक्त एक प्राचीन ऋषि का नाम।

स्थूलक्षेड, स्थूलक्ष्वेड—सज्ञा पुं० [स०] बाण। तीर।

स्थूलग्रथि—सज्ञा पुं० [स० स्थूलग्रन्थि] कुलजन। महामदा।

स्थूलग्रीव—वि० [सं०] जिसकी ग्रीवा स्थूल या मोटी हो [को०]।

स्थूलचचु—सज्ञा पुं० [स० स्थूलचञ्चु] महाचचु नामक साग। बडा चेंच।

स्थूलचपक—सज्ञा पुं० [स० स्थूलचम्पक] सफेद चपा।

स्थूलचाप—सज्ञा पुं० [स०] रूई धुनने की धुनकी।

स्थूलचूड[1]—संज्ञा पुं० [सं०] किरात ।

स्थूलचूड[2]—वि० जिसकी चूडा या शिर के बाल बडे बडे हो [को०] ।

स्थूलजघा—संज्ञा स्त्री० [पुं० स्थूलजङ्घा] गृह्यसूत्र के अनुसार नौ समिधाओं मे से एक ।

स्थूलजिह्व[1]—वि० [सं०] जिसकी जीभ बहुत बडी या मोटी हो ।

स्थूलजिह्व[2]—संज्ञा पुं० एक प्रकार के भूत ।

स्थूलजीरक—संज्ञा पुं० [सं०] मँगरैला ।

स्थूलतडुल—संज्ञा पुं० [सं० स्थूलतण्डुल] एक प्रकार का मोटा धान ।

स्थूलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्थूल होने का भाव । स्थूलत्व । २ मोटापन । मोटाई । ३ भारीपन ।

स्थूलताल—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीताल । हिंताल ।

स्थूलतिंदुक—संज्ञा पुं० [सं० स्थूलतिन्दुक] गावनूस । मकरतेंदुआ ।

स्थूलतिक्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दारु हलदी ।

स्थूलतोमरी—संज्ञा पुं० [सं० स्थूलतोमरिन्] वह जिसका भाला लबा या स्थूल हो । मोटा या लबा भाला रखनेवाला योद्धा [को०] ।

स्थूलत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्थूलता' ।

स्थूलत्वचा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गभारी । काश्मरी वृक्ष ।

स्थूलदड—संज्ञा पुं० [सं० स्थूलदण्ड] महानल । बडा नरकट ।

स्थूलदर्भ—संज्ञा पुं० [सं०] मूँज नामक तृण ।

स्थूलदर्भा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूँज नामक तृण । स्थूलदर्भ ।

स्थूलदर्शक—संज्ञा पुं० [सं०] वह यत्र जिसकी सहायता से सूक्ष्म वस्तु स्पष्ट और बडी दिखाई दे । सूक्ष्मदर्शक यत्र ।

स्थूलदला—संज्ञा स्त्री० [सं०] घीकुवार । ग्वारपाठा ।

स्थूलदेही—वि० [सं० स्थूलदेहिन्] मोटे शरीरवाला [को०] ।

स्थूलधी—वि० [सं०] अज्ञ । मदबुद्धि [को०] ।

स्थूलनाल—संज्ञा पुं० [सं०] देवनल । बडा नरकट ।

स्थूलनास[1]—संज्ञा पुं० [सं०] सूअर । शूकर ।

स्थूलनास[2]—वि० जिसकी नाक बडी या लबी हो ।

स्थूलनासिक—संज्ञा पुं०, वि० [सं०] दे० 'स्थूलनास' ।

स्थूलनिंबू—संज्ञा पुं० [सं० स्थूलनिम्ब] महानिंबू । बडा नीबू ।

स्थूलनील—संज्ञा पुं० [सं०] बाज नामक पक्षी । श्येन ।

स्थूलपट—संज्ञा पुं० [सं०] मोटा कपडा [को०] ।

स्थूलपट्ट—संज्ञा पुं० [सं०] १ कपास । २ मोटा कपडा (को०) ।

स्थूलपट्टाक—संज्ञा पुं० [सं०] मोटा स्थूल वस्त्र [को०] ।

स्थूलपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ दमनक । दौना नामक क्षुप । २ सप्तपर्ण । छितिवन । सतिवन ।

स्थूलपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सप्तपर्ण । छतिवन ।

स्थूलपाद[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथी । २. वह जिसे फीलपावँ रोग हो । श्लीपद रोग से युक्त व्यक्ति ।

स्थूलपाद[2]—वि० मोटे पैरोंवाला । जिसके पैर सूजे हुए हो [को०] ।

स्थूलपिंडा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थूलपिण्डा] पिंड खजूर ।

स्थूलपुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] १ बक या अगस्त नामक वृक्ष । २ गुलमखमली । भटकटैया ।

स्थूलपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [सं०] आस्फोता । हपरमाली ।

स्थूलपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] शखिनी । यवतिक्ता ।

स्थूलप्रपच—संज्ञा पुं० [सं० स्थूलप्रपञ्च] सृष्टि । ससार ।

स्थूलप्रियगु—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थूलप्रियङ्गु] बरई धान्य । कँगनी ।

स्थूलफल—संज्ञा पुं० [सं०] १ सेमल । शाल्मली । २ बडा नीबू । ३ मोटे तौर पर निकाला गया निष्कर्ष या फल (को०) ।

स्थूलफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ शणपुष्पी । बनसनई । २ सेमल का वृक्ष । शाल्मली ।

स्थूलबर्बुरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] बबूल का पेड ।

स्थूलबालुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन नदी का नाम जिसका उल्लेख महाभारत मे है ।

स्थूलबुद्धि—वि० [सं०] मूर्ख । मदबुद्धि [को०] ।

स्थूलभटा—संज्ञा पुं० [सं० स्थूल+हिं० भटा] दे० 'बनभटा' ।

स्थूलभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के जैन जो 'श्वेतांबरिक' भी कहलाते हैं ।

स्थूलभाव—संज्ञा पुं० [सं०] सूक्ष्म से स्थूलत्व की प्राप्ति । उत्पत्ति । सभव । जन्म [को०] ।

स्थूलभुज—संज्ञा पुं० [सं०] एक विद्याधर ।

स्थूलभूत—संज्ञा पुं० [सं०] साख्य दर्शन के अनुसार क्षिति, जल आदि पच तत्व [को०] ।

स्थूलमजरी—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थूलमञ्जरी] अपामार्ग । चिचडा ।

स्थूलमध्य—वि० [सं०] जिसका मध्य भाग स्थूल या मोटा हो [को०] ।

स्थूलमरिच—संज्ञा पुं० [सं०] शीतलचीनी । कबाबचीनी । कक्कोल ।

स्थूलमान—संज्ञा पुं० [सं०] मोटा या लगभग हिसाब [को०] ।

स्थूलमूल—संज्ञा पुं० [सं०] बडी मूली ।

स्थूलमूलक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्थूलमूल' ।

स्थूलरुहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्थलपद्म ।

स्थूलरोग—संज्ञा पुं० [सं०] मोटे होने या मोटापा होने का रोग । मोटाई की व्याधि ।

स्थूललक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो बहुत दान करता हो । बहुत बडा दानी । २ बडा पडित । विद्वान् । ३ कृतज्ञ । ४ वह जो लाभ और हानि दोनो का ध्यान रखता हो । ५ वह जो लक्ष्यसधान के प्रति लापरवाह हो ।

स्थूललक्षिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दानशीलता । २ पाडित्य । विद्वत्ता । ६ कृतज्ञता ।

स्थूलनक्ष्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो बहुत अधिक दान करता हो । बहुत बडा दाता । २ किसी विषय की ऊपरी या मोटी मोटी बातें बताना । ६. दे० 'स्थूललक्ष' ।

स्थूलवर्त्मकृत्—सज्ञा पु० [स०] भारगी। बभनेटी।

स्थूलवल्कल सज्ञा पुं० [स०] १ लोध। लोध्र। २ पठानी लोध। पट्टिका लोध्र।

स्थूलवालका- सज्ञा स्त्री० [स०] एक नदी का नाम [को०]।

स्थूलविषय—सज्ञा पुं० [स०] दृश्य जगत्। भौतिक पदार्थ [को०]।

स्थूलवृक्ष—सज्ञा पुं० [स०] मौलसिरी का पेड। बकुल।

स्थूवृक्षफल—सज्ञा पुं० [स०] मैनफल। मदनफल।

स्थूलवैदेही—सज्ञा स्त्री० [स०] जलपीपल। गजपीपल।

स्थूलशखा—सज्ञा स्त्री० [स० स्थूलशङ्खा] वह स्त्री जिसकी योनि विस्तृत हो। बडी योनिवाली औरत [को०]।

स्थूलशर—सज्ञा पु० [स०] रामशर। भद्रमुज।

स्थूलशरीर—सज्ञा पुं० [स०] पच महाभूत से बना हुआ शरीर। भौतिक शरीर [को०]।

स्थूलशल्क—वि० [स०] जिसका शल्क अर्थात् छिलका या आवरण स्थूल हो। मोटी चोईवाला [को०]।

स्थूलशाकिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का शाक [को०]।

स्थूलशाट, स्थूलशाटक—सज्ञा पुं० [स०] मोटा या घनी बुनाई-वाला कपडा [को०]।

स्थूलशाटिका, स्थूलशाटी सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्थूलशाट' [को०]।

स्थूलशालि—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का मोटा धान या चावल। स्थूलतडुल।

स्थूलशिवी—सज्ञा स्त्री० [स० स्थूलशिम्बी] श्वेत निष्पावी। सफेद सेम। बरसेमा।

स्थूलशिरा[1]—सज्ञा पुं० [स० स्थूल शिरस्] १ महाभारत मे वर्णित एक प्राचीन ऋषि का नाम। २ एक यक्ष का नाम (को०)। ६ एक दानव (को०)।

स्थूलशिरा[2]—वि० जिसका शिर अन्य अगो की अपेक्षा बडा हो।

स्थूलशीर्षिका—सज्ञा पु० [स०] दीमक, चीटियाँ आदि जिनका सिर शरीर की तुलना मे बडा होता है। छोटी चूँटी।

स्थूलशूरण—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का सूरन या जमीकद।

स्थूलशोफ—वि० [स०] बहुत फूला हुआ। अत्यधिक सूजा हुआ [को०]।

स्थूलपट्पद—सज्ञा पु० [स०] १ बडी मक्खी या भौरा। बर्रे २ खटमल [को०]।

स्थूलसायक—सज्ञा पु० [स०] रामशर। भद्रमुज।

स्थूलसक्त—सज्ञा पु० [स०] एक तीर्थ का नाम [को०]।

स्थूलस्कध—सज्ञा पु० [स० स्थूलस्कन्ध] बडहर। लकुच।

स्थूलहस्त[1]—सज्ञा पु० [स०] हाथी का सूँड।

स्थूलहस्त[2]—वि० दीर्घ या मोटी भुजाओवाला [को०]।

स्थूलाग[1]—सज्ञा पु० [स० स्थूलाङ्ग] एक प्रकार का चावल।

स्थूलाग[2]—वि० मोटे और बडे शरीरवाला [को०]।

स्थूलात्र—सज्ञा पुं० [स० स्थूलान्त्र] बडी अँतडी।

स्थूलाशा—सज्ञा स्त्री० [ ] गधपत्र।

स्थूला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बडी इलायची। २ गजपीपल। ३. सोआ नामक साग। शतपुष्पा। ४ सौफ। मिश्रेया। ५. कपिल द्राक्षा। मुनक्का। ६ कपास। ७ ककडी।

स्थूलाक्ष सज्ञा पु० [स०] १ रामायण के अनुसार एक राक्षस का नाम जो खर का साथी था। २ एक ऋषि का नाम (को०)।

स्थूलाक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] बाँस की यष्टिका। बाँस की छडी। बाँस की लाठी [को०]।

स्थूलाजाजी—सज्ञा स्त्री० [स०] मँगरैल।

स्थूलाद्य—सज्ञा पु० [स०] महाभारत मे वर्णित एक प्राचीन ऋषि का नाम। २ रामायण के अनुसार एक राक्षस का नाम।

स्थूलाम्र—सज्ञा पु० [स०] कलमी आम।

स्थूलास्य—सज्ञा पु० [स०] साप। सर्प।

स्थूलो—सज्ञा पुं० [स० स्थूलिन्] ऊँट।

स्थूलेच्छ—वि० [स०] अत्यधिक कामनाओ से युक्त। बढी हुई इच्छाओवाला [को०]।

स्थूलैरड—सज्ञा पुं० [स०] बडा एरड।

स्थूलैला—सज्ञा स्त्री० [स०] बडी इलायची।

स्थूलोच्चय—सज्ञा पुं० [स०] १ गडोपल। २ हाथी की मध्यम चाल, जो न बहुत तेज हो न बहुत सुस्त। ३ छोटी फुसी। मुहाँसा (को०) ४ अपूर्णता। कमी। त्रुटि (को०)। ५. हाथी के दाँत का मध्यवर्ती रध्र (को०)।

स्थूलोदर—वि० [स०] तुदिल। तोदवाला [को०]।

स्थेमा—सज्ञा पु० [स० स्थेमन्] दृढता। स्थिरता [को०]।

स्थेय—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो किसी विवाद का निर्णय करता हो। निर्णयक। २ पुरोहित।

स्थेय[1]—वि० [स०] १ जो स्थापित करने योग्य हो। २ निर्णय किए जाने योग्य (को०)।

स्थेयस—वि० [स०] [वि० स्त्री० स्थेयसी] अत्यत स्थिर अथवा दृढ। चिरस्थायी [को०]।

स्थेष्ठ—वि० [स०] अत्यत दृढ [को०]।

स्थैर्य—सज्ञा पु० [स०] १ स्थिर होने का भाव। स्थिरता। २ दृढता। मजबूती। ३ अनवच्छिन्नता। निरतरता। स्थायित्व। ४ आत्म-विनिश्चय। मन की दृढता। सकल्प (को०)। ५ धैर्यशीलता। सहनशीलता (को०)। ६ जितेन्द्रिय होने का भाव। जितेन्द्रियता (को०)। ७ ठोसपन। घनत्व (को०)।

स्थैर्यज—वि० [स०] दे० 'स्थावर' [को०]।

स्थारा- सज्ञा स्त्री० [स०] जहाज पर लादा हुआ माल [को०]।

स्थोरी—सज्ञा स्त्री० [स० स्थोरिन्] वाभ ढोनवाला घोडा। लद्दू घोडा।

स्थौणेय, स्थौणेयक—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का गधद्रव्य। ग्रथिपर्णी। थुनेर। २ गाजर (को०)।

स्थौर—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह भार जो पीठ पर लादा जाय। २ मजबूती। दृढता (को०)। ३ बल। शक्ति (को०)।

स्थौरी—सज्ञा पु० [स० स्थौरिन्] १ घोडे, बैल, खच्चर, आदि जिनकी पीठ पर भार लादा जाता हो। २ अच्छा घोडा। मजबूत घोडा (को०)।

स्थौलक्ष्य—सज्ञा पु० [स०] औदार्य। उदारता (को०)।

स्थौलपिडि—सज्ञा पुं० [स० स्थौलपिण्डि] वह जो स्थूलपिड के वश या गोत्र मे उत्पन्न हुआ हो।

स्थौललक्ष्य—सज्ञा पुं० [स०] औदार्य। उदारता (को०)।

स्थौल्य—सज्ञा पुं० [स०] १ स्थूल का भाव। स्थूलता। २ भारीपन। ३ शरीर की मेदवृद्धि जो वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का रोग है। मोटापन। ४ बुद्धि का मोटापन। बुद्धि की मदता (को०)।

स्नपन[1]—सज्ञा पुं० [स०] [वि० स्नपित] १ नहाने की क्रिया। स्नान। २ धोना। प्रक्षालन। साफ करना (को०)।

स्नपन[2]—वि० १ नहलानेवाला। २ नहाने के काम मे आनेवाला। स्नानीय (को०)।

स्नपित वि० [स०] जिसने स्नान किया हो। नहाया हुआ।

स्नय—सज्ञा पुं० [स०] १ नहाने की क्रिया। स्नान। २ शुद्धि। शोधन। पवित्रीकरण (को०)।

स्नव—सज्ञा पुं० [सं०] रिसना। चूना। क्षरण (को०)।

स्नसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्नायु। २ पेशी। पुट्ठा। मासपिड (को०)।

स्ना[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] वह चमडा जो गाय या बैल आदि के गले के नीचे लटकता है। लौ।

स्ना[2]—वि० नहाया हुआ। स्नान किया हुआ। (समस्त पदो मे प्रयुक्त) जैसे घृतस्ना।

स्नात[1]—वि० [स०] १ जिसने स्नान किया हो। नहाया हुआ। २ जिसका वेदाध्ययन पूरा हो गया हो (को०)।

स्नात[2]—सज्ञा पु० १ वह जिसका अध्ययनकाल समाप्त हो गया हो। स्नातक। २ दीक्षित या अभिमन्त्रित गृहस्थ (को०)।

स्नातक—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जिसने ब्रह्मचर्य व्रत की समाप्ति पर स्नान करके गृहस्थ आश्रम मे प्रवेश किया हो।

विशेष—प्राचीन काल मे बालक गुरुकुलो मे वेदो तथा अन्यान्य विद्याओ का अध्ययन समाप्त करके २५ वर्ष की अवस्था मे जब घर को लौटते थे, तब वे स्नातक कहलाते थे। ये स्नातक तीन प्रकार के होते थे। जो स्नातक २५ वर्ष की अवस्था तक ब्रह्मचर्य का पालन करके बिना वेदो का पूरा अध्ययन किए ही घर लौटते थे, वे व्रतस्नातक कहलाते थे। जो लोग २५ वर्ष की अवस्था हो जाने पर भी गुरु के यहाँ ही रहकर वेदो का अध्ययन करते थे और गृहस्थ आश्रम मे नही आते थे, वे विद्यास्नातक कहलाते थे। और जो लोग ब्रह्मचर्य का पूरा पूरा पालन करके गृहस्थ आश्रम मे आते थे, वे उभयस्नातक या विद्याव्रतस्नातक कहलाते थे। इधर हाल मे भारत मे थोडे से गुरुकुल और ऋषिकुल आदि स्थापित हुए है। उनकी अवधि और परीक्षाएँ समाप्त करके जो युवक निकलते हैं, वे भी स्नातक ही कहलाते है।

२ किसी धार्मिक उद्देश्य से भिक्षु बना हुआ ब्राह्मण। ३ ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य जाति का वह व्यक्ति जो गृहस्थाश्रमी हो (को०)। ४ किसी विद्यालय की शिक्षा समाप्त कर उपाधि पानेवाला छात्र। ग्रैजुएट।

स्नातकोत्तर—वि० [स० स्नातक + उत्तर] स्नातक होने के पश्चात् का। स्नातक के बाद का। जैसे, स्नानकोत्तर शिक्षा, स्नातकोत्तर विद्यालय आदि।

विशेष—यह शब्द अग्रेजी 'पोस्ट ग्रैजुएट' शब्द का अनुवाद है।

स्नात्र—सज्ञा पुं० [सं०] स्नान। नहाना (को०)।

स्नान—सज्ञा पु० [स०] १ शरीर को स्वच्छ करने या उसकी शिथिलता दूर करने के लिये उसे जल से धोना, अथवा जल की बहती हुई धारा मे प्रवेश करना। अवगाहन। नहाना। विशेष दे० 'नहाना'[1]। २ शरीर के अगो को धूप या वायु के सामने इस प्रकार करना जिसमे उनके ऊपर उसका पूरा पूरा प्रभाव पडे। जैसे,—आतपस्नान, वायुस्नान। ३ पानी मे धोकर साफ करना। जल से धोकर शुद्ध करना (को०)। ४ देवमूर्ति या विग्रह को नहलाना (को०)। ५ स्नानीय जल आदि वस्तुएँ। नहाने के काम मे प्रयुक्त जल आदि पदार्थ (को०)।

स्नानकलश—सज्ञा पु० [स०] वह घडा जिसमे स्नान करने का पानी रहता है।

स्नानकुभ—सज्ञा पुं० [स० स्नानकुम्भ] दे० 'स्नानकलश'।

स्नानगृह—सज्ञा पुं० [सं०] वह कमरा, कोठरी या इसी प्रकार का और घिरा हुआ स्थान जिसमे स्नान किया जाता है। अ० बाथरूम।

स्नानघर—सज्ञा पु० [स० स्नान + हिं० घर] दे० 'स्नानगृह'।

स्नानतीर्थ—सज्ञा पुं० [स०] वह पवित्र स्थान जहाँ धार्मिक दृष्टि से स्नान किया जाय (को०)।

स्नानतृण—सज्ञा पुं० [सं०] कुश जिसे हाथ मे लेकर नहाने का शास्त्रो मे विधान है।

स्नानद्रोणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्नान करने का चौडा छिछला पात्र (को०)।

स्नानयात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को होनेवाला एक उत्सव जिसमे विष्णु की मूर्ति को महास्नान कराया जाता है। इस दिन जगन्नाथ जी के दर्शन का बहुत माहात्म्य कहा गया है। जलयात्रा। २ नहाने के लिये तीर्थ आदि की यात्रा करना।

स्नानवस्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह वस्त्र जिसे पहनकर स्नान किया जाता है।

स्नानविधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्नान करना। नहाना। २ स्नान करने की प्रक्रिया या विधि (को०)।

स्नानशाटी—सज्ञा स्त्री० [सं०] नहाने का अधोवस्त्र (को०)।

स्नानशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] नहाने का कमरा या कोठरी। स्नानगृह। गुसलखाना।

स्नानशील—वि० [स०] स्नान करने के स्वभाववाला। तीर्थादि मे स्नान करने का प्रेमी।

स्नानाबु—सज्ञा पुं० [स० स्नानाम्बु] नहाने का पानी। स्नान करने का जल।

स्नानागार—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्नानशाला'।

स्नानी—वि० [स० स्नानिन्] नहानेवाला। स्नान करनेवाला।

स्नानीय[1]—वि० [स०] १ जो नहाने के योग्य हो। २ जिससे नहाया जा सके। ३ स्नान मे प्रयुक्त। नहाने मे प्रयुक्त।

स्नानीय[2]—सज्ञा पु० स्नान के कार्य मे प्रयुक्त पदार्थ। जैसे, जल, वस्त्र, अगराग, सुगध आदि [को०]।

स्नानोदक—सज्ञा पुं० [स०] नहाने का जल।

स्नापक—सज्ञा पु० [स०] नहलानेवाला नौकर।

स्नापन—सज्ञा पुं० [स०] नहलाना।

स्नापित—वि० [स०] १ नहाने या स्नान करनेवाला। २ नहलाया हुआ। स्नात [को०]।

स्नायन—सज्ञा पु० [स०] स्नान। नहाना।

स्नायविक—वि० [स०] स्नायु सबधी। स्नायु का।

स्नायवीय—सज्ञा पु० [स०] कर्मेंद्रिय। जैसे,—हाथ, पैर, आँख आदि।

स्नायी—सज्ञा पु० [स० स्नायिन्] वह जो स्नान करता हो। नहानेवाला।

स्नायु[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] शरीर के अदर की वे वायुवाहिनी नाड़ियाँ या नसे जिनसे स्पर्श का ज्ञान होता अथवा वेदना का ज्ञान एक स्थान से दूसरे स्थान या मस्तिष्क आदि तक पहुँचता है।

विशेष—ये नाडियाँ सफेद, चिकनी, कडी और सन के गुच्छो के समान होती हैं और शरीर की मासपेशियो मे फैली रहती है। हमारे यहाँ वैद्यक मे कहा गया है कि शरीर मे से पसीना निकलने और लेप आदि को रोमछिद्र मे से भीतर खीचने का व्यापार इन्ही से होता हे और इनकी सख्या ९०० बतलाई गई हे। इन्हे वातरज्जु, नाडी या कडरा भी कहते है।

२ धनुप की डोरी। प्रत्यचा (को०)। ३ मासपेशी। पेशी (को०)।

स्नायु[2]—सज्ञा पुं० अगो के अग्र भाग (जैसे, उँगलियाँ आदि) पर होनेवाली एक प्रकार की पिटिका या स्फोट। स्नायुक। नहरुआ [को०]।

स्नायुक—सज्ञा पुं० [स०] १ नहरुआ नामक रोग। २ एक प्रकार का परजीवी कीट (को०)।

स्नायुपाश—सज्ञा पु० [स०] प्रत्यचा। धनुप की डोरी।

स्नायुबध—सज्ञा पु० [स० स्नायुबन्ध] प्रत्यचा।

स्नायुमर्म—सज्ञा पुं० [स० स्नायुमर्मन्] स्नायुओ का मर्मस्थान। नाडियो का सधिस्थान [को०]।

स्नायुरज्जु—सज्ञा पु० [स०] शरीर।

स्नायुरोग—सज्ञा पु० [स०] नहरुआ या बाला नामक रोग।

स्नायुशूल—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का रोग।

विशेष—इस रोग मे स्नायु मे शूल के समान तीव्र वेदना होती है। यह वेदना चमडे के नीचे के भाग मे होती हे और शरीर के किसी स्थान मे हो सकती है। इसके, अर्धभेद, ऊर्ध्वभेद और अधोभेद, ये तीन भेद कहे गए हे।

स्नायुस्पद—सज्ञा पु० [स० स्नायुस्पन्द] नाडी का चलना। नाडियो का स्पदन करना।

स्नाय्वर्म—सज्ञा पु० [स० स्नाय्वर्मन] आँख का एक प्रकार का रोग जिसमे उसकी कौडी या सफेद भाग पर एक छोटी गाँठ सी निकल आती है।

स्नाव, स्नावन—सज्ञा पु० [स०] १ पेशी। स्नायु। २ नस। नाडी। रग [को०]।

स्नाविर—वि० [अ०] स्नायु से युक्त। पेशियो से युक्त। पुष्ट [को०]।

स्निग्ध[1]—वि० [स०] १ जिसमे स्नेह या तेल लगा हो अथवा वर्तमान हो। २ स्नेही। अनुरक्त (को०)। ३ चिपचिपा। लसीला। लसदार (को०)। ४ शीतल। ठढक पहुँचानेवाला (को०)। ५ प्रकाशयुक्त। दीप्त। चमकीला (को०)। ६ आर्द्र। गीला। तर (को०)। ७ शात (को०)। ८ कृपालु। ९ मृदु। सौम्य (को०)। १० रुचिकर। मोहक (को०)। ११. अविरल। सघन। सटा हुआ (को०)। १२ स्थिर (को०)।

स्निग्ध[2]—सज्ञा पुं० लाल रेड। २ धूप सरल या सरल नामक वृक्ष। ३ मोम। ४ गधाविरोजा। ५ दूध पर की मलाई। ६ सखा। मित्र (को०)। ७ प्रकाश। चमक। आभा (को०)। ८ सघनता। अविरलता। निविडता (को०)। ९ तैल। स्नेह (को०) १० गधमार्जार (को०)।

स्निग्धकदा—सज्ञा स्त्री० [स० स्निग्धकन्दा] कदली नामक पौधा जो नदियो के तट पर होता है [को०]।

स्निग्धकरज—सज्ञा पुं० [स० स्निग्धकरञ्ज] गुच्छकरज।

स्निग्धच्छद—सज्ञा पु० [स०] वड का पेड। वट वृक्ष।

स्निग्धच्छदा—सज्ञा स्त्री० [स०] बेर का पेड।

स्निग्धजन—सज्ञा पुं० [स०] प्रिय व्यक्ति। मित्र। सखा [को०]।

स्निग्धजीरक—सज्ञा पु० [स०] यशवगोल। ईसपगोल।

स्निग्धतडुल—सज्ञा पुं० [स० स्निग्धतण्डुल] साठी धान।

स्निग्धता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ स्निग्ध या चिकना होने का भाव। चिकनापन। चिकनाहट। २ प्रिय होने का भाव। प्रियता। ३ सौम्यता (को०)। ४ मृदुता। सुकुमारता (को०)।

स्निग्धत्याग—सज्ञा पु० [स०] प्रिय व्यक्ति का विछोह। स्निग्ध व्यक्ति का त्याग [को०]।

स्निग्धत्व—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्निग्धता'।

स्निग्धदल—सज्ञा पु० [स०] गुच्छ करज। स्निग्ध करज।

स्निग्धदारु—सज्ञा पु० [स०] १ देवदारु का पेड। २ धूप सरल। ३. अश्वकर्ण या शाल नामक वृक्ष।

स्निग्धदृष्टि—वि० [स०] १ स्थिर निगाहों से देखनेवाला। २ मृदु या तरल दृष्टिवाला। ३ जिसकी दृष्टि स्नेहयुक्त हो।

स्निग्धनिर्मल—सज्ञा पु० [स०] काँसा नामक धातु।

स्निग्धपत्र—सज्ञा पु० [स०] १ घृतकरज। घीरज। २ गुच्छकरज। ३ भगवतवल्ली। आवर्तकी लता। ४ मज्जर या माजुर नाम की घास।

स्निग्धपत्रक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्निग्धपत्र' [को०]।

स्निग्धपत्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वेर। बदरी। २ पालक का साग। ३ लोनी का साग। ४ गभारी। काश्मरी। खुमेर।

स्निग्धपत्री—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्निग्धपत्रा'।

स्निग्धपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पृश्निपर्णी। पिठवन। २ मूर्वा। मरोडफली।

स्निग्धपिंडीतक—सज्ञा पुं० [स० स्निग्धपिण्डीतक] एक प्रकार का मैनफल का वृक्ष।

स्निग्धफल—सज्ञा पु० [स०] गुच्छकरज।

स्निग्धफला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ फूट नामक फल। फूट। २ नकुलकद। नाकुली।

स्निग्धबीज—सज्ञा पु० [स०] यशवगोल। ईसपगोल।

स्निग्धमज्जक—सज्ञा पु० [स०] बादाम।

स्निग्ध मुद्ग—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार की मूँग।

स्निग्धराजि—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का साँप जिसकी उत्पत्ति, सुश्रुत के अनुसार, काले साँप और राजमती जाति की साँपिन से होती है।

स्निग्धवर्ण—वि० [स०] जिसका वर्ण या काति स्निग्ध हो [को०]।

स्निग्धा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मेदा नामक अष्टवर्गीय ओषधि। २ मज्जा। अस्थिसार। ३ विककत। बइची।

स्निग्धा[2]—वि० स्त्री० जिसमे स्नेह हो। स्नेहयुक्त। स्नेहिल।

स्नीहा—सज्ञा स्त्री० [स०] नाक का मल। पोटा [को०]।

स्नु[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ पहाड का ऊपरी समतल भूखड। २ कूट। शृग। चोटी [को०]।

स्नु[2]—सज्ञा स्त्री० स्नायु। पेशी [को०]।

स्नुक—सज्ञा पुं० [स०] स्नुही। थूहड।

स्नुकच्छद—सज्ञा पु० [स०] क्षीरकचुकी, क्षीरी या क्षीरसागर नामक वृक्ष।

स्नुकच्छदोपम—सज्ञा पुं० [स०] वाराही कद। गेठी।

स्नुग्दल—सज्ञा पुं० [स०] स्नुही। थूहड।

स्नुघ्निका—सज्ञा स्त्री० [स०] खनिज क्षार। सर्जिका क्षार [को०]।

स्नुत—वि० [स०] क्षरित। रिसता हुआ [को०]।

स्नुषा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पुत्रवधू। लडके की स्त्री। २ स्नुही। थूहड।

यौ०—स्नुषागम = जिसका पुत्रवधू से अवैध सबध हो।

स्नुहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्नुही। थूहड।

स्नुहि, स्नुही—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्नुहा'।

स्नुहीक्षीर—सज्ञा पु० [स०] थूहड का दूध।

स्नुहीबीज—सज्ञा पुं० [सं०] थूहट का बीज।

स्नुह्य—सज्ञा पुं० [स०] उत्पल। कमल।

स्नेय—वि० [स०] १ स्नान करने के योग्य। नहाने लायक। २ जो नहाने को हो।

स्नेह—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रेम। प्रणय। प्यार। मुहब्बत। २ चिकना पदार्थ। चिकनाहटवाली चीज। जैसे, घी, तेल, चरबी आदि, विशेषत तेल। ३ कोमलता। ४ एक प्रकार का राग जो हनुमत के मत से हिंडोल राग का पुत्र है। ५ सरसो। ६ सिर के अदर का गूदा। भेजा। ७ दूध पर की गाढी। मलाई। ८ आर्द्रता। नमी (को०)। ९ शरीर के भीतर का कोई प्रवाही द्रव्य। जैसे, वीर्य (को०)।

स्नेहक—वि० [स०] १ स्नेह या प्रेम करनेवाला। स्नेही। २ कृपायुक्त। कृपालु [को०]।

स्नेहकर—सज्ञा पु० [स०] अश्वकर्ण या शाल नामक वृक्ष।

स्नेहकर्ता—वि० [स० स्नेहकर्तृ] प्यार करनेवाला।

स्नेहकुभ—सज्ञा पुं० [स० स्नेहकुम्भ] तेल का घडा।

स्नेहकेसरी—सज्ञा पुं० [स० स्नेहकेसरिन्] रेडी। एरड।

स्नेहगर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] तिल।

स्नेहगुणित—वि० [स०] स्नेहयुक्त। प्रेमाविष्ट [को०]।

स्नेहगुरु—वि० [सं०] प्रेम या स्नेह के कारण जो गुरुता को प्राप्त हो। प्रेम से भरा हुआ।

स्नेहघट—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्नेहकुभ'।

स्नेहघ्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक पौधा [को०]।

स्नेहच्छेद—सज्ञा पु० [स०] परस्पर स्नेह न रहना।

स्नेहद्विट्—वि० [स० स्नेहद्विष्] जिसे स्नेह नापसद हो [को०]।

स्नेहन्—सज्ञा पु० [स०] १ मित्र। दोस्त। सखा। २ चद्रमा। सुधाशु। ३ एक प्रकार का रोग [को०]।

स्नेहन[1]—सज्ञा पु० [स०] १ चिकनाहट उत्पन्न करना। चिकनाई लाना। २ शरीर मे तेल लगाना। ३ कफ। श्लेष्मा। बलगम। ४ मक्खन। नवनीत। ५ उद्वर्तन द्रव्य। उबटन (को०)। प्रेम ६ प्रेम या स्नेहयुक्त होना। प्रेमाविष्ट होना (को०)। ७ शिव (को०)।

स्नेहन[2]—वि० १ शरीर मे तेल लगानेवाला। २ चिकनाई या स्निग्धता लानेवाला। ३ विनाशक। विध्वसक [को०]।

स्नेहनीय—वि० [स०] स्नेह करने या नेह लगाने योग्य [को०]।

स्नेहपक्व—वि० [स०] तेल मे पकाया हुआ [को०]।

स्नेहपात्र—सज्ञा पु० [स०] १ वह जिसके साथ प्रेम किया जाय। प्रेमपात्र। प्यारा। प्रिय। २ तैलपात्र।

स्नेहपान—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार की क्रिया जिसमे कुछ विशिष्ट रोगो मे तेल, घी, चरबी आदि पीते है। इससे अग्नि दीप्त होती है, कोठा साफ होता है और शरीर कोमल तथा हलका होता है।

विशेष—हमारे यहाँ स्नेह चार प्रकार के माने गए है—तेल, घी, वसा और मज्जा। खाली तेल पीने को साधारण पान कहते है। यदि तेल और घी मिलाकर पीया जाय तो उसे यमक, इन दोनो के साथ यदि वसा भी मिला दी जाय तो उसे त्रिवृत, और यदि चारो साथ मिलाकर पीए जायँ तो उसे महास्नेह कहते हैं।

स्नेहपिंडीतक—सज्ञा पुं० [स० स्नेहपिण्डीतक] मैनफल।

स्नेहपूर—सज्ञा पु० [स०] तिल।

स्नेहप्रवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रेम या प्रेम की अभिवृद्धि [को०]।

स्नेहप्रसर—सज्ञा पु० [स०] प्रेम का प्रवाह [को०]।

स्नेहप्रिय—सज्ञा पु० [स०] वह जिसे तेल प्रिय हो, दीपक [को०]।

स्नेहफल—सज्ञा पुं० [स०] तिल।

स्नेहबध—सज्ञा पु० [स० स्नेहबन्ध] स्नेह का बधन [को०]।

स्नेहबद्ध—वि० [स०] प्रेम मे बँधा हुआ [को०]।

स्नेहबीज—सज्ञा पु० [स०] चिरौजी।

स्नेहभग—संज्ञा पुं० [स० स्नेहभङ्ग] नेह टूटना। स्नेहच्छेद।

स्नेहभू—सज्ञा पुं० [स०] कफ। श्लेष्मा। बलगम।

स्नेहभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह जिससे स्नेह प्राप्त हो। तेल, घी आदि देनेवाली वस्तु। २ वह वस्तु या व्यक्ति जिससे प्रेम किया जाय। प्रेम की वस्तु [को०]।

स्नेहमुख्य—सज्ञा पु० [स०] तेल। रोगन।

स्नेहरग—सज्ञा पु० [स०स्नेहरङ्ग] तिल।

स्नेहरसन—सज्ञा पुं० [स०] मुख [को०]।

स्नेहरेकभू—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा [को०]।

स्नेहल—वि० [स०] १ प्रेमपूर्ण। २ मृदु। कोमल [को०]।

स्नेहवर—सज्ञा पु० [स०] वसा। चर्बी। [को०]।

स्नेहवती—सज्ञा स्त्री० [स०] मेदा नामक अष्टवर्गीय ओषधि।

स्नेहवर्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] घोडो को होनेवाला एक रोग। घोडो की एक प्रकार की व्याधि। २ स्नेहयुक्त वर्तिका। तैलपूरित वत्ती [को०]।

स्नेहवर्धन—सज्ञा पुं० [सं० स्नेह + वर्द्धन] प्रेम की वृद्धि। उ०—अपने अपने आग्रह को शिथिल करके परस्पर स्नेहवर्धन मे यत्नवान् होना चाहिए।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २५०।

स्नेहवस्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक के अनुसार दो प्रकार की वस्ति या पिचकारी देने की क्रियाओ मे से एक।

विशेष—इस क्रिया मे पिचकारी मे तेल भरकर गुदा के द्वारा रोगी के शरीर मे प्रविष्ट किया जाता है। प्राय अजीर्ण, उन्माद, शोक, मूर्छा, अरुचि, श्वास, कफ और क्षय आदि के लिये यह वस्ति उपयुक्त कही गई है। इसका व्यवहार प्राय वायु का प्रकोप शात करने और कोष्ठशुद्धि के लिये किया जाता है।

स्नेहविद्ध—सज्ञा पुं० [स०] देवदारु वृक्ष।

स्नेहविमर्दित—वि० [सं०] जिसकी देह मे तेल मला गया हो [को०]।

स्नेहवृक्ष—सज्ञा पुं० [स०] देवदारु।

स्नेहव्यक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] अपना प्रेम व्यक्त करना [को०]।

स्नेहसभाष—सज्ञा पु० [स० स्नेहसम्भाष] स्नेहालाप [को०]।

स्नेहससृक्त—वि० [स०] स्नेह द्वारा निर्मित। तेल आदि का बना हुआ [को०]।

स्नेहसार—सज्ञा पु० [स०] मज्जा नामक धातु।

स्नेहस्राव—सज्ञा पु० [स० स्नेह + स्राव] प्रेम का प्रवाह। प्रेमाधिक्य। उ०—खुल गया हृदय का स्नेह स्राव।—अपरा, पृ० १८१।

स्नेहाकन—सज्ञा पुं० [स० स्नेहाङ्कन] स्नेह का अकन। प्रेमचिह्न [को०]।

स्नेहा—सज्ञा पु० [सं० स्नेहन्] दे० 'स्नेहन्' [को०]।

स्नेहाकुल—वि० [स०] प्रेमाकुल। प्रेमविह्वल [को०]।

स्नेहाकूट—सज्ञा पुं० [स०] प्रेम या स्नेह का भाव। स्नेह या प्रेम की अनुभूति [को०]।

स्नेहाक्त—वि० [सं०] १ तैल से सिक्त। चिकना किया हुआ। २ स्नेह या प्रेमयुक्त। प्रेम से भरा हुआ [को०]।

स्नेहालिगन—सज्ञा पु० [सं० स्नेह + आलिङ्गन] प्रेमपूर्ण आलिगन। प्रगाढ आलिगन। उ०—है बँधे विछोह मिलन दो, देकर चिर स्नेहालिगन।—गुंजन, पृ० १०।

स्नेहालु—वि० [सं० स्नेह + आलु (प्रत्य०)] स्नेह से पूरित। प्रेमयुक्त। प्रेमी। उ०—कोमल नीडो का सुख न मिला, स्नेहालु दृगो का रुख न मिला।—एकात सगीत, पृ० ३४।

स्नेहाश—सज्ञा पुं० [स०] दीपक। चिराग।

स्नेहासव—सज्ञा पुं० [स० स्नेह + आसव] प्रेम की मदिरा। प्रेमरूपी आसव। प्रेम की मादकता। उ०—अतर के घर का स्नेहासव, पिला रहा हूँ, इस दीपक को अधकार मे जूझ रहा जो।—दीप०, पृ० १६५।

स्नेहित[1]—वि० [स०] १ जिसमे स्नेह हो या लगाया गया हो। चिकना। २ जिसके साथ स्नेह या प्रेम किया जाय। प्रेमी। बधु। मित्र। ३ अनुकपा से युक्त। दयालु (को०)।

स्नेहित[2]—सज्ञा पु० प्रेमी मित्र। प्रिय व्यक्ति [को०]।

स्नेहिल—वि० [स० स्नेह + इल] स्नेहयुक्त। प्रेमयुक्त।

स्नेही[1]—सज्ञा पु० [स० स्नेहिन्] १ वह जिसके साथ स्नेह या प्रेम किया जाय। प्रेमी। मित्र। २ तैल लगाने या मालिश करनेवाला व्यक्ति (को०)। ३ चितेरा। चित्रकार (को०)।

स्नेही[2]—१ जिसमे स्नेह हो। स्नेहयुक्त। चिकना। २ प्रीतियुक्त। प्रेम भाव से युक्त (को०)।

स्नेहु—सज्ञा पुं० [स०] १ रोग। व्याधि। बीमारी। २ चद्रमा।

स्नेहोत्तम—सज्ञा पुं० [सं०] तिल का तेल।

स्नेह्य—वि० [सं०] १ जिसके साथ स्नेह किया जा सके। स्नेह या प्रेम करने के योग्य। २ जो तेल लगाने या चिकना करने योग्य हो (को०)।

स्नैग्ध्य—सज्ञा पुं० [स०] १ चिकनाहट। तेलियापन। २ स्नेहिलता। स्नेह या प्रेम करने का भाव। अनुरागिता। ३ कोमलता। मृदुता। मार्दव (को०)।

स्नैहिक—वि० [स०] १ चिकना। तैलयुक्त। २ रोगनी। रोगनदार।

स्पज—सज्ञा पुं० [अ०] झाँवे की तरह का एक प्रकार का बहुत मुलायम और रेशेदार पदार्थ जिसमे बहुत से छोटे छोटे छेद होते हैं।

पर्या०—मुरदा बादल।

विशेष—इन्ही छेदो मे यह पदार्थ बहुत सा पानी सोख लेता है, और जब इसे दबाया जाता है, तब इसमे का सारा पानी बाहर निकल जाता है। इसीलिये प्राय लोग स्नान आदि के समय शरीर मलने के लिये अथवा कुछ विशिष्ट पदार्थो को धोने या भिगोने के लिये अथवा गीले तल पर का पानी सुखाने के लिये इसे काम मे लाते हैं। यह वास्तव मे एक प्रकार के निम्न कोटि के समुद्री जीवो का आवास या ढाँचा है जो भूमध्य सागर और अमेरिका के आसपास के समुद्रो मे पाया जाता है। इसकी कई जातियाँ और प्रकार होते है।

स्पद—सज्ञा पुं० [सं० स्पन्द] दे० 'स्पदन'।

स्पदन—सज्ञा पु० [स० स्पन्दन] १ किसी चीज का धीरे धीरे हिलना। कपन। काँपना। २ (अगो आदि का) प्रस्फुरण। फडकना। ३ गर्भस्थ शिशु का स्फुरण या उद्दीपन। अभक मे जीव का प्रस्फुरण (को०)। ५ तीव्र गति या शीघ्र गमन (को०)। ६ एक प्रकार का वृक्ष (को०)।

स्पदित[1]—वि० [स०स्पन्दित] स्पदनयुक्त। गतिमय। प्रस्फुरित। हिलता डोलता हुआ। उ०—विषमता की पीडा से व्यस्त, हो रहा स्पदित विश्व महान।—कामायनी, पृ० ५४। २ जो गत हो। गया हुआ (को०)।

स्पदित[2]—सज्ञा पुं० १ स्पदन। फडकना। काँपना। २ बुद्धि या मन की क्रियात्मकता (को०)।

स्पदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० स्पन्दिनी] १ रजस्वला। रजोधर्मवाली स्त्री। २ वह गौ जो बराबर दूध देती रहे। सदा दूध देनेवाली गौ। कामधेनु।

स्पदी—वि० [सं० स्पन्दिन्] स्पदनयुक्त। जिसमे स्पदन हो। हिलने डुलने, काँपने या फडकनेवाला।

स्पदोलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० स्पन्दोलिका] (झूले आदि पर) झूलते हुए पेंग मारने की क्रिया। झूले पर पेंग मारकर आगे पीछे आने जाने की क्रिया (को०)।

स्पर—सज्ञा पुं० [स०] एक साम का नाम।

स्परणी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैदिक काल की एक प्रकार की लता का नाम।

स्पराटो—सज्ञा स्त्री० [अ० एस्पराटो] एक कल्पित भाषा। दे० 'एस्पराटो'।

स्परिता—वि० [स० स्परितृ] दु खदायी। दु ख देनेवाला। जैसे, रोग, शत्रु आदि (को०)।

स्पर्द्ध, स्पर्ध—वि० [स०] लाग डाट या होड करनेवाला। २ ईर्ष्या करनेवाला। ईर्ष्यालु (को०)।

स्पर्द्धन, स्पर्धन—सज्ञा पु० [स०] १ लाग डाट। होड। स्पर्धा। २ ईर्ष्या। द्वेष (को०)।


स्पर्द्धनीय, स्पर्धनीय—वि० [स०] १ सघर्षण के योग्य। २ स्पर्धा के योग्य। जिसके साथ स्पर्धा की जा सके। ३ आकाक्षा या अभिलाषा करने योग्य (को०)।

स्पर्द्धा, स्पर्धा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सघर्ष। रगड। २ किसी के मुकाबले मे आगे बढने की इच्छा। होड। ३ साहस। हौसला। ४ साम्य। बराबरी। ईर्ष्या। द्वेष।

स्पर्द्धित, स्पर्धित—वि० [स०] १ जिसके साथ स्पर्धा की गई हो। जिसे चुनौती दी गई हो। २ विरोधी। प्रतिस्पर्धी। ३ कलहशील (को०)।

स्पर्द्धी, स्पर्धी[1]—वि० [स० स्पर्द्धिन्] [वि० स्त्री० स्पर्द्धिनी] १ जिसमे स्पर्धा हो। स्पर्धा करनेवाला। २ ईर्ष्यायुक्त। ईर्ष्यालु (को०)। ३ गर्वयुक्त। गर्वीला। घमडी (को०)।

स्पर्द्धी, स्पर्धी[2]—सज्ञा पु० [स०] ज्यामिति मे किसी कोण मे की उतनी कमी जितनी की वृद्धि से वह कोण १८० अश का अथवा अधवृत्त होता है। जैसे,—



मे घ क ख कोण ख क ग का स्पर्धी है २ स्पर्धा करने योग्य व्यक्ति। प्रतिस्पर्धी व्यक्ति (को०)।


स्पर्द्धर्य, स्पर्धर्य—वि० [स०] १ कामना, स्पर्धा या स्पृहा करने लायक। २ मूल्यवान् (को०)।

स्पर्श—सज्ञा पु० [स०] १ दो वस्तुओ का आपस मे इतना पास पहुँचना कि उनके तलो का कुछ कुछ अश आपस मे सट या लग जाय। छूना। २ त्वगिंद्रिय का वह गुण जिसके कारण ऊपर पडनेवाले दबाव या किसी चीज के सटने का ज्ञान होता है। नैयायिको के अनुसार यह २४ प्रकार के गुणो मे से एक है। ३ त्वगिंद्रिय का विषय। ४.

पीडा। रोग। कष्ट। व्याधि। ५ दान। भेंट। ६ वायु। ७ एक प्रकार का रतिबध या आसन। ८ व्याकरण मे उच्चारण के आभ्यतर प्रयत्न के चार भेदो मे से 'स्पृष्ट' नामक भेद के अनुसार 'क' से लेकर 'म' तक के २५ व्यजन जिनके उच्चारण मे वागिंद्रिय का द्वार बद रहता है। ९ आकाश। व्योम (को०)। १० गुप्तचर। गूढ गुप्तचर। प्रच्छन्न जासूस। छिपा हुआ भेदिया (को०)। ११ ग्रहण या उपराग मे सूर्य अथवा चद्रमा पर छाया पडने का आरभ।

स्पर्शक—वि० [स०] १ स्पर्श करने या छूनेवाला। २ अनुभूत करनेवाला। अनुभवकर्ता (को०)।

स्पर्शकोण—सज्ञा पुं० [स०] गणित मे वह कोण जो किसी वृत्त पर खीची हुई स्पर्शरेखा के कारण उस वृत्त और स्पर्शरेखा के बीच मे बनता है। जैसे,—



मे क ख ग अर्धवृत्त पर खीची हुई घ च रेखा के कारण घ ख क और च ख ग कोण स्पर्शकोण है।

स्पर्शक्लिष्ट—वि० [स०] जिसे छूने मे पीडा हो। जिसका स्पर्श कष्टप्रद हो।

स्पर्शक्षम—वि० [स०] छूने के लायक। स्पर्श के योग्य (को०)।

स्पर्शगुण—वि० [सं०] जिसका गुण स्पर्श हो। जैसे, वायु (को०)।

स्पर्शज—वि० [सं०] स्पर्श से होनेवाला। स्पर्शजन्य (को०)।

स्पर्शजन्य—वि० [स०] जो स्पर्श के कारण उत्पन्न हो। सक्रामक। छुतहा। जैसे,—कुष्ठ, शीतला, हैजा आदि स्पर्शजन्य रोग है।

स्पर्शतन्मात्र—सज्ञा पु० [स०] स्पर्शभूत का आदि, अमिश्र और सूक्ष्म रूप। विशेष दे० 'तन्मात्र'।

स्पर्शता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्पर्श का भाव या धर्म। स्पर्शत्व।

स्पर्शदिशा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह दिशा जिधर से सूर्य या चद्रमा को ग्रहण लगा हो। चद्रमा या सूर्य पर गहण की छाया आने की दिशा।

स्पर्शद्वेष—सज्ञा पुं० [स०] स्पर्श के प्रति अति सवेदनशील। वह जिसपर स्पर्श का शीघ्र प्रभाव होता हो (को०)।

स्पर्शन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ छूने की क्रिया। स्पर्श करना। २ दान। देना। ३ सबध। लगाव। ताल्लुक। ४ वायु। हवा। ५ सवेदन। भावना। (को०) ६ स्पर्शेंद्रिय या स्पर्शसाधन (को०)।

स्पर्शन[2]—वि० [वि० स्त्री० स्पर्शनी] १ छूनेवाला। स्पर्श करनेवाला। २ ग्रस्त, प्रभावित या अनुकूल करनेवाला (को०)।

स्पर्शनक—सज्ञा पुं० [स०] साख्य दर्शन के अनुसार त्वचा जिससे स्पर्श होता है (को०)।

स्पर्शना—सज्ञा स्त्री० [स०] छूने की शक्ति या भाव।

स्पर्शनीय—वि० [स०] स्पर्श करने योग्य। छूने के लायक।

स्पर्शनेंद्रिय—सज्ञा स्त्री० [सं० स्पर्शनेन्द्रिय] वह इंद्रिय जिससे स्पर्श किया जाता है। छूने की इंद्रिय। त्वगिंद्रिय। त्वचा।


स्पर्शमणि—सज्ञा पु० [स०] पारस पत्थर जिसके स्पर्श से लोहे का सोना होना माना जाता है।

स्पर्शमणिप्रभव—सज्ञा पु० [स०] सोना। स्वर्ण (को०)।

स्पर्शयज्ञ—सज्ञा पु० [स०] महाभारत के अनुसार एक यज्ञ जिसमे प्रत्येक देय वस्तु का स्पर्श किया जाना है (को०)।

स्पर्शरसिक—सज्ञा पुं० [सं०] कामुक। लपट।

स्पर्शरेखा—सज्ञा स्त्री० [पुं०] गणित मे वह सीधी रेखा जो किसी वृत्त की परिधि के किसी एक बिंदु को स्पर्श करती हुई खीची जाय। जैसे,—



मे क, ख, ग अर्धवृत्त है, और उसके ख बिंदु को स्पर्श करती हुई जो घ च रेखा है, वह रेखा स्पर्शरेखा कही जाती है।

स्पर्शलज्जा—सज्ञा स्त्री० [स०] लजालू या लाजवती नाम की लता।

स्पर्शवज्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] बौद्धो की एक देवी का नाम।

स्पर्शवर्ग—सज्ञा पुं० [स०] व्याकरण मे क से म तक के वर्णों का वर्ग (को०)।

स्पर्शवेद्य—वि० [स०] जो स्पर्श द्वारा ज्ञात हो। जिसका ज्ञान स्पर्श के द्वारा हो (को०)।

स्पर्शवान्—वि० [स० स्पर्शवत्] १ जिसका स्पर्श सभव हो। २ जो स्पर्श गुण से युक्त हो, जैसे, वायु। ३ जो छूने मे सुखद हो। मृदु। कोमल (को०)।

स्पर्शशुद्ध—सज्ञा स्त्री० [सं०] शतावर।

स्पर्शसकोच—सज्ञा पुं० [स० स्पर्शसङ्कोच] लजालू या लाजवती नाम की लता।

यौ०—स्पर्शसकोचपर्णिका = लजालू लता जिसकी पत्तियाँ छूने मे सिमट जाती है।

स्पर्शसकोची—सज्ञा पुं० [सं० स्पर्शसङ्कोचिन्] पिडालू।

स्पर्शसचारी[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्पर्शसञ्चारिन्] शूक रोग का एक भेद।

स्पर्शसचारी[2]—वि० सक्रामक। छुतहा। स्पर्श या सपर्क के कारण एक से दूसरे मे सक्रमण करनेवाला (को०)।

स्पर्शसुख[1]—वि० [स०] जिसका स्पर्श सुखद हो (को०)।

स्पर्शसुख[2]—सज्ञा पु० स्पर्शजन्य आनदानुभूति।

स्पर्शस्नान—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य या चद्रग्रहण के समय का वह स्नान जब सूर्य या चद्र पर छाया का पडना आरभ होता है (को०)।

स्पर्शस्पद—सज्ञा पुं० [स० स्पशस्पन्दन] मेटक।

स्पर्शस्यद—सज्ञा पुं० [स० स्पर्शस्यदन] मडूक (को०)।

स्पर्शहानि—सज्ञा स्त्री० [सं०] शूक रोग मे रुधिर के दूषित होने के कारण लिंग के चमडे मे स्पर्शज्ञान न रह जाना।

स्पर्शा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कुलटा। पुंश्चली। दुश्चरित्रा स्त्री। छिनाल।

स्पर्शात्मक—वि० [सं०] (रोग या दोष आदि) जो स्पर्श या छूने के कारण उत्पन्न हो। संक्रामक। छुतहा।

स्पर्शाज्ञ—संज्ञा पु० [सं०] वह जिसे स्पर्शज्ञान न हो।

स्पर्शानिदा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्पर्शानिन्दा] अप्सरा। देवांगना (को०)।

स्पर्शानुकूल—वि० [सं०] जो स्पर्श करने में अनुकूल या सुखद हो। छूने में आनंददायक (को०)।

स्पर्शामिन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं का एक वर्ग (को०)।

स्पर्शामिन[2]—संज्ञा पु० एक प्रकार की उपासना पद्धति। ध्यान या उपासना में बैठने की एक मुद्रा या आसन विशेष। उ०—गंधप, स्पर्शासन, चित्यद्योत इत्यादि कुछ उपासना पद्धतियाँ थीं। —प्रा० भा० प०, पृ० २२४।

स्पर्शासह—वि० [सं०] १ जिसे स्पर्श सहन न हो। २ जिसका स्पर्श सहन न हो (को०)।

स्पर्शासहिष्णु—वि० [सं०] दे० 'स्पर्शासह'।

स्पर्शासह्य—वि० [सं०] दे० 'स्पर्शासह' (को०)।

स्पर्शास्पर्श—संज्ञा पु० [सं० स्पर्श + अस्पर्श] छूने या न छूने का भाव या विचार। इस बात का विचार कि अमुक पदार्थ छूना चाहिए और अमुक पदार्थ न छूना चाहिए। छूतछात।

स्पर्शिक[1]—वि० [सं०] १ स्पर्श करनेवाला। छूनेवाला। २ जिसका ज्ञान स्पर्श करने से हो सके।

स्पर्शिक[2]—संज्ञा पुं० वायु। हवा।

स्पर्शित—संज्ञा पु० [सं० स्पर्शितृ] १ स्पर्श किया हुआ। जिसका स्पर्श किया गया हो। २ प्रदत्त। दिया हुआ। दत्त (को०)।

स्पर्शिता[1]—वि० स्त्री० [सं० स्पर्शितृ] स्पर्श की हुई अर्थात् भार्या के रूप में प्रदत्त (कन्या) (को०)।

स्पर्शिता[2]—वि० स्पर्श करनेवाला। छूनेवाला।

स्पर्शी—वि० [सं० स्पर्शिन्] छूनेवाला। स्पर्श करनेवाला। जैसे—गगनस्पर्शी। मर्मस्पर्शी।

स्पर्शेंद्रिय—संज्ञा स्त्री० [सं० स्पर्शेन्द्रिय] वह इंद्रिय जिससे स्पर्श का ज्ञान होता है। त्वगिंद्रिय। त्वचा।

स्पर्शोपल—संज्ञा पु० [सं०] पारस पत्थर। स्पर्शमणि।

स्पर्ष्टा—संज्ञा पुं० [सं०] १ शारीरिक अव्यवस्था या अस्वस्थता। रोग। व्याधि। २ वह जो स्पर्श करता हो। स्पर्श करने या छूनेवाला (को०)।

स्पश—संज्ञा पु० [सं०] १ चर। दूत। २ युद्ध। लड़ाई। ३ पुरस्कार के लोभ से जंगली जानवरों से लड़नेवाला या इस प्रकार की लड़ाई (को०)।

स्पष्ट[1]—वि० [सं०] १ जिसके देखने या समझने आदि में कुछ भी कठिनता न हो। साफ दिखाई देने या समझ में आनेवाला। जैसे,—(क) इसके अक्षर दूर से भी स्पष्ट दिखाई देते हैं। २ जिसमें किसी प्रकार की लगावट या दाँवपेंच न हो। सही। साफ। जैसे,—मैं तो स्पष्ट कहता हूँ, चाहे किसी को बुरा लगे और चाहे भला।

मुहा०—स्पष्ट कहना या सुनाना = बिल्कुल साफ साफ कहना। बिना कुछ छिपाव अथवा किसी का कुछ ध्यान किए कहना।

३ वास्तविक। सच्चा (को०)। ४ पूर्णत विकसित। पूरा खिला हुआ (को०)। ५ सुस्पष्ट या साफ साफ देखनेवाला (को०)। ६ जो वक्र न हो। अकुटिल। सरल। सीधा (को०)। ७ प्रत्यक्ष। व्यक्त। (को०)।

स्पष्ट[2]—संज्ञा पु० १ ज्योतिष में ग्रहों का स्फुटसाधन जिसमें यह जाना जाता है कि जन्म के समय अथवा किसी और विशिष्ट काल में कौन सा ग्रह किस राशि के कितने अंश, कितनी कला और कितनी विकला में था। इसकी आवश्यकता ग्रहों का ठीक ठीक फल जानने के लिये होती है। २ व्याकरण में वर्णों के उच्चारण का एक प्रकार का प्रयत्न जिसमें दोनों होंठ एक दूसरे से छू जाते हैं। जैसे,—प या म के उच्चारण में स्पष्ट प्रयत्न होता है।

स्पष्टकथन—संज्ञा पुं० [सं०] व्याकरण में कथन के दो प्रकारों में से एक जिसमें किसी दूसरे की कही हुई बात ठीक उसी रूप में कही जाती है जिस रूप में वह उसके मुँह से निकली हुई होती है। जैसे,—कृष्ण ने साफ साफ कह दिया—'मैं उनसे किसी प्रकार का संबंध न रखूँगा।' इसमें लेखक ने वक्ता कृष्ण का कथन उसी रूप में रहने दिया है, जिस रूप में वह उसके मुँह से निकला था।

स्पष्टगर्भा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसके गर्भ के लक्षण साफ प्रकट हों (को०)।

स्पष्टत—क्रि० वि० [सं०] दे० 'स्पष्टतया'।

स्पष्टतया—क्रि० वि० [सं०] स्पष्ट रूप से। साफ साफ। उ० (क) इससे यह स्पष्टतया ज्ञात होता है कि समालोचना के सामान्य रूप का अर्थ मूल ग्रंथ का दूषण या उसका खंडन है। —गंगाप्रसाद (शब्द०)। (ख) उषा काल की श्वेतता समुद्र में स्पष्टतया दृष्टि पड़ती थी।

स्पष्टतर—क्रि० वि० [सं०] स्पष्ट से अधिक स्पष्ट। साफ साफ। स्पष्ट और स्पष्टतम के बीच की स्थिति। उ०—पुलक स्पंद भर खिला स्पष्टतर।—अपरा, पृ० ५६।

स्पष्टता—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्पष्ट होने का भाव। सफाई। जैसे,—उसकी बातों की स्पष्टता मन पर विशेष रूप से प्रभाव डालती है।

स्पष्टतारक—संज्ञा पुं० [सं०] आकाश, जिसमें तारे स्पष्ट दिखाई पड़ें।

स्पष्टप्रतिपत्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह ज्ञान जो स्पष्ट हो। शुद्ध प्रत्यक्ष ज्ञान (को०)।

स्पष्टप्रयत्न—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्पष्ट'—२।

स्पष्टभाषी—वि० [सं० स्पष्टभाषिन्] दे० 'स्पष्टवक्ता'।

स्पष्टवक्ता—सज्ञा पु० [स० स्पष्टवक्तृ] वह जो साफ साफ बाते कहता हो। वह जो कहने मे किसी का मुलाहजा या रिआयत न करता हो।

स्पष्टवादी—सज्ञा पु० [सं० स्पष्टवादिन्] वह जो साफ साफ बातें कहता हो। स्पष्टवक्ता। उ०—ऐसी हालत मे स्पष्टवादी, निडर, समदर्शी, कुशाग्रबुद्धि और सच्चे तार्किको की उत्पत्ति ही बद हो जाती है।—द्विवेदी (शब्द०)।

स्पष्टस्थिति—सज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष मे राशियो के अश, कला, विकला आदि मे (बालक के जन्म की) दिखलाई हुई ग्रहो की ठीक ठीक स्थिति।

स्पष्टाक्षर—वि० [स०] १ जिसके अक्षर स्पष्ट हो। २ जिसका उच्चारण अक्षरश. स्पष्ट हो [को०]।

स्पष्टार्थ[1]—सज्ञा पु० [स०] स्पष्ट या बोधगम्य अर्थ [को०]।

स्पष्टार्थ[2]—वि० जिसका अर्थ सरल या सहज बोधगम्य हो [को०]।

स्पष्टीकरण—सज्ञा पु० [स०] स्पष्ट करने की क्रिया। किसी बात को स्पष्ट या साफ करना। उ०—ऐसी बाते बहुत ही थोडी है जिनका मतलब बिना विवेचना, टीका या स्पष्टीकरण के समझ मे आ सकता है।—द्विवेदी (शब्द०)।

स्पष्टीकृत—वि० [स०] जिसका स्पष्टीकरण हुआ हो। साफ या खुलासा किया हुआ।

स्पष्टीक्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] ज्योतिष मे वह क्रिया जिससे ग्रहो का किसी विशिष्ट समय मे किसी राशि के अश, कला, विकला आदि मे अवस्थान जाना जाता है। उ०—पहले जब अयनाश का ज्ञान नही था, तब स्पष्टीक्रिया से जो ग्रह आता था, उसे लोग ग्रह ही के नाम से पुकारने थे।—सुधाकर (शब्द०)।

स्पाई—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह जो छिपकर किसी का भेद ले। भेदिया। गुप्तचर। गोयदा। जैसे,—पुलिस स्पाई। २ वह दूत जो शत्रु की छावनी या राज्य मे भेद लेने के लिये भेजा जाय। गुप्त राजदूत। भेदिया। जैसे,—पेशावर के पास कई बोल्शेविक स्पाई पकडे गए है।

स्पात—सज्ञा पुं० [स० अयस्पत्र या पुर्त० स्पेडा, हि० इसपात, इस्पान] दे० 'इसपात'।

स्पार्शन—वि० [स०] जिसका बोध स्पर्श करने से हो या जो स्पर्श से ज्ञात हो [को०]।

स्पिरिचुअलिज्म—सज्ञा पु० [अ०] वह विद्या या क्रिया जिसके द्वारा किसी स्वर्गीय या मृत व्यक्ति की आत्मा बुलाई जाती है और उससे बातचीत की जाती है। भूतविद्या। आत्मविद्या।

स्पिरिट—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ शरीर मे रहनेवाली आत्मा। रूह। २ वह कल्पित सूक्ष्म शरीर जिसका मृत्यु के समय शरीर से निकलना और आकाश मे विचरण करना माना जाता है। सूक्ष्म शरीर। ३ जीवन शक्ति। ४ एक प्रकार का बहुत तेज मादक द्रव पदार्थ जिसका व्यवहार अँगरेजी शराबो, दवाओ और सुगधियो आदि मे मिलाने अथवा लपो आदि के जलाने मे होता है। फूल शराब। ५ किसी पदार्थ का सत्त या मूल तत्व। जैसे,—स्पिरिट एमोनिया अर्थात् अमोनिया का सत। ६ किसी वस्तु का सार। अर्क। ७ मदिरा का सार। सुरासार। ८. उत्साह। जोश। तत्परता। जैसे,—इस नगर के नवयुवको मे स्पिरिट नही है। ९ स्वभाव। मिजाज। १० प्रेतात्मा। रूह।

स्पिलेचा—सज्ञा पुं० [देश०] हिमालय की एक झाडी जिसकी टहनियों से बोझ बाँधते और टोकरे आदि बनाते है।

स्पीकर—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह जो सभा, समिति या सर्वसाधारण मे खडे होकर किसी विषय पर अडल्ले मे बोलता या भाषण करता है। वक्ता। व्याख्यानदाता। जैसे,—वे बडे अच्छे स्पीकर है, लोगो पर उनके व्याख्यान का खूब प्रभाव पडता है। २ ब्रिटिश पार्लमेंट की कामन्स सभा, अमेरिका के सयुक्त राज्यो की प्रतिनिधि सभा तथा व्यवस्थापिका सभाओ के अध्यक्ष। सभापति। ३ ब्रिटिश हाउस आव लार्ड्स या लार्ड सभा के अध्यक्ष जो लार्ड चान्सलर हुआ करते है।

विशेष—ब्रिटिश हाउस आव कामन्स सभा का स्पीकर या अध्यक्ष पार्लमेंट के सदस्यो मे से ही, बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के चुना जाता है। इसका काम सभा मे शाति बनाए रखना और नियमानुसार कार्य सचालन करना है। किसी विषय पर सभा के दो समान भागो मे विभक्त होने पर (अर्थात् आधे सदस्य एक पक्ष मे और आधे दूसरे पक्ष मे होने पर) वह अपना 'कास्टिग वोट' या निर्णायक मत किसी के पक्ष मे दे सकता है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा या व्यवस्थापिका सभाओ के स्पीकर या अध्यक्ष साधारणत उस पक्ष के नेता या मुखिया होते हैं जिसका सभा मे बहुमत होता है। ब्रिटिश पार्लमेंट के स्पीकर के समान इन्हें भी सभा के सचालन और नियत्रण का अधिकार तो है ही इसके सिवा ये महत्व के अवसरो पर दूसरे को अध्यक्ष के आसन पर बैठाकर सदस्य की हैसियत से साधारण सभा मे भी बहस कर सकते है और वोट दे सकते है। भारत मे भी विधान सभाओ और ससद् मे स्पीकर होते हैं और उनकी सत्ता तथा कार्यपद्धति वही है जो अमेरिका तथा ब्रिटिश देश मे है।

स्पीच—सज्ञा स्त्री० [अ०] वह जो कुछ मुहँ से बोला जाय। कथन। २ वाक्शक्ति। बोलने की शक्ति। ३ किसी विषय की जबानी की हुई विस्तृत व्याख्या। वक्तृता। व्याख्यान। लेक्चर। उ०—गर्जे कि इस सफहे की कुल स्पीचे मरचेन्ट आव वेनिस से ली गई है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४३४।

स्पीड सज्ञा स्त्री० [अ०] वेग। गति। चाल। तीव्रता।

स्पीन किशमिशी—सज्ञा पुं० [पिशीन (स्थान का नाम) + किशमिश] एक प्रकार का बढिया अगूर जो क्वेटा पिशीन प्रात में होता है।

स्पृक्का—सज्ञा स्त्री० [स०] १ असवर्ग। २ लजालू। लाजवती। ३ ब्राह्मी बूटी। ४ मालती। ५ सवती। शतपत्री। ६ गगापत्री। पाढ़ीलता।

स्पृत्[1]—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल की एक प्रकार की ईंट जिसका व्यवहार यज्ञ की वेदी आदि बनाने म होता था।

स्पृत्[2]—वि० १ अपने को छुडाने, हटाने अथवा मुक्त करनेवाला। २ पानेवाला। प्राप्त करनेवाला [को०]।

स्पृत—वि० [स०] १ जीता हुआ। विजित। २ रखा हुआ। सुरक्षित। ३ मिला हुआ। प्राप्त [को०]।

स्पृध्[1]—संज्ञा पुं० [सं०] शत्रु। वैरी [को०]।

स्पृध्[2]—संज्ञा स्त्री० युद्ध। लड़ाई। संघर्ष [को०]।

स्पृश्[1]—वि० [सं०] १. स्पर्श करनेवाला। छूनेवाला। जैसे, मर्मस्पृश्। २ पहुँचनेवाला [को०]।

स्पृश[1]—संज्ञा पुं० [सं०] स्पर्श। संपर्क [को०]।

स्पृश[2]—वि० छूनेवाला। स्पर्श करनेवाला।

स्पृशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सर्पिणी। सर्पककालिका। २ कटकारी। कँटाई। रेंगनी।

स्पृशी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कटकारी। कँटाई।

स्पृश्य—वि० [सं०] [वि० स्त्री० स्पृश्या] १ जो स्पर्श करने के योग्य हो। छूने के लायक। उ०—होगा कोई इंगित अदृश्य, मेरे हित ह्र हित यही स्पृश्य।—अपरा, पृ० १८१। २ अधिकृत करने योग्य (को०)।

यौ०—स्पृश्यास्पृश्य = स्पृश्य और अस्पृश्य। छूने लायक और न छूने के योग्य।

स्पृश्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की समिधा [को०]।

स्पृश्यास्पृश्य विवेक—संज्ञा पुं० [सं०] छूने और न छूने योग्य वस्तुओं या पदार्थों का विचार।

स्पृष्ट[1]—वि० [सं०] १ जिसने स्पर्श किया हो। २ छूआ हुआ। हाथ से स्पर्श किया हुआ। ३ संपर्क में आया हुआ (को०)। ४ ग्रस्त। प्रभावित (को०)। ५ दूषित। कलुषित। कलंकित। जैसे, स्पृष्टमैथुना (को०)। ५ पहुँचनेवाला। उपयोग करनेवाला (को०)। ६ जिह्वा के या उच्चारण अवयवों के पूर्ण स्पर्श से बना हुआ (ध्वनि)।

स्पृष्ट[2]—संज्ञा पुं० व्याकरण के अनुसार 'क्' से 'म्' तक के वर्णों के उच्चारण में प्रयुक्त आभ्यंतर प्रयत्न [को०]।

स्पृष्टक—संज्ञा पुं० [सं०] चलते समय किसी पुरुष और स्त्री के अंगों का परस्पर हलका स्पर्श। एक प्रकार का आलिंगन [को०]।

स्पृष्टमैथुन—वि० [सं०] [वि० स्त्री० स्पृष्टमैथुना] मैथुन के कारण जो अपवित्र या दूषित हो गया हो [को०]।

स्पृष्टरोदनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] लजालू या लाजवंती नाम की लता।

स्पृष्टास्पृष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] छूआछूत। स्पृष्टास्पृष्टि।

स्पृष्टस्पृष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] परस्पर एक दूसरे को छूने की क्रिया। छूआछूत।

स्पृष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ छूने की क्रिया। स्पर्श। २ संयोग। लगाव। संपर्क (को०)।

स्पृष्टिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दे० 'स्पृष्टि'। २ शपथ ग्रहण के समय अंगों का स्पर्श।

स्पृष्टी—वि० [सं० स्पृष्टिन्] स्पर्श करनेवाला [को०]।

स्पृहण—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० स्पृहणीय] अभिलाषा। स्पृहा। इच्छा। कामना।

स्पृहणीय—वि० [सं०] १ जिसके लिये अभिलाषा या कामना की जा सके। वांछनीय। उ०—यह कितनी स्पृहणीय बन गई, मधुर जागरण सी छविमान।—कामायनी, पृ० २७। २ गौरवशाली। गौरव या बड़ाई के योग्य। ३ रमणीय। मोहक (को०)। ४ ईर्ष्या करने योग्य (को०)।

यौ०—स्पृहणीयवीर्य = जिसका पराक्रम स्पृहणीय या वांछनीय हो। स्पृहणीयशोभ = जो अपनी शोभा या सौंदर्य के कारण स्पृहा करने योग्य हो।

स्पृहयालु—वि० [सं०] १ जो स्पृहा या कामना करे। स्पृहा करनेवाला। २ लोभी। लालची।

स्पृहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अभिलाषा। इच्छा। कामना। ख्वाहिश। २ न्यायदर्शन के अनुसार किसी ऐसे पदार्थ की प्राप्ति की कामना जो धर्म के प्रतिकूल हो। ३ ईर्ष्या (को०)।

स्पृहालु—वि० [सं०] दे० 'स्पृहयालु'।

स्पृहित—वि० [सं०] १ जिसकी स्पृहा या कामना की गई हो। २ जो ईर्ष्या का विषय हो [को०]।

स्पृही—वि० [सं० स्पृहिन्] १ कामना या इच्छा करनेवाला उ०—गृह योग्य बने हैं वन स्पृही, वन योग्य हाय! हम बने गृही।—साकेत, पृ० १५६। २ स्पर्धा करनेवाला।

स्पृहय्[1]—संज्ञा पुं० [सं०] बिजौरा नीबू।

स्पृहय्[2]—वि० जिसके लिये कामना या स्पृहा की जा सके। स्पृहणीय। वांछनीय।

स्पेशल[1]—वि० [अं०] १ जिसमें औरों की अपेक्षा कोई विशेषता हो। विशिष्ट। खास। २ जो विशेष रूप से किसी एक व्यक्ति या काम के लिये हो। जैसे,—स्पेशल गाड़ी। ३ जो साधारण न हो। असाधारण।

स्पेशल[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह रेल गाड़ी जो किसी विशिष्ट कार्य, उद्देश्य या व्यक्ति के लिये चले। जैसे,—लाट साहब की स्पेशल, बारात की स्पेशल।

स्पेशलिस्ट—संज्ञा पुं० [अं०] वह जिसे किसी विषय का विशेष ज्ञान हो। वह जो किसी विषय में पारंगत हो। विशेषज्ञ। जैसे,—वे आँख के इलाज के स्पेशलिस्ट हैं।

स्प्रष्टव्य—वि० [सं०] १ छूने लायक। स्पर्श करने योग्य। २ जिसका ज्ञान स्पर्श से किया जाय [को०]।

स्प्रष्टा[1]—वि० [सं० स्प्रष्टृ] छूनेवाला या स्पर्श करनेवाला [को०]।

स्प्रष्टा[2]—संज्ञा पुं० स्पर्शजन्य रोग। व्याधि [को०]।

स्प्रिंग—संज्ञा स्त्री० [अं०] लोहे की तीली, पत्तर, तार या इसी प्रकार की और कोई लचीली वस्तु जो दाब पड़ने पर दब जाय और दाब हटने पर फिर अपने स्थान पर आ जाय। कमानी। विशेष दे० 'कमानी'।

स्प्रिंगदार—वि० [अं० स्प्रिंग + फा० दार (प्रत्य०)] जिसमें स्प्रिंग या कमानी लगी हो। कमानीदार।

स्प्रचुग्रलिज्म—सज्ञा पु० [अ०] आत्माविद्या। भूतविद्या। दे० स्पिरिचुग्रलिज्म।'

स्प्लट—सज्ञा पु० [अ०] पाश्चात्य चिकित्सा मे चिपटी लकडी का वह टुकडा जो शरीर की किसी टूट हुइ हड्डी आदि को फिर यथास्थान बैठाकर, उस अग को सीधा या ठीक स्थिति मे रखने के लिये उसपर बाधा जाता है। पट्टी। पटरी।

स्फट—सज्ञा पु० [स०] १ फट फट शब्द। २ साप का फन।

स्फटा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ साँप का फन। २ फिटकिरी (को०)।

स्फटिक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का सफेद बहुमूल्य पत्थर या रत्न। बिल्लौर।

विशेष—स्फटिक काँच के समान पारदर्शी होता है और इसका व्यवहार मालाएँ, मूर्तियाँ तथा दस्ते आदि बनाने मे होता है। इसके कई भेद और रग होते हैं।

२ सूर्यकात मणि। ३ शीशा। काँच। ४ कपूर। कर्पूर। ५ फिटकरी।

स्फटिककुड्य—सज्ञा पुं० [स०] बिल्लौर की दीवार।

स्फटिकपात्र—सज्ञा पुं० [स०] स्फटिक का बरतन (को०)।

स्फटिकप्रभ—वि० [स०] स्फटिक के समान चमकीला या दीप्त (को०)।

स्फटिकभित्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्फटिककुड्य'।

स्फटिकमणि—सज्ञा पु० स० बिल्लौर पत्थर (को०)।

स्फटिकविष—सज्ञा पुं० [सं०] दारुमोच नाम का विष।

स्फटिकशिखरी—सज्ञा पु० [सं० स्फटिकशिखरिन्] कैलाश पर्वत।

स्फटिकशिला—सज्ञा स्त्री० [स०] स्फटिक की शिला। बिल्लौर।

स्फटिकस्कभ—सज्ञा पु० [स० स्फटिकस्कम्भ] स्फटिक का खभा।

स्फटिकहर्म्य—सज्ञा पु० [स०] स्फटिक का बना भवन।

स्फटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ फिटकिरी। २ कपूर (को०)।

स्फटिकाख्या—सज्ञा स्त्री० [स०] फिटकिरी।

स्फटिकाचल—सज्ञा पु० [स०] कैलाश पर्वत जो दूर से देखने मे स्फटिक के समान जान पडता है।

स्फटिकात्मा—सज्ञा पुं० [स० स्फटिकात्मन्] बिल्लौर। स्फटिकमणि।

स्फटिकाद्रि—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्फटिकाचल' (को०)।

यौ०—स्फटिकाद्रिभिद् = कपूर। कर्पूर।

स्फटिकाभ्र—सज्ञा पु० [स०] कपूर।

स्फटिकारि, स्फटिकारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] फिटकिरी (को०)।

स्फटिकारी—सज्ञा स्त्री० [स०] फिटकिरी।

स्फटिकाश्मा—सज्ञा पुं० [स० स्फटिकाश्मन्] फिटकिरी (को०)।

स्फटिकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] फिटकिरी।

स्फटिकोपम—सज्ञा पु० [स०] १ कपूर २ जस्ता नाम की धातु। ३ चद्रकात मणि।

स्फटिकोपल—सज्ञा पु० [स०] बिल्लौर। स्फटिक।

स्फटित—वि० [स०] फटा हुआ। विदीर्ण (को०)।

स्फटी—सज्ञा स्त्री० [सं०] फिटकिरी।

स्फर, स्फरक—सज्ञा पुं० [स०] चर्म। ढाल (को०)।

स्फरण—सज्ञा पु० [स०] १ काँपना। थरथराना। फडकना। २ प्रवेश करना (को०)।

स्फाटक—सज्ञा पु० [स०] १ स्फटिक। बिल्लौर। २ पानी की बूँद।

स्फाटकी—सज्ञा स्त्री० [स०] फिटकिरी (को०)।

स्फाटिक'—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का श्वेत रत्न। बिल्लौर। विशेष दे० स्फटिक'। २ एक प्रकार का चदन (को०)।

स्फाटिक'—वि० [स०] [वि० स्त्री० स्फाटिकी] स्फटिक या बिल्लौर सबधी। बिल्लौर का।

स्फाटिकोपल—सज्ञा पुं० [स०] स्फटिक। बिल्लौर।

स्फाटित—वि० [स०] फटा या फाडा हुआ। विदीर्ण (को०)।

स्फाटीक—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'स्फटिक'।

स्फात—वि० [स०] १ बढा हुआ। २ फूला हुआ (को०)।

स्फाति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वृद्धि। बढती। २ सूजन। शोथ (को०)।

स्फार'—वि० [स०] १ प्रचुर। विपुल। बहुत। २ विकट। ३ विस्तृत। बडा। बढा हुआ (को०)। ४ ऊँचा। तार। उच्च। जैसे, स्वर (को०)। ५ अविरल। निविड। घना (को०)।

स्फार'—सज्ञा पुं० [स०] १ सूजन। वृद्धि। २ (सोने मे पडी हुई) फुटकी। ३ उभार। गिल्टी। ४ धकधकी। थरथरी। ५ टकार। ६ प्राचुर्य। अधिकता (को०)।

स्फारण—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्फुरण'।

स्फारित—वि० [स०] विस्तृत किया हुआ। फैलाया हुआ (को०)।

स्फाल—सज्ञा पु० [स०] १ दे० 'स्फूर्ति'। २ धडकन। कँपकँपी (को०)।

स्फालन—सज्ञा पु० [स०] १ हिलाना। डुलाना। २ रगडना। घिसना। ३ घोडे आदि को थपथपाना। सहलाना। ४ स्पदन। धकधकी (को०)।

स्फिक्—सज्ञा स्त्री० [स० स्फिच्] चूतड।

स्फिक्स्राव—सज्ञा पुं० [स०] एक रोग (को०)।

स्फिग्घातक—सज्ञा पुं० [स०] कट्फल (को०)।

स्फिग्दघ्न—वि० [स०] कूल्हे या चूतड तक पहुँचनेवाला (को०)।

स्फिच्—सज्ञा स्त्री० [स०] चूतड।

स्फिर—वि० [स०] १ आयत। विशाल। विस्तृत। २ अधिक। प्रचुर। बहुत। ३ असत्य (को०)।

स्फीत—वि० [स०] १ बढा हुआ। वर्धित। २ फूला हुआ। ३ समृद्धि। ४ मोटा। पीन। स्थूल (को०)। ५ बहुत। प्रचुर (को०)। ६ पूत। पवित्र। शुद्ध (को०)। ७ जो पैतृक रोग से ग्रस्त हो (को०)। ८ आनदित। खुश। प्रसन्न (को०)।

स्फीतता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ स्फीत होने का भाव या धर्म। २. वृद्धि। ३ पीनता। मोटाई। ४ समृद्धि।

स्फीतनितवा—सज्ञा स्त्री० [स० स्फीतनितम्बा] बडे और सुदर कूल्हेवाली स्त्री (को०)।

स्फीति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वृद्धि। विस्तार। बढती। २ प्राचुर्य। अधिकता (को०)। ३ समृद्धि (को०)।

स्फुट—वि० [स०] १ जो सामने दिखाइ देता हो। प्रकाशित। व्यक्त। २ खिला हुआ। विकसित। जैसे,—स्फुटित कमल। ३ जो स्पष्ट हुआ हो। साफ। ४ शुक्ल। सफेद। ५ फुटकर। अलग अलग। ६ टूटा हुआ या फटा हुआ। विदीर्ण। खडित (को०)। ७ सुविदित। प्रसिद्ध (को०)। ८ उच्च ऊँचा (को०)। ९ सत्य। प्रत्यक्ष (को०)। १० दीप्तिमान्। चमकीला (को०)। ११ सुधारा हुआ। सशोधित (को०)। १२ विशिष्ट। असाधारण (को०)।

स्फुट[२]—सज्ञा पु० १ जन्मकुडली मे यह दिखाना कि कौन सा ग्रह किस राशि मे कितने अश, कितनी कला और कितनी विकला मे है। २ साँप का फन (को०)।

स्फुट[१]—अव्य० साफ साफ। स्पष्टत (को०)।

स्फुटक—सज्ञा पु० [सं०] ज्योतिष्मती लता। मालकगनी।

स्फुटचद्रतारक—वि० [स० स्फुटचन्द्रतारक] जिसमे चद्रमा और तारिकाएँ प्रकाशित हो। सुव्यक्त चद्र और तारो से युक्त।

स्फुटता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्फुट होने का भाव या धर्म।

स्फुटतार, स्फुटतारक—वि० [स०] जिसमे तारे स्पष्ट दिखाई दें। तारो से प्रकाशित (को०)।

स्फुटत्व—सज्ञा पुं० [स०] स्फुट का भाव या धर्म। स्फुटता।

स्फुटत्वचा—सज्ञा स्त्री० [सं०] महाज्योतिष्मती। मालकगनी।

स्फुटध्वनि—सज्ञा पु० [स०] सफद पडुक। एक पक्षी।

स्फुटन—सज्ञा पु० [स०] १ फटना या फूटना। २ विकसित होना। खिलना। ३ सधि या जोड का चटकना (को०)।

स्फुटपुडरीक—वि० [सं० स्फुटपुण्डरीक] खिला हुआ या विकसित हृदयरूपी कमल (को०)।

स्फुटपौरुष—वि० [स०] अपनी शक्ति प्रदर्शित करनेवाला (को०)।

स्फुटफल—सज्ञा पुं० [स०] १ तुवुरु। २ किसी त्रिकोण का यथार्थ क्षेत्रफल (को०)। ३ किसी गणित का मूल फल (को०)।

स्फुटबधनी—सज्ञा स्त्री० [स० स्फुटबन्धनी] मालकगनी। ज्योतिष्मती।

स्फुटरगिणी—सज्ञा स्त्री० [स० स्फुट रङ्गिणी] एक प्रकार की लता जिसका व्यवहार औषध मे होता है।

स्फुटवक्ता—वि० [स० स्फुटवक्तृ] साफ साफ कहनेवाला। स्पष्ट बोलनेवाला (को०)।

स्फुटवल्कली—सज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष्मती। मालकगना।

स्फुटसार—सज्ञा पुं० [स०] किसी नक्षत्र अथवा ग्रह का वास्तविक आयाम (को०)।

स्फुट सूर्यगति—सज्ञा स्त्री० [स०] सूर्य की दृश्यमान गति अथवा सूर्य की वास्तविक गति (को०)।

स्फुटा—सज्ञा स्त्री० [सं०] साँप का फन।

स्फुटि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पादस्फोटक नाम का रोग। पैर की बिवाई फटना। २ फूट नाम का फल।

स्फुटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ फूट नामक फल। २ फिटकिरी। ३ छोटा खड या टुकडा (को०)।

स्फुटित—वि० [स०] १ विकसित। खिला हुआ। २ जो स्पष्ट किया गया हो। प्रकट किया हुआ। ३ हसता हुआ। ४ विदीर्ण। फटा हुआ (को०)। ५ नष्ट किया हुआ (को०)।

स्फुटितकाडभग्न—सज्ञा पु० [सं० स्फुटितकाण्डभग्न] वैद्यक के अनुसार हड्डी टूटने का एक भेद। हड्डी का टुकडे टुकडे होकर खिल जाना।

स्फुटितचरण—वि० [सं०] १ चौडे और फैले हुए पैरोवाला। २ जिसके पैर फटे हुए हो (को०)।

स्फुटी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पादस्फोट नामक रोग। पैर की बिवाई फटना। २ फूट नाम का फल।

स्फुटीकरण—सज्ञा पु० [स० स्फुट + करण] १ स्पष्ट करना। प्रकट या व्यक्त करना। २ सशोधन। ठीक करना। सुधारना।

स्फुत्—अव्य० [स०] टूटने या चटचटाने की ध्वनि।

स्फुत्कर—सज्ञा पु० [स०] वह जिसमे 'स्फुत्' अर्थात् चट् चट् की आवाज हो। अग्नि। आग।

स्फुत्कार—सज्ञा पुं० [स०] फुफकार। फूत्कार।

स्फुर—सज्ञा पुं० [स०] १ वायु। हवा। २ दे० 'स्फुरण'। ३ वर्धन। वृद्धि (को०)। ४ ढाल (को०)।

स्फुरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी पदार्थ का जरा जरा हिलना या काँपना। २ अग का फडकना। ३ दे० 'स्फूर्ति'। ४ प्रत्यक्ष या व्यक्त होना (को०)। ५ चमक। दीप्ति। प्रभा (को०)। ६ मन मे एकाएक कोई विचार आना (को०)।

स्फुरणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] अगो का फडकना।

स्फुरत्—वि० [स०] चमकता हुआ। दीप्त। प्रकाशित (को०)।

यौ०—स्फुरदुल्का = दीप्त एव कपित उल्कापिड। स्फुरदोष्ठ = जिसके होठ फडक रहे हो। स्फुरदोष्ठक = दे 'स्फुरदोष्ठ'। स्फुरद्गध = (१) फैली हुई सुगध। (२) जिससे सुगध फैल रही हो।

स्फुरति—सज्ञा स्त्री० [स० स्फूर्ति] दे० 'स्फूर्ति'।

स्फुरना—क्रि० अ० [स० स्फुरण] १ कपित होना। हिलना। २ फडकना। ३ व्यक्त या द्योतित होना। ४ विकसित होना। खिलना।

स्फुरित[२]—वि० [स०] १ जिसमे स्फुरण हो। २ हिलने या फडकनेवाला। ३ जो स्थिर न हो। ३ दीप्त। चमकता हुआ (को०)। ४ फूला हुआ या सूजा हुआ (को०)। ५ व्यक्त। प्रकट (को०)।

स्फुरित[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'स्फुरण'। २ मन का सवेग या विक्षोभ। मानसिक उथल पुथल (को०)।

स्फुर्जथु—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्फूर्जथु' (को०)।

स्फुल—सज्ञा पुं० [स०] १ स्फूर्ति। २ तवू। खेमा।

स्फुलन—सज्ञा पुं० [स०] कपन। फडकना। स्फुरण (को०)।

फुलमजरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हुलहुल नामक पौधा ।

फुलिंग—सज्ञा पुं० [स० स्फुलिङ्ग] अग्नि का छोटा कण । आग की चिनगारी ।

फुलिंग—सज्ञा स्त्री० [स० स्फुलिङ्गा] अग्निकण । अग्नि की चिनगारी । स्फुलिंग [को०] ।

फुलिंगिनी—सज्ञा स्त्री० [स० स्फुलिङ्गिनी] अग्नि की सात जिह्वाओ मे से एक ।

फुलिंगी—वि० [स० स्फुलिङ्गिन्] स्फुलिंगयुक्त । चिनगारियोंवाला । जिसमे से अग्निकण निकल रहे हों [को०] ।

स्फूर्छित—वि० [स०] १ फैलाया हुआ । विकीर्ण । २ विस्मृत । भूला हुआ [को०] ।

स्फूर्ज—सज्ञा पु० [स०] १ मेघगर्जन । बादलो का गरजना । २ इद्र का अस्त्र । वज्र । ३ एकाएक फूट निकलना । उद्भूत या उदय होना । ४ प्रेमी प्रेमिका का प्रथम मिलन जिसमे आनद के साथ भय की भी आशका रहती है । ५ एक राक्षस का नाम । ६ स्फूर्जक पौधा [को०] ।

स्फूर्जक—सज्ञा पुं० [स०] १ तिदुक या तेंदू नाम का वृक्ष । २. सोना पाढा ।

स्फूर्जथु—सज्ञा पु० [स०] १ बिजली की कडक । २ चौलाई का साग ।

स्फूर्जन—सज्ञा पुं० [स०] १ तिदुक या तेंदू नाम का वृक्ष । २ बलिया पीपल । नदीतरु । ३ गरज । गडगडाहट (को०) । ४ स्फोट (को०) ।

स्फूर्जा—सज्ञा स्त्री० [स०] विद्युत् गर्जन । गडगडाहट ।

स्फूर्ण—वि० [स०] १ गर्जित । २ दे० 'स्फूर्छित' [को०] ।

स्फूर्त—वि० [स०] १ हिलता डुलता । कपित । २ जो एकाएक याद आया हो । जिसकी अचानक स्मृति हुई हो [को०] ।

स्फूर्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ धीरे धीरे हिलना । फडकना । स्फुरण । २ (विचार आदि) मन मे फुरना या उदय होना (को०) । ३ काव्य की प्रेरणा । कविकर्म की उद्भूति या प्रेरणा (को०) । ४ कोई काम करने के लिये मन मे उत्पन्न होनेवाली हलकी उत्तेजना । फुरती । तेजी । जैसे—स्नान करने से शरीर मे स्फूर्ति आती है । ६ गर्व । घमड (को०) । ७ खिलना । विकसित होना (को०) । ८ उद्भूत या व्यक्त होना (को०) । ९ छलाँग । चौकडी (को०) ।

स्फूर्तिकारक—वि० [स०] स्फूर्ति लानेवाला । फुर्ती या तेजी लानेवाला ।

स्फूर्तिदायक—वि० [स०] जिससे स्फूर्ति प्राप्त हो । स्फूर्ति देनेवाला ।

स्फूर्तिमान्[1]—वि० [स० स्फूर्तिमत्] १ फुर्तीला । स्फूर्ति से युक्त । उ०—वह जैसे क्षण भर के लिये स्फूर्तिमान् हो गया ।—इद्रजाल, पृ० ३० । २ कपित । धडकता हुआ । विक्षुब्ध । ३ कोमलहृदय । दयार्द्रचित्त (को०) ।

स्फूर्तिमान्[2]—सज्ञा पुं० शिव का उपासक । पाशुपत [को०] ।

स्फेयस—वि० [स०] जो अतिशय स्थिर हो । जो प्रचुरतर एव विस्तृत हो [को०] ।

स्फेष्ठ—वि० [स०] १ प्रचुरतम । २ अत्यत विस्तार से युक्त [को०] ।

स्फोट—सज्ञा पुं० [स०] १ अदर भरे हुए किसी पदार्थ का अपने ऊपरी आवरण को तोड या भेदकर बाहर निकलना । फूटना । जैसे,—ज्वालामुखी का स्फोट । २ शरीर मे होनेवाला फोडा, फुसी आदि । ३ मोती । मुक्ता । ४ सर्वदर्शनसग्रह (पाणिनीय दर्शन) के अनुसार नित्य शब्द जिससे वर्णात्मक शब्दो के अर्थ का ज्ञान होता है । जैसे, कमल शब्द मे क, म और ल ये तीन वर्ण है, और इन तीनो के अलग अलग उच्चारण से कुछ भी अभिप्राय नही निकलता । परतु तीनो वर्णों का साथ साथ उच्चारण करने पर जो स्फोट होता है, उसी से कमल शब्द का अभिप्राय जाना जाता है । कुछ लोग इसी स्फोट (नित्य शब्द) को ससार का कारण मानते है । ५ मीमासको द्वारा मान्य नित्य शब्द । आभ्यतर ध्वनि (को०) । ६ फूट पडना या खुलना । व्यक्त या प्रकट होना (को०) । ७ फैलना । विस्तार । फैलाव (को०) । ८ लघुखड । छोटा टुकडा । ९ धान्य का फटकना । शूर्पादि द्वारा अन्न का प्रस्फोटन (को०) । १० फटना । विदीर्ण होना (को०) ।

स्फोटक[1]—सज्ञा पु० [स०] १ पिटिका फोडा । फुसी । २ भिलावाँ । भल्लातक ।

विशेष—भिलावाँ का तेल लगाने से शरीर मे फोडा सा हो जाता है ।

स्फोटक[2]—वि० [सं०] फट जानेवाला । फूटनेवाला (आग्नेय पदार्थ आदि) ।

स्फोटकर—सज्ञा पु० [स०] दे० 'स्फोटबीजक' [को०] ।

स्फोटन—सज्ञा पुं० [स०] १ अदर से फोडना । २ विदारण । फाडना । ३ प्रकट या प्रकाशित करना । ४ शब्द । आवाज । ५ सुश्रुत के अनुसार वायु के प्रकोप से होनेवाली व्रण की पीडा जिसमे व्रण फटता हुआ सा जान पडता है । ६ हाथ की उँगलियाँ चटकाना (को०) । ७ शिव (को०) । ८ एकाएक फट पटना (को०) । ९ अनाज फटकना (को०) । १० हाथ आदि कँपाना या हिलाना (को०) । ११ परस्पर मिले हुए व्यजनो का अलग अलग उच्चारण (को०) ।

स्फोटनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] बरमा [को०] ।

स्फोटबीजक—सज्ञा पुं० [स०] भिलावाँ [को०] ।

स्फोटलता—सज्ञा स्त्री० [स०] कनफोडा नाम की लता ।

स्फोटवाद—सज्ञा पुं० [सं०] वह मत या सिद्धात जो नित्य शब्द को ससार का कारण मानता हो [को०] ।

स्फोटवादी—सज्ञा पुं० [स० स्फोटवादिन्] वह जो स्फोट या नित्य शब्द को ही ससार का मूल हेतु या कारण मानता हो । वैयाकरण या मीमासक । उ०—पतजलि के इस कथन को चाहे स्फोटवादी वैयाकरण जो व्याख्या करें पर इसका सीधा साधा यह अर्थ है ।—शैली, पृ० २४ ।

स्फोटबीजक—सज्ञा पुं० [स०] भल्लातक । भिलावाँ ।

स्फोटहेतु, स्फोटहेतुक—सज्ञा पुं० [सं०] भल्लातक । भिलावाँ ।

स्फोटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ माँस का पिंड। २ सफेद अनंतमूल ३ हाथ का हिलाना (को०)।

स्फोटायन—संज्ञा पु० [सं०] १ वैदिक ऋषि कक्षीवान् मुनि का एक नाम। २ व्याकरण के एक आचार्य जो पाणिनि के पूर्ववर्ती थे। पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में इनका उल्लेख किया है।

स्फोटिक—संज्ञा पु० [सं०] पत्थर या जमीन आदि को तोड़ने फोड़ने का काम।

स्फोटिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ छोटा फोड़ा। फुंसी। २ हारपुतिका नामक पक्षी।

स्फोटित[1]—वि० [सं०] १ जिसका स्फोट किया गया हो। जो फोड़ा गया हो। २ जो व्यक्त या प्रकटित हो (को०)।

स्फोटित[2]—संज्ञा पुं० फटने की क्रिया। फटना (को०)।

स्फोटितनयन—वि० [सं०] जिसकी आँख फोड़ दी गई हो या जिसकी आँख फूटी हो। फूटी हुई आँखों वाला (को०)

स्फोटितार्गल—वि० [सं०] अर्गला तोड़नेवाला। दरवाजे की कुंडी या ताला चटकानेवाला।

स्फोटिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] ककड़ी।

स्फोता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अनंतमूल। शारिवा। २ सफेद आक। सफेद मदार।

स्फोरण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्फुरण' (को०)।

स्फ्य—संज्ञा पु० [सं०] १ यज्ञ में प्रयुक्त होनेवाला तलवार के आकार का एक काष्ठनिर्मित उपकरण। २ नौकादंड। वल्ली। पतवार। ३ मस्तूल का मजबूत डंडा। वल्ली (को०)।

स्मदिभ—संज्ञा पु० [सं०] वैदिक काल के एक ऋषि का नाम।

स्मय[1]—संज्ञा पु० [सं०] १ गर्व। अभिमान। शेखी। २ विस्मय। आश्चर्य। अचंभा (को०)। ३ मद हास। मुसकान (को०)।

यौ०—स्मयदान = (१) गर्वयुक्त या घमंड में भरा हुआ दान। (२) किसी को देखकर या अनुकूल भाव से मुसकुराना। स्मयनुत्ति = गर्वहीन करना। घमंड चूर करना।

स्मय[2]—वि० [सं०] अद्भुत। विलक्षण।

स्मयन—संज्ञा पु० [सं०] मुसकान। मृदुहास (को०)।

स्मयमान—वि० [सं०] मुसकराता हुआ। उ०—नव मुख स्मयमान बिना, लगत विभिन्न विभिन्न स्मरन।—रघुनाथ, पृ० ६४।

स्मयी—वि० [सं० स्मयिन्] १ स्मययुक्त। अभिमानी। घमंडी। २ मंदहास से युक्त। मुसकराता हुआ (को०)।

स्मर—संज्ञा पु० [सं०] १ कामदेव। मदन। उ०—(क) मदन मनोभव मार मन मथन, पंचसर स्मर मार। मीनकेतु कंदर्प हरि व्यापक विरह विदार।—अनेकार्थ (शब्द०)। (ख) स्मर अरुन की हित मानि। नाको कहत विमान।—गुमान (शब्द०)। २ स्मरण। स्मृति। याद। ३ (संगीत में) गुप्त राग का एक भेद। ४ प्रेम। प्रीति। प्रणय (को०)। ५ ज्योतिष में लग्न से सप्तम स्थान जो पुरुष के लिये स्त्री स्थान और स्त्री के लिये पतिस्थान का द्योतक है (को०)।

स्मरकथा—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्रियों के संबंध की या शृंगार रस की ऐसी बातें जिनसे काम उत्तेजित हो। प्रेमालाप।

स्मरकर्म—संज्ञा पु० [सं० स्मरकर्मन्] कामुक आचरण व्यवहार।

स्मरकार—वि० [सं०] जिससे काम का उद्दीपन हो। कामोद्दीपक।

स्मरकूप—संज्ञा पु० [सं०] भग। योनि।

स्मरकूपक—संज्ञा पु० [सं०] भग। योनि (को०)।

स्मरकूपिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] भग। योनि।

स्मरगुरु—संज्ञा पु० [सं०] १ श्रीकृष्ण का एक नाम। २ वह जो कामकला की शिक्षा दे।

स्मरगृह—संज्ञा पुं० [सं०] भग। योनि।

स्मरचक्र—संज्ञा पु० [सं० स्मरचक्र] एक प्रकार का रतिबंध।

स्मरचक्र—संज्ञा पुं० [सं०] स्त्रीसंभोग के लिये एक प्रकार का रतिबंध।

स्मरच्छद्म—संज्ञा पु० [सं०] भगनासा। भग की शिश्निका (को०)।

स्मरच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] भग। योनि।

स्मरज्वर—संज्ञा पु० [सं०] कामज्वर (को०)।

स्मरण—संज्ञा पु० [सं०] १ किसी देखी, सुनी बीती या अनुभव में आई बात का फिर से मन में आना। याद आना। आख्यान। जैसे,—(क) मुझे स्मरण नहीं आता कि आपने उस दिन क्या कहा था। (ख) वे एक एक बात भली भाँति स्मरण रखते हैं।

मुहा०—स्मरण दिलाना = भूली हुई बात याद कराना। जैसे,—उनके स्मरण दिलाने पर मैं सब बातें समझ गया।

२ नौ प्रकार की भक्तियों में से एक प्रकार की भक्ति जिसमें उपासक अपने उपास्यदेव को बराबर याद किया करता है। उपास्य का अनवरत चिंतन। उ०—श्रवण, कीर्तन स्मरणपादरत, अर्चन वंदनदास। सख्य और आत्मनिवेदन, प्रेम लक्षणा जास।—सूर (शब्द०)। ३ साहित्य में एक प्रकार का अलंकार जिसमें कोई बात या पदार्थ देखकर किसी विशिष्ट पदार्थ या बात का स्मरण हो आने का वर्णन होता है। जैसे,—कमल को देखकर किसी के सुंदर नेत्रों के स्मरण हो आने का वर्णन। उ०—(क) मूल होन चंदनीत निहारी। मोहन के मुख जोग विचारी। (ख) लखि शशि मुख की होत सुधि तन सुधि धन को जोहि। ४ स्मृतिशक्ति। याददाश्त। स्मरणशक्ति (को०)। ५ परंपराप्राप्त विधान। परंपरागत विधि (को०)। ६ किसी देव का मानसिक जाप (को०)। ७ खेद के साथ याद करना (को०)।

स्मरणपत्र—संज्ञा पु० [सं०] वह पत्र जो किसी को कोई बात स्मरण दिलाने के लिये लिखा जाय।

स्मरणपत्रक—संज्ञा पु० [सं०] १ वह पत्र जो किसी को किसी विषय का स्मरण दिलाने के लिये लिखा या भेजा जाय। २ वह पत्र जिसमें कोई बात याद रखने के लिये लिखी जाय। याददाश्त।

स्मरणपदवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मृत्यु। मौत। मरण (को०)।

स्मरणभू—संज्ञा पु० [सं०] वह जो स्मरण से पैदा होता हो। कामदेव (को०)।

स्मरणशक्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] वह मानसिक शक्ति जो अपने सामने होनेवाली घटनाओं और सुनी जानेवाली बातों को ग्रहण करके छोड़ती है, और आवश्यकता पड़ने, प्रसंग आने या मस्तिष्क पर जोर देने से वह घटना या बात फिर हमारे मन में, स्पष्ट कर देती है। याद रखने की शक्ति। याददाश्त। जैसे,—(क) आपकी स्मरणशक्ति बहुत तीव्र है। (ख) अभ्यास से किसी विशिष्ट विषय में स्मरणशक्ति बहुत बढ़ाई जा सकती है।

स्मरणानुग्रह—संज्ञा पुं० [स०] १ स्मरण करने की कृपा। स्मरण संबंधी अनुकंपा। २ कृपापूर्वक याद करना। अनुग्रहपूर्वक स्मरण करना। (को०)।

स्मरणापत्यतर्पक—संज्ञा पुं० [सं०] कछुवा। कच्छप (को०)।

स्मरणासक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] भगवान के स्मरण में होनेवाली आसक्ति जिसके कारण भक्त दिन रात भगवान् या इष्टदेव का स्मरण करता है। उ०—(यह भक्ति) एक रूप ही होकर गुणमाहात्मासक्ति, रूपासक्ति, पूजासक्ति, स्मरणासक्ति, दासासक्ति, सख्यासक्ति, कांतासक्ति, वात्सल्यासक्ति, रूप में एकादश प्रकार की होती है।—हरिश्चंद्र (शब्द०)।

स्मरणी—संज्ञा स्त्री० [स०] सुमिरिनी। जपमाला। जप करने की माला (को०)।

स्मरणीय—वि० [स०] [वि० स्त्री० स्मरणीया] स्मरण रखने योग्य। याद रखने लायक। जो भूलने योग्य न हो। जैसे,—यह घटना भी स्मरणीय है।

स्मरता—संज्ञा स्त्री० [स०] १ स्मर या कामदेव का भाव या धर्म। २ स्मरण का भाव या धर्म।

स्मरदशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह दशा जो प्रेमी या प्रेमिका के न मिलने पर उसके विरह में होती है। विरह की अवस्था।

विशेष—यह दस प्रकार की मानी गई है—असौष्ठव, ताप, पांडुता, कृशता, अरुचि, अधृति, अनालंबन, तन्मयता, उन्माद और मरण।

स्मरदहन—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव को भस्म करनेवाले, शिव।

स्मरदायी—वि० [सं० स्मरदायिन्] कामोत्तेजक।

स्मरदीपन—वि० [सं०] जिससे काम का दीपन हो। जिसमें काम उत्तेजित हो। कामोत्तेजक।

स्मरदुर्मद—वि० [सं०] कामोन्मत्त (को०)।

स्मरध्वज—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुरुष का लिंग। २ स्त्री की योनि। भग। ३ वाद्य। बाजा। ४ कामदेव का चिह्न मत्स्य जो उनकी ध्वजा में है (को०)।

स्मरध्वजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चाँदनी रात। २ कामदेव का चिह्न। काम की पताका।

स्मरना†—क्रि० स० [सं० स्मर (=स्मरण, याद) + हिं० ना (प्रत्य०)] स्मरण करना। याद करना। उ०—तुम्हें देखिबे की महा चाह बाढ़ी, निहारौं, विचारैं, सराहैं, स्मरैं जू। रहे बैठि न्यारी, घटा देखि कारी, बिहारी, बिहारी, बिहारी, ररैं जू। भई काल-बीरी सि दीरी फिरी, आजु बाढ़ी दसा ईस का धौं करैं जू। बिथा मैं अली सी भुजगैं डसी सी, छरी सी, मरी सी, धरी सी, मरैं जू।—रघुनाथ कवि (शब्द०)।

स्मरनिपुण—वि० [सं०] कामकला में प्रवीण। रतिकुशल (को०)।

स्मरपीडित—वि० [सं० स्मरपीडित] काम द्वारा पीड़ित या सताया हुआ। काम का मारा (को०)।

स्मरप्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] कामदेव की पत्नी—रति।

स्मरबाणपंक्ति—संज्ञा पुं० [सं० स्मरबाण पंक्ति] कामदेव के पाँचों बाण (को०)।

स्मरभावित—वि० [सं०] कामव्यथित। कामतप्त। कामोत्तेजित (को०)।

स्मरभू—वि० [सं०] स्मरजन्य। कामजन्य। काम के कारण उत्पन्न।

स्मरमंदिर—संज्ञा पुं० [सं० स्मरमन्दिर] योनि। भग।

स्मरमय—वि० [सं०] जो स्मर या काम के कारण उत्पन्न हो। कामजन्य। स्मरजन्य (को०)।

स्मरमुट्—संज्ञा पुं० [सं० स्मरमुष्] शिव (को०)।

स्मरमोह—संज्ञा पुं० [सं०] कामजन्य मूर्छा। प्रणयोन्माद (को०)।

स्मररुक्—संज्ञा पुं०, स्त्री० [सं० स्मररुज्] कामजन्य पीड़ा या व्याधि (को०)।

स्मरलेख—संज्ञा पुं० [सं०] प्रेमपत्र (को०)।

स्मरलेखनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] शारिका पक्षी। मैना।

स्मरवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रेमासक्त या कामलुब्धा स्त्री (को०)।

स्मरवधू—संज्ञा स्त्री० [सं०] कामदेव की पत्नी, रति।

स्मरवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] १ कामदेव का प्रिय मित्र, वसंत (को०) २ अनिरुद्ध का एक नाम।

स्मरवीथिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वेश्या। रंडी।

स्मरवृद्धि—संज्ञा पुं० [सं०] १ कामभावना का अभिवर्धन या उत्तेजन। २ कामवृद्धि या कामज नामक क्षुप।

स्मरशत्रु—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव का दहन करनेवाले, महादेव।

स्मरसंवर—संज्ञा पुं० [सं०] शबर लोगों का प्रेम। बर्बर या क्रूर प्रेम।

स्मरशर—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव के बाण जो संख्या में पाँच कहे गए हैं। इसी से कामदेव का नाम पंचबाण और पंचशर भी है। (को०)।

स्मरशासन—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव का शासन करनेवाले, शिव (को०)।

स्मरशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह शास्त्र जिसमें कामकला का विवेचन हो। कामशास्त्र।

स्मरसख[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ चंद्रमा। २ ऋतुपति वसंत। (को०)।

स्मरसख[2]—वि० [सं०] जिससे काम की उत्तेजना हो। कामोद्दीपक।

स्मररस—वि० [सं०] जो काम की उत्तेजना करने में समर्थ हो। जिससे काम का दीपन संभव हो (को०)।

स्मरस्तंभ—संज्ञा पुं० [सं० स्मरस्तम्भ] पुरुष की इंद्रिय। लिंग।

स्मरस्मरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] नेवती।

स्मरस्मर्य--सज्ञा पु० [स०] गधा।

स्मरहर--सज्ञा पु० [स०] शिव। महादेव।

स्मराकुश--सज्ञा पु० [स० स्मराङ्कुश] १ लिंग। २ नख (ै)। ३ कामपीडित। कामातुर व्यक्ति (को०)।

स्मराध--वि० [स० स्मरान्ध] कामाध।

स्मराकुल--वि० [स०] कामपीडित। कामग्रस्त [को०]

स्मराकृष्ट--वि० [स०] प्रेम द्वारा आकर्षित। प्रेमाभिभूत [को०]।

स्मरागार--सज्ञा पु० [स०] भग। योनि।

स्मरातुर--वि० [स०] कामात। कामातुर [को०]।

स्मराधिवास--सज्ञा पु० [स०] अशोक वृक्ष।

स्मराम्र--सज्ञा पुं० [स०] कलमी आम। राजाम्र।

स्मरारि--सज्ञा पुं० [स०] कामदेव के शत्रु, महादेव। उ०--स्मरारि सम्मर निज रूपा। यथा दिखावहिं विमल स्वरूपा।--शकर-दिग्विजय (शब्द०)।

स्मरार्त--वि० [स०] कामपीडित [को०]।

स्मरासव--सज्ञा पु० [स०] १ ताड मे से निकलनेवाला ताडी नामक मादक द्रव्य। २ थूक। लार। लाला

स्मरोत्सुक--वि० [स०] दे० 'स्मरातुर' [को०]।

स्मरोद्दीपन--सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो काम का उद्दीपन करता हो। काम को उद्दीप्त करनेवाला। २ एक प्रकार का तेल। केश तैल [को०]।

स्मरोन्माद--सज्ञा पु० [स०] कामजन्य उन्माद [को०]।

स्मरोपकरण--सज्ञा पु० [स०] सुगधित पदार्थ आदि कामवर्धक वस्तुएँ [को०]।

स्मर्ण(पु)--सज्ञा पु० [स० स्मरण] दे० 'स्मरण'।

स्मर्त्तव्य--वि० [स०] १ स्मरण रखने योग्य। याद रखने लायक। २ जिसकी स्मृति मात्र शेष रह गई हो (को०)।

स्मर्त्ता[1]--सज्ञा पु० [स० स्मर्तृ] १ वह जो स्मरण रखे। याद रखनेवाला। स्मरण रखनेवाला व्यक्ति। २ आचार्य। गुरु (को०)।

स्मर्त्ता[2]--वि० स्मरण रखनेवाला।

स्मर्य स्मर्य्य--वि० [स०] स्मरण रखने योग्य। याद रखने लायक। स्मरणीय।

स्मशान(पु)--सज्ञा पु० [स० श्मशान] मरघट दे० 'श्मशान'।

विशेष--'श्मशान' के योग से बनानेवाले शब्दो के लिये देखो 'श्मशान' के शब्द।

स्मार[1]--वि० [स०] कामदेव सबधी। स्मर सबधी।

स्मार[2]--सज्ञा पुं० स्मृति। याद। स्मरण [को०]।

स्मारक[1]--वि० [स०] वि० स्त्री० स्मारिका] स्मरण करानेवाला। याद दिलानेवाला। जैसे, कोणोत्सव स्मारक सग्रह।

स्मारक[2]--सज्ञा पुं० [सं०] १ वह कृत्य, पदार्थ या वस्तु आदि जो किसी की स्मृति बनाए रखने के लिये प्रस्तुत किया जाय। यादगार। जैसे,--महाराज शिवा जी का स्मारक। महारानी विक्टोरिया का स्मारक। २ वह चीज जो किसी को अपना स्मरण रखने के लिये दी जाय। यादगार। जैसे,--मेरे पास यही एक पुस्तक तो आपका स्मारक है।

स्मारकनिधि--सज्ञा स्त्री० [स०] किसी की स्मृति की रक्षा के लिये एकत्र की गई धनराशि। जैसे,--कस्तूरबा स्मारकनिधि। गाधी स्मारकनिधि।

स्मारण--सज्ञा पुं० [स०] १ स्मरण कराने की क्रिया। याद दिलाना। २ परिमाण करना। फिर से गिनना या जाँच करना (को०)।

स्मारणी--सज्ञा स्त्री० [स०] ब्राह्मी या ब्रह्मी नाम की वनस्पति जिसके सेवन से स्मरणशक्ति का बढना माना जाता है।

स्मारिका--सज्ञा स्त्री० [स०] वह कार्य या वस्तु (विशेषत पत्रिकाएँ, पुस्तिकाएँ आदि) जो किसी विशिष्ट कार्य की स्मृति बनाए रखने के निमित्त प्रस्तुत की गई हो।

स्मारित[1]--सज्ञा पुं० [सं०] कृतसाक्षी के पाँच भेदो मे से एक। वह साक्षी जिसका नाम पत्र पर न लिखा हो, परतु अर्थी अपने पक्ष के समर्थन के लिये स्मरण करके बुलावे।

स्मारित[2]--वि० जिसकी याद कराई गई हो। स्मरण कराया हुआ [को०]

स्मार्त्त[1]--सज्ञा पुं० [स०] १ वे कृत्य आदि जो स्मृतियो मे लिखे हुए हैं। वह जो स्मृतियो मे लिखे अनुसार सब कृत्य करता हो। ३ स्मृतियो के अनुसार चलनेवाला व्यक्ति या सप्रदाय ४ वह जो स्मृतियो आदि का अच्छा ज्ञाता हो। स्मृति शास्त्र का पडित।

स्मार्त[2]--वि० १ स्मृति सबधी। स्मृति का। २ स्मृतियो मे विहित या कहा हुआ (को०)। ३ विधिविहित। वैध (को०)। ४ स्मृतियो को माननेवाला (को०)। ५ जो स्मरण मे हो। जो स्मृत हो (को०)। ६ गृह सबधी (को०)।

स्मार्तकर्म--सज्ञा पु० [स०] स्मृतियो मे विहित कर्म।

स्मार्तकाल--सज्ञा पु० [स०] १ वह समय जब तक स्मरण बना रह सके। याददाश्त बने रहने की अवधि। २ १०० वर्ष का समय। शताब्दी [को०]।

स्मार्तिक--वि० [स०] स्मृति सबधी। स्मृति का।

स्मार्य--वि० [स०] स्मरणीय। स्मरण करने योग्य [को०]।

स्माल--वि० [अ०] छोटा। लघु।

यौ०--स्माल काटेज इडस्ट्री = छोटे या लघु गृहोद्योग।

स्माल काज कोर्ट--सज्ञा पुं० [अ० स्माल काजेज कोर्ट] वह दीवानी अदालत जहाँ छोटे छोटे मामले होते हैं। छोटी अदालत। अदालत खफीफा।

विशेष--हिंदुस्तान मे कलकत्ता, बबई आदि बडे शहरो मे स्माल काज कोर्ट है।

स्मित[1]--सज्ञा पु० [स०] मद हास्य। धीमी हँसी। उ०--श्रम अभिलाष सगर्व स्मित क्रोध हरष भय भाव। उपजत एकहि बार जहँ तहँ किलकिंचित हाव।--केशव (शब्द०)।

स्मृतिविद्—वि० [स०] स्मृति शास्त्र का जानकर या ज्ञाता। धर्मशास्त्र का जानकार।

स्मृतिविनय—संज्ञा पुं० अपने कर्म के प्रति अनवधान व्यक्ति को उपालंभ या वाग्दंड देना [को०]।

स्मृतिविभ्रम—संज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'स्मृतिभ्रंश'। २ ठीक याद न पड़ना [को०]।

स्मृतिविरुद्ध—वि० [स०] जो स्मृति या विधि के विरुद्ध हो। जो धर्मशास्त्र के विपरीत हो [को०]।

स्मृतिविरोध—संज्ञा पुं० [स०] १ स्मृति या विहित विधि से विपरीत होना। अवैधता। अशास्त्रीयता। २ किसी विषय पर दो स्मृतियों का अलग अलग विचार [को०]।

स्मृतिविषय—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्मृतिपथ'।

स्मृत्तिवेत्ता—वि० [स० स्मृतिवेत्तृ] दे० 'स्मृतिविद्'।

स्मृतिशास्त्र—संज्ञा पुं० [स०] धर्मशास्त्र। विशेष दे० 'स्मृति'।

स्मृतिशेष—वि० [स०] जिसकी केवल स्मृति या याद ही रह गई हो। मृत [को०]।

स्मृतिशैथिल्य—संज्ञा पुं० [स०] स्मृति की शिथिलता। स्मरण शक्ति की कमजोरी [को०]।

स्मृतिसमत—वि० [सं० स्मृतिसम्मत] स्मृतिशास्त्र के अनुकूल। धर्मशास्त्र द्वारा अनुमोदित [को०]।

स्मृतिसंस्कार—संज्ञा पुं० [स०] स्मृति का संस्कार। स्मरण शक्ति की छाप [को०]।

स्मृतिसाध्य—वि० [स०] जो स्मृति या धर्मशास्त्र द्वारा साध्य हो। जिसे स्मृतियों द्वारा प्रमाणित किया जा सके [को०]।

स्मृतिसिद्ध—वि० [स०] स्मृतिशास्त्र द्वारा कथित। शास्त्र द्वारा प्रमाणित [को०]।

स्मृतिहिता—संज्ञा स्त्री० [स०] स्मरण शक्ति के लिये हितकारक शंखपुष्पी नाम की लता।

स्मृतिहीन—वि० [स०] जो स्मरण शक्ति से कमजोर हो। जो स्मृतिमान् न हो [को०]।

स्मृतिहेतु—संज्ञा पुं० [स०] स्मृति का कारणभूत पदार्थ, वस्तु आदि। स्मृति का अंकन, चिह्न या संस्कार [को०]।

स्मृत्यंतर—संज्ञा पुं० [स० स्मृत्यन्तर] अन्य स्मृतिशास्त्र। दूसरा धर्मशास्त्र या विधिशास्त्र [को०]।

स्मृत्यपेत—वि० [स०] १ जो स्मृतियों के विरुद्ध हो। शास्त्रविरुद्ध। २ जो याद न पड़े। जिसकी याद न हो। विस्मृत। ३ जो विधिविहित न हो। अवैध। अन्याय्य। असत्य [को०]।

स्मृत्युक्त—वि० [स०] स्मृतियों में कथित। शास्त्रविहित। शास्त्रोक्त।

स्मेर[1]—वि० [स०] १ खिला हुआ। प्रफुल्लित। विकसित। २ मुस्कराता हुआ। मंद हास्य से युक्त। ३ घमंडी। अभिमानी। ४ स्पष्ट। प्रत्यक्ष। व्यक्त [को०]।

स्मेर[2]—संज्ञा पुं० १ मंद हास। मृदु हास। मुस्कराहट। २ प्रकाशन। आविष्करण। व्यक्ति। मुस्कराना [को०]।

स्मेरता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मुस्कुराना। मंद हास करने की क्रिया या भाव। २ मृदु हास। मंद हँसी [को०]।

स्मेरमुख—वि० [सं०] मंद हास से युक्त। मुस्कुराता हुआ। हँसमुख [को०]।

स्मेरविष्किर—संज्ञा पुं० [सं०] सर्वभुक् पक्षी—मोर। मयूर [को०]।

स्यंद—संज्ञा पुं० [सं० स्पन्द] १ टपकना। चूना। रसना। २ प्रवाहित होना। बहना। ३ गलना। पानी होना। ४ पसीना निकलना। स्वेदागम। ५ रथ। स्यदन (को०)। ६ शीघ्रतापूर्वक जाना। स्खलित गति (को०)। ७ एक प्रकार का चक्षुरोग। ८ चंद्रमा।

स्यंदक—संज्ञा पुं० [सं० स्यन्दक] तेंदू। तिंदुक वृक्ष।

स्यंदन[1]—संज्ञा पुं० [सं० स्यन्दन] १ चूना। टपकना। रसना। क्षरण। स्राव। २ गलना। पानी हो जाना। ३ रथ। गाड़ी। ४ जाना। चलना। गमन। ५ तेजी से जाना या बहना। ६ युद्ध रथ। विशेषत युद्ध में राम जानेवाला रथ। उ०—चढि स्यंदन चंदन नील दै वंदन करि द्विजवर पदहिं। नंदनंदनपुर तस्तों भया सुखद पुनर्मा धरि मदहिं।—गोपाल (शब्द०)। ७ वायु। हवा। ८ गत उत्सर्पिणी के २३ वें अर्हत् का नाम। (जैन)। ९ तिनिश वृक्ष। तिनसुना। १० जल। ११ चित्र। तसवीर। १२ घोड़ा। तुरग। १३ एक प्रकार का मंत्र जिसमें मंत्र अभिमंत्रित किए जाते थे। १४ तेंदू। तिंदुक वृक्ष।

स्यंदन[2]—वि० १ जल्दी से जानेवाला। तीव्रगामी। द्रुतगामी। २ चुस्त। फुर्तीला। ३ प्रवाहित होने या बहनेवाला। गलनेवाला। ४ क्षरणशील। रसनेवाला [को०]।

स्यंदन तैल—संज्ञा पुं० [सं० स्यन्दन तैल] वैद्यक में एक प्रकार का तैलौषध जो नगदर के लिये उपकारी मानी जाती है।

विशेष—इसके बनाने की विधि इस प्रकार है—चीता, आक, किलात, पाट, कटूमर, सफेद बनेर, थूहर, हरताल, कलिहारी, बच, सज्जी, और मालकँगनी, इन सबका कल्क, जो कुल मिलाकर एक सेर हो, ४ सेर तिल के तेल में पकाया जाता है। इसके लगाने से नगदर सूख जाता है। इसे निस्यंदन तैल भी कहते हैं।

स्यंदनद्रुम—संज्ञा पुं० [सं० स्यन्दनद्रुम] १ तिनसुना। तिनिश वृक्ष।

विशेष—इस वृक्ष की लकड़ी रथ के पहिए आदि बनाने के काम में आती थी, इसी से इसका नाम स्यंदनद्रुम पड़ा।

२ तेंदू। तिंदुक।

स्यंदनध्वनि—संज्ञा स्त्री० [सं० स्यन्दनध्वनि] रथ के चलने की आवाज या ध्वनि [को०]।

स्यंदना—वि० स्त्री० [सं० स्यन्दना] दे० 'स्यंदन[2]'।

स्यंदनारूढ—वि० [सं० स्यन्दनारूढ] जो रथ पर सवार हो। रथारूढ [को०]।

स्यंदनारोह—संज्ञा पुं० [सं० स्यन्दनारोह] वह योद्धा जो रथ पर चढ़कर युद्ध करता हो। रथी।

स्यदनाह्वय—सज्ञा पुं० [स० स्यन्दनाह्वय] १ तिनसुना। तिनिश वृक्ष। २ तेंदू। तिंदुक वृक्ष।

स्यदनि—सज्ञा पु० [स० स्यन्दनि] तिनसुना। तिनिश वृक्ष।

स्यदनिका—सज्ञा स्त्री० [स० स्यन्दनिका]। १ छोटी नदी। नहर। २ लार की बूंद।

स्यदनी—सज्ञा स्त्री० [स० स्यन्दनी] १ थूक। लार। २ मूत्रनाडी।

स्यदिका—सज्ञा स्त्री० [स० स्यन्दिका] रामायण के अनुसार एक प्राचीन नदी का नाम।

स्यदिता—वि० [स० स्यन्दितृ] तीव्र गति से जानेवाला। शीघ्रगामी [को०]।

स्यदिनी—सज्ञा स्त्री० [स० स्यन्दिनी] १ थूक। लार। २ वह गाय जिसने एक साथ दो बछडो को जन्म दिया हो।

स्यदी—वि० [स० स्यन्दिन्] [वि० स्त्री० स्यदिनी]। १ रिसनेवाला। क्षरणशील। २ वेग से गति करने या बहनेवाला [को०]।

स्यदूर—सज्ञा पु० [स० सिन्दूर] दे० 'सिदूर'। उ०—कचु कसण ते खोलिया कूँ कूँ चदन सीरह स्यदूर।—बी० रासो, पृ० ६८।

स्यदोलिका—सज्ञा स्त्री० [स० स्यन्दोलिका] १ झूलने की क्रिया। झूलना। २ झुलना। हिंडोला (को०)।

स्यद—सज्ञा पु० [स०] १ क्षरण। स्यदन। बहना। २ तेजी से चलना। तीव्र गति। वेग [को०]।

स्यन्न—वि० [स०] १ रिसनेवाला। बहनेवाला। २ रिसा हुआ टपका हुआ [को०]।

स्यमतक—सज्ञा पु० [स० स्यमतक] पुराणोक्त एक प्रसिद्ध मणि।

विशेष—भागवत पुराण मे इस मणि की कथा इस प्रकार है—यह मणि सत्राजित् नामक यादव ने अपनी तपस्या से सूर्यनारायण को प्रसन्न कर प्राप्त की थी। यह सूर्य के समान प्रभाविशिष्ट थी। यह प्रति दिन आठ भार (१ भार = २० तुला = २००० पल) सोना देती थी। जिस स्थान या नगर मे यह रहती थी, वहाँ रोग, शोक, दु ख, दारिद्र्य आदि का नाम न रहता था। यादवो को कहने से श्रीकृष्ण ने राजा उग्रसेन के लिये यह मणि माँगी, पर सत्राजित् ने नही दी। सत्राजित् से उसके भाई प्रसेन ने यह मणि ले ली और कठ मे धारण कर आखेट करने गया। वहाँ एक सिंह ने उसे मार डाला। मणि लेकर सिंह एक गुफा मे घुसा। गुफा मे रीछो का राजा जाववत रहता था। मणि के प्रकाश से गुफा को प्रकाशमान् देखकर जाववत आ पहुँचा और उसने सिंह को मारकर मणि हस्तगत की। इधर श्रीकृष्ण पर यह कलक लगा कि उन्होने प्रसेन को मारकर मणि ले ली है। यह सुनकर खोजते हुए श्री कृष्ण जाववत की गुफा मे पहुँचे और उसे परास्त कर उन्होने मणि का उद्धार किया। जाववत ने श्रीकृष्ण को साक्षात् भगवान् जानकर अपनी कन्या जाववती उनको अर्पण की। श्रीकृष्ण ने लौटकर वही मणि सत्राजित् को दे दी। सत्राजित् इसलिये बहुत लज्जित और दु खी हुआ कि मैंने श्रीकृष्ण पर झूठा कलक लगाया था। उसने भक्तिभाव से अपनी कन्या सत्यभामा और मणि श्रीकृष्ण को भेंट की। सत्यभामा को तो श्रीकृष्ण ने अगीकार कर लिया, पर मणि लौटा दी। इसके अनतर सत्राजित् को मार शतधन्वा ने उक्त मणि ले ली। अत मे शतधन्वा श्रीकृष्ण के हाथो मारा गया और मणि सत्यभामा को मिल गई। कहते है, श्रीकृष्ण ने भादो की चौथ का चद्रमा देखा था, इसी से उनपर मणि के हरण का झूठा कलक लगा था। इसी से भादो महीने की चौथ का चद्रमा लोग नही देखते।

स्यमतपचक—सज्ञा पुं० [स० स्यमन्तपञ्चक] एक तीथ का नाम जहाँ भागवत के अनुसार, परशुराम ने पितरो का शोणित मे तर्पण किया था।

स्यमिक—सज्ञा पु० [स०] १ चीटियो या दीमको का बनाया हुआ मिट्टी का घर। बाँबी। वल्मीक। २ एक प्रकार का वृक्ष। ३ मेघ। बादल (को०)। ४ काल। समय (को०)।

स्यमिका—सज्ञा स्त्री० [स०] नील का पौधा। नीली। स्यमीका [को०]।

स्यमीक—सज्ञा पु० [स०] १ बाँबी। वल्मीक। २ समय। काल। ३ बादल। मेघ। ४ जल। जीवन। पानी। ५ एक प्राचीन राजवश का नाम।

स्यमीका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ नील का पौधा। २ एक प्रकार का कीडा।

स्याँप—सज्ञा पु० [हिं० साँप] दे० 'साँप'। उ०—सो एक दिन वा लरिकिनी को स्याँप ने काटी।—दो सौ बावन०, भा० पृ० ६६।

स्यात्—अव्य० [स०] कदाचित्। शायद।

स्याद्वाद—सज्ञा पु० [स०] जैन दर्शन जिसमे एक वस्तु मे नित्यत्व अनित्यत्व, सदृशत्व, विरूपत्व, सत्व, असत्व आदि अनेक विरुद्ध धर्मो का सापेक्ष स्वीकार किया जाता है और कहा जाता है कि स्यात् यह भी है स्यात् वह भी है आदि। अनेकातवाद।

स्याद्वादिक—सज्ञा पुं० [स०] स्याद्वाद के सिद्धात का अनुयायी। स्याद्वादी। जैन [को०]।

स्याद्वादी—सज्ञा पुं० [स० स्याद्वादिन्] स्याद्वाद को माननेवाला। स्याद्वादिक [को०]।

स्यान—वि० [स० सज्ञान] दे० 'स्याना'। उ०—(क) भे सुत सुता स्यान सुख पागे।—रघुराज (शब्द०)। (ख) विषम शर वेधत न स्यान के।—देव (शब्द०)।

स्यानप—सज्ञा पु० [हिं० सयानपन] दे० 'स्यानपन'।

स्यानपत—सज्ञा स्त्री० [हिं० स्याना + पत (प्रत्य०)] १ चतुरता। चतुराई। २ चालाकी। धूर्तता।

स्यानपन—सज्ञा पु० [हिं० स्याना + पन (प्रत्य०)] १ चतुरता। बुद्धिमानी। होशियारी। २ चालाकी। धूर्तता।

स्याना[1]—वि० [स० सज्ञान] [वि० स्त्री० स्यानी] १ चतुर। बुद्धिमान्। होशियार। जैसे,—(क) तुम स्याने होकर ऐसी बाते करते

हो। (ख) वे बडे स्याने हैं, उनके आगे तुम्हारी दाल नही गलने की। २ चालाक। काइयाँ। धूर्त। जैसे,—उसे तुम कम मत समझो, वह बडा स्याना है। ३ जो अब बालक न हो। बडा। वयस्क। बालिग। जैसे,—(क) जब लडका स्याना हो जाय, तब उसका ब्याह करना चाहिए। (ख) ज्यो ज्यो वह स्याना हो रहा है, त्यो त्यो बिगड रहा है।

स्याना²—सज्ञा पु० १ बडा बूढा। वृद्ध पुरुष। जैसे,—(क) स्यानो का कहना मानना चाहिए। (ख) पहले घर के स्यानो से पूछ लो, फिर यह काम करो। २ वह जो झाड फूक करता हो। झाड फूक करनेवाला। जतर मतर करनेवाला। ओझा। ३ गाँव का मुखिया। नबरदार। ४ चिकित्सक। हकीम।

स्यानाचारी—सज्ञा स्त्री० [हि० स्याना + चार (प्रत्य०)] वह रसूम जो गाँव के मुखिया को मिलता है।

स्यानापन—सज्ञा पु [हि० स्याना + पन (प्रत्य०)] १ स्याने होने की अवस्था। लडकपन के बाद की अवस्था। बालिग होने की अवस्था। युवावस्था। जैसे,—उसका ब्याह स्यानेपन मे हुआ था। २ चतुराई। चातुरी। होशियारी। ३ चालाकी। धूर्तता।

स्यापा—सज्ञा पु० [फा० स्याहपोश] मरे हुए मनुष्य के शोक मे कुछ काल तक घर की तथा नाते रिश्ते की स्त्रियो के प्रति दिन एकत्र होकर रोने और शोक मनाने की रीति।

विशेष—मुसलमानो तथा पजाब के हिंदुओ मे यह चाल है कि घर पर स्त्रियाँ एकत्र होकर रोती पीटती हैं। वे दिन रात मे एक ही बार भोजन करती है और घर के बाहर नही निकलती। इसी को स्यापा कहते है।

मुहा०—स्यापा छाना, स्यापा पडना। (१) रोना चिल्लाना मचना। (२) बिलकुल उजाड या सुनसान होना। जैसे,—इस बाजार मे तो सरेशाम ही स्यापा पड जाता है।

स्यावास(पु)—अव्य० [फा० शाबाश] दे० 'शाबाश'। उ०—बार बार कह मुख स्यावासू। कियो सत्य पितु विष्णु बिसासू।—रघुराज (शब्द०)।

स्याम¹(पु)—सज्ञा पुं० [स० श्याम] दे० श्याम। उ०—बिधु अति प्यारी रोहिनी तामै जनमे स्याम। अति सन्निधि कै चद्र के पूरन मन के काम।—व्यास (शब्द०)।

स्याम²—वि० दे० 'श्याम²'। उ०—नील सरोरुह स्याम तरुन अरुन बारिज नयन। करहु सो मम उर धाम सदा छीर सागर सयन।—तुलसी (शब्द०)।

स्याम³—सज्ञा पुं० भारतवर्ष के पूर्व के एक देश का नाम।

स्यामक(पु)—सज्ञा पु० [स० श्यामक] दे० 'श्यामक'। उ०—स्यामक नामक बीर चलेउ वसुदेव अनुज बढि।—गोपाल (शब्द०)।

स्यामकरन(पु)—सज्ञा पु० [स० श्यामकर्ण] दे० 'श्यामकर्ण'। उ०—स्यामकरन अगनित हम होते। ते तिन्ह रथन्ह सारथिन्ह जोते।—तुलसी (शब्द०)।

स्यामकर्न(पु)—सज्ञा पु० [स० श्यामकर्ण]। दे० 'श्यामकर्ण'। उ०—कहूँ अरुन तन तुरँग बरथा। कितहू स्यामकरन के जूथा।—रामाश्वमेध (शब्द०)।

स्यामता(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० श्यामता] दे० 'श्यामता'। उ०—मारेउ राहु ससिहि कह कोई। उर महँ परी स्यामता सोई।—तुलसी (शब्द०)।

स्यामताई(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० श्यामता] दे० 'श्यामता'।

स्यामल(पु)—सज्ञा [स० श्यामल] दे० 'श्यामल'। उ०—लता ओट तब सखिन लखाये। स्यामल गौर किसोर सुहाये।—तुलसी (शब्द०)।

स्यामलता(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० श्यामलता। दे० 'श्यामलता' उ०—स्वच्छता सोहि रही इनमैं उन अक मैं श्यामलता सरसावत।—रसकुसुमाकर (शब्द०)

स्यामलिया(पु)—सज्ञा पु० [स० श्यामल, हि० स्यामल + इया (प्रत्य०)] दे० 'साँवला'। उ०—रँगी गयौ मन पट अरी स्यामलिया के रग। कारी कामर पै चढै अब क्यो दूजो रग।—रसनिधि (शब्द०)।

स्यामा(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० श्यामा] १ राधिका। वृषभानुजा। उ०—निज निज उर छू छू करी माँहैं स्यामा स्याम।—भिखारी ग्र०, भा० १, पृ० २२। २ एक पक्षी। दे० 'श्यामा'। उ०—स्यामा बाम सुतरु पर देखी।—मानस, १।३०३। ३ सोलह वर्ष की तरुणी। षोडशी। उ०—दास पियनेह छिन छिन भाव बदलति स्यामा सबिराग दीन मति कै मखाति है।—भिखारी० ग्र०, भा० १, पृ० ४३।

स्यार—सज्ञा पुं० [हि० सियार] [स्त्री० स्यारनी] सियार। गीदड। शृगाल। उ०—स्यार कटकटै लगे सबन सो डटै लगे, अग खड तटै लगे सोनित को चटै लगे।—गोपाल (शब्द०)।

यौ०—स्यारजन = शृगाल की तरह कायर व्यक्ति। स्यारपन। स्यार लाठी।

स्यारकाँट।—सज्ञा पुं० [स्यार + हि० काँटा] सत्यानासी। स्वर्णक्षीरी।

स्यारपन(पु)—सज्ञा पु० [हि० सियार + पन (प्रत्य०)] सियार या गीदड का सा स्वभाव। शृगालप्रकृति। उ०—आयो सुनि कान्ह भूल्यो सकल हुस्यारपन, स्यारपन कस को न कहत सिरावु है।—रस कुसुमाकर (शब्द०)।

स्यारलाठी—सज्ञा स्त्री० [हि० स्यार + लाठी] अमलतास।

स्यारी—सज्ञा स्त्री० [हि० सियारी] १ सियार की मादा। सियारी। सियारिन। गीदडी। शृगाली। उ०—बोलहि मारजार अरु स्यारी। हारहुगे मनु कहत पुकारी।—गोपाल (शब्द०)। २ कातिक अगहन मे तैयार होनेवाली फसल। खरीफ की फसल। (बुदेल०)।

स्याल¹—सज्ञा पुं० [स०] पत्नी का भाई। साला। श्याल। श्यालक। उ०—सुनत स्याल के बचन महीपति पढै सुमत तुरता। भ्रातन सहित राम बुलवायो आये अति बिलसता।—रघुराज (शब्द०)।

स्याल²—सज्ञा पुं० [हि० स्यार] दे० 'सियार' या 'स्यार'। उ०—सरमा से कुत्ते, स्याल आदि उत्पन्न हो गए।—सत्यार्थ प्रकाश (शब्द०)।

स्यालकटा—संज्ञा पुं० [स्याल + सं० कण्टक] दे० 'स्यारकाँटा'।

स्यालक—संज्ञा पु० [सं०] पत्नी का भाई। साला।

स्याला[1]—संज्ञा पुं० [देश०] बहुतायत। अधिकता। ज्यादती।

स्याला[2]—संज्ञा पुं० [सं० शीतकाल] शीतकाल। जाड़े का मौसिम।

स्यालिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पत्नी की छोटी बहन। साली।

स्यालिया—संज्ञा पुं० [हिं० सियार] सियार। गीदड़। शृगाल। उ०—श्रीकृष्ण के पुत्र ढढ्ढण मुनि को स्यालिया ले गया। —सत्यार्थप्रकाश (शब्द०)।

स्यानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पत्नी की बहन। साली। श्यालिका।

स्यालू—† संज्ञा पुं० [हिं० सालू] स्त्रियों के ओढ़ने की चादर। ओढ़नी। उपरैनी।

स्यालो—संज्ञा पुं० [सं० स्यालक, हिं० साला] पत्नी का भाई। साला। (डिं०)।

स्यावज—संज्ञा पुं० [हिं० सावज] दे० 'सावज'।

स्याह[1]—वि० [फा०] काला। कृष्ण वर्ण का।

स्याह[2]—संज्ञा पुं० घोड़े की एक जाति। उ०—सिरंग समदा स्याह सेलिया सूर सुरंगा। मुसकी पँचकल्यानि कुमेता केहरि रंगा। —सूदन (शब्द०)।

स्याह करवा गुलकट—संज्ञा पुं० [?] लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का ठप्पा जिससे कपड़ो पर बेल बूटे छापे जाते है।

स्याह काँटा—संज्ञा पुं० [फा० स्याह + हिं० काँटा] किंगरई नाम का काँटेदार पौधा। आल। विशेष दे० 'किंगरई'।

स्याहगोसर—संज्ञा पु० [फा० सियाहगोश] दे० 'सियाहगोश'। उ०—चीते सुरोझ मावर दवग। गैंडा गलीन डोलत अभग। अरु स्याहगोसर विशृग अग। रिच्छादि खँरिहा छुटे अग।—सूदन (शब्द०)।

स्याह जवान—संज्ञा पु० [फा० स्याह + जवान] वह हाथी या घोड़ा जिसकी जबान स्याह हो।

विशेष—स्याह जबानवाले हाथी घोड़े ऐबी समझे जाते हैं।

स्याह जीरा—संज्ञा पु० [फा० स्याह + हिं० जीरा] काला जीरा। विशेष दे० 'काला जीरा'।

स्याह तालू—संज्ञा पुं० [फा० स्याह + हिं० तालू] वह हाथी या घोड़ा जिसका तालू बिलकुल स्याह हो। विशेष दे० 'स्याह जबना'।

स्याहदिल—वि० [फा०] जो दिल का काला हो। खोटा। दुष्ट।

स्याह भूरा—वि० [फा० स्याह + हिं० भूरा] काला। (रंग)।

स्याहा—संज्ञा पुं० [फा० सियाह] दे० 'सियाहा'। उ०—प्रभु जू मैं ऐसो अमल कमायो। साहिब जमा हुती जो जोरी मित जानिक तल नायो। वासिलबाकी स्याहा मुजमिल सब अधर्म को बाकी। चित्रगुप्त होत मुन्सीफी करण कहँ मैं काकी।—सूर (शब्द०)।

स्याही[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रसिद्ध रंगीन तरल पदार्थ जो प्राय काला होता है और जो लिखने, छापने आदि के काम में आता है। लिखने या छापने की रोशनाई। मसि। उ०—हरि जाय चेत चित सूखि स्याही भरि जाइ, करि जाय कागद कलम टाँक जरि जाय।—काव्यकलाधर (शब्द०)। २ कालापन। कालिमा। उ०—स्याही बारन तें गई मन नैं भई न दूर। समुझ चतुर चित बात यह रहत बिसूर बिसूर।—रसनिधि (शब्द०)।

मुहा०—स्याही जाना=बालों का कालापन जाना। जवानी का बीतना। उ०—स्याही गई सफेदी आई दिल सफेद अजहूँ न हुआ।—कबीर (शब्द०)।

३ बदनामी का टीका। कलंक। कालिख। कालिमा। जैसे,—उसने अपने बाप दादा के नाम पर स्याही पोत दी।

क्रि० प्र०—पोतना।—फेरना।—लगना।—लगाना।—लेपना।

१ कड़ुवे तेल के दीए में पारा हुआ एक प्रकार का काजल जिससे गोदना गोदते हैं। ५ अंधकार। अँधेरा। ६ दाग। दोष। ऐब।

स्याही[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० शल्यकी, हिं० स्याही] साही। शल्यकी। सह। विशेष दे० 'साही'।

स्याहीचट—संज्ञा पु० [फा० स्याही + हिं० चाटना] सोखना।

स्याहीचूस—संज्ञा पुं० [फा० स्याही + हिं० चूसना] सोखा। स्याही सोख। उ०—परतु मिसल के बजाय स्याहीचूस पर दस्तखत कर बैठते।—वो दुनिया, पृ० ३४।

स्याहीदान—संज्ञा पुं० [फा०] दावात। मसिपात्र [को०]।

स्याहीसाज—संज्ञा पु० [फा० स्याहीसाज] स्याही बनानेवाला कारीगर [को०]।

स्याहीसोख—संज्ञा पु० [फा० स्याहीसोख] सोखा।

स्युवक—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णुपुराण में वर्णित एक प्राचीन जनपद।

स्यू—संज्ञा स्त्री० [सं०] सूत। सूत्र।

स्यूत[1]—वि० [सं०] १ बुना हुआ। २ सीया हुआ। सूत्रित। ३ विद्ध। बींधा या भिदा हुआ (को०)। ४ संश्लिष्ट। संपृक्त (को०)।

स्यूत[2]—संज्ञा पु० मोटे कपड़े का थैला। थैली।

स्यूति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सीना। सीवन। २ बुनना। वयन। ३ थैला। ४ संतति। संतान। औलाद। ५ बगावनी। परिवार (को०)।

स्यूतन—संज्ञा पुं० [सं०] आनंद। हर्ष [को०]।

स्यून—संज्ञा पुं० [सं०] १ किरण। रश्मि। २ सूर्य। ३ चैना।

स्यूना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किरण। मरीचि। रश्मि। २ काँची। मेखला। करधनी [को०]।

स्यूम—संज्ञा पुं० [सं०] १ किरण। रश्मि। २ जल। सलिल। ३ आनंद। सुख। हर्ष (को०)।

स्यूमक—संज्ञा पु० [सं०] सुख। प्रसन्नता। हर्ष [को०]।

स्यूमरश्मि—संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक ऋषि का नाम।

स्यो—अव्य० [सं० सह] दे० 'स्यो'।

स्यो(ब्र)[1]—अव्य० [स० सह] १ सह। सहित। उ०—(क) मुनि शिष कत दत तृन धरिकै स्यो परिवार सिधारो।—सूर (शब्द०)। (ख) राम कह्यो उठि बावरराई। राजसिरी सखि स्यो तिय पाई।—केशव (शब्द०)। विशेष दे० 'सौं'। २ पास। समीप। उ०—विनती करै आइ हौं दिल्ली। चितवर कै माहि स्या है किल्ली।—जायसी (शब्द०)।

स्यो(ब्र)[2]—संज्ञा पुं० [स० शिव] शिव। उ०—स्यो सकती दोउ मुख जीवत।—रामानंद०।

स्योत—संज्ञा पु० [स०] मोटे कपड़े का थैला। थैली।

स्योती—संज्ञा स्त्री० [स० शतपत्री, सेमन्ती, सेवती] दे० 'सेवती'।

स्योन[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ किरण। रश्मि। २ सूर्य। ३ थैला ४ सुख। आनंद। ५ सुखप्रद आसन (को०)।

स्योन[2]—वि० १ सुंदर। उत्फुल्ल। सुखद। २ शुभद। मंगलदायक (को०)।

स्योनाक—संज्ञा पु० [स०] सोनापाठा। श्योनाक वृक्ष।

स्योनाग—संज्ञा पु० [स० स्योनाक] सोनापाठा। श्योनाक वृक्ष।

स्योहार—संज्ञा पुं० [देश०] वैश्यों की एक जाति।

स्यौ(ब्र)—संज्ञा पु० [स० शिव] दे० 'शिव'। उ०—न तहाँ ब्रह्मा स्यौ विसन।—रामानंद०, पृ० ८।

स्रग(ब्र)—संज्ञा पु० [स० शृङ्ग] दे० 'शृंग'। उ०—अँगिया झुनकारी खरी मित जारी की सेद कनी कुच दूपर लौं। मनो सिंधु मथे सुधा फेन बढ़यो सो चढ़यो गिरि सृगनि ऊपर लौं।—सुंदरी सर्वस्व (शब्द०)।

स्रंस—संज्ञा पु० [स०] १ पात। भ्रंश। पतन। २ सोना। शयन (को०)।

स्रंसन[1]—वि० [स०] १ मलभेदक। दस्त लानेवाला। दस्तावर। विरेचक। २ शिथिल, स्रस्त या ढीला करनेवाला।

स्रंसन[2]—संज्ञा पु० १ वह औषध जो कोठे के वात आदि दोष तथा मल को नियत समय के पहले ही बलात् गुदा मार्ग से निकाल दे। मलभेदक औषध। दस्त लानेवाली दवा। विरेचन। २ भ्रंश-पतन। भ्रंश। ३ कच्चे गर्भ का गिरना। गर्भपात। गर्भस्राव। ४ शिथिल या ढीला करना (को०)।

स्रंसित—वि० [स०] १ गिराया हुआ। २ स्रस्त या ढीला किया हुआ।

स्रंसिनी—संज्ञा स्त्री० [स०] भावप्रकाश के अनुसार एक प्रकार का योनिरोग जिसमें प्रसव के समय रगड़ लगने पर योनि बाहर निकल आती है और गर्भ नहीं ठहरता। प्रस्रंसिनी।

स्रंसिनीफल—संज्ञा पु० [स०] सिरस। शिरीष वृक्ष।

स्रंसी[1]—संज्ञा पुं० [स० स्रंसिन्] १ पीलू वृक्ष। २ सुपारी का पेड़। पूग वृक्ष।

स्रंसी[2]—वि० १ गिरनेवाला। पतनशील। २ असमय में गिरनेवाला (गर्भ)। ३ इधर उधर हिलने या लटकनेवाला (को०)। ४ शिथिल या ढीला पड़नेवाला (को०)।

स्रक्—संज्ञा स्त्री०, पु० [स० स्रज्] १ फूलों की माला। पुष्पहार। २ सिर पर लपेटी या धारण की जानेवाली माला (को०)। ३ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में चार नगण और एक सगण होता है तथा ६ और ९ पर यति होती है। उ०—नचहु सुखद रसमति सुत महिना। लहहु जनम इह गखि सुख अमिता।—छंदप्रभाकर (शब्द०)। ४ एक प्रकार का वृक्ष। ५ ज्योतिष में एक प्रकार का योग।

स्रक(ब्र)—संज्ञा स्त्री०, पु० [सं० स्रक्] फूलों की माला। दे० 'स्रक्'—१। उ०—(क) स्रक चंदन वनितादिक भोगा। देखि हरष विसमय बस लोगा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) स्रक चंदन वनिता विनोद सुख यह जर जरत बिनायो।—सूर (शब्द०)।

स्रक्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] कोण। कोटि (को०)।

स्रग(ब्र)—संज्ञा स्त्री०, पुं० [सं० स्रज>स्रग्] दे० 'स्रक्'—१। उ०—ऊँचइ पान सब काहू पाये। स्रग चंदन भूषित छवि छाये।—तुलसी (शब्द०)।

स्रगाल(ब्र)—संज्ञा पुं० [स० शृगाल] सियार। गीदड़। (डिं०)।

स्रगजीव—संज्ञा पु० [स०] अग्नि।

स्रग्ण—संज्ञा पु० [स०] स्रक् के रूप में निर्मित मंत्र। मालाकार लिखा हुआ मंत्र (को०)।

स्रग्दाम—संज्ञा पुं० [स० स्रग्दामन्] माला का सूत (को०)।

स्रग्धर—वि० [स०] हार धारण करनेवाला। मालाधारी (को०)।

स्रग्धरा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में (म र भ न य य य) ऽऽऽ ऽ।ऽ ऽ।। ।।। ।ऽऽ ।ऽऽ ।ऽऽ होता है और ७, ७, ७, पर यति होती है। उ०—मोरे भौने ययू यो कहहु सुत कहाँ ते लिये आवते हो। भा का आनंद आजी तुम फिरि फिरि कै माथ जो नावते हो। बोले माता! बिलोक्यो फिरत सह चमू बाग में स्रग्धरे ज्यों। काटी माला रू मारे विपुल रिपुन्ली अंचलो जीति केत्यों।—छंदप्रभाकर (शब्द०)। २ एक बौद्ध देवी का नाम।

स्रग्वान्—वि० [सं० स्रग्वत्] माला से युक्त। मालाधारी।

स्रग्विणी—संज्ञा स्त्री० [स०] १ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में चार रगण होते हैं। उ०—रारि री राधिका स्याम सों क्यों करै। सीख मो मान ले मान काहे धरै। चित्त में सुंदरी बोध मत आनिये। स्रग्विणी मूर्त्ति को कृष्ण की धारिये।—छंद प्रभाकर (शब्द०)। २ एक देवी का नाम।

स्रग्वी—वि० [स० स्रग्विन्] [स्त्री० स्रग्विणी] माला से युक्त। मालाधारी।

स्रज्—संज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्रक्'।

स्रज[1]—संज्ञा पु० [सं०] एक विश्वदेवा का नाम।

स्रज[2]—संज्ञा स्त्री० [स० स्रज्] माला। उ०—व्यरथ सुमन स्रज पहिरी जैसे। समरथ राज रहित नृप तैसे।—पद्माकर (शब्द०)।

स्रजन(ब्र)—संज्ञा पु० [स० सृजन] दे० 'सृजन'।

स्रजना(ब्र)—क्रि० स० [स० सृजन] दे० 'सृजना'। उ०—(क) विस्व स्रजहु पालहु पुनि हरहू। त्रिकालज्ञ सतत सुख करहू।—रामा-

श्वमेध (शब्द०)। (ख) धरि सत रज तम रूप स्रजति पालति सघारति।—सूदन (शब्द०)।

स्रजा(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० स्रज्] फूलो की माला। उ०—पहनाती वह ज्येष्ठ माँ स्रजा।—साकेत, पृ० ३४०।

स्रज्वा[1]—सज्ञा पुं० [स० स्रज्वन्] १ माला बनानेवाला। माली। मालाकार। २ रस्सा। रज्जु। ३ प्रजापति। ४ एक प्रकार का वस्त्र। (को०)।

स्रज्वा[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] रस्सी। रज्जु।

स्रणिका—वि० [स० शोणित] लाल। (डिं०)।

स्रद्धा(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० श्रद्धा] दे० 'श्रद्धा'। उ०—स्रद्धा बिना धरम नहिं होई। बिनु महि गध कि पावइ कोई।—तुलसी (शब्द०)।

स्रद्धू—सज्ञा स्त्री० [स०] अपना वायु का त्याग [को०]।

स्रपाटी†—सज्ञा स्त्री० [देश० ?] पक्षी की चोच। (डिं०)।

स्रम(पु)—सज्ञा पु० [सं० श्रम] दे० 'श्रम'। उ०—(क) स्वारथ सुकृत न स्रम वृथा देखि विहग विचार। बाज पराये पानि परि तू पछी हि न मार।—बिहारी (शब्द०)। (ख) रामचरित सर बिन अन्हवाये। सो स्रम जाइ न कोटि उपाये।—तुलसी (शब्द०)।

स्रमकन(पु)—सज्ञा पुं० [स० श्रमकण] पसीने की बूँद। उ०—अति मुचत स्रमकन मुखनि।—गीता० ७।१८।

स्रमबिदु—सज्ञा पुं० [स० श्रमबिन्दु] दे० 'स्रमकन'। उ०—स्रमबिदु मुख राजीव लोचन अरुन तन सोनित कनी।—मानस, ६।७०।

स्रमित(पु)—वि० [स० श्रमित] दे० 'श्रमित'। उ०—ब्रह्म धाम सिवपुर सब लोका। फिरे स्रमित ब्याकुल भय सोका।—तुलसी (शब्द०)।

स्रवती—सज्ञा स्त्री० [स० स्रवन्ती] १ नदी। दरिया। २ प्रवाह। धारा ३ एक प्रकार की वनस्पति। ४ प्लीहा का क्षेत्र। यकृत् प्रदेश (को०)।

स्रव[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ बहना। बहाव। प्रवाह। २ झरना। निर्झर। प्रस्रवण। ३ मूत्र। प्रस्राव। पेशाव। ४ क्षरण। स्राव (को०)।

स्रव[2]—सज्ञा पुं० [स० श्रवण] दे० 'श्रवण'।

स्रवण[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. बहना। बहाव। प्रवाह। २ कच्चे गर्भ का गिरना। गर्भपात। गर्भस्राव। ३. मूत। मूत्र। पेशाव। ४. पसीना। प्रस्वेद। घर्मबिंदु।

स्रवण(पु)[2]—सज्ञा पुं० [स० श्रवण] दे० 'स्रवन'।

स्रवत्—सज्ञा स्त्री० [सं०] बहता हुआ। चूता हुआ [को०]।

स्रवत्तोया—सज्ञा स्त्री० [सं०] रुदती। रुद्रवती।

स्रवत्पाणिपादा—सज्ञास्त्री० [स०] वह स्त्री जिसके हाथ पैर (पसीने से) गीले रहते हो [को०]।

स्रवद्गर्भा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्त्री या गाय आदि पशु जिसका गर्भ गिर गया हो।

स्रवद्मध्य—सज्ञा पु० [स०] १ वह रत्न जिसमे से अपने आप जल का स्राव हो। २ चद्रकात मणि [को०]।

स्रवद्रग—सज्ञा पु० [स० स्रवद्रङ्ग] १ मेला। प्रदर्शनी। नुमाइश। २ बाजार। हाट।

स्रवन(पु)—सज्ञा पु० [स० श्रवण] स० 'श्रवण'। उ०—(क) रामचरित-मानस एहि नामा। सुनत स्रवन पाइय बिस्रामा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) स्रवन नाहि, पै सब किछु सुना। हिया नाहिं पै सब किछु गुना।—जायसी (शब्द०)।

स्रवना(पु)[1]—क्रि० अ० [स० स्रवण] १ बहना। चूना। टपकना। उ०—(क) कुछ काल के पीछे हम उस ढेर को टीला बना देखते है और वहाँ से जल स्रवने लगता है।—श्रद्धाराम (शब्द०)। (ख) प्रेम बिवस जनु रामहिं पायौ। स्रवत भयहु पय उर जन छायो।—पद्माकर (शब्द०) (ग) लज्जावश नहि रहेउ सँभारा। स्रवत नयन मग ते जलधारा।—सबल० (शब्द०)। २ गिरना। छूट जाना। उ०—अति गर्व गनइ न सगुन असगुन स्रवहिं आयुध हाथ ते।—तुलसी (शब्द०)।

स्रवना[2]—क्रि० स १ बहाना। टपकाना उ०—(क) अमृत हू ते अमल अति गुन स्रवति निधि आनद। सूर तीनो लोक परस्यो सुर असुर जस छद।—सूर (शब्द०)। (ख) गोद राखि पुनि हृदय लगाये। स्रवत प्रेमरस पयद सुहाये।—तुलसी (शब्द०)। २ गिराना। उ०—चलत दसानन डोलति अवनी। गर्जत गर्भ स्रवहिं सुररवनी।—तुलसी (शब्द०)।

स्रवा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मरोडफली। मुरहरी। मूर्व्वा। २ डोडी। जीवती।

स्रष्टव्य—वि० [स०] सृष्टि करने के योग्य। सृष्टि करने या रचने के लिये उपयुक्त। जिसकी सृष्टि की जा सके।

स्रष्टा[1]—सज्ञा पुं० [स० स्रष्टृ] १ सृष्टि या विश्व की रचना करनेवाले, ब्रह्मा। २ विष्णु। ३ शिव।

स्रष्टा[2]—वि० १ सृष्टि करनेवाला। निर्माता। रचयिता। टपकने या चूनेवाला २ स्राव करनेवाला (को०)।

स्रष्टार—सज्ञा पुं० [स०] सृष्टिकर्ता। दे० 'स्रष्टा' [को०]।

स्रष्ट्रता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० स्रष्ट्रत्व'।

स्रष्ट्रत्व—सज्ञा पु० [स०] स्रष्टा का कार्य। सृष्टि करने या रचने का काम।

स्रस्तर†—सज्ञा पुं० [सं० स्रस्तर] घास पात का बिछावन। (डिं०)।

स्रस्त—वि० [स०] १ गिरा हुआ। पतित। च्युत। २ शिथिल। ढीलाढाला। ३ हिलता हुआ। ४ धँसा हुआ, जैसे—स्रस्त नेत्र। ५ अलग किया हुआ।

स्रस्तकर—वि० [स०] १ जिसकी सूँड हिल रही हो २ जिसका हाथ हिल रहा हो [को०]।

स्रस्तगात्र—वि० [स०] १ जिसके शिथिल अग हो। ढीले अगोवाला २ मूर्छित। बेहोश [को०]।

स्रस्तनेत्र—वि० [स०] धँसी हुई आँखोवाला।

स्रस्तमुष्क—वि० [स०] जिसका अडकोश लटका हुआ हिल रहा हो (को०)।

स्रस्तस्कध—वि० [सं० स्रस्तस्कन्ध] १ जिसके कधे नम्र या झुक गए हो। नम्रीभूत। २ शर्मिंदा। लज्जित।

स्रस्तर—सज्ञा पु० [स०] बैठने का आसन।

स्रस्तहस्त—वि० [स०] जिसके हाथो की पकड ढीली पड गई हो (को०)।

स्रस्ताग—वि० [स० स्रस्ताङ्ग] दे० 'स्रस्तगात्र' (को०)।

स्रस्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गिरना। पतन। २ लटकना या हिलना। ३ स्रस्त होना या ढीला पडना (को०)।

स्राक्—अव्य० [स०] तुरत। शीघ्रता से (को०)।

स्राकिशमिशी—सज्ञा स्त्री० [फा०] हलके बैंगनी रग का एक प्रकार का छोटा अगूर जो क्वेटा जिले मे होता है और जिसको सुखाकर किशमिश बनाते हैं।

स्राद्ध—सज्ञा पुं० [सं० श्रद्धा] दे० 'श्राद्ध'। उ०—किय स्राद्ध नदि मुख वेदि वृद्धि। सब जात जर्म किन्नीसु सुद्धि।—ह० रासो, पृ० ३२।

स्राप—सज्ञा पु० [स० शाप] दे० 'शाप'। उ०—विप्र स्राप से दूनउँ भाई। तामस असुर देह तिन्ह पाई।—तुलसी (शब्द०)।

स्रापित—वि० [स० शापित] दे० 'शापित'। उ०—(क) नृप त्रिशकु गुरु स्रापित ये है। कहहु जाइ किमि स्वर्ग सदेही।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) तू सारे ढोर और वन के पशु से भी अधिक स्रापित होगा।—सत्यार्थ० (शब्द०)।

स्राम—वि० [स०] जिसकी नाक या आँखो से बराबर पानी गिरता हो। बीमार। रुग्ण (को०)।

स्राम्य—सज्ञा पुं० [स०] १ बीमारी। रुग्णता। दौर्बल्य। २ खजता। गति या चलने मे विकलता। लँगडापन (को०)।

स्राव—सज्ञा पुं० [स०] १ (खून, मवाद आदि का) बहना। झरना। क्षरण। २ कच्चे गर्भ का गिरना। गर्भपात। गर्भस्राव। ३ वह जो बहकर, रसकर या चूकर निकला हो। ४ निर्यास। रस।

स्रावक[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० स्राविका] बहाने, चुआने या टपकानेवाला। स्राव करानेवाला।

स्रावक[2]—सज्ञा पुं० काली मिर्च। गोल मिर्च।

स्रावक[3]—सज्ञा पु० [स० श्रावक] दे० 'श्रावक'। उ०—राम ह्वै दसास्यवस कान्ह ह्वै सँहारचो कस बौध ह्वै कै कीनो निज स्रावक प्रकास है।—भिखारी० ग्र० भा० १, पृ० ८६।

स्रावकत्व—सज्ञा पुं० [स०] पदार्थो का वह धर्म जिसके कारण कोई अन्य पदार्थ उनमे से होकर निकल या रस जाता है। जैसे,—बलुए पत्थर मे से पानी जो रस रसकर निकल जाता है, वह उसके स्रावकत्व गुण के कारण ही।

स्रावण—वि० [स०] दे० 'स्रावक'।

स्रावणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ ऋद्धि नामक अष्टवर्गीय औषध।

स्रावणी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० श्रावणी] दे० 'श्रावणी'।

स्रावनी—सज्ञा स्त्री० [सं० श्रावणी] दे० 'श्रावणी'।

स्रावित—वि० [पुं०] बहा, रसा या चुआकर निकाला हुआ। जिसका स्राव कराया गया हो।

स्रावी—वि० [स० स्राविन्] बहानेवाला। चुआनेवाला। रसानेवाला। स्राव करानेवाला। क्षरण करानेवाला।

स्राव्य—वि० [स०] बहाने योग्य। क्षरण के योग्य।

स्रिग—सज्ञा पुं० [सं० शृङ्ग] दे० 'शृग'। उ०—सत मत मारे दस भाला। गिरि स्रिगन्ह जनु प्रगिटहि ज्याला।—तुलसी (शब्द०)।

स्रिजन—सज्ञा पुं० [स० सृजन] दे० 'सृजन'। उ०—बिस्व स्रिजन आदिक तुम करहू। माहि जन जानि दुसह दुख हरहू।—रामाश्वमेध (शब्द०)।

स्रिय—सज्ञा स्त्री० [सं० श्री] दे० 'श्रिय'। उ०—मुख मकरद भरे स्रिय मूला। निरखि राम मन भँवर न भूला।—तुलसी (शब्द०)।

स्रीखड—सज्ञा पुं० [सं० श्रीखण्ड] दे० 'श्रीखड'। उ०—स्रीखड मेद केसर उसीर। तिहि परमि ताप मिटृत सरीर।—ह० रासो, पृ० १६।

स्रुक्—सज्ञा स्त्री० [स०] खदिर या पलास की लकडी की छोटी करछी जिससे हवनादि मे घी की आहुति देते हैं। स्रुवा।

स्रुक्प्रणालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] स्रुवा की नाली जिसमे घृताहुति दी जाती है। (को०)।

स्रुग्जिह्व—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि (को०)।

स्रुग्दारु—सं० पुं० [सं०] कटाई। बिककत वृक्ष।

स्रुघ्न—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन नगर का नाम जो वृहत्सहिता के अनुसार हस्तिनापुर के उत्तर मे स्थित था।

स्रुघ्निका—सज्ञा स्त्री० [स०] सज्जी (को०)।

स्रुघ्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सज्जी मिट्टी। सर्जिका क्षार।

स्रुच्—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'स्रुक्'।

स्रुत[1]—वि० [सं०] १ बहा हुआ। चुआ हुआ। क्षरित। २ गत।

स्रुत[2]—वि० [स० श्रुत] दे० 'श्रुत'। उ०—तदपि जथा स्रुत कहउ बखानी। सुमिरि गिरापति प्रभु धनुपानी।—तुलसी (शब्द०)।

स्रुतजल—वि० [स०] जिसमे से जल रसकर बह गया हो।

स्रुता—सज्ञा स्त्री० [स०] हिंगपत्री। हिंगुपत्री।

स्रुति[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बहाव। क्षरण। २ निर्यास (को०)। ३ स्रोत। प्रवाह (को०)। ४ वेदी के चारो ओर खींची जानेवाली रेखा (को०)। ५ पथ। राह। मार्ग। सडक (को०)।

स्रुति[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० श्रुति] दे० 'श्रुति'। उ०—एहि मह रघुपति नाम उदारा। अति पावन पुरान स्रुति सारा।—तुलसी (शब्द०)।

स्रुतिकीरति, स्रुतिकीर्ति—सज्ञा स्त्री० [स० श्रुतिकीर्ति] दे० 'श्रुति-

कीर्ति' । उ०—माडवी स्रुतिकीर्त्ति उर्मिला कुअँरि लई हँकारि कै ।—तुलसी (शब्द०) ।

स्रुतिमाथ Ⓤ—सज्ञा पु० [स० श्रुति + मस्तक] विष्णु । उ०—छीर-सिंधु गवने मुनिनाथा । जहँ बस श्रीनिवास स्रुतिमाथा ।—तुलसी (शब्द०) ।

स्रुव—सज्ञा पु० [स०] दे० 'स्रुवा' ।

स्रुवतरु—सज्ञा पु० [स०] विककत वृक्ष ।

स्रुवदड—सज्ञा पुं० [स० स्रुवदण्ड] स्रुवा का दड या हत्था ।

स्रुवद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्रुवतरु' ।

स्रुवप्रग्रहण—वि० [स०] जो सब कुछ अपने लिये रख ले । सब कुछ स्वय ले लेनेवाला [को०] ।

स्रुवहस्त—सज्ञा पुं० [स०] शिव [को० ।

स्रुवहोम—सज्ञा पुं० [स०] स्रुवा द्वारा किया हुआ हवन या आहुति ।

स्रुवा—सज्ञा—स्त्री० [स०] लकडी की बनी हुई एक प्रकार की छोटी करछी जिससे हवनादि मे घी की आहुति देते है । सुरवा । उ०—चाप स्रुवा सर आहुति जानू । कोप मोर अति घोर कृसानू ।—तुलसी (शब्द०) ।

विशेष—इस अर्थ मे हिंदी मे यह शब्द प्राय पुल्लिग बोला जाता है ।

२ झरना । निर्झर (को०) । ३ सलई । शल्लकी वृक्ष । ४ मरोड-फली । मूर्वा ।

स्रुवा वृक्ष—सज्ञा पु० [स०] विककत वृक्ष [को०] ।

स्रू—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लकडी की बनी हुई एक प्रकार की छोटी करछी जिससे हवनादि मे घी की आहुति देते है । स्रुव । स्रुवा । सुरवा । २ झरना । निर्झर ।

स्रेनी Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [स० श्रेणी] दे० 'श्रेणी' । उ०—देव दनुज किन्नर नर स्रेनी । सादर मज्जहिं सकल त्रिवेनी ।—तुलसी (शब्द०) ।

स्रेय Ⓤ—सज्ञा पुं० [स० श्रेय] दे० 'श्रेय' । उ०—जदपि देह वल्लभ सबहि, चहत जासु जग स्रेय । तदपि धरम धुर धरन कौ, लहि कछु अहै अदेय ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४९१ ।

स्रेनी—सज्ञा स्त्री० [स० श्रेणी] दे० 'श्रेणी' । उ०—बन्यो हे जलज स्रेनी खेला छुटी हे रग की धार ।—नद० ग्र०, पृ० ३९५ ।

स्रोत[1]—सज्ञा पुं० [स०] झरना । सोता । जलप्रवाह । दे० 'स्रोत[2]' ।

स्रोत[2]—सज्ञा पु० [स० स्रोतस्] १ पानी का बहाव या झरना । जलप्रवाह । धारा । २ नदी । ३ वैद्यक के अनुसार शरीरस्थ छिद्र या मार्ग जो पुरुषो मे प्रधानत ९ और स्त्रियो मे ११ माने गए है । इनके द्वारा प्राण, अन्न, जल, रस, रक्त, मास, मेद, मल, मूत्र शुक्र और आर्तव का शरीर मे सचार होना माना जाता है । ४ वशपरपरा । कुलधारा । ५ ऊर्मि । तरग । लहर (को०) । ६ जल (को०) । ७ ज्ञानेंद्रिय (को०) । ८ हाथी की सूँड (को०) । ९ तीव्र गति या वेग (को०) । १० पशुओ के शरीर का छेद (को०) । ११ गति । गमन (को०) ।

स्रोतआपत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] बौद्ध शास्त्र के अनुसार निर्वाण साधना की प्रथम अवस्था जिसमे सासारिक बधन शिथिल होने लगते है ।

स्रोतआपन्न—वि० [स०] जो निर्वाण साधना की प्रथम अवस्था पर पहुँचा हो ।

स्रोतईश—सज्ञा पुं० [स०] नदियो का स्वामी, समुद्र । सागर ।

स्रोतनदीभव—सज्ञा पु० [स०] यमुना मे उत्पन्न अजन । सुरमा [को०] ।

स्रोतपत—सज्ञा पु० [स० स्रोत + पति] समुद्र । (डिं०) ।

स्रोतस्य—सज्ञा पु० [स०] १ शिव का एक नाम । २ चोर । चौर ।

स्रोतस्वती—सज्ञा स्त्री० [स०] नदी ।

स्रोतस्विनी—सज्ञा स्त्री० [स०] नदी ।

स्रोतजान—सज्ञा पुं० [स० स्रोताञ्जन] दे० 'स्रोतोऽजन' ।

स्रोता Ⓤ—सज्ञा पु० [स० श्रोता] दे० 'श्रोता' । उ०—ते स्रोता बकता समसीला । समदरसी जानहिं हरिलीला ।—तुलसी (शब्द०) ।

स्रोतापत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्रोतआपत्ति' ।

स्रोतोऽजन—सज्ञा पु० [स० स्रोतोऽञ्जन] आँखो मे लगाने का एक प्रकार का सुरमा ।

स्रोतोनुगत—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार की समाधि । (बौद्ध) ।

स्रोतोज—सज्ञा पुं० [स०] आँखो मे लगाने का सुरमा ।

स्रोतोजव—सज्ञा पुं० [स०] स्रोत का वेग । धारा का बहाव ।

स्रोतोद्भव—सज्ञा पुं० [स०] सुरमा ।

स्रोतोनदीभव—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्रोतनदीभव' ।

स्रोतोवह—सज्ञा स्त्री० [स०] नदी ।

स्रोतोवहा—सज्ञा स्त्री० [स०] नदी ।

स्रोन Ⓤ[1]—सज्ञा पु० [स० श्रवण]' । दे० 'श्रवण' । उ०—जीह कहै बतियाँई कियो करी स्रोन कहै, उनही की सुनीजै ।—रसकुसुमाकर (शब्द०) ।

स्रोन Ⓤ[2]—सज्ञा पु० [?] रक्त । शोणित ।

स्रोनित Ⓤ—पज्ञा पु० [सं० श्रोणित] रक्त । दे० 'शोणित' । उ०—मारि तरवारि प्रान पर के निकारि लेत, भल्ल डारि भरै भूमि स्रोनित के ठोप सो ।—गोपाल (शब्द०) ।

स्रौग्मत—सज्ञा पु० [स०] एक साम का नाम ।

स्रौघ्निका—सज्ञा स्त्री० [स०] सज्जी । सर्जिका क्षार ।

स्रौत—सज्ञा पुं० [स०] एक साम का नाम ।

स्रौतिक—सज्ञा पुं० [स०] सीप । शुक्ति ।

स्रौतोवह—वि० [स०] धारा या नदी सबधी [को०] ।

स्रौन[1]—सज्ञा पु० [स० श्रवण] श्रवण । कान । उ०—पूरन न होत स्रौन वाकी सुन बात ते ।—नट०, पृ० ६२ ।

स्रौन[2]—सज्ञा पु० [स०] शोणित । रक्त ।

स्रौव—वि० [स०] १ यज्ञ सबधी । २. स्रुवा का । स्रुवा सबधी ।

स्लिप—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ परचा । चिट । २. कागज का लबा टुकड़ा

जिसपर कपोज करने के लिये कुछ लिखा जाय। जैसे,—उनकी तीन स्लिपो मे एक पेज मैटर निकलता है। (कपोजीटर)।

स्लीपर[2]—सज्ञा पु० [अ० स्लिपर] एक प्रकार की जूती जो एडी की ओर से खुली होती है। चट्टी।

यौ०—फुल स्लीपर=स्लीपर के आकार का एक प्रकार का जूता जो पीछे एडी की ओर भी साधारण जूतो की भाँति बद रहता है।

स्लीपर[3]—सज्ञा पु० [अ०] १ लकडी का वह चौपहल लबा टुकडा या धरन जो प्राय रेल की पटरियो के नीचे बिछी रहती है। २ रेल का वह डब्बा जिसमे अतिरिक्त शुल्क देने पर यात्रियो के शयन करने की व्यवस्था रहती है। रेलवे विभाग द्वारा उसका शायिका या शयनयान नामकरण किया गया है (आधुनिक)।

स्लेज—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक प्रकार की बिना पहिए की गाडी जो बर्फ पर घसिटती हुई चलती है।

स्लेट—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ एक प्रकार के चिकने पत्थर की चौकोर चौरस पतली पटरी जिसपर प्रारभिक श्रेणियो के विद्यार्थी अक्षर और अक लिखकर अभ्यास करते है। जो हाथ या कपडे से पोछने अथवा पानी से धोने से मिट जाता है।

विशेष—आजकल टीन पर भी समेट पत्थर के चूर्ण को जमा करके बच्चो के लिखने की पूर्वोक्त पटरी बनाई जाती है।

२ एक विशेष प्रकार का पत्थर जिससे उक्त पटरी बनाई जाती है।

स्लेसम अग—सज्ञा पु० [सं० श्लेष्मा+अङ्ग] लसूडे का वृक्ष। (डि०)।

स्लो[1]—वि० [अ०] १ धीमी चाल से चलनेवाला। मदगति। जैसे,—स्लो पैसेंजर। २ सुस्त। काहिल।

स्लो[2]—सज्ञा पु० घडी की चाल का मद या धीमा होना।

स्लोथ—सज्ञा पु० [अ०] एक प्रकार का बहुत सुस्त जानवर।

विशेष—यह दक्षिण अमेरिका के जगलो मे पाया जाता है। इसके दाँत बहुत कम होते हैं और प्राय कटीले नही होते। किसी किसी के तो बिल्कुल दाँत ही नही होते। यह पेडो की पत्तियाँ खाकर गुजारा करता है। जब तक पेड की सब पत्तियाँ नही खा लेता, तब तक उस पेड से नही उतरता। यह हिंसक जतु नही है। पर यदि कोई इसपर आक्रमण करे तो यह अपने नाखूनो से अपनी रक्षा कर सकता है।

स्वग[1]—सज्ञा पु० [स० स्वङ्ग] १ आलिंगन। २ वह जिसका शरीर सुदर हो। अच्छे अगोवाला [को०]।

स्वजन—सज्ञा पु० [स० स्वञ्जन] आलिंगन। भेटना [को०]।

स्वत—वि० [स० स्व] १ जिसका अत या परिणाम शुभद हो। २ शुभ। मागलिक [को०]।

स्व—सज्ञा पु० [सं०] स्वर्ग।

स्व पति—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग का स्वामी—इद्र [को०]।

स्व पथ—सज्ञा पु० [स०] (स्वर्ग का मार्ग) मृत्यु।

स्व पाल—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग का रक्षण करनेवाला।

स्व पृष्ठ—सज्ञा पु० [सं०] कई सामो के काम।

स्व साद—सज्ञा पु० [स०] देवता, जिनका स्वर्लोक निवास है।

स्व सरिता—सज्ञा स्त्री० [स० स्व सरिता] गगा।

स्व सिधु—सज्ञा स्त्री० [सं० स्व सिन्धु] स्वर्नदी। गगा [को०]।

स्व सुदरी—सज्ञा स्त्री० [सं० स्व सुन्दरी] अप्सरा।

स्व स्यदन—सज्ञा पु० [सं० स्व स्यन्दन] इद्रथ [को०]।

स्व स्रवती—सज्ञा स्त्री० [स० स्व स्रवन्ती] गगा [को०]।

स्व[1]—सज्ञा पु० [सं० स्व] १ अपना आप। निज। आत्म। २ विष्णु का एक नाम। ३ भाई बधु। गोती। सबधी। ज्ञाति। ४ धन। दौलत। जैसे,—नि स्व=निर्धन। ५ आत्मा। ६ गणित मे धन राशि (को०)। ७ अह (को०)। ८ प्रकृति। स्वभाव (को०)।

स्व[2]—वि० १ अपना। निज का। जैसे,—स्वदेश, स्वराज्य, स्वजाति। उ०—वृद वृद गोपिका, चली स्वसाज साजिकर मद मद हास हैं, लजावै हस गति को।—नल्लू० (शब्द०)। २ प्राकृतिक। नैसर्गिक (को०)। ३ जो अपने कुटुब या कबीले का हो (को०)।

यौ०—स्वकाय। स्वकाल=ठीक समय। स्वगुप्त।

स्वकपन—सज्ञा पु० [स० स्वकम्पन] वायु। हवा।

स्वकवला—सज्ञा स्त्री० [स० स्वकम्बला] मार्कडेयपुराण मे वर्णित एक नदी का नाम।

स्वक[1]—वि० [सं०] स्वय का। अपना। व्यक्तिगत। निजी [को०]।

स्वक[2]—सज्ञा पु० १ सगी। साथी। दोस्त। मित्र। २ निजी धन-दौलत [को०]।

स्वकरण—सज्ञा पु० [सं०] १ कौटिल्य के अनुसार किसी वस्तु पर अपना स्वत्व जताना। दावा करना। २. किसी स्त्री को अपना बनाना। विवाह करना।

स्वकरण भाव—सज्ञा पु० [सं०] किसी वस्तु पर बिना अपना स्वत्व सिद्ध किए अधिकार करना। बिना हक साबित किए कब्जा करना।

स्वकरण विशुद्ध—सज्ञा पु० [स०] वह पदार्थ जिसपर किसी व्यक्ति का स्वत्व न हो।

स्वकर्म—सज्ञा पु० [सं० स्वकर्मन्] अपना कर्तव्य। अपना काम [को०]।

यौ०—स्वकर्मकृत्=अपना काम करनेवाला। वह जो स्वतत्र रूप से अपना काम करता हो।

स्वकर्मा—वि० [स० स्वकर्मन्] अपना कर्तव्य पूर्ण करनेवाला [को०]।

स्वकर्मी—वि० [स० स्वकर्मिन्] केवल अपने ही काम से मतलब रखनेवाला। स्वार्थी। खुदगरज।

स्वकामी—वि० [स० स्वकामिन्] १ अपना स्वार्थ देखनेवाला। मतलबी। २ अपने इच्छानुसार आचरण करनेवाला [को०]।

स्वकार्य—सज्ञा पु० [सं०] अपना या निज का काम। व्यक्तिगत काम। निजी काम।

स्वकाल—सज्ञा पु० [स०] ठीक समय। उपयुक्त काल।

स्वकियाⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वकीया] दे० 'स्वकीया'। उ०—हे सखि औरन के जे पिया। बात सुनहिं स्वकिया परकिया।—नद० ग्र०, पृ० १५७।

स्वकीय—वि० [स०] १ अपना। निज का। २ अपने कुटुंब या गोत्र का।

स्वकीया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ अपनी विवाहिता स्त्री। पत्नी। २ साहित्य मे नायिका के दो प्रधान भेदो मे से एक। वह नायिका या स्त्री जो अपने ही पति मे अनुराग रखनेवाली हो।

विशेष—स्वकीया दो प्रकार की कही गई है—१ ज्येष्ठा और २ कनिष्ठा। अवस्थानुसार इनके तीन और भेद किए गए है—मुग्धा, मध्या और प्रौढा। (विशेष दे० ये शब्द)।

स्वकुल—सज्ञा पुं० [स०] अपना कुल, खानदान या वश।

स्वकुलक्षय—सज्ञा पुं० [स०] मत्स्य। मछली (जो अपने वश का आप ही नाश करती है)।

स्वकुल्य—वि० [स०] अपने खानदान या वश का [को०]।

स्वकृतभुक्—वि० [स० स्वकृतम्भुज] अपने किए को, प्रारब्ध को भोगने वाला [को०]।

स्वकृत—सज्ञा पुं० [स०] अपना कर्तव्य। अपना काम [को०]।

स्वक्त—वि० [स०] अच्छी तरह लिप्त [को०]।

स्वक्ष(पु)[1]—वि० [स० स्वच्छ] दे० 'स्वच्छ'। उ०—अति स्वक्ष सुदर हेम फटिक की शिला गसि कै गली।—गुमान (शब्द०)।

स्वक्ष[2]—वि० [स०] १ सुदर आँखोवाला। २ जिसका अक्ष या धुरा सुदर हो। ३ जिसके अवयव पुष्ट एव पूर्ण हो [को०]।

स्वक्ष[3]—सज्ञा पु० १ एक प्राचीन जाति। २ वह रथ जिसका धुरा अच्छा हो [को०]।

स्वक्षत्र—वि० [स०] १ जिसमे सहजात या प्राकृतिक शक्ति हो। २ जो स्वाधीन हो। [को०]।

स्वगत[1]—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'स्वगतकथन'।

स्वगत[2]—वि० १ अपने आपमे या अपने प्रति कहा हुआ। २ निजी। व्यक्तिगत। ३ आत्मीय। अपना।

स्वगत[3]—क्रि० वि० आप ही आप (कहना या बोलना)। इस प्रकार (कहना या बोलना) जिसमे और कोई न सुन सके। अपने आपसे।

स्वगतकथन—सज्ञा पु० [स०] नाटक मे पात्र का आप ही आप बोलना।

विशेष—जिस समय रगमच पर कई पात्र होते हैं, उस समय यदि उनमे से कोई पात्र अन्य पात्रो से छिपाकर इस प्रकार कोई बात कहता है, मानो वह किसी को सुनाना नही चाहता और न कोई उसकी बात सुनता ही है, तो ऐसे कथन को स्वगत, स्वगतभाषण, अश्राव्य या आत्मगत कहते है।

स्वगति—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का छद [को०]।

स्वगुप्त—वि० [पु०] आत्मरक्षित [को०]।

स्वगुप्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कौछ। केवाँछ। २ लजालू। लज्जालू।

स्वगृह—सज्ञा पुं० [सं०] १ कलिकार नामक पक्षी। २ अपना गृह। अपना घर (को०)।

स्वगोचर—वि० [स०] अपना विषय [को०]।

स्वगोप—वि० [स०] आत्मरक्षित [को०]।

स्वग्रह—सज्ञा पु० [स०] बालको को होनेवाला एक प्रकार का रोग।

स्वचर—वि० [स०] अपने आप चलनेवाला [को०]।

स्वचित्तकारु—सज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य के अनुसार वह शिल्पी जो किसी श्रेणी के अतर्गत होते हुए भी स्वतत्र रूप से काम करता हो। स्वतत्र कारीगर। (को०)।

स्वच्छद[1]—वि० [स० स्वच्छन्द] १ जो किसी दूसरे के नियत्रण मे न हो और अपनी ही इच्छा के अनुसार सब कार्य करे। स्वाधीन। स्वतत्र। आजाद। उ०—(क) सबहि भाँति अधिकार लहि अभिमानी नृप चद। नहिं सहिहै अपमान सब, राजा होइ स्वच्छद।—हरिश्चद्र (शब्द०)। (ख) सुख सो ऐसो मोद रमै रीते मन माही। विघ्न, ईरषा, अवधि रहित स्वच्छद सदाही।—श्रीधर (शब्द०)। (ग) कुतुबुद्दीन ऐबक के समय तक यह स्वच्छद राज्य था।—बालकृष्ण (शब्द०)। २ अपने इच्छानुसार चलनेवाला। मनमाना काम करनेवाला। निरकुश। ३ (जगली आदि मे) अपने आपसे होनेवाला। जगली (पौधा या वनस्पति)।

स्वच्छद[2]—सज्ञा पुं० १ स्कद का एक नाम। २ अपना मनोरथ। अपनी पसद (को०)।

स्वच्छद[3]—क्रि० वि० मनमाना। बेधडक। निर्द्वद। स्वतत्रतापूर्वक। उ०—(क) बालक रूप ह्वै के दसरथसुत करत केलि स्वच्छद। —सूर (शब्द०)। (ख) इस पर्वत की रम्य जटी मे मैं स्वच्छद विचरता हूँ।—श्रीधर (शब्द)।

स्वच्छदचर—वि० [स० स्वच्छन्दचर] आजाद। स्वतत्र [को०]।

स्वच्छदचारिणी—सज्ञा स्त्री० [स० स्वच्छन्दचारिणी] वारस्त्री। गणिका। वेश्या। रडी।

स्वच्छदचारी—वि० [स० स्वच्छन्दचारिन्] [वि० स्त्री० स्वच्छदचारिणी] अपने इच्छानुसार चलनेवाला। स्वेच्छाचारी। मनमौजी।

स्वच्छदता—सज्ञा स्त्री० [स० स्वच्छन्दता] स्वच्छद होने का भाव। स्वतत्रता। आजादी।

स्वच्छदतावाद—सज्ञा पु० [स० स्वच्छन्दता + वाद (अ० रोमाटिसिज्म)] नवीनता, वैयक्तिकता, असाधारणता, भव्यता आदि के चित्रण को काव्य का प्रधान लक्षण मानने का सिद्धात जिसके अनुसार रचना मे परपरा और नियम का विरोध तथा अस्पष्टता को प्रश्रय दिया जाता है। उ०—काव्य की पुरानी बँधी रूढियो को हटाकर केवल मुक्त कल्पना और भावो की अप्रतिबद्ध गति को लेकर योरप मे स्वच्छदतावाद (रोमाटिसिज्म) का प्रचार हुआ।—चिंतामणि, भा० २, पृ० १०८।

स्वच्छदतावादी—वि० [स० स्वच्छन्दता + वादिन्] स्वच्छदतावाद का सिद्धात माननेवाला।

स्वच्छदनायक—संज्ञा पुं० [स० स्वच्छदनायक] सन्निपात ज्वर की एक औषध।

विशेष—इसके बनाने की विधि इस प्रकार है—पारा, गधक, लोहा और चादी बराबर बराबर लेकर हड़हुड, सम्हालू तुलसी, सफेद चीता, लाल चीता, अदरक, भाँग, हर्रे, मकोय और पचपित्त मे भावना दे, मूषा मे बद कर बालुका यत्र मे पाक करते हैं। इसकी मात्रा एक माशे की कही गई है।

स्वच्छदभैरव—संज्ञा पु० [स० स्वच्छन्दभैरव] उग्र सन्निपात ज्वर की एक औषध का नाम।

विशेष—इसके बनाने की विधि इस प्रकार है—पारा १ तोला, गधक १ तोला, दोनो की कज्जली कर उसमे शोधित स्वर्णमाक्षिक १ तोला मिलाते हैं, फिर क्रम से रुद्रजटा, सम्हालू, हर्रे, आँवला और विषकठाली के रस (एक एक तोला) मे घोटते ह। इसकी मूग के बराबर गोली बनती है।

स्वच्छ[1]—वि० [स०] १ जिसमे किसी प्रकार की मैल या गदगी आदि न हो। निर्मल। साफ। २ उज्वल। शुभ्र। ३ स्पष्ट। साफ। ४ स्वस्थ। निरोग। ५ शुद्ध। पवित्र। ६ सुदरता से युक्त। सौदर्यपूर्ण। ७ निष्कपट।

स्वच्छ[2]—संज्ञा पु० १ बिल्लौर। स्फटिक। २ बेर। बदरी वृक्ष। ३ मोती। मुक्ता। ४ अभ्रक। अबरक। ५ सोनामाखी। स्वर्णमाक्षिक। ६ रूपामाखी। रौप्यमाक्षिक। ७ विमल नामक उपधातु। शुद्ध खटिका या खडिया। ८ सोने और चाँदी का मिश्रण।

स्वच्छक—वि० [स०] अत्यत निर्मल। अत्यत स्वच्छ या साफ (को०)।

स्वच्छता—संज्ञा स्त्री० [स०] स्वच्छ होने का भाव। निर्मलता। विशुद्धता। सफाई।

स्वच्छत्व—संज्ञा पुं० [दे०] स० 'स्वच्छता'।

स्वच्छद्रव्य—संज्ञा पुं० [स०] श्वेतवर्ण की शरीरधातु (को०)।

स्वच्छधातुक—संज्ञा पु० [स०] सोने तथा चाँदी का मिश्रण (को०)।

स्वच्छना ॐ—क्रि० स० [स० स्वच्छ + हिं०ना (प्रत्य०)] निमल करना। शुद्ध करना। पवित्र करना। साफ करना। उ०—दडक बन मुनि जान, भोगी मुनि दिय शाप तिन। गिरि बालू दिन सात, जरेउ देश सो स्वच्छिये।—विश्राम (शब्द०)।

स्वच्छपत्र—संज्ञा पु० [स०] अबरक। अभ्रक।

स्वच्छभाव—संज्ञा पु० [स०] अत्यत स्वच्छ होना। अत्यत निर्मल वा पारदर्शी होना।

स्वच्छमणि—संज्ञा पुं० [स०] बिल्लौर। स्फटिक।

स्वच्छवालुक—संज्ञा पु० [स०] शुद्ध खटिका या खडिया। दे० 'स्वच्छवालुका' (को०)।

स्वच्छवालुका—संज्ञा स्त्री० [स०] विमल नामक उपधातु।

स्वच्छा—संज्ञा स्त्री० [स०] श्वेतदूर्वा। सफेद दूब।

स्वच्छी ॐ—वि० [स० स्वच्छ] दे० 'स्वच्छ'। उ०—एक वृक्ष मे सम द्वै पक्षी। फल भोगै इक दूजो स्वच्छी।—विचारसागर (शब्द०)।

स्वज[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ पुत्र। बेटा। २ खून। रक्त। ३ पसीना। स्वेद। ४ एक प्रकार का विषैला साँप (को०)।

स्वज[2]—वि० १ अपने मे उत्पन्न। २ प्राकृतिक। स्वाभाविक (को०)।

स्वजन—संज्ञा पु० [स०] १ अपने परिवार के लोग। आत्मीय जन। २ सगे सबधी। रिश्तेदार।

स्वजनगधी—वि० [स० स्वजनगन्धिन्] जिसमे दूर की रिश्तेदारी या सबध हो [को०]

स्वजनता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्वजन होने का भाव। आत्मीयता। २ नातेदारी। रिश्तेदारी।

स्वजनी—संज्ञा स्त्री० [स० स्वजन] सखी। उ०—स्वजनि, क्या कहा—'वे यहाँ कहाँ ?' तदपि दीखते है जहाँ तहाँ ?—साकेत, पृ० ३१३।

स्वजन्मा—वि० [स० स्वजन्मन्] जो अपने आप उत्पन्न हुआ हो। अपने आपसे उत्पन्न (ईश्वर आदि)। उ०—तुम अज्ञात सर्वज्ञ हो, तुम स्वजन्मा सबके कर्ता हो, तुम अनीश सबके ईश हो, एक सर्वरूप हो।—लक्ष्मण (शब्द०)।

स्वजा—संज्ञा स्त्री० [स०] कन्या। पुत्री। बेटी।

स्वजात[1]—वि० [सं०] अपने से उत्पन्न।

स्वजात[2]—संज्ञा पुं० पुत्र। बेटा।

स्वजाति—संज्ञा स्त्री० [स०] अपनी जाति। अपनी कौम। जैसे,—उन्होने अपनी कन्या का विवाह स्वजाति मे न करके दूसरी जाति मे किया।

स्वजातिद्विष्—संज्ञा पु० [स०] (अपनी जाति से द्वेष करनेवाला) कुत्ता।

स्वजातीय—वि० [स०] १ अपनी जाति का। अपने वर्ग का। जैसे,—अपने स्वजातियो के साथ खान पान करने मे कोई हानि नहीं है। २ एक ही वर्ग या जाति का। जैसे,—ये दोनो पौधे स्वजातीय हैं।

स्वजात्य—वि० [स०] अपनी जाति या वर्ग का [को०]।

स्वज्ञाति[1]—संज्ञा स्त्री० [स०] अपनी जाति। स्वजाति।

स्वज्ञाति[2]—संज्ञा पु० [स०] रिश्तेदार। सबधी (को०।

स्वतत्र—वि० [स० स्वतन्त्र] [वि० स्त्री० स्वतत्रा] १ जो किसी के अधीन न हो। स्वाधीन। मुक्त। आजाद। जैसे,—(क) आयरलैंड पहले अँगरेजो के अधीन था, पर अब स्वतत्र हो गया। (ख) नैपाल राज्य ने सब गुलामो को स्वतत्र कर दिया। २ अपने इच्छानुसार चलनेवाला। मनमानी करनेवाला। स्वेच्छाचारी। निरकुश। जैसे,—वहाँ के राज्याधिकारी परम स्वतत्र हैं, खूब मनमानी कर रहे हैं। उ०—परम स्वतत्र न सिर पर कोई। भावहि मनहि करहु तुम्ह सोई।—तुलसी।

३ अलग। जुदा। भिन्न। पृथक्। जैसे,—(क) राजनीति का विषय ही स्वतंत्र है। (ख) इसपर एक स्वतंत्र लेख होना चाहिए। ४ किसी प्रकार के बधन या नियम आदि से रहित अथवा मुक्त। जैसे,—वे स्वतंत्र विचार के मनुष्य हैं। ५ वयस्क। स्याना। बालिग।

स्वतंत्रता—सज्ञा स्त्री० [स० स्वतन्त्रता] १ स्वतंत्र होने का भाव। स्वाधीनता। आजादी। उ०—हिमाद्रि तुग शृग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती, स्वयप्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती।—भरना, पृ० १। २ मौलिकता। निजता (को०)। ३ कामाचार। स्वेच्छाचारिता। स्वच्छदता (को०)।

स्वतंत्रता सग्राम—सज्ञा पुं० [स० स्वतन्त्रता सग्राम] वह लडाई या सघर्ष जो देश से किसी अन्य देश के अधिकार या शासन को हटाने के लिये किया जाय।

स्वतंत्रद्वैधीभाव—सज्ञा पु० [स० स्वतन्त्रद्वैधीभाव] वह जो स्वतंत्र रूप से अपना हित समझकर दो शत्रुओ से मेलजोल रखता हो।

स्वतंत्री—वि० [स० स्वतन्त्रिन्] स्वाधीन। मुक्त। आजाद। दे० 'स्वतंत्र'।

स्वत—अव्य० [स० स्वतस्] अपने आप। आप ही। जैसे,—(क) उसने मुझसे कुछ माँगा नही, मैंने स्वत उसे दस रुपए दे दिए। (ख) वेद ईश्वर से उत्पन्न हुए, इससे वे स्वत नित्य स्वरूप है। (ग) वेद ईश्वरकृत होने के कारण स्वत प्रमाण हैं। (घ) पक्षी का उडना स्वत सिद्ध है।

यौ०—स्वत प्रमाण = जो अपना प्रमाण या सबूत खुद हो। स्वत सिद्ध = जो स्वय सिद्ध हो। जिसे सिद्ध करने के लिये साध्य की जरूरत न हो। स्वत स्फूर्त = जो स्वय स्फूर्त या स्फुरणशील हो।

स्वता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वामित्व। अधिकार। हक [को०]।

स्वतोविरोध—सज्ञा पु० [सं० स्वत + विरोध] आप ही अपना विरोध या खडन करना।

स्वतोविरोधी—सज्ञा पु० [स० स्वत + विरोधिन्] अपना ही विरोध या खडन करनेवाला। उ०—नास्तिको के विषय मे ऐसा नियम बनाना स्वतोविरोधी है, वह खुद ही अपना खडन करता है।—द्विवेदी (शब्द०)।

स्वत्र[1]—वि० [स०] अपना त्राण करनेवाला। आत्मरक्षक [को०]।

स्वत्र[2]—सज्ञा पु० नेत्रहीन व्यक्ति। अधा व्यक्ति [को०]।

स्वत्व—सज्ञा पु० [स०] १ किसी वस्तु को पाने, पास रखने या व्यवहार मे लाने की योग्यता जो न्याय और लोकरीति के अनुसार किसी को प्राप्त हो। किसी वस्तु को अपने अधिकार मे रखने, काम मे लाने या लेने का अधिकार। अधिकार। हक। जैसे,—(क) इस सपत्ति पर हमारा स्वत्व है। (ख) उन्होने अपनी पुस्तक का स्वत्व बेच दिया। (ग) भारतवासी अपने स्वत्वो के लिये आदोलन कर रहे है। २ 'स्व' का भाव। अपना होने का भाव। उ०—तृतीय यह कि जो स्वत्व, परत्व, नीच, ऊँच का विचार त्याग कर समस्त जीवो पर समान दृष्टि मत हो।—श्रद्धाराम (शब्द०) ३ स्वतंत्रता। स्वाधीनता (को०)।

स्वत्वज्ञान—सज्ञा पुं० [स०] अपनेपन का ज्ञान। मैं का ज्ञान। अह का बोध।

स्वत्वनिवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्वामित्व का न रहना। अधिकार की समाप्ति [को०]।

स्वत्वबोधन—सज्ञा पुं० [स०] स्वत्व को साबित करनेवाला, प्रमाण। अधिकार या हक को पुष्ट करनेवाला सबूत [को०]।

स्वत्वरक्षा—सज्ञा पु० [स०] १ स्वामित्व की रक्षा। अधिकार को कायम रखना। २ अपनी स्वतंत्रता या स्वाधीनता को बनाए रखना [को०]।

स्वत्वहानि—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्वत्वनिवृत्ति'।

स्वत्वहेतु—सज्ञा पुं० [स०] स्वामित्व का कारण। स्वत्व या अधिकार का आधार [को०]।

स्वत्वाधिकारी—सज्ञा पुं० [स० स्वत्वाधिकारिन्] १ वह जिसके हाथ मे किसी विषय का पूरा स्वत्व हो। २ स्वामी। मालिक।

स्वदन—सज्ञा पु० [स०] १ स्वाद लेना। आस्वादन। खाना। भक्षण। २ लोहा। लौह धातु।

स्वदित—वि० [स०] आस्वादित। भक्षणीकृत। चखा हुआ [को०]।

स्वदेश—सज्ञा सज्ञा [स०] वह देश जिसमे किसी का जन्म और पालन-पोषण हुआ हो। अपना और अपने पूर्वजो का देश। मातृभूमि। वतन।

यौ०—स्वदेशज = अपने देश या वतन का। अपनी मातृभूमि का व्यक्ति। स्वदेशप्रेम = दे० 'स्वदेशभक्ति'। स्वदेशबधु = दे० 'स्वदेशज'। स्वदेशभक्ति = अपनी मातृभूमि के प्रति प्रगाढ निष्ठा। स्वदेश-स्मारी = अपने देश का स्मरण करनेवाला। स्वदेशस्मृति = अपने देश या वतन की याद।

स्वदेशाभिष्यदव—सज्ञा पु० [स० स्वदेशाभिष्यन्दव] कौटिल्य के अनुसार स्वराष्ट्र मे जहाँ आबादी बहुत अधिक हो गई हो, वहाँ से कुछ जनता को दूसरे प्रदेश मे बसाना।

स्वदेशी—वि० [स० स्वदेशीय] १ अपने देश का। अपने देश सबधी। जैसे,—स्वदेशी भाई। स्वदेशी उद्योग धधा। स्वदेशी रीति। २ अपने देश मे उत्पन्न या बना हुआ। जैसे,—स्वदेशी वस्त्र। स्वदेशी औषध।

स्वदेशीय—वि० [स०] दे० 'स्वदेशी'।

स्वधर्म—सज्ञा पु० [स०] १ अपना धर्म। अपना कर्तव्य। कर्म। २ अपनी निजता या विशेषता।

यौ०—स्वधर्मच्युत = अपने धर्म, कर्तव्य या विशेषता से रहित। स्वधर्म से गिरा हुआ। स्वधर्मत्याग = अपने कर्म का परित्याग करना। स्वधर्मत्यागी = स्वधर्म का परित्याग कर अन्य धर्म स्वीकार करनेवाला। स्वधर्मवर्ती = अपने कर्तव्य या कर्म मे लगा रहनेवाला। स्वधर्मस्खलन = कर्तव्य कर्म की उपेक्षा करना। स्वधर्मस्थ = अपने कर्म मे लगा हुआ।

स्वधर्माभिमानी—वि० [स० स्वधर्म + अभिमानिन्] जिसे अपने धर्म पर अभिमान हो। उ०—तो किसी स्वदेश, स्वजाति व स्वधर्माभिमानी आर्य्य सनान की समझ मे।—प्रेमघन० भा०२, पृ० २८६।

स्वधा[1]—अव्य० [स०] एक शब्द या मत्र जिसका उच्चारण देवताओ या पितरो को हवि देने के समय किया जाता है।

विशेष—मनु के अनुसार श्राद्ध के उपरात स्वधा का उच्चारण श्राद्धकर्ता के लिये बडा आशीर्वाद है।

स्वधा[2]—सज्ञा स्त्री० १ पितरो को दिया जानेवाला अन्न या भोजन। पितृ अन्न। उ०—मेरे पीछे पिड का लोप देख मेरे पुरखे स्वधा इकट्ठी करने मे लगे हुए, श्राद्ध मे इच्छापूर्वक भोजन नही करते।—लक्ष्मण (शब्द०)। २ दक्ष की एक कन्या जो पितरो की पत्नी कही गई है। ३ अपनी प्रकृति या स्वभाव। अपनी इच्छा या रुचि (को०)। ४ अन्न या आहुति (को०)। ५ पितरो को दी जानेवाली आहुति या हवि (को०)। ६ अपना अश या भाग (को०)। ७ श्राद्ध। मृतककर्म (को०)। ८ सासारिक भ्रम। माया (को०)।

स्वधाकर—वि० [स०] श्राद्ध करनेवाला। श्राद्धकर्ता।

स्वधाकार[1]—वि० [स०] दे० 'स्वधाकर'।

स्वधाकार[2]—सज्ञा पु० स्वधा शब्द का उच्चारण।

स्वधानिनयन—सज्ञा पुं० [स०] पितरो के निमित्त हवि बनाते समय प्रयोग मे आनेवाला सूत्र या सूक्त मत्र [को०]।

स्वधाधिप—सज्ञा पुं० [स०] अग्नि।

स्वधाप्रिय—सज्ञा पुं० [स०] १ अग्नि। २ काला तिल। ३ पितृगण। पितर जिन्हें स्वधा प्रिय हैं (को०)। ४ पितृलोक (को०)।

स्वधाभुक्—सज्ञा पु० [स० स्वधाभुज्] १ पितर। २ देवता।

स्वधाभोजी—सज्ञा पुं० [स० स्वधाभोजिन्] १ पितर। पितृगण। २ देवता। देवगण (को०)।

स्वधामन्—सज्ञा पुं० [स०] १ भागवत के अनुसार सूनृता के एक पुत्र का नाम। २ तृतीय मन्वतर का एक देवगण [को०]।

स्वधाशन—सज्ञा पु० [स०] पितर। पितृगण।

स्वधित वि० [स०] दृढ। ठोस [को०]।

स्वधिति—सज्ञा पुं०, स्त्री० [स०] १ कुल्हाडी। कुठार। २ वज्र। ३ आरा (को०)। ४ कडी लकडियोवाला एक विशाल वृक्ष (को०)।

स्वधितिहेतिक—सज्ञा पु० [स०] परशुधारी योद्धा। कुठार धारण करनेवाला सैनिक।

स्वधिती—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्वधिति' [को०]।

स्वधिष्ठान—वि० [स०] जो अच्छी स्थिति मे हो। जो अच्छे स्थान से युक्त हो। जैसे, युद्धरथ।

स्वधिष्ठित—वि० [स०] १ जो ठहरने या रहने के लिये उत्तम हो। २ अच्छी तरह सधाया वा सिखाया हुआ [को०]।

स्वधीत[1]—वि० [स०] अच्छी तरह पढा हुआ। सम्यक् रूप से अध्ययन किया हुआ।

स्वधीत[2]—सज्ञा पुं० अच्छी तरह पढा हुआ शास्त्र [को०]।

स्वधीति—सज्ञा पुं० [स०] १ उत्तम वेदपाठी या ब्रह्मचारी [को०]।

स्वधीन—वि० [स० स्वाधीन] दे० 'स्वाधीन'। उ०—भूमि सकि स्वधीन पुन्य तनय देवा रहस्य मन।—पृ० रा०, १।४७८।

स्वधुर्—वि० [स०] जो पराधीन न हो। स्वाधीन [को०]।

स्वनदा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वनन्दा] दुर्गा।

स्वन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ शब्द। ध्वनि। आवाज। जैसे, शख स्वन। उ०—सुरगन मिलि जय जय स्वन कीन्हा। असुरहि कृष्ण परम पद दीन्हा।—गोपाल (शब्द०) २ एक प्रकार की अग्नि [को०]।

स्वन[2]—वि० बुरा शब्द करनेवाला [को०]।

स्वनचक्र—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का सभोग आसन या रतिबध।

स्वनाभक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का अस्त्र-सचालन-मत्र [को०]।

स्वनाम—सज्ञा पु० [स० स्वनामन्] अपना नाम या अभिधान।

स्वनामधन्य—वि० [स०] अपने नाम के कारण धन्य होनेवाला। जो अपने नाम के कारण धन्य हो। जैसे,—स्वनामधन्य प० बाल गगाधर तिलक।

स्वनामा—वि० [स० स्वनामन्] जो अपने नाम के कारण प्रसिद्ध हो। अपने नाम से विख्यात होनेवाला।

स्वनाश—सज्ञा पु० [स०] अपना नाश। अपने पक्ष का विनाश [को०]।

स्वनि—सज्ञा पुं० [स०] १ शब्द। आवाज। २ अग्नि। आग।

स्वनिक—वि० [स०] ध्वनि या शब्द करनेवाला। जैसे, पाणिस्वनिक = हथेलियो को बजाने वाला [को०]।

स्वनिघ्न—वि० [स०] अपने तई रहनेवाला। अपने भरोसे रहनेवाला। आत्मनिर्भर [को०]।

स्वनित[1]—वि० [स०] ध्वनित। शब्दित।

स्वनित[2]—सज्ञा पु० १ शब्द। ध्वनि। आवाज। २ मेघगर्जन। बादलो की गडगडाहट। ३ गर्जन। गरज।

स्वनितागुल्य—सज्ञा पु० [स०] चौलाई का शाक। तडुलीय शाक।

स्वनिर्मित—वि० [स०] स्वय का बनाया हुआ। जिसे खुद निर्मित किया गया हो। उ०—जब आकर्षक बहुत न थे प्रासाद मनोहर, जब प्रिय थे अत्यत स्वनिर्मित बालू के घर।—सागरिका, पृ० २१।

स्वनोत्साह सज्ञा पु० [स०] गैंडा। गडक।

स्वन्न—सज्ञा पुं० [स० सु + अन्न] सुअन्न अच्छा। भोजन। अच्छा आहार [को०]।

स्वपक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ अपना पक्ष। अपना दल। २ मित्र। दोस्त। ३ किसी विषय पर अपना विचार या पक्ष [को०]।

स्वपक्षीय—वि० [स०] जो अपने दल या विचार का हो। २ मित्र। सखा। सहाय।

स्वपच—सज्ञा पु० [स० श्वपच] दे० 'श्वपच'। उ०—स्वपच सबर खस जमन जड पावँर कोल किरात। राम कहत पावन परम होत भुवन विख्यात।—तुलसी (शब्द०)।

स्वपण—संज्ञा पुं० [सं०] अपना भंडार या द्रव्य (को०)।

स्वपन—संज्ञा पुं० [सं०] १ नींद। निद्रा। २ सपना। स्वप्न। ख्वाब। ३ त्वचा की संज्ञाहीनता (को०)।

स्वपना†—संज्ञा पुं० [सं० स्वपन, स्वप्नन,] दे० 'सपना' या 'स्वप्न'। उ०—स्वपना मे तोहि राज मिलो है हाकिम हुकुम दोहाई। जागि परै कहुँ लाव न लसकर पलक खुले सुधि पाई।—कबीर (शब्द०)।

स्वपनीय—वि० [सं०] निद्रा के योग्य। सोने लायक।

स्वपरमंडल—संज्ञा पुं० [सं० स्वपरमण्डल] अपने और शत्रु के सहायक देश या राज्य (को०)।

स्वपिंडा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वपिण्डा] पिंड खजूर। पिंड खर्जुरी।

स्वप्तव्य—वि० [सं०] निद्रा के योग्य।

स्वप्न—संज्ञा पुं० [सं०] १ सोने की क्रिया या अवस्था। निद्रा। नींद। २ निद्रावस्था मे कुछ मूर्तियो, चित्रो और विचारो आदि की संबद्ध या असंबद्ध शृंखला का मन मे आना। निद्रावस्था मे कुछ घटना आदि दिखाई देना। जैसे,—इधर कई दिनो से मैं भीषण स्वप्न देखा करता हूँ। ३ वह घटना आदि जो इस प्रकार निद्रित अवस्था मे दिखाई दे अथवा मन मे आवे। जैसे,—उन्होने अपना सारा स्वप्न कह सुनाया।

विशेष—प्राय पूरी नींद न आने की दशा मे मन मे अनेक प्रकार के विचार उठा करते है जिनके कारण कुछ घटनाएँ मन के सामने उपस्थित हो जाती हैं। इसी को स्वप्न कहते है। यद्यपि वास्तव मे उस समय नेत्र बद रहते है और इन बातो का अनुभव केवल मन को होता है, तथापि बोलचाल मे इसके साथ 'देखना' क्रिया का प्रयोग होता है।

४ शिथिलता। अकर्मण्यता। निरुत्साह। आलस्य (को०)। ५ मन मे उठनेवाली ऊँची कल्पना या विचार, विशेषत ऐसी कल्पना या विचार जो सहज मे कार्य रूप मे परिणत न हो सके। जैसे,—आप तो बहुत दिनो से इसी प्रकार के स्वप्न देखा करते है।

मुहा०—स्वप्न टूट जाना = (१) नींद से जाग उठना। (२) कल्पना लोक से यथार्थ मे उतर आना।

स्वप्नक्—वि० [सं० स्वप्नज्] सोनेवाला। निद्राशील।

स्वप्नकर—वि० [सं०] नींद लानेवाला। जिससे नींद आए (को०)।

स्वप्नकल्प—वि० [सं०] सपने के समान। सपने जैसा। स्वप्न के सदृश (को०)।

स्वप्नकाम—वि० [सं०] जो सोना चाहता हो। निद्रातुर (को०)।

स्वप्नकृत्—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न अर्थात् नींद लानेवाला, वा शिरियारी। सुनिषण्णक शाक।

विशेष—कहते है, इस शाक के खाने से नींद आती है, इसी से इसका नाम स्वप्नकृत् (नींद लानेवाला) पडा।

स्वप्नगत—वि० [सं०] सोया हुआ। निद्रागस्त।

स्वप्नगृह—संज्ञा पुं० [सं०] सोने का कमरा। शयनागार। शयनगृह।

स्वप्नज[1]—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न। सपना (को०)।

स्वप्नज[2]—वि० नींद मे उत्पन्न (को०)।

यौ०—स्वप्नज ज्ञान = दे० 'स्वप्नज्ञान'।

स्वप्नज्ञ—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न का फल जाननेवाला। शकुनज्ञ। ज्योतिषी।

स्वप्नज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न मे होनेवाला ज्ञान या अनुभूति (को०)।

स्वप्नतंद्रिता—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वप्नतन्द्रिता] निद्रा या स्वप्नजन्य आलस्य।

स्वप्नदर्शन—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न देखना। ख्वाब देखना (को०)।

स्वप्नदर्शी—वि० [सं० स्वप्नदर्शिन्] १ स्वप्न देखनेवाला। २ बडी बडी कल्पनाएँ करनेवाला। मनमोदक खानेवाला।

स्वप्नदृक्—वि० [सं० स्वप्नदृश्] १ निद्रा से जिसके नेत्र मुंद गए हो। निद्रित। निद्रायुक्त। २ जो स्वप्न देखता हो। सपना देखनेवाला (को०)।

स्वप्नदोष—संज्ञा पुं० [सं०] निद्रावस्था मे वीर्यपात होना जो एक प्रकार का रोग माना जाता है।

विशेष—स्वप्नावस्था मे स्त्रीप्रसग या कोई कामोद्दीपक दृश्य देखकर अथवा यो ही दुर्बलेंद्रिय लोगो का प्राय वीर्यपात हो जाता है। यह एक भयकर रोग है जो अधिक स्त्रीप्रसग या अस्वाभाविक कर्म से धातुक्षीणता होने के कारण होता है। कभी कभी बहुत गरम चीज खाने और कोष्ठबद्धता से भी स्वप्नदोष हो जाता है।

स्वप्नधीगम्य—वि० [सं०] जो स्वप्नज ज्ञान द्वारा बोधगम्य हो। जो स्वप्न या निद्रा जैसी स्थिति मे अनुभूत हो (को०)।

स्वप्ननशन—संज्ञा पुं० [सं०] (निद्रा का नाश करनेवाले) सूर्य।

स्वप्ननिकेतन—संज्ञा पुं० [सं०] सोने का कमरा। शयनगृह। शयनागार।

स्वप्ननिदर्शन—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न देखना। स्वप्नदर्शन (को०)।

स्वप्नप्रपंच—संज्ञा पुं० [सं० स्वप्नप्रपञ्च] स्वप्न मे दृश्यमान् जगत्। स्वप्न मे दिखाई पडनेवाला ससार (को०)।

स्वप्नभाक्—वि० [सं० स्वप्नभाज्] स्वप्न या नींद मे पडा हुआ। सपना देखता या सोया हुआ।

स्वप्नमाणव—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न या निद्रापूर्ण करनेवाला मत्र या विधि (को०)।

स्वप्नमाणवक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्वप्नमाणव'।

स्वप्नलब्ध—वि० [सं०] जो स्वप्न मे प्राप्त हो। जो निद्रा मे प्राप्त या लब्ध हो (को०)।

स्वप्नविकार—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्नजनित परिवर्तन। निद्राजन्य विकृति (को०)।

स्वप्नविचार—संज्ञा पुं० [सं०] सपने के शुभाशुभ विचार या विवेचन करनेवाले ग्रथादि।

स्वप्नविचारी—संज्ञा पुं० [सं० स्वप्नविचारिन्] [वि० स्त्री० स्वप्नविचारिणी] वह व्यक्ति जो स्वप्न के शुभाशुभ फल का विचार करता हो । स्वप्नशास्त्री । स्वप्नज्ञ । शकुनज्ञ [को०] ।

स्वप्नविनश्वर—वि० [सं०] स्वप्न के समान नष्ट होनेवाला । क्षणभंगुर [को०] ।

स्वप्नविपर्यय—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न या निद्रा के समय का बदलना [को०] ।

स्वप्नवृत्त—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न मे अनुभूत होनेवाली घटना [को०] ।

स्वप्नशील—वि० [सं०] निद्रातुर । नीद से जिसकी आँखें भरी हो [को०]

स्वप्नसदर्शन—संज्ञा पुं० [सं० स्वप्नसन्दर्शन] दे० 'स्वप्नदर्शन' ।

स्वप्नसात्—वि० [सं०] सोया हुआ । स्वप्न मे लीन [को०] ।

स्वप्नसृष्टि—संज्ञा पुं० [सं०] स्वप्न की सृष्टि या निर्माण [को०] ।

स्वप्नस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] सोने का कमरा । शयनगृह । शयनागार ।

स्वप्नांत—संज्ञा पुं० [सं० स्वप्नान्त] १ सपना टूटना । स्वप्न का समाप्त या खत्म होना । २ स्वप्न या निद्रा की अवस्था । स्वप्नावस्था (को०) ।

स्वप्नांतर—संज्ञा पुं० [सं० स्वप्नान्तर] दे० 'स्वप्नांत' या 'सुपनतर' ।
यौ०—स्वप्नांतरगत = स्वप्नावस्था मे घटित ।

स्वप्नांतिक—संज्ञा पुं० [सं० स्वप्नान्तिक] स्वप्न की चेतना या ज्ञान[को०]

स्वप्नादेश—संज्ञा पु० [सं०] स्वप्नसबधी आज्ञा । स्वप्नावस्था का आदेश [को०] ।

स्वप्नाना—क्रि० स० [सं० स्वप्न + हिं० आना (प्रत्य०)ना] सपना देना । स्वप्न देना । स्वप्न दिखाना । उ०—हारि गयो हीरा नहि पायो । तब अगद को हरि स्वप्नायो ।—रघुराज (शब्द०) ।

स्वप्नालु—वि० [सं०] सोनेवाला । निद्राशील । निद्रालु ।

स्वप्नावस्था—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वप्न की अवस्था या स्थिति । सपने की अवस्था [को०] ।

स्वप्नाविष्ट—वि० [सं० स्वप्न + आविष्ट] १ उनीदा । २ मोहाविष्ट । ३ कल्पनालोक मे विचरण करता हुआ । ४ स्वप्न देखता हुआ । उ०—मेरी यह सोयी अवस्था फिर लौट आई है, पर वैसी जड नही—मैं मानो स्वप्नाविष्ट हूँ ।—नदी०, पृ० २१२ ।

स्वप्निल—वि० [सं० स्वप्न + हिं० इल (प्रत्य०)] १ स्वप्न सबधी । स्वप्न का । सपनोवाला । उ०—सुप्ति की ये स्वप्निल मुस्कान । —पल्लव, पृ० । २ अर्धसुप्त । उनीदा ।

स्वप्नोपम—वि० [सं०] १ सपने के समान । स्वप्न सदृश । २ जो असत्य हो । अवास्तविक । तथ्य रहित [को०] ।

स्वप्रकाश—वि० [सं०] १ जो आप ही प्रकाशमान् हो । २ जो अपने आप स्पष्ट या व्यक्त हो । २ जो अपने ही तेज से प्रकाशमान् हो । जो स्वय ही के तेज से दीप्त हो ।

स्वप्रकृतिक—वि० [सं०] जो विना किसी कारण के स्वय अपनी प्रकृति से ही हो । प्राकृतिक रूप से होनेवाला ।

स्वप्रमितिक—वि० [सं०] जो विना किसी की सहायता के अपना सारा काम स्वय करता हो । जैसे,—सूर्य जो आप ही प्रकाश देता है ।

स्ववरन—संज्ञा पुं० [सं० सुवर्ण] दे० 'सुवर्ण' ।

स्ववधु—संज्ञा पुं० [सं० स्ववन्धु] अपना सबधी । सजातीय [को०] ।

स्ववीज—संज्ञा पुं० [सं०] आत्मा ।

स्वभट—संज्ञा पुं० [सं०] १ अपनी रक्षा स्वय करनेवाला । २ अपना योद्धा । स्व-अग-रक्षक [को०] ।

स्वभद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गभारी । गँभारी वृक्ष ।

स्वभाउ—संज्ञा पुं० [सं० स्वभाव] दे० 'स्वभाव' । उ०—सूर को स्वभाउ विना युद्ध न करे बखान कायर ज्यो कहा घर बैठे सोच हरिये ।—हनुमन्नाटक (शब्द०) ।

स्वभाग्य—संज्ञा पुं० [सं० स्व + भाग्य] अपना भाग्य ।
यौ०—स्वभाग्य निर्णय = अपने बारे मे खुद निर्णय करना ।

स्वभाजन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रसन्नता । आह्लाद । हर्ष [को०] ।

स्वभाव—संज्ञा पुं० [सं०] १ सदा बना रहनेवाला मूल या प्रधान गुण । तासीर । जैसे,—जल का स्वभाव शीतल होना है । २ मन की प्रवृत्ति । मिजाज । प्रकृति । जैसे,—(क) उसका स्वभाव बडा कठोर है । (ख) कवि स्वभाव से ही सौदर्यप्रिय होते हैं । (ग) आजकल उनका स्वभाव कुछ बदल गया है । ३ आदत । टेव । बान । जैसे,—उसे लडने का स्वभाव पड गया है ।
क्रि० प्र०—डालना ।—पडना ।
४. अपनी स्थिति या स्थान । अपना राष्ट्र या देश [को०] ।

स्वभावकृत्—वि० [सं०] स्वाभाविक । प्राकृतिक [को०] ।

स्वभावकृपण—संज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा का एक नाम । २ वह व्यक्ति जो स्वभावत कजूस हो । कृपण व्यक्ति ।

स्वभावज—वि० [सं०] जो स्वभाव या प्रकृति से उत्पन्न हुआ हो । प्राकृतिक । स्वाभाविक । सहज ।

स्वभावजनित—वि० [सं०] दे० 'स्वभावज' ।

स्वभावत—अव्य० [सं० स्वभावतस्] स्वभाव से । प्राकृतिक रूप से । सहज ही । जैसे,—कोई अन्याय होता हुआ देखकर मनुष्य को स्वभावत क्रोध आ जाता है ।

स्वभावद्वेष—संज्ञा पुं० [सं०] स्वाभाविक या प्रकृतिजन्य द्वेषभाव । जैसे, सर्प और नकुल का ।

स्वभावप्रभव—वि० [सं०] दे० 'स्वभावज' ।

स्वभावसिद्ध—वि० [सं०] स्वभाव से ही होनेवाला । सहज । प्राकृतिक । स्वाभाविक । उ०—भ्रमपूर्ण बातो का सशोधन करने की योग्यता मनुष्य मे स्वभावसिद्ध है ।—द्विवेदी (शब्द०) ।

स्वभाविक—वि० [सं० स्वाभाविक] दे० 'स्वाभाविक' ।

स्वभावोक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का अर्थालकार जिसमे किसी का जाति या अवस्था आदि के अनुसार यथावत् और प्राकृतिक स्वरूप का वर्णन किया जाय ।

विशेष—किसी की जाति, गुण, क्रिया के अनुसार उसके स्वभाव के वर्णन को स्वभावोक्ति अलकार कहते है। इसके दो भेद कहे गए हैं—सहज और प्रतिज्ञाबद्ध। जहाँ किसी विषय का विलकुल सहज और स्वाभाविक वर्णन होता है, वहाँ सहज स्वभावोक्ति अलकार होता है और जहाँ अपने सहज स्वभाव के अनुसार प्रतिज्ञा या शपथ आदि के साथ कोई बात कही जाती है, वहाँ प्रतिज्ञाबद्ध स्वाभावोक्ति होती है। उ०—(क) सीस मुकुट कटि काछनी कर मुरली उर माल। यहि बानक मो उर सदा बसौ विहारीलाल। (सहज)। (ख) तोरौ छत्रक दड जिमि तुव प्रताप बलनाथ। जौ न करौ प्रभु पद सपथ पुनि न धरौं धनु हाथ। (प्रतिज्ञाबद्ध)।

स्वभू[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ ब्रह्मा का एक नाम। २ विष्णु का एक नाम। ३ शिव का एक नाम।

स्वभू[2]—सज्ञा स्त्री० अपना देश। स्वदश [को०]।

स्वभू[3]—वि० जो अपने आपसे उत्पन्न हुआ हो। आपसे आप होनेवाला।

स्वभूति—सज्ञा स्त्री० [स०] अपना ऐश्वय। अपना कल्याण [को०]।

स्वभूमि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णुपुराण के अनुसार उग्रसेन के एक पुत्र का नाम।

स्वभूमि[2]—सज्ञा स्त्री० स्वभू। अपना देश [को०]।

स्वमनीषा—सज्ञा स्त्री० [स०] अपनी बुद्धि, मत या विचार [को०]।

स्वमनीषिका—सज्ञा स्त्री० [स०] उदासीनता। निसगता। तटस्थता [को०]।

स्वमेक—सज्ञा पुं० [स०] सवत्सर वर्ष।

स्वय—अव्य० [स० स्वयम्] १ खुद। आप। उ०—(क) मैं स्वय तुम्हारे साथ चलकर देखूँगा कि इस पहली परीक्षा मे कैसे उतरते हो।—अयोध्या० (शब्द०)। (ख) आप स्वय अपनी कृपा से सब जीवो मे प्रकाशित हूजिए।—दयानद (शब्द०)। २ आपसे आप। अपने ही से। खुद बखुद। जैसे,—आपके सब काम तो स्वय ही हो जाते है।

स्वयकृत[1]—वि० [सं० स्वयम्कृत] १ स्वय या खुद किया हुआ। आत्मकृत। २ प्राकृतिक। स्वाभाविक। ३ गोद लिया हुआ [को०]।

स्वयकृत[2]—सज्ञा पुं० गोद लिया हुआ लडका [को०]।

स्वयकृती—वि० [स० स्वयम्कृतिन्] स्वभावत काम करनेवाला [को०]।

स्वयकृष्ट—वि० [स० स्वयम्कृष्ट] स्वयकर्षित। खुद जोता हुआ [को०]।

स्वयगुप्ता—सज्ञा स्त्री० [स० स्वयम्गुप्ता] कौछ। केवाँच।

स्वयग्रह, स्वयग्रहण—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्ग्रह, स्वयम्ग्रहण] बलपूर्वक ग्रहण। बलात् ले लेना [को०]।

स्वयग्राह[1]—वि० [स० स्वयम्ग्राह] १ बलात् ग्रहण करनेवाला। २ स्वय या इच्छानुसार चुननेवाला [को०]।

स्वयग्राह[2]—सज्ञा पुं० स्वय चुन लेना। स्वय ग्रहण करना [को०]।

स्वयग्राहदान—सज्ञा पुं० [स० स्वयम्ग्राहदान] कौटिल्य के अनुसार सेना आदि के द्वारा आपसे आप सहायता पहुँचाना।

स्वयचालित—वि० [स० स्वयम्चालित] जो अपने आप सचालित हो। जैसे, स्वयचालित मशीन आदि।

स्वयजात—वि० [स० स्वयम्जात] जो स्वय उदभूत हो। अपने आप उत्पन्न होनेवाला [को०]।

स्वयज्योति[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्ज्योतिस्] परमेश्वर। परमात्मा।

स्वयज्योति[2]—वि० अपने आप प्रकाशित होनेवाला [को०]।

स्वयदत्त[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्दत्त] वह पुत्र जो अपने मातापिता के मर जाने अथवा उनके द्वारा परित्यक्त होने पर अपने आपको किसी के हाथ सौप दे और उसका पुत्र बन जाय।

स्वयदत्त[2]—वि० अपने को स्वय दे देनेवाला [को०]।

स्वयदान—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्दान] स्वेच्छामूलक दान। जैसे—विवाह मे कन्या का दान [को०]।

स्वयदूत—सज्ञा पुं० [स० स्वयम्दूत] वह नायक जो अपना दूतत्व आप ही करे। नायिका पर अपना कामवासना स्वय ही प्रकट करनेवाला नायक। उ०—जपत हूँ ता दिन सो रघुनाथ की दोहाई जा दिन सो सुन्यो है मैं प्यारी तेर नाम को। सोई भयो सिद्धि आजु औचक मिलो हौ मोहि ऐसी दुपहरी मे चलो हौ काहू काम को। यह वर माँगत हौं मेर पर कृपा करि मेरी कहो कीजै सुख दीजै तन छाम का। यह सुख ठाम को आराम को निहारो नेक मेरे कहे धरिक निवारि लाजै घाम को।—रघुनाथ (शब्द०)।

स्वयदूती—सज्ञा स्त्री० [स० स्वयम्दूती] वह परकोया नायिका जो अपना दूतत्व आप ही करती हो। नायक पर स्वय ही वासना प्रकट करनेवाली नायिका। उ०—ऐसे बने रघुनाथ कहै हरि कामकलानिधि के मद गारे। झाँकि झरोखे सो आवत देखि खरी भई आइकै आपने द्वारे। रीझि सरूप सो भीजी सनेह सो बोली हरें रस आखर भारे। ठाढ़ हो तासो कहौगी कछू अरे ग्वाल बडो बडी आँखिनवारे।—सुदरीसवस्व (शब्द०)।

स्वयदृक्—वि० [सं० स्वयम्दृश्] अपने आप व्यक्त या प्रकट होनेवाला [को०]।

स्वयदेव—सज्ञा पुं० [स० स्वयम्देव] साक्षात् या प्रत्यक्ष देवता [को०]।

स्वयपतित—वि० [स० स्वयम्पतित] जो आपसे आप गिरे। जैसे—वृक्ष मे पककर (आपसे आप) गिरा हुआ फल।

स्वयपाकी—वि० [स० स्वयम्पाकिन्] जो अपना भोजन स्वय बनाता हो। किसी दूसरे का बनाया हुआ भोजन न करनेवाला [को०]।

स्वयपाठ—सज्ञा पु० [सं० स्वयम्पाठ] मूल पाठ [को०]।

स्वयप्रकाश[1]—सज्ञा पु० [स० स्वयम्प्रकाश] १ वह जो आप ही आप बिना किसी दूसरे की सहायता के प्रकाशित हो। उ०—(क) जो आप स्वयप्रकाश और सूर्यादि तेजस्वी लोको का प्रकाश करनेवाला है, इससे उस ईश्वर का नाम 'तैजस' है।—सत्यार्थ० (शब्द०)। (ख) सो उस परम शक्तिमान सवज्ञ स्वयप्रकाश परमात्मा के समीप जाते ही प्रश्न शक्ति से रहित काष्ठवत् मौन होके खड़ा रहा।—केनोपनिषद् (शब्द०)। २ परमात्मा। परमेश्वर।

स्वयप्रकाश[2]—वि० जो अपने आप प्रकाशित या ज्योतिर्मय हो।

स्वयप्रकाशमान—सज्ञा पुं०, वि० [सं० स्वयम्प्रकाशमान] दे० 'स्वयप्रकाश'।

स्वयप्रकाशित—वि० [स० स्वयम्प्रकाशित] जो स्वय द्योतित या दीप्त हो। जो खुद प्रकाशमान हो।

स्वयप्रज्वलित—वि० [सं० स्वयम्प्रज्वलित] जो अपने आप दीप्त या जल रहा हो (को०)।

स्वयप्रभ[1]—सज्ञा पुं० [स० स्वयम्प्रभ] १ जैनियो के अनुसार भावी २४ अर्हतो मे से चौथे अर्हत् का नाम। २ दे० 'स्वयप्रकाश'।

स्वयप्रभा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वयम्प्रभा] १ इद्र की एक अप्सरा का नाम।

विशेष—इसे मय दानव हर लाया था और इसके गर्भ से उसने मदोदरी नामक कन्या उत्पन्न की थी। जब हनुमान आदि वानर सीता को ढूँढने निकले थे, तब मार्ग मे एक गुफा मे इससे उनकी भेंट हुई थी।

२ मय की एक कन्या (को०)।

स्वयप्रभु[1]—वि० [स० स्वयम्प्रभु] जो अपना स्वामी स्वय हो। जो स्वय समर्थ या प्रभु हो।

स्वयप्रभु[2]—सज्ञा पुं० विधाता। ब्रह्मा (को०)।

स्वयप्रमाण—वि० [स० स्वयम्प्रमाण] जो आप ही प्रमाण हो और जिसके लिये किसी दूसरे प्रमाण की आवश्यकता न हो। जैसे,—वेद आदि स्वयप्रमाण है।

स्वयप्रस्तुत—वि० [सं० स्वयम्प्रस्तु] १ जो अपने आपको स्वय प्रस्तुत करे। २ स्वय प्रशसित (को०)।

स्वयफल—वि० [स० स्वयम्फल] जो आप ही अपना फल हो और किसी दूसरे कारण से उत्पन्न न हुआ हो।

स्वयभु[1]—सज्ञा पुं० [स० स्वयम्भु] १ ब्रह्मा। २ वेद। ३ महादेव। शिव। ४ अज। ५ जैनियो के नौ वासुदेवो मे से एक। ६ वनमूँग।

स्वयभु[2]—वि० जो आपसे आप उत्पन्न हो। अपने आप पैदा होनेवाला।

स्वयभुव—सज्ञा पु० [स० स्वयम्भुव] १ प्रथम मनु। आदि मनु। दे० 'स्वयभुवा'। २ ब्रह्मा। ३ शिव (को०)।

स्वयभुवा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वयम्भुवा] १ तमाकू का पत्ता। शिवलिंगी नाम की लता। ३ मापपर्णी। मखवन।

स्वयभू[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्भू] १ ब्रह्मा। २ कान। ३ कामदेव ४ विष्णु। ५ शिव। ६ मापपर्णी। मखवन। ७ शिवलिंगी नाम की लता। ८ परब्रह्म। ईश्वर (को०)। ९. प्रथम मनु। दे० 'स्वायभुव'। उ०—बहुरि स्वयभू मनु तप कीनो। ताहू को हरिजू वर दीनो।—सूर (शब्द०)। १० व्यास का एक नाम (को०)। ११ बुद्ध का एक नाम (को०)। १२ आदि या प्रथम बुद्ध (को०)। १३ प्रत्येक या प्रत्येकबुद्ध का एक नाम (को०)। १४ जैनो के अनुसार तृतीय कृष्ण वासुदेव (को०)। १५ अतरिक्ष। व्योम (को०)। १६ स्त्रियो का कुच। स्तन (को०)।

स्वयभू—वि० १ जो आपसे आप उत्पन्न हुआ हो। २ बुद्ध सबधी। बुद्ध का (को०)।

स्वयभूत[1]—वि० [स० स्वयम्भूत] जो आपसे आप उत्पन्न हुआ हो। अपने आप पैदा होनेवाला।

स्वयभूत[2]—सज्ञा पुं० शिव। शकर (को०)।

स्वयभूरमण—सज्ञा पुं० [स० स्वयम्भूरमण] जैनो के अनुसार अतिम महाद्वीप और समुद्र का नाम।

स्वयभूत—वि० [सं० स्वयम्भूत] जो स्वय पुष्ट हो। जो स्वय पोषित हो।

स्वयभोज—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्भोज] भागवत के अनुसार राजा शिवि के एक पुत्र का नाम।

स्वयभ्रमि—वि० [सं० स्वयम्भ्रमि] स्वय चक्कर खाने या घूमनेवाला (को०)।

स्वयभ्रमी—वि० [सं० स्वयम्भ्रमिन] दे० 'स्वयभ्रमि'।

स्वयमृत—वि० [सं० स्वयम्मृत] १ जो स्वेच्छा से मरा हो। २ प्राकृतिक मृत्यु पानेवाला (को०)। स्वाभाविक मौत पानेवाला (को०)।

स्वयम्लान—वि० [स० स्वयम्म्लान] जो स्वय या प्रकृतिवशात् म्लान हो गया हो। अपने आप म्लान या मुरझाया हुआ।

स्वययान—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्यान] अन्य देश के ऊपर स्वय आक्रमण या हमला करना (को०)।

स्वयवर—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्वर] १ प्राचीन भारत का एक प्रसिद्ध विधान जिसमे विवाह योग्य कन्या कुछ उपस्थित व्यक्तियो मे से अपने लिये स्वय वर चुनती थी। उ०—(क) सीय स्वयवर कथा सुहाई। सरित सुहावनि सो छवि छाई।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जनक विदेह कियो जु स्वयवर बहु नृप विप्र बोलाए। तोरन धनुष देव दनुज नर काहू यतन न पाए।—सूर (शब्द०)। (ग) मारि ताडका यज्ञ करायो विश्वामित्र आनद भयो। सीय स्वयवर जानि सूर प्रभु को ऋषि लै ता ठौर गयो।—सूर (शब्द०)।

विशेष—प्राचीन काल मे भारतीय आर्यों, विशेषत क्षत्रियो या राजाओ मे यह प्रथा थी कि जब कन्या विवाह योग्य हो जाती थी, तब उसकी सूचना उपयुक्त व्यक्तियो के पास भेज दी जाती थी, जो एक निश्चित समय और स्थान पर आकर एकत्र होते थे। उस समय वह कन्या उन उपस्थित व्यक्तियो मे से जिसे अपने लिये उपयुक्त समझती थी, उसके गले मे वरमाला या जयमाल डाल देती थी, और तब उसी के साथ उसका विवाह होता था। कभी कभी कन्या के पिता की ओर से, बलपरीक्षा के लिये, कोई शर्त भी लगा दी जाती थी, और वह शर्त पूरी करनेवाला ही कन्या के लिये उपयुक्त पात्र समझा जाता था। सीता जी और द्रौपदी का विवाह इसी प्रथा के अनुसार हुआ था।

यौ०—स्वयवरपति = स्वयवर प्रथा द्वारा चुना हुआ पति। स्वयवरविवाह = वह विवाह जो स्वयवर प्रथा द्वारा पति चुन लिए जाने पर हो।

२ वह स्थान, सभा या उत्सव जहाँ इस प्रकार लोगो को एकत्र करके कन्या के लिये वर चुना जाय।

स्वयवरण—सज्ञा पुं० [सं० स्वयम्वरण] कन्या का अपने इच्छानुसार अपने लिये पति मनोनीत करना। स्वय वरण करना। विशेष—दे० 'स्वयवर–१'।

स्वयवरयित्री—सज्ञा स्त्री० [स० स्वयम्वरयित्री] वह कन्या जो अपने पति का चुनाव स्वयमेव करे (को०)।

स्वयवरा—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वयम्वरा] वह स्त्री जो अपने लिये स्वय ही उपयुक्त वर को वरण करे। अपने इच्छानुसार अपना पति नियत

करनेवाली स्त्री। पतिंवरा। वर्या। उ०—ये हम लोगों के देश की प्राचीन स्वयंवरा थी।—हिंदीप्रदीप (शब्द०)।

स्वयंवश—वि० [सं० स्वयम्वश] जो स्वाधीन हो। जिसपर किसी अन्य का वश या अधिकार न हो।

स्वयंवह[1]—संज्ञा पु० [सं० स्वयम्वह] वह बाजा जो चाबी देने से आपसे आप बजे। जैसे,—अरगन आदि।

स्वयंवह[2]—वि० १ स्वयं अपने आपको धारण करनेवाला। जो अपने आपको वहन करे। २ स्वयं गतिशील। स्वयं चलनेवाला। स्वयं-चालित (को०)।

स्वयंवादि दोष—संज्ञा पुं० [सं० स्वयम्वादि दोष] न्यायालय में झूठ बात को बार बार दुहराने का अपराध।

स्वयंवादी—संज्ञा पुं० [सं० स्वयम्वादिन्] मुकदमे में जिरह के समय किसी झूठ बात को बार बार दुहरानेवाला।

स्वयंविक्रीत—वि० [सं० स्वयम्विक्रीत] (दास आदि) जिसने स्वयं ही अपने आपको बेचा हो।

स्वयंविशीर्ण—वि० [सं० स्वयम्विशीर्ण] अपने आप गिरा हुआ। जैसे, वृक्ष के पत्ते, फल आदि (को०)।

स्वयंशृत—वि० [सं० स्वयम्शृत] अपने आप पक्व (को०)।

स्वयंश्रेष्ठ—संज्ञा पुं० [सं० स्वयम्श्रेष्ठ] शिव।

स्वयंसंयोग—संज्ञा पुं० [सं० स्वयम्संयोग] वह संयोग या संबंध जो अपने आप हो। स्वयं होनेवाला विवाह आदि संबंध (को०)।

स्वयंसिद्ध—वि० [सं० स्वयम्सिद्ध] १ (बात) जो आप ही आप सिद्ध हो। जिसकी सिद्धि के लिये और किसी तर्क, प्रमाण या उपकरण आदि की आवश्यकता न हो। जैसे,—आग से हाथ जलना है, यह तो स्वयंसिद्ध बात है। २ जिसने आप ही सिद्धि प्राप्त की हो। जो बिना किसी की सहायता के सिद्ध या सफल हुआ हो।

स्वयंसेवक—संज्ञा पुं० [सं० स्वयम्सेवक] [स्त्री० स्वयंसेविका] वह जो बिना किसी पुरस्कार या वेतन के किसी कार्य में अपनी इच्छा से योग दे। स्वेच्छासेवक।

स्वयंसेविका—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वयम्सेविका] महिला स्वेच्छासेवक।

स्वयंहारिका—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वयम्हारिका] पुराणानुसार दुःसह की पत्नी निर्माष्टि के गर्भ से उत्पन्न आठ कन्याओं में से एक।

विशेष—कहते हैं, यह भोजनशाला में से अधपका अन्न, गौ के स्तन में से दूध, तिलों में से तेल, कपास में से सूत आदि हरण कर ले जाती है, इसी से इसका यह नाम पड़ा।

स्वयमधिगत—वि० [सं०] जिसे स्वयं प्राप्त किया गया हो (को०)।

स्वयमर्जित[1]—संज्ञा पुं० [सं०] स्मृतियों के अनुसार वह धन संपत्ति जो स्वयं उपार्जित की गई हो और जिसमें अपने किसी संबंधी या दायाद आदि को कोई हिस्सा न देना पड़े। खास अपनी कमाई हुई दौलत।

स्वयमर्जित[2]—वि० जिसका उपार्जन स्वयं किया गया हो (को०)।

स्वयमवदीर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो अपने आप फट गया हो। २ अपने आप धरती फट जाने के कारण बना हुआ छिद्र या रंध्र (को०)।

स्वयमागत—वि० [सं०] १ बिना बुलाए दो व्यक्तियों के बीच दखल देनेवाला। २ जो अपने आप आ गया हो (को०)।

स्वयमानीत—वि० [सं०] स्वयं लाया हुआ। जो किसी की सहायता के बिना खुद ब खुद लाया गया हो (को०)।

स्वयमाहृत—वि० [सं०] दे० 'स्वयमानीत' (को०)।

यौ०—स्वयमाहृत भोजन=स्वयं ले आकर भोजन करनेवाला।

स्वयंमिंद्रियमोचन—संज्ञा पुं० [सं० स्वयमिन्द्रियमोचन] अपने आप वीर्यपात होना (को०)।

स्वयंमीश्वर—[सं०] परमेश्वर, जो अपना ईश्वर स्वयं है (को०)।

स्वयंमीहितलब्ध—वि० [सं०] जो अपने प्रयत्न या चेष्टा द्वारा प्राप्त हो। स्मृतियों के अनुसार अपने श्रम से उपर्जित (धन)। स्वयंकृत चेष्टा से प्राप्त (को०)।

स्वयंमुक्ति—संज्ञा पुं० [सं०] पाँच प्रकार के साक्षियों में से एक प्रकार का साक्षी। वह साक्षी जो बिना वादी या प्रतिवादी के बुलाए स्वयं ही आकर किसी घटना या व्यवहार आदि के संबंध में कुछ कहे। (व्यवहार)।

स्वयंमुज्ज्वल—वि० [सं०] स्वयंप्रकाश (को०)।

स्वयंमुदित—वि० [सं०] जो आपसे आप उदित हुआ हो (को०)।

स्वयंमुद्गीर्ण—वि० [सं०] जो म्यान या कोश से अपने आप बाहर आ गया हो। जैसे, असि (को०)।

स्वयंमुद्घाटित—वि० [सं०] आप ही आप खुल जानेवाला (को०)।

स्वयंमुपगत—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो अपनी इच्छा से किसी का दास हो गया हो।

स्वयंमुपस्थित—वि० [सं०] जो स्वयं उपस्थित हो। अपनी इच्छा से आया हुआ (को०)।

स्वयंमुपागत[1]—वि० [सं०] स्वेच्छा से आया हुआ (को०)।

स्वयंमुपागत[2]—संज्ञा पुं० वह लड़का जो स्वयं दत्तक बन जाने के लिये कहे (को०)।

स्वयंमुपेत—वि० [सं०] दे० 'स्वयंमुपस्थित'।

स्वयंमेव—क्रि० वि० [सं०] आप ही आप। खुद ही। स्वयं ही।

स्वयंयोनि—वि० [सं०] जो अपना कारण अथवा अपनी उत्पत्ति का स्थान आप ही हो।

स्वर्—संज्ञा पुं० [सं०] १ स्वर्ग। २ परलोक। ३ आकाश। अंतरिक्ष। ४ तीन महाव्याहृतियों में एक। तृतीय महाव्याहृति (को०)। ५ सूर्य के ऊपर और ध्रुव के मध्य का स्थान। सूर्य तथा ध्रुव का मध्यवर्ती क्षेत्र (को०)। ६ दीप्ति। प्रोज्वलता। कांति। प्रकाश (को०)। ७ जल। सलिल (को०)।

स्वर[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राणी के कंठ से अथवा किसी पदार्थ पर आघात पड़ने के कारण उत्पन्न होनेवाला शब्द, जिसमें कुछ कोमलता, तीव्रता, मृदुता, कटुता, उदात्तता, अनुदात्तता आदि गुण हों। जैसे,—(क) मैंने आपके स्वर से ही आपको पहचान लिया था। (ख) दूर से कोयल का स्वर सुनाई पड़ा। (ग) इस ढोल को ठोकने पर कैसा अच्छा स्वर निकलता है। उ०—लै लै नाम सप्रेम सरस स्वर कौसल्या कल कीरति गावैं।—तुलसी

स्वरता—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर का भाव या धर्म। स्वरत्व।

स्वरतिक्रम—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ग का अतिक्रमण कर वैकुंठलोक जाना।

स्वरत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्वरता'।

स्वरदीप्त—वि० [सं०] जो स्वर के विचार से शुभ न हो [को०]।

स्वरधीत—संज्ञा पुं० [सं०] मेरु पर्वत [को०]।

स्वरनादी—संज्ञा पुं० [सं० स्वरनादिन्] वह बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता हो। (संगीत)।

स्वरनाभि—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता था।

स्वरपत्तन—संज्ञा पुं० [सं०] सामवेद।

स्वरपरिवर्त—संज्ञा पुं० [सं०] ध्वनि या स्वर का परिवर्तन होना।

स्वरपात—संज्ञा पुं० [सं०] उच्चारण करने में किसी स्वर पर रुक जाना [को०]।

स्वरपुरंजय—संज्ञा पुं० [सं० स्वरपुरञ्जय] शेष का एक पुत्र [को०]।

स्वरप्रक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्वरों की प्रक्रिया, उनकी विधि या क्रम। २ वैदिक स्वरों के संबंध में लिखित एक ग्रंथ का नाम।

स्वरप्रधान—संज्ञा पुं० [सं०] राग का एक प्रकार। वह राग जिसमें स्वर का ही आग्रह या प्रधानता हो, ताल की प्रधानता न हो।

स्वरबद्ध—वि० [सं०] ताल और स्वर में निबद्ध [को०]।

स्वरब्रह्म—संज्ञा पुं० [सं० स्वरब्रह्मन्] वेद आदि ग्रंथ [को०]।

स्वरभंग—संज्ञा पुं० [सं० स्वरभङ्ग] आवाज का बैठना। २ वैद्यक के अनुसार गले का एक रोग।

विशेष—वैद्यक में कहा गया है कि बहुत जोर जोर से बोलने या पढ़ने, विषपान करने, गले पर भारी आघात लगने या शीत आदि के कारण, वायु कुपित होकर स्वरनली में प्रविष्ट हो जाती है, जिससे ठीक ठीक स्वर नहीं निकलता। इसी को स्वरभंग कहते हैं।

स्वरभंगी—संज्ञा पुं० [सं० स्वरभङ्गिन्] १ वह जिसे स्वरभंग रोग हुआ हो। वह जिसका गला बैठ गया हो और मुँह से साफ आवाज न निकलती हो। २ एक प्रकार का पक्षी।

स्वरभक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] र् और ल् के उच्चारण में अत-र्निविष्ट स्वर की ध्वनि।

विशेष—जब र् और ल् अक्षरों के पश्चात् कोई ऊष्मवर्ण (क्ष् प् स् ह्) या कोई व्यंजन हो तब स्वरभक्ति होती है। जैसे 'वर्ष' का 'वरिष' उच्चारण में।

स्वरभानु—संज्ञा पुं० [सं०] सत्यभामा के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण के दस पुत्रों में से एक पुत्र का नाम।

स्वरभाव—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में भाव के चार भेदों में से एक। बिना अंगसंचालन किए केवल स्वर से ही दुःख सुख आदि का भाव प्रकट करना।

स्वरभेद—संज्ञा पुं० [सं०] १ गला या आवाज बैठ जाना। स्वरभंग। २ उच्चारण में स्वरों की अस्पष्टता (को०)। ३. संगीत में स्वरों का भेद होना। संगीत में स्वरों का भेद या अंतर।

स्वरमंचनृत्य—संज्ञा पुं० [सं० स्वरमञ्चनृत्य] संगीतसार संग्रह के अनुसार एक प्रकार का नृत्य।

स्वरमंडल—संज्ञा पुं० [सं० स्वरमण्डल] १ एक प्रकार का वाद्य जिसमें बजाने के लिये तार लगे होते हैं।

विशेष—संगीत शास्त्रों के अनुसार ७ स्वर, ३ ग्राम, २१ मूर्छनाएँ और ८९ तान, इन्हें स्वरमंडल कहा गया है।

स्वरमंडलिका—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वरमण्डलिका] प्राचीन काल की एक प्रकार की वीणा।

स्वरमात्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] उच्चारण की मात्रा [को०]।

स्वरयोग—संज्ञा पुं० [सं०] शब्द। ध्वनि [को०]।

स्वरलहरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वरों की तरंग। स्वरों की लहर।

स्वरलासिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वंशी या मुरली नाम का बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता है।

स्वरलिपि—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर + लिपि] संगीत में प्रयुक्त होनेवाले वे संकेत चिह्न जिनसे किसी राग में आरोह अवरोह का ज्ञान होता है। २ वह पाठ या गेय रचना जो उक्त चिह्नों के आधार पर पठित हो।

स्वरवान्—वि० [सं० स्वरवत्] १ ध्वनियुक्त। निनादी। २ सुरीला। ३ स्वरविषयक। ४ स्वराघात से युक्त [को०]।

स्वरवाही—संज्ञा पुं० [सं० स्वरवाहिन्] वह बाजा जिसमें से केवल स्वर निकलता हो और जो ताल आदि का सूचक न हो। केवल स्वर उत्पन्न करनेवाला वाद्य।

स्वरविकार—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर या आवाज में विकार आ जाना [को०]।

स्वरविज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] स्वरों की विवेचना करनेवाला शास्त्र। स्वरों का विज्ञान [को०]।

स्वरविभक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर का विभेद या पार्थक्य। स्वरों का पार्थक्य या पृथक्भाव।

स्वरवेधी—संज्ञा पुं० [सं० स्वरवेधिन्] दे० 'शब्दवेधी'। उ०—स्वरवेधी सब शस्त्र विज्ञाता वेधक लक्ष विहीना। पन्मुख पेखि न पदहु प्रहारत कर लाघव लवलीना।—रामस्वयंवर (शब्द०)।

स्वरशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह शास्त्र जिसमें स्वर संबंधी सब बातों का विवेचन हो। स्वरविज्ञान।

स्वरशुद्ध—वि० [सं०] संगीत में मात्रा आदि के विचार से शुद्ध। जिसके स्वर अशुद्ध न हों [को०]।

स्वरशून्य—वि० [सं०] संगीत के ताल और स्वरों से रहित। स्वरहीन। बेसुरा [को०]।

स्वरसंक्रम—संज्ञा पुं० [सं० स्वरसङ्क्रम] संगीत में स्वरों का आरोह और अवरोह। स्वरों का उतार और चढ़ाव। सरगम।

स्वरसंगति—संज्ञा पुं० [सं० स्वर + संगति] स्वरों का उपयुक्त संयोजन या मेल [को०]।

स्वरसदर्भ—सज्ञा पुं० [स० स्वरसन्दर्भ] दे० 'स्वरसक्रम'।

स्वरसदेहविवाद—सज्ञा पुं० [सं० स्वरसन्देहविवाद] एक प्रकार की वृत्ताकार क्रीडा [को०]।

स्वरसधि—सज्ञा स्त्री० [स० स्वरसन्धि] दो स्वरो मे होनेवाली सधि या सयोग। स्वर वर्ण मे अथवा स्वरात और स्वारादि पदो मे होनेवाली सधि [को०]।

स्वरसपद्—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वरसम्पत्] स्वरो का मेल या सयोजन।

स्वरसपन्न—वि० [सं० स्वरसम्पन्न] सुरीला। स्वरयुक्त [को०]।

स्वरसयोग—सज्ञा पुं० [सं०] स्वरो का मेल। ध्वनियो का मेल [को०]।

स्वरस[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वैद्यक के अनुसार पत्ती आदि को भिगोकर और अच्छी तरह कूट, पीस और छानकर निकाला हुआ शुद्ध रस। २ सहज रसात्मकता। स्वाभाविक स्वाद (को०)। ३ रचना मे सहज आनद या रसमयता (को०)। ४ एक विशेष प्रकार का तीक्ष्ण रस या कषाय (को०)। ५ किसी तैलीय पदार्थ को सिल पर पीसने मे उसपर पडी हुई चिकनाई (को०)। ६ स्वजनो के प्रति उत्पन्न भाव। वह भावना जो अपनो के प्रति हो (को०)। ७ एक पर्वत का नाम (को०)। ८ अनुरूपता। समानता। तुल्यता (को०)। ९ स्व अर्थात आत्मरस या आनद।

स्वरस[2]—वि० जो अपनी रुचि के अनुकूल हो [को०]।

स्वरसप्तक—सज्ञा पुं० [सं०] सगीत मे सात स्वरो का समूह। विशेष दे० 'स्वर'। उ०—इसी अशब्द सगीत से स्वरसप्तको की भी सृष्टि हुई।—गीतिका (भू०), पृ० १।

स्वरसमुद्र—सज्ञा पु० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसमे बजाने के लिये तार लगे होते थे।

स्वरसा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कपित्थ पत्रक नाम की ओषधि। २ लाख। लाह।

स्वरसाद—सज्ञा पु० [सं०] गला बैठ जाना। स्वरभग।

स्वरसादि—सज्ञा पु० [स०] ओषधियो को पानी मे औंटाकर तैयार किया हुआ काढा। कषाय।

स्वरसाधन—सज्ञा पुं० [स०] सप्तक के स्वरो की साधना जिससे उनका शुद्ध उच्चारण किया जा सके। ठीक ठीक स्वर निकालने का अभ्यास [को०]।

स्वरसाम—सज्ञा पुं० [स० स्वरसामन्] एक साम का नाम।

स्वरहा—सज्ञा पुं० [स० स्वरघ्न] गले का एक रोग। विशेष दे० 'स्वरघ्न' [को०]।

स्वराक—सज्ञा पुं० [स० स्वराङ्क] एक प्रकार की सगीतरचना [को०]।

स्वरात—वि० [स० स्वरान्त] (शब्द) जिसके अत मे कोई स्वर हो। जैसे,—माला, टोपी।

स्वरातर—सज्ञा पुं० [सं० स्वरान्तर] दो स्वरो के उच्चारण का मध्यवर्ती विराम, अवकाश या अतर [को०]।

स्वराश—सज्ञा पुं० [सं०] १ सगीत मे स्वर का आधा या चौथाई स्वर। २ सप्तमाश [को०]।

स्वरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] ब्रह्मा की बडी पत्नी का नाम जो गायत्री की सपत्नी कही गई है।

स्वराघात—सज्ञा पुं० [स० स्वर+आघात] बोलने मे स्वरविशेष पर वक्ता द्वारा डाला जानेवाला बल। उच्चारण प्रयत्न। उ०—जब इस वर्ग की अन्य भाषाएँ अभिनव मे आने लगी तो स्वर के साथ साथ स्वराघात का प्राबल्य होने लगा।—भाज० भा० सा०, पृ० ११।

यौ०—स्वराघात चिह्न=वे चिह्न या निशान जिनके द्वारा स्वराघात का बोधन कराया जाय।

स्वराज्—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्वराट्'।

स्वराज—सज्ञा पुं० [सं० स्वराट्, स्वराज्] दे० 'स्वराज्य'।

स्वराजी—सज्ञा पुं० [हि० स्वराज+ई (प्रत्य०)] स्वराज्य शासन प्रणाली के लिये आदोलन करनेवाला व्यक्ति।

स्वराज्य—सज्ञा पुं० [सं०] वह राज्य जिसमे कोई राष्ट्र या किसी देश के निवासी स्वय ही अपना शासन और अपने देश का सब प्रबध करते हो। अपना राज्य।

यौ०—स्वराज्यभोगी=स्वराज्य शासन प्रणाली का भोग करनेवाला। आत्मशासनप्राप्त।

स्वराट्[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा। २ ईश्वर। ३ एक प्रकार का वैदिक छद। ४ वह वैदिक छद जिसके सब पादो मे मिलकर नियमित वर्णों मे दो वर्ण कम हो। ५ सूर्य की सात किरणो मे से एक का नाम (को०)। ६ विष्णु का एक नाम (को०)। ७ शुक्रनीति के अनुसार वह राजा जिसका वार्षिक राजस्व ५० लाख से १ करोड पर्ण तक हो (को०)। ८ वह राजा जो किसी ऐसे राज्य का स्वामी हो, जिसमे स्वराज्य शासन प्रणाली प्रचलित हो। उ०—जो पिता के सदृश सब प्रकार से हमारा पालन करनेवाला स्वराट्।—दयानद (शब्द०)।

स्वराट्[2]—वि० जो स्वय प्रकाशमान हो और दूसरो को प्रकाशित करता हो। उ०—जो सर्वत्र व्याप्त, अविनाशी (स्वराट्), स्वय-प्रकाशरूप और (कालाग्नि) प्रलय मे सब का काल और काल का भी काल है, इसलिये परमेश्वर का नाम कालाग्नि है।—सत्यार्थ (शब्द०)।

स्वरापगा—सज्ञा स्त्री० [सं०] आकाशगगा। मदाकिनी।

स्वरामक—सज्ञा पुं० [सं०] अजरोट का वृक्ष।

स्वरारूढ—वि० [सं० स्वरारूढ] स्वर्ग लोक गया हुआ। स्वर्गारूढ [को०]।

स्वरालु—सज्ञा पुं० [सं०] वचा या वच नाम की ओषधि।

स्वराष्टक—सज्ञा पुं० [स०] सगीत मे एक प्रकार का सकर राग जो बगाली, भैरव, गाधार, पचम और गुर्जरी के मेल से बनता है।

स्वराष्ट्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ अपना राष्ट्र या राज्य।

यौ०—स्वराष्ट्रप्रेम=अपने राष्ट्र या राज्य के प्रति प्रेम एव उत्सर्ग की भावना।

२ प्राचीन सुराष्ट्र नामक देश का एक नाम। ३ तामस मनु के पिता का नाम जो पुराणानुसार एक सार्वभौम और प्रसिद्ध राजा थे और जिन्होने बहुत से यज्ञादि किए थे।

स्वराष्ट्रमत्री—सज्ञा पु० [स० स्वराष्ट्रमन्त्रिन्] दे० 'स्वराष्ट्रसचिव'।

स्वराष्ट्रसचिव—सज्ञा पु० [स०] किसी देश की सरकार या मत्रिमडल का वह सदस्य जिसके अधीन पुलिस, जेलखाने, फौजदारी, शासनप्रबध आदि हो। गृहमत्री। होम मेवर। होम मिनिस्टर। होम सेक्रेटरी।

स्वराष्ट्रसदस्य—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्वराष्ट्रसचिव'।

स्वरिंगण—सज्ञा पु० [स०स्वरिङ्गण] आँधी। तेज हवा। तूफान (को०)।

स्वरित[1]—सज्ञा पु० [सं०] उच्चारण के अनुसार स्वर के तीन भेदो मे से एक। वह स्वर जिसमे उदात्त और अनुदात्त दोनो गुण है। वह स्वर जिसका उच्चारण न बहुत जोर से हो और न बहुत धीरे से। मध्यम रूप से उच्चरित स्वर।

स्वरित[2]—वि० १ जिसमे स्वर हो। स्वर से युक्त। २ गूँजता हुआ। ध्वनित। ३ जिसका उच्चारण किया गया हो। उच्चरित (को०)। ४ स्वरितबोधक उच्चारणचिह्न से युक्त (को०)।

स्वरितत्व—सज्ञा पुं० [स०] स्वरित का भाव या धर्म।

स्वरु—सज्ञा पुं० [सं०] १. वज्र। २ यज्ञ। ३ बाण। तीर। ४ सूर्य की किरण। ५ एक प्रकार का बिच्छू। ६ धूप (को०)। यज्ञीय स्तभ का एक अश या भाग (को०)। ८ वृक्ष के तने से काटा हुआ काष्ठ का लबा अश, विशेषत यज्ञस्तभ (को०)।

स्वरुचि[1]—वि० [स०] जो सब काम अपनी रुचि के अनुसार करे। स्वतत्र। स्वाधीन। आजाद।

स्वरुचि[2]—सज्ञा स्त्री० अपनी रुचि। अपनी पसद।

स्वरुमोचन—सज्ञा पु० [स०] यज्ञीय स्तभ का वह भाग जो नीचे से तीसरे हाथ पर तथा ऊपर से पद्रहवें हाथ पर होता है (को०)

स्वरूप[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ आकार। आकृति। शक्ल। उ०—अपने अश आप हरि प्रकटे पुरुषोत्तम निज रूप। नारायण भुव भार हरो है अति आनद स्वरूप।—सूर (शब्द०)। २ किसी व्यक्ति की अपनी प्रतिकृति या मूर्ति। मूर्ति या चित्र आदि। उ०—हिय मे स्वरूप सेवा करि अनुराग भरे ठरे और जीवनि की जीवन को दीजिए।—नाभा (शब्द०)। ३ देवताओ आदि का धारण किया हुआ रूप। ४ वह जो किसी देवता का रूप धारण किए हो। ५ पडित। विद्वान्। ६ स्वभाव। ७ आत्मा। ८. विशिष्ट लक्ष्य या उद्देश्य।

स्वरूप[2]—वि० १ सुदर। खूबसूरत। २ तुल्य। समान। उ०—इतनि रूप भइ कन्या जेहि स्वरूप नहिं कोय। धन सुदेस रुपवता जहाँ जनम अस होय।—जायसी (शब्द०)। ३ पठित। शिक्षित। विज्ञ (को०)।

स्वरूप[3]—अव्य० रूप मे। तौर पर। जैसे,—उन्होंने प्रमाण स्वरूप महाभारत का एक श्लोक कह सुनाया।

विशेष—इस अर्थ मे यह यौगिक शब्दो के अत मे ही आता है। जैसे,—आधारस्वरूप।

स्वरूप(पु)[4]—सज्ञा पुं० [स० सारूप्य] दे० 'सारूप्य'। उ०—हम सालोक्य स्वरूप सरोज्यो रहत समीप सहाई। सो तजि कहत और की और तुम अलि बडे अदाई।—सूर (शब्द०)।

स्वरूपक—सज्ञा पुं० [स०] १ अपनी अवस्था, आकृति या प्रतिकृति। २ अपना स्वभाव अथवा विशेषता।

स्वरूपगत—वि० [सं०] १. आकृति या आकारगत। २. अपने समान विशेषता से युक्त। अपने ही सदृश विशेषताओवाला (को०)।

स्वरूपज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो परमात्मा और आत्मा का स्वरूप पहचानता हो। तत्त्वज्ञ। उ०—'क्योकि वह अपने स्वरूपज्ञो पर किस नाते दत्तचित्त होगा?—हरिश्चद्र (शब्द०)।

स्वरूपता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वरूप का भाव या धर्म।

स्वरूपदया—सज्ञा पुं० [स०] जैनियो के अनुसार वह दया या जीवरक्षा जो इहलोक और परलोक मे सुख पाने के लिये लोगो की देखा-देखी की जाय।

विशेष—इस प्रकार की जीवरक्षा या दया यद्यपि ऊपर से देखने मे दया ही जान पडती है, तथापि स्वभाव मे, मन के भाव से नही बल्कि स्वार्थ के विचार से, होती है।

स्वरूपप्रतिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] जीव का अपनी स्वाभाविक शक्तियो और गुणो से युक्त होना।

स्वरूपमान(पु)—सज्ञा पुं० [स० स्वरूपमत्] स्वरूपवान्। सुदर। खूबसूरत। उ०—और स्वरूपमान लोगो के सहस्रो लघु-लघु समूह उडुगणो की भाँति यत्र तत्र छिटके हुए थे।—अयोध्या० (शब्द०)।

स्वरूपवान्—वि० [सं० स्वरूपवत्] [वि० स्त्री० स्वरूपवती] जिसका स्वरूप अच्छा हो। सुदर। खूबसूरत। उ०—अर्थात् उस परम अद्भुत विशेष स्वरूपवान् परमात्मा के "।—केनोपनिषद् (शब्द०)।

स्वरूपसबध—सज्ञा पु० [स० स्वरूपसम्बन्ध] वह सबध जो किसी के परस्पर ठीक अनुरूप होने के कारण स्थापित होता है।

स्वरूपात्मक—वि० [स० स्वरूप + आत्मक] स्वरूपवाला। साकार। उ०—ता दिन ते यह ब्राह्मन श्रीयमुना जी को स्वरूपात्मक करि जानन लाग्यो।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २८०।

स्वरूपाभास—सज्ञा पुं० [स०] कोई वास्तविक स्वरूप न होने पर भी उसका आभास दिखाई देना। जैसे,—गधर्वनगर, जिसका वास्तव मे कोई स्वरूप नही होता, पर फिर भी स्वरूपाभास होता है।

स्वरूपासिद्ध—वि० [स०] जो स्वय अपने स्वरूप से ही असिद्ध जान पडता हो। कभी सिद्ध न हो सकनेवाला।

स्वरूपासिद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] असिद्ध के तीन भेदो मे से एक का नाम।

स्वरूपी[1]—वि० [सं० स्वरूपिन्] १ स्वरूपवाला। स्वरूपयुक्त।

उ०—नमो नमो गुरुदेव जू, साध स्वरूपी देव। आदि अत गुण काल के, जाननहारे भेव।—कबीर (शब्द०)। २ जो किसी के स्वरूप के अनुसार हो, अथवा जिसने किसी का स्वरूप धारण किया हो।—उ०—ज्योति स्वरूपी हाकिमा जिन अमल पसारा हो।—कबीर (शब्द०)।

स्वरूपी(पु)[१]—सज्ञा पुं० [स० सारूप्य] दे० 'सारूप्य'।

स्वरूपोपनिषद्—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद् का नाम।

स्वरेणु—सज्ञा स्त्री० [सं०] सूर्य की पत्नी सज्ञा का एक नाम।

स्वरोचि—सज्ञा स्त्री० [सं०] अपना प्रकाश या दीप्ति।

स्वरोचिस्—सज्ञा पुं० [स०] स्वारोचिष् मनु के पिता का नाम।

विशेष—पुराणानुसार ये कलि नामक गधर्व के पुत्र थे और वरुथिनी नाम की अप्सरा के गर्भ से उत्पन्न हुए थे।

स्वरोद—सज्ञा पुं० [स० स्वरोदय] एक प्रकार का बाजा जिसमे बजाने के लिये तार लगे होते हैं।

स्वरोदय—सज्ञा पुं० [सं०] वह शास्त्र जिसके द्वारा इडा, पिंगला और सुषुम्ना आदि नाडियो के श्वासो के द्वारा सब प्रकार के शुभ और अशुभ फल जाने जाते हैं। दाहिने और बाएँ नथने से निकलते हुए श्वासो को देखकर शुभ और अशुभ फल कहने की विद्या।

स्वरोपघात—सज्ञा पुं० [सं०] स्वर का उपघात। स्वर बीच मे का भग होना [को०]।

स्वर्ग गा—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्गङ्गा] स्वर्ग की नदी, मदाकिनी।

स्वर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] १ हिदुओ के सात लोको मे से तीसरा लोक जो ऊपर आकाश मे सूर्य लोक से लेकर ध्रुव लोक तक माना जाता है। उ०—(क) असन वसन पसु वस्तु विविध विधि सब मनि महँ रहु जैसे। स्वर्ग नरक चर अचर लोक बहु बसत मध्य मन तैसे।—तुलसी (शब्द०)। (ख) स्वर्ग, भूमि, पाताल के, भोगहि सर्व समाज। शुभ सतति निज तेजबल, करत राज के काज।—निश्चल (शब्द०)। (ग) देवकी के आठवें गर्भ मे लडका होगा, सो न हो लडकी हुई, वह भी हाथ से छूट स्वर्ग को गई।—लल्लू (शब्द०)।

विशेष—किसी किसी पुराण के अनुसार यह सुमेरु पर्वत पर है। देवताओ का निवासस्थान यही स्वर्गलोक माना गया है और कहा गया है कि जो लोग अनेक प्रकार के पुण्य और सत्कर्म करके मरते हैं, उनकी आत्माएँ इसी लोक मे जाकर निवास करती हैं। यज्ञ, दान आदि जितने पुण्य कार्य किये जाते है, वे सब स्वर्ग की प्राप्ति के उद्देश्य से ही किए जाते हैं। कहते है, इस लोक मे केवल सुख ही सुख है, दु ख, शोक, रोग, मृत्यु आदि का नाम भी नही है। जो प्राणी जितने ही अधिक सत्कर्म करता है, वह उतने ही अधिक समय तक इस लोक मे निवास करने का अधिकारी होता हे। परतु पुण्यो का क्षय हो जाने अथवा अवधि पूरी हो जाने पर जीव को फिर कर्मानुसार शरीर धारण करना पडता है, और यह क्रम तब तक चलता रहता है, जब तक उसकी मुक्ति नही हो जाती। यहाँ अच्छे अच्छे फलोवाले वृक्षो, मनोहर वाटिकाओ और अप्सराओ आदि का निवास माना जाता है। स्वर्ग की कल्पना नरक की कल्पना के बिलकुल विरुद्ध है। प्राय सभी धर्मो, देशो और जातियो मे स्वर्ग और नरक की कल्पना की गई है। ईसाइयो के अनुसार स्वर्ग ईश्वर का निवासस्थान है। और वहाँ फरिश्ते तथा धर्मात्मा लोग अनत सुख का भोग करते हैं। मुसलमानो का स्वर्ग बिहिश्त कहलाता है। मुसलमान लोग भी बिहिश्त को खुदा और फरिश्तो के रहने की जगह मानते हैं और कहते है कि दीनदार लोग मरने पर वही जायँगे। उनका बिहिश्त इद्रियसुख की सब प्रकार की सामग्री से परिपूर्ण कहा गया है। वहाँ दूध और शहद की नदियाँ तथा समुद्र है, अगूरो के वृक्ष है और कभी वृद्ध न होनेवाली अप्सराएँ है। यहूदियों के यहाँ तीन स्वर्गो की कल्पना की गई है।

पर्या०—स्वर्। नाक। त्रिदिव। त्रिदशालय। सुरलोक। द्यौ। मदर। देवलोक। ऊर्ध्वलोक। शक्रभुवन।

मुहा०—स्वर्ग के पथ पर पैर देना = (१) मरना। (२) जान जोखिम मे डालना। उ०—कहो सो तोहि मिहलगढ है, खड सात चढाव। फेरि न कोई जीति जय, स्वर्ग पथ दे पाव।—जायसी (शब्द०)। स्वर्ग जाना या सिधारना = मरना। देहात होना। जैसे,—वे तीस ही वर्ष की अवस्था मे स्वर्ग सिधारे (किसी की मृत्यु पर उसके समानार्थ उसका स्वर्ग जाना या सिधारना कहा जाता है।) उ०—बहुते भँवर बवडर भये। पहुँच न सके स्वर्ग कहँ गये।—जायसी (शब्द०)।

यौ०—स्वर्गसुख = बहुत अधिक और उच्च कोटि का सुख। वैसा सुख जैसा स्वर्ग मे मिलता है। जैसे,—मुझे तो केवल अच्छी अच्छी पुस्तकें पढने मे ही स्वर्गसुख मिलता है। स्वर्ग की धार = आकाशगगा। उ०—नासिक खीन स्वर्ग की धारा। खीन लक जनु केहर हारा।—जायसी (शब्द०)।

२ ईश्वर। उ०—न जनो स्वर्ग बात धौं काहा। कहूँ न आय कही फिर चाहा।—जायसी (शब्द०)। ३ सुख। ४ वह स्थान जहाँ स्वर्ग का सुख मिले। बहुत अधिक आनद का स्थान। ५ आकाश। उ०—(क) हौं तेहि दीप पतँग होइ परा। जिव जिमि काढ स्वर्ग ले धरा।—जायसी (शब्द०)। (ख) लाक्षागृह पावक तब जारा। लागी जाय स्वर्ग सो धारा।—सबल (शब्द०)। ६ प्रलय (क्व०)। उ०—भा परलै अस सबही जाना। काढा खड्ग स्वर्ग नियराना।—जायसी (शब्द०)।

स्वर्गकाम—सज्ञा पुं० [स०] वह जो स्वर्ग की कामना रखता हो। स्वर्गप्राप्ति की इच्छा रखनेवाला।

स्वर्गगगा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वर्गगङ्गा] मदाकिनी [को०]।

स्वर्गगत—वि० [सं०] मृत। मरा हुआ [को०]।

स्वर्गगति—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्ग जाना। मरना।

स्वर्गगमन—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग सिधारना। मरना।

स्वर्गगामी—वि० [स० स्वर्गगामिन्] १ स्वर्ग की ओर गमन करने-

वाला। स्वर्ग जानेवाला। २ जो स्वर्ग की ओर गमन कर चुका हो। मरा हुआ। मृत। स्वर्गीय।

स्वर्गगिरि—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग का पर्वत। मेरु पर्वत [को०]।

स्वर्गच्युत—वि० [स०] स्वर्ग से पतित या गिरा हुआ [को०]।

स्वर्गजित्[1]—वि० [स०] स्वर्ग को जीतने या आक्रात करनेवाला [को०]।

स्वर्गजित्[2]—सज्ञा पु० एक प्रकार का यज्ञ जिसे करने से स्वर्ग प्राप्त होता है।

स्वर्गजीवी—वि० [स० स्वर्गजीविन्] स्वर्ग मे रहनेवाला। स्वर्गस्थ [को०]।

स्वर्गणिका—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्ग की गणिका। अप्सरा [को०]।

स्वर्गत—वि० [स०] जो स्वर्ग चला गया हो। स्वर्गगत। मरा हुआ। स्वर्गीय।

स्वर्गतरगिणी—सज्ञा स्त्री० [स० स्वर्गतरङ्गिणी] स्वर्ग की नदी। मदाकिनी। स्वर्णदी।

स्वर्गतरु—सज्ञा पुं० [स०] १ कल्पतरु वृक्ष। २. पारिजात। परजाता।

स्वर्गतर्ष—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग की तृषा या उत्कट अभिलाषा [को०]।

स्वर्गति—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्ग की ओर जाने की क्रिया। स्वर्गगमन।

स्वर्गद—वि० [सं०] जो स्वर्ग पहुँचाता हो। स्वर्ग देनेवाला। उ०—(क) सतगुण, रजगुण, तमोगुण, त्रयविधि के मुनि वाच। मोक्षद, स्वर्गद, सुखद है, धरिहौं सुखप्रद साँच।—विश्राम (शब्द०)। (ख) स्वर्गद, नर्कद कर्म अनता। साधन सकल कह्यौ मतिवता।—रघुराज (शब्द०)।

स्वर्गदायक—वि० [स०] दे० 'स्वर्गद'।

स्वर्गद्वार—सज्ञा पुं० [स०] १ स्वर्ग का द्वार या दरवाजा। २ अयोध्या मे सरयू तटवर्ती एक तीर्थ का नाम। ३ शिव।

स्वर्गधाम—सज्ञा पुं० [स० स्वर्गधामन्] स्वर्ग लोक [को०]।

स्वर्गधेनु—सज्ञा स्त्री० [स०] कामधेनु।

स्वर्गनदी—सज्ञा स्त्री० [स० स्वर्ग + नदी] आकाशगगा। उ०—पद्म पाद सुनि गुरु आदेशा। स्वर्गनदी महँ कीन्ह प्रवेशा।—शकर-दिग्वि० (शब्द०)।

स्वर्गपति—सज्ञा पु० [स०] इद्र।

स्वर्गपथ—सज्ञा पु० [स०] १ स्वर्ग का मार्ग। २ आकाशगगा [को०]।

स्वर्गपद—सज्ञा पुं० [स०] १. स्वर्ग। स्वर्गलोक। २ एक तीर्थ [को०]।

स्वर्गपर—वि० [स०] स्वर्ग की कामनावाला [को०]।

स्वर्गपुरी—सज्ञा स्त्री० [स०] इद्र की पुरी, अमरावती।

स्वर्गपुष्प—सज्ञा पुं० [स०] लौग।

स्वर्गप्रद—वि० [स०] जिससे स्वर्ग प्राप्त हो। स्वर्गद [को०]।

स्वर्गभर्ता—सज्ञा पु० [स० स्वर्गभर्तृ] स्वर्ग का स्वामी इद्र [को०]।

स्वर्गभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन जनपद का नाम।

विशेष—यह जनपद वाराणसी के पश्चिम ओर था। कहते है, इसी स्थान पर भगवती न दुर्ग नामक राक्षस का नाश किया था जिसके कारण उनका नाम दुर्गा पडा था।

स्वर्गमदाकिनी—सज्ञा स्त्री० [स० स्वर्गमन्दाकिनी] स्वर्गगगा। मदाकिनी।

स्वर्गमन—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग जाना। स्वर्गगमन। मरना।

स्वर्गमार्ग—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग की राह। स्वर्गपथ [को०]।

स्वर्गयाण[1]—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग का मार्ग [को०]।

स्वर्गयाण[2]—वि० स्वर्ग जाने या ले जानेवाला [को०]।

स्वर्गयोनि—सज्ञा पु० [स०] यज्ञ, दान आदि वे शुभ कर्म जिनके कारण मनुष्य स्वर्ग जाता है।

स्वर्गलाभ—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग की प्राप्ति। स्वर्ग पहुँचना। मरना।

स्वर्गलोक—सज्ञा पु० [स०] दे० 'स्वर्ग—१'।

स्वर्गलोकेश, स्वर्गलोकेश्वर—सज्ञा पु० [स०] १ स्वर्गलोक के स्वामी, इद्र। २ शरीर। तन।

स्वर्गवधू—सज्ञा स्त्री० [स०] अप्सरा।

स्वर्गवाणी—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्ग + वाणी] आकाशवाणी। उ०—वेद वचन ते कन्या भयऊ। वेदन स्वर्गवाणि तौ कियऊ।—सबल (शब्द०)।

स्वर्गवास—सज्ञा पु० [स०] १ स्वर्ग मे निवास करना। स्वर्ग मे रहना। २. स्वर्ग को प्रस्थान करना। मरना। जैसे,—परसो उनके पिता का स्वर्गवास हो गया।

स्वर्गवासी—वि० [स० स्वर्गवासिन्] [वि० स्त्री० स्वर्गवासिनी] १ स्वर्ग मे रहनेवाला। २. जो मर गया हो। मृत। जैसे,—स्वर्गवासी राजा शिवप्रसाद जी।

स्वर्गश्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्ग का वैभव [को०]।

स्वर्गसक्रम—सज्ञा पु० [स० स्वर्गसङ्क्रम] स्वर्ग की सीढी [को०]।

स्वर्गसद—सज्ञा पुं० [स०] देवता [को०]।

स्वर्गसरिद्धरा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्गगा। मदाकिनी [को०]।

स्वर्गसाधन—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्गप्राप्ति के उपाय [को०]।

स्वर्गसार—सज्ञा पुं० [स०] सगीत मे चतुर्दश ताल के चौदह भेदो मे से एक।

स्वर्गसुख—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग का सुख। स्वर्गीय आनद।

स्वर्गस्त्री—सज्ञा स्त्री० [स०] अप्सरा।

स्वर्गस्थ—वि० [स०] १ स्वर्ग मे स्थित। स्वर्ग का। २. जो मर गया हो। मृत। स्वर्गवासी।

स्वर्गस्थित—वि० [स०] दे० 'स्वर्गस्थ'।

स्वर्गा—सज्ञा स्त्री० [स०] मदाकिनी। स्वर्गगा।

स्वर्गापगा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्गगा। मदाकिनी।

स्वर्गाभिकाम—वि० [सं०] स्वर्ग का इच्छुक। स्वर्गकाम [को०]।

स्वर्गामी—वि० [स० स्वर्गामिन] जो स्वर्ग चला गया हो। स्वर्गवासी। स्वर्गगामी।

स्वर्गारूढ—वि० [स० स्वर्गारूढ] स्वर्ग सिधारा हुआ। स्वर्ग पहुँचा-हुआ। मृत। स्वर्गवासी।

स्वर्गारोहण—सज्ञा पु० [स०] १ स्वर्ग की ओर जाना या चढना। २. स्वर्ग सिधारना। मरना। ३ महाभारत का एक पर्व या अश।

स्वर्गार्गल—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग की अर्गला [को०]

स्वर्गावास—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग मे निवास करना। स्वर्गवास।

स्वर्गिक—वि० [स० स्वर्ग + इक (प्रत्य०)] स्वर्ग मे सबद्ध। स्वर्गतुल्य। स्वर्ग जैसा। उ०—आया वसत, भर पृथ्वी पर, स्वर्गिक, सुदरता का प्रवाह।—युगात, पृ० ७।

स्वर्गिगिरि—सज्ञा पु० [स०] सुमेरु पर्वत, जिसके शृग पर स्वर्ग की स्थिति मानी जाती है।

स्वर्गिरि—सज्ञा पु० [स०] सुमेरु पर्वत [को०]।

स्वर्गिवधू, स्वर्गिस्त्री—सज्ञा स्त्री० [स०] अप्सरा।

स्वर्गी[1]—वि० [स० स्वर्गिन्] १ स्वर्ग का निवासी। स्वर्गवासी। २ स्वर्गगामी। ३ स्वर्ग सबधी। स्वर्गीय।

स्वर्गी[2]—सज्ञा १ देवता। २ मृत व्यक्ति (को०)।

स्वर्गीय—वि० [स०] [वि० स्त्री० स्वर्गीया] १ स्वर्ग सबधी। स्वर्ग का। जैसे,—मुझे एकातवास मे स्वर्गीय सुख प्राप्त होता है। २ जिसका स्वर्गवास हो गया हो। जो मर गया हो। जैसे,—स्वर्गीय भारतेदु जी। उ०—श्रीमान् स्मृतिमदिर बनवाकर स्वर्गीया महारानी विक्टोरिया का ऐसा स्मारक बनवा देगे।—शिवशभु (शब्द०)। ३ अलौकिक (को०)।

स्वर्गोपम—वि० [स०] स्वर्गतुल्य। उ०—स्वर्गोपम हो ये गाम यहा।—ग्रामिका, पृ० १२४।

स्वर्गौका—सज्ञा पुं० [स० स्वर्गौकस्] देवता। सुर [को०]।

स्वर्ग्य—वि० [स०] १ जिससे स्वर्ग प्राप्त हो। स्वर्ग दिलानेवाला। २. अलौकिक। स्वर्गीय [को०]।

स्वर्चन—सज्ञा पुं० [स०] वह अग्नि जिसमे से सुदर ज्वाला निकलती हो।

स्वर्जक्षार—सज्ञा पु० [स०] सर्जिक्षार। सज्जीखार। सज्जी मिट्टी।

स्वर्जारिघृत—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का घृत।

विशेष—यह घृत गौ के घी मे सज्जी, जवाखार, कमीला, मेहदी, सुहागा और सफेद कत्थे के चूर्ण को खरल करने से बनता है। कहते हैं, इसे घाव पर लगाने से उसमे के कीडे मर जाते हैं, सूजन कम हो जाती है और वह जल्दी भर जाता है।

स्वर्जि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सज्जी मिट्टी। २ शोरा।

स्वर्जिक—सज्ञा पु० [स०] १ सज्जी मिट्टी। २ शोरा।

स्वर्जिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्वर्जिक' [को०]।

स्वर्जिकाक्षार—सज्ञा पु० [स०] सज्जी मिट्टी। सज्जीखार।

स्वर्जिकाद्य तैल—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का तेल जो कर्णरोग मे उपयोगी है।

विशेष—यह तेल तिल के तेल मे सज्जी, मूली, हीग, पीपल और सोठ आदि औटाकर बनाया जाता है। यह तेल कान के दर्द और बहरेपन आदि के लिये उपयोगी माना जाता है।

स्वर्जिकापाक्य—सज्ञा पु० [सं०] सज्जी मिट्टी।

स्वर्जित्—सज्ञा पु० [स०] १ वह जिससे स्वर्ग पर विजय प्राप्त कर ली हो। स्वर्गजेता। २ एक प्रकार का यज्ञ।

स्वर्जित—सज्ञा पु० [स० स्वर्जित] एक प्रकार का यज्ञ।

स्वर्जी—सज्ञा पुं० [स० स्वर्ज्जिन्] सज्जी मिट्टी।

स्वर्ण—सज्ञा पु० [स०] १ सुवर्ण या सोना नामक बहुमूल्य धातु। २ पीत वर्ण का (स्वर्ण के रग का) धतूरा। ३ गौर सुवर्ण नाम का नाग। ४ नागकेसर। ५ पुराणानुसार एक नदी का नाम। ६ कामरूप देश की एक नदी का नाम। ७ स्वर्णमुद्रा। सोने का सिक्का (को०)। ८ हरिवश के अनुसार एक प्रकार की अग्नि (को०)। ९ गेरु। गैरिक (को०)।

स्वर्णकडु—सज्ञा पु० [स० स्वर्णकण्डु] धूना। राल।

स्वर्णक[1]—वि० [स०] १ स्वर्ण का। २ दे० 'स्वर्णिम'।

स्वर्णक[2]—सज्ञा पुं० एक वृक्ष।

स्वर्णकण—सज्ञा पुं० [स०] १ कर्णगुग्गुल। कणगुग्गुल। २ सोने का बारीक कण या रवा (को०)।

स्वर्णकर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] सोने का कण या दाना [को०]।

स्वर्णकदली—सज्ञा स्त्री० [स०] सोनकेला। सुवर्णकदली।

स्वर्णकमल—सज्ञा पु० [सं०] लाल कमल।

स्वर्णकाय[1]—सज्ञा पु० [स०] गरुड।

स्वर्णकाय[2]—वि० जिसका शरीर सोने का अथवा सोने का सा हो।

स्वर्णकार—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार की जाति जो सोने चाँदी के आभूषण आदि बनाती है। सुनार।

स्वर्णकूट—सज्ञा पु० [स०] हिमालय की एक चोटी का नाम।

स्वर्णकृत्—सज्ञा पु० [स०] दे० 'स्वर्णकार'।

स्वर्णकेतकी—सज्ञा स्त्री० [स०] पीली केतकी जिससे इत्र और तेल आदि बनाया जाता है।

स्वर्णसीरिका, स्वर्णसीरिणिका—सज्ञा स्त्री० [स०] भरभाँड। हेमपुष्पा। सत्यानाशी।

स्वर्णसीरी—सज्ञा स्त्री० [स०] हेमपुष्पा। सत्यानाशी। भरभाँड।

स्वर्णक्रोश—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार पूर्व वश के एक नद का नाम।

स्वर्णखचित—वि० [स० स्वर्ण + खचित] जिसपर सोने का काम किया गया हो। स्वर्णमडित। उ०—स्वर्णखचित यह शिरस्त्राण है कह रहा, वर्म बना बहुमूल्य बताता विभव को।—करुणालय, पृ० ११।

स्वर्णगणपति—सज्ञा पुं० [स०] गणपति का एक विशिष्ट रूप [को०]।

स्वर्णगर्भ—वि० [स०] जिसके भीतर स्वर्ण हो।

स्वर्णगर्भाचल—सज्ञा पुं० [स०] हिमालय की एक चोटी का नाम।

स्वर्णगिरि—सज्ञा पुं० [स०] सुमेरु पर्वत।

स्वर्णगैरिक—सज्ञा पु० [स०] सोना गेरु।

स्वर्णग्रीव—सज्ञा पु० [स०] कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम।

स्वर्णग्रीवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कालिका पुराण के अनुसार एक नदी का नाम जो माटकशैल के पूर्वी भाग से निकली हुई और गंगा के समान पवित्र कही गई है।

स्वर्णचूड, स्वर्णचूडक—संज्ञा पु० [सं० स्वर्णचूड, स्वर्णचूडक] १ नीलकंठ नामक पक्षी। २ कुक्कुट। मुर्गा (को०)।

स्वर्णचूल—संज्ञा पु० दे० 'स्वर्णचूड'।

स्वर्णज'—वि० [सं०] १ सोने से उत्पन्न। २ सोने से बना हुआ।

स्वर्णज'—संज्ञा पु० १ वंग नाम की धातु। रांगा। २ सोनामक्खी।

स्वर्णजयंती—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्ण + जयन्ती] किसी विशिष्ट व्यक्ति, संस्था, शासन या किसी महत्वपूर्ण घटना आदि के जीवन के पचासवें वर्ष मनाया जानेवाला उत्सव।

विशेष—यह शब्द अंग्रेजी के 'गोल्डेन जुबिली' शब्द का अनुवाद है तथा इसका प्रयोग और व्यवहार भी अंग्रेजों के शासनकाल से संबद्ध प्रतीत होता है।

स्वर्णजातिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीली चमेली।

स्वर्णजाती—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'स्वर्णजातिका'।

स्वर्णजीवंतिका—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्णजीवन्तिका] दे० 'स्वर्णजीवंती'।

स्वर्णजीवंती—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्णजीवन्ती] पीली जीवंती।

स्वर्णजीवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीली जीवंती।

स्वर्णजीवी'—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णजीविन्] वह जो सोने के आभूषण आदि बनाकर जीविका निर्वाह करता हो। सुनार।

स्वर्णजीवी'—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीली जीवंती। सुनहली जीवंती (को०)।

स्वर्णजूही—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्णयूथिका, प्रा० जूहिआ] पीली जूही।

स्वर्णतीर्थ—संज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

स्वर्णद'—वि० [सं०] १ स्वर्ण या सोना देनेवाला। २. स्वर्ण या सोना दान करनेवाला।

स्वर्णद'—संज्ञा पु० वृश्चिकाली। बरहटा।

स्वर्णदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बरहटा। वृश्चिकाली (को०)।

स्वर्णदामा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक देवी (को०)।

स्वर्णदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मंदाकिनी। स्वर्गंगा। २ वृश्चिकाली। बरहटा। ३ कामाख्या के पास की एक नदी का नाम।

स्वर्णदीधिति—संज्ञा पु० [सं०] अग्नि।

स्वर्णदुग्धा, स्वर्णदुग्धी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्णक्षीरी। सत्यानाशी। भरभाँड।

स्वर्णद्रु—संज्ञा पु० [सं०] आरग्वध। अमलतास।

स्वर्णद्वीप—संज्ञा पु० [सं०] एक द्वीप का नाम जिसे आजकल सुमात्रा कहते हैं।

स्वर्णधातु—संज्ञा पुं० [पु०] १ सुवर्ण। सोना। २ स्वर्णगैरिक। सोनागेरू।

स्वर्णनाभ—संज्ञा पु० [सं०] १ एक प्रकार का शालग्राम। २ एक प्रकार का अस्त्रमंत्र (को०)।

स्वर्णनिभ'—संज्ञा पुं० [सं०] सोनागेरू। स्वर्णगैरिक।

स्वर्णनिभ'—वि० सोने जैसा। सोने के समान।

स्वर्णपक्ष—संज्ञा पु० [सं०] गरुड़।

स्वर्णपत्र—संज्ञा पु० [सं०] सोने का पत्तर या तबक।

स्वर्णपत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्णमक्खी। सोनामुखी। मनाय।

स्वर्णपद्मा—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्गंगा। मंदाकिनी।

स्वर्णपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीली जीवंती।

स्वर्णपर्पटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक में एक प्रसिद्ध औषध जो संग्रहणी रोग के लिये सबसे अधिक गुणकारी मानी जाती है।

विशेष—इसके बनाने के लिये एक तोले सोने को पहले आठ तोले पारे में भली भाँति खरल करते हैं और तब उसमें आठ तोले गंधक मिलाकर उसकी कजली तैयार करते हैं। इसके सेवन के समय रोगी को इतना अधिक दूध पिलाया जाता है जितना वह पी सकता है।

स्वर्णपाटक—संज्ञा पु० [सं०] साहागा, जिसके मिलाने से सोना गल जाता है।

स्वर्णपारेवत—संज्ञा पु० [सं०] बड़ा पारेवत।

स्वर्णपुंख—संज्ञा पु० [सं० स्वर्णपुङ्ख] वह बाण जिसके पिछले भाग में स्वर्णिम पंख लगा हो।

स्वर्णपुरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोने की नगरी। लंका (को०)।

स्वर्णपुष्प—संज्ञा पु० [सं०] १ आरग्वध। अमलतास। २ चंपा। चंपक। ३ बबूल। कीकर। ४ कपित्थ। कैथ। ५ सफेद कुम्हड़ा। पेठा।

स्वर्णपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कलिहारी। तागली। २ सातला नाम का थूहर। ३ मंदाकिनी। ४ सोनुली। विशेष दे० 'स्वर्णुली'। ५ स्वर्णकेतकी।

स्वर्णपुष्पिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीली चमेली (को०)।

स्वर्णपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्वर्णकेतकी। पीला केवड़ा। २ सातला नाम का थूहड़। ३ अमलतास। आरग्वध।

स्वर्णप्रतिकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'स्वर्णप्रतिमा'।

स्वर्णप्रतिमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोने की प्रतिमा या मूर्ति।

स्वर्णप्रस्थ—संज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार जंबूद्वीप के एक उपद्वीप का नाम।

स्वर्णफल—संज्ञा पु० [सं०] धतूरा।

स्वर्णफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्णकदली। चंपा केला।

स्वर्णबंधक—संज्ञा पु० [सं० स्वर्णबन्धक] सोना बंधक रखना (को०)।

स्वर्णबंधक—संज्ञा पु० [सं० स्वर्णबन्धक] दे० 'स्वर्णबंध'।

स्वर्णवणिक्—संज्ञा पु० [सं०] एक जाति। स्वर्णकार। सोनार (को०)।

स्वर्णबीज—संज्ञा पु० [सं०] धतूरे का बीज।

स्वर्णभाक्, स्वर्णभाज्—संज्ञा पु० [सं०] सूर्य।

स्वर्णभूमि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह स्थान जहाँ सब प्रकार के सुख हों। बहुत उत्तम भूमि। २ दारचीनी। गुडत्वक्।

स्वर्णभूमिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अदरक। आदी। २ एक प्रकार का तेज। विशेष दे० 'दारचीनी' [को०]।

स्वर्णभूषण—संज्ञा पुं० [सं०] १ आरग्वध। अमलतास। २ सोनागेरु। स्वर्णगैरिक।

स्वर्णभृंगार—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णभृङ्गार] १ पीला भँगरा। पीली भँगरैया। २ सोने की झारी। सोने का पात्र (को०)।

स्वर्णमंडन—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णमण्डन] सोनागेरु। स्वर्णगैरिक।

स्वर्णमय—वि० [सं०] जो बिलकुल सोने का हो। जैसे,—स्वर्णमय सिंहासन।

स्वर्णमही—संज्ञा स्त्री० [सं०] कालिका पुराणोक्त एक नदी [को०]।

स्वर्णमाक्षिक—संज्ञा पुं० [सं०] सोनामाखी नामक उपधातु। विशेष दे० 'सोनामक्खी'।

स्वर्णमाता—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्णमातृ] १ हिमालय की एक छोटी नदी का नाम। २ जामुन।

स्वर्णमुखी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्वर्णपत्री। सनाय। २ एक प्रकार की नाव। ६४ हाथ लंबी, ३२ हाथ ऊँची और ३२ हाथ चौड़ी नाव।

स्वर्णमुद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोने का सिक्का। अशरफी।

स्वर्णमूल—संज्ञा पुं० [सं०] कथासरित्सागर के अनुसार एक पर्वत का नाम [को०]।

स्वर्णमूषिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक पौधा [को०]।

स्वर्णयुग—संज्ञा पुं० [सं०] सुख समृद्धि एवं शांति का काल।

स्वर्णयूथिका, स्वर्णयूथी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीली जूही।

स्वर्णरंभा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्णरम्भा] स्वर्णकदली। चंपा केला।

स्वर्णराग, स्वर्णराज—संज्ञा पुं० [सं०] सफेद कमल [को०]।

स्वर्णरीति—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजपीतल। सोनापीतल।

स्वर्णरेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'सुवर्णरेखा'।

स्वर्णरेता—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णरेतस्] हिरण्यरेता। सूर्य [को०]।

स्वर्णरोमा—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णरोमन्] एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो राजा महारोमा का पुत्र और ह्रस्वरोमा का पिता था।

स्वर्णलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मालकंगनी। ज्योतिष्मती। २ पीली जीवंती। स्वर्णजीवंती।

स्वर्णलाभ—संज्ञा पुं० [सं०] १ अस्त्र अभिमंत्रित करने का एक मंत्र। २ सोना मिलना। स्वर्ण की प्राप्ति [को०]।

स्वर्णली—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोनुली नामक क्षुप। स्वर्णपुष्पी। विशेष दे० 'स्वर्णुली'।

स्वर्णलेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'सुवर्णरेखा' [को०]।

स्वर्णवंग—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णवङ्ग] रांगे या सीसे का एक प्रकार का भस्म [को०]।

स्वर्णवज्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का लोहा।

स्वर्णवणिक्—संज्ञा पुं० [सं०] १ सराफ। २ स्वर्णकार [को०]।

स्वर्णवर्ण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ कणगुग्गुल। २ हरताल। ३ सोनागेरु। स्वर्णगैरिक। ४ दारुहल्दी।

स्वर्णवर्ण[2]—वि० स्वर्णिम। सुनहला। सोने के रंग का [को०]।

स्वर्णवर्णाक—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णवर्णाङ्क] ककुष्ठ। मुरदासंग।

स्वर्णवर्णा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ हलदी। २ दारुहलदी।

स्वर्णवर्णाभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] जीवंती।

स्वर्णवल्कल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] सोनापाठा। श्योनाक। अरलू।

स्वर्णवल्कल[2]—वि० जिसकी ऊपरी तह या छिलका सुनहला हो [को०]।

स्वर्णवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सोनावल्ली। रक्तफला। २ स्वर्णुली नामक क्षुप। ३ पीली जीवंती।

स्वर्णविंदु—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णविन्दु] १ विष्णु। २ महाभारत में वर्णित प्राचीन काल के एक तीर्थ का नाम।

स्वर्णविद्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्णनिर्माण की विद्या। सोना बनाने की कला। कीमियागरी [को०]।

स्वर्णशिख—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्णचूड या नीलकंठ नामक पक्षी।

स्वर्णशुक्तिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्णद्वीप का सोना [को०]।

स्वर्णशृंग—वि० [सं० स्वर्णशृङ्ग] जिसकी सींग सोने से मढ़ी या स्वर्णिम हो [को०]।

स्वर्णशृंगी—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णशृङ्गिन्] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम जो सुमेरु पर्वत के उत्तर ओर माना जाता है।

स्वर्णशेफालिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ आरग्वध। अमलतास। २. संभालू। पीला सिंधुआर।

स्वर्णशैल—संज्ञा पुं० [सं०] सुमेरु पर्वत जो सोने का कहा गया है। हेमगिरि [को०]।

स्वर्णसिंदूर—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णसिन्दूर] दे० 'रससिंदूर'।

स्वर्णसू—वि० [सं०] जहाँ से सोना निकलता हो। सोना उत्पन्न करनेवाला [को०]।

स्वर्णस्थ—वि० [सं०] जो स्वर्ण में जड़ा हुआ हो [को०]।

स्वर्णहालि—संज्ञा पुं० [सं०] आरग्वध। अमलतास।

स्वर्णांग—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्णाङ्ग] आरग्वध। अमलतास।

स्वर्णाकर—संज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जहाँ सोना उत्पन्न होता हो। सोने की खान।

स्वर्णाचल—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्वर्णाद्रि'।

स्वर्णातप—संज्ञा पुं० [सं० स्वर्ण + आतप] पीली धूप जो सोने जैसी लगती है। उ०—पत्तों पुष्पों से टपक रहा स्वर्णातप, प्रात समीर के मृदु स्पर्शों में कँप कँप।—युगांत, पृ० ११।

स्वर्णाद्रि—संज्ञा पुं० [सं०] १ उड़ीसा प्रदेश का भुवनेश्वर नामक तीर्थ जो स्वर्णाचल भी कहलाता है। २ सुमेरु पर्वत (को०)।

स्वर्णाभ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] हरताल।

स्वर्णाभ[2]—वि० सोने जैसी आभावाला। उ०—जो रजनी ने

बिखराई थी भू पर मजुल मुक्तावलियाँ। लगी लूटने उन्हें प्रात मे दिनमणि की स्वर्णाभ रश्मियाँ।—ग्रामिका, पृ० १६।

स्वर्णाभा—सज्ञा स्त्री० [स०] पीली जूही।

स्वर्णारि—सज्ञा पुं० [स०] १ गधक। २ सीसा नामक धातु।

स्वर्णालु—सज्ञा पुं० [स०] एक क्षुप। सोनुली। विशेष दे० 'स्वर्णुली'।

स्वर्णाह्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वर्णक्षीरी। सत्यानाशी। भरभाँड।

स्वर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] धनिया।

स्वर्णिम—वि० [स०] १ सुनहला। सोने जैसा। उ०—बधु, चाहता क्या, तोड दे हमे, छोड ककाल। यही दैव की चाल, जगत स्वप्नो का स्वर्णिम जाल!—मधुज्वाल, पृ० ३६। २ सोने का (को०)।

स्वर्णुली—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का क्षुप जो सोनुली कहलाता है।

विशेष—इसे हेमपुष्पी और स्वर्णपुष्पा भी कहते है। वैद्यक के अनुसार यह कटु, शीतल, कषाय और व्रणनाशक होता है।

स्वर्णोपधातु—सज्ञा पु० [स०] सोनामखी नामक उपधातु।

स्वर्दंती—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वर्दन्तिन्] स्वर्गलोक का हाथी। ऐरावत आदि हाथी (को०)।

स्वर्द—वि० [स०] स्वर्लोक देनेवाला। स्वर्ग देनेवाला (को०)।

स्वर्धुनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्लोक की नदी, गगा।

स्वर्धेनु—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्गलोक की गाय, कामधेनु (को०)।

स्वर्न—सज्ञा पुं० [सं० स्वर्ण] दे० 'स्वर्ण'।

स्वर्नसैल—सज्ञा पुं० [सं० स्वर्णशैल] सोने का पर्वत। सुमेरु पर्वत। उ०—स्वर्नसैल सकास कोटि रवि तरुन तेज घन। उर विशाल भुजदड चड नख बज्र बज्रतन।—तुलसी ग्र०, पृ० २४६।

स्वर्नगरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्ग की पुरी, अमरावती।

स्वर्नदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्गगा।

स्वर्पति—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग के स्वामी, इद्र।

स्वर्भाणु—सज्ञा पुं० [स०] राहु (को०)।

स्वर्भानव—सज्ञा पुं० [स०] गोमेद मणि। राहु का रत्न।

स्वर्भानु—सज्ञा पुं० [सं०] १ राहु। २ सत्यभामा के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

यौ०—स्वर्भानुसूदन=सूर्य का एक नाम।

स्वर्मणि—सज्ञा पुं० [सं०] आकाश के मणि। सुणि। सूर्य (को०)।

स्वर्मध्य—सज्ञा पुं० [स०] आकाश का मध्य भाग। खमध्य (को०)।

स्वर्यात—वि० [सं०] मृत। मरा हुआ। स्वर्गत (को०)।

स्वर्याता—वि० [सं० स्वर्यातृ] मुमूर्षु। मरणासन्न (को०)।

स्वर्यान—सज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु। मरण। मौत (को०)।

स्वर्योषित्—सज्ञा स्त्री० [सं०] अप्सरा (को०)।

स्वर्लीन—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन जनपद का नाम।

स्वर्लोक—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्वर्ग। २ मेरु पर्वत का एक नाम (को०)। ३ देवता (को०)।

स्वर्वधू—सज्ञा स्त्री० [सं०] अप्सरा।

स्वर्वापी—सज्ञा स्त्री० [सं०] गगा।

स्वर्वारिवाहभू—सज्ञा स्त्री० [सं०] अप्सरा। स्वर्वधू (को०)।

स्वर्वासी—वि० [सं०] स्वर्ग मे रहनेवाला (देवता)। उ०—हाय घ्राण ही नही, तुझे यदि होता, नाम सह भी। ओ स्वर्वासी अमर! मनुज सा निर्घिन होता तू भी।—सामधेनी, पृ० २२।

स्वर्वाहिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मदाकिनी (को०)।

स्वर्विद्—सज्ञा पुं० [स०] वह जो यज्ञ आदि करके स्वर्ग जाता हो।

स्वर्वेश्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] अप्सरा।

स्वर्वैद्य—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग के वैद्य, अश्विनीकुमार।

स्वर्हण—सज्ञा पुं० [स०] सम्यक् सम्मान। अत्यधिक आदर (को०)।

स्वर्हत्—वि० [स०] जो बहुत सम्मान्य हो (को०)।

स्वलक्षण—सज्ञा पुं० [स०] विशेष लक्षण या तत्व। विशेषता (को०)।

स्वलिखित—वि० [स०] स्वय लिखा हुआ (को०)।

स्वलीन—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक दानव का नाम।

स्वल्प[1]—वि० [स०] १ बहुत थोडा। बहुत कम। जैसे,—स्वल्प मात्रा मे मकरध्वज देने मे भी बहुत लाभ होता है। उ०—(क) अतिथि ऋषीश्वर शापन आए शोक भयो जिय भारी। स्वल्प पाक ते तृप्त किए सब कठिन आपदा टारी।—सूर (शब्द०)। (ख) कल्प वर्ष भट चल्यो किए सकल्प विजय को। समुझि अल्प बल परन स्वल्पहू लेम न भय को।—गिरधरदास (शब्द०)। २ नगण्य। महत्वहीन। तुच्छ (को०)। ३ सक्षिप्त। लघु। अल्प (को०)। ४ बहुत छोटा (को०)।

स्वल्प[2]—सज्ञा पुं० नखी या हट्टविलासिनी नामक गधद्रव्य।

स्वल्पकक—सज्ञा पुं० [स० स्वल्पकङ्क] छोटी चील पक्षी की एक जाति (को०)।

स्वल्पकद—सज्ञा पुं० [सं० स्वल्पकन्द] कसेरू।

स्वल्पक—वि० [सं०] बहुत थोडा। बहुत कम या अत्यत लघु (को०)।

स्वल्पकाष्ठ—सज्ञा पुं० [स०] नाख आलू।

स्वल्पकेशर—सज्ञा पुं० [सं०] कचनार।

स्वल्पकेशरी—सज्ञा पुं० [सं० स्वल्पकेशरिन्] कोविदार या वृक्ष। कचनार का पेड (को०)।

स्वल्पकेशी[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्वल्पकेशिन्] भूतकेश नामक पौधा।

स्वल्पकेशी[2]—वि० जिसे बहुत कम केश हो (को०)।

स्वल्पघटा—सज्ञा स्त्री० [सं० स्वल्पघण्टा] जयतनरी।

स्वल्पचटक—सज्ञा पुं० [सं०] गौरैया नामक पक्षी।

स्वल्पजबुक—सज्ञा पुं० [स० स्वल्पजम्बुक] लोमडी।

स्वल्पतत्र—वि० [स० स्वल्पतन्त्र] जिसके अध्याय, तत्र या खड छोटे छोटे हों (को०)।

स्वल्पतर—वि० [सं०] बहुत थोडा या बहुत साधारण।

स्वल्पतरु—सज्ञा स० [सं०] केमुक। केमुआँ।

स्वल्पदुःख—सज्ञा वि० [स०] साधारण कष्ट। हलकी पीडा [को०]।

स्वल्पदृक्—वि० [सं० स्वल्पदृश] जो दूरदर्शी न हो। अदूरदर्शी [को०]।

स्वल्पदेहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] नाटे कद की लडकी जो विवाह के योग्य नही मानी जाती [को०]।

स्वल्पनख—सज्ञा पु० [स०] नखी या हट्टविलासिनी नामक गधद्रव्य।

स्वल्पपत्रक—सज्ञा पुं० [स०] गोरशाक। पहाडी महुआ।

स्वल्पपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] मेदा नाम की अष्टवर्गीय ओषधि।

स्वल्पफला—सज्ञा स्त्री० [स०] अपराजिता। हपुषा। हाऊबेर।

स्वल्पबल—वि० [स०] दुर्बल। कमजोर। [को०]।

स्वल्पभाषी—वि० [स० स्वल्पभाषिन्] जो मितभाषी हो। कम बोलनेवाला [को०]।

स्वल्पयव—सज्ञा पुं० [स०] जौ नामक अन्न।

स्वल्परूपा—सज्ञा स्त्री० [स०] शणपुष्पी। वनसनई।

स्वल्पवर्तुल—सज्ञा पु० [सं०] मटर।

स्वल्पवल्कला—सज्ञा स्त्री० [स०] तेजबल। तेजोवती।

स्वल्पवयस्—वि० [स०] छोटी अवस्था का [को०]।

स्वल्पविटप—सज्ञा पु० [स०] केमुक। केमुआ।

स्वल्पविराम ज्वर—सज्ञा पु० [स०] ठहर ठहरकर थोडी देर के लिये उतरकर फिर आनेवाला ज्वर।

स्वल्पविषय—सज्ञा पुं० [सं०] साधारण बात या मामूली अश [को०]।

स्वल्पव्यक्ति तत्र—सज्ञा पु० [सं० स्वल्पव्यक्ति तन्त्र] वह सरकार जिसमे राजसत्ता इने गिने लोगो के हाथो मे हो। कुछ लोगों का राज्य या शासन। विशेष दे० 'ओलिगार्की'।

स्वल्पव्यय—सज्ञा पुं० [स०] १ कम खर्च। २ कृपण [को०]।

स्वल्पव्ययी—वि० [स० स्वल्पव्ययिन्] कम खर्च करनेवाला। अल्प या थोडा खर्च करनेवाला।

स्वल्पव्रीड—वि० [स०] बेशर्म। निलज्ज [को०]।

स्वल्पशल्दा—सज्ञा स्त्री० [स०] वनसनई। शणपुष्पी।

स्वल्पशरीर—वि० [स०] छोटे कद का। ठिगना। नाटा [को०]।

स्वल्पशृगाल—वि० सज्ञा पु० [स०] रोहित मृग। वनरोहा।

स्वल्पागुलि—सज्ञा स्त्री० [स० स्वल्पाङ्गुलि] कनिष्ठिका। कानी उँगली [को०]।

स्वल्पातर—वि० [स० स्वल्पान्तर] जिनमे बहुत कम अतर या फर्क हो।

स्वल्पायु—वि० [सं० स्वल्पायुस्] अल्पजीवी। अल्पायु [को०]।

स्वल्पाहार[1]—वि० [स०] कम खानेवाला। अल्पाहारी।

स्वल्पाहार[2]—सज्ञा पुं० अल्पाहार। सयत भोजन [को०]।

स्वल्पस्मृति—वि० [स०] जिसकी स्मरण शक्ति कम हो [को०]।

स्वल्पिष्ठ—वि० [स०] १ अत्यत थोडा या अल्प। २ बहुत छोटा। स्वल्पतर [को०]।

स्वल्पीयस—वि० [स०] अत्यत अल्प या छोटा। मामूली [को०]।

स्वल्पेच्छ—वि० [स०] कम या मामूली इच्छाओवाला। जिसकी कामना अल्प हो। सतोषी [को०]।

स्ववश—सज्ञा पु० [स०] अपना कुल। अपना वश।

स्ववशी—वि० [स० स्ववशिन्] अपने वश का। परवर्ती पीढी का।

स्ववश्य—वि० [स०] अपने खानदान का। अपने परिवार का [को०]।

स्ववच्छन्न—वि० [सं०] सम्यक् आवृत। अच्छी तरह ढँका हुआ [को०]।

स्ववरन(पु)—सज्ञा पुं० [स० स्वर्ण] दे० 'सुवर्ण'।

स्ववर्ग—सज्ञा पु० [स०] अपना वर्ग। अपना समाज। अपना मित्रमडल या परिवार।

स्ववर्गीय—वि० [स०] जो अपने वर्ग का हो।

स्ववर्णी रेखा—सज्ञा स्त्री० [स० सुवर्णरेखा] एक नदी जो छोटा नागपुर से निकलकर बगाल की खाडी मे गिरती है।

स्ववश—वि० [स०] १ जो अपने वश मे हो। स्वतत्र। स्वाधीन। २ जिसका अपने आप पर अधिकार हो। जो अपनी इद्रियो को वश मे रखता हो। जितेद्रिय।

स्ववशता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्ववश का भाव या धर्म।

स्ववशिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का वैदिक छद।

स्ववश्य—वि० [स०] जो अपने ही वश मे हो। अपने आपपर अधिकार रखनेवाला।

स्ववस(पु)—वि० [स० स्ववश] १ जो अपने वश मे हो। वशीभूत। उ०—देखा स्ववस करम मन बानी।—मानस, १।१६२। २ दे० 'स्ववश'।

स्ववहा—सज्ञा स्त्री० [स०] निसोथ। त्रिवृत।

स्ववहित—वि० [स०] जो भली भाँति अवहित हो। एकाग्र। २ सावधान। सतर्क।

स्ववार—सज्ञा पु० [ ] अपना घरबार। अपना घर [को०]।

स्ववार्त—सज्ञा पु० [स० स्ववार्त्त] अपनी वार्ता या बात। अपना हित। अपनी अवस्था या स्थिति।

स्ववासिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह कन्या अथवा विवाहिता स्त्री जो अपने पिता के घर रहती हो।

स्ववासी—सज्ञा पु० [स० स्ववासिन्] एक साम का नाम।

स्वविकत्थन—वि० [स०] अपनी ही बात कहनेवाला। सीटने या डीग मारनेवाला। सीटू।

स्वविक्षिप्त सैन्य—सज्ञा पु० [स०] अपने ही देश मे विद्यमान सेना।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि स्वविक्षिप्त और मित्रविक्षिप्त (मित्र के देश मे स्थित) सेना मे स्वविक्षिप्त उत्तम है, क्योकि समय पडने पर वह तुरत काम दे सकती है।

स्वविग्रह—सज्ञा पु० [स०] अपना रूप या शरीर।

स्वविधेय—वि० [स०] जो स्वय करणीय हो। खुद व खुद करने लायक।

स्वविनाश—सज्ञा पु० [स०] अपना विनाश। आत्महानि।

स्वविषय—सज्ञा पुं० [स०] १ अपना विषय। अपना क्षेत्र। २ अपना देश। स्वदेश [को०]।

स्ववीज[1]—वि० [स०] जो अपना वीज या कारण आप ही हो।

स्ववीज[2]—सज्ञा पुं० आत्मा।

स्ववृत्त—सज्ञा पु० [स०] व्यक्ति का अपना निजी कार्य, व्यापार या प्रयोजन [को०]।

स्ववृत्ति[1]—वि० [स०] अपने प्रयत्न से जीवनयापन करनेवाला। स्वावलबी। आत्मनिर्भर [को०]।

स्ववृत्ति[2]—सज्ञा स्त्री० १ स्वकीय जीवनयापन करने का ढग या पद्धति। २ आत्मनिर्भर होना। आत्मनिर्भरता।

स्वव्याज—वि० [स०] जो छल कपट से रहित हो। निश्छल। ईमानदार। सच्चा [को०]।

स्वशुर—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'श्वसुर'।

स्वश्लाघा—सज्ञा स्त्री० [स०] अपनी वडाई। आत्मप्रशसा।

स्वसभव—वि० [स० स्वसम्भव] जो आत्मा से उत्पन्न हो। आत्मसभव।

स्वसभूत—वि० [स० स्वसम्भूत] जो आपसे आप उत्पन्न हो। स्वत समुत्पन्न।

स्वसवृत—वि० [सं०] आत्मरक्षण मे शक्त। स्वय रक्षित [को०]।

स्वसविद्[1]—वि० [सं०] जिसका ज्ञान इद्रियो से न हो सके। अगोचर।

स्वसविद्[2]—सज्ञा स्त्री० आत्मज्ञान। शुद्ध ज्ञान [को०]।

स्वसंवेदन—सज्ञा पुं० [स०] स्वय प्राप्त या अनुभूत ज्ञान [को०]।

स्वसवेद्य—वि० [सं०] (ऐसी वात) जिसका अनुभव वही कर सकता हो जिसपर वह वीती हो। केवल अपने ही अनुभव होने योग्य।

स्वसस्था—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ अपने निश्चय या विचार पर स्थिर रहना। २ स्वय स्थिर होने का भाव। आत्मस्थिरता। ३ आत्मलीनता [को०]।

स्वसन—सज्ञा पु० [स० श्वसन] वायु। दे० 'श्वसन'। उ०—स्वसन सदागति मरुत हरि मारुत जगत परान।—अनेकार्थ०, पृ० ५४।

स्वसना—क्रि० अ० [स० श्वसन, हिं० स्वसन] साँस लेना। उ०—खात पियत अरु स्वसत स्वान मडुक अरि भायी। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६६७।

स्वसमुत्थ—वि० [स०] १ जो स्वय उठा हुआ हो। अपने आप उत्थित या उठा हुआ। २ जो स्वय उद्भूत हो। प्राकृतिक। नैसर्गिक। ३ अपने ही देश मे उत्पन्न, स्थित या एकत्र होनेवाला। जैसे,—स्वसमुत्थ कोश। स्वसमुत्थ वल या दड।

स्वसर—सज्ञा पु० [सं०] १ घर। मकान २ दिन। दिवस। ३ नीड। घोसला (को०)।

स्वसर्व—सज्ञा पुं० [सं०] अपनी समग्र सपदा। अपना सब कुछ।

स्वसा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वसृ] भगिनी। वहिन। उ०—तेहि अवसर रावण स्वसा सूपनखा तहँ आई। रामस्वरूप मोहित हिं० श० ११–१०

वचन वोली गरव वढाई।—विश्राम (शब्द०)। २ तेजवल। तेजफल। तेजोवती। ३ अगुली। उँगली (को०)।

स्वसू—सज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी। धरती [को०]।

स्वसुर—सज्ञा पुं० [स० श्वशुर, हिं० ससुर] दे० 'ससुर'।

स्वसुराल—सज्ञा स्त्री० [हिं० ससुराल] दे० 'ससुराल'।

स्वस्ता—सज्ञा स्त्री० [स० स्वस्थता] सुस्थिरता। स्वस्थता। उ०—स्वस्ता मन मे आई जगत की भ्रमना भागी।—पलटू०, पृ० ७४।

स्वस्ति[1]—अव्य० [सं०] १ कल्याण हो। मगल हो। (आशीर्वाद)। २ दान-स्वीकृति-परक वाक्य।

विशेष—प्राय दान लेने पर ब्राह्मण लोग 'स्वस्ति' कहते हैं, जिसका अभिप्राय होता है—दाता का कल्याण हो।

स्वस्ति[2]—सज्ञा स्त्री० १ कल्याण। मगल। २ पुराणानुसार ब्रह्मा की तीन स्त्रियो मे से एक स्त्री का नाम। उ०—ब्रह्मा कहँ जानत ससारा। जिन सिरज्यो जग कर विस्तारा। तिनके भवन तीनि रहै इस्त्री। सध्या स्वस्ति और सावित्री।—विश्राम (शब्द०)। ३ सुख।

स्वस्तिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ घर जिसमे पश्चिम ओर एक दालान और पूर्व ओर दो दालान हो।

विशेष—कहते हैं, ऐसे घर मे रहने से गृहस्थ की स्वस्ति अर्थात् कल्याण होता है, इसी लिये इसे स्वस्तिक कहते हैं।

२ शिरियारी। सुसना नाम का साग। ३ लहसुन। ४ रताल्। रक्तालु। ५ मूली। ६ हठयोग मे एक प्रकार का आसन। ७ एक प्रकार का मगल द्रव्य।

विशेष—विवाह आदि के समय चावल को पीसकर और पानी मे मिलाकर यह मगल द्रव्य तैयार किया जाता है और इसमे देवताओ का निवास माना जाता है।

८ प्राचीन काल का एक प्रकर का यत्र।

विशेष—यह यत्र शरीर मे गडे हुए शल्य आदि को वाहर निकालने के काम मे आता था। यह अठारह अगुल तक लवा होता था और सिंह, शृगाल, मृग आदि के आकार के अनुसार १८ प्रकार का होता था।

९ वैद्यक मे फोडे आदि पर वाँधा जानेवाला वधन या पट्टी जिसका आकार तिकोना होता था। १० चौराहा। चौमुहानी ११ साँप के फन पर की नीली रेखा। १२ प्राचीन काल का एक प्रकार का मगल चिह्न जो शुभ अवसरो पर मागलिक द्रव्यो से अकित किया जाता था और जो कई आकार तथा प्रकार का होता था। आजकल इसका मुख्य आकार  यह प्रचलित है। प्राय किसी मगल कार्य के समय गणेशपूजन करने से पहले यह चिह्न वनाया जाता है। आजकल लोग इसे भ्रम मे गणेश ही कहा करते है।

१३ शरीर के विशिष्ट अगो मे होनेवाला उक्त आकार का एक चिह्न । उ०—स्वस्तिक अष्टकोण श्री केरा । हल मुसल पन्नग शर हेरा ।—विश्राम (शब्द०) ।

विशेष—इस प्रकार का चिह्न सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार बहुत शुभ माना जाता है । कहते है, रामचद्र जी के चरण मे इस प्रकार का चिह्न था । जैनी लोग जिन देवता के २४ लक्षणो मे से इसे भी एक मानते हैं ।

१४ प्राचीन काल की एक प्रकार की बढिया नाव जो प्राय राजाओ की सवारी के काम मे आती थी । १५ एक प्रकार के चारण जो जयजयकार करते है (को०) । १६ कोई भी शुभ या मगल द्रव्य (को०) । १७ भुजाओ को वक्ष पर इस प्रकार रखना जिससे एक व्यत्यस्त चिह्न × बन जाय (को०) । १८ एक विशेष आकार का प्रासाद (को०) । १९ विषयी । व्यभिचारी (को०) । २० एक विशेष प्रकार का पिष्टक, पूआ या रोट (को०) । २१ चौराहे से बना हुआ त्रिभुजाकार चिह्न (को०) । २२ देवता के लिये उपकल्पित आसन या पीठ (को०) । २३ मुकुटमणि जो त्रिकोणात्मक हो । त्रिकोण मुकुटमणि (को०) । २४ स्कद का एक अनुचर (को०) । २५ एक दानव का नाम (को०) ।

स्वस्तिककर्ण—वि० [स०] जिसके कान पर स्वस्तिक का चिह्न निर्मित हो [को०] ।

स्वस्तिकदान—सज्ञा पुं० [सं०] स्वस्तिक के आकार मे हाथो को वक्ष पर रखना [को०] ।

स्वस्तिकपाणि—वि० [स०] १ स्वस्तिक के रूप मे हाथो की मुद्रा बनानेवाला । २ जिसके हाथो मे मगलद्रव्य हो [को०] ।

स्वस्तिकयत्र—सज्ञा पुं० [स० स्वस्तिकयन्त्र] प्राचीन काल का एक प्रकार का यत्र जिसका व्यवहार शरीर मे धँसे हुए शल्य को निकालने के लिये होता था । विशेष दे० 'स्वस्तिक–८' ।

स्वस्तिकर—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल के एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम ।

स्वस्तिकर्म—सज्ञा पुं० [स० स्वस्तिकर्मन्] वह जिससे कल्याण हो । कल्याणकारक कर्म [को०] ।

स्वस्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] चमेली ।

स्वस्तिकार—सज्ञा पु० [स०] १. एक प्रकार के चारण । दे० 'स्वस्तिक'–१५ । २ शुभ करना । कल्याण करना [को०] ।

स्वस्तिकाह्वय—सज्ञा पुं० [स०] चौलाई का साग ।

स्वस्तिकृत्[1]—सज्ञा पुं० [सं०] शिव । महादेव ।

स्वस्तिकृत्[2]—वि० मगल करनेवाला । कल्याणकारी ।

स्वस्तिद[1]—सज्ञा पु० [स०] शिव । महादेव ।

स्वस्तिद[2]—वि० मगल या कल्याण देने अथवा करनेवाला ।

स्वस्तिदेवी—सज्ञा स्त्री० [स०] वायु की पत्नी, एक देवी [को०] ।

स्वस्तिपाठ—सज्ञा पुं० [सं०] स्वस्तिवाचक मत्रो का पाठ [को०] ।

स्वस्तिपुर—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक प्राचीन तीर्थ का नाम ।

स्वस्तिभाव—सज्ञा पु० [सं०] शिव । शकर [को०] ।

स्वस्तिमत्—वि० [स०] [वि० स्त्री० स्वस्तिमती] । कल्याणयुक्त । सौभाग्यसपन्न सुखी (को०) ।

स्वस्तिमती—सज्ञा स्त्री० [सं०] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम ।

स्वस्तिमुख—सज्ञा पु० [स०] १ ब्राह्मण । २ वह जो राजाओ की स्तुति करता हो । बदी । स्तुतिपाठक । ३ पत्र । चिट्ठी [को०] ।

स्वस्तिवचन—सज्ञा पुं० [स०] स्वस्ति अथवा कल्याणवाचक शब्द कहना [को०] ।

स्वस्तिवाचक—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो मगलसूचक बात कहता या मत्रपाठ करता हो । २ वह जो आशीर्वाद देता हो । ३ शुभ-कामना । आशीर्वाद (को०) ।

स्वस्तिवाचन—सज्ञा पुं० [स०] १ कर्मकाड के अनुसार मगल कार्यो के आरभ मे किया जानेवाला एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमे गणेशपूजन के अनतर । कलश स्थापित किया जाता है और कुछ मगलसूचक मत्रो का पाठ (पुण्याह वाचन आदि) किया जाता है । उ०—एकदिना हरि लई करोटी सुनि हरषी नँदरानी । विप्र बुलाय स्वस्तिवाचन करि रोहिणी नैन सिरानी । —सूर (शब्द०) । २ द्रव्य आदि जो स्वस्तिवाचक को दिया जाय (को०) ।

स्वस्तिवचनक, स्वस्तिवाचनिक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्वस्ति-वाचन' [को०] ।

स्वस्तिवाच्य—सज्ञा पुं० [सं०] शुभ कामना । बधाई । कल्याण की कामना [को०] ।

स्वस्तिश्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] पत्र के आरभ मे लिखा जानेवाला मगल-सूचक शब्द ।

स्वस्तेनⓊ—सज्ञा पुं० पुं० [सं० स्वस्त्ययन] दे० 'स्वस्त्ययन' ।

स्वस्तीवचनⓊ—सज्ञा पुं० दे० 'स्वस्तिवाचन' । उ०—नद राय घर ढोटा जायो महर महा सुख पायो । विप्र बुलाय वेद ध्वनि कीन्ही स्वस्तीवचन पढायो ।—सूर (शब्द०) ।

स्वस्त्यक्षर—सज्ञा पु० [स०] किसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना [को०] ।

स्वस्त्ययन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जो किसी विशिष्ट कार्य की अशुभ बातो का नाश करके शुभ की स्थापना के विचार से किया जाता है । उ०—पढन लगे स्वस्त्ययन ब्रह्म-ऋषि गाइ उठी सब नारा । लै नरनाथ अक रघुनाथहि रगनाथ सभारी । —रघुराज (शब्द०) । २ शुभ, कल्याण, समृद्धि आदि की प्राप्ति का साधन (को०) । ३ दान स्वीकार करने के अनतर ब्राह्मण द्वारा स्वस्तिकथन (को०) । ४ मागलिक कृत्य मे आगे आगे ले जाया जानेवाला जलपूर्ण कलश (को०) ।

स्वस्त्ययन[2]—वि० कल्याणकारक । मगलप्रद । शुभद [को०] ।

स्वस्त्यात्रेय—सज्ञा पु० [स०] एक वैदिक ऋषि का नाम ।

स्वस्थ—वि० [स०] १ जिसका स्वास्थ्य अच्छा हो । जिसे किसी प्रकार का रोग न हो । निरोग । तदुरुस्त । भला चगा । जैसे, —इधर

महीनो से वे बीमार थे, पर अब बिलकुल स्वस्थ हो गए हैं। २ जिसका चित्त ठिकाने हो। जो स्वाभाविक स्थिति मे हो। सावधान। जैसे,—आप तो घबरा गए, जरा स्वस्थ होकर पहले सब बातें सुन तो लीजिए। ३ स्व मे स्थित। अपने मे स्थित (को०) ४ स्वाश्रित। स्वावलबी (को०)। ५ स्वतत्र। स्वाधीन (को०) ६ सतुष्ट। प्रसन्न (को०)।

यौ०—स्वस्थमुख = प्रसन्नवदन।

स्वस्थचित्त—वि० [स०] जिसका चित्त ठिकाने हो। शातचित्त।

स्वस्थता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वस्थ का भाव या धर्म। नीरोगता। तदुरुस्ती। २ सावधानता।

स्वस्थवृत्त—सज्ञा पु० [स०] १ आयुर्वेद शास्त्र की एक अगभूत शाखा। स्वस्थ रहने का उपचार। स्वास्थ्यरक्षा की विधि या नियम [को०]।

स्वस्थान—सज्ञा पुं० [स०] अपना निवासस्थान। अपना घर। अपना आवास अथवा क्षेत्र।

स्वस्थित—वि० [स०] जो स्व मे स्थित हो। आत्मस्थित। स्वाधीन [को०]।

स्वस्रीय—सज्ञा पु० [सं०] (स्वसृ) बहिन का लडका। भानजा।

स्वस्रीया—सज्ञा स्त्री० [स०] बहिन की लडकी। भानजी [को०]।

स्वस्रेय—सज्ञा पुं० [स०] भानजा। भगिना [को०]

स्वस्रेयी—सज्ञा स्त्री० [स०] भानजी [को०]

स्वस्वरूप—सज्ञा पुं० [स०] व्यक्ति का अपना सच्चा रूप [को०]

स्वहता—सज्ञा पु० [स० स्वहन्तृ] १ आत्महत्या। आत्महनन। २ आत्महत्या करनेवाला व्यक्ति [को०]।

स्वहरण—सज्ञा पुं० [स०] सर्वस्वहरण। समग्र सपत्ति का हरण [को०]।

स्वहस्त—सज्ञा पुं० [सं०] व्यक्ति का अपना हाथ या हस्तलिपि। हस्तलेख। हस्ताक्षर [को०]।

यौ०—स्वहस्तगत = अपने हाथ मे आया हुआ। अपने अधिकार मे आया हुआ। स्वहस्तलिखित = अपने हाथ से लिखा हुआ।

स्वहस्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] कुल्हाडी [को०]।

स्वहाना(पु)—क्रि० अ० [हिं० सोहाना] शोभित होना। दे० 'सोहाना'। उ०—सब आचार्यन के मधि माही। रामानुज मुनि सरिस स्वहाही।—रघुराज (शब्द०)।

स्वहित[1]—पज्ञा पुं० [स०] अपना कल्याण। अपना हित [को०]।

स्वहित[2]—वि० जो अपने लिये हितकर हो [को०]।

स्वाकिक—पज्ञा पुं० [स० स्वाङ्किक] डोल, पटह या मृदग आदि वाद्य बजानेवाला व्यक्ति।

स्वाग[1]—पज्ञा पुं० [स० स्वाङ्ग] अपना शरीर। अपना अग।

यौ०—स्वागभग = अपनी देह मे चोट लगना या अपना अगभग होना। स्वागशीत = जिसके अग ठढे हो।

स्वाग[2]—पज्ञा पुं० [स० सु या स्व + अङ्ग] दे० 'स्वाँग'।

स्वाजल्यक—पज्ञा पु० [स० स्वाञ्जल्यक] प्रार्थना के लिये हाथ जोड़ना। सविनय प्रार्थना [को०]।

स्वात[1]—सज्ञा पुं० [सं० स्वान्त] १ अत करण। मन। २ अपना अत या मृत्यु। ३ अपना राज्य या प्रदेश। ४. गुफा। गुहा।

स्वात[2]—वि० शब्दित। ध्वनित [को०]।

स्वातक—सज्ञा पुं० [स० स्वान्तज] १ प्रेम। २ मनोज। कामदेव।

स्वातवत्—वि० [स० स्वान्तवत्] [वि० स्त्री० स्वातवती] हृदयवाला। सहृदय [को०]।

स्वातस्थ—वि० [स० स्वान्तस्थ] १ हृदयस्थ। २ सावधान [को०]।

स्वातसुख—सज्ञा पुं० [सं० स्वान्त सुख] आत्मसुख। आत्मसतुष्टि।

स्वाँग—सज्ञा पुं० [स० सु + अङ्ग अथवा स्व + अङ्ग] १ कृत्रिम या बनावटी वेश जो अपना रूप छिपाने अथवा दूसरे का रूप बनाने के लिये धारण किया जाय। भेस। रूप। उ०—(क) अब चलो अपने अपने स्वाँग सजे।—हरिश्चद्र (शब्द०)। (ख) कै इक स्वाँग बनाइ कै नाचै बहु बिधि नाच। रीझत नहिं रिझवार वह बिना हिये के साँच।—रसनिधि (शब्द०)।

क्रि० प्र०—भरना।—बनना।—बनाना।—सजना।

२ मजाक का खेल या तमाशा। नकल। उ०—(क) बहु बासना बिबिध कचुकि भूषण लोभादि भरयो। चर अरु अचर गगन जल थल मे कौन स्वाँग न करयो।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पै बहु बिस्तृत ठाठ बाट निसि नाच स्वाँग सब। धन अधिकाई के अरु लपटता करतब के।—श्रीधर (शब्द०)। ३ धोखा देने को बनाया हुआ कोई रूप। जैसे,—वह बीमार नहीं है, उसने बीमारी का स्वाँग रचा है। ४ वह जुलूस जो होली पर निकलता है और जिसमे हास्यजनक वेशभूषा धारण की जाती है।

क्रि० प्र०—रचना।

मुहा०—स्वाँग लाना = धोखा देने या कोई कपटपूर्ण व्यवहार करने के लिये कोई रूप धारण करना।

स्वाँगना(पु)—क्रि० स० [हिं० स्वाँग + ई (प्रत्य०)] स्वाँग बनाना। बानवटी वेश या रूप धारण करना। उ०—भीम अर्जुन सहित विप्र को रूप धरि हरि जरासध सो युद्ध माग्यो। दिया उनपै कह्यो तुम कोऊ क्षत्रिया कपट करि विप्र को स्वाँग स्वाँग्यो। सूर (शब्द०)।

स्वाँगी[1]—सज्ञा पु० [हिं० स्वाँग] १ वह जो स्वाँग सजकर जीविका उपार्जन करता है। नकल करनेवाला। नक्काल। उ०—(क) जैसे कि डोम, भाँड, नट, वेश्या, स्वागी, बहुरूपी या प्रशसक को देना।—श्रद्धाराम (शब्द०)। (ख) जिन प्रथमै करि पाछे छाँडा। तिन्हैं जानिए स्वाँगी भाँडा।—विश्राम (शब्द०)। २ अनेक रूप धारण करनेवाला। बहुरूपिया। उ०—स्वाँगी से ए भए रहत है छिन ही छिन ए और।—सूर (शब्द०)।

स्वाँगी[2]—वि० रूप धारण करनेवाला। उ०—साची सी यह दाज है सुनियौ सज्जन सत। स्वागी तौ वह एक है वा के स्वाँग अनत।—रसनिधि (शब्द०)।

स्वाँति(पु), स्वाँती(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० स्वाति] एक नक्षत्र का नाम। दे० 'स्वाति'। उ०—जैसे चात्रिक रहै स्वाँति को सलिता निकट न आवै।—कबीर श०, भा० ३, पृ० १६।

स्वाँस—सज्ञा स्त्री० [स० श्वास, हिं० साँस] दे० 'साँस'। उ०—पकज सो मुख गो मुरझाइ लगी लपटै मिस स्वास हिया की।—रसखान (शब्द०)।

स्वाँसा—सज्ञा पुं० [देश०] वह सोना जिसमे ताँबे का खोट मिला हो। ताँबे का खोट मिला हुआ सोना।

स्वाँसा²—सज्ञा पुं० [हिं० साँस] दे० 'साँस'। उ०—स्वाँसा सार रच्यो मेरो साहब।—कबीर (शब्द०)।

स्वाकार¹—सज्ञा पुं० [स०] प्रकृति। स्वभाव [को०]।

स्वाकार²—वि० अपने रूपवाला। जिसका अपना रूप हो। २ सौम्य आकृतिवाला। जो देखने मे शिष्ट एव प्रिय हो [को०]।

स्वाकृति—वि० [स०] देखने मे सुदर। प्रियदर्शन [को०]।

स्वाक्त—सज्ञा पुं० [स०] आँख मे लगाने का उत्कृष्ट अजन [को०]।

स्वाक्षपाद—सज्ञा पुं० [स०] न्यायदर्शन को माननेवाला व्यक्ति [को०]।

स्वाक्षर—सज्ञा पु० [स०] हस्ताक्षर। दस्तखत। जैसे,—(क) उन्होने उसपर स्वाक्षर कर दिए। (ख) उनके स्वाक्षर से एक सूचना निकली है।

स्वाक्षरयुक्त—वि० [स०] दे० 'स्वाक्षरित'।

स्वक्षराकित—वि० [सं० स्वक्षराङ्कित] १ दे० 'स्वाक्षरित'। २ अपने हाथ से लिखा हुआ।

स्वाक्षरित—वि० [स०] अपने हस्ताक्षर से युक्त। अपना हस्ताक्षर किया हुआ। अपना दस्तखत किया हुआ। जैसे,—उनके स्वाक्षरित सूचनापत्र से सारी बातो का पता लगा है।

स्वाख्यात—वि० [स०] जो अच्छी तरह व्यक्त, सुस्पष्ट एव प्रकट हो। जैसे—धर्म [को०]।

स्वागत—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी अतिथि या विशिष्ट पुरुष के पधारने पर उसका सादर अभिनदन करना। समानार्थ आगे बढकर लेना। अगवानी। अभ्यर्थना। पेशवाई। जैसे,—उनका स्वागत लोगो ने बडे उत्साह और उमग से किया। २ एक बुद्ध का नाम।

स्वागत²—वि० १ सम्यक् रूप से स्वय आया हुआ। २ सु अर्थात् सुदर या विधिसमत उपायो से प्राप्त। जैसे,—धन, द्रव्य आदि [को०]।

स्वागतकारिणी सभा—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्थानीय लोगो की वह सभा जो उस स्थान मे निमत्रित किसी विराट सभा या समेलन आदि का प्रबध करने और आनेवाले प्रतिनिधियो के स्वागत, निवासस्थान, भोजन आदि की व्यवस्था करने के लिये सघटित हो।

स्वागतकारिणी समिति—सज्ञा स्त्री०[स०] दे० 'स्वागतकारिणी सभा'।

स्वागतकारी—वि० [स० स्वागतकारिन्] स्वागत या अभ्यर्थना करनेवाला। पेशवाई करनेवाला।

स्वागतपतिका—सज्ञा स्त्री० [स०] अवस्थानुसार नायिका के दस भेदो मे से एक। वह नायिका जो अपने पति के परदेश से लौटने से प्रसन्न हो। आगतपतिका।

स्वागतप्रश्न—सज्ञा पु० [स०] किसी से मिलने पर कुशल प्रश्न पूछना [को०]।

स्वागतप्रिया—सज्ञा पुं० [स०] वह नायक जो अपनी पत्नी के परदेश से लौटने से उत्साह पूर्ण और प्रसन्न हो।

स्वागतभाषण—सज्ञा पुं० [स०] किसी विशिष्ट सामाजिक आयोजन के अवसर पर गठित स्वागतकारिणी सभा या समिति के अध्यक्ष का भाषण [को०]।

स्वागतवचन—सज्ञा पुं० [सं०] किसी के आगमन पर स्वागत अर्थात् 'स्वागत है' कहना [को०]।

स्वागतसमिति—सज्ञा स्त्री० [स० स्वागतसमिति] दे० 'स्वागतकारिणी सभा'।

स्वागता—सज्ञा स्त्री० [स०] एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे (र, न, भ, ग, ग) ऽ।ऽ + ।।। + ऽ।। + ऽऽ होता है। यथा—रानि ! भोगि गहि नाथ कन्हाई। साथ गोपजन आवत धाई। स्वागताथ सुनि आतुर माता। धाइ देखि मुद सुदर गाता।—छद प्रभाकर (शब्द०)।

स्वागतिक—वि० [स०] स्वागत करनेवाला। आनेवाले की अभ्यर्थना या सत्कार करनेवाला।

स्वागम—सज्ञा पुं० [स०] स्वागत। अभिनदन।

स्वाचरण¹—सज्ञा पु० [सं०] सुदर व्यवहार या आचरण। अच्छी चालचलन [को०]।

स्वाचरण²—वि० जिसका आचार व्यवहार सुदर हो [को०]।

स्वाचात—वि० [स० स्वाचान्त] सम्यक् रूप से अचमन करनेवाला [को०]।

स्वाच्छद्य—सज्ञा पु० [स० स्वाच्छन्द्य] दे० 'स्वच्छदता'।

स्वाजन्य—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'स्वजनता'।

स्वाजीव, स्वाजीव्य—वि० [स०] (वह स्थान या देश आदि) जहाँ कृषि, वाणिज्य आदि जीविका का साधन सुलभ हो। जैसे,—स्वाजीव्य देश।

स्वाढ्यकर—वि० [स० स्वाढ्यङ्कर] जो सरलता से असपन्न व्यक्ति को सपन्न बना दे [को०]।

स्वातत्र—सज्ञा पु० [स० स्वातन्त्र्य] दे० 'स्वातत्र्य'।

स्वातत्र्य—सज्ञा पु० [स० स्वातन्त्र्य] १ स्वतत्र का भाव या धर्म। स्वतत्रता। स्वाधीनता। आजादी। जैसे,—उस देश मे भाषण और लेखन स्वातत्र्य नही है। २ स्वेच्छा। स्वतत्र इच्छा अथवा सकल्प (दर्शन)।

स्वात—सज्ञा स्त्री० [स० स्वाति] दे० 'स्वाति'। उ०—स्वात बूँद चातक मुख परी। सीप समुँद मोती बहु भरी।—जायसी (शब्द०)

स्वाति¹—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पद्रहवाँ नक्षत्र जो फलित ज्योतिष के अनुसार शुभ माना गया है। उ०—(क) जेहि चाहत नर नारि सब अति आरत एहि भाँति। जिमि चातक चातकि तृपित वृष्टि सरद रितु स्वाति।—तुलसी (शब्द०)। (ख) भेद मुकता के जेते, स्वाति ही मे होतु तेते, रतनन हूँ को कहूँ भूलिहू न होत भ्रम।—रसकुसुमाकर (शब्द०)।

विशेष—इस नक्षत्र मे जन्मनेवाला कामदेव के समान रूपवान् स्त्रियों का प्रिय और सुखी होता है। कहते है, चातक इसी नक्षत्र मे बरसनेवाला पानी पीता है और इसी नक्षत्र मे वर्षा होने से सीप मे मोती, बाँस मे वशलोचन और साँप मे विष उत्पन्न होता है।

२ खड्ग। तलवार (को०)। ३ शुभ नक्षत्रो का एक समूह (को०) ४ सूर्य की एक पत्नी का नाम (को०)।

स्वाति[२]—सज्ञा पु० उरु और आग्नेयी के एक पुत्र का नाम।

स्वाति[३]—वि० स्वाति नक्षत्र मे उत्पन्न।

स्वातिकारी—सज्ञा स्त्री० [स०] पारस्कर गृह्यसूत्र के अनुसार कृषि की देवी।

स्वातिगिरि—सज्ञा स्त्री० [स०] एक नागकन्या का नाम [को०]।

स्वातिपथ—सज्ञा पु० [स० स्वाति + पन्थ] आकाशगगा। उ०—बदौ विदूषक बदन बहुनिधि सुयश उक्ति समेत। यह भानुकुल कीरति उदय जो स्वातिपथ सपेत।—रघुराज (शब्द०)।

स्वातिबिंदु—सज्ञा पुं० [सं० स्वातिबिन्दु] स्वाति नक्षत्र मे बरसनेवाली जल की बूँद [को०]।

स्वातिमुख[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार की समाधि। २ एक किन्नर नरेश [को०]।

स्वातिमुख—सज्ञा स्त्री० [स०] एक नागकन्या का नाम।

स्वातियोग सज्ञा पुं० [स०] ज्योतिष के अनुसार आषाढ के शुक्ल पक्ष मे स्वाति नक्षत्र का चद्रमा के साथ योग।

स्वातिसुत—सज्ञा पुं० [स० स्वाति + सुत] मोती। मुक्ता। उ०—(क) स्वातिसुत माला विराजत श्याम तन यो भाइ। मनो गगा गौरि उर हर लिये कठ लगाइ।—सूर (शब्द०)। (ख) श्रवन विराजत स्वातिसुत करत न बनै बखान। मनु कमल पत्र अग्रज रहैं ओस उडगन आन।—पृ० रा०, १।७५३। (ग) वेनी छूटि लटैं बगरानी मुकुट लटकि लटकानो। फूल खसत सिर ते भए न्यारे सुभग स्वातिसुत मानो।—सूर (शब्द०)।

स्वातिसुवन—सज्ञा पुं० [स० स्वाति + हिं० सुवन] मोती। मुक्ता। उ०—अतसी कुसुम कलेवर बूँदै प्रतिबिंबित निरधार। ज्योति प्रकाश सुघन मे खोजत स्वातिसुवन आकार।—सूर (शब्द०)।

स्वाती—सज्ञा स्त्री० [स० स्वाति] दे० 'स्वाति'। उ०—सीय सुखहिं बरनिय केहि भाँती। जनु चातकी पाइ जल स्वाती।—तुलसी (शब्द०)।

स्वाद—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी पदार्थ के खाने या पीने से रसनेंद्रिय को होनेवाला अनुभव। जायका। जैसे,—(क) इसका स्वाद खट्टा है या मीठा, यह तुम क्या जानो। (ख) आज भोजन मे बिलकुल स्वाद नहीं है। २ काव्यगत रसानुभूति या आनद। काव्य मे चमत्कार सौंदर्य। जैसे,—उनकी कविता ऐसी सरस और सरल होती है कि सामान्य जन भी उसका स्वाद ले सकते है। ३ मजा। जैसे,—जान पडता है, आपको लडाई झगडे मे बड़ा स्वाद मिलता है।

क्रि० प्र०—लेना।—मिलना।

मुहा०—स्वाद चखाना = किसी को उसके किए हुए अपराध का दड देना। बदला लेना। जैसे,—मैं तुम्हे इसका स्वाद चखाऊँगा।

४ चाह। इच्छा। कामना। उ०—(क) गयमाद रन स्वाद चल्यो घन सरिस नाद करि। लै द्विज आसिरवाद परम अहलाद हृदय भरि।—गोपाल (शब्द०)। (ख) द्विज अरपहि आसिरवाद पढि। नमत तिन्है अहलाद मढि। नृप लमेउ सुरथ जय स्वाद चढि। करत सिंह सम नाद बढि।—गोपाल (शब्द०)। ५ मीठा रस। (डिं०)।

स्वादक—सज्ञा पु० [स० स्वाद] १ वह जो भोज्य पदार्थ प्रस्तुत होने पर चखता है। स्वादुविवेकी। उ०—स्वादक चतुर बतावत जाही। सूपकार बहु विरचत ताँही।—रामाश्वमेध (शब्द०)।

विशेष—राजा महाराजाओं की पाकशालाओं मे प्राय ऐसे कर्मचारी होते है जो भोज्य पदार्थ प्रस्तुत होन पर पहले चख लेते हैं कि पदार्थ उत्तम बना है या नही। ऐसे ही लोग 'स्वादक' कहलाते हैं।

स्वादन—सज्ञा पुं० [स०] १ चखना। स्वाद लेना। २ रसग्रहण। आनद लेना। ३ मजा लेना। दे० 'स्वाद'।

स्वादनीय—वि० [स०] १ स्वाद लने के योग्य। २ रस लेने के योग्य। मजा लेने के योग्य। ३ जायकेदार। स्वादिष्ठ।

स्वादव—सज्ञा पुं० [स०] वह जिसका स्वाद रुचिकर हो।

स्वादित—वि० [सं०] १ चखा हुआ। रस लिया हुआ। २ स्वादयुक्त। जायकेदार। ३ प्रीत। प्रसन्न।

स्वादित्व—सज्ञा पु० [स०] स्वाद का भाव। स्वादु।

स्वादिमा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वादिमन्] १ मधुरिमा। माधुर्य। २ सुस्वादु होना। स्वादुता [को०]।

स्वादिष्ट—वि० [स० स्वादिष्ठ] जायकेदार। स्वादिष्ठ। जैसे,—स्वादिष्ट भोजन।

स्वादिष्ठ—वि० [स०] जो खाने मे बहुत अच्छा जान पडे। जिसका स्वाद अच्छा हो। जायकेदार। सुस्वादु।

स्वादी—वि० [स० स्वादिन्] १ स्वाद चखनेवाला। उ०—बहु सुत मागध बदी जन नृप बचन गुनि हर्षित चले। पुनि बैद्य पौरानिक सभाचातुर विपुल स्वादी भले।—रामाश्वमेध (शब्द०)। २ मजा लेनेवाला। रसिक।

स्वादीयस्—वि० [स०] बहुत अधिक स्वादिष्ठ [को०]।

स्वादीला—वि० [स० स्वाद + हिं० ईला (प्रत्य०)] स्वादयुक्त। स्वादिष्ठ। उ०—घास के स्वादीले ग्रासो करके ··वह राजेश्वर उसकी (नदिनी गाय की) सेवा मे तत्पर हुआ।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)।

स्वादु[१]—सज्ञा पु० [स०] १ मधुर रस। मीठा रस। मधुरता। २ गुड। ३ जीवक नामक अष्टवर्गीय ओषधि। ४ अगर। अगुरुसार। ५ महुआ। मधूक वृक्ष। ६ चिरौंजी। पियाल। ७ कमला नीबू। ८ काँस। काशतृण। ९ बेर। बदर। १०.

सेंधा नमक। सैंधव लवण। ११ दूध। दुग्ध। १२ मनोहरता। चारुता। सौंदर्य (को०)।

स्वादु[2]—संज्ञा स्त्री० दाख। द्राक्षा।

स्वादु[3]—वि० १ मीठा। मधुर। मिष्ट। २ जायकेदार। मजेदार। स्वादिष्ठ। ३ अभीप्सित। इष्ट। मनोज्ञ। सुंदर।

स्वादुकंट—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुकण्टक] दे० 'स्वादुकंटक'।

स्वादुकंटक—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुकण्टक] १ विकंकत वृक्ष। २ गोखरू। गोक्षुर। ३ जवासा। विकंटक (को०)।

स्वादुकंद—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुकन्द] भूमि कुष्मांड। भुई कुम्हड़ा। २ सफेद पिंडालू। ३ कोंच। केउँआ। केमुक।

स्वादुकंदक—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुकन्दक] कोंच। केउँआ। केमुक।

स्वादुकंदा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वादुकन्दा] विदारी कंद।

स्वादुकर—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल की एक प्रकार का वर्णसंकर जाति जिसका उल्लेख महाभारत में है।

स्वादुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] नागदंती।

स्वादुकाम—वि० [सं०] मीठी वस्तु जिसे प्रिय हो। मधुरप्रिय (को०)।

स्वादुकार—वि० [सं०] स्वादिष्ट करने या बनानेवाला (को०)।

स्वादुकोपातकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] तोरई।

स्वादुखंड—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुखण्ड] १ गुड़। २ किसी स्वादिष्ट पदार्थ का खंड या टुकड़ा (को०)।

स्वादुगंध—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुगन्ध] लाल सहिंजन। रक्त शोभांजन।

स्वादुगंधच्छदा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वादुगन्धच्छदा] काली तुलसी। कृष्ण तुलसी।

स्वादुगंधा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वादुगन्धा] १ भुई कुम्हड़ा। भूमि कुष्मांड। २ लाल सहिंजन। रक्त शोभांजन।

स्वादुगंधि—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुगन्धि] लाल सहिंजन। रक्त-शोभांजन।

स्वादुता—संज्ञा पुं० [सं०] १ स्वादु का भाव या धर्म। २ मधुरता।

स्वादुतिक्त—संज्ञा पुं० [सं०] पीलू फल।

स्वादुतिक्तफल—संज्ञा पुं० [सं०] नीलू का पेड़।

स्वादुधन्वा—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुधन्वन्] कामदेव।

स्वादुपटोलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] परवल की लता।

स्वादुपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] परवल की लता।

स्वादुपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूधी। दुग्धिका।

स्वादुपाक—वि० [सं०] जिसका पाक स्वादु हो। जो पकने या पचने में अच्छा हो (को०)।

स्वादुपाकफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] मकोय। काकमाची।

स्वादुपाका—संज्ञा स्त्री० [सं०] काकमाची। मकोय (को०)।

स्वादुपाकी—वि० [सं० स्वादुपाकिन्] दे० 'स्वादुपाक' (को०)।

स्वादुपिंडा—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वादुपिण्डा] पिंड खजूर। पिंडी खर्जुर।

स्वादुपुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] काली कटसरैया।

स्वादुपुष्पिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूधी। दुग्धिका।

स्वादुपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कटसरैया का पेड़।

स्वादुफल—संज्ञा पुं० [सं०] १ बेर। बदरीफल। २ आमिन। अन्न वृक्ष। ३ लाई मधुर फल (को०)।

स्वादुफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बेर। बदरी वृक्ष। २ खजूर का पेड़। खर्जुर वृक्ष। ३ केले का पेड़। कदली वृक्ष। ४ मुनक्का। कपिल द्राक्षा।

स्वादुबीज—संज्ञा पुं० [सं०] पीपल। अश्वत्थ वृक्ष।

स्वादुमज्जा—संज्ञा पुं० [सं० स्वादुमज्जन्] पहाड़ी पीलू। अखरोट।

स्वादुमन्—संज्ञा पुं० [सं०] मीठापन। मिठास। मधुरिमा। २ मीठा पदार्थ या भोज्य पदार्थ (को०)।

स्वादुमस्तका—संज्ञा स्त्री० [सं०] खजूर का पेड़। खर्जुरी वृक्ष।

स्वादुमांसी—संज्ञा स्त्री० [सं०] जटामांसी नामक अष्टवर्गीय ओषधि।

स्वादुमापी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मषपर्णी। माषपर्णी।

स्वादुमुस्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] जटा मांसी नामक एक लता (को०)।

स्वादुमूल—संज्ञा पुं० [सं०] गाजर। गाजर।

स्वादुयुक्त—वि० [सं०] मधुरता से पूर्ण (को०)।

स्वादुयोगी—वि० [सं० स्वादुयोगिन्] मीठा। मधुर (को०)।

स्वादुरस—वि० [सं०] स्वादिष्ठ। स्वादयुक्त (को०)।

स्वादुरसा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ काकमाची। २ मद्य। मदिरा। शराब। ३ दाख। द्राक्षा। ४ शतावर। शतावरी। ५ अमड़ा। आम्रातक फल। ६ मरोड़फली। मूर्वा।

स्वादुल—संज्ञा पुं० [सं०] क्षीर मूर्वा।

स्वादुलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] विदारी कंद।

स्वादुनुगि—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वादुरन्ध्री] १ सतरा। २ मीठा नीबू। स्वादुमालुंग।

स्वादुवारि—संज्ञा पुं० [सं०] १ मीठे जल का सागर। २ वह जिसका जल मधुर या पीने योग्य हो। जैसे, कूप, बावड़ी आदि (को०)।

स्वादुविवेका—वि० [सं० स्वादुविवेकिन्] भोज्य पदार्थों में स्वाद का विवेक करनेवाला (को०)।

स्वादुशुंठी—संज्ञा स्त्री० [सं० स्वादुशुण्ठी] सफेद कटसरैया।

स्वादुशुद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] १ शुद्ध शोर मीठा नमक। समुद्री नमक। २ सेंधा नमक (को०)।

स्वादूद—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'स्वादुवारि' (को०)।

स्वादूदक—वि० [सं०] जिसका जल मीठा हो। मीठे जलवाला (को०)।

स्वादेशिक—वि० [सं०] स्वदेश का। स्वदेश संबंधी (को०)।

स्वाद्य[1]—वि० [सं०] १ स्वाद लेने के योग्य। चखने के योग्य। उ०—पदार्थ वास्तव में रोचक और विस्मृत है, याने पहले ये स्पृश्य और दृश्य हैं और पीछे ज्ञेय, स्वाद्य और पेय।

—चद्रधर० (शब्द०)। २ सरस और रुचिकर (को०)। ३ जो कचैला और नमकीन हो (को०)।

स्वाद्य[१]—सज्ञा पुं० कसैला एव नमकीन स्वाद। २ रस (को०)।

स्वाद्वगुरु—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार की अगर की लकडी।

स्वाद्वन्न—सज्ञा पुं० [स०] मधुर एव रुचिकर खाद्य पदार्थ (को०)।

स्वाद्वम्ल—सज्ञा पु० [स०] १ अनार का पेड। दाडिम वृक्ष। २ नारगी का पेड। नागरग वृक्ष। ३ कदव वृक्ष।

स्वाद्वी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दाख। द्राक्षा। २ मुनक्का। कपिल-द्राक्षा। ३ फूट। चिर्भटिका। ४ खजूर का पेड। खर्जुर वृक्ष।

स्वाधिनपतिका—सज्ञा पुं० [स० स्वाधीनपतिका] दे० 'स्वाधीन-पतिका'। उ०—स्वाधिनपतिका, कहत कवि अभिसारिका सुनाम। कही प्रवच्छतिप्रेयसी, आगतपतिका वाम।—मति० ग्र०, पृ० २६४।

स्वाधिनवलभा—सज्ञा स्त्री० [स० स्वाधीनवल्लभा] दे० 'स्वाधीन-वल्लभा'। उ०—अरग अरग इमि सखि सो कहै। मध्या स्वाधिनवलभा इहै।—नद० ग्र०, पृ० १५७।

स्वाधिकार—सज्ञा पुं० [स०] १ अपना अधिकार, पद या प्रभुत्व। २ धर्म, कर्तव्य अथवा कार्य (को०)।

स्वाधिपत्य—सज्ञा पु० [स०] अपना आधिपत्य, अधिकार या प्रभुत्व (को०)।

स्वाधिष्ठान—सज्ञा पु० [स०] १ हठ योग मे माने हुए कुडलिनी के ऊपर पडनेवाले छह चक्रो मे से दूसरा चक्र।

विशेष—इस चक्र का स्थान शिश्न के मूल मे, रग पीला और देवता ब्रह्मा माने गए हैं। इसके दलो की सख्या छह और अक्षर व से ल तक हे।

२ अपना अधिष्ठान, वासस्थान अथवा नगर (को०)।

स्वाधीन[१]—वि० [स०] १ जो अपने सिवा और किसी के अधीन न हो। स्वतत्र। आजाद। खुदमुख्तार। २ किसी का बधन न माननेवाला। अपने इच्छानुसार चलनेवाला। मनमाना काम करनेवाला। निरकुश। अवाध्य। जैसे,—(क) वह लडका आजकल स्वाधीन हो गया है, किसी की बात नही सुनता। (ख) उसका पति क्या मरा, वह बिलकुल स्वाधीन हो गई। ३ जो अपने अधीन या वश मे हो। स्ववश (को०)।

स्वाधीन[२]—सज्ञा पु० समर्पण। हवाला। सपुर्द। जैसे,—अत मे लाचार होकर १६ जून को तीसरे पहर अपने को नवाब के स्वाधीन कर दिया।—द्विवेदी (शब्द०)।

स्वाधीनता—सज्ञा स्त्री० [स०] स्वाधीन होने का भाव। स्वतन्त्रता। आजादी। खुदमुख्तारी। जैसे,—स्वाधीनता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

स्वाधीनपतिका—सज्ञा स्त्री० [स०] वह नायिका जिसका पति उसके वश मे हो। पति को वशीभूत करनेवाली नायिका। साहित्य मे इसके चार भेद कहे गए है, यथा—मुग्धा, मध्या, प्रौढा और परकीया।

स्वाधीनभर्तृका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्वाधीनपतिका'।

स्वाधीनवल्लभा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्वाधीनपतिका'।

स्वाधीनी—सज्ञा स्त्री० [स० स्वाधीन + हिं० ई (प्रत्य०)] स्वाधीनता। स्वतन्त्रता। आजादी। उ०—शिल्पकलाओ से जन्मै है, विविध सौख्य सपत्ति प्रथा। धन, वैभव, व्यौपार, बडप्पन, स्वाधीनी, सतोष तथा।—श्रीधर (शब्द०)।

स्वाध्याय—सज्ञा पु० [स०] १ वेदो की निरतर और नियमपूर्वक आवृत्ति या अभ्यास करना। वेदाध्ययन। २ धर्मग्रथो का नियमपूर्वक अनुशीलन करना। ३ किसी विषय का अनुशीलन। अध्ययन। ४ वेद। ५ अनध्याय के बाद का वह दिन जब स्वाध्याय प्रारभ होता है।

स्वाध्यायवान्—वि० [स० स्वाध्यायवत्] १ वेदाध्यायी। वेदा-ध्ययन करनेवाला। २ जो स्वाध्याय कर रहा हो। वेदपाठ या अध्ययन करता हुआ (को०)।

स्वाध्यायार्थी—सज्ञा पु० [स० स्वाध्यायार्थिन्] अध्ययन करते हुए जीविकार्थ अर्थोपार्जन करनेवाला छात्र। वह विद्यार्थी जो पढता हुआ खुद कमाता भी हो (को०)।

स्वाध्यायी[१]—सज्ञा पुं० [स० स्वाध्यायिन्] १ विभिन्न शास्त्र ग्रथो का अध्ययन करनेवाला व्यक्ति। अध्ययनशील व्यक्ति। २ वह जो वेदाध्यन करता हो। वेदपाठी। ३ दूकानदार। वणिक्। व्यापारी।

स्वाध्यायी[२]—वि० वेदपाठ करनेवाला (को०)।

स्वानद—सज्ञा पु० [स० स्वानन्द] आत्मपरक आनद। अपनी मस्ती। आत्मानद (को०)।

स्वान[१]—सज्ञा पु० [स०] शब्द। आवाज। घडघडाहट।

स्वान[२]—सज्ञा पुं० [स० श्वान] दे० 'श्वान'। उ०—खर स्वान सुअर सृगाल मुख गन वेष अगनित को गने। बहु जिनस प्रेत पिसाच जोगि जमात बरनत नहि बने।—मानस, १।९३।

स्वाना†—क्रि० स०[स० √स्वप्, स्वपन, पु०हिं० सुवाना, सोवाना, हिं० सुलाना] दे० 'सुलाना'। उ०—(क) सुख दै सखीनि बीच दै कै सोहै दयाइ कै खवाइ कछु स्वाइ बस कीनी बरबसु है।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० १२। (ख) इहि निसि धाइ सताइ लै स्वेदखेद ते मोहि। कारिह लालिहूँ के किएँ सग न स्वाऊँ तोहि।—भिखारी० ग्र०, भा० २, पृ० १५। (ग) आजु हौ राखोगी स्वाय उन्हे रघुनाथ कृपा निशि मेरे करोगे। मै उठि जाउँगी छोडि कै पास जगाइ कै सेज पै पायँ धरोगे।—रघुनाथ। (शब्द०)।

स्वानुभव—सज्ञा पु० [स०] १ अपना अनुभव। निजी अनुभूति। अपनी वैयक्तिक अनुभूति। २ अपना ज्ञान। निज की जानकारी (को०)।

स्वानुभाव—सज्ञा पु० [स०] अपने धर्म, गुण, स्वभाव, स्वत्व आदि के प्रति प्रेम (को०)।

स्वानुभूति—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'स्वानुभव।' उ०—सूरदास आदि अष्टछाप कवियो ने प्रेम की इन स्वानुभूति मानसिक

अवस्थाओं के बहुत ही प्रभावशाली चित्र उपस्थित किए हैं। —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १०१।

स्वानुरूप—वि०[सं०] १ अपने अनुरूप। अपने सदृश। अपने योग्य २ नैसर्गिक। प्राकृतिक। स्वाभाविक। सहजात [को०]।

स्वाप—संज्ञा पु०[स०] १ नींद। निद्रा। २ स्वप्न। ख्वाब। ३ अज्ञान। ४ निस्पंदता।

स्वापक—वि०[स०] नींद लानेवाला। निद्राकारक।

स्वापतेय—संज्ञा पुं०[स०] १ कौटिल्य के अनुसार स्वकीय संपत्ति। निज की वस्तु। २ धन संपत्ति [को०]।

स्वापद—संज्ञा पुं०[स०] दे० 'श्वापद' [को०]

हँफनि(यू)—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाँफना] हाँफने की क्रिया या भाव। अधिक परिश्रम के कारण जल्दी जल्दी और जोर जोर से चलती हुई साँस। हाँफ।

मुहा०—हँफनि मिटाना = दम लेना। दम मारना। सुस्ताना। थकावट दूर करना। उ०—बात कहिबे में नंदलाल को उताल कहा हाल तौ हरिननैनी हँफनि मिटाय लै।—शिव० (शब्द०)।

हँफनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाँफना] हाँफने का भाव या क्रिया। हाँफ। दे० 'हँफनि'।

हँसतामुखी(यू)—संज्ञा पुं० [हिं० हँसता+मुख] हँसते चेहरेवाला। प्रसन्नमुख। उ०—जो देखा तो हँसतामुखी।—जायसी (शब्द०)।

हँसन—संज्ञा स्त्री० [हिं० हँसना] १ हँसने की क्रिया या भाव। २ हँसने का ढंग।

हँसना¹—क्रि० अ० [सं० हसन] १ आनंद के वेग से कंठ से एक विशेष प्रकार का आघातरूप स्वर निकालना। खुशी के मारे मुँह फैलाकर एक तरह की आवाज करना। खिलखिलाना। ठट्ठा मारना। हास करना। कहकहा लगाना।

संयो०—क्रि०—देना।—पड़ना।

यौ०—हँसना बोलना = आनंद की बातचीत करना। जैसे,—चार दिन की जिंदगी में हँस बोल लो। हँसना खेलना = आनंद करना। हँसना हँसाना = आनंद से हँसना और अन्य को हँसाना या आनंदित करना।

मुहा०—किसी व्यक्ति पर हँसना = विनोद की बात कहकर किसी को तुच्छ या मूर्ख ठहराना। उपहास करना। जैसे,—तुम दूसरो पर तो बहुत हँसते हो, पर आप कुछ नही कर सकते। किसी वस्तु पर हँसना = विनोद की बात कहकर किसी वस्तु को तुच्छ या बुरी ठहराना। उपहास करना। व्यगपूर्ण निंदा करना। अनादर करना। उ०—(क) हेमिवे जोग, हँसे नहिं खोरी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) हँसहि मलिन खल विमल बतकही।—तुलसी (शब्द०)। हँसते बोलते = दे० 'हँसते हँसते'। हँसते हँसते = प्रसन्नता से। खुशी से। बिना किसी प्रकार का कष्ट या बाधा का अनुभव किए। जैसे,—(क) राजपूतो ने हँसते हँसते युद्ध मे प्राण दिए। (ख) मैं हँसते हँसते यह सब कष्ट सह लूँगा। हँसते हँसते पेट मे बल पडना = इतना अधिक हँसना कि पेट मे दर्द होने लगे। हँसते हुए = दे० हँसते हँसते'। हँस बोल लेना = प्रसन्नतापूर्वक बातचीत करना। हँसता मुँह या चेहरा = प्रसन्न मुख। ऐसा चेहरा जिससे प्रसन्नता का भाव प्रकट होता हो। ठठाकर हँसना = जोर से हँसना। अट्टहास करना। उ०—दोउ एक सग न होहिं सुवालू। हँसब ठठाइ, फुलाउब गालू।—तुलसी (शब्द०)। बात हँसकर उडाना = ध्यान न देना। तुच्छ, साधारण या हलका समझकर विनोद मे टाल देना। जैसे,—मैं काम काम की बात कहता हूँ, तुम हँसकर उडा देते हो।

२ रमणीय लगना। मनोहर जान पडना। गुलजार या रौनक होना। जैसे,—यह जमीन कैसी हँस रही है। ३ केवल मनोरजन के लिये कुछ कहना या करना। दिल्लगी करना। हँसी करना। मजाक करना। मसखरापन करना। जैसे,—मैं तो यो ही हँसता था, कुछ तुम्हारी छडी लिए नही लेता था। ४ आनद मनाना। प्रसन्न या सुखी होना। खुशी मनाना। जैसे,—यह तो दुनिया है कोई हँसता है, कोई रोता है।

हँसना[१]—क्रि० स० किसी का उपहास करना। व्यग या हँसी की बात कहकर किसी को तुच्छ या मूर्ख ठहराना। विनोद के रूप मे किसी को हेठा, बुरा या मूर्ख प्रकट करना। अनादर करना। हँसी उडाना। जैसे,—तुम दूसरो को तो हँसते हो, पर अपना दोष नही देखते।

हँसनि—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसना] दे० 'हँसन'। उ०—अरुन अधर द्विज पाँति अनूपम ललित हँसनि जनु मन आकरषित।—तुलसी पृ० ४१५।

यौ०—हँसनि हँसावनि = स्वय हँसने और दूसरे को हँसाने की क्रिया या भाव। उ०—हँसनि हँसावनि पुनि डहकावनि। —नद० ग्र०, पृ० २६४।

हँसमुख—वि० [हिं० हँसना + मुख] १ प्रसन्न वदन। जिसके चेहरे से प्रसन्नता का भाव प्रकट होता हो। २ विनोदशील। हास्यप्रिय। ठठोल। हँसी दिल्लगी करनेवाला। चुहलबाज।

हँसली—सज्ञा स्त्री० [सं० असला] १ गरदन के नीचे और छाती के ऊपर की धन्वाकार हड्डी। २ गले मे पहनने का स्त्रियो का एक गहना जो मडलाकार और ठोस होता है तथा बीच मे मोटा और छोरो पर पतला होता है।

हँसाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसना] १ हँसने की क्रिया या भाव। २ उपहास। लोगो मे निंदा। बदनामी। उ०—सूरदास कूरनि रँग राते ब्रज मे होति हँसाई।—सूर (शब्द०)।

यौ०—जग हँसाई। जगत हँसाई।

हँसाना—क्रि० स० [हिं० हँसना] १ दूसरे को हँसने मे प्रवृत्त करना। कोई ऐसी बात करना जिसमे दूसरा हँसे। २ आनदित करना। खुश करना। प्रसन्न करना।

सयो० क्रि०—देना। —मारना।

हँसाय—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'हसाई'।

हँसावनि—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसाना] हँसाने का काम या स्थिति। उ०—लै लै व्यजन चखनि चखावनि। हँसनि हँसावनि, पुनि डहकावनि।—नद० ग्र०, पृ० २६४।

हँसिया[१]—सज्ञा पुं० [स० हस] १ लोहे का एक धारदार औजार जो अर्धचद्राकार होता है और जिससे खेत की फसल या तरकारी आदि काटी जाती है। २ लोहे की धारदार अर्धचद्राकार पट्टी जिससे कुम्हार गीली मिट्टी काटते हैं। ३ चमडा छीलकर चिकना करने का औजार। ४ हाथी के अकुश का टेढा भाग।

हँसिया[२]—सज्ञा स्त्री० [स० हनु ? या स० असल + हिं० इया (प्रत्य०)] गरदन के नीचे की धन्वाकार हड्डी। हँसली।

हँसी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसना] १ हँसने की क्रिया या भाव। हास। उ०—बरजा पिते हँसी औ राजू।—जायसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—आना।

यौ०—हँसी खुशी = प्रसन्नता। हँसी ठट्ठा = आनदक्रीडा। मजाक।

मुहा०—हँसी छूटना = हँसी आना। हास की मुद्रा प्रकट होना। २ हँसने हँसाने के लिये की हुई बात। मजाक। दिल्लगी। मनोरजन। विनोद। जैसे,—तुम तो हँसी हँसी मे रोने लगते हो।

क्रि० प्र०—करना। —होना।

यो०—हँसी खेल = (१) विनोद और क्रीडा। (२) साधारण बात। सहज बात। आसान बात। हँसी ठठोली = विनोद और हास। दिल्लगी।

मुहा०—हँसी समझना या हँसी खेल समझना = साधारण बात समझना। आसान बात समझना। कठिन न समझना। जैसे—लीडर बनना क्या हँसी खेल समझ रखा है ? हँसी में उडाना = किसी बात को यो ही दिल्लगी समझकर ध्यान न देना। साधारण समझकर ख्याल न करना। परिहास की बात कहकर टाल देना। हँसी मे ले जाना = किसी बात को मजाक समझना। किसी बात का ऐसा अर्थ समझना मानो वह ध्यान देने की नही है, केवल मनबहलाव की है। जैसे,—तुम तो मेरी बात हँसी मे ले जाते हो। हँसी मे फाँसी = दिल्लगी की बात-चीत होते होते झगडा या मारपीट की नौबत आना।

३ किसी व्यक्ति को मूर्ख या किसी वस्तु को तुच्छ ठहराने के लिये कही

दृष्टि से। पक्ष मे। विषय मे। जैसे,—(क) ऐसा करना तुम्हारे हक मे अच्छा न होगा। (ख) हम तुम्हारे हक मे दुआ करेंगे।

३ कर्तव्य। फर्ज।

मुहा०—हक अदा करना = वह बात करना जो न्याय, नीति आदि की दृष्टि से करणीय हो। कर्तव्य पालन करना। जैसे,—वे दोस्ती का हक अदा कर रहे है।

४ वह वस्तु जिसे पाने, पास रखने या काम मे लाने का अथवा वह बात जिसे करने का न्याय से अधिकार प्राप्त हो। जैसे,—(क) यह रुपया तो नौकरो का हक है। (ख) यहाँ टहलना हमारा हक है। ५ वह द्रव्य या धन जो किसी काम या व्यवहार मे किसी को रीति के अनुसार मिलता हो। किसी मामले मे दस्तूर के मुताबिक मिलनेवाली कुछ रकम। दस्तूरी। जैसे,—(क) पुरोहित का हक तो पाँच रुपए सैकडा है। (ख) हमारा हक देकर तब जाइए। (ग) अदालत मे मुहर्रिरो का हक भी तो देना पडता है।

क्रि० प्र०—चाहना।—देना।—पाना।—माँगना।

मुहा०—हक दबाना या मारना = वह रकम न देना जो किसी को रीति के अनुसार दी जाती हो। जैसे,—नौकरो का हक मारकर आप राजा न हो जायँगे।

६ ठीक बात। वाजिब बात। उचित बात। ७ उचित पक्ष। न्याय पक्ष। जैसे,—मै तो हक पर हूँ, मुझे किस बात का डर है।

मुहा०—हक पर होना = न्याय्य पक्ष का अवलबन करना। उचित बात का आग्रह करना।

८ खुदा। ईश्वर। (मुसलमान)।

हकअंदेश—वि० [अ० हक+फा० अंदेश] हित सोचनेवाला। भलाई चाहनेवाला [को०]।

हकआगाह—वि० [फा० हकआगाह] सत्यनिष्ठ। सज्जन। साधु। महात्मा [को०]।

हकगो—वि० [फा० हकगो] सत्यभाषी। हक या न्याय की बात कहनेवाला [को०]।

हकगोई—सज्ञा स्त्री० [फा० हकगोई] सत्यवक्तृत्व। सत्यवादिता [को०]।

हकतलफी—सज्ञा स्त्री० [अ० हक+तलफी] १ अधिकार का अपहरण। हक छीनना या मार लेना। बेइसाफी। अन्याय। उ०—विधाता ने उसे छोटा न बनाया होता, तो आज उसकी यह हकतलफी न होती।—गबन, पृ० ३०३। २ हानि। क्षति।

हकतायत—सज्ञा स्त्री० [अ० हक+ताअत] अधीनता। ताबेदारी। उ०—लिखा नबी कोरान मे आयत। मेरी उमत करै हकतायत।—सत० दरिया, पृ० २२।

हकताला—सज्ञा पुं० [अ० हक+तआला] महिमाशाली ईश्वर। खुदा। परमात्मा। उ०—ता महि तुम हजरत की बाला। सब कै एक वहै हकताला।—ह० रासो, पृ० ४०।

हकदक—वि० [अनु०] हक्का बक्का। स्तभित। चकित।

क्रि० प्र०—रहना। होना।

हकदार[1]—सज्ञा पुं० [अ० हक+फा० दार] १ वह जिसे हक हासिल हो। स्वत्व या अधिकार रखनेवाला। जैसे,—इस जायदाद के जितने हकदार हैं सब हाजिर हो। २ वह काश्तकार जिसका अपनी जमीन पर मौरूसी हक होना है।

हकदार[2]—वि० स्वत्व या अधिकार रखनेवाला [को०]।

हकधक—सज्ञा पुं० [अनुध्व०] चकित। भौचक्का। बेसुध। हक्का-बक्का। उ०—कबहूँ हकधक हो रहै, उठैं प्रेम हित गाय। सहजो आँख मूँदी रहै, कबहूँ सुधि हो जाय।—सतवाणी०, भा० १, पृ० १५८।

हकनाक†—वि० [अ० हक+फा० ना (प्रत्य०)+अ० हक] हक नाहक। व्यर्थ। फिजूल। बिलकुल बेकार। उ०—तब तो वह ब्राह्मन महादेव जी पै मरन लाग्यो। तब महादेव जी प्रगट होइ वा ब्राह्मन सो कहे, जो तू हकनाक क्यो मरत है? वाके भाग्य मे पुत्र नाही।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ४५।

हकनाहक[1]—अव्य० [अ० हक+फा० ना (प्रत्य०)+अ० हक] १. बिना उचित अनुचित के विचार के। जबरदस्ती। धीगाधीगी से। जैसे,—क्यो हकनाहक बेचारे की चीज ले रहे हो। २ बिना कारण या प्रयोजन। निष्प्रयोजन। व्यर्थ। फजूल। जैसे,—क्यो हकनाहक लड रहे हो। उ०—हकनाहक पकरे सकल जडिया कोठीवाल। हुडीवाल सराफ नर अरु जौहरी दलाल।—अर्ध०, पृ० ४३।

हकनाहक[2]—सज्ञा पुं० नीति अनीति। न्याय अन्याय। उचित अनुचित। सत्य असत्य [को०]।

हकपसद—वि० [अ० हक+फा० पसद] हक, न्याय या सत्य को पसद करनेवाला।

हकपसदी—सज्ञा स्त्री० [अ० हक+फा० पसदी] हकपसद होना। सत्य को पसद करना। सत्यप्रियता [को०]।

हकपरस्त—वि० [अ० हक+फा० परस्त] १ ईश्वरभक्त। २ सत्य का उपासक। सत्यनिष्ठ। न्यायी।

हकपरस्ती—सज्ञा स्त्री० [अ० हक+परस्ती] धर्मपरायणता। सत्यनिष्ठता।

हकफरामोश—वि० [अ० हक+फा० फरामोश] कृतघ्न। उपकार और एहसान भूल जानेवाला। नमकहराम [को०]।

हकफरामोशी—सज्ञा स्त्री० [अ० हक+फा० फरामोशी] कृतघ्नता। नीचता। नमकहरामी [को०]।

हकबक—वि० [अनु०] दे० 'हक्का बक्का'।

हकबकाना—क्रि० अ० [अनु० हक्का बक्का] किसी ऐसी बात पर जिसका पहले से अनुमान तक न रहा हो अथवा जो अनहोनी या भयानक हो, स्तभित हो जाना। ठक रह जाना। हक्का-बक्का हो जाना। सहसा निश्चेष्ट और मौन होकर मुँह ताकने लगना। घबरा जाना।

हकमालिकाना—सज्ञा पुं० [अ० हक+फा० मालिकानह्] किसी चीज या जायदाद के मालिक का हक।

हकमौरूसी—सज्ञा पुं० [अ० हक मौरूसी] वह अधिकार जो पितृपरपरा से प्राप्त हो। वह हक जो बाप दादो से चला आता हो।

हकरसी—सज्ञा स्त्री० [अ० हक+फा० रसी] न्याय पाना। इन्साफ पाना। उ०—ताज की वफादारी, ईमान्दारी, मुल्क का इन्तजाम सब लोगो की हकरसी, और हरेक आदमी के फायदे के लिये इन्साफ करना बहुत जरूरी है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ३८६।

हकला—वि० [हिं० हकलाना] रुक रुककर बोलनेवाला। बाग्दोष के कारण हकलानेवाला। किसी वाक्य को एक साथ न बोल सकनेवाला।

हकलाना—क्रि० अ० [अनु० हक] स्वर नाली के ठीक काम न करने या जीभ तेजी से न चलने के कारण बोलने मे अटकना। रुक रुककर बोलना।

हकलापन—सज्ञा पुं० [हिं० हकला+पन (प्रत्य०)] १ हकला होने की क्रिया या भाव। हकलाने का भाव। २ हकलाने की आदत या दोष।

हकलाहट†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हकलाना] दे० 'हकलापन'।

हकलाहा—वि० [हिं० हकलाना] दे० 'हकला'।

हकशफा—सज्ञा पुं० [अ० हकशुफा] किसी जमीन को खरीदने का औरो से ऊपर या अधिक वह हक या स्वत्व जो गाँव के (जिसमे बेची हुई जमीन हो) हिस्सेदारो अथवा पडोसियो को प्राप्त हो।

विशेष—यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जमीन बेच देता है, तो जिसे इस प्रकार का स्वत्व प्राप्त होता है, वह अदालत के द्वारा उतना ही या जितना अदालत ठहरा दे, अथवा खरीदार ने जितना दाम देकर खरीद की हो उतना दाम देकर वह जमीन ले सकता है।

हकार—सज्ञा पुं० [स०] ह अक्षर या वर्ण।

हकारत—सज्ञा स्त्री० [अ० हकारत] अपमान। तिरस्कार। तुच्छता [को०]।

मुहा०—हकारत की निगाह के देखना = ओछी या अपमानयुक्त दृष्टि से ताकना।

हकारना[1]—क्रि० स० [देश०] १ पाल तानना या खडा करना। २ झडा या निशान उठाना। (लश्करी)।

हकारना[2]—क्रि० स० [स० आकारण] बुलाना। पुकारना। उ०—(क) राजह सूर हकार लिय।—दिय सादर सनमान। वीर विरद वरदाय प्रति, लगे वत्त पुछान पृ० रा०, ६।१४७। (ख) विरमिय हरसिघ बोध करि चर कह दीन हकार। पगुर नृप नहि जग करि अमिय नप्प अमवार।—प० रासो, पृ० १३३।

हकीकत—सज्ञा स्त्री० [अ० हकीकत] १ तत्त्व। सचाई। असलियत। सत्यता। २ मर्यादा। विसात। हसियत [को०]। ३ तथ्य। ठीक बात। असल असल बात। ४ ठीक ठीक वृत्तात। असल हाल। सच्चा वृत्त। जैसे—उसकी हकीकत यो है। उ०—शबे फुरकत मे रो रोकर सहर की। हकीकत क्या कहूँ मैं रात भर की।—कविता को०, भा० ४, पृ० २६।

मुहा०—हकीकत खुलना = असल बात का पता लग जाना। ठीक ठीक बात मालूम हो जाना। हकीकत मे = वास्तव मे। सचमुच।

हकीकतन—अव्य० [अ० हकीकतन्] यथार्थत। वास्तव मे। वाकई। सचमुच [को०]।

हकीकी—वि० [अ० हकीकी] १ असली। ठीक। सच्चा। सत्य। २ खास अपना। सगा। आत्मीय। जैसे,—हकीकी भाई। ३ ईश्वरोन्मुख। भगवत्सबधी। जैसे,—इश्क हकीकी। उ०—शगल बहतर है इश्कबाजी का। क्या हकीकी व क्या मजाजी का।—कविता को०, भा० ८, पृ० ४। ४ शब्द का अर्थ। अभिधेय अर्थ।

हकीगत(पु)†—सज्ञा स्त्री० [अ० हकीकत] दे० 'हकीकत'। उ०—भील गुह्यो वन मिले भाव सूँ, परम भगत पोरस भरपूर। मोटण लागो आप दिस माँजो, जिणनूँ कही हकीगत जाझी, दल राखम करणाहिव दूर।—रघु० रू०, पृ० ११०।

हकीम—सज्ञा पु० [अ०] १ विद्वान्। आचार्य। ज्ञानी। जैसे,—हकीम अरस्तू। २ यूनानी रीति से चिकित्सा करनेवाला वैद्य। चिकित्सक।

हकीमी[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० हकीम+ई (प्रत्य०)] १ यूनानी आयुर्वेद। यूनानी चिकित्सा शास्त्र। २ हकीम का पेशा या काम। वैदगी। जैसे, वे लखनऊ मे हकीमी करते हैं।

हकीमी[2]—वि० हकीम का। हकीम सबधी। जैसे,—हकीमी इलाज। हकीमी नुस्खा।

हकीयत—सज्ञा स्त्री० [अ० हकीयत] १ स्वत्व। अधिकार। २ वह वस्तु या जायदाद जिसपर हक हो। ३ अधिकार होने का भाव। जैसे,—तुम अपनी हकीयत साबित करो।

हकीर—वि० [अ० हकीर] १ जिसका कुछ महत्व न हो। बहुत छोटा। तुच्छ। नाचीज। उ०—क्या बात कहते हो पीराने पीर। मुझे क्या जो बूझे हो तुमने हकीर।—दक्खिनी०, पृ० २३४। २ उपेक्षा के योग्य। उपेक्षणीय। उ०—मैं इस हकीर हज्जाम के मुँह से निकले शब्दो की सचाई तसलीम करता हूँ।—पीतल०, पृ० ३६०।

हको हक्क—सज्ञा पु० [प्रा० हक्क, हक अथवा अनुध्व०] जोर से बोलने की ध्वनि। हाँक। उ०—हकोहक्क बाजी गजे मेघनद्द। जगे लोडलोय कुसद्दे कुमद्द।—पृ० रा०, १२।९३।

हकूक—सज्ञा पुं० [अ० हकूक] 'हक' का बहुवचन। कई प्रकार के स्वत्व या अधिकार।

हकूमत‡—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'हुकूमत'।

हक्क[1]—सज्ञा पुं० [सं० अनु०] हाथी को बुलाने का शब्द।

हक्क[2]—सज्ञा पु० [अ० हक्क] दे० 'हक'। उ०—हक्का बेली हक्क है वे हक्का वे हक्क। हरिया एकै हक्क बिन सब दिन जाहि अनहक्क।—राम० धर्म०, पृ० ६६।

हक्क[3]—सज्ञा पु० [अ०] खुरचना। छीलना। काटना। तराशना [को०]।

हक्कना(पु)—क्रि० स० [प्रा० हक्क, हिं० हाँक] चिल्लाना। हाँक देना। उ०—धर मध्य धरँ धर हक्क खल।—ह० रासो, पृ० ७८।

हक्क हलाल—सज्ञा पुं० [अ० हक्क हलाल] विहित या जायज स्वत्व। उचित अधिकार। उ०—हक्क हलाल आप से आवै, लेना और हराम।—पलटू०, भा० ३, पृ० ६१।

हक्का[1]—सज्ञा पुं० [अ० हक्क] वह नोट या पुरजा जो कोई गल्ले का व्यापारी किसी असामी के लगान की जमानत के रूप मे जमीदार को देता है।

हक्का†[2]—सज्ञा पु० [देश०] लकडी का एक प्रकार का आघात या प्रहार। (लखनऊ)।

हक्का[3]—सज्ञा पु० [स०] उलूक। उल्लू [को०]।

हक्काक—सज्ञा पु० [अ०] १ नग जडनेवाला। नग को काटने, सान पर चढाने, जटने आदि का काम करनेवाला। जडिया। २ खुरचनेवाला। छीलने या खोदनेवाला व्यक्ति (को०)।

हक्कानी—वि० [अ० हक्कानी] ईश्वरीय। खुदाई। हक सबधी।

हक्कानीयत—सज्ञा स्त्री० [अ० हाक्कानीयत] १ सत्यता। सचाई। यथार्थता। २ हक्कानी होने का भाव [को०]।

हक्का बक्का—वि० [अनु० हक, धक] किसी ऐसी बात पर स्तभित जिसका पहले से अनुमान तक न रहा हो अथवा जो अनहोनी या भयानक हो। सहसा निश्चेष्ट और मौन होकर मुँह ताकता हुआ। भौचक। घबराया हुआ। चित्रलिखा सा। ठक। जैसे—यह सुनते ही वह हक्का बक्का हो गया।

हक्कार—सज्ञा पुं० [स०] चिल्लाकर बुलाने का शब्द। पुकार।

हक्काहक्क—सज्ञा पु० [स०] पुकार। ललकार [को०]।

हगनहटी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हगना] १ मलत्याग की इद्रिय। गुदा। २ वह स्थान जहाँ लोग पाखाना फिरते है।

मुहा०—हगनहटी करना या बनाना = किसी स्थान पर गदा करना। हगनहटी। मचाना = बारबार दस्त करना।

हगना—क्रि० अ० [स० हदन] १ मलोत्सर्ग करना। मलत्याग करना। झाडा फिरना। पाखाना फिरना।

सयो० क्रि०—देना।

मुहा०—हग भरना या मारना = (१) हग देना। मलोत्सर्ग कर देना। (२) अत्यत भयभीत होना। बहुत डर जाना। २ दबाव के मारे कोई वस्तु दे देना। झक मारकर अदा कर देना। जैसे,—दावा होगा तो सब रुपया हग दोगे। ३ बहुत गदा कर देना।

हगनेटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हगनहटी] दे० 'हगनहटी'।

हगाना†—क्रि० स० [हिं० हगना का सक० रूप] १ हगने की क्रिया कराना। पखाना फिरने पर विवश करना।

सयो० क्रि०—देना।

२ पाखाना फिरने मे सहायता देना। मलत्याग कराना। जैसे,—बच्चे को हगाना।

मुहा०—हगा मारना = बहुत थका देना या किसी को परेशान करना। हगा लेना = किसी से बलात् प्राप्य वस्तु या द्रव्य वसूल करना।

हगास—सज्ञा स्त्री० [हिं० हगना + आस (प्रत्य०)] हगने की इच्छा। मलत्याग का वेग या इच्छा।

क्रि० प्र०—लगना।

हगोडा†—वि० [हिं० हगना + ओडा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० हगोडी] बहुत हगनेवाला। बहुत झाडा फिरनेवाला।

हग्गन†, हग्ग†—वि० [हिं०] बहुत हगनेवाला। हगोड़ा।

हच्चक—सज्ञा स्त्री० [हिं० हचकना] धक्का। झोका। झटका।

मुहा०—हचक खाना = आगे पीछे या नीचे ऊपर होना। झटका खाना। झोका खाना।

हचकना†[1]—क्रि० अ० [अनु० हच हच] चारपाई, गाडी आदि का झोका खाना या बार बार हिलना। धक्के से हिलना डोलना।

हचकना[2]—क्रि० स० १ दे० 'हचकाना'। २ जोर से मारना।

मुहा०—हचक देना = जोर से मारना।

हचका—सज्ञा पुं० [हिं० हचकना] धक्का। झोका।

क्रि० प्र०—देना। मारना।

हचकाना—क्रि० स० [हिं० हचकना का सक० रूप] धक्के से हिलाना। झोका देकर हिलाना।

हचकीला—वि० [हिं० हचक + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० हचकीली] हचकनेवाला। हिलने डुलनेवाला [को०]।

हचकोला—सज्ञा पु० [हिं० हचकना] १ वह धक्का जो गाडी, चारपाई आदि पर उछलने या हिलने डोलने से लगे। धचका। २. आघात। चढाव उतार। उ०—आया हचकोला फाग का। खग लगे परखने नये नये सुर अपने अपने राग का।—इत्यलम्, पृ० २०९।

हचना—क्रि० अ० [अनु० हच] किसी काम के करने मे सकोच या आगा पीछा करना। हिचकना।

हज[1]—सज्ञा पु० [अ०] मुसलमानो का काबे के दर्शन के लिये मक्के जाना। मुसलमानो की मक्के की तीर्थयात्रा। जैसे,—सत्तर चूहे खा के बिल्ली हज को चली।

हज[2]—सज्ञा पुं० [अ० हज] १ आनद। मजा। राहत। सुख। २ भाग। हिस्सा। लाभ। ३ खुशी। हर्ष [को०]।

हजम[1]—सज्ञा पु० [अ०] स्थूलता। मोटाई। दल। २—आकार प्रकार [को०]।

हजम[2]—सज्ञा पु० [अ० हज़म, हज्म] १ पेट मे पचने की क्रिया या भाव। पाचन। २ पाचन शक्ति। हाजमा (को०)। ३ तस्करता। गबन [को०]।

हजम[3]—वि० १ जो पाचन शक्ति द्वारा रस या धातु के रूप मे हो गया हो। पेट मे पचा हुआ। जैसे,—दूध हजम होना। रोटी हजम करना।

क्रि० प्र०—करना। होना।

१ बेईमानी से दूसरे से लेकर जो न दी गई हो। बेईमानी से लिया हुआ। अनुचित रीति से अधिकार किया हुआ। जैसे—(क) दूसरे का माल या रुपया हजम करना। (ख) दूसरे की चीज हजम करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।—कर जाना।—कर लेना।

मुहा०—हजम होना = बेईमानी से ली हुई वस्तु का अपने पास रहना। जैसे—बेईमानी का माल हजम न होना।

हजर[1]—सज्ञा पुं० [अ०] प्रस्तर। पत्थर।

यौ०—हजरुलबकर = गोरोचन । हजरे असवद = काबा की दीवार मे लगा हुआ काला पत्थर । विशेष दे० 'सगअसवद' ।

हजर[2]—सज्ञा पुं० [अ० हज़र] एक जगह स्थित होना या ठहरना । अवस्थिति । उपस्थिति । मौजूदगी । सफर का विपरीतार्थ ।

हजरत—सज्ञा पुं० [अ० हज़रत] १ महात्मा । महापुरुष । जैसे,—हजरत मुहम्मद । २ अत्यत आदर का सबोधन । महामान्य । ३ चालाक या धूर्त व्यक्ति । नटखट या खोटा आदमी । (व्यग्य) । जैसे—आप बडे हजरत है, यो झगडा लगाया करते हैं । ४ समीपता । सामीप्य (को०) । ५ गोष्ठी । मजलिस । सभा । दरबार (को०) । ६ अत्यत आदरणीय व्यक्ति । उ०—ता महि तुम हजरत की बाला ।—ह० रासो, पृ० ४० ।

हजरत सलामत—सज्ञा पुं० [अ० हजरत सलामत] १ बादशाहो या नवाबो के लिए सबोधन का शब्द । २ बादशाह ।

यौ०—हजरतसलामत पसद = जो बादशाह को प्रिय या पसद हो ।

हजाम—सज्ञा पुं० [अ० हज्जाम] दे० 'हज्जाम' ।

हजामत[1]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ हज्जाम का काम । बाल बनाने का काम । दाढी के बाल मूँडने या काटने का काम । क्षौर । २ बाल बनाने की मजदूरी । ३ सिर या दाढी के बढे हुए बाल जिन्हे काटना या मुँडाना हो ।

मुहा०—हजामत बढना या बढाना = बालो का बढना या बढाना । हजामत बनाना = (१) दाढी या सिर के बाल साफ करना या काटना । (२) लूटना । धन हरण करना । माल मूस लेना । जैसे,—धूर्तो ने वहाँ उसकी खूब हजामत बनाई । (३) दड देना । मारना । पीटना । हजामत बनवाना = दाढी के बाल साफ कराना या सिर के बाल कटाना । हजामत होना = (१) किसी के धन का धोखा देकर हरण होना, लूट होना । (२) दड होना । शासन होना । मार पडना । जैसे,—वहा की वहा खूब हजामत हुई ।

हजामत[2]—सज्ञा स्त्री० [अ० हजामत] प्रवीणता । दक्षता । कुशलता । होशियारी [को०] ।

हजार—वि० [फा० हज़ार] जो गिनती मे दस सौ हो । सहस्र । उ०—तुम सलामत रहो हजार बरस । हर बरस के हो दिन पचास हजार ।—कविता को०, भाग० ४, पृ० ४६० । २ अत्यधिक । बहुत से । अनेक । जैसे,—उनमे हजार ऐब हो, पर वे हैं तो तुम्हारे भाई । उ०—दोउनि कौ दोउनि के रूप लखिबे कौं मनौ चार आँख होत ही हजार आँख ह्वै गईं । —रत्नाकर, भा० २, पृ० ११ ।

हजार[3]—सज्ञा पुं० दस सौ की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—१००० ।

हजार[4]—क्रि० वि० कितना ही । चाहे जितना अधिक । जैसे,—तुम हजार कहो, तुम्हारी बात मानता कौन ?

हजारदास्ताँ—सज्ञा पुं० [फा० हज़ार दास्ताँ] एक प्रसिद्ध चिडिया । विशेष दे० 'बुलबुल' ।

हजारपा—सज्ञा पुं० [फा० हजारपा] हजार पाँववाला, कनखजूरा । गोजर [को०] ।

हजारहाँ—वि० [फा० हजारहा] हजारो । हजारहा । उ०—जिनके बुजुर्गो के पीछे हजारहाँ बन्दगाने खुदा के पेट पलते थे, ।—प्रेमघन, भा० २, पृ० ८५ ।

हजारहा—वि० [फा० हजारहा] १ हजारो । सहस्रो । २ बहुत से ।

हजारा—वि० [फा० हज़ारह्] (फूल) जिसमे हजार या बहुत अधिक पखडिया हो । सहस्रदल । जैसे—हजारा गेंदा ।

हजारा—सज्ञा पुं० १ फुहारा । फौवारा । २ एक प्रकार की आतिशबाजी । ३ पौधो मे पानी देने का एक प्रकार का पात्र जिसमे फौवारा लगा होता है । उ०—शाम को चक्रधर मनोरमा के घर गए, वह बागीचे मे दौड दौडकर हजारे से पौधो को सीच रही थी ।—काया०, पृ०, ७२ ।

हजारी[1]—सज्ञा पुं० [फा० हज़ारी] १ एक हजार सिपाहियों का सरदार । वह सरदार या नायक जिसके अधीन एक हजार फौज हो ।

यौ०— पचहजारी । दसहजारी ।

विशेष—इस प्रकार के पद अकबर ने सरदारो और राजाओ, महाराजाओ को दे रखे थे ।

यौ०—हजारी बजारी = सरदारो से लेकर बनियो तक सब । अमीर गरीब सब । सर्वसाधारण ।

२ हजार सिपाहियो का दल (को०) । ३ एक पद या ओहदा जो शाही सल्तनत मे प्रचलित था । ४ व्यभिचारिणी का पुत्र । दोगला । वर्णसकर ।

हजारी[2]—वि० हजार की सख्या से सबधित [को०] ।

हजारों—वि० [फा० हजार + ओं (प्रत्य०)] १ सहस्रो । २ बहुत से । अनेक । न जाने कितने । जैसे,—तुम्हारे ऐसे हजारो आते है ।

मुहा०—हजारो घडे पानी पड जाना = बहुत लज्जित होना । हजारो मे = (१) बहुत से लोगो के बीच मे । जैसे,—वह हजारो मे एक है । (२) खुले रूप से । हजारो के समक्ष । खुल्लम खुल्ला । जैसे,—मै हजारो मे कहूँगा, मुझे डर किसका ।

हजूम—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'हुजूम' [को०] ।

हजूर[1]—सज्ञा पुं० [अ० हुजूर] दे० 'हुजूर' ।

हजूर[2]—वि० [अ०] त्रस्त । भयभीत । डरा हुआ या डरनेवाला [को०] ।

हजूरा—अव्य० [अ० हुजूर] हुजूर मे । समीप या पार्श्व मे । उ०—(क) चौवा चदन कर्पूरा । कस्तूरी अग्र हजूरा ।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० १२८ । (ख) भक्त होय सतगुर का पूरा । रहै पुरुष के नित्त हजूरा —कबीर सा०, पृ० ८२० ।

हजूरी[1]—सज्ञा पुं० [अ० हुजूर] [स्त्री० हजूरी] किसी बादशाह या राजा के सदा पास रहनेवाला सेवक । चाकर । दास । उ०—सचु जोग प्रानपति पूरी । नानक जोगी भया हजूरी ।—प्राण०, पृ० २७८ ।

हजूरी[2]—सज्ञा स्त्री० सेवा । उपस्थिति । उ०—सदा हजूरी सतगुर चरणी । सत टहल सतगुर की शरणी ।—प्राण०, पृ० ६२ ।

हजूल—वि० [अ०] कुलटा। व्यभिचारिणी [को०]

हजो—सज्ञा स्त्री० [अ० हज्व] १ निंदा। बुराई। अपकीर्ति। बदनामी।

क्रि० प्र० करना।—होना।

२ वह कविता जो किसी के प्रति निंदा, अपकीर्ति या व्यग्योक्ति-परक हो।

हज्ज[१]—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'हज[१]'। उ०—खालिक खलक खलक मे खालिक, ऐसा अजब जहूरा है। हाजी हज्ज हज्ज मे हाजी, हाजिर हाल हजूरा है।—पलटू०, भा० ३, पृ० ८०।

हज्ज[२]—सज्ञा पु० [अ० हज्ज] दे० 'हज[२]'।

हज्जाम—सज्ञा पु०[अ०] १ हजामत बनानेवाला। सिर और दाढी के बाल मूँडने या काटनेवाला। नाई। नापित। उ०—मैं इस हकीर हज्जाम के मुँह से निकले शब्दो की सचाई तसलीम करता हूँ। —पीतल०, पृ० ३६०। २ सिंगी लगानेवाला जर्राह। पछना लगानेवाला व्यक्ति (को०)।

हज्जामी—सज्ञा स्त्री० [अ० हज्जाम+ई (प्रत्य०)] हज्जाम का काम या पेशा।

हज्जार(पु)—वि० [फा० हज़ार] सहस्र। हजार। उ०—गँयर दए पचास सँग, हय दिय जुग हज्जार। सब परिगह के सँग पठय, कनक सिंघ सरदार।—प० रासो, पृ० ३८।

हज्म—सज्ञा पु० [अ० हज्म] दे० 'हजम[२]' [को०]।

हट—सज्ञा स्त्री०[स० हठ] दे० 'हठ'।

हटक—सज्ञा स्त्री०[हिं० हटकना] १ वारण। वर्जन।

मुहा०—हटक मानना=मना करने पर किसी काम से रुकना। निषेध का पालन करना। उ०—बसी धुनि मृदु कान परत ही गुरुजन हटक न मानति।—सर (शब्द०)।

२ गायो को हाँकने की क्रिया या भाव।

हटकन†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हटकना] १ वारण। वर्जन। मना करना। २ चौपायो को फेरने का काम। हाँकना। ३ चौपयो को हाँकने की छडी या पैना।

हटकना[१]—क्रि० स० [हिं० हट (=दूर होना)+करना] १ मना करना। निषेध करना। वर्जन करना। किसी काम से हटाना या रोकना। उ०—(क) तुम्ह हटकहु जौ चहहु उबारा। कहि प्रतापु, बल रोष हमारा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जुरी आय सिगरी जमुना तट हटक्यो कोउ न मान्यो।—सूर (शब्द)। २ चौपायो को किसी ओर जाने से रोककर दूसरी ओर फेरना। रोककर दूसरी तरफ हाँकना। उ०—(क) पायँ परि विनती करौ हौ हटकि लावौ गाय।—सूर (शब्द०)। (ख) माधव जू! नेकु हटकौ गाय।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—हटकि=(१) हठात्। जबरदस्ती। (२) बिना कारण।

हटकना[२]—क्रि० अ० रुकना। हिचकिचाना।

हटका†—सज्ञा पुं० [हि०हटकना (=रोकना)] १. किवाडो को खुलने से रोकने के लिये लगाया हुआ काठ। किल्ली। अर्गल। ब्योंडा। २ प्रतिबध। रोक। निवारण। उ०—ना थिर रहहि न हटका मानै, पलक पलक उठि धौना।—जग० श०, भा० २, पृ० ६५।

हटतार[१]—सज्ञा पुं० [स० हरिताल] एक खनिज पदार्थ जिसमे सखिया और गधक मिला रहता है। विशेष दे० 'हरताल'।

हटतार[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हठनार ?] १. माला का सूत। उ०—प्रीत प्रीत हटतार तै नेह जु सरसै आइ। हिय तामैं कौ रसिक निधि बेधि तुरत ही जाइ।—(शब्द०)। २ हठपूर्वक देखने का तार या सिलसिला। टकटकी। उ०—वह रूप की रासि लखी तब तैं सखी आँखिन कैं हटतार भई।—घनानद, पृ० ५०।

हटतार(पु)[३]—सज्ञा स्त्री० [स० हट्ट+ताल] असतोष व्यक्त करने के लिये या भय के कारण बाजार बद करना। दूकानो मे ताला लगा देना। उ०—तीन दिवस अजमेर मे परी हट्ट हटतार। —पृ० रा०, ५।८८।

हटताल—सज्ञा स्त्री० [सं० हट्ट (=बाजार)+ताल (=ताला)] किसी कर या महसूल से अथवा और किसी बात से असतोष प्रकट करने के लिये दूकानदारो का दूकान बद कर देना अथवा काम करनेवालो का काम बद कर देना। हडताल।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हटना[१]—क्रि० अ० [स० घट्टन] १ किसी स्थान को त्यागकर दूसरे स्थान पर हो जाना। एक जगह से दूसरी जगह पर जा रहना। खिसकना। सरकना। टलना। जैसे,—(क) थोडा पीछे हटो। (ख) जरा हटकर बैठो। (ग) उन्होने बहुत जोर लगाया, पर पत्थर अपनी जगह से न हटा।

सयो० क्रि०—हटना बढना=ठीक स्थान से कुछ इधर उधर होना या सरकना।

२ पीछे की ओर धीरे धीरे जाना। पीछे सरकना। पश्चात्पद होना। जैसे,—भालो की मार से सेना हटने लगी। ३. विमुख होना। जी चुराना। करने से भागना। जैसे,—मैं काम से नही हटता।

मुहा०—(किसी बात से) पीछे न हटना=मुँह न मोडना। विमुख न होना। तत्पर या प्रस्तुत रहना। कोई काम करने को तैयार रहना। जैसे,—जो बात मैं कह चका हूँ, उससे पीछे न हटूँगा।

४ सामने से दूर होना। सामने से चला जाना। जैसे,—हमारे सामने से हट आओ, नही तो मार खाओगे।

मुहा०—हटकर सड=चल। दूर हो। (अत्यत अवज्ञा का सूचक)।

५ किसी बात का नियत समय पर न होकर और आगे किसी समय होना। टलना। जैसे,—विवाह की तिथि अब हट गई।

६ न रह जाना। दूर होना। मिटना या शात होना। जैसे,—आपदा हटना, सकट हटना, सूजन हटना। ७ व्रत, प्रतिज्ञा आदि से विचलित होना। बात पर दृढ न रहना। ८ किसी ओहदा, पद, अधिकार आदि से अलग हो जाना। पद का त्याग करना। जैसे,—अस्वस्थता के कारण वे मत्री के पद से हट गए।

हटना(पु)†[२]—क्रि० स० [हिं० हटकना] मना करना। निषेध करना। वारण करना। वर्जित करना। रोकना। उ०—देत दु ख बार बार कोऊ नहिं हटत।—सूर (शब्द०)।

हटनी उडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हटना+उडना] मालखभ की एक कसरत जिसमे पीठ के बल होकर ऊपर जाते हैं।

हटपर्णि, हटपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] शैवाल। सेवार [को०]।

हटवया†—सज्ञा पुं० [हिं० हाट+बया] [स्त्री० हटबई] हाट या बाजार मे बैठकर सौदा बेचनेवाला। दूकानदार। बिक्रेता।

हटरी†—सज्ञा स्त्री० [सं० अस्थि, हड्ड, प्रा० अट्ठि, हट्ठि, सं० हट्ट+अप० डी (प्रत्य०)] १ दे० 'ठठरी'। २ दे० 'हाट' या 'हट्टी'। उ०—हटरी छोडि चला बनिजारा। इस हटरी बिच मानिक मोती, कोई बिरला परखनहारा।—मतवाणी०, भा० २, पृ० ८।

हटवा—सज्ञा पुं० [हिं० हाट] वह जो हाट पर बैठकर सौदा बेचता हो। हाटवाला। दूकानदार। उ०—जैसे हाट लगावे, हटवा सौदा बिन पछतावोगे।—कबीर श०, भा० १, पृ० २१।

हटवाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाट+वाई (प्रत्य०)] सौदा लेना या बेचना। क्रय विक्रय। खरीद फरोख्त। उ०—माधो! करौ हटवाई हाट उठि जाई।—कबीर (शब्द०)।

हटवाडा(पु)†—सज्ञा पुं० [हिं० हटवा+डा (प्रत्य०) या हटवार] १ दे० 'हटवार'। २ पण्यवीथिका। बाजार। विपणि। उ०—जग हटवाडा स्वाद ठग, माया बेसाँ लाइ। रामचरन नीकाँ गही, जिनि जाइ जनम ठगाइ।—कबीर ग्र०, पृ० ३२।

हटवाना—क्रि० स० [हिं० हटाना का प्रेरणा०] हटाने का काम दूसरे कराना। हटाने मे प्रवृत्त करना। दूसरे से स्थानातरित कराना।

हटवानी†—सज्ञा पुं० [हिं० हट (=हाट)+वानी (प्रत्य०)] दे० 'हटवार'। उ०—घर घर दर दर दिए कपाट। हटवानी नहि बैठें हाट।—अर्ध०, पृ० २४।

हटवार(पु)†[1]—सज्ञा पुं० [हिं० हाट+वारा (वाला)] बाजार मे बैठकर सौदा बेचनेवाला। दूकानदार।

हटवार[2]—वि० [हिं० हटना] स्थानातरित करनेवाला। हटाने का काम करनेवाला। हटानेवाला।

हटवैया†—वि० [हिं० हटाना+वैया] दे० 'हटवार'[2]।

हटा—सज्ञा पुं० [हिं० हटकना, हटका] वारण। वर्जन। निषेध। उ०—कोउ काहु को हटा न माना। झूठा खसम कबीर न जाना।—कबीर बी० (शिशु०), पृ० ७३।

हटाना—क्रि० स० [हिं० हटना का सक० रूप] १ एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना। एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाना। सरकाना। खिसकाना। किसी ओर चलाना या बढाना। जैसे,—चौकी बाईं ओर हटा दो।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

२. किसी स्थान पर न रहने देना। दूर करना। जैसे,—(क) चारपाई इस कोठरी मे से हटा दो। (ख) इस आदमी को यहाँ से हटा दो। ३ आक्रमण द्वारा भगाना। स्थान छोडने पर विवश करना। जैसे,—थोडे से वीरो ने शत्रु की सारी सेना हटा दी। ४ किसी काम का करना या किसी बात का विचार या प्रसग छोड़ना। जाने देना। जैसे,—(क) खतम करके हटाओ, कब तक यह काम लिए बैठे रहोगे। (ख) बखेडा हटाओ। ५ किसी को नौकरी या पद मे अलग करना। बर्खास्त करना। पदमुक्त करना। ६ किसी व्रत, प्रतिज्ञा आदि मे विचलित करना। बात पर दृढ न रहने देना। डिगाना।

हटुई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाट] दूकानदारी।

हटुवा†—सज्ञा पुं० [हिं० हाट+उवा (प्रत्य०)] १ दूकानदार। २ दूकान पर सौदा या अनाज तौलनेवाला। बया।

हटैत—सज्ञा पुं० [हिं० हाट] १ दूकानदार। हाटवाला। २ सामान। माल। सौदा।

हटौती—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाड+औती (प्रत्य०)] देह की गठन। शरीर का ढाँचा। जैसे,—उसकी हटौती बहुत अच्छी है।

हट्ट—सज्ञा पुं० [सं०] १ बाजार। हाट। २ दूकान।

यौ०—चौहट्ट=बाजार का चौक। हट्टचौरक। हट्टवाहिनी=जल के निकास के लिये बाजार मे बनी हुई नाली। हट्टविलासिनी। हट्टवेश्मालीं=बाजार मे दूकानों की कतार।

हट्टचौरक—सज्ञा पुं० [स०] बाजार मे घूमकर चोरी करने या माल उचकनेवाला। चाईं। गिरहकट।

हट्टविलासिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वारवधू। वारागना। वेश्या। २ नख नाम का एक प्रसिद्ध गध द्रव्य। विशेष दे० 'नख'—२। ३. हरिद्रा। हल्दी [को०]।

हट्टाकट्टा—वि० [स० हृष्ट+काष्ठ] [वि० स्त्री० हट्टीकट्टी] हृष्ट-पुष्ट। मोटाताजा। मजबूत। दृढाग।

मुहा०—हट्टेकट्टे आना=हृष्टपुष्ट होकर वापस आना। उ०—हजारो आदमी नीचे से वहाँ जाते हैं और खासे हट्टे-कट्टे आते हैं।—सैर०, पृ० १६।

हट्टाध्यक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] बाजार का निरीक्षण करनेवाला। अधिकारी [को०]।

हट्टी—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटी हाट। चीजो के बिकने की जगह। दूकान। (पश्चिम)।

हठ—सज्ञा स्त्री०, पुं० [स०] [वि० हठी, हठीला] १ किसी बात के लिये अडना। किसी बात पर जम जाना कि ऐसा हो हो। टेक। जिद। दुराग्रह। जैसे,—(क) नाक कटी, पर हठ न हटी। (ख) तुम तो हर बात के लिये हठ करने लगते हो। (ग) बच्चो का हठ ही तो है। उ०—जौ हठ करहु प्रेम बस बामा। तौ तुम्ह दुख पाउब परिनामा।—मानस, २।६२।

यौ०—हठधर्म। हठधर्मी।

मुहा०—हठ पकडना=किसी बात के लिये अड जाना। जिद करना। दुराग्रह करना। हठ रखना=जिस बात के लिये कोई अडे, उसे पूरा करना। हठ मे पडना=हठ करना। उ०—मन हठ परा न मान सिखावा।—तुलसी (शब्द०)। हठ बाँधना=हठ पकडना। हठ माँडना=हठ ठानना। उ०—क्यो हठ माँडि रही री सजनी! टेरत श्याम सुजान।—सूर (शब्द०)।

२ दृढ प्रतिज्ञा। अटल सकल्प। दृढतापूर्वक किसी बात का ग्रहण। उ०—(क) जो हठ राखै धर्म को तेहि राखै करतार। (ख) तिरिया तेल, हमीर हठ चढै न दूजी बार। (शब्द०)।

मुहा०—हठ करना = दे० 'हठ ठानना'। उ०—जौ हठ करहु प्रेम बस बामा। तौ तुम्हें दुख, पाउब परिनामा।—मानस, २।६२। हठ ठानना = दृढ प्रतिज्ञा या अटल सकल्प करना। उ०—अहह तात दारुनि हठ ठानी। समुझत नहि कछु लाभ न हानी।—मानस, १।२८८।

३ बलात्कार। जबरदस्ती। ४ शत्रु पर पीछे से आक्रमण। ५ अवश्य होने की क्रिया या भाव। अवश्यभाविता। अनिवार्यता। ६ आकाशमूली। जलकुभी (को०)। ७ अचिंतित या अतर्कित की प्राप्ति। आकस्मिक लाभ (को०)। ८ शक्तिमत्ता। प्रचडता। बल (को०)।

हठकर्म—सज्ञा पु० [सं० हठकर्मन्] हठपूर्वक किया हुआ काम। शक्ति-प्रयोग का कार्य (को०)।

हठकामुक—सज्ञा पु० [स०] वह कामुक जो कामतुष्टि के लिये किसी स्त्री पर बलप्रयोग करे (को०)।

हठजोग—सज्ञा पु० [स० हठयोग] दे० 'हठयोग'। उ०—एक भक्ति मैं जानौं और झूठ सब बात। और झूठ सब बात करै हठजोग अनारी। ब्रह्म दोष वो लेय कथा को राखै जारी।—पलटू०, भा० १, पृ० २६।

हठता—सज्ञा स्त्री० [स०] हठ करने का भाव।

हठतारा†—सज्ञा पु० [हिं० हठताल] दे० 'हडताल'। उ०—नाठो धरम नाम सुनि मेरो, नरक कियो हठतारो। मो को ठौर नहीं अब कोऊ अपनो बिरद सम्हारो।—सतवाणी०, पृ० ६५।

हठधर्म—सज्ञा पु० [स०] अपने मत पर उचित अनुचित या सत्य असत्य का विचार छोडकर जमा रहना। दुराग्रह। कट्टरपन।

हठधरमी†—सज्ञा स्त्री० [स० हठ + हिं० धरमी] दे० 'हठधर्मी'। उ०—तौभी उनकी जातीय हठधरमी और विलास लालसा ने।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २६१।

हठधर्मिता—सज्ञा स्त्री० [हिं० हठधर्मी] हठधर्मी होने का भाव। सकीर्णता। कट्टरपन।

हठधर्मी—सज्ञा स्त्री० [स० हठ + धर्म + ई (प्रत्य०)] १ सत्य असत्य, उचित अनुचित का विचार छोडकर अपनी बात पर जमे रहना। दूसरे की बात जरा भी न मानना। दुराग्रह। २. अपने मत या सप्रदाय की बात लेकर अडने की क्रिया या प्रवृत्ति। विचारो की सकीर्णता। कट्टरपन। जसे,—यह मुसलमानो की हठधर्मी है कि वे व्यर्थ छेडछाड करते है।

हठना—क्रि० अ० [हिं० हठ + ना (प्रत्य०)] १ हठ करना। जिद पकडना। दुराग्रह करना। उ०—(क) वरज्यो नेकु न मानत क्योहूँ सखि ये नैन हठे।—सूर (शब्द०)। (ख) जो पै तुम या भाँति हठैहो।—सूर (शब्द०)। (ग) सुन वेमूढ अगूढ बातें करे, हठा है काल तोहि काटि डारे।—सत० दरिया, पृ० ७६।

मुहा०—हठकर = बलात्। जबरदस्ती। किसी का कहना न मानकर। उ०—सुनि हठि चला महा अभिमानी।—तुलसी (शब्द०)।

२. प्रतिज्ञा करना। दृढ सकल्प करना।

हठपरिण, हठपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मुस्तक मोथा। नागरमोथा २ शैवाल। सेवार (को०)।

हठयोग—सज्ञा पु० [सं०] वह योग जिसमे चित्तवृत्ति हठात् बाह्य विषयो से हटाकर अतर्मुख की जाती है और जिसमें शरीर को साधने के लिये बडी कठिन कठिन मुद्राओं और आसनो आदि का विधान है।

विशेष—नेती, धौती आदि क्रियाएँ इसी योग के अतर्गत हैं। कायव्यूह का भी इसमे विशेष विस्तार किया गया है और शरीर के भीतर कुडलिनी, अनेक प्रकार के चक्र तथा मणिपूर आदि स्थान माने गए हैं। स्वात्माराम की 'हठप्रदीपिका' इसका प्रधान ग्रथ माना जाता है। मत्स्येद्रनाथ और गोरखनाथ इस योग के मुख्य आचार्य हो गए है। गोरखनाथ ने एक पथ भी चलाया है जिसके अनुयायी कनफटे कहलाते हैं। पतजलि के योग के दार्शनिक अश को छोडकर उसकी साधना के अश को लेकर जो विस्तार किया गया है, वही हठयोग है।

हठयोगी—सज्ञा पु० [सं० हठयोगिन्] वह साधक जो हठयोग की साधना करता हो।

हठरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाट + री (स्वा० प्रत्य०)] हाट। बाजार। उ०—तुव महलनकी सुरति करन हित हठरी रुचिर बनाई, तुव मुख चद्र प्रकाश लख न हित दीपावली सुहाई।—भारतेदु ग्र०, भा० २, पृ० ८६।

हठवाद—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हठधर्म'।

हठवादिता—सज्ञा स्त्री० [स० हठवादी + ता (प्रत्य)] हठवादी होने का भाव। कट्टरता।

हठवादी—वि० [स० हठवादिन्] १ हिंसक। २ हठवाद करनेवाला। सकीर्ण विचारोवाला।

हठविद्या—सज्ञा स्त्री० [स०] हठयोग।

हठशील—वि० [स०] हठ करनेवाला। हठी। जिद्दी।

हठसील—वि० [स० हठशील] हठी। जिद्दी। उ०—यह न कहिय सठही हठसीलहि। जो मन लाई न सुन हरिलीलहि।—मानस, ७।१२८।

हठात्—अव्य० [स०] १ हठपूर्वक। दुराग्रह के साथ। लोगो के मना करने पर भी। २ जबरदस्ती से। बलात्। ३ अवश्य। निश्चय। जरूर।

हठात्कार—सज्ञा पु० [स०] बलात्कार। जबरदस्ती।

हठादेशी—वि० [स० हठादेशिन्] किसी के प्रति हठ का आदेशक। जो किसी के प्रति बल या शक्ति का प्रयोग करने का आदेश आज्ञप्त करता हो।

हठायात—वि० [स०] अपरिहार्य। अनिवार्य (को०)।

हठालू—वि० [स० हठ + आलु (प्रत्य०)] हठीला। हठी। उ०—पीयल कान्हड दे पती, गोग हमीर हठाल। साकौ कर पहुँती सरग अचलौ ऐ उजवाल।—बाँकी ग्र०, भा० १, पृ० ८२।

हठालु—सज्ञा स्त्री० [स०] कुभिका। जलकुभी (को०)।

हठाश्लेष—सज्ञा स्त्री० [स०] बलपूर्वक या हठात् आलिगन करना।

हठिक—वि० [स०] अतर्कित। आकस्मिक [को०]।

हठिका—सज्ञा स्त्री० [स०] कोलाहल। शोर। हल्ला गुल्ला।

हठिल(पु)—वि० [स० हठ+हिं० इला (प्रत्य०)] हठ करनेवाला। जिद्दी। हठीला। उ०—जब हम रहली हठिन दिवानी, तब पिय मुखहु न बोले।—कबीर श०, भा० १, पृ० २६।

हठी—वि० [स० हठिन्] हठ करनेवाला। अपनी बात पर अडनेवाला। जिद्दी। टेकी। उ०—हठी तपी केते बनवासी।—प्राण०, पृ० २१६।

हठील(पु)—वि० [स० हठ+हिं० ईला (प्रत्य०)] हठी। हठयुक्त। हठीला। उ०—पडित पूत अपाठ असत हूँ जग मे आदर। हयगति होय हठील मोल के सभै बेआदर।—राम० धर्म०, पृ० १७५।

हठीला—वि० [स० हठ+ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० हठीली] १ हठ करनेवाला। हठी। जिद्दी। उ०—त् अजहूँ तजि मान हठीली कहौ तोहि समुझाय।—सूर (शब्द०)। २ दृढप्रतिज्ञ। बात का पक्का। अपने सकल्प या वचन को पूरा करनेवाला। ३ लडाई मे जमा रहनेवाला। धीर। उ०—ऐसो तोहि न बूझिए हनुमान हठीले।—तुलसी (शब्द०)।

हड—सज्ञा स्त्री० [स० हरीतकी] १ बडा पेड जिसके पत्ते महुए के से चौडे चौडे होते हे और शिशिर मे झड जाते हैं।

विशेष—यह उत्तर भारत, मध्य प्रदेश, बगाल और मद्रास के जगलो मे पाया जाता हे। इसकी लकडी बहुत चिकनी, साफ, मजबूत और भूरे रग की होती है जो इमारत मे लगाने और खेती तथा सजावट के सामान बनाने के काम मे आती है। इसका फल व्यापार की एक बडी प्रसिद्ध वस्तु हे और अत्यत प्राचीन काल से औषध के रूप मे काम मे लाया जाता है। वैद्यक मे हड के बहुत अधिक गुण लिखे गए हैं। हड भेदक और कोष्ठ शुद्ध करनेवाली औषधो मे प्रधान है और सकोचक होने पर भी पाचक चूर्णों मे इसका योग रहा करता है। हड की कई जातियाँ होती है जिनमे से दो सर्वसाधारण मे प्रसिद्ध हे—छोटी हड और बडी हड या हर्रा। छोटी 'जोगी हड' कहलाती है। वैद्यक मे हड शीतल, कसैली, मूत्र लानेवाली और रेचक मानी जाती हे। पाचक, चूर्ण आदि मे छोटी हड का ही अधिकतर व्यवहार होता हे। त्रिफला मे बडी हड (हर्रा) ली जाती है। बडी हड का व्यवहार चमडा सिझाने, कपडा रँगने आदि मे बहुत अधिक होता है। हड मे कसाव-सार बहुत अधिक होता है, इससे यह सकोचक होती है। वैद्यक मे हड सात प्रकार की कही गई है—विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवती और चेतकी।

२ एक प्रकार का गहना जो हड के आकार का होता है और नाक मे पहना जाता है। लटकन।

हडकप—सज्ञा पुं० [देश० या धनुध्व०] भारी हलचल या उथल पुथल। तहलका। जैसे,—शत्रु की सेना के पहुँचते ही किले मे हडकप मच गया।

क्रि० प्र०—मचना।—होना।

हडक—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ पागल कुत्ते के काटने पर पानी के लिये गहरी आकुलता।

क्रि० प्र०—उठना।—होना।

२ किसी वस्तु को पाने की गहरी झक। पागल करनेवाली चाह। उत्कट इच्छा। रट। धुन। जैसे,—तुम्हें तो उस किताब की हडक सी लग गई है।

क्रि० प्र०—लगना।—होना।

हडकत—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाड] दे० 'हडजोड'।

हडकना—क्रि० अ० [हिं० हडक] किसी वस्तु के अभाव से दुखी होना। तरसना।

हडका[1]—सज्ञा पु० [अनु०] हडकने का भाव।

उ०—एक हडका हुआ कुत्ता आया था, मार दिया।—गुलेरी जी०, पृ० ४७।

हडका[2]—वि० बावला। पागल। दे० 'हडकाया'।

हडकाना—क्रि० स० [देश०] १ आक्रमण करने, घेरने, तग करने आदि के लिये पीछे लगा देना। ललकारना। पीछे छोडना। २ किसी वस्तु के अभाव का दुख देना। तरसाना। जैसे—क्यो बच्चे को जरा जरा सी चीज के लिये हडकाते हो। ३ उत्साह को दबा देना। हतोत्साह करना। ४ कोई वस्तु माँगनेवाले को न देकर भगा देना। नाहीं करके हटा देना। उ०—हडकाया भला, परकाया नहीं भला। (कहा०)।

हडकाया—वि० [हिं० हडकाना] [वि० स्त्री० हडकाई] १ पागल। बावला। (कुत्ते के लिये)। जैसे—हडकाई कुतिया। २ किसी वस्तु के लिये उतावला। बेकरारा हुआ।

हडगिल्ल—सज्ञा पुं० [हिं० हाड] एक पक्षी। दे० 'हडगीला'। उ०—गिद्ध, गरुड, हडगिल्ल मजत लखि निकट मयद रव।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २९८।

हडगीला—सज्ञा पुं० [हिं० हाड+गिलना] एक चिडिया का नाम। बगले की जाति का एक पक्षी जिसकी टाँगें और चोच बहुत लबी होती हैं। दस्ता। विशेष दे० 'चनियारी'।

हडगोड—सज्ञा पु० [हिं० हाड+जोडना] एक प्रकार की लता। बज्रागी।

विशेष—यह भीतरी चोट के स्थान पर लगाई जाती है। इसमे थोडी थोडी दूर पर गाँठे होती है। कहते हैं इससे टूटी हुई हड्डी भी जुड जाती है।

हडताल[1]—सज्ञा स्त्री० [स० हट्ट (=दूकान या बाजार)+ताला] किसी कर या महसूल से अथवा और किसी बात से असतोष प्रकट करने के लिये दूकानदारो का दूकान का बद कर देना या काम करनेवालो का काम बद कर देना। हडतार।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हडताल[2]—सज्ञा स्त्री० [स० हरिताल] एक खनिज पदार्थ। विशेष दे० 'हरताल'।

हडना[1]—क्रि० अ० [हिं० धडा] तौल मे जाँचा जाना।

सयो० क्रि०—जाना।

हडना[2]—क्रि० अ० [स० हण्डन, हिण्डन] भटकना। उ०—बाहर निकलता है हो हडता फिरता है।—दक्खिनी०, पृ० ४३९।

हडप—वि० [अनु०] १ पेट मे डाला हुआ। निगला हुआ। २ गायब किया हुआ। अनुचित रीति से ले लिया हुआ। उडाया हुआ।

मुहा०—हडप करना = गायब करना। बेईमानी से ले लेना। अनुचित रीति से अधिकार कर लेना। जैसे—दूसरे का रुपया इसी तरह हडप कर लोगे।

हडपना—क्रि० स० [अनु० हडप १ मुँह मे डाल लेना। खा जाना। २ दूसरे की वस्तु अनुचित रीति से ले लेना। गायब करना। उडा लेना। जैसे,—दूसरे का माल या रुपया हडपना।

हडप्पा—सज्ञा पु० [देश०] एक अत्यत प्राचीन एव ऐतिहासिक स्थान जो पाकिस्तान मे है।

हडफुटनी†, हडफूटन†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाड + फूटना] १ शरीर के भीतर का वह दर्द जो हड्डियो के भीतर तक जान पडे। हड्डियो की पीडा। वह रोग जिसमे मज्जा और हड्डी मे वायु का कोप हो।—माधव०, पृ० १३६। २ वह अजीर्ण जिसमे अफरा, हडफूटन कुछ न हो। यह पाँचवाँ अजीर्ण माना जाता है।—माधव०, पृ० ६४।

हडफूटनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हडफटन] चमगादड।

विशेष—लोग चमगादड की हड्डी की गुरिया पैर के दर्द मे पहनते है। अत चमगादड का यह नाम पडा है।

हडफोड—सज्ञा पुं० [हिं० हाड + फोडना] एक प्रकार की चिडिया।

हडबड—सज्ञा स्त्री० [अनु०] उतावलेपन की मुद्रा। जल्दबाजी प्रकट करनेवाली गतिविधि।

मुहा०—हडबड करना = जल्दी मचाना। जल्दबाजी करना।

हडबडाना[1]—क्रि० अ० [अनु०] जल्दी करना। उतावलापन करना। शीघ्रता के कारण कोई काम घबराहट से करना। आतुर होना। जैसे—अभी हडबडाओ मत, गाडी आने मे देर है।

सयो० क्रि०—जाना।

हडबडाना[2]—क्रि० स० किसी को जल्दी करने के लिये कहना। जैसे,—तुम जाकर हडबडाओगे तब वह घर से चलेगा।

सयो० क्रि०—देना।

हडबडिया—वि० [हिं० हडबडी + इया (प्रत्य०)] हडबडी करनेवाला। जल्दी मचानेवाला। जल्दबाज। उतावला। आतुरता प्रकट करनेवाला।

हडबडी—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ जल्दी। उतावली। शीघ्रता। २ शीघ्रता के कारण आतुरता। जल्दी के कारण घबराहट। जैसे,—हडबडी मे काम ठीक नही होता है।

क्रि० प्र०—करना।—पडना।—लगना।—होना।

मुहा०—हडबडी मे पडना=ऐसी स्थिति मे पडना जिसमे काम बहुत जल्दी जल्दी करना पडे। उतावली की दशा मे होना।

हडबोँग—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'हरबोंग'। उ०—एक हडबोँग का आलम है। दाव व आदाव वालाए ताक, कहकहे पर कहकहा पड रहा है। फिसाना०, भा० ३, पृ० ४७।

हडहडना(यु)—क्रि० अ० [अनु०] घबराहट या प्रसन्नता के कारण जोरो से आवाज करना। ध्वनि करना। चिल्लाना। उ०—(क) चहुँवान राव हडहड हँस्यौ, हेरि सैन इम उच्चर्‌यौ। ह० रासो, पृ० ७२। (ख) जहाँ, कडकडै वीर गजराज ह्य —हडहडै, धडहडै धरनि ब्रह्मड गाजै।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ८८२।

हडहडाना—क्रि० स० [अनु०] जल्दी करने के लिये उकसाना। शीघ्रता करने की प्रेरणा करना। जल्दी मचाकर दूसरे को घबराना। जैसे—वह क्यो न चलेगा, जब जाकर हडहडाओगे तब उठेगा।

हटहा[1]—सज्ञा पुं० [देश०] जगली बैल।

हडहा[2]—सज्ञा पु० [हिं० हाड] वह जिसने किसी के पुरखे की हत्या की हो।

हडहा[3]—वि० [हिं० हाड] [वि० स्त्री० हडही] १ अस्थि सबधी। हड्डी सबधी। २ जिसकी देह मे हड्डियाँ ही रह गई हो। बहुत दुबला पतला।

हडा—सज्ञा पुं० [अनु०] १ चिडियो को उडाने का शब्द जो खेत के रखवाले करते हैं।

मुहा०—हडा हडा करना = बोलकर चिडिया उडाना।

२ पथरकना बटेर।

हडावर, हडावरि(यु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाड + स० श्रवलि] १ ठठरी। दे० 'हडावल'—२। उ०—राम सरासन ते चल तीर, रहे न शरीर हडावरि फूटी।—तुलसी (शब्द०)। २ हड्डियो की माला। हडावल। उ०—कायरि कया हडावरि बाँधे। मुडमाल और हत्या काँधे।—जायसी (शब्द०)।

हडावल—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाड + स० श्रवलि] १ हड्डियो की पक्ति या समूह। २ हड्डियो का ढाँचा। ठटरी। ३ हड्डियो की माला।

हडि—सज्ञा पु० [सं० हडि] १ प्राचीन काल की काठ की बेडी जो पैर मे डाल दी जाती थी। २ एक जाति। हडिक।

हडिक—सज्ञा पु० [स०] एक जाति जिसका पेशा झाडू लगाना तथा मल उठाना आदि है (कौ०)।

हडीला—वि० [हिं० हाड + ईला (प्रत्य०)] १ जिसमे हड्डी हो। २ जिसकी देह मे केवल हड्डियाँ रह गई हो। बहुत दुबला पतला।

हड्डवा—सज्ञा स्त्री० [सं० हरिद्रा] एक प्रकार की हल्दी जो कटक मे होती है।

हड्ड—सज्ञा पुं० [स०] अस्थि। हड्डी (कौ०)।

हड्डक—सज्ञा पु० [स०] एक जाति। दे० 'हडिक' (कौ०)।

हड्डज—सज्ञा पुं० [स०] मज्जा। मेद। वसा (कौ०)।

हड्डा—सज्ञा पुं० [स० इडाचिका] पतग जाति का एक कीट जो मधुमक्खियो के समान छत्ता बनाकर अडे देता है। भिड। बर्रे। ततैया।

हड्डि, हड्डिक, हड्डिप—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हडिक'।

हड्डी—सज्ञा स्त्री० [स० अस्थि, प्रा० अत्थि, अट्ठि (सस्कृत कोशो का 'हड्ड' शब्द देशभाषा से ही लिया जान पडता है, हेमचद्र ने भी

इसे देशी कहा है।)] शरीर की तीन प्रकार की वस्तुओं—कठोर, कोमल और द्रव—में से कठोर वस्तु जो भीतर ढाँचे या आधार के रूप में होती है। अस्थि।

विशेष—शरीर के ढाँचे या ठठरी में अनेक आकार और प्रकार की हड्डियाँ होती हैं। यद्यपि ये खंड खंड होती हैं, तथापि एक दूसरी से जुड़ी होती हैं। मनुष्य के शरीर में दो सौ से अधिक हड्डियाँ होती हैं। हड्डियों के खंड खंड जुड़े रहने से अंगों में लचीलापन रहता है जिससे वे बिना किसी कठिनता के अच्छी तरह हिल-डुल सकते हैं। शरीर में हड्डियों के होने से ही हम सीधे खड़े हो सकते हैं। बचपन में हड्डियाँ मुलायम और लचीली होती हैं, इसी से बच्चे वर्ष सवा वर्ष तक खड़े नहीं हो सकते। युवावस्था आने पर हड्डियाँ अच्छी तरह दृढ़ और कड़ी हो जाती हैं। बुढ़ापे में वे जीर्ण और कड़ी हो जाती हैं और सहज में टूट सकती हैं। शरीर की और वस्तुओं के समान हड्डी भी एक सजीव वस्तु है, उसमें भी रक्त का संचार होता है। इसमें चूने का अंश कुछ विशेष होता है। किसी हड्डी के टुकड़े को लेकर कुछ देर तक गंधक के तेजाब में रखें तो उसका कड़ापन दूर हो जायगा।

मुहा०—हड्डी उखड़ना = हड्डी का जोड़ खुल जाना। हड्डी का जोड़ खुलना = हड्डी उखड़ना। हड्डी गुड्डी तोड़ना = खूब मारना पीटना। बुरी तरह मारना। हड्डी चबाना = कोई वस्तु किसी के पास न होने पर भी उसके लिये परिश्रम करना। निस्सार वस्तु से सार प्राप्त करने का व्यर्थ श्रम करना। हड्डी चूसना = अशक्त होने पर भी व्यक्ति से जबर्दस्ती कुछ लेना या काम कराना। हड्डी टूटना = हड्डी का टूट जाना या फूटना। अस्थिभंग होना। हड्डियाँ गढ़ना या तोड़ना = खूब मारना। खूब पीटना। हड्डियाँ निकल आना = मांस न रहने के कारण हड्डियाँ दिखाई पड़ना। शरीर बहुत दुबला होना। पुरानी हड्डी = पुराने आदमी का दृढ़ शरीर। पुराने समय का मजबूत आदमी। जैसे,—यह पुरानी हड्डी है, बुढ़ापे में भी तुम्हें पछाड़ सकते हैं। हड्डी बोलना = दे० 'हड्डी टूटना'। हड्डी से हड्डी बजाना = लड़ाई झगड़ा करना।

२ कुल। वंश। खानदान। जैसे,—हड्डी देखकर विवाह करना।

हड्डीला—वि० [हिं० हड्डी + ईला (प्रत्य०)] जिसमें सिर्फ हड्डियाँ हों, मांस अत्यल्प हो। हड्डियों से भरा हुआ या युक्त। उ०—झपटकर पहले कुदन ने दस दस के उन नोटों को अपने हड्डीले चंगुल में बटोर लिया।—शराबी, पृ० ७३।

हढक्क—संज्ञा पुं० [सं०] छोटी ढोल [को०]।

हँढावना†—क्रि० स० [हिं० उढ़ाना] दे० 'ओढ़ाना'। उ०—मुद्रा पहिरो झोली लेहो, मस्तकि धूरि लगावउ। सदा अजीती काया रहिती खिथा अंग हढावउ।—प्राण०, पृ० १२४।

हणवत†—संज्ञा पुं० [सं० हनुमत् हनुमन्त, प्रा० हनुमंत] दे० 'हनुमान'। उ०—हणवतहुकार मचती रहै पकडिया सोपिया वावन वीर।—रामानंद०, पृ० ५।

हणहणना†—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'हिनहिनाना'। उ०—अह फूटी, दिसि पुटरी, हणहणिया हयथट्ट। ढोलइ धण ढढोलियउ, सीतल सुद्ध घट्ट।—ढोला०, दू० ६०२।

हत[1]—वि० [सं०] १ वध किया हुआ। मारा हुआ। जो मारा गया हो। २ जिसपर आघात किया गया हो। जिसपर चोट लगाई गई हो। पीटा हुआ। ताड़ित। ३ खोया हुआ। गँवाया हुआ। जो न रह गया हो। रहित। विहीन। जैसे,—श्रीहत, हतोत्साह। ४ जिसमें या जिसपर ठोकर लगी हो। जैसे,—हतरेणु। ५ नष्ट किया हुआ। ६ तंग किया हुआ। हैरान। ७ पीड़ित। ग्रस्त। ८ स्पर्श किया हुआ। लगा हुआ। जिससे छू गया हो। (ज्योतिष)। ९ गया बीता। निकृष्ट। निकम्मा। १० गुणा किया हुआ। गुणित। (गणित)। ११ फूटा हुआ या फोड़ा हुआ। जैसे, नेत्र (को०)। १२ जिसे छला गया हो। छला हुआ (को०)। १३ जिसका यत्न व्यर्थ हो गया हो। विफलप्रयास। हताश (को०)।

हत[2]—संज्ञा पुं० १ वध। हनन। २ गुणा [को०]।

हत[3]†—संज्ञा पुं० [सं० हस्त, प्रा० हत्थ] दे० 'हाथ'। उ०—फेरत बन बन गाऊँ धरावत, कहे 'तुकाया' वधु लकटी ले ले हत।—दक्खिनी०, पृ० ९८।

हतकटक—वि० [सं० हतकण्टक] काँटों से रहित। शत्रुविहीन [को०]।

हतक[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० हतक (= फाड़ना)] १ हेठी। बेइज्जती। अप्रतिष्ठा। उ०—अपने प्यार की इस हतक पर गंगा झल्ला उठी।—आधा गाँव, पृ० ११। २ ढिठाई। धृष्टता। बेअदबी।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—हतक इज्जत। हतक इज्जती।

हतक[2]—वि० [सं०] १ दुःशील। दुर्वृत्त। पापात्मा। उ०—मैं जानी ही मिलन तैं मिटिहै तन संताप। अब सजनी दूनौ चढ्यौ हतक मनोजहि दाप।—सं० सप्तक, पृ० १४४। २ जिसे चोट पहुँचाई गई हो। ३ दीन दुःखी। दुर्दैवग्रस्त। पीड़ित [को०]।

हतक[3]—संज्ञा पुं० कायर या नीच, भीरु व्यक्ति [को०]।

हतकइज्जती—संज्ञा स्त्री० [अ० हतक + इज्जत] अप्रतिष्ठा। मान-हानि। बेइज्जती। जैसे,—उसने उस अखबार पर हतक-इज्जती का दावा किया है।

हतकिल्विष—वि० [सं०] जिसकी कलुषता दूर हो गई हो। निष्कलुष। पाप से मुक्त [को०]।

हतचित्त—वि० [सं०] दे० 'हतचेत'।

हतचेत—वि० [सं० हतचेतस्, हिं० हत + चेत] अचेत। बेहोश। हतज्ञान। उ०—शोक से अति आर्त, अनुज समेत। भरत यों कह हो गए हतचेत।—साकेत, पृ० १९०।

हतचेतन—वि० [सं०] दे० 'हतचेत'। उ०—बुद्धि के दुर्ग पहुँचा विद्युत् गति हतचेतन। राम में जगी स्मृति, हुए सजग पा भाव प्रमन।—अनामिका, पृ० १६४।

हतचेता—वि० [सं० हतचेतस्] १ कोई निश्चय न कर पाने से ऊहा-पोह में पड़ा हुआ। घबड़ाया हुआ। व्याकुल। २ दे० 'हतज्ञान'।

हतच्छाय—वि० [सं०] कातिहीन । क्षीणप्रभ । धूमिल [को०] ।

हतजल्पित—सज्ञा पु० [स०] बेकार की बात । व्यर्थ का वार्तालाप [को०] ।

हतजीवित[1]—वि० [सं०] जो जीवन से निराश हो । हताश ।

हतजीवित[2]—वि० निराशा से भरी जिंदगी । २. जीवन से निराश होना । नैराश्य ।

हतज्ञान—वि० [स०] ज्ञानशून्य । अचेत । बेहोश । सज्ञाशून्य ।

हततप—वि० [स०] जिसका ताप दूर हो गया हो । शीतल [को०] ।

हतत्विष्—वि० [स०] जिसकी दीप्ति या प्रभा समाप्त हो गई हो । हतच्छाय [को०] ।

हतदैव—वि० [स०] दई का मारा । अभागा ।

हतद्विष्—वि० [स०] जिसने शत्रुओ का विनाश किया हो ।

हतधी—वि० [स०] दे० 'हतचेत', 'हतबुद्धि' [को०] ।

हतध्वात—वि० [स०] जिसने अधकार दूर कर दिया हो । कालुष्यहीन । कालिमारहित [को०] ।

हतन—सज्ञा पु० [स० हत + (अन् =) न (प्रत्य०)] वध । हनन । हतन हिए उ०—नाकौ मैं आन्यौ । तव हरि और खेल इक ठान्यौ ।—नद० ग्र०, पृ० २८५ ।

हतना—क्रि० स० [स० हत + हिं० ना (प्रत्य०)] १ वध करना । मार डालना । उ०—कहाँ राम रन हतौ प्रचारी ।—तुलसी (शब्द०) । २ मारना । पीटना । प्रहार करना । ३ अन्यथा करना । पालन न करना । भग करना । न मानना । उ०—मद्यपान रत, स्त्रिजित होई । सन्निपात युत वातुल जोई । देखि देखि तिनको सब भागै । तासु बात हति पाप न लागै ।—केशव (शब्द०) ।

हतपुत्र—वि० [स०] जिसके सतान का हनन किया गया हो । जिसके पुत्र को मार डाला गया हो ।

हतप्रभ—वि० [सं०] जिसकी काति या तेज नष्ट हो गया हो । प्रभा से रहित ।

हतप्रभाव—वि० [स०] १ जिसका प्रभाव न रह गया हो । जिसका असर जाता रहा हो । २ जिसका अधिकार न रह गया हो । जिसकी बात कोई न मानता हो ।

हतप्रमाद—वि० [सं०] जिसका प्रमाद दूर हो गया हो [को०] ।

हतप्राय—वि० [सं०] जो लगभग मार डाला गया हो [को०] ।

हतबाधव—वि० [स० हतबान्धव] जिसके बधु बाधव, सबधी हत हो । स्वजनो से रहित ।

हतबुद्धि—वि० [स०] बुद्धिशून्य । मूर्ख ।

हतभग, हतभाग—वि० [स०] दे० 'हतभाग्य' ।

हतभागी—वि० [स० हत + या भागी] [वि० स्त्री० हतभागिन, हतभागिनि, हतभागिनी] अभागा । भाग्यहीन । उ०—पावकमय ससि स्रवत न आगी । मानहु मोहि जानि हतभागी ।—मानस ५।१२ ।

हतभाग्य—वि० [स०] भाग्यहीन । बदकिस्मत । उ०—शैल निर्झर न बना हतभाग्य, गल नही सका जो कि हिम खड । दौडकर मिला न जलनिधि अक, आह वैसा ही हूँ पापड ।—कामायनी, पृ० ४८ ।

हतमति—वि० [सं०] हतज्ञान । हतचित्त ।

हतमना—वि० [स० हत + मनस्] जिसका मन टूट गया हो । निराशहृदय । खिन्नमन । उ०—जा चुके सब लोग फिर आवास, हतमना कुछ और कुछ सोल्लास ।—सामधेनी, पृ० ४२ ।

हतमान—वि० [स०] १ जिसका घमड चूर चूर हो गया हो । जिसका गर्व दूर हो गया हो । २ जिसका अपमान किया गया हो । तिरस्कृत ।

हतमानस—वि० [सं०] हतज्ञान । हतचेता ।

हतमूर्ख—वि० [स०] अत्यत मूर्ख । जडमति । बुद्धिशून्य [को०] ।

हतमेधा—वि० [स० हतमेधस्] जिसकी मेधा नष्ट हो गई हो । हतचेता । हतबुद्धि [को०] ।

हतयुद्ध—वि० [स०] जो युद्ध के उत्साह से हीन हो । युद्धवृत्ति से रहित ।

हतरथ—सज्ञा पु० [स०] वह रथ जिसके अश्व और सारथी मार डाले गए हो [को०] ।

हतलक्षण—वि० [स०] अभागा । हतभाग्य । बदकिस्मत [को०] ।

हतलेवा†—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + लेना] विवाह की एक रस्म । पाणिग्रहण । उ०—बनडा नूँ सूपै बनी, हतलेवे मिल हाथ । सठ कर दे चुगली समे, श्रवण चुगल मुख साथ ।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृष्ठ ५८ ।

हतवाना—क्रि० स० [हिं० हतना का प्रेरणा० रूप] १ वध कराना । मरवाडालना । २ किसी व्यक्ति को किसी के द्वारा खूब पिटवाना ।

हतविधि—वि० [स०] अभागा । भाग्यहीन [को०] ।

हतविनय—वि० [सं०] जिसका विनय नष्ट हो गया हो । उच्छृँखल । विनयरहित । अशिष्ट [को०] ।

हतवीर्य—वि० [स०] बलरहित । शक्तिहीन ।

हतवृत्त—वि० [स०] जिसमे छदसबधी दोष हो । जो सदोष छद युक्त हो [को०] ।

हतवेग—वि० [स०] जिसकी गति नष्ट या अवरुद्ध हो गई हो [को०] ।

हतव्रीड—वि० [स०] निष्त्रप । निर्लज्ज [को०] ।

हतशिष्ट, हतशेष—वि० [स०] जीवित बचा हुआ । जो मारे जाने से बचा हुआ हो [को०] ।

हतश्रद्ध—वि० [सं०] श्रद्धारहित । श्रद्धाविहीन ।

हतश्री—वि० [स०] जिसकी श्री या काति नष्ट हो गई हो । श्रीविहीन । सपत्तिरहित ।

हतसपद्—वि० [स० हतसम्पद्] दे० 'हतश्री' ।

हतसाध्वस—वि० [सं०] निर्भय । निर्भीक [को०] ।

हतस्त्रीक—वि० [स०] १ जिसकी औरत को किसी ने मार डाला हो। २ जिसने किसी या किसी की पत्नी का हनन किया हो। स्त्री-हत्या करनेवाला [को०]।

हतस्मर—सज्ञा स्त्री० [स०] वह जिसने कामदेव का विनाश किया हो। शिव। कामरिपु [को०]।

हतस्वर—वि० [सं०] जिसका स्वर या ध्वनि नष्ट हो गई हो। जिसे स्वरभग हुआ हो [को०]।

हतहृदय—वि० [स०] जिसका हृदय टूट गया हो। भग्नाश [को०]।

हता[1]—वि० स्त्री० [स०] नष्ट चरित्र की। व्यभिचारिणी।

हता[2]—सज्ञा स्त्री० १ नष्ट चरित्र की स्त्री। सतीत्वभ्रष्ट स्त्री। २ वह कन्या जो विवाह के अयोग्य हो। चरित्रहीनता के कारण विवाह न करने लायक कन्या [को०]।

हता[3]—क्रि० अ० [हिं० होना क्रिया का भूतकाल] [अन्य रूप हती, हते, हता, आदि] था।

हतादर—वि० [स०] अनादृत। असमानित [को०]।

हताना—क्रि० स० [हिं० 'हतना' का प्रेरणा०] दे० 'हतवाना'।

हतारोह—वि० [सं०] जिसके ऊपर बैठनेवाले मारे गए हो। जैसे, रथ, हाथी आदि [को०]।

हतावशेष—वि० [सं०] जो मारे जाने से बच गया हो। हतशेष।

हताश—वि० [सं०] १ जिसे आशा न रह गई हो। निराश। नाउम्मीद। २ शक्तिहीन। कमजोर (को०)। ३ कठोर। क्रूर। निर्दय (को०)। ४ निष्फल। फलहीन (को०)। ५ क्षुद्र। नीच। बदमाश (को०)।

हताश्रय—वि० [सं०] जिसका आश्रय नष्ट हो चुका हो। आश्रयहीन। निरवलब [को०]।

हताश्व—वि० [स०] जिसके रथ के अश्व मारे जा चुके हो।

हताश्वास—वि० [सं० हत + आश्वास] जिसे प्राप्त आश्वासन फलीभूत न हो सका हो। जिसे भरोसा या सहारा न रह गया हो। उ०—कहता प्रति जड जगम जीवन। भूले थे अब तक वधु प्रमन। यह हताश्वास मन भार श्वास भर बहता।—तुलसी, पृ० ११।

हताहत—वि० [स० हत + आहत] मारे गए और घायल। जैसे,—उस युद्ध मे हताहतो की सख्या एक हजार थी।

हति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वध। विनाश। हत्या। २ आहत करना। घायल करना। ३ आघात। चोट। प्रहार। ४ गुणन। गुणा। ५ क्षति। क्षय। हानि। ६ ऐब। दोष। विकार [को०]।

हतियार†—सज्ञा पुं० [सं० हति या हेति अथवा हत्याकारक] वह अस्त्र या शस्त्र जिससे वध किया जाय। उ०—उहै धनुक उन्ह भौंहन्ह चढा। केइ हतियार काल अस गढा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १८७।

हतियारा†—वि० [सं० हत्या + कारक] [वि० स्त्री० हत्यारिन, हत्यारी] हत्या करनेवाला। वध करनेवाला। क्रूर। निर्दय। हत्यारा उ०—(क) साला हतियारा कही का।—मैला०, पृ० ३२४। (ख) हे हतियारी हतति है, प्रान मयति दिन रैन। —ब्रज० ग्र०, पृ० ५३।

हती†—क्रि० अ० [हिं० होना क्रिया के भूतकाल का स्त्री० रूप] थी। उ०—नहिं वह काशी रह गई, हती हेममय जौन।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १५५।

हतेक्षण—वि० [सं०] नेत्रहीन। अधा [को०]।

हतोज—वि० [सं० हतौजस्] उत्साहहीन। निरुत्साह।

हतोत्तर—वि० [स०] जो कुछ उत्तर न दे सके। निरुत्तर [को०]।

हतोत्साह—वि० [सं०] जिसे कुछ करने का उत्साह न रह गया हो। जिसे कोई बात करने की उमग न हो। उ०—इस बार एक आया विवाह, जो किसी तरह भी हतोत्साह। —अपरा०, पृ० १७४।

हतोद्यम—वि० [सं०] जिसकी चेष्टा या प्रयत्न विफल हो [को०]।

हतौजा—वि० [स० हतौजस्] जिसकी शक्ति, प्रताप, काति आदि नष्ट हो गई हो। जिसका वीरताजन्य उत्साह खत्म हो गया हो [को०]।

हत्त—सज्ञा पुं० [सं० हस्त, प्रा० हत्थ हत्त] दे० 'हाथ'। उ०—हुता सज्जण हीअडे सयणा हदा हत्त। जउ सोहणो साचइ होअइ, सोहणो वडी बसत्त।—ढोला०, दू० ५०६।

हत्तुलमकदूर—क्रि० वि० [अ० हत्त + उल + मकदूर] यथाशक्ति। यथासाध्य। जहाँ तक हो सके। उ०—ईश्वर ने चाहा तो हत्तुलमकदूर किसी किस्म की तकलीफ न होने पाएगी।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १३४।

हत्थ—सज्ञा पुं० [सं० हस्त, प्रा० हत्थ] दे० 'हाथ'। उ०—नाखे वार-वार निसासा, हत्था तेग गही चद्र हासा।—रघु० रू०, पृ० २१०।

हत्थल—सज्ञा पुं० [स० हस्ततल, प्रा० हत्थल, पु०हिं० हाथल] हाथ का पजा। मणिबध के नीचे का भाग। हथेली।

हत्था—सज्ञा पु० [सं० हस्त, प्रा० हत्थ, हिं० हाथ] १ किसी भारी औजार का वह भाग जो हाथ से पकडा जाता हो। दस्ता। मूठ। २ रेशमी कण्डे बुननेवालो के करघे मे लकडी का वह ढाँचा जो छत से लगाकर नीचे लटकाया रहता है और जो इधर उधर झूलता रहता है। ३ तीन हाथ के लगभग लबा लकडी का वल्ला जो एक छोर पर हाथ की हथेली के समान चौडा और गहरा होता है और जिससे खेत की नालियो का पानी चारो ओर उलीचा जाता है। हाथा। हथेरा। ४ निवार बुनने मे लकडी का एक औजार जो एक ओर कुछ पतला होता है और कघी की भाँति सूत बैठाने के काम मे आता है। ५ एक प्रकार का भद्दा रग जो सुर्खी लिए पीला या मटमैला होता है। ६ पत्थर या ईंट जो दड करते समय हाथ के नीचे रख लेते हैं। ७ केले के फलो का घौद या गुच्छा। पजा। ८ ऐपन से बना हाथ के पजे का चिह्न जो पूजन आदि के अवसर पर दीवार पर बनाया जाता है। हाथ का छापा। ९ गडेरियो का वह औजार जिससे वे कबल बुनते समय पटिया ठोकते हैं। १० बैठने की कुर्सी का वह भाग जिसपर हाथ टेकते हैं।

हत्थाजडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथी + जडी] एक छोटा पौधा जिसकी पत्तियाँ सुगधित होती हैं और जो भारतवर्ष के कई भागो मे पाया जाता है।

विशेष—इस पौधे की पत्तियो का रस घाव और फोडे आदि पर रखा जाता है। बिच्छू और भिड के डक मारे हुए स्थान पर भी यह लगाया जाता है। सस्कृत मे इसे हस्तिशुडा कहते है।

हत्थि—सज्ञा पुं० [स० हस्तिन्, प्रा० हत्थि] हस्ति। हाथी। गज। फील। उ०—सिवा औरगहि जिति सकै, औरन राजा राव। हत्थि मत्थ पर सिंह बिनु आन न घाले घाव।—भूषण ग्र०, पृ० १००।

यौ०—हत्थिमत्थ = हाथी का मस्तक।

हत्थी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हत्था, हाथ] १ किसी औजार या हथियार का वह भाग जो हाथ से पकडा जाय। दस्ता। मूठ। २ चमडे का वह टुकडा जिसे छीपी रग छापते समय हाथ मे लगा लेते है। ३ वह लकडी जिससे कडाह मे ईख का रस चलाते है। ४ गोमुखी की तरह का ऊनी थैला जिससे घोडो का बदन पोछते है। ५ बारह गिरह लबी लकडी जिसमे पीतल के छह दाँत लगे रहते है और जो कपडा बुनते समय उसे ताने रहने के लिए लगाई जाती है।

हत्थे—क्रि० वि० [स० हस्ते, प्रा० हत्थे, हिं० हाँथे] हाथ मे।

मुहा०—हत्थे चढना = (१) हाथ मे आना। अधिकार मे आना। प्राप्त होना। (२) वश मे होना। प्रभाव के भीतर आना। हत्थे लगना = दे० 'हत्थे चढना'।

हत्थेदड—सज्ञा पुं० [हिं० हत्था + दड] वह दड (कसरत) जो ऊँची ईंट या पत्थर पर हाथ रखकर किया जाता है।

हत्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मार डालने की क्रिया। वध। खून।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ वध करने का पाप। हत्या करने का दोष (को०)।

मुहा०—हत्या लगना = हत्या का पाप लगना। किसी के वध का दोष ऊपर आना। जैसे,—गाय मारने से हत्या लगती है। हत्या लेना = हत्या का पाप ओढना। उ०—एहू कहँ तसि मया करेहू। पुरवहु आस कि हत्या लेहू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २६२।

३ अत्यत दुर्बल और कमजोर प्राणी। ४ हैरान करनेवाली बात। झझट। बखेडा। जैसे,—(क) कहाँ की हत्या लाए, हटाओ। (ख) चलो, हत्या टली।

मुहा०—हत्या टलना = झझट दूर होना। हत्या सिर मढना या लगाना = बखेडे का काम देना। झझट लादना।

हत्यार†—सज्ञा पुं० [हिं० स० हत्या + कार] दे० 'हत्यारा'।

हत्यारा—वि०, सज्ञा पुं० [स० हत्या + कार] [स्त्री० हत्यारिन, हत्यारी] हत्या करनेवाला। वध करनेवाला। जान लेनेवाला। हिंसा करनेवाला। उ०—अरु प्रभु मो तै जनम तिहारो। जिनि जानै यह कस हत्यारो।—नद० ग्र०, पृ० २२६।

हत्यारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हत्यारा] १ हत्या करनेवाली। प्राण लेनेवाली। २. हत्या का पाप। प्राणवध का दोष। खून का अजाब।

क्रि० प्र०—लगना।

हथ[1]—सज्ञा पुं० [स० हस्त, प्रा० हत्थ, हथ्थ, हिं० हाथ] 'हाथ' का सक्षिप्त रूप जिसका व्यवहार समस्त पदो मे होता है। जैसे,—हथकडा, हथफेर, हथलेवा। उ०—रघुनाथ श्री हथ हथे रावण, परम सता कीध पावण।—रघु० रू०, पृ० २२७।

हथ[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ आघात। २ वध। हनन। हत्या। ३ मौत। मृत्यु। ४ दुखी या निराश मनुष्य [को०]।

हथ†[3]—सज्ञा पुं० [सं० हस्ति, प्रा० हत्थि, हथ्थि, हिं० हाथी] 'हाथी' शब्द का सक्षिप्त रूप जो समस्त पदो मे व्यवहृत किया जाता है। जैसे,—हथनाल, हथशाला आदि।

हथउधार—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + उधार] वह कर्ज जो थोडे दिनो के लिये यो ही बिना किसी प्रकार की लिखा पढी के लिया जाय। हथफेर। दस्तगरदाँ।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—लेना।

हथकडा—सज्ञा पुं० [सं० हस्त, हिं० हाथ + सं० काण्ड] १ हाथ को इस प्रकार जल्दी से और ढग के साथ चलाने की क्रिया जिससे देखनेवालो को उसके द्वारा किए हुए काम का ठीक ठीक पता न लगे। हाथ की सफाई। हस्तलाघव। हस्तकौशल। जैसे,—बाजीगरो के हथकडे। २ गुप्त चाल। चालाकी का ढग। चतुराई की युक्ति। जैसे,—यह सब हथकडे मै खूब पहचानता हूँ। ३ गुप्त अभिसधि। षड्यत्र। ४ तिकडमबाजी। धूर्तता भरी चाल।

हथकडेबाज—सज्ञा पुं० [हिं० हथकडा] तिकडमबाज एव धूर्त व्यक्ति।

हथकटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ] गतके का दावँ जिसमे हाथ पर प्रहार करते है। उ०—अखाडे मे गतका लेकर खडे हुए हे तो मालूम हुआ बिजली चमक गई। एक दफा ललकार दिया कि रोक हथकटी।—फिसाना०, भा० १, पृ० ७।

हथकडा—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + कडा] १ उपाय। साधन। उ०—मान सच्चा हाथ आने के लिये, हाथ की ही हथकडी, है हथकडे।—चुभते०, पृ० १५। २ 'हथकटी' का पुलिंग। दे० 'हथकडी'। उ०—बहुत शोर होगा, कैदी के कठिन हथकडे तडकेगे।—अग्नि०, पृ० ७।

हथकडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + कडी] डोरी से बँधा हुआ लोहे का छोटा कडा जो कैदी के हाथ मे पहना दिया जाता है (जिससे वह भाग न सके)। उ०—मान सच्चा हाथ आने के लिये हाथ की ही हथकडी है हथकडे।—चुभते०, पृ० १५।

क्रि० प्र०—पडना।—डालना।

यौ०—हथकडी बेडी = हाथ और पैर का लौहबधन।

हथकरा—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + करना] १ धुनिये की कमान मे बँधा हुआ कपडे या रस्सी का टुकडा जिसे धुनिये हाथ से पकडे रहते है। २ चमडे का दस्ताना जिसे चारे के लिये कँटीले झाड काटते समय पहन लेते है।

हथकरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + कडा] दूकान के किवाडो मे लगा हुआ एक प्रकार का ताला।

विशेष—यह ताला एक कडी से जुडे हुए लोहे के दो कडो के रूप मे होता है और दोनो ओर ताले के अँकुडे की तरह खुला रहता है। इसी मे हाथ डालकर कुजी लगा दी जाती है।

हथकरी[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'हथकडी'। उ०—सुदर विरहनि वदि मैं विरह दीनी आइ। हाथ हथकरी, लौंक गलि, क्यौं करि निकस्यौं जाइ।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६८३।

हथकल—सज्ञा पु० [हिं० हाथ + कल] १ पेच कसने के लिये लुहारो का एक औजार। २ करघे की दो डोरियाँ जिनका एक छोर तो हत्थे के ऊपर बँधा रहता है और दूसरा लग्घे मे। ३ तार ऐंठने के लिये एक औजार जो आठ अगुल का होता है और जिसमे पेचकश लगा होता है। ४ दे० 'हथकरा'।

हथकोडा—सज्ञा पु० [हिं० हाथ + कोडा] कुश्ती का एक पेच।

हथखडा—सज्ञा पु० [हिं० हाथ + काड] दे० 'हथकडा'।

हथछुट—वि० [हिं० हाथ + छूटना] जिसका हाथ मारने के लिये बहुत जल्दी उठता या छूटता हो। जिसकी मार बैठने की आदत हो।

हथछोड†—वि० [हिं० हाथ + छोडना] दे० 'हथछुट' [को०]।

हथडा(पु)—सज्ञा पुं० [स० हस्त, प्रा० हत्थ + डा (प्रत्य०)] दे० 'हाथ'। उ०—करहा काछी कालिया, भुइँ भारी घर दूरि। हथडा कॉइन खचिया, राह गिलतइ सूर।—ढोला०, दू० ४९६।

हथधरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + धरना] लकडी की वह पटरी जो नाव से लगाकर जमीन तक दो आदमी इसलिये पकडे रहते है जिसमे उसपर से होकर लोग उतर जायँ।

हथना(पु)†—क्रि० स० [स० हत, हिं० हतना] दे० 'हतना'। उ०—रघुनाथ श्री हथ हथे रावण, परम सता कीध पावण।—रघु० रू०, पृ० २२७।

हथनापुर(पु)—सज्ञा पु० [स० हस्तिनापुर] दे० 'हस्तिनापुर'। उ०—हाड हटक्को हथ्थि वीर खच्यो कर सद्दे। कै हथनापुर चद ! वीर खचै वलिभद्रे।—पृ० रा०, २६।६३।

हथनारि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथी + नाल] दे० 'हथनाल'। उ०—उठी कोर हय गय प्रवल, दिट्ठ दुग्रन छुटि धीर। दिषि धनुधर हथनारि धरि, भरकि भरहरी भीर।—पृ० रा०, ८।४६।

हथनाल—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी + नाल] वह तोप जो हाथियो पर चलती थी। गजनाल।

हथनी—पज्ञा स्त्री० [स० हस्तिनी, हिं० हाथी + नी (प्रत्य०)] हाथी की मादा।

हथफूल—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + फूल] १ एक प्रकार की आतशबाजी। २ हथेली की पीठ पर पहनने का एक जडाऊ गहना जो सिकडियो के द्वारा एक ओर तो अँगूठियो से बँधा रहता है और दूसरी ओर कलाई से। हथमाँकर। हथसकर। उ०—भुजबध पहुँचि बीटी हथफूल है जु खासा।—ब्रज० ग्र०, पृ० ५८।

हथफेर—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + फेरना] १ प्यार करते हुए शरीर पर हाथ फेरने की क्रिया। २ रुपए पैसे के लेन देन के समय हाथ से कुछ चालाकी करना जिससे दूसरे के पास कम या खराब सिक्के जायँ। हाथ की चालाकी। ३ दूसरे के माल को चुपचाप ले लेना। किसी वस्तु या धन को सफाई के साथ उडा लेना।

क्रि० प्र०—करना।

४ थोडे दिनो के लिये बिना लिखापढी के लिया या दिया हुआ कर्ज। हथउधार।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

हथफेरि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० हथ + फेरी] हाथ की सफाई। उ०—ज्यौं हथफरि दिखावत चाँवर, अत तौं धूरि की धूरि छनैगी। —सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ४६१।

हथबेँटा†—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + बेंट] एक प्रकार की कुदाली जो खडे गन्ने काटने के काम मे आती है।

हथरकी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + रखना] चमडे की थैली जो कोल्हू मे गन्ने डालनेवाला हाथ मे पहने रहता है।

हथरस†—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + रस] हस्तमैथुन। हस्तक्रिया।

हथलपक, हथलपका—वि० [हिं० हाथ + लपकना] हाथ से लपक लेने या उडा देनेवाला। द्रव्यादि पर हाथ मारनेवाला। उ०—अब ऐसा हथलपका हो गया है कि सौ जतन से पैसे रख दो, खोजकर निकाल लेता है।—रगभूमि, भा० २, पृ० ७५१।

हथलपकी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + लपकी] चोरी। झपट्टा। छीनाझपटी। उ०—दुरवस्था मे जगतसिंह की हथलपकियाँ बहुत अखरती।—मान०, भा० ५, पृ० ३०८।

हथलपकौअल—वि० [हिं० हाथ + लपकौवल] हाथ बढाकर छीन लेना। हस्तगत कर लेना। छीना झपटी। उ०—(क) शेक्सपीयर पर हथलपकौअल कर मरचेंट आफ वेनिस के भी मरचेंट बन गए।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४३४। (ख) ऐसी भी हथलपकौअल ठीक नही कि जो बेतरह उधर से कुछ उडा लिया।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३१।

हथलपक्का†—वि० [हिं० हाथ + लपकना] दे० 'हथलपक', 'हथलपका'।

हथली[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + ली] चरखे की मुठिया जिसे पकडकर चरखा चलाते है।

हथली(पु)†[2]—सज्ञा स्त्री० [स० हस्त + तली या स्थली, प्रा० हत्थल्ली] दे० 'हथेली'। उ०—हथली सोहैं मनु पूरण चदा। अगुरिन पाँति शोभा अरविंदा।—कबीर सा०, पृ० ९९।

हथलेवा—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + लेना] विवाह मे वर कन्या का हाथ अपने हाथ मे लेने की रीति। पाणिग्रहण। उ०—सेद सलिल रोमाच कुस, गहि दुलही अरु नाथ। हियो दियो सँग हाथ के हथलेवा ही हाथ।—विहारी (शब्द०)।

हथबाँस†—संज्ञा पुं० [हिं० हाथ + बाँस (प्रत्य०)] नाव चलाने के समान। जैसे,—लग्गा, पतवार, डाँडा इत्यादि।

हथबाँसना†—क्रि० स० [हिं० हाथ + अबाँसना] १ किसी व्यवहार में ली जानेवाली वस्तु में पहले पहल हाथ लगाना। काम में लाना। व्यवहार करना। २ अपने अधिकार में ले लेना। अधिकृत करके स्वयं कार्यप्रयुक्त करना जिससे अन्य कोई उसका उपयोग न कर सके। उ०—अस विचारि गुह ज्ञाति सन कहेउ सजग सब होहु। हथबाँसहु बोरहु तरनि कीजिय घाटारोहु।—तुलसी (शब्द०)।

हथबाह(पु)†—संज्ञा पुं० [हिं० हाथ + बाह] शस्त्र अस्त्र टूट जाने पर योद्धाओं का परस्पर हाथाबाँही करते हुए भिड जाना। कुश्ती। मल्लयुद्ध।

हथशाल(पु)—संज्ञा पुं० [हिं० हथ + शाल] वह स्थान जहाँ हाथी बाँधा जाता है। हथसार। उ०—हाथी हथशालन मे, घोडे घुडसालन मे, कुल के कुटुब लोक देखत खरे रहे।—राम० धर्म०, पृ० ६५।

हथसकर—संज्ञा पुं० [हिं० हाथ + साँकर] हथेली की पीठ पर पहनने का एक गहना जो फूल के आकार का होता है और जिसमे पतली सिकडियाँ लगी होती है। हथफूल।

हथसाँकड़†, हथसाँकर, हथसाँकल(पु)—संज्ञा पुं० [हिं० हाथ + साँकर] दे० 'हथसकर'।

हथसाँकला—संज्ञा पुं० [हिं० हाथ + साँकल] दे० 'हथसकर'।

हथसार—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाथी + सं० शाल, हिं० सार] वह घर जिसमे हाथी रखे जाते हैं। फीलखाना। गजशाला।

हथा†—संज्ञा पुं० [सं० हस्तक, प्रा० हत्थअ, हिं० हत्था, हथा, या हिं० हाथ] पूजन आदि के अवसर पर गीले पिसे हुए चावल और हल्दी पोतकर दीवार पर बनाया हुआ पजे का चिह्न। ऐपन का छापा।

हथाहथी¹—अव्य० [हिं० हाथ (द्विरु०)] १ एक हाथ से दूसरे के हाथ मे बराबर जाते हुए। हाथोहाथ। २ शीघ्र। तुरत।

हथाहथी(पु)²—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्ताहस्ति, हिं० हथ] छीना झपटी। हाथाबाही। उ०—डारत अबीर एरी वीर, बलबीर मेरो हथा-हथी ले गयो गनेरो नित चोरि कै।—दीन० ग्र०, पृ० २२।

हथिनापुर(पु)—संज्ञा पुं० [सं० हस्तिनापुर] दे० 'हस्तिनापुर'। उ०—(क) नूर धूप तें अछ्छ, पउ हथिनापुर सारिय।—पृ० रा०, २१।१६४। (ख) अहिछत्ता, हथिनापुर जात। चले बारमि उठि परभात।—अर्ध०, पृ० ५३।

हथिनाला(पु)—संज्ञा पुं० [सं० हस्ति + नाल, हिं० हथनाल] दे० 'हथनाल'। उ०—चले चक्क जो लै हथिनाला। पसरहि धूम होइ अँधकाला।—हिंदी प्रेमा०, पृ० २२४।

हथिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्तिनी प्रा० हत्थिणी] हाथी की मादा।

हथिया¹—संज्ञा पुं० [सं० हस्त, प्रा० हत्थ (नक्षत्र) + हिं० इया (त्वा० प्रत्य०)] हस्त नक्षत्र।

हथिया²—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ] कुर्ती के ऊपर की लाचो। (जुलाहे)।

हथियाना—क्रि० स० [हिं० हाथ + आना या इयाना (प्रत्य०)] १ हाथ मे करना। अधिकार मे करना। ले लेना। २ किसी की वस्तु धोखा देकर ले लेना। उडा लेना। ३ हाथ मे पकडना। हाथ से पकड कर काम मे लाना। ४ हत्था या हथेली से खेत मे पानी पहुँचाना।

हथियार—संज्ञा पुं० [हिं० हथियाना (=हाथ मे पकडना)] हाथ से पकडकर काम मे लाने की साधनवस्तु। वह वस्तु जिसकी सहायता से कोई काम किया जाय। औजार। २. तलवार, भाला आदि आक्रमण करने या मारने का साधन। अस्त्र शस्त्र।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।

मुहा०—हथियार उठाना = (१) मारने के लिये अस्त्र हाथ मे लेना। (२) लडाई के लिये तैयार होना। हथियार करना = हथियार चलाना। हथियार डालना = युद्ध मे पराजित होना। हथियार बाँधना = युद्धार्थ शस्त्रास्त्रों से सज्जित होना। लडाई के लिये तैयार होना। हथियार लगाना = अस्त्रशस्त्र धारण करना।

३ लिंगेंद्रिय। (बाजारू)।

हथियारघर—संज्ञा पुं० [हिं० हथियार + घर] वह गृह या आगार जहाँ पर शस्त्रास्त्र रखे जाते हों।

हथियारबद—वि० [हिं० हथियार + फा० बद (सं० वेध)] जो हथियार बाँधे हो। सशस्त्र। जैसे,—हथियारबद सिपाही।

हथिसार(पु)—संज्ञा पुं० [सं० हस्तिशाला] हस्तिशाला। हथसाल। उ०—कचन गढल हृदय हथिसार, तेहिर सम पयोधरसार।—विद्यापति, पृ० १९०।

हथी(पु)—संज्ञा पुं० [सं० हस्तिन्] दे० 'हाथी'। उ०—(क) कित हौं, कित महिमा नाथ की। कहत हौं चींटी हथी साथ की।—नंद० ग्र०, पृ० २७०। (ख) घुमडनि मिसनि देखि उर आवै। मनमथ मानौ हथी लरावै।—नंद० ग्र०, पृ० १३२।

हथुई†—वि० [हिं० हाथ, हथ] हाथ से सबधित। हाथ द्वारा निर्मित। हाथ की। जैसे, हथुई मिट्टी, हथुई रोटी।

हथुई मिट्टी—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + मिट्टी] गीली मिट्टी या वह लेप जो कच्ची दीवार का खुरदुरापन दूर करने के लिये लगाया जाता है।

हथुई रोटी—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + रोटी] वह रोटी जो गीले आटे की लोई को हाथ से गढकर बनाई गई हो।

हथेरा—संज्ञा पुं० [हिं० हाथ + एरा (प्रत्य०)] तीन, साढे तीन हाथ लबा लकडी का वह बल्ला जिसका एक सिरा हथेली की तरह चौडा होता है और जिससे खेतों की नाली का पानी चारो ओर सिंचाई के लिये उलीचते हैं। हाथा।

हथेरी(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + एली] दे० 'हथेली'। उ०—भूली रघ रहे लिए गागरिया भई लाल हथेरी दुइ कर की।—रघुनाथ, पृ० २४।

हथेल—संज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ] वह लकडी जिसपर सुना हुआ कपडा तानकर रखा जाता है। पनिक। पनजट। (जुलाहे)।

हथेली—सज्ञा स्त्री० [स० हस्ततल, प्रा० हत्थतल, हत्थल, हथ्थल] १ हाथ की कलाई का चौडा सिरा जिसमे उँगलियाँ लगी होती है। हाथ की गद्दी। हस्ततल। करतल।

मुहा०—हथेली मे आना = (१) हाथ मे आना। अधिकार मे आना। मिलना। प्राप्त होना। (२) वश मे होना। हथेली मे करना = अपने अधिकार मे करना। ले लेना। हथेली खुजलाना = द्रव्य मिलने का आगम सूचित होना। कुछ मिलने का शकुन होना।

विशेष—यह एक प्रचलित प्रवाद है कि जब दाहिने हाथ की हथेली खुजलाती है, तब कुछ मिलता है।

हथेली का फफोला = अत्यत सुकुमार वस्तु। बहुत नाजुक चीज जिसके टूटने फूटने का सदा डर रहे। हथेली देना या लगाना = हाथ का सहारा देना। सहायता करना। मदद करके सँभालना। हथेली पीटना या बजाना = ताली पीटना। किसकी हथेली मे बाल जमे है ? = कौन ऐसा ससार मे है ? जैसे,—किसकी हथेली मे बाल जमे है जो उसे मार सकता है। हथेली सा = बिल्कुल चौरस या सपाट। समतल। हथेली पर जान रखना या लेना = प्राणत्याग का भय न रखना। जान देने के लिये हरदम, हर हालत मे तैयार रहना। हथेली पर जान होना = ऐसी स्थिति मे पडना जिसमे प्राण जाने का भय हो। जान जोखो होना। हथेली पर दही जमाना = किसी काम के लिये बहुत जल्दबाजी करना। किसी से कोई काम कराने के लिये अत्यत शीघ्रता करना। हथेली पर सर रखना या लेना = दे० 'हथेली पर जान रखना'। हथेली पर सरसो उगाना या जमाना = असभव कार्य को भी सभव कर दिखाना। किसी कठिन काम को अत्यत शीघ्रता से कर दिखाना।

२ चरखे की मुठिया जिसे पकडकर चरखा चलाते है।

हथेव†—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ] हथौडा। घन। उ०—हनि हथेव हिय दरपन साजै। छोलनी जाप लिहे तन माँजै।—जायसी (शब्द०)।

हथोडी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ] १ हथोरी। हथेली। २ दे० 'हथौडी'।

हथोरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + ओरी (प्रत्य०)] दे० 'हथेली'। उ०—जानौ रकत हथोरी बूडी। रवि परभात तात, वै जूडी। —जायसी (शब्द०)।

हथोटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + औटी (प्रत्य०)] १ किसी काम मे हाथ लगाने का ढग। हाथ से करने का ढब। हाथ की शैली। हस्तकौशल। जैसे,—अभी तुम्हे इसकी हथौटी नही मालूम है, इसी से देर लगती है। उ०—रसना को भाग, साँचे स्रौननि सुभूषन है, जगमगी रहे महा मोहन हथौटी के।—घनानद, पृ० २०५।

मुहा०—हथौटी जमना, मँजना या सध जाना = (१) काम करने मे कुशलता प्राप्त होना। हाथ रमा होना या सध जाना। हथौटी मे सीखना = कला या हुनर की जानकारी प्राप्त करना। किसी काम को करने का गुण सीखना।

२ किसी काम मे लगा हुआ हाथ। किसी काम मे हाथ डालने की क्रिया या भाव। जैसे,—उसकी हथौटी बडी मनहूस है। जिस काम मे हाथ लगाता है, वह चौपट हो जाता है।

हथौडा—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + औडा (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० हथौडी] १. किसी वस्तु को ठोकने, पीटने या गढने के लिये साधन-वस्तु। लुहारो या सुनारो का वह औजार जिससे वे किसी धातु-खड को तोडते, पीटते या गढते है। मारतौल। २ कील ठोकने, खूँटे गाडने आदि का औजार।

हथौडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हथौडा का लघ्वर्थक रूप] छोटा हथौडा।

हथौना—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + औना (प्रत्य०)] दूल्हे और दुलहन के हाथ मे मिठाई रखने की रीति।

हथ्थ—सज्ञा पुं० [स० हस्त, प्रा० हत्थ] हस्त। हाथ।

हथ्थल—सज्ञा पुं० [स० हस्ततल, प्रा० हत्थल] हाथ का पजा। हथेली।

हथ्थि, हथ्थी—सज्ञा पुं० [स० हस्ती] हाथी। हस्ती।

हथ्थाना—क्रि० स० [हिं० हाथ] दे० 'हथियाना'।

हथ्थार†—सज्ञा पुं० [हिं० हथियार] दे० 'हथियार'। उ०—नाए न माथहि दक्खिन नाथ न साथ मे फौज न हाथ हथ्थारो।—भूषण ग्र०, पृ० १३६।

हद—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ किसी वस्तु के विस्तार का अतिम सिरा। किसी चीज की लबाई, चौडाई, ऊँचाई या गहराई की सबसे अधिक पहुँच। सीमा। मर्यादा। जैसे,—सडक की हद, गाँव की हद।

यौ०—हदबदी। हदसमाअत।

मुहा०—हद बाँधना = सीमा निर्धारित होना। यह ठहराया जाना कि किसी चीज का घेरा अथवा लबाई, चौडाई यहाँ तक है। हद बाँधना = सीमा निर्धारित करना। हद तोडना = सीमा के बाहर जाना या कुछ करना। सीमा का अतिक्रमण करना। हद से बाहर = ठहराई हुई सीमा के आगे। हद कायम करना = दे० 'हद बाँधना'।

२ किसी वस्तु या बात का सबसे अधिक परिमाण जो ठहराया गया हो। अधिक से अधिक सख्या या परिमाण जो साधारणत माना जाता हो या उचित हो। पराकाष्ठा। जैसे,—(क) उस मेले मे हद से ज्यादा आदमी आए। (ख) उसने मिहनत की हद कर दी। उ०—क्वैला करी कोकिल कुरग वार कारे करे, बुद्धि कुढि केहरी कलक लक हद ली।—केशव (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना = अति कर देना। —होना = पराकाष्ठा हो जाना।

मुहा०—हद से ज्यादा = बहुत अधिक। अत्यत। हद व हिसाब नही = बहुत ही ज्यादा। अत्यत अपार। अपरिमेय।

३ ओट। आड (को०)। ४ मुसलिम धर्मशास्त्र द्वारा विहित दड (को०)। ५ किसी बात की उचित सीमा या निश्चित स्थान। कोई बात कहाँ तक करनी चाहिए, इसका नियत मान। कोई काम, व्यवहार या आचरण कहाँ तक ठीक है, इसका अदाज। मर्यादा। जैसे,—तुम तो हर एक बात मे हद से बाहर चले जाते हो।

मुहा०—हद से गुजरना = मर्यादा का अतिक्रमण करना। जहाँ उचित हो उससे किसी बात मे आगे बढना।

हदका Ⓤ†—सज्ञा पुं० [अनु०] धक्का। हचका।

हदफ—सज्ञा पु० [अ० हदफ] १ लक्ष्य। निशाना। २ ऊँचा पुश्ता। ३ निशानेबाजी सीखने के लिये निर्मित युद्ध का वह स्थान जहाँ लक्ष्यवेध किया जाता है [को०]।

हदस†—सज्ञा पुं० [अ० हादिसह] भय। डर। खौफ।

हदसना—क्रि० अ० [हिं० हदस + ना (प्रत्य०)] भयभीत हो जाना। खौफ खाना। डरना।

हदसमाअत—सज्ञा स्त्री० [अ०] किसी बात का दावा करने के लिये समय की नियत अवधि। वह मुकर्रर वक्त जिसके भीतर अदालत मे दावा करना चाहिए। (कचहरी)।

मुहा०—हद समाअत होना = हद समाअत पूरी होना। दावा करने की अवधि का बीत जाना।

हदसिआसत—सज्ञा स्त्री० [अ०] किसी न्यायालय के अधिकार की सीमा। उतना स्थान जितने के भीतर के मुकदमे कोई अदालत ले सके।

हदीस—सज्ञा स्त्री० [अ०] मुसलमानो का वह धर्मग्रथ जिसमे मुहम्मद साहब के कार्यों के वृत्तात और भिन्न भिन्न अवसरो पर कहे हुए वचनो का सग्रह है और जिसका व्यवहार बहुत कुछ स्मृति के रूप मे होता है।

हद्द—सज्ञा स्त्री० [अ० हद्द] दे० 'हद'। उ०—(क) हद्द कारिगर हुन्नर कीन्हा। जैसे दूध मे जामन दीन्हा। —कबीर सा०, भा०, ४, पृ० ५३४। (ख) हद्द अनहद्द ना उठै बानी।—पलटू०, भा० २, पृ० ३०। (ग) है नीचता और बेएतबारी की हद्द।—वो दुनिया, पृ० २८।

हद्दा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मेषादि लग्नो का प्रारभिक तीस अश।

विशेष—सख्याविशेष के अनुपात से इनमे पाँच पाँच ग्रहो का भाग रहता है। जैसे, मेष लग्न के ३० अश मे ६ भाग गुरु, ६ अश शुक्र, ८ अश बुध तथा पाँच पाँच अश भौम और शनि का होता है। अन्य लग्नो के अश भी इसी प्रकार ग्रहो मे विभक्त किए जाते है। वर्षप्रवेश के आदि मे शुभाशुभ गणना मे इसका प्रयोग किया जाता है। नीलकठीय ताजक मे इसका विस्तृत विवरण द्रष्टव्य है।

हन्—वि० [स०] मारनेवाला। वध करनेवाला। हननेवाला। (समस्त पदो मे प्रयुक्त)। जैसे, पितृहन्, मातृहन्, ब्रह्महन्, पुत्रहन् आदि।

हन—सज्ञा पु० [स०] मारना। काटना। वध। हनन [को०]।

हनन[1]—सज्ञा पुं० [स०] [वि० हननीय, हनित] १ मार डालना। वध करना। जान मारना। २ आघात करना। चोट लगाना। पीटना। ३ गुणन। गुणा करना। जरब देना। (गणित)। ४ एक प्रकार का क्षुद्र कीट (को०)। ५ ढोल, नगाडा, धौसा आदि बजाने की लकडी (को०)।

हनन[2]—वि० हनन करनेवाला। मारने या वध करनेवाला।

हननशील—वि० [सं०] क्रूर। वधिक। प्राण लेनेवाला।

हनना Ⓤ†—क्रि० स० [स० हनन] १ मार डालना। वध करना। प्राण लेना। उ०—छन महँ हने निसाचर जेते।—तुलसी (शब्द०)। २ आघात करना। चोट मारना। प्रहार करना। कसकर मारना। उ०—(क) मुष्टिक एक ताहि कपि हनी। —तुलसी (शब्द०)। (ख) आवत ही उर मँह हनेउ मुष्टि प्रहार प्रघोर।—तुलसी (शब्द०)। ३ पीटना। ठोंकना। ४ लकडी से पीट या ठोंककर बजाना। उ०—जं गीद्र सिद्ध-मुनीस देव विलोकि प्रभु दु दुभि हनी।—तुलसी (शब्द०)।

हननी—वि० स्त्री० [स० हनन + ई (प्रत्य०)] मार डालनेवाली। हनन करनेवाली। उ०—री, हुआ तुझको न कुछ सकोच। तू बनी जननी कि हननी, सोच।—साकेत, पृ० १८२।

हननीय—वि० [स०] १ हनन करने योग्य। मारने योग्य। २ जिसे मारना हो।

हनफी—सज्ञा पुं० [अ० हनफी] मुसलमानो मे सुन्नियो का एक सप्रदाय। हजरत इब्राहीम का अनुयायी।

हनवाना Ⓤ—क्रि० स० [हि हनना का प्रेरणा०] मारने या हनने का कार्य दूसरे से कराना। मरवाना।

हनवाना[2]—क्रि० अ० [स० √ण्णा, √स्नपय्, प्रा० √ण्हव √ण्हाव > ण्हावअत, हिं० नहवाना] दे० 'नहवाना', 'नहलाना'।

हनाना†—क्रि० अ० [स० √स्नापय्, प्रा० √ण्हावय] दे० 'नहाना'।

हनितवत Ⓤ—सज्ञा पुं० [प्रा० हनुमन्त] दे० 'हनुमत'।

हनिवत Ⓤ—सज्ञा पुं० [प्रा० हनुमन्त] दे० 'हनुमत'।

हनिवँत Ⓤ—सज्ञा पुं० [प्र० हनुमन्त] दे० 'हनुमान'। उ०—नहिं सो राम, हनिवँत बडि दूरी। को लेइ आव सजीवन मूरी।—जायसी (शब्द०)।

हनी—सज्ञा पुं० [अ०] मधु। शहद।

हनीमून—सज्ञा पुं० [अ०] विवाह के बाद पति पत्नी का प्रमोदकाल। विवाह के अनतर पति पत्नी का आनद विलास एव क्रीडा का मास।

हनील—सज्ञा पुं० [स०] केवडा। केतकी [को०]।

हनु—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दाढ की हड्डी। जबडा। २ ठुड्डी। चिबुक। ३ अस्त्र। हथियार (को०)। ४ वह वस्तु जिससे जीवन को क्षति हो (को०)। ५ मरण। मृत्यु (को०)। ६ रोग। बीमारी (को०)। ७ एक प्रकार की ओषधि। ८ स्वेच्छाचारिणी स्त्री। कुलटा। वेश्या (को०)।

हनुका—सज्ञा स्त्री० [स०] दाढ की हड्डी। जबडा।

हनुग्रह—सज्ञा पु० [स०] एक रोग जिसमे जबडे बैठ जाते हैं और जल्दी खुलते नही।

विशेष—यह रोग किसी प्रकार की चोट लगने आदि से वायु कुपित होने के कारण होता है।

हनुफाल—सज्ञा पुं० [स० हनु + फाल] एक छद। दे० 'हनूफाल'।

हनुभेद—सज्ञा पुं० [स०] १ जबडे का खुलना। २ एक प्रकार का ग्रहण या ग्रास (को०)।

हनुमत—सज्ञा पुं० [सं० हनुमत्] दे० 'हनुमान्'। उ०—तब हनुमत कही सब रामकथा निज नाम।—मानस, ५। ६।

हनुमत उडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हनुमत + उडना] मालखभ की एक कसरत जिसमे सिर नीचे और पैर ऊपर की ओर करके सामने लाते है और फिर ऊपर खसकते है।

हनुमती—सज्ञा स्त्री० [हिं० हनुमत] मालखभ की एक कसरत जिसमे एक पाँव के अँगूठे से बेंत पकडकर खूब तानते है और फिर दूसरे पाँव को अटी देकर और उससे बेंत पकडकर बैठते है।

हनुमज्जयती—सज्ञा स्त्री० [सं० हनुमत् + जयन्ती] हनुमान जी का जन्मोत्सव।

विशेष—हनुमज्जयती पुराणो के आधार पर वर्ष मे दो दिन मनाई जाती है। प्रथम चैत्र पूर्णिमा को जिस दिन उप काल मे हनुमान् का जन्मोत्सव मनाया जाता है। द्वितीय कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को जो दक्षिण मे विशेष प्रचलित है।

हनुमत्ॐ—सज्ञा पुं० [सं० हनुमत्] दे० 'हनुमान्'।

हनुमत्कवच—सज्ञा पुं० [स०] १ हनुमान को प्रसन्न करने का एक मत्र जिसे लोग तावीज वगैरह मे रखकर पहनते है। २ हनुमान जी को प्रसन्न करने की एक स्तुति।

हनुमद्धारा—सज्ञा स्त्री० [सं० हनुमत् + धारा] चित्रकूट का एक पवित्र स्थान। उ०—लहराते धीर से, वह है हनुमद्धारा—पचकोसी का पहाड।—कुकुर०, पृ० ५४।

हनुमान्[1]—वि० [स० हनुमत्] १ दाढवाला। जबडेवाला। २ भारी दाढ या जबडेवाला। महावीर।

हनुमान्[2]—सज्ञा पुं० पपा के एक वीर बदर जिन्होने सीताहरण के उपरात रामचद्र की बडी सेवा और सहायता की थी।

विशेष—ये लका मे जाकर सीता का समाचार भी लाए थे और रावण की सेना के साथ लडे थे। ये अपने अपार बल, वीरता और वेग के लिये प्रसिद्ध है और बदरो के समान इनकी उत्पत्ति भी विष्णु के अवतार राम की सहायता के लिये देवाश से हुई थी। इनकी माता का नाम अजना था और ये वायु या मरुत् देवता के पुत्र कहे जाते है। कही कही इन्हें शिव के वीर्य या अश से भी उत्पन्न कहा गया है। ये रामभक्तो मे सबसे आदि कहे जाते है और राम ही के समान इनकी पूजा भी भारत मे सर्वत्र होती है। ये बलप्रदाता माने जाते हैं और हिंदू पहलवान या योद्धा इनका नाम लेते है और इनकी उपासना करते है।

हनुमान—सज्ञा पु० [स० हनुमान्] दे० 'हनुमान्'।

हनुमान बैठक—सज्ञा स्त्री० [हिं०- हनुमान + बैठक] एक प्रकार की बैठक (कसरत) जिसमे एक पैर पैतरे की तरह आगे बढाते हुए बैठते उठते हैं।

हनुमूल—सज्ञा पु० [स०] जबडे का मूल स्थान [को०]।

हनुमोक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ दाढ का एक रोग जिसमे बहुत दरद होता है और मुँह खोलते नही बनता। २ जबडे का खुलना। हनुभेद (को०)।

हनुवँॐ†—सज्ञा पुं० [हिं० हनुमत] दे० 'हनुमान्'। उ०—जनहुँ लक सब लूटी, हनुवँ विधसी बारि। जागि उठिउँ अस देखत, सखि! कहु सपन विचारि।—जायसी (शब्द०)।

हनुसहति—सज्ञा स्त्री० [सं०] जकडा बैठने की व्याधि।

हनुसहनन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हनुसहति'।

हनुल—वि० [सं०] पुष्ट या दृढ दाढवाला। मजबूत जबडेवाला।

हनूँॐ†—सज्ञा पुं० [हिं० हनुवँ] हनुमान्। उ०—जनहुँ लक सब लूसी हनूँ बिधसी बारि।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २५८।

हनू—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'हनु' [को०]।

हनूफाल—सज्ञा पुं० [सं० हनू + हिं० फान, फलाँग] एक मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे बारह मात्राएँ और अत मे गुरु लघु होते हैं। उ०—इति हनूफालय छद। कल बरनि बरनि सुकद।—पृ० रा०, १।६५।

हनूमान्—सज्ञा पुं० [सं० हनूमत्] दे० 'हनुमान्'।

हनूप—सज्ञा पुं० [सं०] दैत्य। राक्षस [को०]।

हनोज—अव्य० [फा० हनोज] अभी। अभी तक। जैसे,—हनोज दिल्ली दूर है। उ०—कवि सेवक बूढे भए तो कहा पै हनोज है मौज मनोज ही की।—सेवक (शब्द०)।

हनोद—सज्ञा पुं० [?] हिंडोल राग के एक पुत्र का नाम।

हन्न[1]—सज्ञा पुं० [सं०] पुरीष। विष्ठा। मल [को०]।

हन्न[2]—वि० जिसका उत्सर्जन या त्याग किया गया हो (विष्ठा)।

हन्नाहॐ—सज्ञा पुं० [सं० सन्नाह] दे० 'सनाह'। उ०—तुम्ह लेहु लेहु मुप जप जोध। हन्नाह सूर सब पहरि क्रोध।—पृ० रा०, २०।४७।

हन्यमान—वि० [सं०] जो मारने योग्य हो। हननीय। वध्य। २ जो मारा जा रहा हो [को०]।

हप†—सज्ञा पुं० [अनुध्व०] कोई वस्तु मुँह मे चट से लेकर ओठ बद करने का शब्द। जैसे,—हप से खा गया।

मुहा०—हप कर जाना = झट से मुँह मे डालकर खा जाना। चटपट उडा जाना। उ०—देखते देखते सारा भात हप से खा गया। हप करना = दे० 'हप कर जाना'।

हपटाना†—क्रि० अ० [हिं० हाँफना] हाँफना।

हपुषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दवा के काम आनेवाला एक फल जो बहुत काला होता है। ध्माक्षनाशिनी [को०]।

हप्पा—सज्ञा पुं० [अनुध्व०] १ भोजन। गास। कौर। २ उत्कोच। घूस।

हप्पू[1]—सज्ञा पुं० [?] अफीम [को०]।

हप्पू[2]—वि० अधिक खानेवाला।

हप्ताॐ†—सज्ञा पुं० [फा० हफ्तह] दे० 'हफ्ता'। उ०—दै हप्ता हित ह्वै गई, जब रुखसत मजूर।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १५४।

हफनिॐ—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाफना] हँफने की क्रिया। हँफने का भाव। हफनी। उ०—गई दावरी बावरी आई आतुर न्हाइ। तपनि तरल नैनी सही मो हित हफनि मिटाइ।—स० सप्तक, पृ० २६४।

हफ्त—वि० [सं० सप्त, फा० हफ्त] सात की सख्या का बोधक या वाचक। सात [को०]।

हफ्तगाना—सज्ञा पुं० [फा० हफ्तगानह्] गाँव के पटवारी के सात कागज जिनमे वह जमीन, लगान आदि का लेखा रखता है—खसरा, बहीखाता, जमाबदी, स्याहा, वुझारत, रोजनामचा और जिसवार।

हफ्तदह—वि० [फा० हफ्तदह] सप्तदश। सत्रह [को०]।

हफ्तहजारी—सज्ञा पुं० [फा० हफ्तहजारी] १ मुगलकालीन एक प्रतिष्ठित पद। २ वह व्यक्ति जिसे यह पद प्राप्त हो [को०]।

हफ्ता—सज्ञा पुं० [फा० हफ्तह] सात दिन का समय। सप्ताह।

हफ्ती—सज्ञा स्त्री० [फा० हफ्ती] एक प्रकार की जूती।

हवकना[1]—क्रि०अ०[अनुध्व० हप] १ मुँह बाना। खाने या दाँत से काटने के लिये झट से मुँह खोलना। २ (यू) उतावली करना। हप् हप् करना। जल्दबाजी करना। उ०—हवकि न बोलिबा ठवकि न चालिवा धीरै धरिवा पाव। गरव न करिबा सहजै रहिवा भणत गोरष राव।—गोरख०, पृ० ११।

हवकना[2]—क्रि० स० १ किसी भोज्य वस्तु या फल आदि को जल्दी जल्दी दाँतो से काटकर खाना। दाँत काटना। जैसे,—कुत्ते ने पीछे से आकर हवक लिया।

हवड हवड(यू)†—क्रि० वि० [अनुध्व०] दे० 'हवर हवर'। उ०—दुरमति दभ गहे कर मे डफ हवड हवड दै तारी।—धरम० श०, पृ० ६१।

हवडा—वि० [देश०] १ जिसके बहुत बडे बडे दाँत हो। बडदता। २ भद्दा। कुरूप। बदशकल।

हवर दवर, हवर हवर—क्रि० वि० [अनु० हडवड] १ जल्दी जल्दी। उतावली से। जल्दबाजी से। जैसे,—घर मे तलवा नही टिकता, हवर दवर आई फिर बाहर जा झमकी। २ जल्दी के कारण। ठीक तौर से नही। हडवडी से। जैसे,—इस तरह हवर हवर करने से काम नही होता।

हवराना(यू)‡—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'हडवडाना'

हवश—सज्ञा पुं० [फा० हब्श] अफ्रिका का एक प्रदेश जो मिस्र के दक्षिण पडता है और जहाँ के लोग बहुत काले होते है।

हवशिन—सज्ञा स्त्री० [फा० हबशी] १ हबश देश की औरत। हबशी औरत जो शाही महलो मे पहरा देने का काम करती थी। २ अत्यत ही काली स्त्री।

हवशी—सज्ञा पुं० [फा०] १ हबश देश का निवासी जो बहुत काला होता है।

विशेष—हबशियो का रग बहुत काला, कद नाटा, बाल घुँघराले और ओठ बहुत मोटे होते है। पहले ये गुलाम बनाए जाते थे और बिकते थे।

२ एक प्रकार का अगूर जो जामुन की तरह काला होता है।

हवशी सनर—सज्ञा पुं० [फा०] अफ्रिका का गैंडा जिसके दो सीग या खाँग होते हैं।

हवस(यू)—सज्ञा पु० [फा० हबश, हब्श] अफ्रिका का एक प्रदेश। दे० 'हबश'। उ०—करनाट, हबस, फिरगहू विलायती, बलख, रूम अरितिय छतियाँ दलति हैं।—भूषण ग्र०, पृ० ८६।

हवसी(यू)—सज्ञा पुं० [फा० हबशी] दे० 'हबशी'। उ०—तिल न होइ मुख मीत पर जानौ वाको हेत। रूप खजाने की मनौ हवसी चौकी देत।—रसनिधि (शब्द०)।

हवाब—सज्ञा पुं० [अ०] १ बुद्बुद। बुल्ला। २ शीशे का पतला गोला।

हवाबी—वि० [अ०] निसार। हबाब जैसा। क्षणभगुर।

हवि(यू)—सज्ञा पुं० [स० हवि] दे० 'अग्नि'। उ०—त्रिमल तेज लग्गी वि भुअ, चष रत्ता हवि जान।—पृ० रा०, ६६।४६३।

हबीब—सज्ञा पुं० [अ०] १ दोस्त। मित्र। २ प्रिय। प्यारा।

यौ०—खुदा का हबीब = पैगबर मुहम्मद साहब जो खुदा के परम प्रिय माने जाते है।

हबूब—सज्ञा पुं० [अ० हबाब या हुबाब] १ पानी का बबूला। बुल्ला। उ०—(क) यह सब मौज चौज सुख सगा, तन हबूब बुल्ले सम जाई।—घट०, पृ० १५६। (ख) तन हबूब बुल्ला जस फूटा।—घट०, पृ० ३१०। २ निसार बात। झूठमूठ की बात। उ०—साधु जानै महासाधु, खल जानै महाखल, बानी झूठी साँची कोटि उठत हबूब हैं।—तुलसी (शब्द०)। ३ धूल से भरी तेज हवा। आँधी (को०)।

हबेली—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'हवेली'।

हब्ब—सज्ञा पुं० [अ०] १. गुटिका। गोली। २. अन्न का दाना [को०]।

हब्बा—सज्ञा पु० [अ० हब्बह्] १ अन्न का दाना। दाना। बीज। २ रत्ती भर वजन। आठ चावल का भार। ३ बहुत थोडा, जरा सा अश या भाग। अत्यल्प मात्रा [को०]।

यौ०—हब्बा भर = बहुत थोडा। रत्ती भर। हब्बा हब्बा = कौडी कौडी।

हब्बा डब्बा—सज्ञा पु० [हिं० हाँफ > हँफ + अनु० डब्बा] जोर जोर से साँस या पसली चलने की बीमारी जो बच्चो को होती है।

हब्बुल् आस—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार की मेहँदी जो बगीचो मे लगाई जाती है और दवा के काम मे आती है। विलायती मेहँदी।

विशेष—इस मेहँदी की पत्तियो से एक प्रकार का सुगधित तेल निकाला जाता है। इस तेल से बाल भी बढते हैं। इसके फल अतिसार और सग्रहणी मे दिए जाते है और गठिया का दर्द दूर करने और खून रोकने के काम मे आते हैं।

हब्स—सज्ञा पुं० [अ०] १ कैद। कारावास। २ अवरोध। रुकावट। रोक (को०)। ३ बरसात मे हवा का बद हो जाना। ऊमस (को०)।

यौ०—हब्से दम = (१) श्वासावरोध। दम घुटना। (२) कुभक प्राणायाम। हब्से दवाम = आजन्म कारावास। उम्र भर की कैद। हब्से बेजा = हब्स बेजा।

हब्स बेजा—सज्ञा पुं० [अ० हब्स ए बेजा] अनुचित रीति से बदी करना। बेजा तौर पर कहीं कैद रखना। (कानून)।

हम[1]—सर्व० [सं० अहम्] उत्तम पुरुष बहुवचन का सूचक सर्वनाम शब्द। मैं का बहुवचन।

हम(पु)[2]—सज्ञा पुं० अहकार। अपने को श्रेष्ठ मानने की या बडप्पन की भावना। 'हम' का भाव। उ०—जब हम था तब गुरु नहीं जब गुरु तब हम नाहि।—कबीर (शब्द०)।

हम[3]—अव्य० [फा०] १ साथ। सग। २ आपस मे। परस्पर। ३ समान। तुल्य।

यौ०—हमअसर। हमकौम=सजातीय। एक जाति का। हमखाना=सह निवासी। एक साथ रहनेवाला। हमदर्दी। हमजिस। हमजोली।

हमअसर—सज्ञा पुं० [फा० हम+अ० असर, असर] १ वे जिनपर एक ही प्रकार का प्रभाव पडा हो। समान सस्कार या प्रवृत्ति युक्त। समान प्रभाव या सस्कारवाला। २ एक ही समय मे होनेवाले। साथी। सगी।

हमउम्र—वि० [फा० हम+अ० उम्र] अवस्था मे समान। बराबर उम्र का।

हमकौम—वि० [फा० हम+अ० कौम] एक ही जाति के। सजातीय।

हमख्याल—वि० [फा० हम+ख्याल] समान विचारवाला। उ०—जब जब पर्दा फाश किया जाता है तब तब अमृत राय और उनके हमख्यालो का पारा ऊपर चढ जाता है।—प्रसाद०, पृ० १४५।

हमख्वावा—सज्ञा स्त्री० [फा० हमख्वावह्] पत्नी। भार्या। बीवी [को०]।

हमचश्म—वि० [फा०] बराबरी का दर्जा रखनेवाला।

हमचश्मी—सज्ञा स्त्री० [फा०] मित्रता। दोस्ती। बराबरी। उ०—दो चार अब तुम से क्यो कर होये हमचश्मी के दावे से। कि नरगिस की चमन मे देखकर गरदन ढलकती है।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० ४३।

हमजिस—सज्ञा पुं० [फा०] एक ही वर्ग या जाति के प्राणी। एक ही प्रकार के व्यक्ति।

हमजुल्फ—सज्ञा पुं० [फा० हमजुल्फ] साली का पति। साढू। उ०—आपकी फूफी के नवासे का हमजुल्फ हूँ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८६।

हमजोली—सज्ञा पुं० [फा० हम+हि०जोडी] साथी। सगी। सहयोगी। सखा। उ०—खेलूँगी कभी न होली। उससे जो नही हमजोली।—अर्चना, पृ० ३४।

हमता(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० अहम्, हि० हम+स० ता (प्रत्य०) अथवा सं० अहन्ता] अहभाव। अहकार। उ०—हमता जहाँ तहाँ प्रभु नाही सो हमता क्यों मानौ।—सूर०, १।११।

हमतोल—वि० [हि० हम+तोल] तुल्य। बराबर। समान। उ०—ओ हमतोल आपस मे कर दोसती। किया भाव लोरक का मैना सती।—दक्खिनी०, पृ० ३७३।

हमदम—सज्ञा पुं० [स०] हर समय का साथी। दोस्त। मित्र।

हमदर्द—वि०, सज्ञा पुं० [फा०] दु ख का साथी। दु ख मे सहानुभूति रखनेवाला।

हमदर्दी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दूसरे के दु ख मे दु खी होने का भाव। सहानुभूति। जैसे,—मुझे उनके साथ कुछ भी सहानुभूति नही है।

हमन(पु)—सर्व० [सं० अहम्] हम। उ०—हमन है इश्क मस्ताना हमन को होशियारी क्या।—कबीर ग्र०, भा० २, पृ० ७०।

हमनिवाला—वि० सज्ञा पुं० [फा० हमनिवालह्] एक साथ बैठकर भोजन करनेवाले। आहार के सखा। घनिष्ठ मित्र।

हमपचा†, हमपचे†—सर्व० [हि० हम+पच] हम लोग।

हमपल्ला—वि० [फा० हमपल्लह्] जो तुल्य हो। समान। बराबरीवाला [को०]।

हमपेशा—वि० [फा० हमपेशह्] एक ही तरह का पेशा करनेवाला। जो व्यवसाय एक करता हो, वही व्यवसाय करनेवाला दूसरा। सहव्यवसायी।

हमबिस्तर—वि० [फा०] १ एक ही शय्या पर सोनेवाला। २ एक ही बिछौने पर साथ मे सोया हुआ।

क्रि०प्र०—करना।—बनाना।—होना।

हमबिस्तरी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ एक ही बिछौने पर साथ मे सोने की क्रिया। २ प्रसग। मैथुन। सभोग। सहवास।

हममजहब—वि० [फा० हम+अ० मजहब] समान धर्म के अनुयायी। एक ही मजहब को माननेवाले। सहधर्मी।

हमरा†—सर्व० [हि०] दे० 'हमारा'। उ०—हे छोर छीन सब हमर देश।—नई०, पृ० २०।

हमरकाब—वि० [फा०] घुडसवार के साथ चलनेवाला। सवारी के साथ जानेवाला। उ०—रक्षक शरीर का, हमरकाब, साथ लेता सेना निज।—अपरा, पृ० ८४।

हमरा†—सर्व० [हि० हम] दे० 'हमारा'। उ०—(क) धर्म हमरा ऐसा निर्बल और पतला हो गया है कि केवल स्पर्श से वा एक चुल्लू पानी से मर जाता है।—भारतेंदु ग्र०, भाग ३, पृ० ५८३। (ख) हम जाने हैं, परम तापसी हमरे सजन सुजाना। हम जाने है, परम निरिंद्रिय हमरे ये मेहमाना।—बवासि, पृ० १३।

हमराज—वि० [फा० हमराज] रहस्य जाननेवाला। मर्मज्ञ। उ०—ना देखे पन उस दुख का दरवाज कोई। खुदा बिन न था उसको हमराज कोई।—दक्खिनी, पृ० १४०।

हमराह—अव्य० [फा०] (कही जाने मे किसी के) साथ। सग मे। जैसे,—लडका उसके हमराह गया।

मुहा०—हमराह करना=साथ मे करना। सग या साथ मे लगाना। हमराह होना=साथ जाना।

हमराही—वि० [फा०] सहपथिक। साथ यात्रा करनेवाला। सहयात्री। उ०—फ्रास और इगलैंड पुराने अड्डे पूँजीशाही। कुछ ही दिन रह सके जग मे सग और हमराही।—हस०, पृ० ४०।

हमरो(पु)—सर्व० [हि०] हमारा। उ०—(क) कुपित भयो सुरपति मतवारो। हमरो अवर वचन रखवारो।—नद० ग्र०, पृ०

३०८। (ख) कहन लगे वृंदावन ऐसो। यह हमरो बैकुंठ न जैसो।—नद०, ग्र०, पृ० २५७।

हमल—सज्ञा पुं० [अ०] स्त्री के पेट मे बच्चे का होना। पाँव भारी होना। गर्भ। विशेष दे० 'गर्भ'।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—हमल गिरना = गर्भपात होना। पेट से बच्चे का पूरा हुए बिना निकल जाना। हमल गिराना = गर्भपात करना। पेट के बच्चे को बिना समय पूरा हुए निकाल देना। हमल रहना = गर्भ रहना। पेट मे बच्चे की योजना होना।

२ भार। बोझ (को०)।

हमला—सज्ञा पुं० [अ० हमलह्, हम्लह्] १ लडाई करने के लिये चल पडना। युद्धयात्रा। चढाई। धावा। जैसे,—मुगलो के कई हमले हिंदुस्तान पर हुए। २ मारने के लिये झपटना। प्रहार करने के लिये वेग से बढना। आक्रमण। ३ प्रहार। वार। ४ किसी को हानि पहुँचाने के लिये किया हुआ प्रयत्न। नुकसान पहुँचाने की कारर्वाई। ५ विरोध मे कही हुई बात। शब्द द्वारा आक्षेप। क्रूर व्यग्य। जैसे,—यह हमला हमारे ऊपर है, हम इसका जवाब देगे।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हमलावर—वि०, सज्ञा पुं० [फा० हमलह्+अावर] आक्रमण करनेवाला। उत्क्रामक (को०)।

हमवतन—सज्ञा पुं० [फा० हम+अ० वतन] एक ही प्रदेश के रहनेवाले। स्वदेशवासी। देशभाई।

हमवार—वि० [फा०] जिसकी सतह बराबर हो। जो ऊँचा नीचा न हो। जो ऊबड खाबड न हो। समतल। सपाट। जैसे,—जमीन हमवार करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हमशीरा—सज्ञा स्त्री० [फा० हमशीरह्] बहन। भगिनी। उ०—मैं इनके हमशीरा की खास का मामू हूँ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८६।

हमसना—क्रि० अ० [हिं० हुमसना] दे० 'हुमकना'। उ०—हमसि कन्ह असि रीस, सीस चुकि परिय वाम भुज।—पृ० रा०, ७।१५७।

हमसफर—वि० [फा० हमसफर] साथ यात्रा करनेवाला। सहयात्री।

हमसबक—सज्ञा पुं० [फा० हमसबक] एक साथ पढनेवाला। सहपाठी।

हमसर[1]—सज्ञा पुं० [फा०] दरजे मे बराबर आदमी। गुण, बल या पद मे समान व्यक्ति। जोड का आदमी। बराबरी का आदमी।

हमसर[2]—वि० जोड का। बराबरी का।

हमसरी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ समानता का भाव। तुल्यता। बराबरी। जैसे,—वह तुमसे हमसरी का दावा रखता है। २ अक्खडपन। उद्दडता (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हमसाज—सज्ञा पुं० [फा० हमसाज़] मित्र। दोस्त (को०)।

हमसाया—सज्ञा पुं० [फा० हमसायह्] पडोसी। प्रतिवेशी।

हमसिन—वि० [फा०] समान अवस्था या उम्र का। हमउम्र।

हमहमी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हम] दे० 'हमाहमी'।

हमाकत—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'हिमाकत' (को०)।

हमाम—सज्ञा पुं० [अ० हम्माम] नहाने का घर जहाँ गरम पानी रहता है। स्नानागार। उ०—मैं तपाय त्रय ताप सो राख्यो हियो हमाम। मकु कबहूँ आवे इहाँ पुलक पसीजे स्याम।—बिहारी (शब्द०)।

हमायल—सज्ञा स्त्री० [अ० हमाइल, हमायल] १ एक आभूषण। दे० 'हमेल'। २ गले मे डालकर बगल मे लटकाने की वस्तु। ३ दे० 'परतला'। ४ छोटी या गुटकानुमा कुरान की पुस्तक (को०)।

हमार—सर्व० [प्रा० अम्हरो, अम्हार, हमार, हिं० हमारा] दे० 'हमारा'। उ०—हम लखि लखहि हमार, लखि हम हमार के बीच। तुलसी अलखहि का लखहि, राम नाम जपु नीच।—तुलसी ग्र०, पृ० ८८।

हमारा—सर्व० [हिं० हम+आरा (प्रत्य०)] [स्त्री० हमारी] 'हम' शब्द का सबध कारक रूप।

हमारो—सर्व० [हिं०] दे० 'हमारा' उ०—कहूँ लाभ करि कै आपकी मोहरे खरच करते तो हमारो सगरो धर्म नष्ट होइ जातो।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ७३। (ख) नारद प्रियतम भक्त हमारी। तुमको कियो अनुग्रह भारी।—नद० ग्र०, पृ० २५४।

हमाल[1]—सज्ञा पुं० [अ० हम्माल] १ भार उठानेवाला। बोझ ऊपर लेनेवाला। २ सँभालनेवाला। रक्षा करनेवाला। रक्षक। रखवाला। उ०—पँज प्रतिपाल भूमिभार को हमाल, चहूँ चक्क को अमाल, भयो दडक जहान को।—भूषण ग्र०, पृ० १५। ३ (बोझ उठानेवाला) मजदूर। कुली। उ०—(क) पल पल्लौ भर इन लिया तेरा नाज उठाइ। नैन हमालन दै अरे दरस मजूरी आइ।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) हारि हमाल की पोट सी डारि कै और दिवाल की ओट ह्वै खेले।—अर्ध०, पृ० ७।

हमाल[2]—वि० [अ०] सदृश। तुल्य। समान (को०)।

हमालल—सज्ञा पुं० [सं० हिमालय ?] सिंहल या सीलोन का सब से ऊँचा पहाड जिसे 'आदम की चोटी' कहते है।

हमासत—सज्ञा स्त्री० [अ०] शूरता। वीरता (को०)।

हमासुमा—सर्व [हिं० हमा+फा० शुमा] हम तुम। उ०—एक न एक मामला खडा करके हमासुमा को पीसते ही रहते है।—गोदान, पृ० ६४।

हमाहमी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हम की द्विरुक्ति] १ अपने अपने लाभ का आतुर प्रयत्न। बहुत से लोगो मे से प्रत्यक का किसी वस्तु को पाने के लिये अपने को आगे करने की धुन। स्वार्थपरता। २ अपने को ऊपर करने का प्रयत्न। अहकार।

हमीर—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'हम्मीर'।

हमें—सर्व [हिं० हम] 'हम' का कर्म और सप्रदान कारक का रूप। हमको। जैसे—(क) हमें बताओ। (ख) हमें दो।

हमैल—सज्ञा स्त्री० [अ० हमायल] सिक्को या सिक्के के आकार के धातु के गोल टुकडो की माला जो गले मे पहनी जाती ह ।

विशेष—यह प्राय अशरफियो या पुराने रुपयो को तागे मे गूँथ कर बनती ह ।

हमेव(पु)†—सज्ञा पु० [स० अहम् + एव] अहकार । अभिमान ।

मुहा०—हमेव टूटना = गर्व चूर्ण होना । शेखी निकल जाना ।

हमेशा—अव्य० [फा० हमेशह्] सब दिन या सब समय । सदा । सर्वदा । सदैव । जैसे,—(क) वह हमेशा ऐसा ही कहता है । (ख) इस दवा को हमेशा पीना ।

मुहा०—हमेशा के लिये = सब दिन के लिये ।

हमेस, हमेसा—अव्य० [फा० हमेशह्, हमेशा] दे० 'हमेशा' । उ०—भलि तजत हौं भूल नहिं यहै भूलि को देस । तुम जिन भूलौ नाथ मम राखहु सुरत हमेस ।—स० सप्तक, पृ० ३४५ ।

हमैं(पु)—अव्य० [हिं०] दे० 'हमे' ।

हम्द—सज्ञा स्त्री० [अ०] खुदा या ईश्वर का स्तोत्र । प्रार्थना । उ०—क्या नक्ष क्या नज्म हर एक वाद कूँ, जेब व रौनक है खुदा के हम्द सूँ ।—दक्खिनी०, पृ० २०० ।

हम्माम—सज्ञा पुं० [अ०] नहाने की कोठरी जिसमे गरम पानी रखा रहता है और जो आग या भाप से गरम रखी जाती है । स्नानागार ।

हम्माल—सज्ञा पु० [अ०] मजूर । मोटिया । दे० 'हमाल'[1] [को०] ।

हम्मीर—सज्ञा पु० [स०] १ सपूर्ण जाति का एक सकर राग जो शकराभरण और मारू के मेल से बना है ।

विशेष—इसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं और इसके गाने का समय सध्या को एक से पाँच दड तक है । यह राग धर्म सबधी उत्सवो या हास्य रस के लिये अधिक उपयुक्त समझा जाता है ।

२ रणथभोर गढ का एक अत्यत वीर चौहान राजा जो सन् १३०० ई० मे अलाउद्दीन खिलजी से बडी वीरता के साथ लडकर मारा गया था ।

हम्मीरनट—सज्ञा पुं० [सं०] सपूर्ण जाति का एक सकर राग ।

विशेष—यह राग नट और हम्मीर के मेल से बना है । इसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं ।

हम्ह(पु)†[1]—सर्व० [हिं० हम] दे० 'हम' । उ०—अब होइ सुभर दहहि हम्ह घटै ।—जायसी ग्र०, पृ० ७५ ।

हम्ह[2]—सर्व० [हिं० हमे] दे० 'हमे' । उ०—सो धनि विरहै जरि मुई तेहि क धुवाँ हम्ह लाग ।—जायसी ग्र०, पृ० १५० ।

हयकष—सज्ञा पु०[सं० हयङ्कष] १ रथ का चालक । सारथि । २ इद्र के सारथी मातलि का नाम [को०] ।

हयद(पु)—सज्ञा पु० [स० हयेन्द्र] बडा या अच्छा घोडा । उ०—यौ कहि हयद हक्किय हरपि दत चब्बि सेलहि लहिय ।—सुजान०, पृ० २० ।

हय—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० हया, हयी] १ घोडा । अश्व । २ कविता मे सात की मात्रा सूचित करने का शब्द (उच्चैश्रवा के सात मुँह के कारण) । ३. चार मात्राओ का एक छद । ४ इद्र का एक नाम । ५ धनु राशि । ६ रतिमजरी के अनुसार एक विशेष प्रकार का पुरुष [को०] ।

हयकर्म—सज्ञा पुं० [स० हयकर्मन्] घोडो का ज्ञान [को०] ।

हयकातरा, हयकातरिका—सज्ञा स्त्री० [स०] राजनिघटु के अनुसार एक पौधा जिसे अश्वकातरा भी कहते है [को०] ।

हयकोविद—वि० [स०] अश्वशास्त्र का ज्ञाता [को०] ।

हयगध—सज्ञा पुं० [सं० हयगन्ध] काला नमक ।

हयगधा—सज्ञा स्त्री० [स० हयगन्धा] १ अश्वगधा । असगध । २ यवानी । अजमोदा [को०] ।

हयगर्दभि—सज्ञा पुं० [सं०] शिव का एक नाम [को०] ।

हयगृह—सज्ञा पुं० [सं०] अश्वशाला । घुडसार ।

हयग्रीव—सज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु के चौबीस अवतारो मे से एक अवतार ।

विशेष—मधु और कैटभ नाम के दो दैत्य जब वेद को उठा ले गये थे, तब वेद के उद्धार और उन राक्षसो के विनाश के लिये भगवान् ने यह अवतार लिया था ।

२ एक असुर या राक्षस ।

विशेष—यह असुर कल्पात मे ब्रह्मा की निद्रा के समय वेद उठा ले गया था । विष्णु ने मत्स्य अवतार लेकर वेद का उद्धार किया और इस राक्षस का वध किया था ।

३ रामायण के अनुसार एक और राक्षस का नाम । ४ तात्रिक बौद्धो के एक देवता ।

यौ०—हयग्रीवरिपु = विष्णु का एक नाम । हयग्रीवहा = विष्णु ।

हयग्रीवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा का एक नाम ।

हयघ्न—सज्ञा पुं० [स०] कनेर । करवीर [को०] ।

हयचर्या—सज्ञा स्त्री० [स०] यज्ञ के अश्व का परिभ्रमण [को०] ।

हयच्छटा—सज्ञा स्त्री० [स०] घोडो का झुड । हयदल [को०] ।

हयज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] १ घोडे का जानकार । २ अश्व का साईस [को०] ।

हयज्ञान—सज्ञा पुं० [सं०] घोडो का ज्ञान [को०] ।

हयदानव—सज्ञा पुं० [स०] केशी नामक एक राक्षस [को०] ।

हयद्विषन्—सज्ञा पुं० [स०] महिष । भैसा [को०] ।

हयन—सज्ञा पुं० [सं०] १ वर्ष । साल । २ चारो तरफ से ढकी हुई गाडी या पालकी जिसपर ओहार पडा हो [को०] ।

हयना(पु)—क्रि० स० [स० हत, प्रा० हय + हिं० ना (प्रत्य०)] १ वध करना । मार डालना । हनन करना । उ०—(क) छन महँ सकल निशाचर हये ।—तुलसी (शब्द०) । २ मारना । पीटना । चोट लगाना । ३. पीटकर बजाना । ठोककर बजाना । उ०—देवन हये निसान ।—तुलसी (शब्द०) । ४ काटना । छिन्न करना । अग से अवयव विच्छिन्न करना । उ०—कटत झटिति पुनि नूतन भए । प्रभु बहु बार बाहु सिर हए ।—मानस, ६।९१ । ५ नष्ट करना । न रहने देना । उ०—प्रीति प्रतीति रीति परिमिति पति हेतुवाद हठि हेरि हई है ।—तुलसी (शब्द०) ।

हयनाल—सज्ञा स्त्री० [स० हय + हिं० नाल] घोडे द्वारा खीची जानेवाली तोप। वह तोप जिसे घोडे खीचते हैं।

हयनिर्घोष—सज्ञा पु० [सं०] घोडे के खुरो की या उनके हिनहिनाने की आवाज [को०]।

हयप—सज्ञा पु० [स०] घोडे की देखभाल करनेवाला। साईस [को०]।

हयपुच्छिका, हयपुच्छी—सज्ञा स्त्री० [स०] मषवन। माषपर्णी [को०]।

हयप्रिय—सज्ञा पु० [सं०] जौ। यव।

हयप्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जगली खजूर। खजूरी। २ असगध। अश्वगधा (को०)।

हयमार—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हयमारक' [को०]।

हयमारक—सज्ञा पुं० [सं०] करवीर। कनेर।

हयमारण—सज्ञा पु० [स०] १ कनेर। २ अश्वत्थ। पीपल।

हयमुख—सज्ञा पु० [स०] १ एक देश का नाम जिसके सबध मे प्रसिद्ध है कि वहाँ घोडे के से मुँहवाले आदमी बसते है। २ और्व ऋषि का क्रोधरूपी तेज जो समुद्र मे स्थित होकर बडवानल कहलाता है (रामायण)। ३ महाभारत के अनसार विष्णु का एक रूप (को०)।

हयमेध—सज्ञा पुं० [स०] अश्वमेध यज्ञ।

हयवाहन—सज्ञा पु० [स०] १ कुबेर का एक नाम। २ सूर्य के पुत्र रेवत का एक नाम [को०]।

यौ०—हयवाहनशकर = रक्तकाचन। लाल कचनार।

हयविद्या—सज्ञा स्त्री० [स०] अश्व की शुभता तथा उसके गुणावगुण आदि जानने की विद्या [को०]।

हयशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] अश्वशाला। घुडसार। अस्तबल।

हयशास्त्र—सज्ञा पु० [स०] अश्वशास्त्र। अश्वविद्या [को०]।

हयशिक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] अश्वशास्त्र। हयविद्या [को०]।

हयशिर—सज्ञ पु० [स० हयशिरस्] १ एक ऋषि का नाम। २ रामायण मे उल्लिखित एक दिव्यास्त्र का नाम।

हयशिरा—सज्ञा पु० [स० हयशिरस्] विष्णु का हयग्रीव रूप [को०]।

हयशीर्ष—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु का हयग्रीव रूप।

हयसग्रहण—सज्ञा पु० [स० हयसङ्ग्रहण] घोडे का नियत्रण या हाँकने की कला [को०]।

हयसयान—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हयसग्रहण' [को०]।

हयसाला—सज्ञा स्त्री० [सं० हयशाला] अश्वशाला। घुडसाल। उ०—राखेउ बाँधि सिसुन्ह हयसाला।—मानस, ६। २४।

हयस्कध—सज्ञा पुं० [स० हयस्कन्ध] हयदल। घोडो का समूह [को०]।

हय हय—अव्य० [स० हा हा] [हाय हाय] दे० 'हाय हाय'। उ०—सोहड सहु भेला किया, तिण वेला तिण वार। नर नारी सहु विलविलई, हय हय सरजण हार।—ढोला०, दू० ६०७।

हयाग—सज्ञा पु० [सं० हयाङ्ग] धनु राशि।

हया[1]—सज्ञा स्त्री० [अ०] लज्जा। लाज। शर्म। उ०—हया से सर झुका लेना, अदा से मुस्करा देना। हसीनो का भी कितना सहल है, बिजली गिरा देना।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० ६२०।

यौ०—हयादार। हयादारी। बेहया। बेहयाई।

हया[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ अश्वगधा। २ बडवा। घोडी [को०]।

हयात—सज्ञा स्त्री० [अ०] जिदगी। जीवन। उ०—लाई हयात आए, कजा ले चली चले। अपनी खुशी न आए न अपनी खुशी चले।—कविता कौ० ८, भा० ४, पृ० ४४१।

यौ०—हीन हयात = जिदगी भर के लिये। किसी के जीवन काल तक। जैसे,—मुआफी हीनहयात। हीन हयात मे = जिदगी मे। जीते जी। जीवनकाल मे।

हयादार—सज्ञा पुं० [अ० हया + फा० दार] वह जिसे हया हो। लज्जाशील। शर्मदार।

हयादारी—सज्ञा स्त्री० [अ० हया + फा० दारी] हयादार होने का भाव। लज्जाशीलता।

हयाध्यक्ष—सज्ञा पु० [स०] अश्वशाला का प्रधान अधिकारी। घोडे का प्रधान निरीक्षक [को०]।

हयानद—सज्ञा पु० [स० हयानन्द] मूँग। मुद्ग [को०]।

हयानन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विष्णु का एक अवतार। विशेष दे० 'हयग्रीव'। २ वाल्मीकि रामायण के अनुसार हयग्रीव का स्थान।

हयानना—सज्ञा स्त्री० [स०] एक योगिनी का नाम [को०]।

हयायुर्वेद—सज्ञा पु० [स०] घोडो की चिकित्सा का शास्त्र। शालिहोत्र।

हयारि—सज्ञा पुं० [सं०] करवीर। कनेर।

हयारूढ—सज्ञा [सं०] घुडसवार। असवार [को०]।

हयारोह—सज्ञा पुं० [सं०] १ घोडे पर चढना। घुडसवारी। २ असवार। घुडसवार [को०]।

हयालय—सज्ञा पु० [सं०] अश्वशाला। घुडसाल [को०]।

हयाशन—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का धूप का पौधा जो मध्य भारत तथा गया और शाहाबाद के पहाडो मे बहुत होता है।

हयाशना—सज्ञा स्त्री० [स०] सत्तकी का वृक्ष [को०]।

हयासनी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक गधद्रव्य। लोबान [को०]

हयास्य—सज्ञा पु० [स०] विष्णु [को०]

हयि—सज्ञा पु०, स्त्री० [स०] आकाक्षा। स्पृहा [को०]।

हयी[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] घोडी।

हयी[2]—सज्ञा पुं० [स० हयिन्] १ घुडसवार। २ वह जिसके पास अश्व हो। घोडेवाला (को०)।

हयुषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक पौधा। पुं० दे० 'हपुषा' [को०]।

हयेष—सज्ञा पुं० [स०] जौ। यव [को०]।

हर[1]—वि० [स०] १ हरण करनेवाला। ले लेनेवाला। छीनने या लूटनेवाला। जैसे,—धनहर, वस्त्रहर, पश्यतोहर। २ दूर करनेवाला। मिटानेवाला। न रहने देनेवाला। जैसे,—रोगहर, पापहर। ३. वध करनेवाला। नाश करनेवाला। मारनेवाला। जैसे,—असुरहर। ४ ले जानेवाला। लानेवाला। पहुँचानेवाला।

वाहक। जैसे,—सदेशहर। ५ आकर्षक। ६ अभ्यर्थी। दावेदार। हकदार (को०)। ७ कब्जा या अधिकार करनेवाला (को०)। ८ विभाजक। बाँटनेवाला (को०)।

हर[२]—सज्ञा पुं० १ शिव। महादेव। २ एक राक्षस जो वसुदा के गर्भ से उत्पन्न माली नामक राक्षस के चार पुत्रो मे से एक था और विभीषण का मत्री था। ३ गणित मे वह सख्या जिससे भाग दें। भाजक। ४ गणित मे भिन्न मे नीचे की सख्या। ५ अग्नि। आग। ६ गदहा। ७ छप्पय के दसवे भेद का नाम। ८ टगण के पहले भेद का नाम। ९ ग्रहण करना या लेना (को०)। १० हरण करना (को०)। ११ ग्रहण करनेवाला व्यक्ति। ग्राहक (को०)।

हर†[३]—सज्ञा पुं० [स० हल] हल।

यौ०—हरवाहा। हरवल। हरौरी। हरहा।

हर(पु)[४]—वि० [हिं० हरा या सं० हरित] दे० 'हरा' और 'हरियर'। उ०—बोलि विप्र सोधे लगन्न, सुध घटी परट्ठिय। हर बाँसह मडप बनाय करि भाँवरि गठिय।—पृ० रा०, २०।६९।

हर[५]—वि० [फा०] प्रत्येक। एक एक। जैसे, (क) हर शख्स के पास एक एक बदूक थी। (ख) वह हर रोज आता है।

यौ०—हरकारा। हरजाई।

मुहा०—हर एक = प्रत्येक। एक एक। हर कोई या हर किसी = प्रत्येक मनुष्य। सब कोई या सब किसी। सर्वसाधारण। जैसे,—हर किसी के पास ऐसी चीज नही निकल सकती। हर कोई = सर्वसाधारण। जैसे,—हर कोई यह काम नही कर सकता हर। तरह = प्रत्येक ढग से। हर हालत मे। हर फन मौला = हर एक फन जाननेवाला। प्रत्येक काम मे माहिर। हर दफा, हर बार या हर मर्तबा = प्रत्येक अवसर पर। हर रोज = प्रतिदिन। नित्य। हर वक्त = हर समय। हर दम। निरतर। हर हाल मे = प्रत्येक दशा मे। हर दम = प्रतिक्षण। सदा। जैसे,—वह हर दम यही पडा रहता है। हर यक = दे० 'हर एक'। हर हमेशा = सदा। सर्वदा।

हर[६]—सज्ञा पुं० [जर०] अग्रेजी के मिस्टर शब्द का जरमन समानार्थवाची शब्द। महाशय। जैसे,—हर स्ट्रस्मैन, हर हिटलर।

हरई‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलका, हलकी] हलकापन। लघुता। अगुरुता। उ०—किहि नेह विरोध बढ्यौ सबसो उर आवत कौन के लाज गई। जेहि के भरि भार पहार दबै, जेग माँझ भई तिन ते हरई।—नानद, पृ० ८३।

हरएँ(पु)—अव्य० [हिं० हरुवे] १ धीरे धीरे। मद गति से। आहिस्ते से। उ०—हेरत ही हरि को हरषाय हिये हठि कै हरएँ चलि आई।—वेनी (शब्द०)। २ तीव्रता से नही। जोर से नही।

हरक[१]—सज्ञा पु० [सं०] १ अपहरण करनेवाला। चोर। तस्कर। २ धूर्त। प्रतारक। वचक। शठ। ३ भाजक। हर। ४ शिव का एक नाम। ५ लबी और लचनेवाली तलवार [को०]।

हरक[२]—वि० हरण करनेवाला।

हरकत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ गति। चाल। हिलना। डोलना। २. चेष्टा। कर्म। क्रिया। ३ स्वर या स्वरबोधक चिह्न, मात्रा आदि (को०)। ४ बुरी चाल। बेजा कार्रवाई। दुष्ट व्यवहार। नटखटी। उ०—(क) तुम्हारी सब हरकतें हम देख रहे हैं। (ख) यह सब उसी की हरकतें है (ग) नाशाइस्ता हरकत, बेजा हरकत।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हरकना(पु)†[१]—क्रि० स० [हिं० हटक (= रोक) + ना] दे० 'हटकना'। उ०—भट रुद्रगन, भूत गनपति सेनापति, कलिकाल की कुचाल काहू तौ न हरकी।—तुलसी ग्र०, पृ० २४१।

हरकना†[२]—क्रि० अ० [हिं० हटक + ना] दे० 'हडकना'।

हरकारा—सज्ञा पुं० [फा० हरकारह्] १ चिट्ठी पत्री ले जानेवाला। सँदेसा ले जानेवाला। उ०—हरकारा घोडे पर सवार होते ही आँखो से ओझल हो गया।—पीतल०, पृ० ३८३। २ चिट्ठी-रसाँ। डाकिया।

हरकेस—सज्ञा पुं० [सं० हरिकेश] एक प्रकार का धान जो अगहन मे तैयार होता है।

हरक्कत(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] नुकसान। हानि। उ०—तिन तिन चले छिपाय प्रकट मे होय हरक्कत।—पलटू०, भा० ३, पृ० ५५।

हरख(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० हर्ष, प्रा०, अप०, हिं० हरख] दे० 'हर्ष'। उ०—(क) छिन महिं अगिनि छिनक जलपात, त्यौं यह हरख शोक की बात।—अर्ध०, पृ० ४०। (ख) मतिराम सुकवि सँदेसो अनुमानियत, तेरे नख सिख अग हरख कटीटे सो।—मतिराम ग्र०, पृ० ३९९।

हरखना(पु)—क्रि० अ० [हिं० हरख + ना (प्रत्य०)] हर्षित होना। प्रसन्न होना। खुश होना। उ०—कौतुक देखि सकल सुर हरखे।—तुलसी (शब्द०)

हरखनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० हर्षण] हरखने की क्रिया या भाव। हर्ष। आनद। उ०—नेत्र की करखनि, वदन की हरखनि, तैसियै सिर तै कुसुम गुवरखनि।—नद० ग्र०, पृ० २४८।

हरखाना[१]—क्रि० अ० [हिं० हरखना] दे० 'हरखना'। उ०—तुरत उठे लछमन हरखाई।—तुलसी (शब्द०)।

हरखाना[२]—क्रि० स० प्रसन्न करना। खुश करना। आनदित करना।

हरखित(पु)—वि० [स० हर्षित] दे० 'हर्षित'। उ०—द्विजहिं दूरि तै निरखि निरखि हरि हरखित होई।—नद० ग्र०, पृ० २०४।

हरगिज—अव्य० [फा० हरगिज़] किसी दशा मे। कदापि। कभी। जैसे,—वह वहाँ हरगिज न जायगा।

हरगिरि—सज्ञा पुं० [सं०] कैलास पर्वत। उ०—जौ हठ करउ त निपट कुकरमू। हरगिरि ते गुरु सेवक धरमू।—मानस, २।२५३।

हरगिला†—सज्ञा पु० [हिं० हाड] दे० 'हडगीला'।

हरगिस(पु)—अव्य० [फा० हरगिज़] दे० 'हरगिज'। उ०—करत न हरगिस लाडिले वा बिन सेज न सैन।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७८५।

हरगौरी—सज्ञा स्त्री० [स०] शिव का अर्धनारीश्वर रूप। अर्धनारीनटेश्वर की मूर्ति [को०]।

हरगौरी रस—सज्ञा पुं० [स०] रससिंदूर। (आयुर्वेद)।

हरचद—अव्य० [फा०] १ कितना ही। बहुत या बहुत बार। जैसे,—मैंने हरचद मना किया, पर उसने न माना। २ यद्यपि। अगरचे।

हरचदन—सज्ञा पुं० [स० हरिचन्दन] दे० 'हरिचदन'। उ०—गुलक विराजत कर्ण महँ शीरप शुभद नियार। हरचदन को तिलक वर, उर सुमनन के हार।—प० रासो, प० ६।

हरचूडामणि—सज्ञा पुं० [सं० हरचूडामणि] शिव का शिरोभूषण, चद्रमा [को०]।

हरज†—सज्ञा पु० [अ०] १ दे० 'हर्ज'। २ उपद्रव। गडबड [को०]।

हरजा¹—सज्ञा पुं० [फा० हर + जा (=जगह)] सगतराशो की वह टाँकी जिससे वे सतह को हर जगह बराबर करते हैं। चौरस करने की छेनी। चौरसी।

हरजा²—अव्य० हर जगह। हर एक स्थान पर [को०]।

हरजा³—सज्ञा पु० [अ० हरज, हर्ज] १ हरज। हर्ज। २ हरजाना। ३ हानि। नुकसान।

हरजाई¹—सज्ञा पुं० [फा०] १ हर जगह घूमनेवाला। जिसका कोई ठीक ठिकाना न हो। २ बहल्ला। आवारा।

हरजाई²—सज्ञा स्त्री० १ व्यभिचारिणी स्त्री। कुलटा। २ वेश्या। रडी। खानगी।

हरजाना—सज्ञा पुं० [फा०] १ नुकसान पूरा करना। हानि का बदला। क्षतिपूर्ति। २ वह धन या वस्तु जो किसी को उस नुकसान के बदले मे (उसके द्वारा जिससे या जिसके कारण नुकसान पहुँचा हो) दी जाय, जो उसे उठाना पडा हो। हानि के बदले मे दिया जानेवाला धन। क्षतिपूर्ति का द्रव्य। जैसे,—अगर तुमने वक्त पर सभी चीज न दी तो १००) हरजाना देना पडेगा।

क्रि० प्र०—देना।—माँगना।—लेना।

हरजेवडी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी झाडी जिसे वाख भी कहते हैं। निरविषी। पुरही।

विशेष—यह झाडी प्राय सारे भारत और सभी गरम प्रदेशो मे पाई जाती है। इसकी डालियो और पत्तियो पर बहुत से रोएँ होते हैं। इसकी जड और पत्तियो का व्यवहार ओषधि के रूप मे होता है।

हरट्ट—वि० [सं० हृष्ट] दृढ अगोवाला। मजबूत। मोटा ताजा। हट्टाकट्टा। हृष्ट पुष्ट। उ०—हैवर हरट्ट साजि, गैवर गरट्ट सम, पैदर के ठट्ट फौज जुरी तुरकाने की।—भूषण (शब्द०)।

हरटिया—सज्ञा पुं० [स० अरहट्ट] दे० 'हरठिया'।

हरठिया†—सज्ञा पु० [हि० रहँट] रहँट के बैल हाँकनेवाला व्यक्ति।

हरड़†—सज्ञा पुं० [सं० हरीतकी] दे० 'हड' और 'हर्रे'।

हरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ जिसकी वस्तु हो उसकी इच्छा के विरुद्ध लेना। छीनना। लूटना या चुराना। जैसे,—धनहरण, वस्त्रहरण। २ दूर करना। हटाना। न रहने देना। मिटाना। जैसे,—रोगहरण, सकटहरण, पापहरण। ३ नष्ट करना। नाश। विनाश। सहार। ४ ले जाना। वहन। जैसे,—सदेशहरण। ५ (गणित मे) भाग देना। तकसीम करना। ३ दायजा जो विवाह मे दिया जाता है। ७ वह भिक्षा जो यज्ञोपवीत के समय ब्रह्मचारी को दी जाती है। ८ वीर्य। शुक्र (को०)। ९ सोना। स्वर्ण (को०)। १० कपर्दिका। कौडी (को०)। ११ उबलता हुआ जल (को०)। १२ बलपूर्वक किसी को भगा ले जाना। जैसे,—सयोगिता-हरण, सुभद्राहरण। १३ घोडे का दानापानी। घोडे का चारा (को०)। १४ कर। हस्त। हाथ (को०)।

हरणकसीप†—सज्ञा पुं० [सं० हिरण्यकशिपु] दे० 'हिरण्यकशिपु'। उ०—हरणकसीप वध कर अधपती देही। इद्र को बीभो प्रहलाद न लेही।—दक्खिनी०, पृ० २८।

हरणहार—वि० [सं० हरण + हि० (प्रत्य०) हार (=वाला)] दूर करनेवाला। हरनेवाला। उ०—विपदा हरणहार हरि हे करो पार।—आराधना, पृ० २१।

हरणाखी—वि० [सं० हरिणाक्षी] हरिणाक्षी। मृगनयनी। उ०—काछी करह विथूंभिया घडियउ जोइण जाइ। हरणाखी जउ हसि कहइ, आणिसि एथि विसाइ।—ढोला०, दू० २२८।

हरणि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मरण। मृत्यु। मौत। २. पानी के निकास की नाली। जलप्रणाली [को०]।

हरणीय—वि० [सं०] हरण करने या ले लेने योग्य [को०]।

हरता¹—सज्ञा पुं० [सं० हर्त्ता] दे० 'हर्ता'। उ०—तु धाता करतार तु भरता हरता देव। तु दत्ता गोरस तुही प्रसन होउ प्रभु मेव।—पृ० रा०, ६।२१। (ख) है हरता करतार प्रभु कारन करन अखेद।—हम्मीर०, पृ० ६४।

हरता²—सज्ञा स्त्री० [सं०] हरत्व। शिवत्व।

हरताई—सज्ञा स्त्री० [सं० हर + हि० ताई (प्रत्य०)] शिवत्व। हरत्व। महादेवत्व। उ०—अब याकै बल करउँ लराई। हरउँ छनक मैं हर हरताई।—नद० ग्र०, पृ० १२२।

हरता धरता—सज्ञा पुं० [सं० हर्त्ता + धर्त्ता (वैदिक)] १ रक्षा और नाश दोनो करनेवाला। वह जिसके हाथ मे बनाना बिगाडना या रखना मारना दोनो हो। सब अधिकार रखनेवाला स्वामी। २ सब बात का अधिकार रखनेवाला। सब कुछ करने की शक्ति या अधिकार रखनेवाला। पूर्ण अधिकारी। जैसे,—आजकल वही उनकी सारी जायदाद के हरता धरता हो रहे है।

हरतार¹—सज्ञा स्त्री० [स० हरिताल] दे० 'हरताल'। उ०—का हरतार पार नहि पावा। गधक काहे कुरकुटा खावा।—जायसी (शब्द०)।

हरतार(ब्र)[१]—वि० [स० हर्तृ (>हर्ता) का बहुवचन हर्तार] दे० 'हर्ता'। उ०—भावी हरतार करतार प्रभु लेखियै।—हम्मीर०, पृ० ६४।

यौ०—हरतार करतार=जो हर्ता और कर्ता हो।

हरताल—संज्ञा स्त्री० [स० हरिताल] एक खनिज पदार्थ जिसमे सौ मे ६१ भाग सखिया और ३९ भाग गधक का रहता है।

विशेष—यह खनिज पदार्थ एक उपधातु है जो खानो मे रोडो के रूप मे स्वाभाविक मिलता है और बनाया भी जा सकता है। यह पीले रग का और चमकीला होता है। इसमे गधक और सखिया दोनो के सम्मिलित गुण होते हैं। वैद्य लोग इसको शोधकर गलित कुष्ट, वातरक्त आदि रोगो मे देते हैं जिससे घाव भर जाते है। आयुर्वेद मे हरताल की गणना उपधातुओ मे है। इसमे स्याही या रग उडाने का गुण होता है, इससे पुराने समय मे पोथी लिखनेवाले किसी शब्द या अक्षर को उडाने के स्थान पर उसपर घुली हुई हरताल लगा देते थे जिससे कुछ दिनो मे अक्षर उड जाते थे। रँगाई मे भी इसका व्यवहार होता है और छीट छापनेवाले भी अपनी प्रक्रिया मे इसका व्यवहार करते है।

पर्या०—पिंजर। ताल। गोदत। विडालक। चित्रगध।

मुहा०—(किसी बात पर) हरताल लगाना या फेरना=नष्ट करना। किया न किया बराबर करना। रद्द करना। जैसे,—तुमने तो मेरे सब कामो पर हरताल फेर दी।

हरतालो[१]—वि० [हिं० हरताल+ई] हरताल के रग का।

हरतालो[२]—संज्ञा पुं० एक प्रकार का पीला या गधकी रग।

हरतालेश्वर—संज्ञा पुं० [स०] एक रसौषध जो हरताल के योग से बनती है।

विशेष—पहले पुनर्नवा (गदहपूरना) के रस से हरताल को खरल करके टिकिया बनाते है। फिर उस टिकिया को पुनर्नवा की राख मे रखकर मिट्टी के बरतन मे डाल मद आँच पर चढा देते हैं। इस प्रकार पाँच दिन तक वह टिकिया पकत है, फिर ठढी करके रख ली जाती है। इस भस्म की एक रत्ती गिलोय के काढे के साथ सेवन करने से वातरक्त, अठारह कार के कुष्ठ, फिरग वात, विसर्प और फोडे आराम हो जाते है।

हरतेज—संज्ञा पुं० [स० हरतेजस्] पारा। पारद।

विशेष—पुराणो और वैद्यक मे यह शिव का वीर्य कहा गया है। विशेष विवरण के लिये दे० 'पारा'।

हरद(ब्र)—संज्ञा स्त्री० [स० हरिद्रा] दे० 'हल्दी'। उ०—कनक कलस तोरन मनि जाला। हरद दूब, दधि, अच्छत माला।—तुलसी (शब्द०)।

हरदग्धमूर्ति—संज्ञा पुं० [स०] कामदेव का नाम जिसको शिव जी ने भस्म कर दिया था (को०)।

हरदा—संज्ञा पुं० [सं० हरिद्रा] फसल मे लगनेवाले कीटाणुओ का समूह। फसल का एक रोग। गेरुई।

विशेष—यह पीले या गेरुए रग की बुकनी रूप मे फसल की पत्तियो पर जम जाता है और उसे बडी हानि पहुँचाता है। इसे गेरुई भी कहते हैं।

मुहा०—हरदा बैंगनी होना=लाल पीला होना। उ०—तुम तो हरदा बैंगनी हो। तुम्हारे मुँह कौन लगे।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १७।

हरदिया†[१]—वि० [पू०हिं० हरदी] हल्दी के रग का। पीला।

हरदिया[२]—संज्ञा पुं० पीले रग का घोडा।

हरदिया देव(ब्र)—संज्ञा पुं० [सं० हरदत्त+देव] दे० 'हरदौल'।

हरदी†—संज्ञा स्त्री० [सं० हरिद्रा] दे० 'हल्दी'।

हरदू—संज्ञा पुं० [देश०] एक बडा पेड जो हिमालय मे जमुना के पूर्व तीन हजार फुट तक के ऊँचे लेकिन तर स्थानो मे होता है।

विशेष—इस वृक्ष की छाल अगुल भर मोटी बहुत मुलायम, खुरदुरी और सफेद होती है। भीतर की लकडी बहुत मजबूत और पीले रग की होती है और साफ करने से बहुत चमकती है। इससे खेती के और सजावट के सामान, बदूक के कुदे, कघियाँ और नावें बनती हैं।

हरदौल—संज्ञा सं० [स० हरदत्त] ओडछा के राजा जुझारसिह (सन् १६२६-३५ ई०) के छोटे भाई।

विशेष—ये बडे सच्चे और भ्रातृभक्त थे। एक बार जब महाराज जुझारसिह दिल्ली के बादशाह के काम से गए थे, तब वे राज्य का प्रबध अपने छोटे भाई हरदत्तसिह या हरदौल सिह के उपर छोड गए थे। इनके सुशासन मे बेईमानो की नही चलने पाई थी। इससे जब महाराज जुझारसिह लौटकर आए, तब उन सब ने मिलकर राजा को यह सुझाया कि हरदौल के साथ महारानी (उनकी भावज) का अनुचित सबध है। महारानी अपने देवर को बहुत प्यार करती थी और हरदत्त भी उन्हें अपनी माता के समान मानते थे। राजा ने अपने सदेह की बात रानी से कही, और यह भी कहा कि हम तुम्हें सच्ची तभी मान सकते हैं जब तुम अपने हाथ से हरदौल को विष दो। रानी ने अपने सतीत्व की मर्यादा के विचार से स्वीकार किया और हरदौल को विषमिश्रित मिठाई खिलाने को बुलाया। हरदौल के आने पर रानी ने सब व्यवस्था कही। सुनते ही हरदौल ने कहा कि माता तुम्हारे सतीत्व की मर्यादा की रक्षा के लिये मैं सहर्ष इसे खाऊँगा। इतना कहकर वे भावज के हाथ से मिठाई लेकर झट से खा गए और थोडी देर मे परलोक सिधारे। इस घटना का प्रजा पर बडा प्रभाव पडा और सब लोग हरदौल की देवता के समान पूजा करने लगे। धीरे धीरे इनकी पूजा का प्रचार बहुत बढा और सारे बुदेलखड मे ही नही बल्कि सयुक्त प्रात (उत्तर प्रदेश) और पजाब तक ये पुजने लगे। इनकी चौरी या वेदी स्थान स्थान पर बनी मिलती हैं और बहुत से घरानो मे ये कुलदेवता के रूप मे पूज्य माने जाते हैं। इन्हें हरदिया देव भी कहते हैं।

हरद्वान(पु)—सज्ञा सं० [देश०] एक स्थान का नाम जहाँ की तलवार प्रसिद्ध थी।

हरद्वानी(पु)—वि० [हिं० हरद्वान + ई] हरद्वान का बना हुआ। उ०—हाथन्ह गहे खडग हरद्वानी। चमकहि सेल बोजु कै बानी।—जायसी (शब्द०)।

हरद्वार—सज्ञा पुं० [स० हरिद्वार] दे० 'हरिद्वार'।

हरनछि, हरनछ्छि(पु)—वि० [सं० हरिणाक्षी] हरिणाक्षी। मृगनैनी। उ०—हरि मागहि हरनछ्छि, करहि तलपत्त पत्त धर। पृ० रा०, २।३०८।

हरनर्तक—सज्ञा पुं० [सं०] एक छद का नाम।

हरना[1]—क्रि० स० [स० हरण] १ जिसकी वस्तु हो, उसकी इच्छा के विरुद्ध ले लेना। छीनना, लूटना या चुराना। २ दूर करना। हटाना। न रहने देना। ३ मिटाना। नाश करना। जैसे,—दु ख या पीडा हरना, सकट हरना। उ०—मेरी भव बाधा हरौ राधा नागरि सोइ।—बिहारी (शब्द०)। ४ ले जाना। उठाकर ले जाना। वहन करना। ५ अपनी ओर आकर्षित करना। खीचना।

मुहा०—मन हरना = मन खीचना। किसी के मन को अपनी ओर आकर्षित करना। मोहित करना। लुभाना। उ०—हरि दिखराय मोहनी मूरति मन हरि लियो हमारो।—सूर। (शब्द०)। प्राण हरना = (१) मार डालना। (२) बहुत सताप या दु ख देना। उ०—मिलत एक दारुन दुख देही। बिछुरत एक प्रान हरि लेही।—तुलसी (शब्द०)।

हरना[2]—क्रि० अ० [हिं० हारना] १ जुए आदि मे हारना। २ पराजित होना। परास्त होना। ३ थकना। शिथिल होना। हिम्मत हारना।

हरना(पु)[3]—सज्ञा पुं० [स० हरिण] दे० 'हिरन'।

हरनाकस(पु)—सज्ञा पुं० [स० हिरण्यकशिपु] दे० 'हिरण्यकशिपु'। उ०—हरनाकस औ कस को गयो दुहुन को राज।—गिरिधर (शब्द०)।

हरनाच्छ(पु)†—सज्ञा पुं० [स० हिरण्याक्ष] दे० 'हिरण्याक्ष'।

हरनी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरिन + ई (प्रत्य०)] हिरन की मादा। मृगी।

हरनी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हड + नी (प्रत्य०)] कपडो मे हड (हर्रा) का रग देने की क्रिया।

हरनेत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिव के नेत्र। शकर का नेत्र। २ तीन की सख्या का वाचक शब्द [को०]।

हरनौटा—सज्ञा पु० [हिं० हिरन + औटा (प्रत्य०)] हिरन का बच्चा। छोटा हिरन।

हरपरेवरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हर, हल + परना (= पडना) + री (प्रत्य०)] किसानो की औरतो का एक टोटका जो वे पानी न बरसने पर करती हैं।

हरपा†—सज्ञा पु० [देश०] १ सुनारो का तराजू रखने का डिब्बा। २ सिदूर रखने की डिबिया। सिंधोरा।

हरपारेउरी—सज्ञा स्त्री० [स० हरिपर्वरी] दे० 'हरफारेवडी'। उ०—लागि सोहाई हरपारेउरी। ओनइ रही केरन्ह की घउरी। —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १४३।

हरपुजी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हर, हल + पूजा] कार्तिक मे हल का पूजन जो किसान करते है।

विशेष—किसान लोग इस पूजन मे उत्सव करते और मिठाई आदि बाँटते है।

हरप्रिय—सज्ञा पुं० [स०] करवीर। कनेर।

हरफ[1]—सज्ञा पुं० [अ० हरफ, हर्फ] मनुष्य के मुँह से निकलनेवाली ध्वनियो के सकेत जिनका व्यवहार लिखने मे होता है। अक्षर। वर्ण। उ०—सोहत अलक कपोत पर बढ छवि सिंधु अथाह। मनौ पारसी हरफ इक लसत आरसी माह।—स० सप्तक, पृ० २४६। २. शब्द। बात (को०)। ३ दोष। बुराई। ऐब (को०)। ४ व्याकरण मे अव्यय। प्रत्यय (को०)।

मुहा०—किसी पर हरफ आना = दोष लगना। कसूर लगना। जैसे,—तुम बेफिक्र रहो, तुम पर जरा भी हरफ न आवेगा। हरफ उठाना = अक्षर पहचानकर पढ लेना। जैसे,—अब तो बच्चा हरफ उठा लेता है। हरफ पकडना = (१) किसी की त्रुटि पकडना। गलती पकडना। (२) बोलने मे टोकना। हरफ बैठाना = छापे के अक्षरो को क्रम से रखना। टाइप जमाना। हरफ बनाना = (१) सुदर अक्षर लिखना। (२) अक्षर लिखने का अभ्यास करना। (३) किसी दस्तावेज मे जाल के लिये फेरफार करना। किसी पर हरफ लाना = दोष देना। इलजाम लगाना। लाछित करना।

हरफगीर—वि० [अ० हर्फ + फा० गीर] १ अक्षर अक्षर का गुण दोष देखनेवाला। बहुत बारीकी से दोप देखने या पकडनेवाला। २ बाल की खाल निकालनेवाला।

हरफगीरी—सज्ञा स्त्री० [अ० हर्फ + फा० गीरी] बहुत बारीकी से गुण दोप देखना। बडी सूक्ष्म परीक्षा। बाल की खाल निकालना।

हरफा—सज्ञा पु० [देश०] कटा चारा या भूसा रखने का घर जो लकडी के घेरे से बनाया जाता है।

हरफारेवडी—सज्ञा स्त्री० [सं० हरिपर्वरी] १ कमरख की जाति का एक पेड। लवली।

विशेष—इसमे आँवलो के से छोटे छोटे फल लगते है जो खाने मे कुछ खटमीठे होते है।

२ उक्त पेड का फल जो खाया जाता है।

हरफारचोरी(पु)—सज्ञा स्त्री० [म० हरिपर्वरी] दे० 'हरफारेवडी'। उ०—लागी सोहाई हरफारचोरी। उनै रही केरा कै घौरी।—जायसी ग्र०, पृ० १३।

हरबर†[1]—सज्ञा पुं० [अनु०] दे० 'हडबड', 'हडबडी'।

हरबर[2]—क्रि० वि० हडबडी या उतावली से।

हरबरा(पु)—वि० [हिं०] उतावला उ०—तहँ युद्ध को मे हरबरे।—हिम्मत०, पृ० २।

हरबराना(पु)†—क्रि० अ० [हिं० हरबर] दे० 'हड़बड़ाना'।

हरबरिया†—वि० [हिं० हरबर] उतावला।

हरबरी(पु)—संज्ञा स्त्री०, पुं० [हिं० हरबर+ई (प्रत्य०)] दे० 'हड़बड़ी'। उ०—गाढ़ी चोप चुहल की हिय में हरबरी।—घनानंद, पृ० १६।

हरबल[1]—संज्ञा पुं० [अ० हरावल] दे० 'हरावल'। उ०—चढ़ि चले साह हरबल सभीर।—ह० रासो, पृ० ७०।

हरबल(पु)[2]—संज्ञा पुं० [हिं० हरबर] दे० 'हरबर'। उ०—गर्व गुमान महत कहावे, भक्ति करन को हरबल धाए।—कबीर सा०, भा० ३, पृ० २६२।

हरबा—संज्ञा पुं० [अ० हरबह्] अस्त्र। हथियार।

यौ०—हरबा हथियार।

२ पुरुषेंद्रिय। लिंग। (बाजारू)।

हरबासर(पु)—संज्ञा पुं० [सं० हरि अथवा हर (=विष्णु या शिव 'रुद्र') + वासर (=तिथि)] एकादशी। उ०—हरबासर दिन पहुँतो छड़ आय। चंद्र वदन घन लागइ छै पाय।—बी० रासो, पृ० ५१।

विशेष—संस्कृत में हरिवासर शब्द का प्रयोग एकादशी के लिये हुआ है, अथवा हर का अर्थ शिव या रुद्र है। रुद्र ग्यारह माने गए हैं अतः हर का अर्थ ग्यारह होगा और वासर का अर्थ दिन या तिथि इस प्रकार 'हरवासर' का अर्थ ग्यारहवाँ दिन या एकादशी है।

हरबीज—संज्ञा पुं० [सं०] पारा। पारद।

हरबोंग[1]—वि० [हिं० हर (=हल)+बोंग (=बगड़, लठ)] १ गँवार। लट्ठमार। अक्खड़। २ मूर्ख। जड़।

हरबोंग[2]—संज्ञा पुं० १ अंधेर। कुशासन। गड़बड़ी। २ उपद्रव। उत्पात। ३ अव्यवस्था। बदअमली। गड़बड़ी। उ०—किसी ने मोहनभोग का थाल उठाया किसी ने फलों का, कोई पंचामृत बाँटने लगा। हरबोंग सा मच गया।—काया०, पृ० १३८।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

हरभूली—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का धतूरा जिसके बीज फारस से बंबई में आते और बिकते हैं।

हरम[1]—संज्ञा पुं० [अ०। तुल० सं० हर्म्य] १ अंत पुर। जनानखाना। २ काबा। मसजिद (को०)। ३ मक्के के आस पास का क्षेत्र जहाँ जीवहत्या महापाप है (को०)। ४ गुंबद। गुंबज (को०)।

यौ०—हरमखाना, हरमगाह=दे० 'हरमसरा'। हरमसरा=अंत पुर। जनानखाना।

हरम[2]—संज्ञा स्त्री० १ जनानखाने में दाखिल की हुई स्त्री। सुताही। रखेली स्त्री। २ दासी। ३ स्त्री। बेगम। ४ प्राचीन कोठी। पुरानी इमारत (को०)। ५ वृद्धावस्था। जरा। बुढ़ापा (को०)।

हरमल—संज्ञा पुं० [देश०] डेढ़ दो हाथ ऊँची एक प्रकार की झाड़ी।

विशेष—यह झाड़ी सिंध, पंजाब, काश्मीर और दक्षिण भारत में बहुतायत से पाई जाती है। इसकी पत्तियाँ ओषधि के रूप में काम आती हैं और उसके बीजों से एक प्रकार का लाल रंग निकलता है।

हरमजदगी—संज्ञा स्त्री० [फा० हरामजादगी] शरारत। नटखटी। बदमाशी।

हरमुखी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वृक्ष। दे० 'हलमुखी'।

हरयाल, हरयाला(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं०] हरियाली। हरीतिमा।

हरये(पु)—अव्य० [हिं०] दे० 'हरषे'।

हरवल[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० हर+ओल (प्रत्य०)] वह रुपया जो हलवाहों को बिना ब्याज के पेशगी या उधार दिया जाता है।

हरवल(पु)[2]—संज्ञा पुं० [तु० हरावल] दे० 'हरावल'।

हरवली—संज्ञा स्त्री० [तु० हरावल] सेना की अध्यक्षता। फौज की अफसरी। उ०—जो नहिं देतौ अपनी हद्दैं दुरन हरवली आय। मन मवास जे सुतिन के को सर करतो जाय।—रघुनिधि (शब्द०)।

हरवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] १ संगीत दामोदर के अनुसार ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक का नाम। २ श्वेत धतूरा का पुष्प या फल जो शिव को प्रिय है (को०)।

हरवा†[1]—संज्ञा पुं० [सं० हार+हिं० वा (प्रत्य०)] दे० 'हार'। उ०—चंपा हरवा अँग मिलि अधिक सुहाइ। जानि परै सिय हियरे जब कुँभिलाइ।—तुलसी (शब्द०)।

हरवा(पु)[2]—वि० [सं० लघुक] दे० 'हलका'। उ०—(क) सुंदर सोन गहे रहै जानि सकै नहिं कोइ। जिन बोलैं गुरवा कहैं बोलैं हरवा होइ।—सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ७३५। (ख) नैकहि में हरवो होइ जात, जिनै अघ बिद ज्यों जोग जती को।—सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ४७५।

हरवाइ(पु)—वि० [हिं० हरवा] शीघ्रतापूर्वक। उ०—हरवाइ जाय सिय पाइँ परी। ऋषिनारि मूँघि सिर गोद धरी।—राम च०, पृ० ६५।

हरवाना—क्रि० अ० [हिं० हड़बड़] जल्दी करना। शीघ्रता करना। उतावली करना। हड़बड़ी मचाना।

हरवाल—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जिसे 'मुरारी' भी कहते हैं।

हरवाह†—संज्ञा पुं० [सं० हर, हल+वाह] दे० 'हरवाहा'।

हरवाहन—संज्ञा पुं० [सं०] शिव का वाहन। शिव की सवारी। वृषभ। बैल।

हरवाहा—संज्ञा पुं० [हिं० हर, हल+सं० वाह] हल चलानेवाला मजदूर या नौकर। हलवाहा। उ०—मन के बैल सुरत हरवाहा।—कबीर० श०, भा० २, पृ० २४।

हरवाही—संज्ञा स्त्री० [हिं० हरवाह+ई (प्रत्य०)] १ हलवाहे का काम। २ हलवाहे की मजदूरी।

हरशंकरी—संज्ञा स्त्री० [सं० हरशङ्कर] पीपल और पाकर (पक्कड़) के एक साथ लगे हुए पेड़ जो बहुत पवित्र माने जाते हैं।

हरशृंगारा—संज्ञा स्त्री० [सं० हरशृङ्गारा] संगीत शास्त्र में एक रागिनी का नाम (को०)।

हरशेखरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा जो शिव के सिर पर रहती हैं।

हरष(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० हर्ष] दे० 'हर्ष'।

हरषना(पु)[1]—क्रि० अ० [सं० हर्ष, हिं० हरष+ना (प्रत्य०)] १ हर्षित होना। प्रसन्न होना। खुश होना। उ०—हरषे पुर नरनारि सब मिटा मोहमय सूल।—तुलसी (शब्द०)। २ पुलकित होना। रोमांच से प्रफुल्ल होना। उ०—नाइ चरन सिर मुनि चले पुनि पुनि हरषत गात।—तुलसी (शब्द०)।

हरषना(पु)[2]—क्रि० स० [हिं० हरषाना] हर्षित करना। उ०—अपनी जीवन जग मैं करषै। दुख करषै, सब जतुन हरषै।—नंद० ग्र०, पृ० ३०५।

हरषाना(पु)[1]—क्रि० अ० [सं० हर्ष, हिं० हरष+आना (प्रत्य०)] हर्षित होना। प्रसन्न होना। खुश होना। उ०—जे पर भनित सुनत हरषाही।—तुलसी (शब्द०)। २ पुलकित होना। रोमांच से प्रफुल्ल होना।

हरषाना[2]—क्रि० स० हर्षित करना। प्रसन्न करना।

हरषित(पु)—वि० [सं० हर्षित] दे० 'हर्षित'।

हरसख—संज्ञा पुं० [सं०] कुबेर का एक नाम [को०]।

हरसना(पु)—क्रि० अ० [सं० हर्षण] प्रसन्न होना। दे० 'हरषना'। उ०—सहन सोरभ स समीरण पर सहस्रो किरण हरसो।—अर्चना, पृ० १६।

हरसाना(पु)—क्रि० स० [हिं० हरसना] दे० 'हरषाना'। उ०—ही मैं धारे श्याम रंग हो को हरसाव जग।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १६८।

हरसिंगार—संज्ञा पुं० [सं० हार+शृंगार] मझोले कद का एक पेड़ और उसका पुष्प इसे परजाता भी कहते हैं।

विशेष—इसकी पत्तियाँ चार पाँच अंगुल लंबी, तीन-चार अंगुल चौड़ी और किनारों पर कुछ कटावदार होती हैं। पतली नाल कुछ दूर तक निकली होती है। यह पेड़ फूलों के लिये बगीचों में लगाया जाता है और हिमालय पर्वत के कई स्थानों पर जंगली होता है। यह शरद् ऋतु में कुआर से अगहन तक फूलता है। फूल में छोटे छोटे पाँच दल और नारंगी रंग की लंबी पतली डाँडी होती है। फूल पेड़ में बहुत काल तक लगे नहीं रहते, बराबर झड़ा करते हैं। डाँडियों को लोग पीला रंग निकालने के लिये सुखाकर रखते हैं। इसकी पत्ती ज्वर की बहुत अच्छी औषधि समझी जाती है।

हरसूनु—संज्ञा पुं० [सं०] १ स्कंद का एक नाम। कार्तिकेय। २ गणपति। गणेश [को०]।

हरसौंधा†—संज्ञा पुं० [हिं० हरिस] कोल्हू में वह स्थान या पाटा जिसपर बैठकर बैल हाँके जाते हैं।

हरहस(पु)—संज्ञा पुं० [सं० हर+हस] सूर्य। उ०—हुवै जेम हरहस सूं वासर कमल विकास।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ५२।

हरहट†—वि० [हिं० हरकना] नटखट (बैल) जो बार बार खेत चरने दौड़े या इधर उधर भागता फिरे (चौपाया)। हरहाई। जैसे,—हरहट गैया।

हरहर[1]—संज्ञा स्त्री० [अनुध्व०] १ पानी एवं हवा के तीव्र वेग से बहने की ध्वनि। उ०—नीचे प्लावन का प्रलय धार ध्वान हरहर।—तुलसी०, पृ० ४। २ जोरों से हँसने की ध्वनि। उ०—(क) प्रभु जी की प्रभुताई, इंद्र हू की जडताई, मुनि हँसै हेरि हेरि हरि हँसै हरहर।—नंद० ग्र०, पृ० ३६२। (ख) नंद कुँवर तब हरहर हँसै। हँसत जु रदन वदन में लसे।—नंद० ग्र०, पृ० ३०१। (ग) काम कुटिलता ही कहि गावैं हरहर हाँसा।—रै० बानी, पृ० १२।

हरहराट(पु)†—संज्ञा पुं० [अनु०] थरथराहट। कंपन।

हरहराना—क्रि० अ० [अनुध्व०] नदियों का हरहर शब्द करते हुए द्रुत गति से बहना। उ०—नदियाँ बाढ़ की बाढ़ पर आ खसी खास्णक (घासपात) बहातो हरहराता चहरैं फेकती।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १२।

हरहा†[1]—वि० [हिं० हरकना] नटखट। दे० 'हरहट'।

हरहा[2]—संज्ञा पुं० हर में न नधनेवाले बैल। उ०—धीरे धीरे चल दी, सारी दुनियाँ छल दी, पीछे भाई के हरहो के डगले।—आराधना, पृ० ८०।

हरहा[3]—संज्ञा पुं० [देश०] भेड़िया। वृक।

हरहाई(पु)[1]—वि० स्त्री० [हिं हरहा] नटखट (गाय) जो बार बार खेत चरने दौड़े या इधर उधर भागती फिरे। हरहट। उ०—जिमि कपिलहि घालै हरहाई।—तुलसी (शब्द०)।

हरहाई[2]—संज्ञा पुं० खूँटे से अपने को छुड़ाकर या राह चलते लोगों के खेत खलिहान चर डालनेवाली आदत या स्वभाव। नटखटी। नटखट होने का भाव। उ०—ज्यों पशु हरहाई करहिं पेत बिराने खाहिं।—सुंदर० ग्र०, भा० १, पृ० १६९।

हरहार—संज्ञा पुं० [सं०] १ शिव का हार, सर्प। उ०—हठि हित करि प्रीतम हियो कियो जू सौति सिंगार। अपने कर मोतिन गुह्यो भयो हरा हरहार।—बिहारी (शब्द०)। २ शेषनाग।

हरहारा(पु)†—संज्ञा पुं० [हिं० हर+हार (वाला)] हलधर। कृषक। किसान। उ०—राजे, आयौ ऐ जेठ असाढ, हरहारे ने हरु रे सम्हारिए।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६१९।

हरहोरवा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

हराँस†—संज्ञा पुं० [अ० हर (=गरम होना)+सं० अंश] १ मंद ज्वर। हरारत। २ शैथिल्य। थकान। थकावट।

हरा[1]—वि० [सं० हरित, प्रा० हरिअ] [वि० स्त्री० हरी] १ घास या पत्ती के रंग का। हरित। सब्ज। जैसे,—हरा कपड़ा, हरी पत्ती।

यौ०—हरामन। हराभरा=(१) हरीतिमा या हरियाली से भरा हुआ। (२) सद्य प्रसूत। ताजा। टटका। (३) खिला हुआ। प्रसन्न। प्रफुल्ल। विकसित। जैसे—हरा भरा चेहरा।

२ प्रफुल्ल। प्रसन्न। ताजा। जैसे,—(क) नहाने से जी हरा हो गया। (ख) माँ बेटे को देख हरी हो गई। (ग) हरा भरा चेहरा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

३. जो मुरझाया न हो। सजीव। ताजा। जैसे,—पानी देने से पौधे हरे हो गए। ४. (घाव) जो सूखा या भरा न हो। जैसे—

घाव लगने से घाव फिर हरा हो गया। ५ दाना या फल जो पका न हो। जैसे—हरा दाना, हरे अमरूद, हरे बूट।

मुहा०—हरा करना = तरो ताजा करना। खुश कर देना। हरा दिखाई पड़ना या सूझना = झूठी आशा करना। व्यर्थ की कल्पना करना। हरा बाग = केवल अभी लुभानेवाली पर पीछे कुछ न ठहरनेवाली बात। व्यर्थ आशा बँधानेवाली बात। हरा भरा = (१) जो हरे पेड़ पौधों और घास आदि से भरा हो। (२) जो बाल बच्चों से भरी पूरी हो। जिसकी गोद में शिशु किलकते हों। जैसे,—तेरी गोद हरी भरी रहे। हरे में आँखे होना या फूलना = हरियाली सूझना। मन बढ़ा रहना और आगम का ध्यान न रहना।

हरा[३]—संज्ञा पुं० १ घास या पत्ती का सा रंग। हरित वर्ण। जैसे,—नीला और पीला मिलाने से हरा बन जाता है। २ चौपायों को खिलाने का ताजा चारा।

हरा[४]†—संज्ञा पुं० [सं० हार] हार। माला। उ०—(क) अपने कर मोतिन गुह्यो भयो हरा हरहार।—बिहारी (शब्द०)। (ख) कुच दुदन को पहिराय हरा मुख सोंधो सुरा महकावति है—श्रीधर पाठक (शब्द०)।

हरा[५]—संज्ञा स्त्री० [सं०] हर या महादेव की स्त्री पार्वती।

हरा[६]—संज्ञा पुं० [सं० हरित] हरे रंग का घोड़ा। सब्जा। उ०—हरे कुरंग महुअ बहु भाँती। गरर कोकाह बुलाह सुपाँती।—जायसी (शब्द०)।

हराई†[१]—संज्ञा स्त्री० [हि० हर, हल] खेत का उतना भाग जितना एक हल के चक्कर में जुत जाता है। बाह। जैसे—चार हराई हो गई।

मुहा०—हराई फाँदना = जुताई की कूँड शुरू करना।

हराई[२]—संज्ञा स्त्री० [हि० हारना] हारने की क्रिया या भाव। हार।

हराद्रि—संज्ञा पुं० [सं०] कैलास पर्वत। हरगिरि [को०]।

हरानंद—संज्ञा पुं० [सं०] रावण का एक नाम।

हराना—क्रि० स० [हि० हारना, या हरना] युद्ध में प्रतिद्वंद्वी को हटाना। मारना या बेकाम करना। परास्त करना। पराजित करना। शिकस्त देना। जैसे,—लड़ाई में हराना। २ शत्रु को विफलमनोरथ करना। दुश्मन को नाकामयाब करना। ३ प्रयत्न में शिथिल करना। और अधिक श्रम के योग्य न रखना। थकाना।

संयो० क्रि०—देना।

हरापन—संज्ञा सं० [हि० हरा + पन (प्रत्य०)] हरे होने का भाव। हरितता। सब्जी।

हराम[१]—वि० [अ०] निषिद्ध। विधिविरुद्ध। बुरा। अनुचित। दूषित। जैसे,—मुसलमानों के लिये सूद खाना हराम है। उ०—खात है हराम दाम करत हराम काम घट घट तिनही के अपयश छानेंगे।—अकबरी०, पृ० ३२।

हराम[२]—संज्ञा पुं० १ वह वस्तु या बात जिसका धर्मशास्त्र में निषेध हो। वर्जित बात या वस्तु। २ सूकर। सूअर जिसके छूने खाने आदि का इसलाम में निषेध है। उ०—आँधरो, अधम, जड़ जाजरो जरा जवन, सूकर के सावक डरा टकेयो मग में। गिरो हिये हहरि हराम हो हराम हन्यो हाय हाय करत परीगो काल फेंग में।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—(कोई बात) हराम करना = किसी बात का करना मुश्किल कर देना। ऐसा करना कि कोई काम आराम से न कर सके। जैसे,—तुमने तो काम के मारे खाना पीना हराम कर दिया। (कोई बात) हराम होना = किसी बात का करना मुश्किल हो जाना। कोई बात न करने पाना। जैसे—रात भर इतना शोर हुआ कि नींद हराम हो गई।

३ बेईमानी। अधर्म। बुराई। पाप। जैसे,—(क) हराम का रुपया हम नहीं लेते। (ख) हराम की छूना बुरा है। (ग) हराम की कमाई खाते शर्म नहीं आती।

मुहा०—हराम का या हराम का खाना = (१) जो बेईमानी से प्राप्त हो। जो पाप या अधर्म से कमाया गया हो। जैसे—हराम का माल उड़ाते शर्म नहीं आती। (२) मुफ्त का। जो बिना मिहनत का या काम के मिले। जैसे—पड़े पड़े हराम का खाओ। हरामघाट उतारना = किसी को बुराई की राह पर ले जाना।—अपनी०, पृ० ८६। हराम का माल या कमाई = दे० 'हराम का' और 'हराम'—३।

यौ०—हरामखोर।

४ स्त्री पुरुष का अनुचित संबंध। व्यभिचार। जैसे,—हराम का लड़का।

यौ०—हरामजादा।

मुहा०—हराम का जना, पिल्ला या बच्चा = (१) दोगला। वर्णसंकर। (२) दुष्ट। पाजी। बदमाश। (गाली)। हराम का पेट = व्यभिचार से रहा हुआ गर्भ।

हरामकार—संज्ञा पुं० [अ० + फा०] १ निषिद्ध कर्म करनेवाला। बुरे काम करनेवाला। २ व्यभिचारी। पर-स्त्री-लंपट।

हरामकारी—संज्ञा स्त्री० [अ० + फा०] निषिद्ध कर्म। पाप। बुराई। २ व्यभिचार। पर-स्त्री-गमन।

हरामखोर—वि०, संज्ञा पु० [अ० + फा०] १ पाप की कमाई खानेवाला। अनुचित रूप से धन पैदा करनेवाला। २ बिना मिहनत मजदूरी किए यों ही किसी का धन लेनेवाला। मुफ्तखोर। ३ अपना काम न करनेवाला। आलसी। निकम्मा।

हरामखोरी—संज्ञा स्त्री० [अ० + फा० + ई (प्रत्य०)] १ मुफ्त का माल खाने की प्रवृत्ति। मुफ्तखोरी। २ घूस खाना या लेना। घूसखोरी। ३ नमकहराम का काम। नमकहरामी [को०]।

हरामजदगी—संज्ञा स्त्री० [फा० हरामजदगी] १ दोगलापन। २ धूर्तता।

हरामजादा—संज्ञा पुं० [अ० हराम + फा० जादा] [संज्ञा स्त्री० हरामजादी] १ व्यभिचार से उत्पन्न पुरुष। दोगला। वर्णसंकर। २ दुष्ट। पाजी। बदमाश। खल। (गाली)। उ०—भकुआ

भरकी अरु हिलसी हरामजादे लावर दगैल स्यार आँखिन दिखाए तैं ।—ठाकुर०, पृ० २७ ।

हरामी—वि०[अ० हराम + ई (प्रत्य०)] १ व्यभिचार से उत्पन्न । २ दुष्ट । पाजी । नटखट । (गाली) । उ०—हिंदू हरामी की कहूँ । कुफरान बुत पूजै नकल ।—तुरसी० श०, पृ० २७ ।

यौ०—हरामी का पिल्ला या बच्चा = दे० हराम का जना, पिल्ला या बच्चा ।

हरामुद्दालह—वि० [अ० हरामुद्दहर] अत्यत या शरारती दुष्ट । बहुत पाजी । (गाली) ।

हरारत सज्ञा स्त्री० [अ०] १ गर्मी । ताप । जोश । २ हलका ज्वर । ज्वराश । मद ज्वर ।

हरावर(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [दि० हडावर] दे० 'हडावरि' ।

हरावर[2]—सज्ञा पु० [तु० हरावल] दे० 'हरावल' ।

हरावरि(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाड] दे० 'हडावरि' ।

हरावरि[2]—सज्ञा पुं० [तु० हरावल] दे० 'हरावल' ।

हरावल—सज्ञा पु० [तु०] १ सेना का अगला भाग । सिपाहियो का वह दल जो फौज मे सबके आगे रहता है । उ०—ज्ञान निस्सान को चढै बजाय कै, हरावल छमा घर घाट चीन्हा ।—पलटू०, भा० २, पृ० १४ । २ ठगो या डाकुओ का सरदार जो आगे चलता है ।

हरास—सज्ञा पुं० [फा० हिरास] १ भय । डर । २ आशका । खटका । अदेशा । उ०—अतहु उचित नृपहिं बनबासू । बय बिलोकि हिय होइ हरासू । —तुलसी (शब्द०) । ३ विषाद । दुख । रज । उ०—राज सुनाइ दीन्ह बनबासू । सुनि मन भएउ न हरष हरासू ।—तुलसी (शब्द०) । ४ नैराश्य । नाउम्मेदी ।

हराहर(पु)[1]—सज्ञा पुं० [स० हलाहल] दे० 'हलाहल' ।

हराहर(पु)[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरना] छीना झपटी । उ०—दिन होरी खेल की हराहर भरयौ हो सु तौ, भाग जागैं सोयौ निधरक नैन ढाँपि कै ।—घनानद, पृ० २१० ।

हराहरि—सज्ञा स्त्री० [अ० हरारत] क्लाति । थकावट । शैथिल्य । उ०—कछु मेरे तवै परिरभन सो सुठि अग हराहरि खोइ गई ।—उत्तर०, पृ० १३ ।

हरि[1]—वि०[सं०]१ पिंगल (वर्ण) । भूरा या बादामी । २ पीला । ३ हरे रग का । हरा । हरित् । ४ हरीतिमायुक्त पीला । ५ वहन करनेवाला । ढोने या ले जानेवाला (को०) ।

हरि[1]—सज्ञा पु० १ विष्णु । भगवान् । २ इद्र । ३ घोडा । ४ बदर या वनमानुस । ५ सिंह । ६ सिंह राशि । ७ सूर्य । ८ किरण । ९ चद्रमा । १० गीदड । ११ शुक । सूआ । तोता । १२ मोर । मयूर । १३ कोकिल । कोयल । १४ हस । १५ मेढक । मडूक । १६ सर्प । साँप । १७ अग्नि । आग । १८ वायु । १९ विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण । २० श्रीराम । उ०—हरि हित हरहु चाप गरुआई ।—तुलसी (शब्द०) । २१ शिव । २२ यम । २३ शुक्र । २४ गरुड के एक पुत्र का नाम । २५ एक पर्वत का नाम । २६ एक वर्ष या भूभाग का नाम । २७. अठारह वर्णों का एक छद या वृत्त । उ०—बानर गन बानन सन केशव जबही मुरचो । रावन दुखदावन जगपावन समुहे जुरचो (शब्द०) । २८ बौद्धशास्त्रो मे एक बडी सख्या का नाम । २९ ब्रह्मा का नाम (को०) । ३० मनुष्य। मनुज। मानव (को०) । ३१ भर्तृहरि कवि । ३२ उच्चैश्रवा। इद्र का अश्व (को०) । ३३ पीत वर्ण या हरापन लिए पीला रग (को०) । ३४ एक लोक का नाम (को०) । ३५ तामस मन्वतर के एक देववर्ग का नाम (को०) ।

हरि†[1]—वि० [फा० हर] प्रत्येक । उ०—कहेसि ओहि सँवरौ हरि फेरा । —जायसी ग्र०, पृ० १११ ।

हरि(पु)[2]—अव्य० [हिं० हरुए] धीरे । आहिस्ते । उ०—सूखा हिया हार भा भारी । हरि हरि प्रान तजहि सब नारी—जायसी (शब्द०) ।

यौ०—हरि हरि = धीरे धीरे । शनै शनै ।

हरिअर(पु)†[1]—वि० [स० हरितर अथवा स० हरित् + हिं० र(प्रत्य०)] पेड की पत्ती के रग का । हरा । सब्ज ।

हरिअर[2]—सज्ञा पुं० एक रग का नाम जो पेड की पत्तियो के समान हरा होता है । उ०—अजगव खडेउ ऊख जिमि मुनिहि हरिअरइ सूझ ।—तुलसी (शब्द०) ।

हरिअराना†—क्रि० अ० [हिं० हरिअर से ना० धा०] दे० 'हरिआना' दे० 'हरिआना' ।

हरिअरि(पु)†—क्रि० [हि हरिअर] हरित् वर्ण का । हरा । सब्ज । उ०—हरिअरि भूमि कुसुभी चोला ।—जायसी (शब्द०) ।

हरिअरी(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरिअर + ई (प्रत्य०)] १ हरे रग का विस्तार । २ घास और पेड पौधो का समूह । हरियाली ।

हरिआना†—क्रि० अ० [हिं० हरिअर] १ हरा होना । सब्ज होना । २ मुरझाया न रहना । ताजा होना । ३ शैथिल्य या क्लाति न रहना । थकावट दूर होना । ४ हर्षित होना । खुश होना । प्रसन्न होना ।

सयो० क्रि०—आना ।—उठना ।

हरिआली—सज्ञा स्त्री० [स० हरित् + आलि] १ हरेपन का विस्तार । २ घास और पेड पौधा का फैला हुआ समूह । जैसे,—सडक के दोनो ओर बडी सुदर हरिआली है ।

हरिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ लाल या भूरे रग का घोडा । २ चोर । तस्कर (को०) । ३ जुआडी, जो पासे के साथ हो (को०) ।

हरिकथा—सज्ञा स्त्री० [सं०] भगवान् या उनके विविध अवतारो का चरित्रवर्णन ।

हरिकर्म—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ ।

हरिकात—वि० [स० हरिकान्त] १ जो हरि को प्रिय हो । २ जिसे इद्र चाहते हो । इद्रप्रिय । ३ सिंह की तरह सुदर [को०] ।

हरिकारा†—सज्ञा पु० [फा० हरकारह, हिं० हरकारा] दे० 'हरकारा' । उ०—आवत हरिकारन हूँ को जगदिशि पग थहरत ।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० २७ ।

हरिकीर्तन—सज्ञा पुं० [स०] भगवान् या उनके अवतारो की स्तुति का गान। भगवान् का भजन।

हरिकेलीय—सज्ञा पु० [सं०] वग देश का एक नाम।

हरिकेश[1]—वि० [सं०] भूरे बालोवाला।

हरिकेश[2]—सज्ञा पु० १ सूर्य की सात प्रधान कलाओ मे से एक। २ शिव का एक नाम। ३ सविता का एक नाम। सूय का नाम (को०)। ४ एक यक्ष का नाम जो शिव को प्रसन्न करके गणो का एक नायक हुआ था। दडपाणि। ५ श्यामक नामक यादव का पुत्र जो वसुदव का भतीजा लगता था।

हरिक्राता—सज्ञा स्त्री० [स० हरिक्राता] एक प्रकार की लता। विष्णुक्राता।

हरिक्षेत्र—सज्ञा पुं० [सं०] पटना के पास एक तीर्थ का नाम।

हरिखड(पु)—सज्ञा पुं० [सं० हरि + खण्ड] मयूरपिच्छ। मोरपख।

हरिगध—सज्ञा पुं० [स० हरिगन्ध] पीला चदन।

हरिगण—सज्ञा पु० [स०] अश्वयूथ। घोडो का समूह [को०]।

हरिगिरि—सज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम [को०]

हरिगीता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह मत या सिद्धात जिसे नारायण ने नारद मुनि को बताया था। २ एक वृत्त का नाम। दे० 'हरिगीतिका'।

हरिगीतिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] सोलह और बारह के विराम के अट्ठाइस मात्राओ का एक छद जिसकी पाँचवी, बारहवी, उन्नीसवी और छब्बीसवी मात्रा लघु होनी चाहिए। अत मे लघु गुरु होता है। जैसे—निज दास ज्यो रघुबस भूषन कबहुँ मम सुमिरन करयो।—मानस ७।२।

हरिगृह—सज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु का मदिर। २ एक नगर का नाम जिसे एकचक्र भी कहते है [को०]।

हरिगोपक—सज्ञा पु० [सं०] इद्रगोप। बीरबहूटी [को०]।

हरिचद—सज्ञा पुं० [स० हरिश्चन्द्र] दे० 'हरिश्चन्द्र'।

हरिचदन—सज्ञा पुं० [सं० हरिचन्दन] १ एक प्रकार का चदन। २ स्वर्ग के पाँच वृक्षो मे से एक।

विशेष—स्वग के पाच वृक्षो के नाम इस प्रकार कहे गए हैं—पारिजात, मदार, हरिचदन, सतान और कल्पवृक्ष।

३ कमल का पराग। ४ केसर। ५ चद्रिका। चाँदनी।

हरिचर्म—सज्ञा पुं० [सं०] व्याघ्रचम। बाघबर।

हरिचाप—सज्ञा पुं० [स०] इद्रधनुष।

हरिज—सज्ञा पुं० [सं०] क्षितिज [को०]।

हरिजच्छ(पु)—सज्ञा पुं० [स० हर्यक्ष] सिह। उ०—कठीरव हरि केहरी पुडरीक हरिजच्छ।—अनेकार्थ०, पृ०, ९८।

हरिजटा—सज्ञा स्त्री० [स०] वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक राक्षसी जिसे रावण ने सीता को समझाने के लिये नियत किया था।

हरिजन—सज्ञा पुं० [सं०] १ भगवान् का दास। ईश्वर का भक्त। उ०—धर्मशास्त्र तीरथ हरिजन कर, निंदा करत पुनहु दुख तिनकर।—कबीर सा०, पृ० ४६५। २ अछूत कही जानेवाली जाति का व्यक्ति। निम्नवर्ण का व्यक्ति। शूद्र।

हरिजान(पु)—सज्ञा पुं० [सं० हरियान] दे० 'हरियान'। उ०—सुनु हरिजान ग्यान निधि कहा कछुक कलिधम।—मानस, ७।९७।

हरिण[1]—सज्ञा पुं० [स्त्री० हरिणी] १ मृग। हिरन। २ हिरन की एक जाति।

विशेष—शेष चार जातियो के नाम ये है—ऋष्य, रुरु, पृषत् और मृग।

३ हस। ४ सूय। ५ एक लोक का नाम। ६ विष्णु का एक नाम। ७ शिव का एक नाम। ८ एक नाग का नाम। ९ नकुल। नेवला (को०)। १० शिव के एक गण का नाम। ११ श्वेत वर्ण जो पीलापन लिए हो (को०)।

हरिण[2]—वि० १ भूरे या बादामी रग का। २ पीलापन लिए श्वेत वर्ण का (को०)। ३ किरणो से युक्त। किरणवाला (को०)।

हरिणक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मृग। हिरन। २ छोटा हिरना [को०]।

हरिणकलक—सज्ञा पु० [स० हरिणकलङ्क] चद्रमा। मृगलाछन।

हरिणचर्म—सज्ञा पु० [सं० हरिणचर्मन्] हिरन का चमडा। मृगछाल [को०]।

हरिणधामा—सज्ञा पुं० [स० हरिणधामन्] चद्रमा। चद्र [को०]।

हरिणनयन,—वि० पुं० [स०] हरिण के सदृश नेत्रवाला।

हरिणनयना, हरिणनयनी—वि० स्त्री० [सं०] हिरन की आँखो के समान सुदर आँखोवाली। सुदरी। हरिणाक्षी।

हरिणनतक—सज्ञा पुं० [स०] किन्नर जाति को०]।

हरिणनेत्र—वि० पुं० [स०] दे० 'हरिणनयन'।

हरिणनेत्रा—वि० स्त्री० [स०] हरिण के समान सुदर आँखो वाली। हरिणनयना [को०]।

हरिणप्लुता—सज्ञा स्त्री० [स०] एक वर्णवृत्त का नाम जिसके विषम चरणो मे ३ सगण, एक लघु और एक गुरु होता है तथा सम मे एक नगण, दो भगण और एक रगण होता है।

हरिणलक्षण—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा।

हरिणलाछन—सज्ञा पु० [स० हरिणलाञ्छन] मृगलाछन। चद्रमा।

हरिणलोचन—वि० पुं० [स०] [वि० स्त्री० हरिणलोचना] दे० 'हरिणनयन'।

हरिणलोचना—वि० स्त्री० [स०] हिरन के तुल्य सुदर नेत्रवाली। हरिणाक्षी। हरिणनयना [को०]।

हरिणलोलाक्षी—वि० स्त्री० [सं०] हिरन जैसी चचल आँखवाली [को०]।

हरिणहृदय—वि० [सं०] हिरन सा। डरपोक। बुजदिल।

हरिणाक—सज्ञा पु० [स० हरिणाङ्क] १ मृगाक। चद्रमा। चद्र। २ कपूर। कर्पूर [को०]।

हरिणाक्ष—सज्ञा पु० [स०] शिव का एक नाम [को०]।

हरिणाक्षी—वि० स्त्री० [स०] हिरन की आखो के समान सुदर आँखोवाली। सुदरी।

हरिणाखी(पु)—वि० स्त्री० [स० हरिणाक्षी, प्रा०, अप० हरिणाखी] दे० 'हरिणाक्षी'। उ०—धन हरिणाखी ईम कहीं।—बी० रासो, पृ० ५९।

हरिणाधिप—सज्ञा पुं० [स०] मृगेंद्र। सिंह [को०]।

हरिणारि—सज्ञा पुं० [स०] हरिण का शत्रु, सिंह [को०]।

हरिणाश्व—सज्ञा पुं० [स०] वायु। पवन [को०]।

हरिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मादा हिरन। हिरन की मादा। २ मजिष्ठा। मँजीठ। मजीठ। ३ जर्द चमेली। ४ कामशास्त्र के अनुसार स्त्रियो की चार जातियो या भेदो मे से एक जिसे चित्रिणी भी कहते है।

विशेष—दो अच्छी जाति की स्त्रियो मे यह मध्यम है। यह पद्मिनी की अपेक्षा कम सुकुमार तथा चचल और क्रीडाशील प्रकृति की होती हे।

५ सुदरी या तरुणी स्त्री (को०)। ६ एक वर्णवृत्त का नाम जिसमे सत्रह वर्ण होते है। इसका स्वरूप इस प्रकार है—न स म र स ल गु (।।। ।।ऽ ऽऽऽ ऽ।ऽ ।।ऽ ।ऽ)। ७ दस वर्णों का एक वृत्त। जैसे,—फूलन की सुभ गेद नई। सूँघि सची जनु डारि दई।—केशव (शब्द०)। ८ सोने की प्रतिमा। स्वर्ण-प्रतिमा (को०)। ९ हरित वर्ण। हरा रग (को०)। १० हरदी। हरिद्रा (को०)।

यौ०—हरिणीदृक् = हरिनी के समान चचल नेत्रवाला। हरिणी-दृशी, हरिणीनयना = हरिणी के समान चचल नेत्रवाली स्त्री।

हरिणेश—सज्ञा पुं० [सं०] मृगराज। मृगेंद्र। सिंह [को०]।

हरित्[1]—वि० [सं०] १ भूरे या बादामी रग का। कपिश। २ हरे रग का। हरा। सब्ज। ३ कुछ हरा रग लिए पीला (को०)।

हरित्[2]—सज्ञा पुं० १ सूर्य के घोडे का नाम। २ मरकत। पन्ना। ३ सिंह। ४ सूर्य। ५ विष्णु। ६ एक प्रकार का तृण। घास। तृण। ७ द्रुतगामी अश्व (को०)। ८ मूँग (को०)। ९ हरा, पीला या पिंगल वर्ण (को०)। १० जैनो के अनुसार हरिक्षेत्र की नदी का नाम।

हरित्[3]—सज्ञा स्त्री० १ हरिद्रा। हलदी। हरदी। २ दिक्। दिशा (को०)। ३ तृण। घास (को०)।

हरित[1]—वि० [सं०] १ भूरे या बादामी रग का। २ पीला। जर्द। ३ हरे रग का। हरा। सब्ज। ४ ताजा। नवीन। नया।

हरित[2]—सज्ञा पुं० १ सिंह। २ कश्यप के एक पुत्र का नाम। ३ यदु के एक पुत्र का नाम। ४ युवनाश्व के एक पुत्र का नाम। ५ द्वादश मन्वतर का एक देवगण। ६ सेना। ७ सब्जी। हरि-याली। ८ सब्जी। शाक भाजी। ९ हरित वर्ण (को०)। १० कपिश या भूरा रग (को०)। ११ सोना। स्वर्ण (को०)। १२ पाडु रोग (को०)। १३ एक सुगधित पौधा। स्थौणेयक (को०)। १४ रोहिताश्व के पुत्र का नाम (को०)। १५ हरित या भूरे रग का पदार्थ (को०)। एक तृण। मथानक (को०)।

हरितक—सज्ञा पुं० [सं०] १ हरा तृण। २ शाक। सब्जी [को०]।

यौ०—हरितच्छद = हरे पत्तोवाला। हरितपत्र युक्त। हरित-पत्रिका = मरकतपत्री। हरितप्रभ = पाडु वर्ण का। पीला। हरितभेषज = कमल रोग की औषध। हरितलता = दे० 'हरित-पत्रिका'। हरितशाक = दे० 'शिग्रु'।

हरितकपिश—वि० [सं०] पीलापन या हरापन लिए भूरा। लीद के रग का।

हरितकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'हरीतकी' [को०]।

हरितगोमय—सज्ञा पु० [सं०] गोभिल गृह्यसूत्र के अनुसार ताजा गोबर।

हरितनेमी—सज्ञा पुं० [सं० हरितनेमिन्] वह जिसके रथ के चक्के सोने के हो, शिव [को०]।

हरितपण्य—सज्ञा पुं० [स०] शाक सब्जी का व्यापार। शाक विक्रयण।

हरितमणि—सज्ञा पुं० [स०] मरकत। पन्ना।

हरितमनि—सज्ञा पुं० [सं० हरितमणि] एक रत्न। पन्ना। उ०—हरितमनिन्ह के पत्र फल पदुम राग के फूल। रचना देखि विचित्र अति मन विरचि कर भूल।—तुलसी (शब्द०)।

हरितहरि—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य [को०]।

हरिता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दूर्वा। दूब। नीलदूर्वा। २ हरिद्रा। हल्दी। ३ हरे या भूरे रग का अगूर। ४ भूरे रग की गाय। ५ स्वरभक्ति का एक भेद। ६ हरि या विष्णु का भाव। विष्णुपन। हरित्व। उ०—हरिहि हरिता विधिहि विधिता सिवहि सिवता जो दई। सो जानकीपति मधुर मूरति मोदमय मगलमई।—तुलसी ग्र०, पृ० ५२३।

हरिताभ—वि० [सं०] हरित वर्ण का। हरे रग का। हरा। उ०—आज उल्लसित धरा, पल्लवित विटपो मे बहु वर्ण विकास। पीपल, नीम, अशोक, आम्र से फूट रहा हरिताभ हुलास।—युगवाणी, पृ० ८०।

हरिताल—सज्ञा पुं० [सं०] १ हरताल नाम की धातु। विशेष दे० 'हरताल'। २ एक प्रकार का कबूतर जिसका रग कुछ पीलापन या हरापन लिए होता है।

हरितालक—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'हरताल'। २ नाटक के अभिनय मे शरीर मे रग आदि मे पोतने का कर्म।

हरितालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भादो की शुक्ल पक्ष की तृतीया। तीज।

विशेष—स्त्रियो को इस व्रत को करने का विधान है। इस दिन स्त्रियाँ निर्जल व्रत रखती हैं और नये वस्त्र पहनकर शिव-पार्वती का पूजन करती है।

२ दूर्वा नामक घास। दूब। दूर्वा (को०)।

हरितालो—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मालकगनी। २ तलवार का वह भाग जो धारदार होता है। ३ भादो के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि। विशेष दे० 'हरितालिका'। ४ आकाश मे मेघ आदि की पतली धज्जी या रेखा। ५ वायु। पवन।

हरिताश्म—सज्ञा पुं० [सं० हरिताश्मन्] १ पन्ना। मरकत। २ नीला थोथा या कसीस [को०]।

हरिताश्मक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हरिताश्म' [को०]।

हरिताश्व—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य [को०]।

हरितुरगम—सज्ञा पुं० [सं० हरितुरङ्गम] १ इद्र का एक नाम। २ इद्र का अश्व [को०]।

हरितुरग—सज्ञा पुं० [सं०] इद्र का अश्व [को०]।

हरितोपल—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हरिताश्म'।

हरितोपलेपन—सज्ञा पुं० [स०] १ हरे वर्ण का लेपन, रेखाकन या आवरण [को०]।

हरित्पति—सज्ञा पुं० [स०] दिशाओ के पति। दिग्पति। दिगीश [को०]।

हरित्पर्णा—सज्ञा पुं० [स०] मुरई। मूली [को०]।

हरिदत—सज्ञा पु० [स० हरिदन्त] दिगत। दिशाओ का अत [को०]।

हरिदतर—सज्ञा पुं० [सं० हरिदन्तर] विभिन्न दिशाएँ। दिशातर। दिगतर [को०]।

हरिदवर—वि० [सं० हरिदम्बर] हरा या पीत वस्त्र पहननेवाला [को०]।

हरिदर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] १ सज्ञा घोडा। २ सूर्य जिनका घोडा हरित् माना गया है।

हरिदश्व—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य का एक नाम [को०]।

हरिदास—सज्ञा पुं० [स०] भगवान् का सेवक या भक्त।

हरिदिक्—सज्ञा स्त्री० [स० हरिदिश्] इद्र की दिशा। पूर्व दिशा जिसका अधिपति इद्र है [को०]।

हरिदिन, हरिदिवस—सज्ञा पुं० [सं०] एकादशी।

हरिदिशा—सज्ञा स्त्री० [स०] पूर्व दिशा, जिसके लोकपाल या अधिष्ठाता इद्र है।

हरिदेव—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ विष्णु। २ श्रवण नामक नक्षत्र जिसके अधिष्ठाता इद्र हैं।

हरिद्गर्भ—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'हरिदर्भ।' २ हरा या पीताभ कुश जिसकी पत्तियाँ चौडी हो (को०)।

हरिद्दतावल—सज्ञा पुं० [स० हरिद्दन्तावल] हरदी। हरिद्रा [को०]।

हरिद्रजनी—सज्ञा स्त्री० [स० हरिद्रञ्जनी] हरिद्रा। हरदी [को०]।

हरिद्र—सज्ञा पुं० [सं०] पीला चदन।

हरिद्रक—सज्ञा पुं० [स०] १ पीला चदन। २ एक नाग का नाम।

हरिद्रखड—सज्ञा पुं० [स० हरिद्रखण्ड] एक औषध जिसके सेवन से दाद, खुजली, फोडा फुसी और कुष्ट रोग दूर होता है।

विशेष—सोठ, काली मिर्च, पिप्पली, तज, पत्रज, वायविडग, नागकेसर, निमाथ, त्रिफला, केसर और नागरमोथा सब टके टके भर लेकर चूर्ण करे और गाय के घी मे सान डाले तथा ४ टके भर हरदी का चूर्ण ८ सेर दूध मे मिलाकर खोया बना ले। फिर मिस्री की चाशनी मे सबको मिलाकर टके टके भर की गोलियाँ बाँध ले।

हरिद्राग—सज्ञा पु० [सं० हरिद्राङ्ग] एक प्रकार का कबूतर।

हरिद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हलदी। २ एक नदी का नाम। ३ वन। जगल।—अनेकार्थ (शब्द०)। ४ मगल।—अनेकार्थ (शब्द०)। ५ सीमा धातु।—अनेकार्थ (शब्द०)। ६ निशा। उ०—कहत हरिद्रा वनथली, निशा हरिद्रा होइ। बहुरि हरिद्रा मगली, हरद हरिद्रा सोइ।—अनेकार्थ०, पृ० १६१।

हरिद्राक्त—वि० [स०] हरिद्रा से लिप्त या पुता हुआ [को०]।

हरिद्रागणपति—सज्ञा पुं० [स०] गणपति या गणेश जी की एक मूर्ति जिनपर मत्र पढकर हलदी चढाई जाती है।

हरिद्रागणेश—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हरिद्रागणपति' [को०]।

हरिद्राद्वय—सज्ञा पु० [स०] हलदी और दारु हलदी।

हरिद्राप्रमेह—सज्ञा पु० [स०] प्रमेह का एक भेद जिसमे पेशाब हलदी के समान पीला आता है और जलन होती है।

हरिद्राभ[1]—वि० [सं०] पीतवर्ण का। पीला।

हरिद्राभ[2]—सज्ञा पु० १ पीला रग। पीत वर्ण। २ आमा हलदी। कचूर। कर्चूर [को०]।

हरिद्रामेह—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'हरिद्राप्रमेह'।

हरिद्राराग—सज्ञा पुं० [सं०] साहित्य मे पूर्व राग का एक भेद। वह प्रेम जो हलदी के रग के समान कच्चा हो, स्थायी या पक्का न हो।

विशेष—पूर्व राग के कुसुभ राग, मजिष्ठा राग आदि कई भेद किए गए हैं। हलायुध मे 'क्षणमात्रानुरागश्च हरिद्राराग उच्यते' अर्थात् क्षणिक अनुराग को हरिद्रा राग कहा है।

हरिद्रव—सज्ञा पुं० [स०] १ हरा द्रव या रस। २ नागकेसर के पुष्पो का चूर्ण [को०]।

हरिद्रु—सज्ञा पुं० [स०] १ वृक्ष। पेड। २ दारुहल्दी [को०]।

हरिद्वार—सज्ञा पुं० [सं०] एक अत्यत पवित्र पुरी जो प्रसिद्ध तीर्थ-स्थान है।

विशेष—यहाँ से गगा पहाडो को छोडकर मैदान मे आती हैं। इसी से इसे 'गगाद्वार' भी कहते हैं। 'हरिद्वार' इसलिये कहते हैं कि इस तीर्थ के सेवन से विष्णुलोक का द्वार खुल जाता है।

हरिद्विष्—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु का द्रोही, असुर [को०]।

हरिद्वेषी—सज्ञा पुं० [सं० हरिद्वेषिन्] १ वह जो विष्णु का द्वेषी हो। वह जो विष्णु के प्रति द्रोहभावना से युक्त हो। २ असुर।

हरिधनु, हरिधनुष—सज्ञा पु० [स०] १ इद्रधनुष। उ०—बकराजि राजति गगन हरिधनु तडित दिसि दिसि सोहई। नभनगर की सोभा अतुल अवलोकि मुनि मन मोहई।—तुलसी ग्र०, पृ० ४१८। २ विष्णु का धनुष जो समुद्रमथन से उत्पन्न हुआ था और जिसका नाम शार्ङ्ग है।

हरिधाम—सज्ञा पुं० [स० हरिधामन्] विष्णुलोक। वैकुठ।

हरिन—सज्ञा पुं० [स० हरिण] [स्त्री० हरिणी] खुर और सीगवाला एक चौपाया जो प्राय सुनसान मैदानो, जगलो और पहाडो मे रहता है। मृग।

विशेष—हरिन की बहुत जातियाँ होती हैं, जैसे—कृष्णसार, एण, कस्तूरी मृग, बारहसिंगा, साँभर इत्यादि। यह जतु अपनी तेज चाल, कुदान और चचलता के लिये प्रसिद्ध है। यह झुड बाँधकर रहता है और स्वभावत डरपोक होता है। मादा हरिन के सीग नही बढते, अकुर मात्र रह जाते है, इसी से पालने-वाले अधिकतर मादा हरिन पालते हैं। इसकी आँखे बहुत बडी

बडी और काली होती है, इसी से कवि लोग बहुत दिनो से स्त्रियो के सुदर नेत्रो की उपमा इसकी आँखो से देते आए है। शिकार भी जितना इस जतु का ससार मे हुआ और होता है, उतना शायद ही और किसी पशु का होता हो। 'मृगया' जिस प्रकार यहाँ राजाओ का एक साधारण व्यसन रहा है, उसी प्रकार और देशो मे भी। हिदुओ के यहाँ इसका चमडा बहुत पवित्र माना जाता है, यहाँ तक कि उपनयन सस्कार मे भी इसका व्यवहार होता है। प्राचीन ऋषिमुनि भी मृगचर्म धारण करते थे और आजकल के साधु सन्यासी भी।

हरिनक्षत्र—सज्ञा पुं० [स०] श्रवण नक्षत्र, जिसके अधिष्ठाता देवता विष्णु है।

हरिनख—सज्ञा पुं० [सं०] १ सिह या बाघ का नाखून। २ वह तावीज जिसमे बाघ के नाखून लगाए गए हो।

विशेष—स्त्रियाँ यह तावीज बच्चे को नजर आदि से बचाने के खयाल से पहनाती हैं। इसे बघनहाँ भी कहते है। सूरदास ने केहरिनख शब्द का इस अर्थ मे प्रयोग किया है।

हरिनग—सज्ञा पुं० [सं०] सर्प का मणि।

हरिननैनी—वि० स्त्री० [सं० हरिणनयनी] मृग के सदृश नेत्रवाली। मृगनैनी। उ०—हाहा कै निहोरे हूँ न हेरति हरिननैनी। —मति० ग्र०, पृ० ३२२।

हरिनवारि—सज्ञा स्त्री० [स० हरिन+वारि] मृगजल। मृगतृष्णा। उ०—पायो केहि घृत विचारु हरिनवारि महत। तुलसी तकु तासु सरन जाते सब लहत।—तुलसी ग्र०, पृ० ५२२।

हरिनहर्रा—सज्ञा पुं० [देश०] सोहाग नामक बडा सदाबहार वृक्ष जिसके बीजो से जलाने का तेल निकलता है। विशेष दे० 'सोहाग'।

हरिना—सज्ञा पुं० [स० हरिणक] दे० 'हरिन'। उ०—कहाँ दीन हरिनान के अति ही कोमल प्रान। ये तेरे तीखे कहाँ सायक वज्र समान।—शकुतला, पृ० ६।

हरिनाकुस‡—सज्ञा पु० [स० हिरण्यकशिपु] विष्णु का प्रबल विरोधी दैत्यराज जो प्रह्लाद का पिता था। विशेष दे० 'हिरण्यकशिपु'। उ०—हरिनाकुस औ कस को गयो दुहुन को राज।—गिरिधर (शब्द०)।

हरिनाक्ष—सज्ञा पु० [स० हिरण्याक्ष] एक दैत्यराज जो हिरण्यकशिपु का भाई था। विशेष दे० 'हिरण्याक्ष'।

हरिनाच्छ—सज्ञा पुं० [सं० हिरण्याक्ष] दे० 'हिरण्याक्ष'। उ०—मारि हरिनाच्छ उर फार कर नखन सो, भार हर भूमि अति शोक टार्‌यो।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४३८।

हरिनाथ—सज्ञा पुं० [स०] (बदरो मे श्रेष्ठ) हनुमान्।

हरिनाम—सज्ञा पुं० [स० हरिनामन्] भगवान् का नाम। उ०—भजता क्यो नाही हरिनाम। तेरी कौडी लगे न दाम। —(शब्द०)।

हरिनामा—सज्ञा पुं० [स० हरिनामन्] मूँग। मुद्ग [को०]।

हरिनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरिन] १ मादा हिरन। स्त्री जाति का मृग। मृगी। उ०—(क) यह तन हरियर खेत, तरुनो हरिनी चरि गई। अजहूँ चेत, अचेत, यह अधचरा बचाइ ले।—सम्मन (शब्द०)। (ख) हरिनी के नैनान सो हरि नीके नैनान। —बिहारी (शब्द०)। २ जूही का फूल। यूथिका।—अनेकार्थ (शब्द०)। ३ बाज पक्षी की मादा।—अनेकार्थ (शब्द०)। ४ स्वर्णप्रतिमा। सोने की मूर्ति। उ०—हरिनी प्रतिमा हेम की, हरिनी मृग की तीय हरिनी जूथी जासु की फूल माल हरि हीय।—अनेकार्थ०, पृ० १६१। ५ सोनजुही। स्वर्णयूथिका। ६ गणिका। वेश्या। उ०—हरिनी गनिका जूथिका हेमपुप्पिका जाय।—अनेकार्थ०, पृ० १०५।

हरिनेत्र[1]—वि० [स०] कपिश या भूरी और हरी आँखोवाला [को०]।

हरिनेत्र[2]—सज्ञा पुं० १ विष्णु का नेत्र। २ वह आँख जो हरे या भूरे वर्ण की हो। ३ कुमुद। श्वेत कमल। ४ उलूक। उल्लू [को०]।

हरिन्मणि—सज्ञा पुं० [स०] पन्ना। मरकतमणि [को०]।

हरिन्मुद्ग—सज्ञा पुं० [स०] हरित वर्ण की मूँग। शारद [को०]।

हरिपद—सज्ञा पुं० [सं०] १ विष्णु लोक। वैकुठ। उ०—जो यह मगल गावहिं हरिपद पावहिं हो।—तुलसी (शब्द०)। २ विष्णु के चरण। उ०—धरनि धरहि मन धीर कह विरचि हरिपद सुमिरु।—मानस, १।१८४। ३ गया जिले मे पडनेवाला फल्गु नदी का तटवर्ती एक तीर्थ जिसे विष्णुपद कहते है। ४ मेष की सक्राति। वासतिक विषुव। दे० 'महाविषुव'। ५ एक छद का नाम जिसके चारो पदो मे मिलकर कुल ५४ मात्राएँ होती हैं।

विशेष—हरिपद छद के विषम (पहले और तीसरे) चरणो मे १६ तथा सम (दूसरे और चौथे) चरणो मे ११ मात्राएँ होती हैं और अत मे गुरु लघु होता है—'विषम हरिपद कीजिय सोरह सम शिव (११) दै सानद।' जैसे,—रघुपति प्रभु तुम हौ जग मे नित, पालौ करके दास। परम धरम ज्ञाता पर-मानहु येही मन की आस।—छद०, पृ० ८२।

हरिपर्ण—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जिसके पत्ते हरे हो। हरे पत्तोवाला। २ मूलक। मुरई। विशेष दे० 'मूली'।

हरिपर्वत—सज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम [को०]।

हरिपिंडा—सज्ञा स्त्री० [सं० हरिपिण्डा] स्कद की एक मातृका का नाम [को०]।

हरिपुर—सज्ञा पुं० [स०] विष्णुलोक। वैकुठ। उ०—हरिपुर गएउ परम बडभागी।—मानस, ४।२७।

हरिपैडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरि+पैडी (=सीढी)] हरिद्वार तीर्थ मे गगा का एक विशेष घाट जहाँ के स्नान का बहुत माहात्म्य है।

हरिप्रस्थ सज्ञा पुं० [सं०] इद्रप्रस्थ।

हरिप्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] १ कदब। २ बधूक। गुलदुपहरिया। ३ शिव (को०)। ४ शख। ५ मूर्ख आदमी। ६ पागल।

७ सनाह। बकतर। ८ खस का मूल (को०)। ९ एक प्रकार का चदन (को०)। १० एक प्रकार का बडा कद जो कोकण की ओर होता है। दे० 'विष्णुकद'।

हरिप्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लक्ष्मी। २ एक मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे १२+१२+१२+१० के विराम से ४६ मात्राएँ होती हे और अत मे गुरु होता है। इसे 'चचरी' भी कहते है। उ०—पौढिये कृपानिधान देव देव रामचद्र चद्रिका समेत चद्र चित्त रैनि मोहै।—(शब्द०)। ३ तुलसी। ४ पृथ्वी। ५ मधु। ६ मद्य। ७ द्वादशी। ८ लाल चदन।

हरिप्रीता—सज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष मे एक मुहूर्त का नाम। उ०—नवमी तिथि मधुमास पुनीता। सुकुल पच्छ, अभिजित, हरिप्रीता।—तुलसी (शब्द०)।

हरिवालुक—सज्ञा पुं० [सं०] एक सुगधित द्रव्य। एलवालुक (को०)।

हरिबीज—सज्ञा पुं० [स०] हरताल।

हरिबोध—सज्ञा पु० [स०] विष्णु का बोधन या जागरण (को०)।

यौ०—हरिबोधदिन = देवोत्थान का दिन। हरिबोधिनी एकादशी।

हरिबोधिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिक शुक्ल एकादशी। देवोत्थान एकादशी।

हरिभक्त—सज्ञा पु० [स०] विष्णु या भगवान् का भक्त। ईश्वर का प्रेमी। ईश्वर का भजन करनेवाला।

हरिभक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] विष्णु या ईश्वर की भक्ति। ईश्वरप्रेम।

हरिभगत—सज्ञा पुं० [स० हरिभक्त] भगवान् का भक्त। भगवद्भक्त। उ०—कहहु कवन विधि भा सवादा। दोउ हरिभगत काग उरगादा।—मानस, ७।५५।

हरिभगति—सज्ञा स्त्री० [स० हरिभक्ति] भगवान् की भक्ति। भगवदभक्ति। उ०—सो हरिभगति काग किमि पाई। विश्वनाथ मोहि कहहु बुझाई।—मानस, ७।५४।

हरिभद्र—सज्ञा पुं० [स०] हरिवालुक। एलवालुक (को०)।

हरिभाविणी, हरिभाविनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जो हरि की भक्ति करती हो। हरि की भावना करनेवाली महिला। भगवद्भक्त स्त्री (को०)।

हरिभुज—सज्ञा पुं० [स०] वह जो मेढक खाता है। साँप। सर्प।

हरिमथ—सज्ञा पुं० [स० हरिमन्थ] १ गनियारी का पेड जिसकी लकडी रगडने से आग निकलती है। अग्निमथ। २ मटर। ३ चना। ४ एक प्रदेश का नाम।

हरिमथक—सज्ञा पुं० [स० हरिमन्थक] चणक। चना (को०)।

हरिमथज—सज्ञा पुं० [स० हरिमन्थज] १ चना। चणक। २ एक प्रकार की मूँग। काली मूँग (को०)।

हरिमदिर—सज्ञा पुं० [स० हरिमन्दिर] १ समुद्र जो विष्णु का निवास है। उ०—कजज की मति सी वडभागी। श्री हरिमदिर सौ अनुरागी।—रामच०, पृ० ६९। २ विष्णु का मदिर या देवस्थान।

हरिमणि—सज्ञा पुं० [स०] सर्प मणि।

हरिमा—सज्ञा पुं० [सं० हरिमन्] १ पीतता। पीलापन। २ पीत वर्ण। पीत राग। ३ काल। समय। ४ पाडु रोग। पीलिया (को०)।

हरिमेध—सज्ञा पुं० [सं०] १ अश्वमेध यज्ञ। २ विष्णु या नारायण का एक नाम।

हरिय—सज्ञा पुं० [सं०] पिंगल वर्ण का अश्व। पीताभ घोडा (को०)।

हरियर‡[1]—सज्ञा पुं० [अ० हरीरह्] दे० 'हरीरा'।

हरियर[1]—वि० [सं० हरिततर या हिं० हरा] दे० 'हरा'। उ०—(क) नाम भजो तो अब भजो, बहुरि भजोगे कब्ब। हरियर हग्गिर रूखडै, ईंधन हो गए सब्ब।—कबीर सा०, पृ० १८।

हरियराना—क्रि० अ० [हिं० हरियर] दे० 'हरिआराना'।

हरियल—वि० [हिं० हरिअर] दे० 'हरिअर'। उ०—गैल गली सब हरियल भूमि। नील सिखर चढि सूरति घूमि।—घट०, पृ० २६७।

हरिया[1]—सज्ञा पुं० [हिं० हर (=हल) + इया (प्रत्य०)] हल जोतनेवाला। हलवाहा।

हरिया[2]—सज्ञा पुं० [सं० हरितक] हराभरापन। प्रफुल्लता। उ०—आगे आगे दौं जलै रे पीछे हरिया होय। कहत कबीर सुनो भाइ साधो हरि भज निर्मल होय।—सतवाणी०, पृ० २६।

हरियाई—सज्ञा स्त्री० [सं० हरित + आली, प्रा० हरिय + आली, हिं० हरियाली] हरीतिमा। हरियाली। उ०—नमति लहलही जहाँ सघन सुदर हरियाई।—श्रीधर पाठक (शब्द०)।

हरियाथोथा—सज्ञा पुं० [हिं० हरा + थोथा] नीला थोथा। तूतिया।

हरियाणा†—सज्ञा पुं० [देश०] स्वतत्र भारत का एक प्रात। उ०—देसा मा देस हरियाणा। जित दूध दही का खाणा।—लोकोक्ति।

विशेष—स्वतत्र भारत का एक प्रदेश जो पहले सयुक्त पजाब का एक छोटा सा डिविजन था। सन् १९६६ की पहली नवबर को इस राज्य या प्रदेश को स्वतत्र भारत के १७वे राज्य के रूप मे मान्यता मिली।

हरियान—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु के वाहन, गरुड।

हरियानवी[1]—वि० [हिं० हरियाना] हरियाना प्रदेश की। जैसे,—हरियानवी बोली।

हरियानवी[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'हरियानी'।

हरियाना[1]—क्रि० अ० [हिं० हरा] दे० 'हरिआना'।

हरियाना[2]—सज्ञा पुं० [देश०] स्वतत्र भारत का एक प्रात। विशेष दे० 'हरियाणा'।

हरियानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरियाना (एक प्रात)] हिसार, रोहतक करनाल आदि क्षेत्रो की बोली जिसे जाटू या बाँगडू भी कहते हैं।

हरियायल†—सज्ञा पुं० [देश० हारिल] एक पक्षी। दे० 'हारिल'। उ०—नहि चैन परै पल देखे बिना हरियायल ज्यो पकरी लकरी।—नट०, पृ० ३०।

हरियारी†—सज्ञा स्त्री० [सं० हरितालि, प्रा० हरियाली] दे० 'हरियाली'। उ०—नयो नेह, नयो मेह, नई भूमि हरियारो, नवल दूलह प्यारो, नवल दुलहैया।—नद० ग्र०, पृ० ३७३।

हरियाल(पु)—वि० [हि० हरा] हरित । हरा भरा । उ०—जन दरिया गुरदेव जी, मोहि ऐसे किया निहाल । जैसे सूखी बेलडी, बरस किया हरियाल । —दरिया० बानी, पृ० ३ ।

हरियाली—सज्ञा स्त्री० [स० हरित + आलि (= पक्ति, समूह)] १ हरेपन का विस्तार । हरे रग का फैलाव । २ हरे हरे पेड़ पौधो या घास का समूह या विस्तार । जैसे,—बरसात मे चारो ओर हरियाली छा जाती है ।

मुहा०—हरियाली सूझना = चारो ओर आनद ही आनद दिखाई पडना । मौज की बातो की ओर ही ध्यान रहना । आनद मे मग्न रहना । जैसे,—अभी तो हरियाली सूझ रही है, जब रुपये देने पडेगे, तब मालूम होगा । ३ हरा चारा जो चौपायो के सामने डाला जाता है । ४ दूर्वा । दे० 'दूब' । ५ कजली का पर्व । दे० 'हरियाली तीज' । उ०—उसी दिन से कजली अथवा 'हरियाली' की स्थापना होती ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३४६ ।

हरियाली तीज—सज्ञा स्त्री० [हि० हरियाली + तीज] सावन बदी तीज जिसे 'कजली' भी कहते है ।

हरियावँ†—सज्ञा पु० [देश०] फसल की एक बँटाई जिसमे ६ भाग असामी और ७ भाग जमीदार लेता है ।

हरियोजन—सज्ञा पुं० [सं०] १ इद्र का एक नाम । २ रथ आदि मे घोडे को जोतना या नाधना [को०] ।

हरिरोमा—वि० [सं० हरिरोमन्] जिसके शरीर पर नवीन एव सुदर रोम हो, जो नित्यतरुण हो [को०] ।

हरिल†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'हारिल' ।

हरिलीला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ भगवान् की लीला । ईश्वर की लीला । २ चौदह अक्षरो का एक वर्णवृत्त जिसका स्वरूप इस प्रकार है—'साँची कही भरत बात सबै सुजान' ।—केशव (शब्द०) ।

विशेष—यदि अतिम वर्ण लघु लें तब तो इसे अनग छद कह सकते हैं, पर यदि अतिम लघु वर्ण को गुरु के स्थान पर मानें तो यह प्रसिद्ध वसततिलका वृत्त ही है। केशव ने ही इसका यह नाम दिया है ।

हरिलोक—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णुलोक । वैकुठ ।

हरिलोचन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ केकडा । २ उलूक । उल्लू । ३ एक रोग ग्रह [को०] ।

हरिलोचन[2]—वि० भूरी आँखोवाला । पिगाक्ष [को०] ।

हरिलोमा—वि० [सं० हरिलोमन्] जिसके केश पिगलवर्ण के हो । पिगलकेश [को०] ।

हरिवश—सज्ञा पुं० [सं०] १ कृष्ण का कुल । २ एक ग्रथ जो महाभारत का परिशिष्ट माना जाता है और जिसमे कृष्ण तथा उनके कुल के यादवो का सविस्तार वृत्तात दिया गया है। सतानप्राप्ति के लिये इसका श्रवण विधिपूर्वक किया जाता है । ३ कपि या बदरो का वश [को०] ।

हरिव—सज्ञा पु० [सं०] बौद्धो के अनुसार एक बडी सख्या [को०] ।

हरिवर्ष—सज्ञा पुं० [स०] जबू द्वीप के नौ खडो मे से एक खड का नाम ।

विशेष—इसकी स्थिति निषध और हेमकूट पवत के मध्य मे कही गई है । यहाँ भगवान् नरहरि रूप मे स्थित माने गए है ।

हरिवल्लभा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लक्ष्मी । २ तुलसी । ३. अधिक मास की कृष्णा एकादशी । ४ जया । नाम का पौधा (को०) ।

हरिवालुक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हरिवालुक' [को०] ।

हरिवास[1]—सज्ञा पुं० [सं०] अश्वत्थ । पीपल ।

हरिवास[2]—वि० पीला वस्त्र धारण करनेवाला । पीतावरधारी (विष्णु) ।

हरिवासर—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्य का दिन । रविवार । २ विष्णु का दिन । एकादशी ।

हरिवासुक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हरिवालुक' [को०] ।

हरिवाहन—सज्ञा पु० [स०] १ गरुड । २ सूर्य का एक नाम । ३ इद्र का एक नाम ।

यौ०—हरिवाहन दिशा = पूर्वदिक् । पूर्व दिशा ।

हरिवीज—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हरिवीज' [को०] ।

हरिवृष—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हरिवर्ष' [को०] ।

हरिशकर—सज्ञा पुं० [स० हरिशङ्कर] १ विष्णु और शिव । २ एक रसौषध जो पारे और अभ्रक के योग से बनती है और प्रमेह मे दी जाती है ।

विशेष—शुद्ध पारे और अभ्रक को लेकर सात दिन तक आँवले के रस मे घोटते है, फिर सुखाकर एक रत्ती की मात्रा मे देते है ।

हरिशयन—सज्ञा पुं० [स०] हरि का शयन । विष्णु का शयन करना ।

हरिशयनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] आषाढ शुक्ल एकादशी ।

विशेष—पुराणो के अनुसार इस दिन विष्णु भगवान् शेष की शय्या पर सोते है और फिर कार्तिक की प्रबोधिनी एकादशी को उठते है ।

हरिशर—सज्ञा पु० [सं०] शिव । महादेव ।

विशेष—त्रिपुरविनाश के समय शिव ने विष्णु भगवान् को अपने धनुष का बाण बनाया था, इसी से इनका यह नाम पडा है ।

हरिश्चद्र[1]—वि० [स० हरिश्चन्द्र] सोने की सी चमकवाला । स्वर्णाभ । (वैदिक) ।

हरिश्चद्र[2]—सज्ञा पु० सूर्यवश का अट्ठाईसवाँ राजा जो त्रिशकु का पुत्र था ।

विशेष—पुराणो मे ये बडे ही दानी और सत्यव्रती प्रसिद्ध है । मार्कडेय पुराण मे इनकी कथा विस्तार से आई है । इद्र ने ईर्ष्यावश विश्वामित्र को इनकी परीक्षा के लिये भेजा । विश्वामित्र ने इनसे सारी पृथ्वी दान मे ली और फिर ऊपर से दक्षिणा माँगने लगे । अत मे राजा ने रानी सहित अपने

को बेचकर ऋषि की दक्षिणा चुकाई। वे काशी मे डोम के सेवक होकर श्मशान पर मुर्दा लानेवालो से कर वसूल करने लगे। एक दिन उनकी रानी ही अपने मृत पुत्र को श्मशान मे लेकर आई। उसके पास कर देने के लिये कुछ भी द्रव्य नही था। राजा ने उससे भी कर नही छोडा और आधा कफन फडवाया। इसपर भगवान् ने प्रकट होकर उनके पुत्र को जिला दिया और अत मे अयोध्या की प्रजा सहित सबको वैकुठ भेज दिया। महाभारत मे राजसूय यज्ञ करके राजा हरिश्चद्र का स्वर्ग प्राप्त करना लिखा है। ऐतरेय ब्राह्मण मे 'शुन शेप' की गाथा के प्रसग म भी हरिश्चद्र का नाम आया है, पर वहाँ कथा दूसरे ढग की है। उसमे हरिश्चद्र इक्ष्वाकु वश के राजा वेधस् के पुत्र कहे गए है। गाथा इस प्रकार है—नारद के उपदेश से राजा ने पुत्र की कामना करके वरुण से यह प्रतिज्ञा की कि जो पुत्र होगा, उसे वरुण को भेंट करूँगा। वरुण के वर से जब राजा को पुत्र हुआ, तब उसका नाम उन्होने रोहित रखा। जब वरुण पुत्र माँगने लगे, तब राजा बराबर टालते गए। जब रोहित बडा होकर शस्त्र धारण के योग्य हुआ, तब वह मरना स्वीकार न कर जगल मे निकल गया और इद्र के उपदेशानुसार इधर उधर फिरता रहा। अत मे वह अजीगत नामक एक ऋषि के आश्रम पर पहुँचा और उनसे सौ गायो के बदले मे शुन शेप नामक उनके मझले पुत्र को लेकर अपने पिता के पास आया जिन्हें वरुण के कोप से जलोदर रोग हो गया था। शुन शेप को यज्ञ मे बलि देने के लिये जब सब तैयारियाँ हो चुकी, तब शुन शेप अपने छुटकारे के लिये सब देवताओ की स्तुति करने लगा। अत मे इद्र के उपदेश से उसने अश्विनीकुमार का स्मरण किया जिससे उसके बधन कट गए और रोहित के पिता हरिश्चद्र का जलोदर रोग भी दूर हो गया। जब शुन शेप मुक्त होकर अपने पिता के साथ न गया, तब विश्वामित्र ने उसे अपना बडा पुत्र बनाया।

हरिश्मश्रु—सज्ञा पुं० [सं०] हिरण्याक्ष दैत्य के नौ पुत्रो मे से एक जो ब्रह्मकल्प मे परावसु गधर्व के नौ पुत्रो मे से एक था।

हरिषⓟ—सज्ञा पुं० [सं० हर्ष] प्रसन्नता। आनद। दे० 'हर्ष'। उ०—सपति विपति नही मैं मेरा हरिष सोक दोइ नाही।—दादू०, पृ० ५६४।

हरिषेण—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु पुराण के अनसार दसवें मनु के पुत्रो मे से एक। २ जैन पुराणो के अनुसार भारत के दस चक्रवर्तियो मे से एक। ३ एक प्राचीन भट्ट या कवि का नाम जिसने गुप्तवशीय सम्राट् समुद्रगुप्त की वह प्रशस्ति लिखी थी जो प्रयाग के किले मे भीतर के खभे पर है।

हरिसंकरी—सज्ञा स्त्री० [स० हरिशङ्करी] १ विष्णु और शिव की सम्मिलित स्तुति। उ०—रुचिर हरिसकरी नाम मजावली द्वद्व दुख हरनि आनदखानी।—तुलसी ग्र०, पृ०४८१। २ देवी की एक मूर्ति।

हरिसकीर्तन—सज्ञा पुं० [स० हरिसङ्कीर्तन] विष्णु के नामो का सस्वर बार बार कीर्तन। भगवान् के नामो का बार बार सस्वर कथन।

हरिस—सज्ञा स्त्री० [सं० हलीषा] हल का वह लबा लट्ठा जिसके एक छोर पर फालवाली लकडी आडी जुडी रहती है और दूसरे छोर पर जूवा अटकाया जाता है। ईषा।

हरिसख—सज्ञा पुं० [सं०] एक गधर्व का नाम।

हरिसाⓟ†—सज्ञा पुं० [स० हलीषा] दे० 'हरिस'। उ०—काँध जुआठे रसरी लाए हरिसा बना सुडवरा।—सत० दरिया, पृ० १४३।

हरिसिंगार—सज्ञा पु० [स० हार+शृङ्गार] एक पुष्पवृक्ष। परजाता। विशेष दे० 'हरसिंगार'।

हरिसिद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक देवी का नाम।

हरिसुत—सज्ञा पु० [स०] १ श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न। २ इद्र के अश से उत्पन्न अर्जुन। ३ जैन मतानुसार भारत के दशम चक्रवर्ती।

हरिसूनु—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हरिसुत' [को०]।

हरिसौरभ—सज्ञा पु० [सं०] मृगमद। कस्तूरी [को०]।

हरिहय—सज्ञा पुं० [स०] १ इद्र। शक्र। २ सूर्य। ३ गणेश। ४ इद्र का अश्व [को०]।

हरिहर—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु और शिव का सयुक्त रूप। हरेश्वर। २ एक नदी का नाम [को०]।

हरिहर क्षेत्र—सज्ञा पुं० [स०] बिहार मे सोन नदी के किनारे पर स्थित एक तीर्थस्थान।

विशेष—यहाँ कार्तिक पूर्णिमा को गगास्नान और बडा भारी मेला होता है। यह मेला पद्रह दिन तक रहता है और बहुत दूर दूर से यहाँ दूकानें आती हैं। हाथी, घोडे आदि जानवर भी बिकने के लिये आते हैं।

हरिहरात्मक[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ गरुड का एक नाम। २ शिव का वाहन, वृषभ [को०]।

हरिहरात्मक[२]—वि० जिसमे हरि (विष्णु) और हर (शिव) दोनो सयुक्त हो।

हरिहाईⓟ[१]—वि० स्त्री० [हिं०] दे० 'हरहाई'।

हरिहाई[२]—सज्ञा स्त्री० हरहाईपन। परेशान करने की आदत।

हरिहित—सज्ञा पुं० [स०] वीरबहूटी। इद्रवधू। उ०—स्याम सरीर रुचिर स्रमसीकर सोनितकन बिच बीच मनोहर। जनु खद्योत निकर हरिहित गन भ्राजत मरकत सैल सिखर पर।—तुलसी ग्र०, पृ० ४००।

हरी[१]—वि० स्त्री० [हिं० 'हरा' का स्त्री०] हरित। सब्ज।

हरी[२]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक वृत्त का नाम जिसमे १४ वर्ण होते हैं तथा जिसके प्रत्येक चरण मे जगण, रगण, जगण, रगण, और अत मे लघु गुरु होते है। इसे 'अनद' भी कहते है। २ कश्यप की क्रोधवशा नाम की पत्नी के गर्भ से उत्पन्न दस कन्याओ मे से एक जिससे सिंह, बदर आदि पैदा हुए थे।

हरीⓟ†[३]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हर (=हल)] जमीदार के खेत की जुताई मे असामियो का हल बैल देकर या काम करके सहायता करना।

हरी[४]—सज्ञा पुं० [सं० हरि] दे० 'हरि'।

हरी कसीस—सज्ञा स्त्री० [हिं० हीरा + कसीस] दे० 'हीरा कसीस'।

हरीकेन—सज्ञा पुं० [अ०] १ एक प्रकार की लालटेन जिसकी बत्ती मे हवा का झोका आदि नही लगता। २ बवडर। अधवायु। महावात [को०]।

हरी चाह—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरी + चाह] १ एक प्रकार की घास जिसकी जड मे नीबू की सी सुगन्ध होती है। गध तृण। २ एक प्रकार की चाय जिसकी पत्तियाँ हरी होती है।

हरीचुग†—सज्ञा पुं० [हिं० हरी (=हरियाली) + चुगना] वह जो केवल अच्छे समय मे साथ दे। सपन्न अवस्था मे साथ देनेवाला।

हरीछाल केला—सज्ञा पुं० [हि०] बबइया केला जिसकी छाल हरी होती है और पकने पर भी उसका रग नही बदलता। विशेष दे० 'केला'।

हरीत—सज्ञा पुं० [स० हारीत] दे० 'हारीत'।

हरीतकी—सज्ञा स्त्री० [स०] हड। हर्रे।

हरीतक्यादि क्वाथ—सज्ञा पुं० [सं०] हड के प्रधान योग से बना हुआ एक प्रकार का काढ़ा।

विशेष—हड का छिलका, अमलतास का गूदा, गोखरू, पखानभेद, धमासा और अडूसा इन सब का चूर्ण लेकर पानी मे काढा उतारा जाता है। यह मूत्रकृच्छ्र और बधकुष्ठ रोग मे दिया जाता है।

हरीतिमा—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरा, हरी] हरियाली। हरापन।

हरीफ—सज्ञा पुं० [अ० हरीफ] १ दुश्मन। शत्रु। २ प्रतिद्वद्वी। प्रतिस्पर्धी। विरोधी। उ०—दास पलटू अहै हरीफ पक्का।—पलटू०, पृ० ८। ३ एक ही नायिका के दो प्रेमी। रकीब (को०)।

हरीम—सज्ञा पुं० [अ०] १ घर की चहारदिवारी या प्राचीर। २ घर। मकान [को०]।

हरीर—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का अत्यत बारीक रेशमी कपडा [को०]।

हरीरा[१]—सज्ञा पुं० [अ० हरीरह्] एक प्रकार का पेय पदार्थ जो दूध मे सूजी, चीनी और इलायची आदि मसाले और मेवे डालकर औटाने से बनता है। यह अधिकतर प्रसूता स्त्रियो को दिया जाता है।

हरीरा[२]—वि० [हिं० हरिअर] [स्त्री० हरीरी] १ हरा। सब्ज। २ हर्षित। प्रसन्न। प्रफुल्ल।

हरीरी[१]—सज्ञा स्त्री० [अ० हरीरह्] दे० 'हरीरा'[१]।

हरीरी[२]—वि० स्त्री० [हिं० हरियर] १ दे० 'हरीरा'। २. हर्षित। प्रसन्न। उ०—छन होत हरीरी मही को लखे, छन जोवति है छनजोति छटा। अवलोकति इद्र वधू की पँत्यारी, बिलोकति है छिन कारी घटा।—कोई कवि (शब्द०)।

हरील†—सज्ञा पुं० [हि०] एक पक्षी। दे० 'हारिल'।

हरीश[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ बदरो के राजा। २ हनुमान। ३ सुग्रीव।

हरीश[२]—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक प्रकार का पतला कीडा। कनसलाई [को०]।

हरीष—सज्ञा स्त्री० [सं० हर्ष०] दे० 'हर्ष'।

हरीषना†—क्रि० अ० [स० हर्ष] हर्षित होना। आनदित होना। उ०—सुकन सूणी हरीष्यो मन माँहि।—बी० रासो०, पृ० ६०।

हरीषा—सं० स्त्री० [सं०] एक प्रकार का सामिष व्यजन [को०]।

हरीस[१]—सज्ञा स्त्री० [स० हलीषा] हल का वह लबा लट्ठा जिसके एक छोर पर फालवाली लकडी आडे बल जडी रहती है और दूसरे छोर पर जूआ लगाया जाता है। हरिस।

हरीस[२]—वि० [अ०] लालची। लिप्सु। लोभी।

हरुआ† —वि० [स० लघुक, पा० लहुअ, विपर्यय 'हलुअ'] [वि० स्त्री० हरुई] जो भारी न हो। जिसमे गुरुत्व न हो। हलका। (क) निज जडता लोग्ह पर डारी। होहि हरुअ रघुपतिहि निहारी। —मानस, १।२५८। (ख) सोन नदी अस पिउ मोर गरुआ। पाहन होइ परै जो हरुआ।—जायसी (शब्द०)।

हरुआई†—सज्ञा स्त्री० [हि० हरुआ + ई (प्रत्य०)] १ हलकापन। उ० देह विसाल परम हरुआई। मदिर ते मदिर चढ धाई।—मानस, ५।२६। २ फुरती। शीघ्रता।

हरुआना†—क्रि० अ० [हि० हरुआ + ना (प्रत्य०)] १ हलका होना। लघु होना। २. फुरती करना। जल्दी करना। उ०—कर धनु लै किन चदहि मारि। तू हरुआय जाय मदिर चढि समि सम्मुख दर्पन विस्तारि। याही भाँति बुलाय, मुकुर महि अति बल खड खड करि डारि।—सूर (शब्द०)।

हरुई†—वि० स्त्री० [हिं० हरुआ का स्त्री०] दे० 'हरुआ'।

हरुए† —क्रि० वि० [हि० हरुआ] १ धीरे धीरे। आहिस्ता से। २ इस प्रकार जिसमे आहट न मिले। हलकेपन से। चुपचाप। उ०—(क) ना जानौ कित ते हरुए हरि आय मूँदि दिए नैन।—सूर (शब्द०)। (ख) आपहि तें तजि मान तिया हरुए हरुए गरवै लगि जैहै।—पदमाकर (शब्द०)।

हरुण—सज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध मतानुसार एक बहुत बडी सख्या।

हरुवा†—वि० [सं० लघुक] दे० 'हरुआ'। उ०—कीन्हेसि जो अति गिरवर गरुवा। चहइ तो करै तृणहु से हरुवा।—चित्रा०, पृ० २।

हरू† —वि० [स० लघु] दे० 'हरुआ'। उ०—कचन देके काँच बिसाहै, हरू गरू नहि तौलै।—कबीर श०, भा० ४, पृ० २४।

यौ०—हरू गरू = हलका और वजनी।

हरूफ—सज्ञा पुं० [अ० हरूफ] हरफ का बहुवचन। अक्षर। वर्ण। हरफ।

हरें† —क्रि० वि० [हि० हरुए] आहिस्ता। धीरे।

यौ०—हरें हरें = धीरे धीरे। शनै शनै।

हरे[१]—सज्ञा पुं० [स०] 'हरि' शब्द का सबोधन का रूप। उ०—(क) जय राम सदा सुखधाम हरे। रघुनायक सायक चाप धरे।—

मानस, ६।११०। (ख) हति नाथ अनाथन्ह पाहि हरे। विषया बन पामर भूलि परे।—मानस, ७।१४।

हरे(ब्र)[२]—क्रि० वि० [हि० हरुए]१ धीरे से। आहिस्ता से। तेजी के साथ नही। मद मद। उ०—लाज के साज धरेई रहे तब नैनन लै मन ही सो मिलाए। कैसी करौं अब क्यो निकसै री हरेई हरे हिय मे हरि आए।—केशव (शब्द०)। २ जो ऊँचा या जोर का न हो। जो तीव्र न हो (ध्वनि, शब्द आदि)। उ०—दूरि तें दौरत, देव, गए सुनि के धुनि रोस महा चित चीन्हो। सग की औरें उठी हँसि कै तब हेरि हरे हरि जू हँसि दीन्हो।—देव (शब्द०)। ३ जो कठोर या तीव्र न हो। हलका। कोमल। (आघात, स्पर्श आदि)।

यौ०—हरे हरे = धीरे धीरे। उ०—रोस दरसाय बाल हरि तन हेरि हेरि फूल की छरी सो खरी मारती हरे हरे।—(शब्द०)।

हरेई(ब्र)—सज्ञा पुं० [?] घोडो की एक जाति। उ०—हसा हरेई बाजि। ती तुरिय तावी साजि।—ह० रासो, पृ० ३२५।

हरेक—वि० [फा० हर + एक] प्रत्येक। हरएक।

हरेणु[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ मटर। २ बाड जो ग्राम आदि का हद बाँधने के लिये लगाई जाय। ३ लका का एक नाम (को०)।

हरेणु[२]—सज्ञा स्त्री० १ समाननीय स्त्री। कुलस्त्री। २ हरिणी जो ताम्र वर्ण की हो। ताँबे के रग की मृगी। ३ एक सुगधित वस्तु। रेणुका नामक गधद्रव्य (को०)।

हरेणुक—सज्ञा पुं० [स०] मटर। मटर (को०)।

हरेना†—सज्ञा पुं० [हि० हरा] वह विशेष प्रकार का चारा जो ब्यानेवाली गाय को दिया जाता है।

हरेरा†—वि० [हि० हरा + एरा (प्रत्य०)] दे० 'हरा', 'हरिअर'।

हरेरी†—वि० [हि० हरा] दे० 'हरिअरी'।

हरेव—सज्ञा पुं० [देश०] १ मगोलो का देश। २ मगोल जाति। उ०—पछिउँ हरेव दीन्हि जो पीठी। सो पुनि फिरा सौंह कै दीठी।—जायसी (शब्द०)।

हरेवा—सज्ञा पुं० [हि० हरा] हरे रग की एक चिडिया। हरी बुलबुल। उ०—पचै बाग उठ्टे चुटक्के हरेव। मनौ मडिय मौज केकी परेव।—पृ० रा०, १२।१७५।

विशेष—इस पक्षी की चोच काली, पैर पीले और लबाई १४ या १५ अगुल होती है। यह युक्तप्रात, मध्यप्रदेश और बगाल मे पाई जाती है। यह पेड की जड और रेशो से कटोरे के आकार का घोसला बनाती और दो अडे देती है। यह बहुत अच्छा बोलती है, इससे इसे 'हरी बुलबुल' भी कहते है।

हरैं(ब्र)—क्रि० वि० [हि० हरुए] दे० 'हरे'।

हरैना—सज्ञा पुं० [हि० हर(=हल) ऐना (प्रत्य०) [वि० स्त्री० अल्पा० हरैनी] १ वह टेढी गावदुम लकडी जो हल के लट्ठे (हरिस) के एक छोर पर आडे बल मे लगी रहती है और जिसमे लोहे का फाल ठोका रहता है। २ बैलगाडी के सामने की ओर निकली हुई लकडी।

हरैनी—सज्ञा स्त्री० [हि० हर=हल] दे० 'हरैना'।

हरैया(ब्र)—सज्ञा पुं० [हि० हरना] हरनेवाला। दूर करनेवाला। उ०—दसरत्थ के नद है दुख हरैया।—तुलसी (शब्द०)।

हरोना—सज्ञा पु० [हि० हरा + ओना] एक प्रकार की अरहर जो रायपुर जिले मे बहुत होती है।

हरोल—सज्ञा पु० [तु० हरावल] दे० 'हरावल' उ०—प्रेम है हरोल आगे आवन सबन के जू भागे छल यूथ सील बल सो भगायो है।—दीन० ग्र०, पृ० १३४।

हरौती—सज्ञा स्त्री० [हि० हरा + औती (प्रत्य०)] एक प्रकार की छडी। हरी लकडी की छटी। उ०—हाथ मे हरौती की पतली सी छडी, आँखो मे सुरमा, मुँह मे पान, मेहदी लगी हुई लाल दाढी, जिसकी सफेद जड दिखलाई पड रही थी।—इद्र०, पृ० ६५।

हरौल—सज्ञा पुं० [तु० हरावल] दे० 'हरावल'। उ०—जुरे दुहन के दृग झमकि रुके न भीने चीर। हलकी फौज हरौल ज्यो परत गोल पर भीर।—बिहारी (शब्द०)।

हर्कत—सज्ञा स्त्री० [अ० हरकत] दे० 'हरकत'।

हर्गिज—अव्य० [फा० हर्गिज] दे० 'हरगिज'। उ०—मिलो जब गाँव भर से, बात कहना, बात सुनना, मल कर मेरा, न हर्गिज नाम लेना।—ठडा०, पृ० १८।

हर्ज—सज्ञा पुं० [अ०] १ काम मे रुकावट। बाधा। अडचन। जैसे,—नौकर के न रहने से बडा हर्ज हो रहा है। २ हानि। नुकसान। जैसे—इनके यहाँ रहने से आपका क्या हर्ज है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हर्जा[१]—सज्ञा पु० [फा० हर्जह्] तावान। क्षतिपूर्ति। हरजाना (को०)।

हर्जा[२]—सज्ञा पुं० [फा० हर्जह्] व्यर्थ। अनर्गल। बेहूदा।

हर्जा[३]—सज्ञा पुं० [अ० हर्ज] दे० 'हज', 'हरज'।

हर्जाना—सज्ञा पु० [फा० हर्जानह्] दे० 'हरजाना'।

हर्तव्य—वि० [स०] हरण करने लायक (को०)।

हर्ता—सज्ञा पुं० [स० हर्तृ] [सज्ञा स्त्री० हर्त्री]। १ हरण करनेवाला। २ नाश करनेवाला। ३ काटकर अलग करनेवाला। विच्छिन्न करनेवाला। ४ तस्कर। चोर (को०)। ५ डकैत। डाकू (को०)। ६ सूर्य (को०)। ७ वह जो कर लगाए। राजा (को०)।

हर्तार—सज्ञा पुं० [सं० हर्तार] हरण करनेवाला। हर्ता।

हर्तु—सज्ञा पुं० [स०] १ मरण। मृत्यु। २ गाढ अनुराग। (को०)।

हर्तृ—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हर्ता' (को०।

हर्द—सज्ञा पुं० [सं० हरिद्रा] दे० 'हलदी'।

हर्दी—सज्ञा स्त्री० [स० हरिद्रा] दे० 'हलदी'।

हर्फ—सज्ञा पुं० [अ० हर्फ] दे० 'हरफ'।

हर्ब—सज्ञा पुं० [अ०] युद्ध। लडाई। सग्राम (को०)।

यौ०—हर्बगाह = युद्धस्थल। लडाई का मैदान।

हर्वा—सज्ञा पुं० [अ० हरबह्] दे० 'हरबा'।

हर्म—सज्ञा पुं० [सं० हर्मन्] जृभा। जँभाई [को०]।

हर्मिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] किसी स्तूप पर बना हुआ ग्रीष्मभवन [को०]।

हर्मित—वि० [सं०] १ फेका हुआ। क्षिप्त। २ छोडा हुआ। डाला हुआ। ३ भेजा हुआ। प्रेषित। ४ जलाया हुआ [को०]।

हर्मुट—सज्ञा पुं० [स०] १ कछुआ। कच्छप। २ सूर्य [को०]।

हर्म्य सज्ञा पुं० [स्त्री०] १ राजभवन। महल। प्रासाद। २ बडा भारी मकान। हवेली। ३ नरक। ४ यत्रणागृह (को०)। ५ अग्निकुड। ६ तदूर। अँगीठी (को०)।

हर्म्यगर्भ—सज्ञा पुं० [स०] राजप्रासाद का अत पुर। उ०—'तालाब होते थे और खुली छत की इमारतें भी होती थी शिविकागर्भ, नलिकागर्भ और हर्म्यगर्भ—हिं० पु० स० पृ० २८८।

हर्म्यचर—वि० [स०] प्रासाद या हर्म्य मे रहनेवाला। बडी कोठी या हवेली मे रहनेवाला [को०]।

हर्म्यतल—सज्ञा पुं० [सं०] प्रासाद की ऊपरी मजिल या छत [को०]।

हर्म्यपृष्ठ—सज्ञा पुं० [स०] मकान की पाटन या छत। दे० 'हर्म्यतल'।

हर्म्यवलभी—सज्ञा स्त्री० दे० 'हर्म्यतल' [को०]।

हर्म्यभाज्—वि० [सं०] प्रासाद मे रहनेवाला [को०]।

हर्म्यस्थ—वि० [सं०] जो हर्म्य मे वर्तमान हो।

हर्म्यस्थल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हर्म्यतल'।

हर्यंककुल—वि० [सं० हर्यङ्ककुल] जिसका प्रतीक सिंह हो उस कुल अर्थात् सूर्य वश मे उत्पन्न होनेवाला [को०]।

हर्यक्ष[1]—वि० [स०] भूरी आँखोवाला [को०]।

हर्यक्ष[2]—सज्ञा पुं० १ सिंह। शेर। २ सिंह राशि। ३ बदर। ४ कुबेर। ५ रोग उत्पन्न करनेवाला दैत्य। ६ एक असुर। ७ पृथु के एक पुत्र। ८ शिव का एक नाम [को०]।

हर्यत—सज्ञा पुं० [सं०] १ अश्व। घोडा। २ अश्वमेध यज्ञ के उपयुक्त अश्व। ३ यज्ञ [को०]

हर्यश्व—सज्ञा पुं० [सं०] १ इद्र का घोडा। २ शिव। ३ चद्र [को०]।

यौ०—हर्यश्वचाप, हर्यश्वधनु = इद्रचाप। इद्रधनुष।

हर्या(ऊ)†—वि० [हिं० हरा] दे० 'हरा'। उ०—जमी के तले यक ठरा कर मकान, हर्या उस तले एक पत्थर अहे जान। —दक्खिनी०, पृ० ३३६।

हर्यात्मा—सज्ञा पुं० [सं० हर्यात्मन्] व्यास का एक नाम [को०]।

हरचारी(ऊ)—सज्ञा स्त्री० [हिं० हरा, हरियर] दे० 'हरियाली'। उ०—चोप हरयारी हिलमिल बाढी। पावस निज सपति है काढी। —घनानद, पृ० ३६०।

हर्र—सज्ञा स्त्री० [हिं०] हड। दे० 'हरें'।

हर्रा—सज्ञा पुं० [सं० हरीतकी] बडी जाति की हड जिसका उपयोग त्रिफला मे होता है और जो रँगाई के काम मे आती है। विशेष दे० 'हरें', 'हड'।

मुहा०—हर्रा कदम मे = रास्ते मे मैला या गोबर है। (पालकी के कहार)। हर्रा लगे न फिटकरी और रग चोखा होय = बिना किसी प्रयास या व्यय के कोई कार्य बन जाना। उ०—अत 'हर्रा लगे न फिटकरी और रग चोखा होय' वाली कहावत···'।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २१७।

हर्रे—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'हड'।

हर्रैया—सज्ञा स्त्री० [हिं० हर्रे] १ हाथ मे पहनने का एक गहना जिसमे हड के से सोने या चाँदी के दाने पाट मे गुथे रहते हैं। २. माला या कठे के दोनो छोरो पर का चिपटा दाना जिसके आगे सुराही होती है।

हर्ष—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रफुल्लता या भय आदि के कारण रोगटो का खडा होना। २. प्रफुल्लता। आनद। चित्तप्रसादन खुशी।

क्रि० प्र०—करना।—मनाना।—होना।

३ ३३ सचारी भावो मे से एक का नाम।

विशेष—साहित्य मे 'हर्ष' की गिनती सचारी भावो मे की गई है।

३ धर्म के पुत्रो मे से एक। ४ भागवत के अनुसार कृष्ण के एक पुत्र का नाम। ५ काम के वेग से इद्रिय का उत्तेजित होना। कामोत्तेजना। कामोद्दीपन (को०)। ५ तीव्र आकाक्षा। उत्कट इच्छा (को०)। ६ एक दैत्य का नाम। ७ कान्यकुब्ज के एक नरेश का नाम। दे० 'हर्षवर्धन'।

यौ०—हर्षविषाद = खुशी और रज।

हर्षक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ चित्रगुप्त के एक पुत्र का नाम। २ मगध के शिशुनाक वश का एक प्राचीन राजा।

हर्षक[2]—वि० [वि० स्त्री० हर्षका, हर्षिका] हर्ष प्रदान करनेवाला। आनददायक।

हर्षकर—वि० [सं०] खुश करनेवाला। आनद देनेवाला। हर्षकारक।

हर्षकारक—वि० [स०] दे० 'हर्षकर'।

हर्षकीलक—सज्ञा पुं० [स०] कामशास्त्र मे वर्णित एक प्रकार के आसन का नाम।

हर्षगद्गद्—वि० [सं०] जिसकी वाणी आनद के कारण कपित हो [को०]।

हर्षगर्भ—वि० [सं०] प्रसन्न। खुश। आनदित [को०]।

हर्षचरित—सज्ञा पुं० [सं०] बाण कवि का रचित एक प्रसिद्ध गद्य-काव्य जिसमे उनके आश्रयदाता कान्यकुब्जाधिपति सम्राट् हर्षवर्धन का वृत्तात है।

हर्षचल—वि० [सं०] हर्षातिरेक से चचल या कपित।

हर्षज[1]—वि० [सं०] जो हर्ष के कारण उत्पन्न हो।

हर्षज[2]—सज्ञा पुं० शुक्र। वीर्य [को०]।

हर्षण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रफुल्लता या भय से रोगटो का खडा होना। जैसे,—लोमहर्षण। २. प्रफुल्लित करना या होना। ३ कामदेव के पाँच बाणो मे से एक। ४ आँख का एक रोग। ५. एक प्रकार का श्राद्ध। ६ पलित ज्योतिष मे विष्कभ आदि

२७ योगो मे से एक योग । ७ काम के वेग से इद्रिय का तनाव । ८ श्राद्ध के देवता । श्राद्धदेव (को०) । ९ आनद । हर्ष । प्रसन्नता (को०) । १० सेना या दल का उत्साह बढाना । ११ अस्त्र का एक सहार ।

हर्षण[२]—वि० [वि० स्त्री० हर्षणा, हर्षणी] १ प्रफुल्लताकारक । आनद देनेवाला । २ रोमाचित करनेवाला (को०) ।

हर्षणीय—वि० [सं०] हर्षप्रद । आनददायक (को०) ।

हर्षद—वि० [सं०] आनददायक ।

हर्षदान—सज्ञा पुं० [सं०] प्रसन्नतापूर्वक दिया हुआ दान (को०) ।

हर्षदोहल—सज्ञा पुं० [स०] वासनात्मक इच्छा । कामेच्छा (को०) ।

हर्षधारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] सगीत मे एक ताल जो चौदह प्रकार के तालो मे से एक है ।

हर्षध्वनि—सज्ञा स्त्री० [स०] उल्लास, आनद आदि के कारण की जानेवाली आवाज (को०) ।

हर्षना Ⓤ—क्रि० अ० [सं० हर्षण] प्रफुल्लित होना । खुश होना । प्रसन्न होना । उ०—लखि प्रतीति मन मँह भइय, हर्षे महिमा मीर ।—ह० रासो, पृ० ५० ।

हर्षनाद—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हर्षध्वनि' ।

हर्षनिष्वनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सगीत मे एक प्रकार की रागिनी का नाम ।

हर्षनि स्वन, हर्षनिस्वन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हर्षध्वनि' (को०) ।

हर्षपुरी—सज्ञा स्त्री० [स०] सगीत मे एक राग ।

हर्षप्रद—वि० [स०] हर्षित करनेवाला । आनददायक ।

हर्षभाक्—वि० [सं० हर्षभाज्] आनद का भागी । खुश । प्रसन्न ।

हर्षमाण—वि० [स०] प्रसन्न । हर्षित । खुश (को०) ।

हर्षयित्नु[१]—वि० [सं०] आनददायक (को०) ।

हर्षयित्नु[२]—सज्ञा पुं० १ सोना । सुवर्ण । २ पुत्र । सतान (को०) ।

हर्षवर्द्धन, हर्षवर्धन—सज्ञा पुं० [सं०] भारत का वैस क्षत्रिय वशीय एक समाट जिसकी सभा मे बाण कवि रहते थे ।

विशेष—हर्षचरित नामक ग्रथ बाणकवि ने इनके जीवन पर लिखा है । यह बौद्ध था और इसका राज्य विक्रम की सातवी शताब्दी मे था । प्रसिद्ध चीनी यात्री हुएन्साग इसी के समय मे भारतवर्ष मे आया था ।

हर्षविवर्धन—वि० [सं०] हर्ष, आनद, प्रसन्नता आदि की वृद्धि करनेवाला (को०) ।

हर्षविह्वल—वि० [सं०] आनदातिरेक मे निमग्न । आनदमग्न (को०) ।

हर्षसपुट—सज्ञा पुं० [सं० हर्षसम्पुट] एक रतिबध (को०) ।

हर्षसमन्वित—वि० [सं०] दे० 'हर्षान्वित' ।

हर्षस्वन—सज्ञा पुं० [सं०] आनद की ध्वनि । दे० 'हर्षध्वनि' (को०) ।

हर्षाकुल—वि० [सं०] हर्ष से आकुल । आनदमग्न (को०) ।

हर्षातिरेक, हर्षातिशय—सज्ञा पुं० [सं०] आनदातिरेक । हर्ष की अधिकता । (को०) ।

हर्षाना Ⓤ[१]—क्रि० अ० [स० हर्ष + हिं० आना (प्रत्य०)] आनदित होना । प्रसन्न होना । प्रफुल्ल होना ।

हर्षाना[२]—क्रि० स० हर्षित करना । आनदित करना ।

हर्षान्वित—वि० [सं०] प्रसन्न । खुश (को०) ।

हर्षाविष्ट—वि० [स०] हर्षयुक्त । प्रसन्न । आनदित (को०) ।

हर्षाश्रु—सज्ञा पुं० [स०] हर्ष से उत्पन्न आँसू । आनदाश्रु (को०) ।

हर्षिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह वस्तु जिसके ग्रहण से आनद की अनुभूति हो । २ विजया । सिद्धि । भाँग (को०) ।

हर्षित[१]—वि० [स०] १ आनदित । प्रसन्न । प्रफुल्ल । खुश । २ जो प्रसन्न किया गया हो (को०) । ३ रोमाचयुक्त । रोमाचित (को०) ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

हर्षित[२]—सज्ञा पु० आनद । आह्लाद (को०) ।

हर्षी—वि० [स० हर्षिन्] १ आनदित । खुश । प्रसन्न । हर्षित । २ आनदकारक । प्रसन्न करनेवाला (को०) ।

हर्षीका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक वृत्त का नाम (को०) ।

हर्षुल[१]—वि० [स०] हर्षित रहनेवाला । खुशमिजाज ।

हर्षुल[२]—सज्ञा पुं० १ प्रेमी । नायक । प्रियतम । २ हिरन । मृग । ३ एक बुद्ध का नाम ।

हर्षुला—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह कन्या जिसकी ठुड्डी मे बाल या दाढी हो ।

विशेष—शास्त्रो मे ऐसी कन्या विवाह के अयोग्य कही गई है ।

हर्षोत्कर्ष—सज्ञा पुं० [सं०] हर्षातिशय । आनदातिरेक (को०) ।

हर्षोत्फुल्ल—वि० [सं०] हर्ष से विकसित । खुशी से फूला हुआ ।

हर्षोदय—सज्ञा पुं० [स०] आनद की उत्पत्ति (को०) ।

हर्सा†—सज्ञा पुं० [सं० हलीषा] हल का लबा लट्ठा । हरिस । हलीषा ।

हल्—सज्ञा पुं० [स०] शुद्ध व्यजन जिसमे स्वर न मिला हो ।

विशेष—लिखने मे अक्षर के नीचे एक छोटी तिरछी लकीर बना देने से यह सूचित होता है । जैसे 'पृथक्' शब्द मे 'क' के नीचे ।

हलत—सज्ञा पुं० [सं०] शुद्ध व्यजन जिसके उच्चारण मे स्वर न मिला हो । दे० 'हल्' ।

विशेष—व्यजन दो रूपो मे आते हैं—स्वरात और हलत ।

हल[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह यत्र या औजार जिससे बीज बोने के लिये जमीन जोती जाती है । वह औजार जिसे खेत मे सब जगह फिराकर जमीन को खोदते और भुरभुरी करते है । सीर । लागल ।

विशेष—यह खेती का मुख्य औजार है और सात आठ हाथ लबे लट्ठे के रूप मे होता है, जिसके एक छोर पर दो ढाई हाथ का लकडी का टेढा टुकडा आडे बल मे जडा रहता है । इसी आडी लकडी मे जमीन खोदनेवाला लोहे का फाल ठोका रहता है । लबे लट्ठे को 'हरिस' या 'हर्सा' और आडी जडी लकडी को 'हरैना' कहते हैं ।

क्रि० प्र०—चलाना ।

मुहा०—हल जोतना = (१) खेत मे हल चलाना । (२) खेती करना ।

२ एक अस्त्र का नाम ।

विशेष—श्री कृष्ण के बडे भाई बलराम का यह प्रमुख अस्त्र था। इसी से उनका एक नाम 'हल्ली' भी है।

३ जमीन नापने का लट्ठा। ४ बृहत्सहिता के अनुसार उत्तर के एक देश का नाम। ५ सामुद्रिक के अनुसार पैर की एक रेखा या चिह्न । ६ प्रतिषेध। विघ्न। बाधा (को०)। ७ कुरूपता। विकृतियुक्तता। भद्दापन (को०)। ८ एक नक्षत्रसमूह (को०)। ९ कलह। विवाद। झगडा (को०)।

हल[1]—सज्ञा पुं० [अ०] १ हिसाब लगाना । गणित करना। २ किसी कठिन बात का निर्णय। किसी समस्या का समाधान (या उत्तर)। जैसे—यह मुश्किल किसी तरह हल होती दिखाई नही देती। ३ मिलकर एकमेक हो जाना। घुलना। उलझन का सुलझना या खुल जाना (को०)। ४ किसी गणित या अन्य विषय के प्रश्न का उत्तर या जवाब (को०)।

हलकप—सज्ञा पुं० [हिं० हलना (= हिलना) + कप] १ भारी हल्ला या उथलपुथल। हलचल। आदोलन। हडकप। उ०—जब अहेर सो आयो नाही। तब हलकप परयो पुर माँही।—रघुराज (शब्द०)।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

२ चारो ओर फैली हुई घबराहट। लोगो के बीच फैला हुआ आवेग या आकुलता। उ०—शत्रुन के दल मे हलकप परयो सुनि कै नृप केरी अवाई।—(शब्द०)।

क्रि० प्र०—डालना। —पडना।

हलक—सज्ञा पुं० [अ० हलक] गले की नली। कठ। उ०—ऐसा यार हरीफ रहत मन हलक मे।—पलटू०, पृ० ३००। २ गला। गरदन। ३ मुडन। मूँडना। क्षौर कर्म (को०)।

मुहा०—हलक के नीचे उतरना = (१) मुँह मे डाली हुई वस्तु का पेट मे ले जानेवाले स्रोत मे जाना। पेट मे जाना। (२) किसी बात का मन मे बैठना। असर होना। हलक तक भरना = आवश्यकता से अधिक खाना। ठूँस ठूँसकर भोजन करना। हलक पर छुरी फेरना = दे० 'गला रेतना' और 'गले पर छुरी फेरना'। हलक मे डालना = कठ के नीचे उतारना। पेट मे पहुँचाना। पेट मे डालना। हलक से उतरना = (१) गले के नीचे उतारना। पेट मे पहुँचना। (२) मन मे बैठना।

हलकई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलका + ई (प्रत्य०)]। १ हलकापन। गुरुत्वाभाव। २ ओछापन। तुच्छता। ३ हेठी। अप्रतिष्ठा। जैसे—वहाँ जाने से कोई हलकई न होगी।—बालकृष्ण भट्ट (शब्द०)।

हलकुद्—सज्ञा पुं० [सं०] हल की वह लकडी जो लट्ठे के एक छोर पर आडे बल मे जडी रहती है और जिसमे फाल ठोका रहता है। हरैना। विशेष दे० 'हल'—१।

हलकन†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलकना] १ हलकने की स्थिति। हिलने डुलने की क्रिया। छलकन।

हलकना(ख)†—क्रि० अ० [सं० हल्लन (= हिलना) अथवा 'हल हल' अनु०] १ किसी वस्तु मे भरे जल का हिलाने से हिलना डोलना या शब्द करना। जैसे,—दौडने से पेट मे पानी हलकता है।

२ हिलोरें लेना। तरग मारना। लहराना। ३ बत्ती की लौ का झिलमिलाना। ४ हिलना। डोलना। उ०—पानिप के भारन सँभारत न गात, लक लचि लचि जाति कचभारन के हलकै।—द्विजदेव (शब्द०)।

हलकम†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'हडकप', 'हलकप'।

हलका[1]—वि० [स०लघुक, प्रा०लहुक, लहुअ, विपर्यय 'हलुक'] [वि० स्त्री० हलकी] १ जो तौल मे भारी न हो। जिसमे वजन या गुरुत्व न हो। 'भारी' का उलटा। जैसे,—यह पत्थर हलका है, तुम उठा लोगे। उ०—गरुवा होय गुरु होय बैठे हलका डगमग कर डोलै।—कबीर श०, भा०१, पृ० १०३। २ जो गाढा न हो। पतला। जैसे,—हलका शरबत। ३ जो गहरा या चटकीला न हो। जो शोख न हो। जैसे,—हलका रग, हलका हरा। ४ जो गहरा न हो। उथला जैसे,—किनारे पर पानी हलका है। ५ जो उपजाऊ न हो। जो उर्वरा न हो। अनुर्वर। जैसे,—यहाँ की जमीन हलकी है, पैदावार कम होती है। ६ जो अधिक न हो। कम। थोडा। जैसे,—(क) हलका भोजन। (ख) हमे हलके दामो का एक घोडा चाहिए। ७ जो जोर का न हो। मद। थोडा थोडा। जैसे,—हलका दर्द, हलका ज्वर। ८ जो कठोर या प्रचड न हो। जो जोर से न पडा या बैठा हो। जैसे,—हलकी चपत, हलकी चोट। ९. जिसमे गभीरता या बडप्पन न हो। ओछा। तुच्छ। टुच्चा। जैसे,—हलका आदमी, हलकी बात। १० जो करने मे सहज हो। जिसमे कम परिश्रम हो। आसान। सुखसाध्य। जैसे,—हलका काम। ११ जिसके ऊपर किसी कार्य या कर्तव्य का भार न हो। जिसे किसी बात के करने की फिक्र न रह गई हो। निश्चित। जैसे,—कन्या का विवाह करके अब वे हलके हो गए १२ प्रफुल्ल। ताजा। जैसे,—नहाने से बदन हलका हो जाता है। १३. जो मोटा न हो। झीना। पतला। महीन। जैसे,—हलका कपडा १४ कम अच्छा। घटिया। जैसे,—यह माल उससे कुछ हलका पड़ता है। १५ निदित। अप्रतिष्ठित। १६ जिसमे कुछ भरा न हो। खाली। छूँछा। उ०—सखि! बात सुनौ इक मोहन की, निकसे मटकी सिर लै हलकै। पुनि बाँधि लई सुनिए नत नार कहूँ कहुँ कुद करी छलकै।—केशव (शब्द०)।

मुहा०—हलका करना = अपमानित करना। तुच्छ ठहराना। लोगो की दृष्टि मे प्रतिष्ठा कम करना। जैसे,—तुमने दस आदमियो के बीच मे हलका किया। हलकी बात = (१) ओछी या तुच्छ बात। (२) बुरी बात। हलके भारी होना = (१) ऊबना। भार अनुभव करना। बोझ सा समझना। जैसे,—चार दिन मे तुम्हारे यहाँ से चले जायँगे, क्यो हलके भारी हो रहे हो। (२) तुच्छता प्रकट करना। लोगो की नजर मे ओछा बनना। हलकी भारी बोलना = खोटे वचन कहना। खरी खोटी सुनाना। बुरे शब्द मुँह से निकालना। लोगो की दृष्टि मे हलका होना = ओछा या तुच्छ समझा जाना। प्रतिष्ठा खोना। बुरा समझा जाना। हलके हलके = धीरे धीरे। मद गति से। आहिस्ता आहिस्ता। हलका सोना = हलका सुनहरी रग। (रँगरेज)।

हलका†[२]—सज्ञा पुं० [अनु० 'हल हल' या 'हिलना'] पानी की हिलोर। तरग। लहर।

हलका[३]—सज्ञा पुं० [अ० हलकह्] १ वृत्त। मडल। गोलाई। २ घेरा। परिधि। उ०—जुल्फ के हलके मे देखा जब से दाना खाल का। मुर्ग दिल आशिक का तब से सैद है इस जाल का।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० २३। ३ मडली। झुड। दल। उ०—औ वाहरुआँ आफलै, कुजर हलकौ काय।—वाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० २६। ४ हाथियो का झुड। उ०—सत्ता के सपूत भाऊ तेरे दिए हलकनि वरनी ऊँचाई कविराजन की मति मैं। मधुकर कुल करटनि के कपोलन तें उडि उडि पियत अमृत उडुपति मैं।—मतिराम (शब्द०)। ५ कई गाँवो या कस्वो का समूह जो किसी काम के लिये नियत हो। इलाका। क्षेत्र। जैसे,—थाने का हलका। पटवारियो का हलका। ६ गले का पट्टा। ७ लोहे का वद जो पहिए के घेरे मे जडा रहता है। हाल। ८ लोहे या लकडी का गोलाकार कुडा (कौ०)।

हलकाई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलका + ई (प्रत्य०)] १ हलकापन। लघुता। २ ओछापन। नीचता। ३ अप्रतिष्ठा। हेठी।

हलकान†—वि० [हिं० हलका (= हिलना, कपन ?) अ० हलाकत या हैरान] दे० 'हैरान'। उ०—गिरह माँहि धधा घना, भेस माँहि हलकान। जन दरिया कैसे भजूँ, पूरन ब्रह्म निदान।—दरिया० वानी, पृ० ४०।

हलकाना†[१]—क्रि० अ० [हिं० हलका + ना (प्रत्य०)] हलका होना। बोझ कम होना।

हलकाना[२]—क्रि० स० हलका करना। गुरुत्व या वजन कम करना।

हलकाना[३]—क्रि० स० [हिं० हलकना] १ किसी वस्तु मे भरे हुए पानी को हिलाना या हिलाकर आवाज पैदा करना या बुलाना। २ हिलोरा देना।

हलकाना[४]—क्रि० स० [हिं०] दे० 'हिलगाना'।

हलकानी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलकान + ई] हलकान होने की क्रिया या भाव। हैरानी।

हलकापन—सज्ञा पुं० [हिं० हलका + पन (प्रत्य०)] १ हलका होने का भाव। भार का अभाव। लघुता। २ ओछापन। नीचता। तुच्छता बुद्धिक्षुद्रता। खोटाई। ३ अप्रतिष्ठा। हेठी। इज्जत की कमी।

हलकार—सज्ञा पु० [हिं० हरकारा] दूत। चर। उ०—प्रणधि, दून, जासूस ए छवि पावत हलकार।—नद० ग्र०, पृ० १०८।

हलकारा‡—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'हरकारा'।

हलकारी[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हड + कारी] कपडा रँगने के पहले उसमे फिटकरी, हड या तेजाब आदि का पुट देना जिसमे रग पक्का हो।

हलकारी[२]—सज्ञा स्त्री० [अ० हलकह (= घेरा)] हलदी के योग से बने हुए रग के द्वारा कपडो के किनारे पर की छपाई।

हलकोरा†—सज्ञा पुं० [अनु० हल हल] हिलोरा। तरग। लहर। उ०—धाम के हलकोरो ने रग की लहरें ला ला कर। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० १२।

हलगोलक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का कीडा।

हलग्राही[१]—वि० [सं० हलग्राहिन्] हल पकडनेवाला। हल की मूँठ पकडकर खेत जोतनेवाला।

विशेष—हल पकडना बहुत स्थानो मे ब्राह्मणो और क्षत्रियो के लिये निषिद्ध समझा जाता है।

हलग्राही[२]—सज्ञा पुं० खेती करनेवाला। किसान।

हलचल[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलना + चलना] १ लोगो के बीच फैली हुई अधीरता, घबराहट, दौड धूप, शोरगुल आदि। खलबली। धूम। जैसे,—सिपाहियो के शहर मे घुसते ही हलचल मच गई।

क्रि० प्र०—डालना। जैसे,—शिवाजी ने मुगलो की सेना मे हलचल डाल दी। पडना।—मचना।—मचाना।

२ उपद्रव। दगा। ३ हिलना। डोलना। कप। विचलन।

हलचल[२]—वि० इधर उधर हिलता डोलता हुआ। डगमगाता हुआ। कपायमान।

हलजीवी—वि० [सं० हलजीविन्] हल चलाकर अर्थात् खेती करके निर्वाह करनेवाला। किसान।

हलजुता—सज्ञा पुं० [हिं० हल + जोतना] १ तुच्छ कृषक। मामूली किसान। २ गँवार।

हलडा—सज्ञा पुं० [हिं० आरा] दे० 'हलरा'।

हलदड—सं० पुं० [सं० हलदण्ड] हल का लवा लट्ठा। हरिस। उ०—गिरि कदर सम नासा अत। हल दड से वड्डे दत।—नद० ग्र०, पृ० २३६।

हलद†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'हलदी'। उ०—मुशाजा मुस्तरी होकर हलद सूरज लगाया है।—अली आदिल०, पृ० २७।

हलद हात—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलदी + हाथ] विवाह के तीन या पाँच दिन पहले वर और कन्या के शरीर मे हल्दी और तेल लगाने की रस्म। हल्दी चढना।

हलदिया[१]—सज्ञा पुं० [हिं० हलदी] १ एक पित्त रोग जिसमे शरीर पीला पड जाता है। पीलिया रोग। विशेष—दे० 'कामल'। २ एक प्रकार का जहर। एक विष का नाम।

हलदिया[२]—वि० हलदी के रग का। पीला।

हलदी—सज्ञा स्त्री० [स० हरिद्रा] ३ डेढ दो हाथ ऊँचा एक पौधा जिसमे चारो ओर टहनियाँ नही निकलती, काड के चारो हाथ पौन हाथ लवे और तीन चार अगुल चौडे पत्ते निकलते हैं।

विशेष—इसकी जड, जो गाँठ के रूप मे होती है, व्यापार की एक प्रसिद्ध वस्तु है, क्योकि वह मसाले के रूप मे नित्य के व्यवहार की भी वस्तु है और रँगाई तथा औषध के काम मे भी आती है। गाँठ पीसने पर बिलकुल पीली हो जाती है। इससे दाल, तरकारी आदि मे भी यह डाली जाती है और इसका रग भी बनता है। इसकी खेती हिंदुस्तान मे प्राय. सब जगह होती है। हलदी की कई जातियाँ होती हैं। साधारणत दो प्रकार की हलदी देखने मे आती है—एक बिलकुल पीली, दूसरी लाल या ललाई

लिए जिसे रोचनी हलदी कहते हैं। वैद्यक मे यह गरम, पाचक, अग्निवर्धक और कृमिघ्न मानी जाती है। रँगाई मे काम आनेवाली हलदी की जातियाँ ये है—लोकहाँडी हलदी, मोयला हलदी, ज्वाला हलदी और आँबा हलदी।

२ उक्त पौधे की गाँठ जो मसाले आदि के रूप मे व्यवहार मे लाई जाती है।

मुहा०—हलदी उठना या चढना = विवाह के तीन या पाँच दिन पहले दूल्हे और दुलहन के शरीर मे हलदी और तेल लगाने की रस्म होना। हलदी लगना = विवाह होना। हलदी लगा के बैठना = (१) कोई काम न करना, एक जगह बैठा रहना। (२) घमड मे फूला रहना। अपने को बहुत लगाना। हलदी लगी न फिटकिरी = बिना कुछ खर्च किए। मुफ्त मे।

हलदू—सज्ञा पु० [हिं० हलद (=हलदी)] एक बहुत बडा और ऊँचा पेड जिसकी छाल डेढ अगुल मोटी, सफेद और खुरदुरी होती है।

विशेष—इसके भीतर की लकडी पीली और बहुत मजबूत होती है। यह पेड तर जगहो मे, जैसे हिमालय की तलहटी मे, होता है। इसकी लकडी बहुत वजनी होती है तथा साफ करने से चमकती है। इससे खेती और सजावट के सामान जैसे, मेज, कुरसी, आलमारी, कधियाँ, बदूक के कुदे इत्यादि बनते हैं। इस पेड को करम (दे० 'करम' का विशेष) भी कहते हैं।

हलद्दी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हलदी। हरिद्रा [को०]।

हलधर—सज्ञा पुं० [स०] १ हल को धारण करनेवाला। २ बलराम जी जो हल नामक अस्त्र धारण करते थे। उ०—मारो हलधर अगिनित वीरा।—कबीर सा०, पृ० ४८।

हलना⑨†—क्रि० अ० [स० हल्लन (=डोलना, करवट लेना)] १ हिलना डोलना। उ०—अगनि उतग जग जैतवर जोर जिन्हैं चिक्करत दिक्करि हलत कलकत हैं।—मतिराम (शब्द)। २ घुसना। प्रवेश करना। पैठना। जैसे,—पानी मे हलना, घर मे हलना। ३ समूह मे घुसकर लडना। भिडना। टूट पडना। उ०—प्यादन सो प्यादे पखरैतन सो पखरैत, बखतरवारे बखतरवारे हलते।—भूषण ग्र०, पृ० ६९।

हलपत†—सज्ञा पुं० [हिं० हल + पट्ट (=पाटा)] हल की आडी लगी हुई लकडी जो बीच मे चौडी होती है। परिहत।

हलपाणि—सज्ञा पु० [सं०] बलराम जो हाथ मे हल लिए रहते थे। हलधर।

हलफ—सज्ञा पुं० [अ० हलफ] वह बात जो ईश्वर को साक्षी मानकर कही जाय। किसी पवित्र वस्तु की शपथ। कसम। सौगध।

मुहा०—हलफ उठवाना या देना = शपथ खिलाना या खाने को कहना। हलफ उठाना या लेना = शपथपूर्वक कहना। कसम खाना। ईश्वर को साक्षी देकर कहना।

हलफदरोगी—सज्ञा स्त्री० [अ० हलफदरोगी] अदालत मे झूठी शपथ लेना। झूठी कसम खाना [को०]।

हलफन—क्रि० वि० [अ० हलफन] कसम से। कसम खाकर। शपथपूर्वक [को०]।

हलफनामा—सज्ञा पुं० [अ० हलफ + फा० नामह्] वह कागज जिसपर कोई बात ईश्वर को साक्षी मानकर अथवा शपथपूर्वक लिखी गई हो।

हलफल—सज्ञा स्त्री० [अनु० प्रा० हल्लफल्ल, हल्लफल] त्वरा। शीघ्रता। व्यग्रता। हडबडी। उ०—रह रह सुदरि, माठ करि, हलफल लग्गी काइ। डाँभ दिरावइ करइलउ, से कता मरि जाइ।—ढोला०, दू० ३२१।

हलफा—सज्ञा पुं० [अनु० हल हल] १ हिलोर। लहर। तरग। २ एक प्रकार का बच्चो रोग जिसमे साँस तेज चलती है।

क्रि० प्र०—उठना।

मुहा०—हलफा मारना = लहरें लेना। लहराना। हलफा चलना = बहुत तेजी से साँस चलना। उलटी साँस चलना।

विशेष—किसी किसी रोग की घातक स्थिति मे साँस उलटी चलने लगती है।

हलफी—वि० [अ० हलफी] हलफ के साथ। शपथयुक्त [को०]।

हलब—सज्ञा पुं० [अ० हलब देश] [वि०, हलबी, हलब्बी] फारस की ओर के एक देश का नाम। सीरिया, जहाँ का शीशा प्रसिद्ध था। दे० 'शाम'। उ०—कधी सौदा लेकर आवे अरब का। कधी शीसा लेवे जलब का हलब का।—दक्खिनी०, पृ० २७७।

हलबल⑨†—सज्ञा पुं० [हिं० हल + बल] खलबली। हलचल। धूम।

हलबला—वि० [हिं० हलबल] अधीर। व्यग्र। व्याकुल। उ०—तब बनारसी ह्वै हलबले। बरसत मेह बहुरि उठि चले।—अर्ध०, पृ० २८।

हलबलाना[1]—क्रि० अ० [हिं० हलबल] भय या शीघ्रता आदि के कारण घबराना। हडबडाना।

हलबलाना[2]—क्रि० स० दूसरे को घबडाने मे प्रवृत्त करना।

हलबलाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलबलाना] हलबलाने की क्रिया या भाव। खलबली। घबराहट।

हलबी—वि० [अ० हलबी] हलब देश का (शीशा)। बढिया (शीशा)। उ०—नैन सनेहन के मनौ हलबी सीसा आइ। गुपुत प्रगट तिन मैं सदा मीत सुमुख दरसाइ।—स० सप्तक, पृ० १९५।

हलब्बी[1]—वि० [अ० हलबी] दे० 'हलबी'। जैसे—हलब्बी शीशा।

हलब्बी‡[2]—वि० [?] पर्याप्त। काफी। बहुत। जैसे,—उसने घूस मे हलब्बी रकम पिलाई है।

हलभल†—सज्ञा पुं० [अनु०] दे० 'हलबल'।

हलभली†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलबल] खलबली। हलचल। घबराहट। हलभल।

हलभली[2]—सज्ञा स्त्री० [प्रा० हलहलअ] त्वरा। जल्दी। हडबडी।

हलभूति[1]—सज्ञा पुं० [स०] शकराचार्य का एक नाम।

हलभूति[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'हलभृति'।

हलभृत—सज्ञा पुं० [स० हलभृत्] १ बलराम। २ किसान। कृषक [को०]।

हलभृति—सज्ञा स्त्री० [सं०] कृषि का काम। किसानी [को०]।

हलमरिया—सज्ञा स्त्री० [पुर्त० आलमारी] जलयान या जहाज के नीचे का खाना। (लश०)।

हलमलना†—क्रि० अ० [हिं० हिलना + मलना] काँपना। डगमगाना। उ०—मुरग रसातल भूतल जितौ। सब हलमल्यौ कलमल्यौ तितौ।—नद० ग्र०, पृ० २३८।

हलमा—सज्ञा स्त्री० [अ० हलमह्] कुचाग्र। चूचुक। भिटनी [को०]।

हलमार्ग—सज्ञा पुं० [स०] हल की रेखा। हल जोतने से बनी रेखा। लागलपद्धति। कूँड [को०]।

हलमिल लैला—सज्ञा पुं० [सिंहली] एक प्रकार का बडा पेड जो सिंहल या सीलोन मे होता है।

विशेष—इस वृक्ष की लकडी बहुत मजबूत होती है और खेती के सामान आदि बनाने के काम मे आती है। मैसूर मे भी यह पेड पाया जाता है।

हलमुख—सज्ञा पुं० [सं०] हल का फाल।

हलमुखी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे क्रम से रगण, नगण और सगण आते हैं। उ०—एनि सीख न धर हरी, बार सौ बरजत अरी। होहिंगे हम सब सुखी, जो तजै वह हलमुखी।—छद०, पृ० १४७।

हलरद—वि० [स०] हल की तरह बेडौल लबे दाँतोवाला। बडे बडे दातोवाला [को०]।

हलरा—सज्ञा पुं० [सं० हिल्लोल] दे० 'हिलोर', 'हिलोरा'।

हलराक्ष—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का पौधा। आहुल्य [को०]।

हलराना—क्रि० स० [हिं० हिलोरा] (बच्चो को) हाथ पर लेकर इधर उधर हिलाना डुलाना। प्यार से हाथ पर झुलाना। उ०—(क) जसोदा हरि पालनै झुलावै। हलरावै दुलराइ मल्हावै जोइ सोई कछु गावै।—सूर०, १०।१४३। (ख) लै उछग कबहुँक हलरावै। कबहु पालने घालि झुलावै।—मानस, १।२००।

हलवश—सज्ञा पुं० [स०] हल का लबा लट्ठा। हरिस [को०]।

हलवत—सज्ञा स्त्री० [हिं० हल + वत या औत (प्रत्य०)] वर्ष मे पहले पहल खेत मे हल ले जाने की रीति या कृत्य। हरौती।

हलवा—सज्ञा पुं० [अ०] १ एक प्रकार का मीठा भोजन या मिठाई जो मैदे या सूजी को घी मे भूनकर उसे शरबत या चाशनी मे पकाने से बनती है। मोहनभोग। २ गीली और मुलायम चीज। ३ आसान कार्य। सरल काम।

यौ०—सोहन हलवा।

मुहा०—हलवे माँडे से काम = केवल स्वार्थ साधन से ही प्रयोजन। अपने लाभ ही से मतलब। जैसे,—तुम्हें तो अपने हलवे माँडे से काम, किसी का चाहे कुछ हो। हलवा निकल जाना = कचूमर निकल जाना। अत्यत दुर्गति होना। हलवा निकालना = बहुत पीटना। खूब मारना। जैसे,—मारते मारते हलवा निकाल देंगे। हलवा समझना = सरल और आसान समझना।

हलवाइन—सज्ञा स्त्री० [हिं० हलवाई] १. हलवाई की स्त्री। २ वह स्त्री जो मिठाई बनाने का काम करती हो।

हलवाई—सज्ञा पुं० [अ० हलवा + ई (प्रत्य०)] [स्त्री० हलवाइन] मिठाई बनाने और बेचनेवाला। मिठाई बनाकर या बेचकर जीविका चलानेवाला।

मुहा०—हलवाई की दूकान पर दादा का फातेहा पढना = अपने पास कुछ नही है, इस आशय की कसम खाना। उ०—चौधरी—माँग न लेता तो क्या करता, हलवाई की दूकान पर दादा का फातेहा पढना मुझे पसद नही।—मान०, भा० ५, पृ० १६५।

हलवाह—सज्ञा पु० [स०] वह जो दूसरे के यहाँ हल जोतने का काम करता हो। हल चलाने का काम करनेवाला मजदूर या नौकर।

विशेष—हल चलाने के लिये गाँवो मे चमार आदि जाति के लोग ही रखे जाते है।

हलवाहा[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] जमीन की एक नाप जिसका व्यवहार प्राचीन काल मे होता था।

हलवाहा‡[२]—सज्ञा पुं० दे० 'हलवाह'।

हलहति—सज्ञा स्त्री० [सं०] हल चलाना। जुताई [को०]।

हलहर—सज्ञा पुं० [स० हलधर] खेत जोतने का हल। उ०—जैसे हलहर बिना जिमी नहिं बोइए। सूत बिना कैसे मणी पिरोइए।—कबीर ग्र० पृ० २६२।

हलहल[१]—सज्ञा पु० [सं०] १ हल चलाना। कर्षण करना। २ धूम। हलचल। खलबली।

हलहल[२]—सज्ञा पुं० [अनु० या देशी हल्लोहल्ल] १ किसी वस्तु मे भरे जल के हिलने डोलने का शब्द। २ हलचल। त्वरा। शीघ्रता। उ०—ऊँमर दीठा जावता, हलहल करइ करूर। एराकी ओखभिया जइसइ केती दूर।—ढोला०, दू० ६४१।

हलहला‡—सज्ञा स्त्री० [सं०] आनदसूचक ध्वनि। किलकार।

हलहलाना†—क्रि० स० [हिं० हलना या अनु० हलहल] १ ऐसी वस्तु को हिलाना जिसके भीतर पानी भरा हो। २ खूब जोर से हिलाना डुलाना। झकझोरना। ३ जोरो से भीतर घुसेडना या प्रवेश कराना।

हलहलाना[१]—क्रि० अ० काँपना। थरथराना। कपित होना। जैसे,—मारे बुखार के हलहला रहा है। २ भयादि के कारण अपने स्थान से एकदम हिल उठना या च्युत होना। उ०—धमकत धरनि अहि सिर निहाय। हलहलिय द्विग्ग उद्दिग्ग थाय।—पृ० रा०, १।६२५।

हला[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वयस्या। सहेली। सखी। २ पृथ्वी। ३ जल। ४ सोमरस [को०]।

हला[२]—अव्य० सखी के लिये नाटक मे प्रयुक्त सबोधन [को०]।

हलाक[१]—वि० [अ०] १ मरा हुआ। मृत। २ मारा हुआ। वध किया हुआ। उ०—प्राण प्रयाण किया पछै, ह्वै नर नाम हलाक।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ५२। ३ आकाक्षा-युक्त। इच्छुक (को०)।

हलाक[२]—सज्ञा पु० १ मार डालना। वध करना। २ मृत्यु। मौत। ३ बरबाद होना। नष्ट भ्रष्ट होना। बरबादी। विनाश [को०]।

मुहा०—हलाक करना = मार डालना । वध करना । हलाक होना = (१) मर जाना । मृत होना । (२) बरबाद होना ।

हलाकत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ हत्या । वध । मार डालना । २ मृत्यु । विनाश । ३ परिश्रम । मेहनत (को०) । ४ शिथिलता । शैथिल्य । थकान (को०) ।

हलाकान‡—वि० [अ० हलाकत या हैरान + ई] परेशान । हैरान । तग । उ०—क्यो निर्दोषियो के हलाकान करने की ठान ठानते हो ।—प्रेमघन०, भाग २, पृ० ४६७ ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

हलाकानी‡—सज्ञा स्त्री० [हि० हलाकान] तग होने की क्रिया या भाव । परेशानी । हैरानी ।

हलाकी—[अ० हलाक + हि० ई (प्रत्य०)] हलाक करनेवाला । मार डालनेवाला । मारू । घातक । उ०—जोग कथा पठई ब्रज को, सब सो सठ चेरी की चाल चलाकी । ऊधो जू ! क्यो न कहैं कुबरी जो बरी नटनागर हेरि हलाकी ।—तुलसी (शब्द०) ।

हलाकी[२]—सज्ञा स्त्री० १ विनाश । बरबादी । २ मृत्यु । मौत [को०] ।

हलाकू[१]—वि० [अ० हलाक + ऊ (प्रत्य०)] हलाक करनेवाला । वध करनेवाला ।

हलाकू[२]—सज्ञा पु० एक तुर्क सरदार वा बादशाह जो चगेज खाँ का पोता था और उसी के समान क्रूर तथा हत्याकारी था ।

हलाचली—सज्ञा स्त्री० [अनु०] दे० 'हलचल' ।

हलाना†—क्रि० स० [हि० हिलना] दे० 'हिलाना' । उ०—डर ते नैन सजल ह्वै आए । जनु अरविद अलिद हलाए ।—नद० ग्र०, पृ० २५० ।

हलाभ—सज्ञा पुं० [स०] वह घोडा जिसकी पीठ पर काले या गहरे रग के रोएँ बराबर कुछ दूर तक चले गए हो ।

हलाभला—सज्ञा पुं० [हि० भला + (अनु०) हला] निबटारा । निर्णय । जैसे,—बहुत दिनो से यह पीछे लगा है, इसका भी कुछ हलाभला कर दो । २ परिणाम । फल । उ०—भले ही भले निबहै जो भली यह देखिबे ही को हला हु भला । मिल्यौ मन तौ मिलिबोई कहूँ, मिलिबो न अलौकिक नदलला ।—केशव (शब्द०) ।

हलाभियोग—सज्ञा पुं० [स०] वर्ष मे पहले पहल खेत मे हल ले जाने की रीति या कृत्य । हलवत । हरौती ।

हलायुध—सज्ञा पु० [स०] १ बलराम का एक नाम । २ सस्कृत का एक कोश ग्रथ ।

हलाल[१]—वि० [अ०] १ जो धर्मशास्त्र के अनुसार उचित हो । जो शरअ या मुसलमानी धर्मपुस्तक के अनुकूल हो । २ जो हराम न हो । विधिविहित । जायज । ३ जिसे स्वीकार किया जा सके । जिसे ग्रहण किया जा सके । स्वीकरणीय ।

यौ०—हलालखोर । नमकहलाल ।

हलाल[२]—सज्ञा पुं० वह पशु जिसका मास खाने की मुसलमानी धर्मपुस्तक मे आज्ञा हो । वह जानवर जिसके खाने का निषेध न हो ।

मुहा०—हलाल करके खाना = ईमानदारी से अर्जन करके उपयोग मे लाना । जैसे,—जिसका खाना, उसका हलाल करके खाना । हलाल करना = (१) ईमानदारी के साथ व्यवहार करना । बदले मे पूरा काम करना । (२) खाने के लिये पशुओ को मुसलमानी शरअ के मुताबिक, धीरे धीरे गला रेतकर मारना । जबह करना । उ०—सब मैं खुदा कुरान बतावै । करौ हलाल सो दरद न आवै ।—घट०, पृ० २११ । (३) गला काटना । गरदन उतारना । (४) कष्ट देना । अत्यत पीडा पहुँचाना । हलाल का = (१) जो जारज न हो । वैध । जायज । (२) धर्मशास्त्र के अनुकूल ईमानदारी से पाया हुआ । जैसे—हलाल का रुपया । हलाल की कमाई = ईमानदारी से किया हुआ अर्जन । मिहनत की कमाई ।

हलालखोर—सज्ञा पु० [अ० हलाल + फा० खोर + ई] १ हलाल की कमाई खानेवाला । मिहनत करके जीविका करनेवाला । २. मैला या कूडा करकट साफ करने का काम करनेवाला । मेहतर । भगी ।

हलालखोरी—सज्ञा स्त्री० [अ० हलाल + फा० खोर + ई] १ हलालखोर की स्त्री । २ पाखाना उठाने या कूडा करकट साफ करने का काम करनेवाली स्त्री । ३ हलालखोर का काम । ४ हलालखोर का भाव या धर्म ।

हलाह—सज्ञा पुं० [सं०] चितकबरा घोडा । दे० 'हलाभ' ।

हलाहल—सज्ञा पुं० [स०] १ वह प्रचड विष जो समुद्रमथन के समय निकला था ।

विशेष—इस विष की तीव्र उष्मा या ज्वाला के प्रभाव से सारे देवता और असुर व्याकुल हो गए थे । अत मे शिव जी ने देवासुर की प्रार्थना पर इसे अपने कठ मे धारण किया था । इसी से उनका नाम नीलकठ पडा ।

२ महाविष । भारी जहर । उ०—विष तो कहँ जो अजहूँ तु जियै । खल, जाय हलाहल क्यो न पियै ?—केशव (शब्द०) । ३ एक जहरीला पौधा ।

विशेष—भावप्रकाश के अनुसार इस पौधे के पत्ते ताड के से, कुछ नीलापन लिए तथा फल गाय के थन के आकार के सफेद लिखे गए हैं । इसका कद या जड की गाँठें भी गाय के थन के आकार की कही गई हैं । लिखा है कि इसके आसपास घास या पेड पौधे नही उगते और मनुष्य केवल इसकी महक से मर जाता है ।

४ एक प्रकार का सर्प । ब्रह्मसर्प (को०) । ५ अजना नाम की एक प्रकार की छिपकली (को०) । ६. एक बुद्ध (को०) ।

हलि—सज्ञा पुं० [स०] १ बडा हल । २ हल की रेखा । कूँड । ३ कृषि । खेती [को०] ।

हलिक—सज्ञा पु० [स०] १ हल चलानेवाला । हलवाहा । किसान । २. एक नाग असुर [को०] ।

हलिक्ष्ण—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का सिंह ।

हलिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हलसतति या समूह । २ लागली वृक्ष । कलियारी नाम का पौधा [को०] ।

हलिप्रिय—सज्ञा पुं० [स०] कदव का वृक्ष [को०]।

हलिप्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मद्य। मदिरा। २ ताडी, जो बलराम जी को प्रिय थी।

हलिभ—सज्ञा पुं० [स०] बौद्धो के मत से एक बडी सख्या का वाचक शब्द [को०]।

हलिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्कद या कुमार की मातृकाओ मे से एक।

हलिवइ(पु)—क्रि० वि० [स० लघुक, प्रा० लहुअ, अप० हलुअ, गुज० हणुवे] धीरे। दे० 'हरुए[1]'। उ०—सज्जण दुज्जण के कहे, भडिक न दीजइ गालि। हलिवइ हलिवइ छडियइ, जिमि जल छडइ पालि।—ढोला०, दू० १६६।

यौ०—हलिवइ हलिवइ=शनै शनै। धीरे धीरे।

हली[1]—सज्ञा पुं० [स० हलिन्] १ हल नाम का अस्त्र धारण करनेवाले, बलराम। २ एक ऋषि का नाम। ३ किसान।

हली[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] कलिकारी या कलियारी नाम का पौधा।

हलोक्षण—सज्ञा पु० [स०] १ एक पशु। २ अन्न। अंत [को०]।

हलीन—सज्ञा पुं० [स०] १ केतकी। २ शाक वृक्ष। शाल वृक्ष। सागौन का पेड [को०]।

हलीप्रिय(पु)—सज्ञा पु० [स० हलिप्रिय] कदव वृक्ष।

हलीप्रिया(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० हलिप्रिया] मदिरा। सोमरस।

हलीम[1]—सज्ञा पु० [देश०] मटर के डठल जो ववई की ओर काटकर चौपायो को खिलाए जाते हैं।

हलीम[2]—वि० [अ०] [वि० स्त्री० हलीमा] जो सहनशील हो। सीधा। गभीर। शात।

हलीम[3]—सज्ञा पुं० १ एक प्रकार का खाना (खिचडी) जो मुहर्रम मे बनता है। (मुसलमान)। २ मोटा पशु (को०)। ३ अल्लाह। ईश्वर। खुदा।

हलीमक—सज्ञा पुं० [स०] १ पाडु रोग का एक भेद। उ०—अन्न मे अप्रीति और भ्रम ये उपद्रव वातपित्त से प्रकट हलीमक रोग के है।—माधव०, पृ० ७६।

विशेष—यह वातपित्त के कोप से उत्पन्न कहा गया है। इसमे रोगी के चमडे का रग कुछ हरापन, कालापन या धूमिलपन लिए पीला हो जाता है। उसे तद्रा, मदाग्नि, जीर्णज्वर, अरुचि और भ्राति होती है तथा उसके अगो मे पीडा रहती है।

२ एक नाग असुर (को०)।

हलीशा, हलीषा—सज्ञा स्त्री० [स०] हरिस। हल के बीचवाली लकडी। उ०—बीचवाली सीधी लबी लकडी को ईषा, हलीषा, लागलीषा, कहते थे।—सपूर्णानद अभि० ग्र०, पृ० १२४८।

हलीसा—सज्ञा पुं० [सं० हलीषा] नाव खेने का छोटा डाँडा जिसका एक जोडा लेकर एक ही आदमी नाव चला सकता है। चप्पू। (लश०)।

मुहा०—हलीसा तानना=डाँड चलाना। चप्पू चलाना।

हलुआ—सज्ञा पुं० [अ० हलवा] दे० 'हलुवा'। उ०—नेह मौन छवि मधुरता मैदा रूप मिलाय। बेचत हलुवाई मदन हलुआ सरस बनाय।—स० सप्तक, पृ० १८०।

हलुआइन†—सज्ञा स्त्री० [हि० हलुआई] १ हलवाई की स्त्री। हलवाई का काम करनेवाली औरत।

हलुआई—सज्ञा स्त्री० [हि० हलुआ+ई] दे० 'हलवाई'।

हलुक(पु)†—वि० [सं० लघुक] दे० 'हलका'। उ०—पन्न तोल मे हलुक उठाना। तौ यहि विधि झूठी कर जाना।—घट०, पृ० २३२।

हलुकई†—सज्ञा स्त्री० [हि०] हलकापन। दे० 'हलकाई'।

हलुका(पु)†—वि० [हि०] हलका।

हलुवा—सज्ञा पुं० [अ० हलवा] दे० 'हलवा'।

हलुवाई†—सज्ञा पुं० [हि०] दे० 'हलवाई'। उ०—बेचत हलुवाई मदन हलुआ सरस बनाय।—स० सप्तक, पृ० १८०।

हलुहार—सज्ञा पुं० [स०] वह घोडा जिसके अडकोश काले हो और जिसके माथे पर दाग हो।

हलू†—क्रि० वि० [सं० लघुक] दे० 'हौले'। उ०—सो जू मोम उसके पिघल ध्यान मे। कही उस बुडढी कूँ हलू कान मे।—दक्खिनी०, पृ० ८३।

हलूक—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ उतना पदार्थ जितना एक बार वमन मे मुँह से निकले। २ वमन। कै। जैसे,—दो हलूको मे जान निकल गई।

हलूर(पु)—सज्ञा स्त्री० [हि० हलोर] दे० 'हिलोर'। उ०—धन धधा व्यौहार सब, माया मिथ्यावाद। पाँणी नीर हलूर ज्यूँ, हरिनाँव बिना अपवाद।—कबीर ग्र०, पृ० १८८।

हलेरा(पु)†—सज्ञा पु० [हि० हलोर] दे० 'हिलोर'।

हलेपा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हलीषा' [को०]।

हलेसा—सज्ञा पुं० [सं० हलीषा] दे० 'हलीसा'।

हिलोर(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हि० हिलना या अनु० हलहल] हिलोरा। तरग। लहर।

हलोरना—क्रि० स० [हि० हिलोर+ना (प्रत्य०)] १ पानी मे हाथ डालकर उसे हिलाना डुलाना। जल को हाथ के आघात से तरगित करना। २ मथना। ३ अनाज फटकना। हाथ या सूप के द्वारा मिली हुई मिट्टी और कूडे से अनाज को अलग करना। ४ दोनो हाथो से या बहुत अधिक मात्रा में किसी पदार्थ का, विशेषत द्रव्य का, सग्रह करना। जैसे—आजकल वह रग के व्यापार मे खूब रुपए हलोर रहे हैं।

हलोरा(पु)†—सज्ञा पुं० [हि० हलना या अनु० हलहल] हिलोरा। तरग। लहर। उ०—सोहै सितासित को मिलिबो, तुलसी हुलसै हिय हेरि हलोरे। मानौ हरे तृन चारु चरै बगरे सुरधेनु के धौल कलोरे।—तुलसी (शब्द०)।

हलोहल्ल(पु)—सज्ञा पुं० [अनु०] हलचल। व्याकुलता। हलबल। उ०—वहै धार धार करै मार मार। हलोहल्ल मीर नयौ नाग पीर।—पृ० रा०, २४।१७६।

हल्क—सज्ञा पुं० [अ० हल्क] दे० 'हलक'।

हल्का[1]—वि० [सं० लघुक, प्रा० लहुक, विपर्यय हलुक] दे० 'हलका'।

हल्का[2]—सज्ञा पुं० [फा० हल्कह्] । इलाका । हलका । क्षेत्र । उ०—अब चलो शराब पिला दो और जल्द इस हल्के से कुछ कमा लो।—चोटी०, पृ० १६। (अन्य अर्थों के लिये दे० 'हलका'[3])।

हल्द—सज्ञा स्त्री० [सं० हलदी] दे० 'हलद'।

हल्दहात—सज्ञा स्त्री० [हिं० हल्दी + हाथ] विवाह के तीन या पाँच दिन पहले वर और कन्या के शरीर मे हल्दी लगाने की रीति। हल्दी चढाना।

हल्दी—सज्ञा स्त्री० [सं० हलदी या हरिद्रा] दे० 'हलदी'।

हल्य[1]—वि० [सं०] १ जोती जानेवाली (जमीन)। २ भद्दा। कुरूप। ३ हल सबधी [को०]।

हल्य[2]—सज्ञा पुं० १. जोती हुई जमीन। २ खेत, जो जोतने योग्य हो। ३ भद्दापन। कुरूपता [को०]।

हल्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] अनेक हल। हल समूह [को०]।

हल्लक—सज्ञा पुं० [सं०] लाल कमल।

हल्लन—सज्ञा पु० [सं०] १ करवट बदलना। २ इधर से उधर हिलना डोलना।

हल्लना—क्रि० अ० [हि० हिलना] दे० 'हिलना'। उ०—कभू हल्लवै भुम्मि गज्जत वीर। कभू घोर अधार वर्षत पीर। —ह० रासो, पृ० ८४।

हल्लर फल्लर—सज्ञा पुं० [अनु०] टालमटोल। हीलाहवाली। उ०—माहव सूम मिलाव मत, अँडा घराँ हिसाव। के हल्लर फल्लर करै, पावै कल्लर राव।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ८१।

हल्ला—सज्ञा पुं० [अनु०] १ एक या अधिक मनुष्यो का ऊँचे स्वर से बोलना। चिल्लाहट। शोरगुल। कोलाहल।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—मचाना।—होना।

यौ०—हल्ला गुल्ला = शोर गुल।

२ लडाई के समय की ललकार। धावे के समय किया हुआ शोर। हाँक। ३ सेना का वेग से किया हुआ आक्रमण। धावा। हमला। जैसे,—राजपूतो ने एक ही हल्ले मे किला ले लिया।

मुहा०—हल्ला बोलना = सेना का हमला करना। ललकारते हुए शत्रु टूट पडना।

हल्लीश, हल्लीष—सज्ञा पुं० [सं०] १ नाट्यशास्त्र मे वर्णित अठारह उपरूपको मे से एक।

विशेष—इसमे एक ही अक होता है और नृत्य की प्रधानता रहती है। इसमे एक पुरुष पात्र और सात, आठ या दस स्त्रियाँ पात्री होती हैं।

२ मडल बाँधकर होनेवाला एक प्रकार का नाच जिसमे एक पुरुष के आदेश पर कई स्त्रियाँ नाचती हैं।

हल्लीस—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हल्लीश' [को०]।

हल्लीशक—सज्ञा पु० [स०] १ दे० 'हल्लीशक'। २ एक प्रकार का वाद्य [को०]।

हल्लीषक, हल्लीसक—सज्ञा पुं० [सं०] मडलाकार नृत्य। घेरा बनाकर नाचना। उ०—उनका प्रधान नृत्य हल्लीषक कहलाता था। प्रा० भा० प०, पृ० ८६।

हल्लू हल्लू—क्रि० वि० [हिं० हौले हौले] धीरे धीरे। उ०—मिट्ठा मिट्ठा मोट का पानी। मै मोट चलावउँ हल्लू हल्लू।—दक्खिनी०, पृ० ३८७।

हवग—सज्ञा पुं० [सं० हवङ्ग] फूल नामक मिश्रित धातु के पात्र मे दधि और ओदन खाना [को०]।

हव—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी देवता के निमित्त अग्नि मे दी हुई आहुति। बलि। २ अग्नि। आग। ३ स्तुतिपूर्वक आवाहन करना (को०)। ४ आह्वान। पुकार (को०)। ५ आदेश। आज्ञा (को०)। ६ चुनौती (को०)।

हवदा—सज्ञा पुं० [अ० हौदज, हौदा] दे० 'हौदा'। कसिय हवदा ध्वजधार वली।—ह० रासो, पृ० १२६।

हवन—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी देवता के निमित्त मत्र पढकर घी, जौ, तिल आदि अग्नि मे डालने का कृत्य। होम।

क्रि० प्र०—करना।—होना। २ अग्नि। आग। ३ अग्निकुड। ४ अग्नि मे आहुति देने का यज्ञपात्र। हवन करने का चमचा। श्रुवा। ५ हवन करना (को०)। ६ स्तवन या प्रार्थनापूर्वक आवाहन (को०)। ७ लडने के लिये चुनौती या ललकार (को०)।

हवनायु—सज्ञा पु० [हवनायुस्] आग। अग्नि [को०]।

हवनी—सज्ञा स्त्री० [स०] अग्निकुड। हविर्धानी [को०]।

हवनीय[1]—वि० [स०] जो हवन के योग्य हो। जिसे आहुति के रूप मे अग्नि मे डालना हो।

हवनीय[2]—सज्ञा पुं० वह पदार्थ जो हवन करने के समय अग्नि मे डाला जाता है। जैसे,—घी, जौ, तिल आदि।

हवन्नक—वि० [अ० हवन्नक] १ अहमक। गावदी। बुद्धू। बौडम। २ बदशकल। भद्दी आकृति का [को०]।

हवलदार—सज्ञा पुं० [अ० हवाल (= सुपुर्दगी) + फा० दार (= रखनेवाला)] १ बादशाही जमाने का वह अफसर जो राजकर की ठीक ठीक वसूली और फसल की निगरानी के लिये तैनात रहता था। २ फौज मे वह सबसे छोटा अफसर जिसके मातहत थोडे से सिपाही रहते है। उ०—रग महल मे जग खडे है, हवलदार और सूबेदार।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ५०।

हवले—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'हौले'। उ०—ओछा कुल मे ऊपना, दोभा डावडियाह। हवले बोलै होट मे, मूरख मावडियाह।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० १७।

हवस—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ लालसा। कामना। चाह। जैसे,—हमे अब किसी बात की हवस नही है। उ०—हवस करै पिय मिलन की, औ सुख चाहै अग। पीड सहे विनु पद्मिनी पूत न लेत उछग।—कबीर सा० स०, पृ० ४२। २ लोभ। लालच (को०)।

३ उमग। हौसला (को०)। ४ झूठी कामना। झूठी या दिखावटी आसक्ति (को०)। ५ साहस। बहादुरी। दिलेरी (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—हवसदार = आकाक्षायुक्त। आकाक्षी। इच्छुक। हवसपरस्त = अत्यत लोभी या लालची।

मुहा०—हवस निकलना = इच्छा पूरी होना। हौसला पूरा होना। हवस निकालना = इच्छा पूरी करना। हौसला पूरा करना। हवस पकाना = व्यर्थ कामना करना। केवल मन मे ही किसी कामनापूर्ति का अनुमान किया करना। मनमोदक खाना। हवस पूरी करना = इच्छा पूरी करना। हवस पूरी होना = इच्छा पूर्ण होना। हवस बुझना या बुतना = हौसला खत्म होना। ६ बुद्धिविकार। खब्त। ७ तृष्णा। जैसे—बुड्ढे हुए पर हवस न गई।

हवा—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ वह सूक्ष्म प्रवाह रूप पदार्थ जो भूमडल को चारो ओर से घेरे हुए है और जो प्राणियो के जीवन के लिये सब से अधिक आवश्यक है। वायु। पवन। विशेष—दे० 'वायु'।

क्रि० प्र०—आना।—चलना।—बहना।

यौ०—हवाखोरी। हवाचक्की। हवागाडी = मोटर गाडी।

मुहा०—हवा उडना = खबर फैलना। बात फैलना या प्रसिद्ध होना। हवा उडाना = (१) अधोवायु छोडना। पादना। (२) किंवदती उडाना। अफवाह फैलाना। हवा करना = पखे से हवा का झोका लाना। पखा हाँकना। हवा के रुख जाना = जिस ओर को हवा बहती हो उसी ओर जाना। हवा के मुँह पर जाना = दे० 'हवा के रुख जाना'। (लश०)। हवा के घोडे पर सवार होना = बहुत उतावली मे होना। बहुत जल्दी मे होना। उ०—यह नादिरी हुक्म! तुम हवा के घोडो पर सवार हो, कुछ ठिकाना है क्या हुक्म दिया कि फौरन जगा दो।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ३६२। हवा गिरना = हवा थमना। तेज हवा का चलना बद होना। हवा खाना = (१) शुद्ध वायु के लिये बाहर निकलना। बाहर घूमना। टहलना। उ०—अच्छा, उनको यहाँ ला सकती हो या कहो तो हवा खाते हुए हम ही चले चले।—सैर०, पृ० १८। (२) प्रयोजन सिद्धि तक न पहुँचना। बिना सफलता प्राप्त किए यो ही रह जाना। अकृतकार्य होना। जैसे,—वक्त पर तो आए नही, अब जाओ हवा खाओ। हवा गाँठ मे बाँधना = असभव बात के लिए प्रयत्न करना। अनहोनी बात के पीछे हैरान होना। हवा चलना = समय की धारा का प्रवाहित होना। समय का आना। उ०—अजी किबला, अब तो हवा ही ऐसी चली है कि जवान तो जवान बुड्ढो तक को बुढभस लगा है।—फिसाना०, भा० १, पृ० ६। हवा फाँककर रहना या हवा पीकर रहना = बिना आहार के रहना। (व्यग्य)। जैसे,—कुछ खाने को नही पाते तो क्या हवा पीकर रहते हो? हवा पकडना = पाल मे हवा भरना (लश०)। हवा बताना = किसी वस्तु से वचित रखना। टाल देना। इधर उधर की बात कहकर हटा देना। जैसे,—वह अपना काम निकालकर तुम्हें हवा बता देगा। हवा बाँधकर जाना = हवा की चाल से उलटा जाना। जिस ओर से हवा आती हो, उस ओर जाना (विशेषत नाव के लिये)। हवा बाँधना = (१) लबी चौडी बातें कहना। शेखी हाँकना। बढ बढकर बोलना। (२) बिना जड की बात कहना। गप हाँकना। झूठी बातें जोडकर कहना। हवा पलटना, फिरना या बदलना = (१) दूसरी ओर की हवा चलने लगना। (२) दशातर होना। दूसरी स्थिति वा अवस्था होना। हालत बदलना। हवाबदली = स्थानपरिवर्तन। जलवायु परिवर्तन। उ०—हवाबदली के इरादे से आज ही यहाँ आया हूँ।—जिप्सी, पृ० १। हवा भर जाना = खुशी या घमड से फूल जाना। हवा बिगडना = (१) सक्रामक रोग फैलना। बबा या मरी फैलना। (२) रीति या चाल बिगडना। बुरे विचार फैलना। दिमाग मे हवा भर जाना = सिर फिरना। उन्माद होना। बुद्धि ठीक न रहना। हवा देना = (१) मुँह से हवा छोडकर दहकाना। फूँकना (आग के लिये)। (२) बाहर हवा मे रखना। ऐसे स्थान मे लाना जहाँ खूब हवा लगे। जैसे—इन कपडो को कभी कभी हवा दे दिया करो। (३) झगडे का बढाना। झगडा उकसाना। हवा ना = बिल्कुल महीन या हलका। हवा लगते गल जाना = जरा सी बात मे इधर का उधर हो जाना। रच मात्र बाधा से डाँवाडोल हो जाना। लेश मात्र प्रतिकूल प्रभाव से नष्ट हो जाना। उ०—हम नही हैं फूल जो वे दे ममल। है न ओले जो हवा लगते गले।—चुभते०, पृ० १६। हवा से लडना = किसी से अकारण लडना। हवा से बातें करना = (१) बहुत तेज दौडना या चलना। (२) आप ही आप या व्यर्थ बहुत बोलना। हवा लगना = (१) हवा का झोका बदन पर पडना। वायु का स्पर्श होना। (२) वात रोग से ग्रस्त होना। (३) उन्माद होना। सिर फिर जाना। बुद्धि ठीक न रहना। (४) आसेब, प्रेत आदि का आवेश होना। प्रेताविष्ट होना। (५) किसी के प्रभाव मे आना। (किसी की) हवा लगना = किसी की सगत का प्रभाव पडना। सुहबत का असर होना। किसी के दोषो का किसी मे आना। जैसे,—तुम्हें भी उसी की हवा लगी। हवा हो जाना = (१) झटपट चल देना। भाग जाना। (२) बहुत तेज दौडना या चलना। जैसे,—चाबुक पडते ही वह घोडा हवा हो जाता है। (३) न रह जाना। एक बारगी गायब हो जाना। अभाव हो जाना। जैसे,—बहुत आशा लगाए थे, पर सारी बातें हवा हो गईं। उ०—गुजारे के लिये मोटी रकम पेंशन मे मिलनेवाली है वह भी हवा हो जायगी।—किन्नर०, पृ० २४। हवा होना = दे० 'हवा हो जाना'। उ०—यह कहकर शहसवार हवा हुआ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ६०। कही की हवा खाना = कही जाना। (किसी को) कही की हवा खिलाना = कही भेजना। जैसे,—तुम्हें जेलखाने की हवा खिलावेंगे।

२ भूत। प्रेत। (जिनका शरीर वायव्य माना जाता है)। ३ अच्छा नाम। प्रभाव। प्रसिद्धि। ख्याति। ४. व्यापारियो या

महाजनो मे धाक। वडप्पन या उत्तम व्यवहार का विश्वास। साख।

मुहा०—हवा उखडना = (१) नाम न रह जाना। प्रसिद्ध न रहना। (२) साख न रह जाना। बाजार मे विश्वास उठ जाना। हवा बँधना = (१) अच्छा नाम हो जाना। लोगो के बीच प्रसिद्ध हो जाना। (२) बाजार मे साख होना। व्यवहार मे लोगो के बीच अच्छी धारणा होना।

५ किसी बात की सनक। धुन। ६ इच्छा। स्पृहा आकाक्षा (को०)। ७ लोभ। लालच (को०)।

हवाई[1]—वि० [अ० अथवा अ० हवा + हिं० ई (प्रत्य०)] १ हवा का। वायु सबधी। २ हवा मे चलनेवाला। जैसे,—हवाई जहाज। ३ बिना जड का। जिसमे सत्य का आधार न हो। कल्पित या झूठ। निर्मूल। जैसे,—हवाई खबर, हवाई बात।

यौ०—हवाई किला = अयथार्थ बात। अव्यावहारिक चोचला। हवाई खबर = झूठी सूचना। अफवाह। हवाई महल = दे० 'हवाई किला'। हवाई बात = दे० 'हवाई खबर'।

मुहा०—हवाई किले बनाना = अयथार्थ कल्पनाएँ करना। अव्यवहार्य योजना बनाना। हवाई महल बनाना = दे० 'हवाई किले बनाना'।

हवाई[2]—सज्ञा स्त्री० हवा मे कुछ दूर तक बडे झोंके से जाकर बुझ जानेवाली एक प्रकार की आतशबाजी। बान। आसमानी। उ०—सत्त नाम लै उडै पलीता, हरदम चढत हवाई।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ४६।

मुहा०—(मुँह पर) हवाइयाँ उडना = चेहरे का रग फीका पड जाना। आकृति से भय, लज्जा या उदासी प्रकट होना। विवर्णता होना। (मुँह पर) हवाइयाँ छूटना = दे० (मुँह पर) 'हवाइयाँ उडना'। उ०—ऐसा फरमाइशी कहकहा लगाया कि छम्मी जान के मुँह पर हवाइयाँ छूटने लगी।—फिसाना०, भा० १, पृ० ५। हवाई गुम होना = घबडा जाना। अक्ल गायब हो जाना। हवाई छोडना = आतिशबाजी छोडना।

हवाई अड्डा—सज्ञा पुं० [हिं० हवाई + अड्डा] हवाई जहाज के उडने और उतरने का स्थान। वायुयान केंद्र।

हवाई आक्रमण—सज्ञा पुं० [हिं० हवाई + सं० आक्रमण] दे० 'हवाई हमला'।

हवाईगर—सज्ञा पुं० [फा० हवाईगीर] दे० 'हवागीर'। उ०—सिकलीगर हवाईगर सुनार लुहार। धीमर चमार एई छत्तीस पउनिया।—अर्ध०, पृ० ४।

हवाई जहाज—सज्ञा पु० [हि० हवाई + अ० जहाज़] वायुयान।

हवाई डाक—सज्ञा पुं० [हि० हवाई + डाक] हवाई जहाज से जानेवाली डाक या चिट्ठी पत्री।

हवाई फायर, हवाई फैर—सज्ञा पुं० [हिं० हवाई + अ० फायर] लोगो को डराने के लिये हवा मे झूठी बदूक चलाना।

हवाई बदूक—सज्ञा स्त्री० [हि० हवाई + फा० बदूक] झूठी बदूक। नकली बदूक।

हवाई बेडा—सज्ञा पुं० [हिं० हवाई + बेडा] युद्धक विमानो का दल [को०]।

हवाई मार्ग—सज्ञा पु० [हि० हवाई + स० मार्ग] आकाश मे हवाई जहाज के आने जाने का रास्ता।

हवाई युद्ध—सज्ञा पुं० [हिं० हवाई + सं० युद्ध] हवाई जहाजो द्वारा आकाश मे होनेवाली लडाई।

हवाई हमला—सज्ञा पु० [हि० हवाई + अ० हमला] आकाश मार्ग से हवाई जहाजो द्वारा होनेवाला आक्रमण।

हवाखोरी—सज्ञा स्त्री० [अ० हवा + फा० खोर + ई (प्रत्य०)] १ हवा खाना। टहलना। खुली हवा मे घूमना। उ०—सवेरे ही लाला मदनमोहन हवाखोरी के लिये कपडे पहन रहे थे।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० २१५। २ निरर्थक घूमना। आवारागर्दी करना।

हवागीर—सज्ञा पुं० [फा०] आतशबाजी के बान बनानेवाला।

हवाचक्की—सज्ञा स्त्री० [हि० हवा + चक्की] आटा पीसने की वह चक्की जो हवा के जोर से चलती हो। पवन चक्की।

हवादार[1]—वि० [फा०] जिसमे हवा आती जाती हो। जिसमे हवा आने जाने के लिये काफी छेद, खिडकियाँ या दरवाजे हो। जैसे,—हवादार कमरा, हवादार मकान, हवादार पिंजरा।

हवादार[2]—सज्ञा पुं० वह हलका तख्त जिसपर बैठाकर बादशाह को महल या किले के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते थे।

हवादार[3]—वि० [अ० हवा + फा० दार] १ शुभचिंतक। हितू। हित चाहनेवाला। खैरख्वाह। उ०—वली मोसिल मे था इक शख्स मक्कार। उठा जाहिर मे वह शह का हवादार।—दक्खिनी०, पृ० १६०। २ मित्र। दोस्त (को०)।

हवादारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ हितचिंतन। कल्याणकामना। शुभकामना। २ दोस्ती। मैत्री [को०]।

हवान—संज्ञा पुं० [अ० हवा, हवाई] एक प्रकार की छोटी तोप जो जहाजो पर रहती है। कोठी तोप। (लश०)।

हवाना—सज्ञा पुं० [हवाना द्वीप] तवाकू का एक भेद। अमेरिका के हवाना नामक स्थान की तवाकू।

हवापानी—सज्ञा पुं० [हि०] १ जलवायु। आबोहवा। २. सैर सपाटा। घूमना फिरना।

हवाबाज—सज्ञा पुं० [अ० हवा + फा० बाज] १ वायुयान। उ०—हवाबाज ऊपर घहराते हैं। डाक सैनिक आते जाते है।—बेला, पृ० ५२।

हवाबाजी—सज्ञा स्त्री० [अ० हवा + फा० बाजी] हवाबाज का काम। वायुयान चलाने का काम, पद या पेशा [को०]।

हवाम—सज्ञा पुं० [अ०] जमीन के भीतर बिल मे रहनेवाले प्राणी। जैसे,—साँप, चूँटा, मूषक आदि [को०]।

हवाल—सज्ञा पुं० [अ० अहवाल] १ हाल। दशा। अवस्था। २ गति। परिणाम। उ०—बकरी पाती खाति है ताकी काढी

खाल । जो नर बकरी खात हैं तिनका कौन हवाल ।—कबीर (शब्द०) । ३ सवाद । समाचार । वृत्तात ।

यौ०—हाल हवाल = हालचाल ।

हवालदार—सज्ञा पुं० [हि०] दे० 'हवलदार' ।

हवाला—सज्ञा पुं० [अ० हवालह्] १ किसी बात की पुष्टि के लिये किसी के वचन या किसी घटना की ओर सकेत । प्रमाण का उल्लेख । २ उदाहरण । दृष्टात । मिसाल । नजीर ।

क्रि० प्र०—देना ।

३ अधिकार या कब्जा । सुपुर्दगी । जिम्मेदारी ।

मुहा०—(किसी के) हवाले करना = किसी को दे देना । किसी को सुपुर्द करना । सौंपना । जैसे,—जिसकी चीज है, उसके हवाले करो । किसी के हवाले पडना = वश मे आ जाना । चगुल मे आ जाना । उ०—अब ह्वै हैं कहा अरविद सो आनन इदु के आय हवाले परयो । —पद्माकर (शब्द०) । (किसी के) हवाले रहना = अधिकार मे रहना । उ०—सो मुलुक कौ पैसा सब गोपालदास के हवाले रहे ।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २४२ ।

हवालात—सज्ञा पुं०, स्त्री० [अ०] १ पहरे के भीतर रखे जाने की क्रिया या भाव । नजरबदी । २ अभियुक्त की वह साधारण कैद जो मुकदमे के फैसले के पहले उसे भागने से रोकने के लिये दी जाती है । हाजत । ३ वह मकान जिसमे ऐसे अभियुक्त रखे जाते हैं ।

क्रि० प्र०—मे देना ।

मुहा०—हवालात करना = पहरे के भीतर बद करना ।

हवालाती—वि० [अ०] १ जो हवालात मे रखा जा चुका हो । जो हवालात में रह चुका हो । २ जो हवालात मे हो ।

हवाली—सज्ञा पुं० [अ०] आस पास की जगह । चारो ओर का स्थान [को०] ।

हवाली मवाली—सज्ञा पुं० [अ० हवाली + अनु० या अ० मवाली] साथी । हमराही । आसपास के यार दोस्त । उ०—मिर्जा और साजिद और अख्तर और हवाली मवाली की एक न चली । —सैर० पृ० ३६ ।

हवास—सज्ञा पुं० [अ०] १ इद्रियाँ । २ सवेदन । ३ चेतना । सज्ञा । होश । सुध ।

यौ०—हवासगुम = हतसज्ञ । स्तभित । होश हवास ।

मुहा०—हवास गुम होना = होश ठिकाने न रहना । भय आदि से स्तभित होना । ठक रह जाना । हवास पैतरा होना = दे० 'हवास गुम होना । उ०—काने को देखते ही दारोगा साहब के हवास पैतरा हुए । काटो तो लहू नही बदन मे ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ५४ ।

हवासबाख्ता—वि० [अ० हवास + फा० बाख्तह्] जो होश हवास मे न हो । घबड़ाया हुआ [को०] ।

हवि शेष—सज्ञा पुं० [सं०] हवि का बचा हुआ भाग [को०] ।

हवि श्रवा—सज्ञा पुं० [सं० हवि श्रवस्] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम [को०] ।

हवि—सज्ञा पुं० [सं० हविस्] १ देवता के निमित्त अग्नि मे दिया जानेवाला घी, जौ या इसी प्रकार की सामग्री । वह द्रव्य जिसकी आहुति दी जाय । हवन की वस्तु । २ आज्य । घी (को०) । ३ जल । पानी (को०) । ४ शिव (को०) । ५ यज्ञ (को०) । ६ भोजन (को०) ।

हविमी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हवनकुड ।

हविरद—वि० [सं०] हवि का भक्षण करनेवाला [को०] ।

हविरशन—सज्ञा पुं० [सं०] १ घी अथवा द्रव्य सामग्री । २ पावक । अग्नि । कृशानु । ३ चित्रक नाम का एक वृक्ष [को०] ।

हविराहुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] हवि की आहुति [को०] ।

हविर्गंधा—सज्ञा स्त्री० [सं० हविर्गन्धा] शमीवृक्ष [को०] ।

हविर्गृह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हविर्गेह' [को०] ।

हविर्गेह—सज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जहाँ यज्ञ हो । यज्ञस्थल [को०] ।

हविर्दान—सज्ञा पुं० [सं०] हवि प्रदान करना ।

हविर्धानी—सज्ञा स्त्री० [सं०] कामधेनु । सुरभी ।

हविर्धूम—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि मे हवि देने से उत्पन्न धूम ।

हविर्निर्वपण पात्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह पात्र जिससे हवि प्रदान करते हैं । श्रुवा [को०] ।

हविर्भाज्—वि० [सं०] हविष्य ग्रहण करनेवाला [को०] ।

हविर्भुज्—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि । २ विष्णु, शिव आदि देवता जो हवि को प्राप्त करते है (को०) । ३ क्षत्रियो के पितृ वर्ग (को०) ।

हविर्भू—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हवन की भूमि । २ कर्दम की पुत्री जो पुलस्त्य की पत्नी थी ।

हविर्मंथ—सज्ञा पुं० [सं० हविर्मन्थ] गनियारी का वृक्ष । गणिकारी नाम का वृक्ष [को०] ।

हविर्यज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] घृत का हवन करना । घी की आहुति जो एक प्रकार का यज्ञ है [को०] ।

हविर्याजी—सज्ञा पुं० [स० हविर्याजिन्] यज्ञ करानेवाला । हवन करानेवाला, पुरोहित [को०] ।

हविर्वर्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक वर्ष अर्थात् भूखड का नाम । २ अग्नीध्र के एक पुत्र का नाम [को०] ।

हविर्हुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] हवि का हवन । आज्य की आहुति [को०] ।

हविष्पात्र—सज्ञा पुं० [सं०] हवि रखने का बरतन । हवि का पात्र ।

हविष्मती—सज्ञा स्त्री० [स०] कामधेनु ।

हविष्मान्'—वि० [सं० हविष्मत्] [वि० स्त्री० हविष्मती] जो हवन करता हो । हवन करनेवाला ।

हविष्मान्'—सज्ञा पुं० १ अगिरा के एक पुत्र का नाम । २ छठे मन्वतर के सप्तर्षियो मे से एक । ३ पितरो का एक गण ।

हविष्यंद—संज्ञा पुं० [सं० हविष्यन्द] विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

हविष्य[1]—वि० [सं०] १ हवन करने योग्य। २ जो हविष्य पाने के योग्य हो (को०)। ३ जिसकी आहुति दी जानेवाली हो।

हविष्य[2]—संज्ञा पुं० १ वह वस्तु जो किसी देवता के निमित्त अग्नि में डाली जाय। बलि। हवि। उ०—देव दम्भ के महामेध में सब कुछ ही बन गया हविष्य।—कामायनी, पृ० ७। २ घृत। घी (को०)। ३ नीवार। मुन्यन्न। तिन्नी का चावल (को०)। ४ घृत मिश्रित चावल, यव आदि साकल्य (को०)।

हविष्यभक्ष, हविष्यभुज्[1]—वि० [सं०] यज्ञ की सामग्री का भक्षण करनेवाला।

हविष्यभक्ष, हविष्यभुज्[2]—संज्ञा पुं० अग्नि। पावक (को०)।

हविष्यशेष—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ में शेष बचे हुए पदार्थ।

हविष्यान्न—संज्ञा पुं० [सं०] वह अन्न या आहार जो यज्ञ के समय किया जाय। खाने की पवित्र वस्तुएँ। जैसे,—जौ, तिल, मूँग, चावल इत्यादि।

हविष्याशी—वि०, संज्ञा पुं० [सं० हविष्याशिन्] दे० 'हविष्यभक्ष','हविष्यभुज्' (को०)।

हविस‡—संज्ञा स्त्री० [अ० हवस] दे० 'हवस'।

हवीत—संज्ञा पुं० [देश० ?] लकडियों का बना हुआ एक यंत्र जिसमें लंगर डालने के समय जहाज की रस्सियाँ बाँधी या लपेटी जाती हैं (लश०)।

हवेली—संज्ञा स्त्री० [अ०] १ पक्का बडा मकान। प्रासाद। हर्म्य। २ पत्नी। स्त्री। जोरू।

हवोला‡†—संज्ञा स्त्री० [सं० हिल्लोल] लहर। उ०—महल तिस दोला रागूं के हवोला।—रघु० रू०, पृ० २३८।

हव्य[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ घृत। घी। २ आहुति। ३. हवन की सामग्री। वह वस्तु जिसकी किसी देवता के अर्थ अग्नि में आहुति दी जाय। जैसे,—घी, जौ, तिल आदि।

विशेष—देवताओं के अर्थ जो सामग्री हवन की जाती है, वह हव्य कहलाती है और पितरों को जो अर्पित की जाती है वह कव्य कहलाती है।

यौ०—हव्य कव्य = देवताओं और पितरों को क्रमशः दी जानेवाली आहुति।

हव्य[2]—वि० हवनीय। हवन के योग्य (को०)।

हव्यप—संज्ञा पुं० [सं०] तेरहवें मन्वंतर के सप्तर्षियों में एक ऋषि का नाम (को०)।

हव्यपाक—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह पात्र जिसमें यज्ञान्न पकाया जाय। २ वह वस्तु जो हवन करने के लिये पकाई जाय। चरु (को०)।

हव्यभुज्—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि।

हव्ययोनि—संज्ञा पुं० [सं०] देवता।

हव्यलेही—संज्ञा पुं० [सं० हव्यलेहिन्] अग्नि का एक नाम (को०)।

हव्यवाट्—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि देवता।

हव्यवाह्, हव्यवाह—संज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। २ अश्वत्थ वृक्ष। पीपल जिसकी लकडी की अरणी बनती है।

हव्याश, हव्याशन—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि।

हशफा—संज्ञा पुं० [अ० हशफह्, हश्फह्] लिंग का अग्रभाग (को०)।

हशम—संज्ञा पुं० [अ०] १ नौकर चाकर। सेवक। २ मालिक के लिये युद्ध में लडनेवाले नौकर। भृति सैनिक (को०)।

हशमत—संज्ञा स्त्री०[अ०] १ गौरव। श्रेष्ठता। बडाई। वैभव। ऐश्वर्य। उ०—क्या माल खजाने मुल्क मकाँ क्या दौलत हशमत फौजे लश्कर।—राम० धर्म०, पृ० ६०। २ प्रताप। रोब। दबदबा (को०)। ३ नौकर चाकर, टहलुए आदि (को०)। ४ फौज। सेना। लावलश्कर।

हशरात—संज्ञा पुं० [अ० हशरह का बहु व०] वर्षा ऋतु में पैदा होनेवाले कीडे मकोडे (को०)।

हश्त—वि० [फा०] अष्ट। आठ। उ०—कर नियत अव्वल मुज कूँ क्या हश्त तूं आखिर। पाया मगर हूँ पाँच जनम छूट ई जनम ते।—दक्खिनी०, पृ० ३२६।

यौ०—हश्तगुश्त, हश्तअगुश्त = आठ अंगुल का। हश्तगोशा = अष्टकोणात्मक। हश्तपहलू = आठ पहल का। हश्तबिहिश्त = आठो स्वर्ग।

हश्तुम—वि० [फा०] अष्टम। आठवाँ (को०)।

हश्र—संज्ञा पुं० [अ०] १ कयामत। महाप्रलय। २ विपत्ति। मुसीबत। उ०—कर दूंगा अभी हश्र वर्पा देखिए जल्लाद। धब्बा य मेरे खूं का छुडाना नहीं अच्छा।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ८५४।

मुहा०—हश्र ढाना = कयामत लाना। आफत पैदा करना। हश्र बरपा करना = दे० 'हश्र ढाना'। हश्र बरपा होना = आफत पैदा होना। उपद्रव मचना।

हसंतिका—संज्ञा स्त्री० [सं० हसन्तिका] अँगीठी। गोरसी। बोरसी।

हसंती[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० हसन्ती] १ अँगीठी। गोरसी। बोरसी। उ०—कालागुरु की सुरभि उडाकर मानो मंगल तारे। हँसे हसंती में खिलखिलकर अनलकुसुम अंगारे।—साकेत, पृ० २८३। २. वह आधार जिसपर दीपक रखा जाय। दीवट (को०)। ३ मल्लिका का एक प्रकार या भेद (को०)। ४ एक प्रकार की शाकिनी (को०)।

हसंती[2]—वि० स्त्री० हास्ययुक्त। हँसती हुई (को०)।

हस—संज्ञा पुं० [सं०] १ हँसी। हास। २ आनंद। उल्लास। खुशी। ३ अवमानना। अपहास। उपहास (को०)।

हसत्[1]—वि० [सं०] हँसता हुआ। उपहास करता हुआ।

हसत्[2]—संज्ञा स्त्री० वह अग्निपात्र (चूल्हा) या बोरसी जो इधर उधर ले जाने के लायक हो (को०)।

हसत‡—संज्ञा पुं० [सं० हस्ती] दे० 'हस्ती'। उ०—हसत चढ़ै चारण हुवै, माया सरसत मेल।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ७५।

हसद—सज्ञा पुं० [अ०] ईर्ष्या । डाह ।

हसन[1]—सज्ञा पु० [स०] १ हास करना । हँसना । २ परिहास । दिल्लगी । ३ विनोद । ४ स्कद के एक अनुचर का नाम ।

हसन[2]—सज्ञा पु० [अ०] अली के दो बेटो मे से एक जो अजीद के साथ लडाई करने मे मारे गए थे और जिनका शोक शीया मुसलमान मुहर्रम मे मनाते है । इनके दूसरे भाई का नाम हुसेन था । उ०—एक दिवस जबरैल जो आए । हसन हुसेन को दु ख सुनाए ।—हिंदी प्रेमा०, पृ० २३३ ।

हसन[3]—वि० १ सुदर । सौदर्ययुक्त । शोभन । प्रियदर्शन । २ अच्छा । श्रेष्ठ [को०] ।

हसनी—सज्ञा स्त्री० [स०] अँगीठी । गोरसी । बोरसी । [को०] ।

हसनीमणि—सज्ञा स्त्री० [स०] अग्नि । आग [को०] ।

हसनीय—वि० [स०] हँसने योग्य । उपहास्य [को०] ।

हसब[1]—अव्य० [अ०] अनुसार । रु से । मुताबिक । हस्ब । जैसे—हसब हैसियत, हसब कानून ।

यौ०—हसब हाल = समयानुसार । उपयुक्त । उ०—गजल जवानी शुतुर्मुर्ग परी हसब हाल अपने के ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७६० ।

हसब[2]—सज्ञा पुं० १ गणना । गिनती । शुमार । २ अदाज । अनुमान ३ बडप्पन । बडाई । श्रेष्ठता [को०] ।

यौ०—हसबोनसब = कुलीनता और श्रेष्ठता । वश एव प्रतिष्ठा ।

हसब[3]—सज्ञा स्त्री० जलाने की लकडी । ईंधन [को०] ।

हसम(ु)—सज्ञा पुं० [अ० हशम] स्वामी का काम करनेवाले नौकर । वेतनभोगी सेवक । नौकर चाकर । उ०—अब गढ कोट हसम पुर जेते । तुम रक्षक हम जानत तेते ।—ह० रासो, पृ० ७७ ।

हसर[1]—सज्ञा पुं० [अ० हजर] रिसाले के सवारो के तीन भेदो मे से एक जो हल्के होते हैं और जिनके अस्त्र तथा घोडे भी हलके होते है । अन्य दो भेद लैंसर और ड्रैगून है ।

हसर[2]—सज्ञा पुं० [अ० हस्र] दे० 'हस्र' ।

हसरत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ रज । अफसोस । शोक । २ दु ख । कष्ट । मुसीबत (को०) । ३ नैराश्य । नाउम्मेदी । ४ अरमान । इच्छा । चाह । लालसा । उ०—न आया वो दिलवर औ आई घटा । तो हसरत की बस दिल पै छाई घटा ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४८६ ।

यौ०—हसरत भरा = अरमानो से भरा हुआ । आकाक्षायुक्त । जैसे,—हसरत भरा दिल । हसरत भरी जिंदगी ।

मुहा०—हसरत टपकना = अरमान या इच्छा व्यक्त होना । हसरत निकलना = आकाक्षा या इच्छा पूरी होना । हसरत निकालना = मन की लालसा पूरी करना । हसरत बाकी रहना = इच्छा अपूर्ण रहना । हसरत मिटाना = हवस पूरी करना ।

हसावर†—सज्ञा पु० [हिं० हस] खाकी रग की एक बडी चिडिया ।

विशेष—इस पक्षी की गरदन एक हाथ लबी और चोंच केले के फल के समान होती है । इसके बगल के कुछ पर और पैर लाल होते हैं ।

हसिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हँसने की क्रिया या भाव । हँसी । २ दिल्लगी । मजाक । ३. उपहास । ठट्ठा ।

हसित[1]—वि० [स०] १ जो हँसा गया हो । जिसपर लोग हँसते हो । २ जो हँस रहा हो । हँसता हुआ । ३ विकसित । प्रफुल्लित । ४ जो हँसा हो ।

हसित[2]—सज्ञा पुं० १ हँसना । हास । हास्य । २ हँसी । ठट्ठा । उपहास । ३ कामदेव का धनुष ।

हसिता—वि० [स० हसितृ] हँसने या उपहास करनेवाला [को०] ।

हसिर—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का चूहा ।

हसीन—वि० [अ०] १ सुदर । रूपवान । खूबसूरत । २. प्रियदर्शन । शोभन । खुशनुमा ।

यौ०—हसीन तरीन = अत्यत रूपवान । सुदरतम ।

हसीना—सज्ञा स्त्री० [अ० हसीनह्] सुदरी स्त्री । खूबसूरत औरत [को०] ।

हसीर[1]—सज्ञा पुं० [अ०] चटाई । बोरिया । उ०—पगफूर बी मैं फकीर बी मैं । जरवफ्त जुवूं हसीर बी मैं ।—दक्खिनी०, पृ० १७३ ।

हसीर[2]—वि० १ दु खी । रजीदा । २ क्लात । थका मांदा [को०] ।

हसील†—वि० [देश०] सीधा । सरल ।

हसुली—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसुली] दे० 'हँसुली' । उ०—स्त्री पुरुष दोनो ही हसुली और छाप पहनते थे ।—हिं० पु० स०, पृ० २१ ।

हस्त—सज्ञा पुं० [सं०] १ कर । हाथ । २ हाथी की सूंड । ३ कुहनी से लेकर उँगली के छोर तक की लबाई या नाप । एक नाप जो २४ अगुल की होती है । हाथ । ४ हाथ का लिखा हुआ लेख । लिखावट । ५ एक नक्षत्र जिसमे पांच तारे होते हैं और जिसका आकार हाथ का सा माना गया है । विशेष—दे० 'नक्षत्र' । ६ सगीत या नृत्य मे हाथ हिलाकर भाव बताना ।

विशेष—यह सगीत का सातवां भेद कहा गया है और दो प्रकार का होता है—लयाश्रित और भावाश्रित ।

७ वासुदेव के एक पुत्र का नाम । ८ छद का एक चरण । ९ गुच्छ । ममूह । जैसे,—केश हस्त । १० मदद । सहयोग । महायता (को०) । ११ एक वृक्ष का नाम (को०) । १२ चमडे की धौकनी । भाथी (को०) । १३ आभास । सकेत । प्रमाण (को०) ।

हस्त[1]—वि० जो हस्त नक्षत्र मे उत्पन्न हो [को०] ।

हस्तक—सज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ । २ सगीत का ताल । ३ प्राचीन काल का एक बाजा जो हाथ मे लेकर बजाया जाता था । करताल । ४ हाथ से बजाई हुई ताली । उ०—बहु हाव भाव हस्तक सुदेव । यह चद्र कला पातुर सुभेव ।—ह० रासो, पृ० १११ । ५ एक हाथ या २४ अगुल की माप (को०) । ६ हाथ का अवलबन, टेक या सहारा (को०) । ७ हाथो की स्थिति (को०) ।

हस्तकमल—सज्ञा पुं० [सं०] १ कमल के समान हाथ । २ कमल जो हाथ मे लिया हुआ हो (को०) ।

हस्तकला—सज्ञा स्त्री० [सं०] हाथ से किया हुआ कलापूर्ण कार्य । दस्तकारी ।

हस्तकार्य, हस्तकार्य्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ का काम। हाथ से किया हुआ कार्य। २. दस्तकारी।

हस्तकोहली—संज्ञा स्त्री० [सं०] वर और कन्या की कलाई मे मगल-सूत्र बाँधने की क्रिया या रीति।

हस्तकौशल—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी काम मे हाथ की सफाई। किसी काम मे हाथ चलाने की निपुणता। २ हाथ से किया हुआ कलापूर्ण काम। दस्तकारी।

हस्तक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ हाथ का काम। २ दस्तकारी। ३ हाथ से इंद्रिय सचालन। सरका कूटना। हस्तमैथुन।

हस्तक्षेप—संज्ञा पुं० [सं०] किसी काम मे हाथ डालना। किसी होते हुए काम मे कुछ कार्रवाई कर बैठना या बात भिडाना। दखल देना। जैसे,—हमारे काम मे तुम हस्तक्षेप क्यो करते हो? हम जैसे चाहेंगे वैसे करेंगे।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हस्त खस्त(पु)—वि० [फा० हस्त (=है - अस्तित्वयुक्तता) + खस्त (=खस्ता) क्षणभगुर। नश्वर। उ०—यह तन हस्त खस्त खराब खातिर अदेसा बिसियार।—रै० बानी, पृ० २६।

हस्तग—वि० [स०] १ जो किसी के अधिकार मे जानेवाला हो। २ किसी के हाथ मे जानेवाला [को०]।

हस्तगत—वि० [सं०] १ हाथ मे आया हुआ। प्राप्त। लब्ध। हासिल। जैसे,—वह पुस्तक किसी प्रकार हस्तगत करो। २ अपने पक्ष, अधिकार या वश मे आया हुआ। अधिकृत। वशीभूत।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हस्तगामी—वि० [सं० हस्तगामिन्] १ किसी के हाथ या अधिकार मे जानेवाला। हस्तग। २ दे० 'हस्तगत' [को०]।

हस्तगिरि—संज्ञा पुं० [स०] एक पर्वत का नाम [को०]।

हस्तग्रह—संज्ञा पुं० [स०] १ हाथ पकडना। २ पाणिग्रहण। विवाह।

हस्तग्राह[1]—वि० [स०] हाथ ग्रहण करानेवाला। सहारा देनेवाला।

हस्तग्राह[2]—संज्ञा पुं० हाथ मे ग्रहण करना [को०]।

हस्तग्राहक—वि० [सं०] हाथ पकडनेवाला। सहारा चाहनेवाला। मदद की याचना करनेवाला [को०]।

हस्तचापल्य—संज्ञा पुं० [स०] हाथ की फुरती। हाथ की सफाई।

हस्तचालन—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ चलाना या हिलाना। २ हाथो से सकेत करना। हाथ से इशारा करना।

हस्तजोडी—संज्ञा पुं० [सं० हस्तज्योडि] करजोडी नामक पौधा। विशेष दे० 'हत्थाजडी'।

हस्तज्योडी—संज्ञा पुं० [सं० हस्तज्योडि] करजोडी नामक पौधा। विशेष दे० 'हत्थाजडी' [को०]।

हस्ततल—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ का तल भाग। हथेली। २ हाथी की सूंड का एकदम निचला भाग [को०]।

हस्तताल—संज्ञा पुं० [सं०] हाथ से ताली बजाना। करताली [को०]।

हस्ततुला—संज्ञा पुं० [स०] हाथ मे तौलने या वजन करने की छोटी तराजू। काँटा [को०]।

हस्तत्र—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'हस्तत्राण'।

हस्तत्राण—संज्ञा पुं० [स०] अस्त्रो के आघात से रक्षा के लिये हाथ में पहना जानेवाला दस्ताना।

हस्तदक्षिण[1]—वि० [स०] १ दाहिनी ओर स्थित। दाहिनी ओर बैठा हुआ। २ ठीक। सही [को०]।

हस्तदक्षिण[2]—संज्ञा पुं० दाहिना हाथ [को०]।

हस्तदीप—संज्ञा पुं० [स०] हाथ का दीपक। हाथ की लालटेन या दीपक।

हस्तदोष—संज्ञा पुं० [स०] १ हाथ से डाँडी मारने या नाप मे फर्क डालने का अपराध। २ हाथ से लिखने मे गलती हो जाना। उ०—कजली त्योहार मे कृत्यादि के विरुद्ध शुक्ला तृतीया का उल्लेख नि सदेह हस्तदोष वा भ्रम का होना प्रमाणित करता है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३४४।

हस्तधारण—संज्ञा पुं० [स०] १ हाथ पकडना। २ हाथ का सहारा देना। ३ पाणिग्रहण करना। विवाह करना। ४. वार को हाथ पर रोकना।

हस्तपर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का ताड।

हस्तपाद—संज्ञा पुं० [स०] हाथ और पैर। हाथपाँव।

हस्तपुच्छ—संज्ञा पुं० [सं०] मणिबध के नीचे का हिस्सा। पजा [को०]।

हस्तपृष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] हथेली का पिछला या उलटा भाग।

हस्तप्रद—वि० [स०] मदद देनेवाला। सहायता करनेवाला। मददगार। सहायक [को०]।

हस्तप्राप्त—वि० [सं०] दे० 'हस्तगत'।

हस्तप्राप्य—वि० [स०] १ हाथ से प्राप्त करने योग्य। जहाँ तक हाथ पहुँच सके। २ जो सरलता से प्राप्त हो सके।

हस्तबिंब—संज्ञा पुं० [स० हस्तबिम्ब] शरीर मे सुगधित द्रव्यो का लेपन।

हस्तभ्र श—संज्ञा पुं० [स०] किसी काम को करने के अवसर पर हाथ का बहक जाना।

हस्तभ्र शी—वि० [सं० हस्तभ्रशिन्] १ हाथ से गिरा हुआ। जो हाथ से गिरा या फिसल गया हो। २ जो हाथ मे आकर निकल गया हो। ३ काम करने मे जिसका हाथ बहक जाता हो [को०]।

हस्तभ्रष्ट—वि० [स०] दे० 'हस्तभ्रशी' [को०]।

हस्तमणि—संज्ञा पुं० [स०] कलाई मे पहनने का रत्न। कलाई मे पहनने का रत्नाभरण।

हस्तमैथुन—संज्ञा पुं० [सं०] हाथ के द्वारा इंद्रिय का सचालन। सरका कूटना। हस्तक्रिया।

हस्तयोग—संज्ञा पुं० [सं०] किसी काम मे हाथो का प्रयोग करना या हाथ का अभ्यास होना [को०]।

हस्तरेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] हथेली मे पडी हुई लकीरें।

विशेष—हाथ मे पड़ी हुई इन रेखाओं के विचार से सामुद्रिक मे सबद्ध व्यक्ति के सबध मे जानकारी और शुभाशुभ फल का

निर्णय होता है। इसके विद्वान् केवल हस्तरेखाओं के आधार पर जन्मकुंडली का निर्माण और भूत तथा भविष्य कथन करते हैं।

हस्तरोधी—संज्ञा पुं० [सं० हस्तरोधिन्] शिव का एक नाम।

हस्तलक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] १ हथेली की रेखाओं द्वारा शुभाशुभ आदि की सूचना। २ अथर्ववेद का एक प्रकरण।

हस्तलाघव—संज्ञा पुं० [सं०] किसी काम में हाथ चलाने की निपुणता। हाथ की फुरती। २ हाथ की सफाई।

हस्तलिखित—वि० [सं०] हाथ का लिखा हुआ (ग्रंथ आदि)।

हस्तलिपि—संज्ञा स्त्री० [सं०] हाथ की लिखावट। लेख।

हस्तलेख—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ की लिखावट। २ हाथ के लिखे हुए प्राचीन ग्रंथ।

हस्तलेपन—संज्ञा पुं० [सं०] हाथ से लेप करना।

हस्तवत्—वि० [सं०] हाथवाला अर्थात् दक्ष। चतुर। कुशल। प्रवीण।

हस्तवर्ती—वि० [सं० हस्तवर्तिन्] हाथ में का। हाथ में स्थित। जो हाथ में हो। दे० 'हस्तगत'।

हस्तवात रक्त—संज्ञा पुं० [सं०] एक रोग जिसमें हथेलियों में छोटी छोटी फुंसियाँ निकलती हैं और धीरे धीरे सारे शरीर में फैल जाती हैं।

हस्तवाप—संज्ञा पुं० [सं०] हाथों से बाण आदि शस्त्रास्त्र का संचालन या क्षेपण (को०)।

हस्तवाम—वि० [सं०] १ बाईं दिशा में अथवा गलत ढंग से स्थित। २ जो सही या उचित न हो। त्रुटिपूर्ण (को०)।

हस्तवारण—संज्ञा पुं० [सं०] वार या आघात को हाथ पर रोकना।

हस्तविन्यास—संज्ञा पुं० [सं०] हाथों का विन्यास या स्थिति (को०)।

हस्तविषमकारी—संज्ञा पुं० [सं० हस्तविषमकारिन्] हाथ की सफाई से बाजी जीतना।

हस्तवेश्य—संज्ञा पुं० [सं०] हाथों का श्रम।

हस्तसंज्ञा—संज्ञा स्त्री० [सं०] हाथ का इशारा या संकेत।

हस्तसंवाहन—संज्ञा पुं० [सं०] हाथ से मर्दन या मालिश करना।

हस्तसिद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ हाथ का या शारीरिक श्रम। हाथ से काम करना। २ भाड़ा। भृति। मजदूरी (को०)।

हस्तस्थ, हस्तस्थित—वि० [सं०] जो हाथ में हो। हाथ में ग्रहण किया हुआ (को०)।

हस्तसूत्र, हस्तसूत्रक—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूत का कंगन जिसमें कपड़े की पोटली बँधी होती है और जो विवाह के समय वर और कन्या की कलाई में पहनाया जाता है। २ वलय। ककण। कटक (को०)।

हस्तस्वस्तिक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० हस्तस्वस्तिका] हाथों को स्वस्तिक के आकार में छाती पर रखना। हाथों से स्वस्तिक का आकार बनाना (को०)।

हस्तहार्य—वि० [सं०] १ जो हाथों से ग्रहण करने योग्य हो। २ जो हाथ से हरण किया जा सके। ३ व्यक्त। सुस्पष्ट। स्फुट। प्रकट (को०)।

हस्ताकित—वि० [सं० हस्ताङ्कित] हाथ से चिह्नित हुआ।

हस्तांगुलि—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्तांगुलि] हाथ की अंगुलियाँ।

हस्ताजलि—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्ताञ्जलि] हाथ का संपुट। हथेलियों की अंजलि। हथेलियों को मिलाकर बनाई हुई अंजलि (को०)।

हस्तांतर—संज्ञा पुं० [सं० हस्तान्तर] दूसरा हाथ। अन्य हाथ।

हस्तांतरण—संज्ञा पुं० [सं० हस्तान्तरण] संपत्ति या अधिकार का दूसरे व्यक्ति के हाथ जाना या दूसरे को देना। कोई वस्तु अन्य व्यक्ति के हाथ में देना (को०)।

हस्तांतरित—वि० [सं०] १ जो दूसरे को प्रदत्त हो। दूसरे को दिया हुआ। उ०—चक हस्तांतरित कर चक्रवात चलने लगा और उसने आभार के साथ उन चरवाहों पर विदा की दृष्टि की।—चक्रवात, पृ० २६। २ जो एक से दूसरे के हाथ में गया या दिया गया हो। जैसे,—संपत्ति, अधिकार आदि।

हस्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] हस्त नामक नक्षत्र। दे० 'हस्त'—५।

हस्ताक्षर—संज्ञा पुं० [सं०] अपने हाथ से लिखा हुआ अपना नाम जो किसी लेख आदि के नीचे लिखा जाय। दस्तखत।

हस्ताग्र—संज्ञा पुं० [सं०] हाथ का अगला भाग। हाथ की अंगुलियाँ।

हस्तादान[1]—संज्ञा पुं० [सं०] हाथ से किसी वस्तु को ग्रहण करना।

हस्तादान[2]—वि० जो हाथ से ग्रहण करे।

हस्ताभरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ का आभरण या गहना। हाथ का आभूषण। २ एक नाँच (को०)।

हस्तामलक—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ में लिया हुआ आँवला। २ वह वस्तु या विषय जिसका अंग प्रत्यंग हाथ में लिए हुए आँवले के समान, अच्छी तरह समझ में आ गया हो। वह चीज या बात जिसका हर एक पहलू साफ साफ जाहिर हो गया हो। जैसे,—यह पुस्तक पढ़ जाइए, सारा विषय हस्तामलक हो जायगा।

हस्तामलकवत्—वि० [सं०] जो हस्तामलक के समान हो। जो अच्छी तरह समझ में आ गया हो।

हस्तारूढ—वि० [सं०] जो बिलकुल साफ या व्यक्त हो।

हस्तालंब—संज्ञा पुं० [सं० हस्तालम्ब] हाथ का सहारा। सहारा (को०)।

हस्तालंबन—संज्ञा पुं० [सं० हस्तालम्बन] किसी का सहारा प्राप्त करना। भरोसा पाना (को०)।

हस्तावलंब—संज्ञा पुं० [सं० हस्तावलम्ब] सहारा। आश्रय (को०)।

हस्तावलग्न—वि० [सं०] हाथों में या हाथ पर लगा हुआ।

हस्तावाप—संज्ञा पुं० [सं०] हस्तावार। दे० 'हस्तत्राण'।

हस्तावार—संज्ञा पुं० [सं० हस्त + आवार (= रक्षा)] एक प्रकार का हस्तत्राण जो धनुष की प्रत्यंचा की रगड़ से बाँह को बचाने के लिये धारण किया जाता है। उ०—महाराज, हस्तावार सहित धनुष यह है।—शकुंतला, पृ० १२७।

हस्ताहस्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] हाथाबाँही । हाथापाई । मुठभेड । चाँटे या घूँसे की लडाई । गुत्थमगुत्थी ।

हस्ताहस्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हस्ताहस्ति' ।

हस्ति—सज्ञा पुं० [स० हस्तिन्] दे० 'हस्ती' ।

हस्तिकद—सज्ञा पुं० [स० हस्तिकन्द] एक पौधा जिसका कद खाया जाता है। हाथीकद ।

हस्तिक—सज्ञा पुं० [स०] १ हाथी के आकार का खिलौना । खेल या क्रीडा के लिये बना हुआ हाथी । २ हाथियो का समूह । हस्तियूथ । ३ मामूली नौकर चाकर । साधारण कोटि का सेवक [को० ।

हस्तिकक्ष—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत मे वर्णित एक प्रकार का जहरीला कीडा ।

हस्तिकक्ष्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ सिह । २ व्याघ्र । बाघ ।

हस्तिकरज—सज्ञा पुं० [सं० हस्तिकरञ्ज] बडी जाति का करज या कजा । विशेष दे० 'करज' ।

हस्तिकरजक—सज्ञा पुं० [स० हस्तिकरञ्जक] दे० 'हस्तिकरज' ।

हस्तिकरणक—सज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार हथियारो का वार रोकने का एक प्रकार का पटल या ढाल ।

हस्तिकर्ण—सज्ञा पुं० [स०] १ अडी का पेड । एरड । रेड । २ टेसू का पेड । पलाश । ३ कच्चू । बडा । ४ शिव के गणो मे से एक का नाम । ५ एक राक्षस का नाम । ६ गण देवताओ मे से एक ।

हस्तिकर्णकदल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पलाश या टेसू ।

हस्तिकर्णिक—सज्ञा पुं० [स०] एक योगासन । हस्तिकर्णिका [को०] ।

हस्तिकर्णिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] हठयोग का एक आसन ।

हस्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्राचीन बाजा जिसमे बजाने के लिये तार लगा रहता था । एक प्रकार का तत्रवाद्य ।

हस्तिकोलि—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का बेर का फल [को०] ।

हस्तिकोशातकी—संज्ञा स्त्री० [स०] तरोई या तोरई का एक भेद [को०] ।

हस्तिगिरि—सज्ञा पुं० [स०] १ काची नाम की नगरी जो मुक्तिदायक और सप्तपुरियो मे एक है । २ एक पर्वत का नाम [को०] ।

हस्तिघात—सज्ञा पुं० [सं०] हाथी को मारना । हाथी का वध [को०] ।

हस्तिघोषा, हस्तिघोषातकी—सज्ञा स्त्री०[स०] एक प्रकार की तरोई । बडी तरोई । वृहद्घोषा [को०] ।

हस्तिघ्न'—वि० [सं०] हस्तिघात करनेवाला । जो हाथी का वध कर सके । हाथी को मारनेवाला [को०] ।

हस्तिघ्न'—सज्ञा पुं० मनुज । मनुष्य । आदमी [को०] ।

हस्तिचार—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का शस्त्र जो शरभ की आकृति का होता था और जिससे हस्तियो को भयभीत करके भगा देते थे [को०] ।

हस्तिचारिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] महाकरज । दे० 'करज' ।

हस्तिचारी—सज्ञा पु० [स० हस्तिचारिन्] हाथी चलानेवाला । महावत । पीलवान [को०] ।

हस्तिजागरिक—संज्ञा पुं० [सं०] हाथियो का निरीक्षक । हाथियो की देखभाल करनेवाला व्यक्ति [को०] ।

हस्तिजिह्वा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हाथी की जीभ । २ दाहिनी आँख की एक नस ।

हस्तिजीवी—सज्ञा पुं० [सं० हस्तिजीविन] महावत । पीलवान [को०] ।

हस्तिदत—सज्ञा पु० [सं० हस्तिदन्त] १ हाथीदाँत । २ दीवार मे गडी हुई कपडे आदि टाँगने की खूँटी । ३ मूलिका । मूली ।

यौ०—हस्तिदतफला = एर्वारु । फूट । ककडी ।

हस्तिदतक—सज्ञा पुं० [स० हस्तिदन्तक] मूलिका मूली [को०] ।

हस्तिदती—सज्ञा पु० [स० हस्तिदन्ती] मूली ।

हस्तिद्वयस—वि० [स०] जो हाथी की तरह ऊँचा हो । हाथी के समान बडा या लबा [को०] ।

हस्तिनख—सज्ञा पुं० [स०] १. हाथी के नाखून । २ वह बुर्ज या टीला जो गढ की दीवार के पास उन स्थानो पर बना होता है जहाँ चढाव होता है ।

हस्तिनपुर, हस्तिनापुर—सज्ञा पुं० [स०] चद्रवशियो या कौरवो की राजधानी जो वर्तमान दिल्ली नगर से कुछ दूर पर थी ।

पर्या०—गजाह्वय । नाग साह्वय । नागाह्व । हस्तिनीपुर ।

विशेष—यह नगर हस्तिन् नामक राजा का बसाया हुआ था । इसका स्थान दिल्ली से उत्तरपूर्व २८ कोस पर निश्चित किया गया है ।

हस्तिनासा—सज्ञा स्त्री० [स०] हाथी की सूँड । नागनासा ।

हस्तिनिषदन—सज्ञा पुं० [स०] योग का एक आसन [को०] ।

हस्तिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मादा हाथी । हथिनी । २ एक प्रकार का सुगधित द्रव्य । हट्टविलासिनी । ३ कामशास्त्र के अनुसार स्त्री के चार भेदो मे से सबसे निकृष्ट भेद ।

विशेष—इसका शरीर स्थूल, ओठ और उँगलियाँ मोटी और आहार, कामवासना अन्य प्रकार की सब स्त्रियो से अधिक कही गई है । अन्य भेद पद्मिनी, चित्रिणी और शखिनी है । विशेष के लिये वे शब्द द्रष्टव्य ।

हस्तिप—सज्ञा पुं० [स०] १ हाथी पर बैठनेवाला या उसे अपने अनुकूल करनेवाला व्यक्ति । २ हाथी की देखभाल करनेवाला व्यक्ति । महावत ।

हस्तिपक—सज्ञा पुं० [स०] महावत । फीलवान । उ०—सावत्सर, अश्ववाहक, हस्तिपक, क्रीडक, नर्म्म सचिव ।—वर्ण०, पृ० ६ ।

हस्तिपत्र—सज्ञा पुं० [स०] हस्तिकद । हाथीकद [को०] ।

हस्तिपद—सज्ञा पुं० [स०] हाथी के पैर । सबसे विशाल पैर ।

हस्तिपर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] तुरई । तरोई । कोपातकी ।

हस्तिपर्णिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] तरोई ।

हस्तिपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ ककडी । २ मूर्वा या मोरटा नामक लता (को०) । विशेष दे० 'मूर्वा' ।

हस्तिपादिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की ओषधि ।

हस्तिपाल, हस्तिपालक—सज्ञा पुं० [स०] हाथीवान् । फीलवान [को०] ।

हस्तिपिंड—सज्ञा पुं० [सं० हस्तिपिण्ड] एक नाग असुर [को०] ।

हस्तिपिप्पली—संज्ञा स्त्री० [स०] एक ओषधि। गजपिप्पल।

हस्तिपृष्ठक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन नगर जिसके पास कुटिका नाम की नदी बहती थी।

हस्तिप्रधान—वि० [स०] कौटिल्य के अनुसार जो मुख्यत हाथी पर ही निर्भर हो [को०]।

हस्तिप्रमेह—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का प्रमेह जिसमे मूत्र के साथ हाथी के मद का सा पदार्थ बिना वेग के तार सा निकलता है और पेशाब ठहर ठहरकर होता है।

हस्तिप्रमेही—वि० [स० हस्तिप्रमेहिन्] जिसे हस्तिप्रमेह रोग हो [को०]।

हस्तिबंध—संज्ञा पुं० [सं० हस्तिबन्ध] वह स्थान जहाँ हाथियों को फँसाया जाता है [को०]।

हस्तिबंधनी—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्तिबन्धनी] कौटिल्य अर्थशास्त्रानुसार वह सिखाई हुई हथिनी जो जगली हाथियो को फँसाकर बधन मे डालती है [को०]।

हस्तिभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक नाग असुर [को०]।

हस्तिमकर—संज्ञा पुं० [सं०] दरियाई हाथी। जलहस्ती [को०]।

हस्तिमद—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी के गडस्थल या कनपटी से बहनेवाला मद। दान [को०]।

हस्तिमयूरक—संज्ञा पुं० [सं०] एक पौधा। दे० 'अजमोदा' [को०]।

हस्तिमल्ल—संज्ञा पुं० [सं०] १ ऐरावत। २ गणेश। ३ पातालस्थित आठ प्रधान नागो मे से एक नाग जिसे शख भी कहते हैं। ४ राख का ढेर। ५ धूल की वर्षा। ६ पाला। हिमपात।

हस्तिमाया—संज्ञा स्त्री० [स०] इद्रजाल। माया [को०]।

हस्तिमुख—संज्ञा पुं० [सं०] १ गजानन। गणपति। गणेश। २ एक राक्षस का नाम (को०)।

हस्तिमेह—संज्ञा पुं० [सं०] प्रमेह रोग का एक भेद। दे० 'हस्तिप्रमेह'।

हस्तियूथ—संज्ञा पुं० [सं०] हाथियो का झुड या दल।

हस्तिराज—संज्ञा पुं० [स०] १ हाथियो के झुड का प्रधान हाथी। २ बहुत विशाल हाथी [को०]।

हस्तिरोधक—संज्ञा पुं० [सं०] लोध का वृक्ष। लोध्र वृक्ष [को०]।

हस्तिरोहणक—संज्ञा पुं० [सं०] महाकरज। दे० 'करज' [को०]।

हस्तिलोध्रक—संज्ञा पुं० [स०] लोध या लोध्र वृक्ष [को०]।

हस्तिवक्त्र—संज्ञा पुं० [स०] गजानन। गणेश [को०]।

हस्तिवर्चस—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी की गरिमा, गति, शान और उसके शरीर की विशालता [को०]।

हस्तिवाह—संज्ञा पुं० [स०] १ अकुश जिससे महावत हाथी का नियत्रण करता है। २ पीलवान। महावत। हस्तिपक [को०]।

हस्तिविषाणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] केला। कदली [को०]।

हस्तिव्यूह—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार हाथियो का एक व्यूह। विशेष—इस व्यूह मे आक्रमण करनेवाले हाथी उरस्य मे, तेज भागनेवाले (अपवाह्य) मध्य मे और व्याल (मतवाले) पक्ष मे रहते हैं।

हस्तिशाला—संज्ञा स्त्री० [स०] फीलखाना। हथिसार [को०]।

हस्तिशुंड—संज्ञा पुं० [सं० हस्तिशुण्ड] हाथी की सूंड। मूंड [को०]।

हस्तिशुंडा—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्तिशुण्डा] दे० 'हस्तिशुंडी'।

हस्तिशुंडी—संज्ञा स्त्री० [सं० हस्तिशुण्डी] रुद्रजटिणी लता। विशेष दे० 'रुद्रजटा'।

हस्तिश्यामाक—संज्ञा पुं० [सं०] १ काला सावाँ। २ बाजरा।

हस्तिषट्गण—संज्ञा पुं० [सं०] छह हाथियो का झुड [को०]।

हस्तिसोमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक नदी का नाम [को०]।

हस्तिस्नान—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथियो का नहाना। २ व्यर्थ का काम। दे० 'गजस्नान'। (लाक्ष०)

हस्तिहस्त—संज्ञा पुं० [स०] हाथी का हाथ अर्थात् सूंड [को०]।

हस्ती[1]—संज्ञा पुं० [सं० हस्तिन्] [स्त्री० हस्तिनी] १ हाथी। विशेष—हेमचद्र ने कहा है कि हस्ती चार प्रकार के कहे गए है—भद्र, मद्र, मृग और मिश्र। पृथ्वीराज रासो मे भद्र, मद, मृग, और साधारण ये चार भेद कहे है। भोजराजकृत युक्तिकल्पतरु मे इनके सबध मे विशेष विवरण द्रष्टव्य है।

२ अजमोदा। ३ धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। ४ चद्रवशी राजा सुहोत्र के एक पुत्र जिन्होने हस्तिनापुर नगर बसाया था।

हस्ती[1]—वि० १ जिसको हाथ हो। हस्तयुक्त। हाथवाला। २ सूंडवाला। शुडयुक्त ३ कार्यकुशल। चतुर। होशियार [को०]।

हस्ती[1]—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ अस्तित्व। होने का भाव। जैसे,—इसमे तो उनकी हस्ती ही मिट जायगी। २ बडा व्यक्तित्व।

मुहा०—(किसी की) क्या हस्ती है=क्या गिनती है। कोई महत्व नहीं। तुच्छ है। हस्ती मिटना=(१) अस्तित्व समाप्त होना। (२) रोबदाब खतम होना। हस्ती मिटाना=(१) नष्ट करना। (२) व्यक्तित्व समाप्त करना। हस्ती रखना=(१) अस्तित्व रखना (२) रोबदाब होना। दबदबा होना। हस्ती होना=दे० 'हस्ती रखना'।

हस्ते—अव्य० [सं०] १ हाथ से। मारफत। जैसे,—१०० रुपये उसके हस्ते मिले। २ हाथ मे। हस्त शब्द का सस्कृत मे सप्तमी (अधिकरण कारक) का रूप।

हस्तेकरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ मे या मारफत करना। २ पाणिग्रहण करना। विवाह [को०]।

हस्त्य—वि० [सं०] १ हाथ से सबधित। हाथ सबधी। २ हाथ के द्वारा या हाथ से किया हुआ। शारीरिक (श्रम आदि)। ३ हाथ से दिया हुआ या प्रदत्त [को०]।

हस्त्यध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] हाथियो का प्रधान निरीक्षक [को०]।

हस्त्यशन—संज्ञा पुं० [सं०] लोबान का पौधा।

हस्त्याजीव—संज्ञा पुं० [सं०] फीलवान। महावत [को०]।

हस्त्यायुर्वेद—संज्ञा पुं० [सं०] हथियो की चिकित्सा का शास्त्र।

हस्त्यारोह—संज्ञा पुं० १ हाथी पर सवार व्यक्ति। हाथी पर बैठनेवाला व्यक्ति। २. फीलवान। महावत [को०]।

हस्त्यारोही[1]—वि० [स० हस्त्यारोहिन्] हाथी पर बैठने या सवार होनेवाला।

हस्त्यारोही[२]—सज्ञा पुं० हाथी का सवार। वह व्यक्ति जनो हाथी पर बैठा हुआ हो [को०]।

हस्त्यालुक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कद [को०]।

हस्पताल—सज्ञा पुं० [अ० हॉस्पिटल] अस्पताल। चिकित्सालय। दवाखाना। उ०—निदान जो वे मरी, हस्पताल मे गईं।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १९१।

हस्व—वि० [अ०] अनुसार। माफिक।

यौ०—हस्वे कायदा = नियम, कायदे के अनुसार। हस्वे कानून = विधि या कानून के मुताबिक। हस्वे जाबिता = (१) नियमानुसार। विधि के अनुकूल। हस्वे जैल = नीचे लिखे अनुसार। हस्वे दस्तूर = विधि या नियम के अनुसार। हस्वे मशा = इच्छानुकूल। हस्वे-मामूल = यथानियम। हस्वे रिवाज = रिवाज और रस्म के अनुसार। हस्वे हाल = दे० 'हसब हाल'। हस्वे हुक्म = आज्ञानुसार। हस्वे हैसियत = (१) हैसियत या वित्त के मुताबिक। २ शक्ति या सामर्थ्य के अनुसार। हस्वे हौसला = हिम्मत या उत्साह के माफिक।

हस्र[१]—वि० [स०] १ हँसनेवाला। मुस्करानेवाला। हासयुक्त। २ अज्ञ। मूर्ख। बेवकूफ [को०]।

हस्र[२]—सज्ञा पु० [अ०] अवलबन। निर्भरता। सहारा [को०]

हस्सम—सज्ञा पुं० [अ० हशम] स्वामी के लिये लडनेवाले सेवक। सेना। दे० 'हसम'। उ०—हस्सम हय गय मुक्कि तक्कि षट्टू बन धाइय।—पृ० रा०, १०। १६।

हहर—सज्ञा स्त्री० [हिं० हहरना] १ थर्राहट। कँपकँपी। २ भय। डर। ३ चकपकाने या चकित होने की स्थिति। ४ घबराहट। ५ प्रसन्नता या हर्ष के कारण होनेवाली हडबडी।

हहरना—क्रि० अ० [अनु०] १ काँपना। थरथराना। उ०—पहल पहल जौ रुई झाँपै। हहरि हहरि अधिकौ हिय काँपै।—जायसी (शब्द०)। २ डर के मारे काँप उठना। दहलना। बहुत डर जाना। थर्राना। उ०—नाथ भलो ! रघुनाथ मिले रजनीचर सेन हिये हहरी।—(शब्द०)। ३ दग रह जाना। चकित रह जाना। आश्चर्य से ठक रह जाना। ४ कोई बात बहुत अधिक देखकर क्षुब्ध होना। डाह करना। सिहाना। उ०—काम बन नदन की उपमा न देत बनै, देखि कै विभव जाको सुरतरु हहरत।—कोई कवि (शब्द०)। ५ कोई वस्तु बहुत अधिक देखकर दग होना। अधिकता देखकर चकपकाना। उ०—ठहर ठहर परे कहरि कहरि उठै, हहरि हहरि हर सिद्ध हँसे हेरि कै।—तुलसी (शब्द०)। ६ परेशान होना। हैरान होना। ७ हर्ष और आह्लादपूर्वक किसी व्यक्तिविशेष से मिलना।

सयो० क्रि०—उठना।—जाना

हहराना[१]—क्रि० अ० [अनु०] १ काँपना। थरथराना। २ डर के मारे काँपना। दहलना। थर्राना। उ०—चचल चपेट चरनचकोट चाहैं, हहरानी फौजैं भहरानी जातुधान की।—तुलसी (शब्द०)। ३ डरना। भयभीत होना। ४ दे० 'हरहराना'।

हहराना[२]—क्रि० स० दहलाना। भयभीत करना।

हहल[१]—सज्ञा पुं० [स०] भयकर विष। मारक विष। हलाहल [को०]।

हहल[२]—सज्ञा स्त्री० [अनु० हहर] हहरने की स्थिति, भाव या क्रिया। भय। खौफ। कँपकँपी। थरथराहट। थर्राहट।

हहलाना—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'हहरना'।

हहलाना—क्रि० अ०, क्रि० स०, दे० 'हहराना'।

हहव—सज्ञा पुं० [स०] बौद्ध मतानुसार एक नरक [को०]।

हहा[१]—सज्ञा पु० [स०] एक गधर्व जाति। हाहा [को०]।

हहा[२]—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ हँसने का शब्द। ठट्ठा। जैसे,—क्यो 'हहा हहा' करते हो ? उ०—तुलसी सुनि केवट के बरबैन हँसे प्रभु जानकी ओर हहा है।—तुलसी। २ दीनतासूचक शब्द। गिडगिडाने का शब्द। अत्यत अनुनय विनय का शब्द। ३ विनती। चिरौरी। गिडगिडाहट।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—हहा खाना = बहुत गिडगिडाना। बहुत विनती करना। हहा खवाना(पु) = विनती कराना। निवेदन कराना। उ०—तेरे मनाइबे बीच उनिदित, सोच मैं क्यो पलकैं तू मिलाई। काल के लालन भूखे हुते, सुभली करी तैंने हहा तौ खवाई।—नट०, पृ० ८८।

४ हाहाकार।

हागर—सज्ञा पुं० [सं० हाङ्गर] एक वृहदाकार मत्स्य [को०]।

हात्र—सज्ञा पुं० [सं० हान्त्र] १ मृत्यु। मरण। मौत। २ युद्ध। लडाई। सघर्ष। ३ एक दैत्य का नाम राक्षस [को०]।

हाबीरी—सज्ञा स्त्री० [स० हाम्बीरी] एक प्रकार की रागिनी।

हास—वि० [स०] हस का या हस सबधी।

हाँ[१]—अव्य [स० आम्] १ स्वीकृतिसूचक शब्द। समतिसूचक शब्द। वह शब्द जिसके द्वारा यह प्रकट किया जाता है कि हम यह बात करने को तैयार है। जैसे,—प्रश्न—तुम वहाँ जाओगे ? उत्तर—'हाँ'। २ एक शब्द जिसके द्वारा यह प्रकट किया जाता है कि वह बात जो पूछी जा रही है, ठीक है। जैसे,—प्रश्न—तुम वहाँ गए थे ? उत्तर—हाँ।

मुहा०—हाँ करना = (१) स्वीकार होना। समत होना। राजी होना (२) ठीक मान लेना। यह मानना कि कोई बात ऐसी ही है। हाँ न करना = इधर उधर की बात कहकर जल्दी स्वीकार न करना। न मानना। न राजी होना। हाँ हाँ करना = (१) स्वीकारसूचक शब्द कहना। मान लेना। जैसे,—अभी तो हाँ हाँ कर रहा है, पीछे धोखा देगा। (२) बात न काटना। 'ठीक है' 'ठीक है' कहना। (३) खुशामद करना। हाँ जी हाँ जी करना = (१) खुशामद करना। चापलूसी करना। स्वार्थ या दबाव वश समर्थन करना। उ०—जिसके घर मे रहना। ऊँट बिलैया ले गई तो हाँ जी हा जी कहना। (कहावत)। हाँ मे हाँ मिलाना = (१) बिना विचार किए बात का समर्थन करना। प्रसन्न करने के लिये किसी के मन की बात कहना। (२) खुशामद करना। चापलूसी करना।

३ कोई बात स्वीकार न करने पर भी दूसरे रूप मे स्वीकार सूचित करनेवाला शब्द। वह शब्द जिसके द्वारा किसी बात का दूसरे रूप मे, या अशत माना जाना प्रकट किया जाता है। यह बात तो नही है या ऐसा तो मैं नही कर सकता पर इतना हो सकता है, या इतनी बात मानी जा सकती है। जैसे,—(क) तुम्हें हम अपने साथ तो न ले चलेंगे, हाँ, पीछे से आ सकते हो। (ख) हमारे सामने तो वह कुछ नही कहता, हाँ औरो से कहता हो तो नही जानते। ४ मना करना, वारण करना, बरजना आदि अर्थो मे प्रयुक्त शब्द।

हाँ ⓤ†[2]—अव्य० [स० इह] इहाँ। दे० 'यहाँ'।

हाँक—सज्ञा स्त्री० [सं० हुङ्कार] १ किसी को बुलाने के लिये जोर से निकाला हुआ शब्द। जोर की पुकार। उच्च स्वर से किया हुआ सबोधन।

यौ०—हाँक पुकार।

मुहा०—हाँक देना या हाँक लगाना = जोर से पुकारना। हाँक मारना = दे० 'हाँक देना' या 'हाँक लगाना'। हाँक पुकारकर कहना = डके की चोट कहना। सबके सामने निर्भय और निस्सकोच कहना। सबको सुनाकर कहना।

२ लडाई मे धावा या आक्रमण करते समय गर्वसूचक चिल्लाहट। डाँट। दपट। ललकार। हुकार। गर्जन। उ०—रजनिचर घरनि घर गर्भ अर्भक स्रवत सुनत हनुमान की हाँक बाँकी।—तुलसी (शब्द०)। ३ बढावे का शब्द। उत्साह दिलाने का शब्द। बढावा। उ०—तुलसी उत हाँक दसानन देत, अचेत भै बीर को धीर धरै।—तुलसी (शब्द०)। ४ सहायता के लिये की हुई पुकार। दुहाई। उ०—बसत श्री सहित बैकुठ के बीच गजराज की हाँक पै दौरि आए।—सूर (शब्द०)।

हाँकना—क्रि० स० [हि० हाँक + ना (प्रत्य०)] १ जोर से पुकारना। चिल्लाकर बुलाना। २ ललकारना। लडाई मे धावे के समय गर्व से चिल्लाना। हुकार करना। उ०—भूमि परे भट घूमि कराहत, हाँकि हने हनुमान हठीले।—तुलसी (शब्द०)। ३ बढ बढकर बोलना। लबी चौडी बातें कहना। सीटना। जैसे—(क) हमारे सामने वह इतना नही हाँकता। (ख) शेखी हाँकना। डीग हाँकना। (ग) वह दूकानदार बहुत दाम हाँकता है। ४ मुँह से बोलकर या चाबुक आदि मारकर जानवरो (घोडे, बैल आदि) को आगे बढाना। जानवरो को चलाना। जैसे,—बैल हाँकना। उ०—हाँकि हाँकि दलनि दनाइ दहपट्टी हते, बाजी औ वितु ड झुड झूमत खरे जे हैं।—हम्मीर०, पृ० ५७। ५ खीचनेवाले जानवर को चलाकर गाडी, रथ आदि चलाना। गाडी चलाना। उ०—खोज मारि रथ हाँकहु ताता।—तुलसी (शब्द०)। २ मारकर या बोलकर चौपायो को भगाना। चौपायो को किसी स्थान से हटाना। जैसे,—खेत मे गाएँ खडी है, हाँक दो।

सयो० क्रि०—देना।

७ पखा हिलाना। बीजन डुलाना। झलना। ८ पखे से हवा पहुँचाना। हवा करना। जैसे,—मुझे मत हाँको, उन लोगो को हाँको।

हाँका[1]—सज्ञा पुं० [हि० हाँकना] शेर आदि दरिंदे जानवरो के शिकार करने का एक ढग। विशेष दे० 'हँकवा'।

हाँका ⓤ[2]—सज्ञा पु० [हि० हाँक] दे० 'हाँक'।

हाँकारी—वि० [हि० हाँ + कारी] किसी बात पर हाँ कहनेवाला। किसी विचार पर स्वीकृति व्यक्त करनेवाला।

हाँगर—सज्ञा पुं० [स० हाङ्गर] एक प्रकार की बडी मछली।

हाँगा—सज्ञा पुं० [स० आङ्ग] १ शरीर का बल। बूता। ताकत।

मुहा०—हाँगा छूटना = बल काम न करना। साहस छूटना। हिम्मत न रहना।

२ जबरदस्ती। अत्याचार। धीगा धीगी। जैसे,—पुलिसवाले सबके साथ हाँगा करते हैं।

हाँगी—सज्ञा स्त्री० [हि० हाँ] हामी। स्वीकृति।

मुहा०—हाँगी भरना = हामी भरना। स्वीकार करना। मानना या अगीकार करना। उ०—छारि डारी पुलक, प्रसेद हू निवारि डारी, नेक रसना हू ते भरी न कछु हाँगी री। एते पै रह्यो न प्रान मोहन लटू पै भटू, टूक टूक ह्वै कै जो छटूक भई आँगरी।—पद्माकर (शब्द०)।

हाँडना[1]—क्रि० अ० [सं० हिण्डन] व्यर्थ इधर उधर फिरना। आवारा घूमना।

हाँडना[2]—वि० [वि० स्त्री० हाँडनी] हाँडनेवाला। व्यर्थ इधर उधर घूमनेवाला। आवारा फिरनेवाला। जैसे,—हाँडनी नारि।

हाँडी—सज्ञा पु० [सं० भाण्ड, हि० हडा ('हडिका' प्राकृत से लिया प्रतीत होता है)] १ मिट्टी का मझोला बरतन जो बटलोई के आकार का हो। हँडिया।

मुहा०—हाँडी उबलना = (१) हाँडी मे पकाई जानेवाली चीज का गरम होकर ऊपर आना। (२) खुशी से फूलना। इतराना। हाँडी चढना या चढाना = कोई चीज पकाने के लिये हाँडी का आग पर रखा जाना। उ०—जैसे हाँडी काठ की चढै न दूजी बार—(शब्द०)। हाँडी पकना = (१) हाँडी मे पकाई जानेवाली चीज का पकना। (२) बकवाद होना। मुँह से बहुत बातें निकलना। (३) भीतर ही भीतर कोई युक्ति खडी होना। कोई षट्चक्र रचा जाना। कोई मामला तैयार किया जाना। जैसे,—भीतर ही भीतर खूब हाँडी पक रही है। किसी के नाम पर हाँडी फोडना = किसी के चले जाने पर प्रसन्न होना। बावली हाँडी = वह भोजन जिसमे बहुत सी चीजें एक मे मिल गई हो।

२ इसी आकार का शीशे का पात्र जो सजावट के लिये कमरे मे टाँगा जाता है और जिसमे मोमबत्ती जलाई जाती है।

हाँण ⓤ†—सज्ञा स्त्री० [सं० हानि] दे० 'हानि'। उ०—सुख दुख मित्र उदासूँ ह्वै मिस सज्जण हाँण।—रघु० रू०, पृ० ६।

हाँता ⓤ—वि० [स० हात (= छोडा हुआ)] [वि० स्त्री० हाँती] १ अलग किया हुआ। त्याग किया हुआ। छोडा हुआ।

२ दूर किया हुआ। हटाया हुआ। उ०—(क) प्रिया, वचन कस कहसि कुभाती। भीर प्रतीति प्रीति करिहाँती।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जानत प्रीति रीति रघुराई। नाते सब हाँते करि राखत राम सनेह सगाई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) कत, सुनु मत, कुल अनत किए अत हानि, होतो कीजे हीय ते भरोसो भुज बीस को।—तुलसी (शब्द०)।

हाँथ(पु)—सज्ञा पुं० [स० हस्त, प्रा० हत्थ, हिं० हाथ] दे० 'हाथ'। उ०—कोउ कर जोरि कहत तुअ हाँथ निबाह।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ७२।

हाँन(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० हानि] दे० 'हानि'। उ०—करै सिंह गुजार भारी भयाँन। सुनो प्राँनहारी डरैं जीव हाँन।—ह० रासो०, पृ० ३६।

हाँपना—क्रि० अ० [अनु० या सं० हाफिक] दे० 'हाँफना'।

हाँफना—क्रि० अ० [अनु० हँफ हँफ या स० हाफिक] कडी मिहनत करने, दौडने या रोग आदि के कारण जोर जोर से और जल्दी जल्दी साँस लेना। तीव्र श्वास लेना। जैसे—वह चार कदम चलता है तो हाँफने लगता है।

हाँफा—सज्ञा पुं० [हिं० हाँफना] हाँफने की क्रिया या भाव। तीव्र और क्षिप्र श्वास। जल्दी जल्दी चलती हुई साँस।

मुहा०—हाँफा छूटना = कडी मिहनत करने पर या रोगादि के कारण थोडा श्रम करने पर हाँफने लगना। उ०—जिन्हें चार पग चलने मे हाँफा छूटता।—प्रेमघन० भा० २, पृ० २८१।

हाँमैला—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की चिडिया।

हाँस†[१]—सज्ञा स्त्री० [स० हास] दे० 'हँसी'। उ०—स्याम गात सरोज आनन, ललित गति मृदु हाँस।—सतवाणी०, पृ० ६०।

हाँस(पु)[१]—सज्ञा पुं० [स० हंस] जीवात्मा। जीव। प्राण। दे० 'हस'। उ०—साज्या काल न छोडै पास। छूटै पिंड उडावै हाँस।—प्राण०, पृ० १।

हाँस(पु)[२]—सज्ञा स्त्री० [स० असली, हिं० हसली, हँसुली या देश०]दे० 'हँसली'। उ०—देखत अपनी औरत कूँ लाया गले। सो वाहाँ केरा हाँस भाया गले।—दक्खिनी०, पृ० ६२।

हाँसना(पु)‡—क्रि० अ० [स० हसन] दे० 'हँसना'।

हाँसल(पु)[१]—सज्ञा पु० [हिं० हाँस] घोडो का एक भेद। वह घोडा जिसका रग मेहँदी सा लाल और चारो पैर कुछ काले हो। कुम्मैत हिनाई। उ०—हाँसल गौर गियाह बखाने। - जायसी (शब्द०)।

हाँसल(पु)†[२]—सज्ञा पुं० [अ० हासिल] हासिल। लगान। कर। उ०—मह अघ दीध हाँसल मोक।—रघु० रू०, पृ० १२२।

हाँसवर†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसली] दे० 'हँसली'।

हाँसिल—सज्ञा स्त्री० [अ० हाजर] १ रस्सा लपेटने की गराडी। २ लगर की रस्सी। पागर। (लश्करी)।

क्रि० प्र०—तानना।

हाँसी—सज्ञा स्त्री० [स० हास्य] १ हँसी। हँसने की क्रिया या भाव।

२. परिहास। हँसी ठट्ठा। दिल्लगी। मजाक। ठठोली। उ०—(क) निर्गुन कौन देस को बासी। ऊधा ! नेकु हमहिं समुझावहु, बूझति साँच न हाँसी।—सूर (शब्द०)। (ख) हमरे प्रान अघात होत है, तुम जानत हौ हाँसी।—सूर (शब्द०)। ३ उपहास। निंदा। उ०—(क) ऊधो, कही सो बहुरि न कहियो। हाँसी होन लगी या ब्रज मे, अनबोले ही रहियो।—सूर (शब्द०)। (ख) जेते ऐडदार दरबार सरदार सब ऊपर प्रताप दिल्लीपति को अभग भो। मतिराम कहै करवाल के कसैया केते गाडर से मूँड, जग हाँसी को प्रसग भो।—मतिराम (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हाँसु(पु)—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक कठाभूषण। हँसुली। उ०—कचन कया सो रानी रहा न तोला माँसु। कत कसौटी घालि कै चूरा गढै कि हाँसु।—जायसी ग्र०, पृ० १७०।

हाँसुल(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० हाँस ?] एक प्रकार का अश्व। कुम्मैत हिनाई। दे० 'हाँसल'। उ०—लील समुद चाल जग जानै। हाँसुल भँवर किआह बखानै।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १५०।

हाँ हाँ—अव्य० [हिं० अहाँ (= नही)] निषेध या वारण करने का शब्द। वह शब्द जिसे बोलकर किसी को कोई काम करने से चटपट रोकते हैं। जैसे,—हाँ हाँ ! यह क्या कर रहे हो ?

हा[१]—अव्य० [सं०] १ शोक, दु ख, पीडा या निराशासूचक शब्द। २ आश्चर्य या आह्लादसूचक शब्द। ३ क्रोध, फटकार, व्यग्यसूचक शब्द। ४ भयसूचक शब्द।

यौ०—हाकार = हा करनेवाला व्यक्ति या शोकादिसूचक हा शब्द की ध्वनि। हाकृत = हाय हाय की आवाज से भरा हुआ शोकसूचक रुदन। हा हत। हा हा।

हा[२]—सज्ञा पुं० हनन करनेवाला। मारनेवाला। वध या नाश करनेवाला। (यौगिक शब्दो के अत मे प्रयुक्त)। उ०—कौन शत्रु तै हत्यो कि नाम शत्रुहा लिया ?—केशव (शब्द०)।

हाइ(पु)‡—अव्य० [हिं० हाय] दे० 'हाय'।

हाइड्रोजन—सज्ञा पु० [अ०] एक वायवीय तत्व जो जल का घटक है।

हाइड्रोसील—सज्ञा पुं० [अ०] अडकोश या फोते मे शरीर के विकृत जल का जमा होना। अडवृद्धि। फोते का बढना।

हाइफन—सज्ञा पुं० [अ०] एक विराम चिह्न जो एक मे समस्त दो या अधिक शब्दो के बीच मे लगाया जाता है। सामासिक चिह्न। जैसे,—रघुकुल-कमल-दिवाकर।

हाइभाइ(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० हाव + भाव] हावभाव। मुद्रा। भगिमा। उ०—वीर भोग वसुमती वीरभोगी वर चाहो। हाइभाइ कटाच्छ वीर वीरा तन साहीं।—पृ० रा०, १७।७४।

हाइल(पु)—वि० [देश०] दे० 'हायल'।

हाई—सज्ञा स्त्री० [स० घात] १ दशा। हालत। अवस्था। जैसे—अपनी हाई और पर छाई। २ ढग। घात। तौर। ढव। उ०—ऊधो, दीनी प्रीति दिनाई। बातनि सुहृद, करम कपटी के, चले चोर की हाई।—सूर (शब्द०)।

हाईकोर्ट—सज्ञा पुं० [अ०] हिंदुस्तान मे किसी प्रदेश या प्रात की दीवानी और फौजदारी की सबसे बडी अदालत। सबसे बडा न्यायालय। उच्च न्यायालय।

विशेष—हिंदुस्तान के प्रत्येक बडे प्रदेश मे एक हाईकोर्ट है। जसे,—कलकत्ता हाईकोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट, आदि।

हाई ड्रोफोबिया—सज्ञा पु० [अ०] शरीर के भीतर एक प्रकार का उपद्रव या व्याधि जो पागल कुत्ते, गीदड आदि के काटने से होता है। इसमे मनुष्य प्यास के मारे व्याकुल रहता है, पर पानी सामने आने से चिल्लाकर भागता है। जलत्रास रोग। जलातक।

हाईस्कूल—सज्ञा पु० [अ०] अँगरेजी की वह बडी पाठशाला जिसमे दसवी कक्षा तक विश्वविद्यालय की पढाई के पहले की पढाई पूरी होती है।

हाउस—सज्ञा पु०[अ०] १ घर। मकान। जैसे,—बोर्डिंग हाउस, काँजी हाउस, कानीहाउस। २ कोठी। बडी दूकान। जैसे,—हाउस की दलाली। ३ सभा। मडली। जैसे,—हाउस आफ लार्ड्स।

हाउस आफ कामन्स—सज्ञा पु० [अ०] दे० 'कामनसभा'।

हाउस आफ लार्ड्स—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'लार्डसभा'।

हाऊ—सज्ञा पु० [अनु०] एक कल्पित भयानक जतु जिसका नाम बच्चो को डराने के लिये लिया जाता है। हौवा। भकाऊँ। जूजू। उ०—खेलन दूरि जात कित कान्हा। आजु सुन्यो वन हाऊ आयो तुम नहिं जानत नान्हा।—सूर (शब्द०)।

हाक(पु)—सज्ञा पु० [हिं० हाँक] पुकार। गर्जन। उ०—दादू धरती करते एक डग, दरिया करते फाल। हाकी पर्वत फाडते, सो भी खाए काल।—दादू०, पृ० ४०१।

हाकर—सज्ञा पुं० [अ० हॉकर] १ घूम घूमकर सामान बेचनेवाला व्यक्ति। फेरीवाला। फेरीदार। २ वह व्यक्ति जो घूम घूमकर। अखबार बेचता हो।

हाकल—सज्ञा पुं० [स०] एक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे १५ मात्राएँ और अत मे एक गुरु होता है। इसके पहले और दूसरे चरण मे ११ और तीसरे तथा चौथे चरण मे १० अक्षर होते हैं।

हाकलिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पद्रह अक्षरो का एक वर्णवृत्त।

हाकली—सज्ञा स्त्री० [स०] दस अक्षरो का एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे तीन भगण और एक गुरु होता है।

हाकिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] तत्र शास्त्रानुसार एक प्रकार की घोर देवी। (तत्र)।

हाकिम—सज्ञा पुं० [अ०] १ हुकूमत करनेवाला। शासक। गवर्नर। २ प्रधान अधिकारी। सरदार। बडा अफसर। ३ स्वामी। मालिक (को०)। ४ नरेश। राजा। बादशाह। उ०—तात सरूपी हाकिमा जिन अमल पमारा।—कबीर श०, भा० १, पृ० ५०।

यौ०—हाकिमे आला, हाकिमे बाला = उच्चाधिकारी। प्रधान अफसर। हाकिमे वक्त = तत्कालीन शासक। हाकिमे हकीकी = ईश्वर। परमात्मा।

मुहा०—हाकिम का कुत्ता = किसी हाकिम के अधीन वे छोटे कर्मचारी जो हाकिम से मिलने मे बाधा पैदा करें और बिना घूस लिए मिलने न दें।

हाकिमाना—वि० [अ० हाकिमानह्] १ हाकिम के ढग का। रोबदाब से युक्त। २ हाकिम से सबद्ध।

हाकिमी[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० हाकिम + ई (प्रत्य०)] हाकिम का काम। हुकूमत। प्रभुत्व। शासन। उ०—कहूँ हाकिमी करत है, कहूँ बदगी आय। हाकिम बदा आप ही दूजा नही देखाय।—रसनिधि (शब्द०)।

हाकिमी[2]—वि० १ हाकिम का। हाकिम सबधी। २ हाकिम जैसा।

हाकी—सज्ञा पुं० [अ० हॉकी] एक खेल जिसमे एक टेढी लकडी या डडे से गेंद मारते हैं। चौगान की तरह का एक अँगरेजी खेल।

हाग्गडदि(पु)—सज्ञा पुं० [देश०] हाहाकार।

हाजत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ जरूरत। आवश्यकता। उ०—न उसकूँ वजीर है न उसकूँ नजीर। न हाजत उसे है न ताज ओ सरीर।—दक्खिनी०, पृ० ११७। २ चाह। उ०—नहीं शमा व चिराग की हाजत। दिल है मुझ वज्म का दिया मेरा।—कविता को०, भा० ४, पृ० ४२।

यौ०—हाजतरवाह = इच्छा की पूर्ति चाहनेवाला। हाजतमद = (१) निर्धन। (२) इच्छुक। अभिलाषी। हाजत रवा = कामनाएँ पूरी करनेवाला।

३ पहरे के भीतर रखा जाना। हिरासत। हवालात।

मुहा०—हाजत मे देना = पहरे के भीतर देना। हवालात मे डालना। हाजत मे रखना = हवालात मे रखना।

४ शौच आदि की तीव्रता या वेग।

मुहा०—हाजत रफा करना = शौच जाना।

हाजती[1]—वि० [अ०] १ अभिलाषी। आकाक्षी। चाहनेवाला। २ जो हाजत मे रखा गया हो। हवालाती। ३ हाजतवाला।

हाजती[2]—सज्ञा स्त्री० वह चौकी जो रोगी के पलग के पास इसलिये लगा दी जाती है जिससे पाखाना और पेशाब करने मे रोगी को कष्ट न हो।

हाजमा—सज्ञा पुं० [अ० हाजमह्] पाचन क्रिया। पाचनशक्ति। भोजन पचने की क्रिया।

मुहा०—हाजमा खराब होना या हाजमा बिगडना = अन्न न पचना।

हाजरी(पु)—वि० [अ० हाजिर] दे० 'हाजिर'। उ०—साँई सिरजनहार तूँ, तूँ पावन तूँ पाक। तूँ काइम करतार तूँ, तू हरी हाजरी आप।—दादू०, पृ० ५७५।

हाजिक—वि० [अ० हाजिक] १ दक्ष। प्रवीण। निपुण। २ किसी शास्त्र का अत्यत निपुण जानकार [को०]।

हाजिब—सज्ञा पुं० [अ०] १ चोबदार। दडधारी। २ भौह। भ्रू। ३ प्रहरी। द्वारपाल। उ०—यहाँ सब अपस का कहा उन हजूर। सुने बात सारी व हाजिब जरूर।—दक्खिनी०, पृ० २७०।

हाजिम—वि० [अ० हाज़िम] १ हजम करनेवाला। भोजन पचानेवाला। पाचक। २ अग्रसोची। दूरदेश। बुद्धिमान (को०)।

हाजिर—वि० [अ० हाजिर] १ समुख उपस्थित । सामने आया हुआ। मौजूद । विद्यमान। जैसे,—(क) तुम उस दिन हाजिर नही थे। (ख) जो कुछ मेरे पास है, हाजिर है। २ कोई काम करने के लिये सनद्ध । प्रस्तुत । तैयार । जैसे,—मेरे लिये जो हुक्म होगा, मैं हाजिर हूँ ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

मुहा०—हाजिर आना = हाजिर होना । हाजिर मे हुज्जत न होना = जो मौजूद हो, उसको प्रस्तुत या ग्रहण करने मे किसी प्रकार की हीलाहवाली न होना ।

३ परदेशी । शरणार्थी (को०) । ४ जो ऊँचा हो । उच्च (भूमि) । ५ मना करनेवाला (को०) ।

यौ०—हाजिरजामिन = अपराधी को न्यायालय मे उपस्थित करने की जिम्मेदारी लेनेवाला । हाजिर जामिनी = अपराधी को न्यायालय मे उपस्थित करने की जमानत । हाजिर दिमाग = (१) किसी बात की तह पहुँचकर ठीक राय देनेवाला । (२) तुरत उचित उत्तर देनेवाला । प्रत्युत्पन्नमति । हाजिरजवाब । हाजिरनाजिर, हाजिरोनाजिर = (१) ईश्वर । परमात्मा । (२) किसी स्थान पर उपस्थित और देखनेवाला । उपस्थित और द्रष्टा ।

हाजिरजवाब—वि० [अ० हाजिर जवाब] उत्तर देने मे निपुण । जोड की तोड बात कहने मे चतुर । बात का चटपट अच्छा जवाब देने मे होशियार । उपस्थितबुद्धि । प्रत्युत्पन्नमति । जैसे,—बीरबल बडे हाजिरजवाब थे ।

हाजिरजवाबी—सज्ञा स्त्री० [अ० हाजिरजवाबी या अ० हाजिरजवाब + हिं० ई (प्रत्य०)] चटपट उत्तर देने की निपुणता । उपस्थित बुद्धि । प्रत्युत्पन्नमतित्व । जैसे,—बीरबल की हाजिरजवाबी से अकबर बहुत खुश रहता था ।

हाजिरबाश—वि० [अ० हाजिर + फा० बाश] १ सामने मौजूद रहनेवाला । बराबर सेवा मे रहनेवाला । २ लोगो के पास जाकर बराबर मिलने जुलनेवाला ।

हाजिरबाशी—सज्ञा स्त्री० [अ० हाजिर + फा० बाशी] १ सेवा मे निरतर उपस्थिति । २ लोगो से जाकर मिलना जुलना । खुशामद ।

हाजिराई—सज्ञा पुं० [अ० हाजिर हिं० + आई (प्रत्य०)] १ भूतप्रेत बुलाने या दूर करनेवाला । ओझा । सयाना । २ जादूगर । ऐंद्रजालिक । मायिक ।

हाजिरात—सज्ञा स्त्री० [अ० हाजिरात] बदना या पूजा आदि के द्वारा किसी के ऊपर कोई आत्मा, भूत प्रेत, जिन आदि बुलाना जिससे वह झूमने और अनेक प्रकार की बातें कहने तथा प्रश्नो के उत्तर देने लगता है ।

हाजिराती—सज्ञा पुं० [अ० हाजिराती] हाजिरात करनेवाला ओझा । सयाना (को०) ।

हाजिरी—सज्ञा स्त्री० [अ० हाजिरी] १ उपस्थिति । विद्यमानता । मौजूदगी । वर्तमानता । २. विद्यार्थियो या मजदूरो की गणना । ३ न्यायालय मे सम्मन अथवा वारट के द्वारा प्रतिपक्षी और गवाहो की उपस्थिति (को०) ।

मुहा०—हाजिरी बजाना = किसी अधिकारी अथवा बडे आदमी के यहाँ बराबर उपस्थित होना । दरबारगीरी करना । हाजिरी देना = (१) उपस्थिति सूचित करना । (२) दे० 'हाजिरी बजाना' । हाजिरी लेना = विद्यार्थियो अथवा मजदूरो आदि का नाम पुकारकर उनकी उपस्थिति मालूम करना या लिखना ।

हाजिरीन—सज्ञा पुं० [अ० हाजिरीन] हाजिर शब्द का बहुवचन । उपस्थित लोग ।

हाजी[1]—सज्ञा पु० [उर्दू । अ० शब्द 'हाज' है] १ हज करनेवाला । तीर्थाटन के लिये मक्के मदीने जानेवाला । २ वह जो हज कर आया हो । (मुसल०) ।

हाजी—वि० [अ०] १ निंदा या बुराई करनेवाला । निंदक । २ हिज्जे या अक्षरो के क्रमविन्यास को साफ साफ बोलनेवाला [को०] ।

हाजुर—वि० [अ० हाजिर] दे० 'हाजिर' । उ०—हाजुर मीर हमाम मीर गिरदान सामि नमि ।—पृ० रा०, ६१।१६६४ ।

हाट[1]—सज्ञा स्त्री० [स० हट्ट] १. वह स्थान जहाँ कोई व्यवसायी बेचने के लिये चीजे रखकर बैठता है । दूकान । २ वह स्थान जहाँ बिक्री की सब प्रकार की वस्तुएँ रहती हो । बाजार । उ०—प्रेम बिकता मैं सुना, माथा साटे हाट । बूझत बिलँब न कीजिए ततछिन दीजै काट ।—सतबाणी०, पृ० १६ ।

यौ०—हाटबाट = पण्यवीथिका । बाजार । उ०—(क) शतसख्य हाटबाट भ्रमते ।—कीर्ति०, पृ० २८ । (ख) हाट बाट नहि जाइ निहारी ।—मानस, २।१५६ । हाट बाजार = दे० 'हाटबाट ।'

मुहा०—हाट करना = (१) दूकान रखकर बैठना । (२) सौदा लेने के लिये बाजार जाना । हाट खोलना = (१) दूकान रखना । रोजगार करना । (२) दूकान पर आकर बिक्री की चीजें निकालकर रखना । हाट बाजार करना = सौदा लेने बाजार जाना । जैसे,—वह स्त्री हाट बाजार करती है । हाट लगना = दूकान या बाजार मे बिक्री की चीजें रखी जाना । हाट चढना = बाजार मे बिकने के लिये आना । उ०—पडित होइ सो हाट न चढा ।—जायसी (शब्द०) । हाट जाना = कुछ खरीदने या बेचने के उद्देश्य से बाजार जाना । हाट भरना = बाजार मे खरीद और बिक्री करनेवालो की भीड इकट्ठी होना ।

३. बाजार लगने का दिन ।

हाट[2]—सज्ञा पुं० [स०] १ मैनफल वृक्ष और उसका फल । विशेष—दे० 'मैनफल' । २ कमल की जड । भसीड । ३ कमल का छत्ता [को०] ।

हाटक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ महाभारत मे वर्णित एक देश का नाम । २ सोना । स्वर्ण । उ०—फाटक दै कर हाटक माँगत भोरी निपट बिचारी ।—सूर (शब्द०) । ३. भाडा । किराया । जैसे,—नौका हाटक । ४ धतूर (को०) ।

हाटक[2]—वि० [सं०] [स्त्री० हाटकी] १ सुनहरा । स्वर्ण के वर्ण का स्वर्णिम । २ स्वर्णनिर्मित । सोने का बना हुआ [को०] ।

हाटकगिरि—सज्ञा पुं० [स०] सुमेरु पर्वत (को०) ।

हाटकपुर—सज्ञा पुं० [स०] सोने का बना हुआ नगर। लका नगर। उ०—नाँघि सिंधु हाटकपुर जारा। निसिचर गन बधि बिपिन उजारा।—मानस, ५।३३।

हाटकमय—वि० [स०] सोने का। स्वर्णमय [को०]।

हाटकलोचन—सज्ञा पुं० [स०] हिरण्याक्ष नाम का दैत्य। उ०—कनक कसिपअरु हाटकलोचन। जगत विदित सुरपति पद मोचन।—तुलसी (शब्द०)।

हाटकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पाताल की एक नदी [को०]।

हाटकीय—वि० [स०] १ सोने का। सोना सबधी। २ स्वर्णनिर्मित। सोने का बना हुआ।

हाटकेश, हाटकेशान—सज्ञा पुं० [सं०] शिव की एक मूर्ति का नाम। हाटकेश्वर।

हाटकेश्वर—सज्ञा पुं० [स०] १ शिव की एक मूर्ति या रूप का नाम जिसकी उपासना गोदावरी के तट पर होती है। २ भागवत के अनुसार वितल नामक अधोलोक मे स्थित शिव का नाम।

हाड(पु)[1]—सज्ञा पुं० [स० हड्ड या अस्थि]। अस्थि। हड्डी। उ०—चरग चगु गत चातकहि नेम प्रेम की पीर। तुलसी परवस हाड परि परिहै पुहुमी नीर।—तुलसी (शब्द०)। २ वश या जाति की मर्यादा। कुलीनता। उ०—देवनदन देखने सुनने, पढने लिखने सब बातो मे अच्छा है, पर हाड मे तो अच्छा नही है।—ठेठ०, पृ० ८।

हाड†[2]—सज्ञा पु० [स०] आषाढ का महीना। उ०—बस! अबके हाड मे यह आम खूब फलेगा, चाचा भतीजा दोनो यही बैठकर आम खाना।—गुलेरीजी० पृ० ५१।

हाड़ना†[1]—क्रि० स० [स० हरण] तौलने मे बरतन आदि के कारण किसी पलडे के भारी पडने पर दूसरे पलडे पर पत्थर आदि रखकर दोनो पलडे ठीक बराबर करना। अहँडा करना। धडा करना।

हाडना[2]—क्रि० स० [स० हिण्डन] दे० 'हाँडना'। उ०—मतगुर बिन सौदा किया जन हरिया वे काम। साकट ऐसे सूकरा हाडै घर घर जाम।—राम० धर्म०, पृ० ५२।

हाडा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० अार, आड (=डक)] लाल रग की बडी भिड। लाल ततैया।

हाडा[2]—सज्ञा पुं० क्षत्रियो की एक शाखा। उ०—सोनीगरा काहूँ करूँ बषाँण। हाडा बूँदी का धणी।—बी० रासो, पृ० १८।

हाडि(पु)—सज्ञा, स्त्री० [सं० हण्डिका, हाडिका] दे० 'हाँडी'। उ०—पाँहुण टाकि न तौलिए, हाडि न कीजै बेह। माया राता मानवी तिन सँ किसा सनेह।—कबीर ग्र०, पृ० ४८।

हाडिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] हडिका। हँडिया।

हाडी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० हाडिका] १ जमीन मे पत्थर गाडकर बनाया हुआ गड्ढा जिसमे अनाज रखकर साफ करने के लिये मूसल से कूटते है। २ वह गड्ढेदार पत्थर जिसपर रखकर पीटने से पीतल आदि की चद्दर कटोरेनुमा बन जाती है।

हाडी[2]—सज्ञा पुं० [सं० आडि] १ एक प्रकार का बगला। २ काक। काग। कौआ।

हाडी[1]—सज्ञा पुं० [प० हाड (=असाढ)] एक प्रकार का पहाडी राग।

हाडी[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०?] निम्न श्रेणी की एक जाति। उ०—इन पेशेवाली जातियो से भी नीचे हाडी, डोम, चाडाल और विधातू थे।—अकबरी०, पृ०६।

हाण(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० हानि] दे० 'हानि'। उ०—हहो करैं हित हाण झझो तन व्याध जगावै।—रघु० रू०, पृ०७।

हात[1]—वि० [सं०] छोडा हुआ। त्यागा हुआ।

हात(पु)[2]—सज्ञा पुं० [सं० हस्त, प्रा० हत्थ, हथ्थ, हि० हाथ] दे० 'हाथ'। उ०—(क) उडै पग हात किरका हवै अगग, वहै रत जेम सावण वहाला।—रघु० रू०, पृ०२६। (ख) कँवले कँवल से नर्म तर है तेरे हात रग।—अली आदिल०, पृ० ७६।

हातव्य—वि० [सं०] १ छोडने योग्य। त्याज्य। परित्याज्य। २ जो पीछे छोड दिया जाय (को०)।

हाता[1]—सज्ञा पुं० [अ० इहातह्] १ घेरा हुआ स्थान। वह जगह जिसके चारो ओर दीवार खिंची हो। बाडा। २ देशविभाग। मडल। हलका या सूबा। प्रान्त। जैसे,—बगाल हाता, बबई हाता। ३ रोक। हद। सीमा।

हाता(पु)[2]—वि० [सं० हात] [वि० स्त्री० हाती] १ अलग। दूर किया हुआ। हटाया हुआ। उ०—(क) कत सुनु मत, कुल अत किए मत हानि, हातो कीजै हीय तै भरोसो भुज बीस को।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जानत प्रीति रीति रघुराई। नाते सब हाते करि राखत राम सनेह सगाई।—तुलसी (शब्द०)। (ग) मधुकर! रह्यो जोग लौं नातो। कतहिं बकत बेकाम काज बिनु, होय न हर्यो ते हातो।—सूर (शब्द०)। (घ) हरि से हितू सो भ्रमि भूलि हू न कीजै मान, हातो किए हिय हू सो होत हित हानियै।—केशव (शब्द०) २ नष्ट। बरबाद।

हाता[1]—वि०, सज्ञा पुं० [सं० हन्ता] मारनेवाला। वध करनेवाला (समास मे प्रयुक्त)।

हातिफ—सज्ञा पुं० [अ० हातिफ] १ आकाशवाणी। २ एक फरिश्ता। उ०—जो रखी फिरदोस पर टुक इक नजर। गैब के हातिफ ने यूँ लाया खबर।—दक्खिनी०, पृ० १७८।

हातिम—सज्ञा पुं० [अ०] १ निपुण व्यक्ति। चतुर या कुशल व्यक्ति। २ किसी काम मे पक्का आदमी। उस्ताद। जैसे,—वह लडने मे बडे हातिम हैं। ३ एक प्राचीन अरब सरदार जो बडा दानी, परोपकारी और उदार प्रसिद्ध है।

मुहा०—हातिम की कबर पर लात मारना=बहुत अधिक उदारता या परोपकार करना। (व्यग्य मे प्रयुक्त)।

४ वह जो अत्यत परोपकारी हो। परोपकारी व्यक्ति। ५ अत्यत दानी मनुष्य। अत्यत उदार मनुष्य।

हातिमताई—सज्ञा पुं० [अ०] १ दे० 'हातिम'। २ वह पुस्तक जिसमे हातिम की उदारता, परोपकारिता आदि का वर्णन है।

हाती‡—सज्ञा पुं० [सं० हस्ती, प्रा० हत्थी] दे० 'हाथी'। उ०—माई, राजा जसरत के चारि हाती हए, चारो ठाडे दरबाजे, अनद भए।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६३०।

हातु—संज्ञा पुं० [स०] १ मृत्यु। मौत। २ राजपथ। सडक।

हात्र—संज्ञा पुं० [स०] १ मजदूरी। भाडा। भृति। २ आघात। हनन। वध। ३ मृत्यु। मौत। ४. एक दैत्य [को०]।

हाथ—संज्ञा पुं० [स० हस्त, प्रा० हत्थ, हत्थ] १ मनुष्य, वदर आदि प्राणियो का वह दडाकार अवयव जिसमे वे वस्तुओ को पकडते या छते है। बाहु से लेकर पजे तक का अग, विशेषत कलाई और हथेली या पजा। कर। हस्त।

मुहा०—हाथ आगे करना = छडी या रूल आदि की मार खाने के लिये छोटे छात्रो द्वारा हथेली सामने करना। हाथ आना, हाथ पडना, हाथ चढना = दे० 'हाथ मे आना या पडना'। उ०—नाथ वह जो सनाथ करता है। हाथ आया न हाथ के बूते।—चोखे०, पृ० ४। हाथ मे आना या पडना = अधिकार या वश मे आना। कब्जे या काबू मे आना। मिलना या इख्तियार मे हो जाना। जैसे,—(क) सब वही ले लेगा, तुम्हारे हाथ मे कुछ भी न आवेगा। (ख) अब तो वह हमारे हाथ मे है, जैसा कहेगे वैसा करेगा। (किसी को) हाथ उठाना = सलाम करना। प्रणाम करना। (किसी पर) हाथ उठाना = किसी को मारने के लिये थप्पड या घूंसा तानना। मारना। जैसे,—बच्चे पर हाथ उठाना अच्छी बात नही। उ०—औरतो पर हाथ उठाते हो।—सैर कु०, पृ० १४। हाथ उठाकर देना = अपनी खुशी से देना। जैसे,—कभी हाथ उठाकर एक पैसा भी तो नही दिया है। हाथ उठाकर कोसना = शाप देना। किसी के अनिष्ट की ईश्वर से प्रार्थना करना। हाथ उतरना = हाथ की हड्डी उखड जाना। हाथ ऊँचा रहना = दे० 'हाथ ऊँचा होना'। उ०—हाथ ऊँचा सदा रहा किसका। हित सकल सुख सहज सहेजे मे।—चोखे०, पृ० ११। हाथ ऊँचा होना = (१) दान देने मे प्रवृत्त होना। (२) देने लायक होना। खर्च करने लायक होना। सपन्न होना। हाथ कट जाना = (१) कुछ करने लायक न रह जाना। साधन या सहायक का अभाव हो जाना। (२) प्रतिज्ञा आदि से बद्ध हो जाना। इच्छानुसार कुछ करने के लिये स्वच्छद न रह जाना। हाथ कटा देना = (१) अपने को कुछ करने योग्य न रखना। साधन या सहायक खोदेना। उ०—धन किसी का देख काटे होठ क्यो। हाथ तो हमने कटाया है नही।—चुभते०, पृ० ५२। (२) अपने को प्रतिज्ञा आदि से बद्ध कर देना। कोई ऐसा काम करना जिससे इच्छानुसार कुछ करने की स्वतत्रता न रह जाय। बँध जाना। हाथ चलाना = वार करना। प्रहार करना। हाथ का झूठा = अविश्वसनीय। जिसपर एतवार न किया जा सके। धोखेबाज। बेईमान। हाथ का दिया = (१) दिया हुआ। प्रदत्त। जैसे,—तुम्हारे हाथ का दिया हम कुछ भी नही जानते। (२) दान दिया हुआ। जैसे,—हाथ का दिया साथ जाता है। हाथ का सच्चा = (१) ईमानदार। (२) अचूक वार करनेवाला। ऐसा वार करनेवाला जो खाली न जाय। (३) ऐसा सटीक काम करनेवाला जिसमे भूल चूक न हो। हाथ का मैल = हाथ मे आता जाता रहनेवाला। साधारण वस्तु। तुच्छ वस्तु। जैसे,—रुपया पैसा हाथ का मैल है। (किसी के) हाथ की चिट्ठी या पुरजा = किसी के हाथ से लिखा हुआ पत्र या पुरजा। हस्तलेख। हाथ की लकीर = (१) हथेली मे पडी हुई लकीरे। हस्तरेखा जिनसे शुभाशुभ फल कहा जाता है। (२) भाग्य। किस्मत। हाथ के नीचे आना या हाथ तले आना = काबू मे आना। वश मे होना। ऐसी स्थिति मे पडना कि जो बात चाहें कराई जा सके। हाथ खाली जाना = (१) वार चूकना। प्रहार न बैठना। (२) युक्ति सफल न होगा। चाल चूक जाना। हाथ खाली होना = पास मे कुछ द्रव्य न रह जाना। रुपया पैसा न रहना। हाथ खाली न होना = काम मे फँसा रहना। फुरसत न होना। हाथ खुजलाना = (१) किसी को मारने का जी करना। किसी को थप्पड लगाने की इच्छा होना। (२) मिलने का आगम होना। द्रव्यप्राप्ति के लक्षण दिखाई पडना (ऐसा विश्वास है कि जब हथेली मे खुजलाहट होती है तब कुछ मिलता है)। हाथ खीचना = (१) किसी काम से अलग हो जाना। योग न देना। (२) खर्च बद कर देना। देना बद कर देना। हाथ खीच लेना = दे० 'हाथ खीचना'। उ०—चाहिये इस तरह न खिँच जाना। किस लिये हाथ खीच लेते हे।—चुभते०, पृ० २८। हाथ खुलना = (१) दानमे प्रवृत्ति होना। (२) खर्च करना। (३) रोक या प्रतिबध का खत्म होना। हाथ गरम होना = दे० 'मुट्ठी गरम होना'। हाथ घसना = दे० 'हाथ मलना'। उ०—हाथ घसै निरधन हुवाँ, माँखी ज्यो जग माँहि।—बाँकी० ग्र०, भाग ३, पृ० ८२। हाथ चलना = (१) किसी काम मे हाथ का हिलना डोलना। जैसे,—अभ्यास न होने से उसका हाथ जल्दी जल्दी नही चलता। (२) किसी काम को करने का गुर समझ मे आ जाना। किसी काम को करने का अभ्यास होना। (३) मारने के लिये हाथ उठना। थप्पड या घूंसा तानना। जैसे,—तुम्हारा हाथ बडी जल्दी चल जाता है। हाथ चलाना = (१) किसी काम मे हाथ हिलाना डुलाना। (२) मारने के लिये थप्पड तानना। मारना। (३) किसी वस्तु को छूने या लेने के लिये हाथ बढाना। जैसे,—छाती पर हाथ चलाना। हाथ चूमना या हाथ आँखो से लगना = (१) किसी की कलानिपुणता पर मुग्ध होकर उसके हाथो को प्यार करना। किसी की कारीगरी पर इतना खुश होना कि उसके हाथों को प्रेम की दृष्टि से देखना। जैसे,—(क) इस चित्र को देखकर जी चाहता है कि चित्रकार के हाथ चूम लूँ। (ख) यह काम कर डालो तो हाथ चूम लूँ। (२) स्त्रियो का, विशेषकर बडी बूढी स्त्रियो का बच्चो के हाथ चूमकर स्नेह व्यक्त करना। हाथ चालाक या हाथचला = (१) फुरती से दूसरे की चीज उडा लेनेवाला। दूसरे की वस्तु लेने मे हाथ की सफाई दिखानेवाला। (२) किसी काम मे हाथ की सफाई दिखानेवाला। हस्तलाघव दिखानेवाला। हाथ चालाकी = हाथ की सफाई या फुरती। हस्तकौशल। हस्तलाघव या क्षिप्रता।

हाथ चाटना = सामने रखा भोजन कुछ भी न छोडना, सब खा जाना। सब खाकर भी न तृप्त होना। हाथ छूटना = मारने के लिये हाथ उठना। (किसी पर) हाथ छोडना = मारना। प्रहार करना। हाथ जडना = थप्पड मारना। प्रहार करना। हाथ जोडना = (१) प्रणाम करना। नमस्कार करना। (२) अनुनय विनय करना। (३) प्रार्थना करना। (दूर से) हाथ जोडना = ससर्ग या सबध न रखना। किनारे रहना। पीछा छुडाना। जैसे,—ऐसे आदमियो को हम दूर ही से हाथ जोडते हैं। हाथ जूठा होना = हाथ मे खाने पीने की चीज लगी रहना या हाथ का मुंह मे पड जाना (ऐसा हाथ अशुद्ध माना जाता है)। (किसी काम मे) हाथ जमना = दे० 'हाथ बैठना'। हाथ झाडना = (१) लडाई मे खूब शस्त्र चलाना। खूब हथियार चलाना। (२) वार करना। प्रहार करना। खूब मारना। हाथ झुलाते या हिलाते आना = कुछ भी न लेकर आना। खाली हाथ लौटना। हाथ झाड देना = खाली हाथ हो जाना। कह देना कि मेरे पास कुछ नही है। हाथ झाडकर खडे हो जाना = खाली हाथ दिखा देना। कह देना कि मेरे पास कुछ नही है। जैसे,—तुम्हारा क्या ? तुम तो हाथ झाडकर खडे हो जाओगे, सारा खर्च हमारे ऊपर पडेगा। हाथ झाडना = अपने पास कुछ भी न रह जाना। खाली हाथ हो जाना। उ०—कहैं कबीर अत की बारी, हाथ झाड ज्यो चला जुवारी।—कबीर श०, भा० १, पृ० २६। हाथ झुलाते आना = खाली हाथ आना। कुछ भी लेकर न आना। उ०—कोई खत वत लाए हो या यो ही आए हो हाथ झुलाते।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १८२। हाथ टूटना = (१) सामर्थ्य न रहना। काम करने की हाथ मे ताकत न रहना। उ०—क्या हुआ जो कुछ हमे टोटा हुआ। है हमारा हाथ तो टूटा नही।—चुभते०, पृ० ५२। (३) अत्यत घने प्रिय बधु या सहयोगी का न रह जाना। दे० 'बाँह टूटना'। हाथ टेकना = सहारा देना। हाथ डालना = (१) किसी काम मे हाथ लगाना। योग देना। (२) दखल देना। (३) बुरी भावना से किसी स्त्री को हाथ लगाना। (४) लूटना। माल मारना। हाथ तकना = दूसरे के देने के आसरे रहना। दूसरे के आश्रित रहना। हाथ तग होना = खर्च करने के लिये रुपया पैसा का न रहना। हाथ थिरकाना या नचाना = नाचने या बोलने मे हाथ मटकाना हिलाना। हाथ दिलाना = नजर झडवाना। भूत प्रेत की बाधा शात करने के लिये सयाने को दिखाना। हाथ दिखाना = (१) भविष्य शुभाशुभ जानने के लिये सामुद्रिक जाननेवाले से हाथ की रेखाओ का विचार कराना। (२) वैद्य को नाडी दिखाना। (३) हस्तकौशल दिखाना। हाथ की कारीगरी प्रदर्शित करना। (४) युद्ध मे शत्रुओ पर जमकर शस्त्र चलाना। समर भूमि मे युद्धकौशल का प्रदर्शन करना। उ०—हजारों रसाला बाढे अषाढै दिखाया हाथ। न बीरी कसमैं काढे बखाणैं नवाब।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० १२७। हाथ देखना = (१) वैद्य का रोगी की नाडी देखकर रोग की स्थिति जानना। नाडी देखना। (२) सामुद्रिक का विचार करना। हथेली की रेखाओ से शुभाशुभ भविष्य का विचार करना। हाथ देते ही पहुँचा पकडना = थोडी सी सुविधा मिलते ही अधिक सुविधा प्राप्त करने का प्रयत्न करना। उ०—इसके मानी क्या ! हाथ देते ही पहुँचा पकड लिया। - फिसाना०, भा० ३, पृ० २८३। हाथ देना = (१) सहारा देना। (२) बाजी लगाना। (३) गुप्त रूप से सौदा तै करना। (४) दीया बुझाना। (५) भूत प्रेत की बाधा का विचार करना। (६) रोकना। मना करना। (किसी का) हाथ धरना = (१) कोई काम करने से रोकना। जैसे,—जिसको जो चाहे दें, कोई हाथ धर सकता है। (२) किसी को सहारा देना। अपनी रक्षा मे लेना। (३) पाणिग्रहण करना। विवाह करना। (किसी पर) हाथ धरना = किसी को आशीर्वाद देना। (किसी वस्तु या बात से) हाथ धोना = (१) खो देना। प्राप्ति की सभावना न रखना। नष्ट करना। जैसे,—(क) जान से हाथ धोना। (ख) मकान से हाथ धोना। (२) समझ न होना। बिना बुद्धि के या बिना विचारे काम करना। उ०—अक्ल को तो हुस्न आरा रो चुकी अक्ल से कब की हाथ धो चुकी।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ३२०। हाथ धोकर पीछे पडना = (१) किसी काम मे जी जान से लग जाना। सब कुछ छोडकर काम मे प्रवृत्त हो जाना। (२) किसी को हानि पहुँचाने मे सब काम धधा छोडकर लग जाना। जैसे,—न जाने क्यो वह आजकल हाथ धोकर मेरे पीछे पडा है। उ०—धो न बैठेंगे हितो से हाथ हम। हाथ धोकर क्यो न वे पीछे पडें।—चुभते०, पृ० १४। हाथ धो बैठना = किसी काम से, किसी प्रिय वस्तु या व्यक्ति से निराश हो बैठना। हाथ न रखने देना या पुट्ठे पर हाथ न धरने देना = (१) बहुत तेजी दिखाना। हाथ रखते ही उछलने कूदने या दौडने लगना (घोडे के लिये प्रयुक्त)। (२) जरा भी बातो मे न आना। थोडी सी बात भी मानने के लिये तैयार न होना। दृढ रहना। जैसे,— उसे कैसे राजी करे, हाथ तो रखने ही नही देता। हाथ पकडना = (१) किसी काम से रोकना। (२) सहारा देना। सबल देना। उ० है गई अब बुरी पकड पकडी। आप आ हाथ ले पकड मेरा।—चुभते०, पृ० ४। (३) आश्रय देना। शरण मे लेना। रक्षक होना। (४) पाणिग्रहण करना। विवाह करना। हाथ पडना = (१) हाथ लगना। किसी व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ से हाथ का स्पर्श होना। हाथ छू जाना। (२) मार पडना। मार खा जाना। (३) न चाहते हुए भी किसी का साथ हो जाना। (४) छापा पडना। डाका पडना। लूट होना। जैसे,—आज बाजार मे हाथ पड गया। हाथ पत्थर तले दबना = (१) मुश्किल मे फँसना। सकट या कठिनता की स्थिति मे पडना। (२) कुछ कर धर न सकना। कुछ करने की शक्ति या अवकाश न रहना। (३) लाचार होना। विवश होना। (४) किसी चलते हुए काम को बद करने के लिये विवश होना। हाथ पर गगाजली रखना = (१) गगा की शपथ देना। कसम खिलाना। (२) गगा की शपथ खाना। कसम खाना। हाथ पर नाग खेलाना = अपनी जान जोखों मे डालना। प्राण सकट मे डालना। हाथ पर जीव लेना = दे० 'हथेली पर सिर रखना या लेना'। यह जानते हुए

भी कि इस काम मे मौत निश्चित है, उसे करने के लिये उद्यत होना। उ०—अस लागेहु केहि के सिख दीन्हें। आएहु मरै हाथि जिउ लीन्हे।—जायसी ग्र०, पृ० २६७। हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना = खाली बैठे रहना। कुछ काम धधा न करना। हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाना = निराश हो जाना। हाथ पर हाथ मारना = (१) प्रतिज्ञा करना। किसी बात को दृढ करना। किसी बात को पक्का करना। (२) बाजी लगाना। उ०—आओ हाथ पर हाथ मारो।—फिसाना०, भा०३, पृ० १११। हाथ पसारना या फैलाना = कुछ माँगना। याचना करना। (किसी के आगे) हाथ पसारना या फैलाना = (किसी से) कुछ माँगना। याचना करना। जैसे,—हम गरीब है तो किसी के आगे हाथ फैलाने तो नही जाते। उ०—परम उदार, चतुर चितामनि, कोटि कुबेर निधन कौ। राखत है जन की परतिज्ञा, हाथ पसारत कन कौं।—सूर०, १।६। हाथ पसारे जाना = इस ससार से खाली हाथ जाना। परलोक मे कुछ साथ न ले जाना। हाथ पाँव चलना = काम धधे के लिये सामर्थ्य होना। कार्य करने की योग्यता होना। जैसे,—इतने बडे हुए, तुम्हारे हाथ पाँव नही चलते हैं। हाथ पाँव चलाना = काम धधा करना। हाथ टूटना = (१) अग भग होना। (२) शरीर मे पीडा होना। उ०—कल से चडू नसीब नही हुआ। जम्हाई पर जम्हाई आती है और हाथ पाँव टूटे जाते हे।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ६३। हाथ पाँव ठडे होना = (१) शरीर मे गरमी न रह जाना। मरणासन्न होना। (२) भय या आशका से स्तब्ध हो जाना। ठक हो जाना। हाथ पाँव डाल देना = कुछ न करना। निष्क्रिय या निकम्मा बन जाना। उ०—डाल दो हाथ पाँव मत अपने। आँख मे आँख डालकर देखो।—चोखे०, पृ० १६। हाथ पाँव तोडना = (१) अग भग करना। (२) हाथ पाँव थर्राना। डर के मारे कँपकँपी होना। हाथ पाँव निकालना = (१) शरीर हृष्ट-पुष्ट होना। मोटा ताजा होना। (२) सीमा का अतिक्रमण करना। हद से गुजरना। (३) नटखटी करना। शरारत करना। (४) छेडछाड करना। हाथ पाँव फूलना = (१) भय से स्तब्ध होना। डर या शोक से घबरा जाना। (२) व्यय के आधिक्य को देखकर घबडा उठना। उ०—ठाकुर साहब फर्स्ट क्लास जेटुलमैन के नाम एक महीने मे इस कदर बिल आए कि हाथ पाँव फूल गए।—फिसाना०, भा०३, पृ० १५७। हाथ पाँव फेकना = हाथ पाँव की मिहनत करना। उ०—लाभ है ले रहे लडकपन का, हाथ औ पाँव फेंकते लडके।—चोखे०, पृ० १३। हाथ पाँव बचाना = अपने शरीर की रक्षा करना। जैसे,—हाथ पाँव बचाकर काम करना। हाथ पाँव पटकना = छटपटाना। हाथ पाँव मारना या हिलाना = (१) तैरने मे हाथ पैर चलाना। (२) शोक, दु ख या पीडा से छटपटाना। तडपना। (३) घोर प्रयत्न करना। बहुत कोशिश करना। जैसे,—उसने बहुत हाथ पाँव मारे पर उसे ले न सका। उ०—छह रोज तक उन्होंने हाथ पाँव मारे। सातवे रोज दो चोरो को फाँसा।—फिसाना०, भा०३, पृ० २३६। (४) बहुत परिश्रम करना। खूब मिहनत करना। हाथ पाँव से छूटना = अच्छी तरह बच्चा पैदा होना। सहज मे कुशलपूर्वक प्रसव होना। (स्त्रि०)। हाथ पाँव हारना = (१) साहस छोडना। हिम्मत हारना। (२) निराश होना। हताश होना। हाथ पीले पडना = (१) किसी प्रकार विवाह कर देना। (२) विवाह करना (हिंदुओ मे विवाह के समय शरीर मे हल्दी लगाने की रीति है)। हाथ पैर जोडना = बहुत विनती करना। अनुनय विनय करना। हाथ फेकना = (१) हाथ चलाना। (२) वार करना। हथियार चलाना। (किसी पर) हाथ फेरना = प्यार से शरीर सहलाना। प्यार करना। (किसी वस्तु पर) हाथ फेरना = किसी वस्तु को उडा लेना। ले लेना। हाथ बद होना = दे० 'हाथ तग होना'। हाथ बढाना = (१) कोई वस्तु लेने के लिये हाथ फैलाना। (२) हद से बाहर जाना। सीमा का अतिक्रमण करना। (३) सहयोग देना। सहायता करना। (किसी काम मे) हाथ बँटाना या बटाना = शामिल होना। शरीक होना। योग देना। उ०—बेर न बीर लगाओ, बढाकर हाथ बटाओ।—अर्चना, पृ० २६। हाथ बाँधकर खडा होना = (१) हाथ जोडकर खडा होना। (२) सेवा मे उपस्थित रहना। हाथ बाँधे खडा रहना = सेवा मे बराबर उपस्थित रहना। खिदमत मे हाजिर रहना। उ०—जब किसी का पाँव हैं हम चूमते। हाथ बाँधे सामने जब हैं खडे।—चोखे०, पृ० ३५। (किसी के) हाथ बिकना = किसी को मोल दिया जाना। (किसी व्यक्ति का) किसी के हाथ बिकना = (१) किसी का क्रीत दास होना। किसी का खरीदा गुलाम होना। (२) किसी के बिल्कुल अधीन होना। उ०—ऊधो नही हम जानत हौ मनमोहन कूबरी हाथ बिकैहैं।—मति० ग्र०, पृ० ४०४। (किसी काम मे) हाथ बैठना या जमना = अभ्यास होना। मश्क होना। ऐसा अभ्यास होना कि हाथ बराबर ठीक चला करे। उ०—काम की यह बात है, हर काम मे। बैठता है हाथ बैठाते रहे।—चोखे०, पृ० २१। (किसी पर) हाथ बैठना या जमना = किसी पर ठीक और भरपूर थप्पड या वार पडना। काम करते करते हाथ थक जाना। हाथ भरना = हाथ मे रग या महावर लगाना। हाथ मँजना = अभ्यास होना। मश्क होना। हाथ माँजना = अभ्यास करना। हाथ मलना = (१) भूल चूक का बुरा परिणाम होने पर अत्यत पश्चात्ताप करना। बहुत पछताना। (२) निराश और दु खी होना। उ०—तो लगेगी हाथ मलने आबरू। हाथ गरदन पर अगर डाला गया।—चोखे०, पृ० १६। हाथ मारना = (१) बात पक्की करना। दृढ प्रतिज्ञा करना। (२) बाजी लगाना। (किसी वस्तु पर) हाथ मारना = उडा लेना। गायब कर लेना। बेईमानी से ले लेना। (भोजन पर) हाथ मारना = (१) खूब खाना। (२) बडे बडे कौर मुँह मे डालना। हाथ मारकर भागना = दौडने और पकडने का खेल खेलना। हाथ मिलाना = (१) भेंट होने पर प्रेमपूर्वक एक दूसरे का हाथ पकडना। (२) लडना। पजा लडाना। (३) सौदा पटाकर लेना। हाथ मीजना = अपना कोई वश न चलने पर अत्यत निराश होना। दे० 'हाथ मलना'। उ०—रोवत

समुझि कुमातुकृत मीजि हाथ धुनि माथ।—तुलसी ग्र०, पृ० ७४। हाथ मे करना = (१) वश मे करना। काबू मे करना। (२) अधिकार मे करना। ले लेना। प्राप्त करना। (मन) हाथ मे करना = मोहित करना। लुभाना। प्रेम मे फँसाना। हाथ मे ठीकरा लेना = भिक्षावृत्ति का अवलवन करना। भीख माँगना। मँगता हो जाना। हाथ मे पडना = (१) अधिकार मे आना। (२) वश मे होना। काबू मे आना। हाथ मे लाना = दे० 'हाथ मे करना'। हाथ मे लेना = (१) करने का भार ऊपर लेना। जिम्मे लेना। (२) अपने अधिकार मे करना। स्वायत्त करना। हाथ मे हाथ देना = पाणिग्रहण कराना। (कन्या को) व्याह देना। हाथ मे होना = (१) अधिकार मे होना। पास मे होना। (२) वश मे होना। अधीन होना। उ०—हानि लाभ जीवन मरन जस अपजस विधि हाथ।—तुलसी (शब्द०)। हाथ मे गुन या हुनर होना = किसी कला मे निपुणता होना। हाथ रँगना = (१) हाथ मे मेहँदी लगाना। (२) किसी बुरे काम मे पडकर अपने को कलकित करना। कलक माथे पर लेना। (३) रिशवत लेना। घूस लेना। (किसी पर) हाथ रखना = (१) मदद देना। सहायक होना। सक्रिय सहयोग देना। उ०—इस वास्ते तुमसे अरज करि जोर कीजति है वली। अब हाथ उसपर रक्खियै तो जग लेहि फतेअली।—सुजान०, पृ० १०। (किसी का) हाथ रोकना = कोई काम न करने देना। कुछ करते समय हाथ थाम लेना। कुछ करने से मना करना। (अपना) हाथ रोकना = (१) किसी काम का करना बद कर देना। किसी काम से अलग हो जाना। विरत हो जाना। (२) मारने के लिये हाथ उठाकर रह जाना। (३) खर्च करते समय आगा पीछा सोचना। सँभालकर खर्च करना। जैसे,—आमदनी घट गई है तो हाथ रोककर खर्च किया करो। हाथ रोपना या ओडना = हाथ फैलाना। माँगना। (कोई वस्तु) हाथ लगना = (१) हाथ मे आना। मिलना। प्राप्त होना। जैसे,—तुम्हारे हाथ तो कुछ भी न लगा। (२) गणित करते समय वह सख्या जो अतिम सख्या ले लेने पर बच रहती है। जैसे,—१२ के २ रखे, हाथ लगा १। (किसी काम मे) हाथ लगना = (१) आरभ होना। शुरू किया जाना। जैसे,—जब काम मे हाथ लग गया तब हुआ समझो। (२) किसी के द्वारा किया जाना। किसी का लगाव होना। जैसे,—जिस काम मे तुम्हारा हाथ लगता है, वह चौपट हो जाता है। (किसी वस्तु मे) हाथ लगना = छू जाना। स्पर्श होना। (किसी काम मे) हाथ लगाना = (१) आरभ करना। शुरू करना। (२) करने मे प्रवृत्त होना। योग दना। जैसे,—जिस काम मे तुम हाथ लगाओगे वह क्यो न अच्छा होगा। (किसी वस्तु मे) हाथ लगाना = छूना। स्पर्श करना। हाथ लगे मैला होना = इतना स्वच्छ और पवित्र होना कि हाथ से छूने से मलिनता आ जाना या मैला होना। हाथ साधना = (१) यह देखने के लिये कोई काम करना कि उसे आगे अच्छी तरह कर सकते हैं या नही। (२) अभ्यास करना। मश्क करना। (३) दे० 'हाथ साफ करना'। (किसी पर) हाथ साफ करना = किसी को मारना। (किसी वस्तु पर) हाथ साफ करना = बेईमानी से ले लेना। अन्याय से हरण करना। उडा लेना। (भोजन पर) हाथ साफ करना = खूब खाना। (किसी के सिर पर) हाथ रखना = किसी की रक्षा का भार ग्रहण करना। शरण या आश्रय मे लेना। मुरब्बी होना। (अपने या किसी के सिर पर) हाथ रखना = सिर की कसम खाना। शपथ उठाना। हाथ से = द्वारा। मारफत जैसे,—(क) तुम्हारे हाथ से यह काम हो जाता तो अच्छा था। (ख) तुमने किसके हाथ से रुपया पाया? हाथ से जाना या निकल जाना = (१) अपने अधिकार मे न रहना। कब्जे मे न रह जाना। (२) अवसर या मौका न रह जाना। उ०—न जाने तडके तडके किस मनहूस का मुँह देखा है कि भर दिन के मजे हाथ से गए।—फिसाना०, भा० १, पृ० ७। (३) वश मे न रह जाना। काबू मे न रह जाना। जैसे,—चीज हाथ से निकल जाना, अवसर हाथ से जाना। हाथ से हाथ मिलाना = दान देना। खैरात करना। अपने हाथ से दूसरे के हाथ पर कुछ रखना। जैसे,—आज एकादशी है, कुछ हाथ से हाथ मिलाओ। हाथ हिलाते आना = (१) खाली हाथ लौटना। कुछ लेकर या प्राप्त करके न आना। (२) बिना कार्य सिद्ध हुए लौट आना। हाथो के तोते उड जाना = (१) हाथ मे आई हुई वस्तु का निकल जाना या बेहाथ होना। (२) होश हवाश गायब हो जाना। घबडा जाना। उ०—उन्होने काँपते हुए जवाब दिया कि क्या बताऊँ, हाथो के तोते उड गए।—फिसाना०, भा० ३, पृ० २९१। हाथो मे चाँद आना = (१) पुत्र उत्पन्न होना। लडका पैदा होना। (स्त्रियाँ)। (२) मनचाही वस्तु मिलना। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होना। हाथो मे पिसान लगाकर भडारी बनना = (१) गृह कार्य या समारोह आदि मे कुछ काम न करते हुए भी बहुत बडी जिम्मेदारी का कार्य करने या कार्य की सफलता का श्रेय लेने का ढोग रचना। (२) झूठा ढोग रचना। नकली वेश बनाना। उ०—अनेक जन व्यर्थ भी हाथो मे पिसान लगाकर भडारी बनने पर तत्पर हो जाते।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४५१। हाथो मे रखना = बडे लाड प्यार या आदर सम्मान से रखना। हाथो हाथ = एक के हाथ से दूसरे के हाथ मे होते हुए। जैसे,—चीज हाथो हाथ वहाँ पहुँच गई। हाथो हाथ बिक जाना या उड जाना = खूब बिक्री होना। बडी गहरी माँग होना। जैसे,—ऐसी उपयोगी पुस्तक हाथो हाथ बिक जायगी। हाथो हाथ लेना = बडे आदर और सम्मान से स्वागत करना। (किसी के) हाथ बेचना = किसी को मूल्य लेकर देना। (किसी के) हाथ भेजना = किसी के हाथ मे देकर भेजना। किसी के द्वारा प्रेषित करना। (किसी के) हाथो = किसी के द्वारा।

२ लबाई की एक माप जो मनुष्य की कुहनी से लेकर पजे के छोर तक की मानी जाती है। चौबीस अगुल का मान। जैसे—दस हाथ की धोती। बीस हाथ जमीन।

मुहा०—हाथो कलेजा उछलना = (१) बहुत जी धडकना। (२) आनद-मग्न होना। बहुत खुशी होना। हाथ भर कलेजा होना = (१) बहुत

खुशी होना। आनद से फूलना। (२) उत्साह होना। साहस बँधना। ३ युद्ध, लडाई आदि मे आक्रमण करने का ढग। वार करने की कला। ४ ताश, जूए आदि के खेल मे एक एक आदमी के खेलने की वारी। दावँ। जैसे,—अभी चार ही हाथ तो हमने खेला है।

मुहा०—उलटकर या उलटा हाथ मारना = शत्रु के वार को रोकते हुए उसपर आघात करना। प्रत्याक्रमण करना। हाथ मारना = (१) कुशलतापूर्वक शत्रु पर वार करना। (२) दावँ जीतना। हाथ बनाना = दे० 'हाथ मारना'।

४ किसी कार्यालय के कार्यकर्ता। कारखाने मे काम करनेवाले आदमी। जैसे,—आजकल हाथ कम हो गए है, इसी से देर हो रही है। ५ किसी औजार या हथियार का वह भाग जो हाथ से पकडा जाय। दस्ता। मुठिया।

हाथकडा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'हथकडा'।

हाथड†—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + ड (प्रत्य०)] जाँते या चक्की की मुठिया।

हाथतोड—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + तोडना] कुश्ती का एक पेच जिसमे जोड का पजा उलटा पकडकर मरोडते है और उसी मरोडे हुए हाथ के ऊपर से अपनी उसी बगल की टाँगे जोड की टाँगो मे फँसाकर उसे चित करते हैं।

हाथधुलाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + धुलाई] वह बँधी रकम जो चमारो को मरे हुए चौपायो के फेंकने के लिये दी जाती है।

हाथपान—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + पान] हाथफूल के समान हथेली की पीठ पर पहनने का एक गहना जो पान के आकार का होता है और जजीरो के द्वारा अँगूठियो और कलाई से लगाकर बँधा रहता है।

हाथफूल—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ + फूल] हथेली की पीठ पर पहनने का फूल के आकार का एक गहना जो सिकडियो के द्वारा अँगूठियो और कलाई से लगाकर बाँधा जाता है।

हाथबाँह—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + बाँह] बाँह करने (कसरत) का एक ढग।

हाथा—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ] १ किसी औजार या हथियार का वह भाग जो मुट्ठी मे पकडा जाता है। दस्ता। २ दो तीन हाथ लबा लकडी का एक औजार जिससे सिंचाई करते समय खेत मे आया हुआ पानी उलीचकर चारो ओर पहुँचाते हैं। ३. पजे की छाप या चिह्न जो गीले पिसे चावल और हल्दी आदि पोतकर दीवार पर छापने से बनता है। छापा।

विशेष—उत्सव, पूजन आदि मे स्त्रियाँ ऐसा छापा बनाती है।

हाथाछाँटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + छाँटना] १ व्यवहार मे कपट या बेईमानी। चालाकी। धूर्तता। चालबाजी। २ चालबाजी या बेईमानी से रुपया पैसा उडाना। माल हजम करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हाथाजोडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + जोडना] १ एक पौधा जो औषध के काम मे आता है। २ सरकडे की वह जड जो दो मिले पजो के आकार की बन जाती है।

विशेष—इस प्रकार की जड का रखना लोग बहुत फलदायक और कल्याणकारक मानते है।

हाथापाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + पायँ] ऐसी लडाई जिसमे हाथ पैर चलाए जायँ। मारपीट। उठापटक। मुठभेड। भिडत। धौलधप्पड।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हाथाबाँही—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ + बाँह] दे० 'हाथापाई'।

हाथाली⑤†—सज्ञा स्त्री० [स० हस्ततली] दे० 'हथेली'। उ०—राति ज रुनी निसह भरि, सुणी महाजनि लोइ। हाथाली छाला पडया, चीर निचोइ निचोइ।—ढोला०, दू० १५६।

हाथाहाथी¹—अव्य० [हिं० हाथ + हाथ] १ एक हाथ से दूसरे हाथ मे। हाथोहाथ। २ तुरत। शीघ्र। जल्दी।

हाथाहाथी²—सज्ञा स्त्री० दे० 'हाथापाई'।

हाथि⑤†—सज्ञा पुं० [हिं० हाथ] दे० 'हाथ'।

हाथी¹—सज्ञा पुं० [सं० हस्तिन्, हस्ती, प्रा० हत्थी] [स्त्री० हथिनी] एक बहुत बडा स्तनपायी जतु जो सूँड के रूप मे बढी हुई नाक के कारण और सब जानवरो से विलक्षण दिखाई पडता है।

विशेष—यह जमीन से ७-८ हाथ ऊँचा होता है और इसका धड बहुत चौडा और मोटा होता है। धड के हिसाब से इसकी टाँगे छोटी और खभे की तरह मोटी होती है। पैर के पजे गोल चक्राकार होते है। आँखें डीलडौल के हिसाब से छोटी और कुछ ऊदापन लिए होती है। जीभ लबी होती है। पूँछ के छोर पर बालो का गुच्छा होता है। इसकी सबसे बडी विशेषता है नाक जो एक गावदुम नली के समान जमीन तक लटकती रहती है और सूँड कहलाती है। यह सूँड हाथ का भी काम देती है। इससे हाथी छोटी से छोटी वस्तु जमीन पर से उठा सकता है और पेड की बडी बडी डालो को तोडकर मुँह मे डाल लेता है। इससे वह अपने शत्रुओ को लपेटकर पटक देता या चीर डालता है। सूँड मे पानी भरकर वह अपने ऊपर डालता भी है। नर हाथी के मुखविवर के दोनो छोरो पर हाथ डेढ हाथ लबे और ५-६ अगुल चौडे गोल डडे की तरह के सफेद चमकीले दाँत निकले होते हैं जो केवल दिखावटी होते है। इन दाँतो का वजन बहुत अधिक—७५ से १७५ सेर तक होता है। इसके कान गोल सूप की तरह के होते हैं। मस्तक चौडा और बीच से कुछ विभक्त दिखाई पडता है। सिर की हड्डियाँ जालीदार होती है। पसलियाँ बीस जोडी होती हैं।

हाथी पृथ्वी के गरम भागो मे—विशेषत हिंदुस्तान और अफ्रिका मे—पाए जाते हैं। अफ्रिका और हिंदुस्तान के हाथियो मे कुछ भेद होता है। अफ्रिका के हाथी के दो निकले हुए दाँतो के सिवा चार दाढें होती हैं और हिंदुस्तानी के दो ही। अफ्रिका के हाथी का मस्तक गोल और कान इतने बडे होते है कि सारे कधे को ढँके रहते है। बरमा और स्याम की ओर सफेद हाथी भी पाए जाते है जिनका बहुत अधिक आदर और मोल होता है। हिंदुस्तान के हाथियो के भी अनेक भेद होते हैं, जैसे,—

दँतैला, मकना (कद मे छोटा और विना दाँत का), पलँगदाँत, गनेसा, सूअरदता, पथरदता, सँकरिया, अकुसदता या गुडा इत्यादि। कोई कोई हिंदुस्तानी हाथी के दो प्रधान भेद करते है—एक कमरिया, दूसरा मिरगी या शिकारी। कमरिया का शरीर भारी और सूँड लबी होती है। मिरगी कुछ अधिक ऊँचा और फुरतीला होता है और उसकी सूँड भी कुछ छोटी होती है। सवारी के लिये कमरिया हाथी अधिक पसद किया जाता है और शिकार के लिये मिरगी। हाथी गहरे जगलो मे झुंड बाँधकर रहते हैं और मनुष्य की तरह एक बार मे एक बच्चा देते हैं। हाथी की बाढ १८ से २४ वें वर्ष तक जारी रहती है। पाले हुए हाथी सौ वर्ष से अधिक जीते हैं। जगली और भी अधिक जीते होगे। हिंदुस्तान मे हाथी रखने की रीति अत्यत प्राचीन काल से है। प्राचीन समय मे राजाओ के पास हाथियो की भी बडी बडी सेनाएँ रहती थी जो शत्रु के दल मे घुसकर भयकर सहार करती थी। हाथी रखना अमीरी का बडा भारी चिह्न समझा जाता है। अफ्रिका के जगली इसका मास भी खाते हैं। हाथी पकडने के कई उपाय हैं। अधिकतर गड्ढा खोदकर हाथी फँसाए जाते हैं।

यौ०—हाथीखाना। हाथीनाल। हाथीदाँत। हाथीनशीन। हाथीपाँव।

मुहा०—हाथी सा=बहुत मोटा। अत्यत स्थूलकाय। हाथी की राह=आकाशगगा। डहर। (दरवाजे पर) हाथी झूमना=अत्यत ऐश्वर्यशाली होना। बहुत अमीर होना। हाथी पर चढना=बहुत अमीर होना। हाथी पर चढाना=अत्यत आदर समान करना। हाथी बाँधना=बहुत अमीर होना। जैसे,—तुम्ही बेईमानी करके हाथी बाँध लोगे? निशान का हाथी=सेना या जुलूस मे वह हाथी जिसपर झडा और डका रहता है। हाथी के सग गाँडे खाना=बलवान की बराबरी करना।

हाथी(पु)३—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथ+ई] हाथ का सहारा। करावलब। उ०—दस्तगीर गाढे कर साथी। वह अवगाह दीन्ह तेहि हाथी।—जायसी (शब्द०)।

हाथीखाना—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी+फा० खानह्] वह घर जिसमे हाथी रखा जाय। फीलखाना।

हाथीचक—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी+चक] एक प्रकार का पौधा जो औषध के काम मे आता है।

हाथीदाँत—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी+दाँत] हाथी के मुँह के दोनो छोरो पर हाथ डेढ हाथ निकले हुए सफेद दाँत जो केवल दिखावटी होते हैं।

विशेष—यह बहुत ठोस, मजबूत और चमकीला होता है तथा अधिक मूल्य पर बिकता है। इससे अनेक प्रकार के सजावट के सामान बनते है, जैसे,—चाकू के बेंट, कघियाँ, कुरसियाँ, शीशे के फ्रेम इत्यादि। इसपर नक्काशी भी बडी ही सुदर होती हे।

हाथीनाल—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथी+नाल] वह पुरानी तोप जिसे हाथियो की पीठ पर रखकर ले जाते थे। हथनाल। गजनाल।

हाथीपाँव—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी+पाँव] १ एक रोग जिसमे टाँगें फूलकर हाथी के पैर की तरह मोटी और बेडौल हो जाती हैं। फीलपाँव। २ एक प्रकार का बढिया सफेद कत्था।

हाथीपीच—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी+पीच] एक प्रकार का हाथीचक जो शाम और रूम की ओर से आता है और औषध के काम का होता है।

हाथीबच—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाथी+बच] एक पौधा जिसकी तरकारी बनाई जाती है।

हाथीवान—सज्ञा पुं० [हिं० हाथी+वान (प्रत्य०)] हाथी की रक्षा करने और उसे चलाने के लिये नियुक्त पुरुष। फीलवान। महावत।

हादसा—सज्ञा पुं० [अ० हादिसह्] बुरी घटना। दुर्घटना। आपत्ति।

हादिस—वि० [अ०] १ नया। नवीन। नूतन। २ जो हमेशा से न हो। अचिरस्थायी [को०]।

हादिसा—सज्ञा पुं० [अ० हादिसह्] १ नवीन घटना। नई बात। २ दे० 'हादसा' [को०]।

हादी—सज्ञा पुं० [अ०] १ हिदायत देनेवाला। मार्गदर्शक। उ०—बाद चदे हजरते शेखे शफीक, वाकिफे, असरारे हक हादी तरीक।—दक्खिनी०, पृ० २०३। २ उष्ट्रपाल। रैबारी

हान(पु)१—सज्ञा स्त्री० [स० हानि] दे० 'हानि'। उ०—जरा मरन वा घर नहीं, नहीं लाभ नहिं हान।—धरम०, पृ० ७६।

हान२—सज्ञा पुं० [सं०] १ त्यागने की क्रिया। परित्याग। त्याग। २ विफलता। वैफल्य। ३ अपनयन। अपयान। ४ कमी। अभाव। ५ समाप्ति। विराम। ६ शौर्य। शक्ति [को०]।

हानव्य—वि० [स०] जिसकी स्थिति जबडे मे हो। जैसे,—दाँत [को०]।

हानि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ न रह जाने का भाव। नाश। अभाव। क्षय। जैसे,—प्राणहानि, तिथिहानि। २ नुकसान। क्षति। लाभ का उलटा। पास के द्रव्य आदि मे त्रुटि या कमी। घाटा। टोटा। जैसे,—इस व्यापार मे बडी हानि हुई। ३ स्वास्थ्य मे बाधा। तदुरुस्ती मे खराबी। जैसे,—जिस वस्तु से हानि पहुँचती है, उसे क्यो खाते हो? ४ अनिष्ट। अपकार। बुराई। ५ तिरस्कार। उपेक्षा (को०)। ६ न्यूनता। कमी (को०)। ७ दोष। त्रुटि (को०)। परित्यजन। परित्याग (को०)। ८ गति। गमन (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—हानि उठाना=नुकसान सहना। हानि पहुँचना=नुकसान होना। हानि पहुँचाना=नुकसान करना।

हानिकर—वि० [सं०] १ हानि करनेवाला। जिससे नुकसान पहुँचे। २ अनिष्ट करनेवाला। बुरा परिणाम उपस्थित करनेवाला। ३ स्वास्थ्य मे त्रुटि या बाधा पहुँचानेवाला। तदुरुस्ती बिगाडनेवाला। रोगी बनानेवाला।

हानिकारक—वि० [सं०] दे० 'हानिकर' ।

हानिकारी—वि० [स० हानिकारिन्] दे० 'हानिकर' ।

हानीय—वि० [स०] जो छोडने अथवा परित्याग करने के योग्य हो । दे० 'हातव्य' [को०] ।

हानु—सज्ञा पुं० [सं०] दत । दाँत [को०] ।

हान्यौ—वि० [सं०] हनन] मारा हुआ । उ०—नदसुवन तव ही पहिचान्यौ । दुष्ट न दुरै दई की हान्यौ ।—नद० ग्र०, पृ० २८५ ।

हापन—सज्ञा पुं० [सं०] १ परित्याग करने या हटा देने के लिये बाध्य करने की क्रिया । २. ह्रास । अभाव [को०] ।

हापुत्रिका, हापुत्री—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का खजन [को०] ।

हाफ—वि० [अ०] आधा । अर्ध ।

हाफिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] जँभाई । जृभा [को०] ।

हाफिज[1]—सज्ञा पुं० [अ० हाफिज़] १ वह धार्मिक मुसलमान जिसे कुरान कठ हो । उ०—दादू यह तन पिंजरा माँही मन सूवा । एकै नाँव अलह का, पढि हाफिज हूवा ।—दादू०, पृ० ४७ । २ वह जिसकी स्मरण शक्ति तीव्र हो (को०) ।

हाफिज[2]—वि० बचानेवाला । रक्षक । उ०—वह अपना सँभाले हमारा भी खुदा हाफिज है ।—रगभूमि, भा० २, पृ० ७०४ ।

हाफिजा—सज्ञा पुं० [अ० हाफिजह्] याददाश्त । स्मरणशक्ति [को०] ।

हाफू—सज्ञा पुं० [यू० ओपियम, अ० अफयून, फा० अफ़यून, मरा० अफू, हिं० अफीम, आफू] अफीम । उ०—रज्जव रजमाँ पाइए हाफू जली गुनाह ।—रज्जब०, पृ० ३ ।

हाविस—सज्ञा पुं० [देश०] जहाज का लगर उखाडने अथवा उसे खीचने की क्रिया ।

हावी[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० हॉवी] अभिरुचि । शौक । उ०—लाला भगवानदीन जी की हावी थी—पढाना पढना, पढना पढाना ।—अपनी०, पृ० १०१ ।

हावी[2]—वि० [अ० हावी] दे० 'हावी' । उ०—वत्कि उनपर बदजेहा हावी है ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८६ ।

हावुस—संज्ञा पुं० [सं० हविष्य] जौ की कच्ची बाल जो प्राय भूनकर और नमक मिर्च मिलाकर खाई जाती है ।

हावूडा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की पिछडी जाति जिसका काम लूटमार और चोरी आदि करना है ।

हामिद—वि० [अ०] १ तारीफ या प्रशसा करनेवाला । प्रशसक । २ ईश्वर का स्तवन करनेवाला [को०] ।

हामिल—वि० [अ०] [वि० स्त्री० हामिला] १ बोझ उठानेवाला । वाहक । २ रखनेवाला । धारण करनेवाला [को०] ।

हामिला—सज्ञा स्त्री० [अ० हामिलह्] वह स्त्री जिसके पेट मे बच्चा हो । गर्भिणी स्त्री ।

हामी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाँ] 'हाँ' करने की क्रिया या भाव । स्वीकृति । स्वीकार । उ०—तनिक जबान से भरी हामी ।—पलटू०, पृ० २ ।

मुहा०—हामी भरना = किसी बात के उत्तर मे 'हाँ' कहना । स्वीकार करना । मजूर करना । मानना ।

हामी[2]—वि०, सज्ञा पुं० [अ०] १ वह जो हिमायत करता हो । पक्षपाती । समर्थक । पृष्ठपोषक । उ०—शुक्ल जी देशभक्त लेखक थे, वह साहित्य मे देशभक्ति के हामी थे ।—आचार्य०, पृ० २२ । २ सहायक । मददगार ।

हाय[1]—प्रत्य० [सं० हा] १ शोक और दु ख सूचित करनेवाला एक शब्द । घोर दु ख या शोक मे मुँह से निकलनेवाला एक शब्द । आह । २ कष्ट और पीडा सूचित करनेवाला शब्द । शारीरिक व्यथा के समय मुँह से निकलनेवाला शब्द ।

क्रि० प्र०—करना ।

यौ०—हाय तोबा = हाय हाय करना । चिल्ल पो मचाना । उ०—बडी हायतोबा के बाद वह टाँगे पर बैठी ।—पिंजडे०, पृ० ५९ ।

मुहा०—हाय करके या हाय मारकर रह जाना = निरुपाय होकर कष्ट सहन करना । हाय मारना = (१) शोक से हाय हाय करना । कराहना । (२) दहल जाना । स्तभित हो जाना ।

हाय[2]—सज्ञा स्त्री० १ कष्ट । पीडा । दु ख । जैसे,—गरीब की हाय का फल तुम्हारे लिये अच्छा नही । उ०—तुलसी हाय गरीब की हरि सो सही न जाय । । (चलित) (शब्द०) ।

मुहा०—(किसी की) हाय पडना = पहुँचाए हुए दु ख या कष्ट का बुरा फल मिलना । जैसे,—इतने गरीबो की हाय पड रही है, उसका कभी भला न होगा ।

२ जलन । ईर्ष्या । डाह ।

मुहा०—हाय करना, हाय होना = किसी की उन्नति, धन सपत्ति, समान आदि देखकर ईर्ष्या करना ।

हायक—वि० [स०] परित्याग करनेवाला । छोड देनेवाला [को०] ।

हायन—सज्ञा पुं० [स०] १ वर्ष । सवत्सर । साल । २ एक प्रकार का चावल (को०) । ३ आग की लौ । लपट (को०) । ४ छोड देना । परित्याग (को०) । ५ गुजर जाना । गुजरना (को०) ।

हायनक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का मोटा चावल जो लाल होता है ।

हाय भाय—सज्ञा पुं० [स० हाव + भाव] भावभगिमा । मुद्रा । हावभाव । उ०—अद्भुत अकह अनूप अनत हायभायनि की, लुरति लरी की लरी भरी अति चितचायनि की ।—रत्नाकर, भा० १, पृ० १५ ।

हायल[1]—वि० [स० हात(= छोडा हुआ), प्रा० हाय, अथवा हिं० घायल] घायल । शिथिल । मूर्छित । बेकाम । उ०—किय हायल चित चाय लगि बजि पायल तुव पाय । पुनि सुनि सुनि मुख मधुर धुनि, क्यो न लाल ललचाय ।—बिहारी (शब्द०) ।

हायल[2]—वि० [अ०] दो वस्तुओ के बीच मे पडनेवाला । व्यवधान रूप से स्थित । रोकनेवाला । अतरवर्ती ।

हाय हाय[1]—अव्य० [स० हा हा] शोक, दु ख या शारीरिक कष्ट-सूचक शब्द । दे० 'हाय' । उ०—सुनि कटु बचन कुठार सुधारा । हाय हाय सब सभा पुकारा ।—मानस, १।२७६ ।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—होना। उ०—बस हाय हाय मच गई, रोने की अवाजे आने लगी।—प्रेमघन०, भा०२, पृ० २४।

हाय हाय[2]—सज्ञा स्त्री० १ कष्ट। दु ख। पीडा। शोक। २ व्याकुलता। घबराहट। आकुलता। परेशानी। झझट। जैसे,— (क) तुम्हे तो रुपए के लिये सदा हाय हाय रहती है। (ख) जिदगी भर यह हाय हाय न मिटेगी।

हार[1]—सज्ञा स्त्री० [स० हारि] १ युद्ध, क्रीडा, प्रतिद्वद्विता आदि मे शत्रु के समुख असफलता। लडाई, खेल, बाजी या चढा ऊपरी मे जोड या प्रतिद्वद्वी के सामने न जीत सकने का भाव। पराजय। शिकस्त। जैसे,—लडाई मे हार, खेल मे हार इत्यादि।

क्रि० प्र०—जाना।—मानना।—होना।

यौ०—हारजीत।

मुहा०—हार खाना = पराजय होना। हारना। हार देना = पराजित करना। हराना। हार बोलना = हार मान लेना।

२ शिथिलता। श्राति। थकावट। ३ हानि। क्षति। हरण। ४ जब्ती। राज्य द्वारा हरण। ५ युद्ध। ६ विरह। वियोग।

हार[2]—सज्ञा पु० [सं०] १ सोने, चाँदी या मोतियो आदि की माला जो गले मे पहनी जाय। उ०—नव उज्वल जलधार, हार हीरक सी सोहति।—भारतेंदु ग्र०, भा १, पृ० २८२।

विशेष—किसी के मत से इसमे ६४ और किसी के मत से १०८ दाने होने चाहिए।

मुहा०—हार मोर हो जाना = गायब हो जाना। उ०—निजरा आगै निमष मै, हार मोर ह्वै जाय।—बाँकी० ग्र०, भा०३, पृ० २२।

२ वह जो ले जानेवाला या वहन करनेवाला हो। ३ अकगणित मे भाजक। ४ पिंगल या छद शास्त्र मे गुरु मात्रा। ५ ले लेना। हरण (को०)। ६ अलग करना। रहित करना (को०)। ७ मोती की माला। ८ क्षेत्र का विस्तार। ९ मार्ग। रास्ता। उ०—हार मुक्त को फूल को, हार क्षेत्र विस्तार, हार विरह को बोलिवो, मारग कहियत हार।—अनेकार्थ०, पृ० १६२।

हार[3]—वि० १ मनोहर। मन हरनेवाला। सुदर। २ नाश करनेवाला। ३ ले जानेवाला या हरण करनेवाला (को०)। ४ उगाहने या वसूल करनेवाला। ५ शिव सबधी। ६ विष्णु सबधी।

हार[4]—सज्ञा पु० [देश० या स० अरण्य] १ वन। जगल। २ नाव के बाहरी तख्ते। ३ चरने का मैदान। चरागाह। गोचारण भूमि। ४ कृषिभूमि। खेत।

हार[5]—प्रत्य० [सं० धार, हिं० हार] वाला अर्थ का सूचक प्रत्यय। दे० 'हारा'। जैसे,—पावनिहार।

हारक[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ हरण करनेवाला। लेनेवाला। २ जानेवाला। ३ मन हरनेवाला। मनोहर। सुदर। ४ चोर। लुटेरा। ५ धूर्त। खल। ६ गणित मे भाजक। ७ जुआडी (को०)। ८ हार। माला। ९ एक विज्ञान (को०)। १० शाखोट वृक्ष (को०)। ११. गद्य का एक प्रकार या भेद (को०)।

हारक[2]—वि० १ ले लेनेवाला। हरण करनेवाला। २ लूटनेवाला। चोरी करनेवाला। ३ आकर्षित करनेवाला। आकर्षक। ४ मोहक। मनोहर। सुदर (को०)।

हारगुटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] हार की गुरिया। माला के दाने।

हारणा—सज्ञा स्त्री० [स०] हरण कराने की क्रिया (को०)।

हारद(पु)—वि० [सं० हार्द] दे० 'हार्द', 'हार्दिक'।

हारना[1]—क्रि० अ० [स० हारि, हिं० हार + ना (प्रत्य०) अथवा स० हृत या हारित, प्रा० हारिअ, हिं० हारि] १ युद्ध, क्रीडा, प्रतिद्वद्विता आदि मे शत्रु के सामने असफल होना। लडाइ, खेल, बाजी या लाग डाँट मे दूसरे पक्ष के मुकाबिले मे न जीत सकना। परामूत होना। पराजित होना। शिकस्त खाना। जैसे,—लडाई मे हारना, खेल या बाजी मे हारना।

सयो० क्रि०—जाना।

२ व्यवहार या अभियोग मे दूसरे पक्ष के मुकाबिले मे कृतकार्य न होना। मुकदमा न जीतना। जैसे,—मुकदमे मे हारना। ३ श्रात होना। शिथिल होना। थक जाना। प्रयत्न मे निराश होना। असमर्थ होना। जैसे,—जब वह उसे न ले सका, तब हारकर बैठ गया।

यौ०—हारा माँदा।

मुहा०—हारे दर्जे = (१) सब उपायो से निराश होकर और कुछ बस न चलने पर। (२) लाचार होकर। विवश होकर। हारकर = (१) असमर्थ होकर। (२) लाचार होकर।

हारना[2]—क्रि० स० १ लडाई, बाजी आदि को सफलता के साथ न पूरा करना। जैसे,—बाजी हारना, दाँव हारना। २ नष्ट करना या न प्राप्त करना। गँवाना। खोना। जैसे,—प्राण हारना, धन हारना। ३ छोड देना। न रख सकना। जैसे,—हिम्मत हारना। दे देना। प्रदान करना। जैसे,—वचन हारना।

हारफल—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'हारफलक'।

हारफलक—सज्ञा पु० [स०] पाँच लडियो का हार।

हारबध—सज्ञा पु० [सं० हारबन्ध] एक चित्रकाव्य जिसमे पद्य हार के आकार मे रखे जाते हैं।

हारबर—सज्ञा पु० [अ०] समुद्र के किनारे, नदी के मुहाने या खाडी मे बना हुआ वह स्थान जहाँ जहाज आकर ठहरते हैं। बदरगाह। जैसे,—डायमड हारबर, बबई हारबर।

हारभूरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] द्राक्षा। दाख। अगूर।

हारभूषिक—सज्ञा पु० [स०] एक प्रचीन जाति।

हारमुक्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] हार का मोती। हार मे गुँथा मोती।

हारमोनियम—सज्ञा पु० [अ०] सदूक के आकार का एक अँगरेजी बाजा जिसपर उँगली रखने और भाथी पर दाब देने से अनेक प्रकार के इच्छित स्वर निकलते हैं। इसमे मद्र, मध्य और तार—ये तीनो सप्तक होते है।

हारम्य(पु)—सज्ञा पु० [सं० हर्म्य] प्रासाद। अट्टालिका। हर्म्य। उ०—हारम्य रम्य फिरि मडि लोइ। दालिद्र दीन दीसै न कोइ।—पृ० रा०, १। ६०७।

हारयष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] हार या माला की लडी ।

हारल†—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की चिडिया जो अपने चगुल मे कोई लकडी या तिनका लिए रहती है । दे० 'हारिल' ।

हारलता—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हारयष्टि' ।

हारवार(५)—सज्ञा स्त्री० [अनु०] दे० 'हडबडी' ।

हारसिंगार—सज्ञा पु० [हिं० हार + सिंगार] हरसिंगार का पेड या फूल । परजाता ।

हारहारा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का अगूर ।

हारहूण—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्राचीन देश का नाम । २ हारहूण देश के निवासी ।

हारहूर—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का मद्य ।

हारहूरा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का अगूर ।

हारहूरिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'हारहूरा' ।

हारहौर—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्राचीन देश का नाम । २ उक्त देश का निवासी ।

हारा[1]—प्रत्य० [स० धार (=रखनेवाला)] [स्त्री० हारी] एक पुराना प्रत्यय जो किसी शब्द के आगे लगकर कर्तव्य, धारण या सयोग आदि सूचित करता है । वाला । जैसे,—करनेहारा, देनेहारा, लकडहारा इत्यादि ।

हारा[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] दक्षिणपश्चिम के कोने की हवा ।

हारा(५)[3]—सज्ञा स्त्री० [अ० हाल] हाल । लाचारी । दीनता । उ०—'दही दही' करि महरि पुकारा । हारिल विनवै आपन हारा ।—जायसी ग्र०, पृ० ११ ।

हारावलि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मोतियो की माला । उ०—रसिक जनन जीवन जु हृदय हारावलि धारी ।—भक्तमाल, पृ० ५३७ । २ पुरुषोत्तम देव द्वारा रचित अप्रचलित शब्दो के सग्रह से युक्त सस्कृत का एक कोशग्रथ ।

हारावली—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हारावलि' ।

हारि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ हार । पराभव । शिकस्त । २ क्रीडा या द्यूतक्रीडा मे पराजय । ३ पथिको का दल । कारवाँ ।

हारि[2]—वि० १ हरण करनेवाला । ले जाने या बलात् ले लेनेवाला । २ आकर्षक । मनोहर । मन हरनेवाला ।

हारि(५)[3]—सज्ञा स्त्री० शिथिलता । दे० 'हार[1]' ।

हारिकठ[1]—वि० [स० हारिकण्ठ] १ मधुर कठवाला । मधुरभाषी । २ जो गले मे मोतियो की माला पहने हो [को०] ।

हारिकठ[2]—सज्ञा पु० कोयल [को०] ।

हारिक[1]—वि० [स०] हरि के सदृश । हरितुल्य ।

हारिक[2]—सज्ञा पुं० एक प्राचीन जनपद [को०] ।

हारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक छद का नाम [को०] ।

हारिज—वि० [अ०] १ हानिकर । नुकसानदेह । २ गडबडी फैलानेवाला । उपद्रवकारी । बाधक [को०] ।

हारिण[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० हारिणी] हिरण से सबधित [को०] ।

हारिण[2]—सज्ञा पु० हिरन का मास । मृगमास [को०] ।

हारिणाश्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हारिनाश्वा' ।

हारिणिक—वि० [स०] हिरण को पकडनेवाला । शिकारी [को०] ।

हारित[1]—वि० [स०] १ हरण कराया हुआ । २ लाया हुआ । जिसे ले आए हो । ३ छीना हुआ । ४ खोया हुआ । गँवाया हुआ । ५ छोडा हुआ । समर्पित । ६ वचित । ७ पराजित । हारा हुआ । ८ आकृष्ट । मोहित । मुग्ध ।

हारित[2]—सज्ञा पुं० १ तोता । सूआ । २ एक वर्णवृत्त जिसमे एक नगण और दो गुरु होते है । ३ हरा रग (को०) । ४ सामान्य ढग की हवा जो न बहुत कम और न बहुत तीखी हो (को०) । ५ विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम (को०) । ६ एक प्रकार का कबूतर (को०) ।

हारितक—सज्ञा पुं० [स०] हरी सब्जी । हरा शाक [को०] ।

हारिद्र[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का विष जिसका पौधा हल्दी के समान होता है और जो हल्दी के खेतो मे ही उगता है । इसकी गाँठ बहुत जहरीली होती है । २ एक प्रकार का प्रमेह जिसमे हल्दी के समान पीला पेशाब आता है । ३ एक प्रकार का ज्वर (को०) । ४ कदब का वृक्ष । कदब (को०) । ५ स्वर्ण । सोना (को०) । ६ पीला रग (को०) ।

हारिद्र[2]—वि० पीत वर्ण का । पीला [को०] ।

हारिद्रमेह—सज्ञा पु० [स०] प्रमेह रोग का एक भेद । हरिद्रा मेह ।

हारिनाश्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] सगीत मे एक मूर्छना जिसका स्वरग्राम इस प्रकार है—ग, म, प, ध, नि, स, रे । स, रे, ग, म, प, ध, नि, स, रे, ग, म, प ।

हारिल—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की चिडिया जो प्राय अपने चगुल मे कोई लकडी या तिनका लिए रहती है । इसका रग हरा, पैर पीले और चोच कासनी रग की होती है । हरियल । उ०—हमारे हरि हारिल की लकरी ।—सूर (शब्द०)

हारी[1]—वि० [स० हारिन्] [वि० स्त्री० हारिणी] १ हरण करनेवाला । छीननेवाला । २ ले जानेवाला । पहुँचानेवाला । लेकर चलनेवाला । ३ चुरानेवाला । लूटनेवाला । ४ दूर करनेवाला । हटानेवाला । ५ नाश करनेवाला । ध्वस करनेवाला । ६ वसूल करनेवाला । उगाहनेवाला (कर या महसूल) । ७ जीतनेवाला । पराजित करनेवाला । ८ मन हरनेवाला । मोहित करनेवाला । ९ आह्लादित, खुश या प्रसन्न करनेवाला । १० ग्रहण करनेवाला (को०) । ११ हार पहननेवाला ।

हारी[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे एक तगण और दो गुरु होते है । २ बदनाम लडकी जो विवाह के अयोग्य कही गई है (को०) । ३ मुक्ता । मोती (को०) ।

हारी[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] पराजय । दे० 'हार' ।

मुहा०—हारी मानना न जीती मानना = किसी तरह न मानना । न चित्त मानना न पट मानना । उ०—हजार बार कह दिया,

समझा दिया कि बाबा लडो झगडो मत। मगर यह शख्स किसी की सुनता ही नही। हारी मानना है न जीती।—सैर०, पृ० २३।

हारीत—सज्ञा पुं० [स०] १ चोर। लुटेरा। डाकू। २ धूर्त। शठ। चाँई। ३ चोरी। लुटेरापन। ४ चाँईपन। धूर्तता। ५ कण्व ऋषि के एक शिष्य का नाम। ६ एक ऋषि जो स्मृतिकार हैं। ७ जाबाल ऋषि के एक पुत्र का नाम। ८ राजतरगिणी के अनुसार एक जनपद का नाम। ८ परेवा। कबूतर।

हारीतक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कबूतर [को०]।

हारीतवध—सज्ञा पुं० [स० हारीतवन्ध] एक प्रकार का वृत्त।

हारु—सज्ञा पुं० [स० हार] दे० 'हार'। उ०—मोतीहारु आधो चारु उर रह्यो लसी।—नद० ग्र०, पृ० ३४७।

हारुक—सज्ञा पुं० [स०] १ हरण करनेवाला। छीननेवाला। २ ले जानेवाला।

हारौल—सज्ञा पुं० [तु० हरावल, हिं० हरौल] दे० 'हरावल'।

हार्द¹—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रेम। स्नेह। उ०—हार्द स्नेह प्रियता वहुरि प्रनय राग अनुराग।—अनेकार्थ०, पृ० ५९। २ हृद्गत अभिप्राय। मनोभावना। इरादा (को०)। ३ प्रयोजन। इच्छा। आकाक्षा (को०)। ४ दयालुता। कृपालुता (को०)।

हार्द²—वि० हृदय सवधी। हृदय का।

हार्दिक—वि० [सं०] १ हृदय सवधी। हृदय का। २ हृदय से निकला हुआ। सच्चा। जैसे,—हार्दिक सहानुभूति। हार्दिक प्रेम।

हार्दिक्य—सज्ञा पुं० [स०] १ मित्रभाव। मित्रता। सुहृद्भाव। २ महाभारत के अनुसार कृतवर्मा का एक नाम [को०]।

हार्दी¹—सज्ञा पुं० [स० हार्दिन्] वह वस्तु जो बहुत अधिक पसद की जाय। वह वस्तु जिसके प्रति हृदय बहुत अधिक अनुरक्त हो [को०]।

हार्दी²—वि० स्नेहानुभूति करनेवाला। सहृदय [को०]।

हार्न—सज्ञा पुं० [अ०] मोटर द्वारा मार्ग मे की जानेवाली सकेतध्वनि। मोटर का भोपा। उ०—इतने मे मोटर का हार्न सुनाई दिया और एक पल मे रतन आ पहुँची।—गबन, पृ० २५०।

हार्य¹—वि० [सं०] १ हरण करने या छीनने योग्य। २ ग्रहण करने या लेने योग्य। ३ जो हरण किया या छीना जानेवाला हो। ४ जो ग्रहण किया या लिया जानेदाला हो। ५ अस्थिर, ढुलमुल या विचलित होने योग्य। जैसे, किसी की प्रतिज्ञा या वचन (को०)। ६ जो हिलाया या इधर उधर किया जानेवाला हो। हिलाने योग्य, विशेषत वायु द्वारा। ७ जो आकृष्ट, प्रभावित या वशीभूत करने योग्य हो (को०)। ८ दूर करने, हटाने या वारण करने योग्य। जिसका वारण किया जा सके (को०)। ९ जो नष्ट करने या विध्वस्त करने लायक हो (को०)। १० मनमोहक। सौदर्ययुक्त। लुभाना (को०)। ११ जिसका अभिनय किया जानेवाला हो (नाटक आदि)। १२ जो भाग दिया जानेवाला हो। जिसमे भाग दिया जाय। (गणित मे) भाज्य।

हार्य²—सज्ञा पुं० १ सर्प। साँप। भुजग। २ विभीतक का वृक्ष। ३ गणित मे वह अक जिसमे भाग दिया जाय। भाज्य अक [को०]।

हार्या—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का चदन।

हार्र—वि० [अ०] १ उष्ण। गरम। तप्त। २ गर्म करनेवाला। गर्म स्वभाव या प्रभाववाला। जैसे,—ओषधि [को०]।

हार्रा—वि० [अ० हार्रह्] १ उष्ण। तप्त। २ जिसमे खेती की जाती हो। जैसे,—भूमि। ३ बोया हुआ। जिसमे बीज बोया गया हो [को०]।

हाल¹—सज्ञा पुं० [अ०] १ दशा। अवस्था। जैसे,—अब उनका क्या हाल है? उ०—(क) विरहिनि तो बेहाल है, को जानत हाला।—कबीर श०, भा० ३, पृ० १७। (ख) डोला लिए चलो तुम झटपट, छोडो अटपट चाल रे। सजन भवन पहुँचा दो हमको, मन का हाल विहाल, रे।—कबीर, पृ० ४७। २ परिस्थिति। माजरा। ३ सवाद। समाचार। वृत्तात। जैसे,—बहुत दिनो से उनका कुछ हाल नही मिला। ४ जो बात हुई हो, उसका ठीक ठीक उल्लेख। इतिवृत्त। ब्योरा। विवरण। कैफियत। ५ कथा। आख्यान। चरित्र। जैसे,—इस किताब मे हातिम का सारा हाल है। २ ईश्वर के भक्तो या साधको की वह अवस्था जिसमे वे अपने को बिलकुल भूलकर ईश्वर के प्रेम मे लीन हो जाते हैं। तन्मयता। लीनता। (मुसल०)।

यौ०—हालचाल = वर्तमान स्थिति या दशा। हालविहाल, हाल बेहाल = बुरी दशा। दयनीय दशा। हाल समाचार = वर्तमान अवस्था और गतिविधि।

मुहा०—(किसी पर) हाल आना = ईश्वरप्रेम का उद्वेग होना। प्रेम की बेहोशी छाना।

हाल²—वि० वर्तमान। चलता। उपस्थित। जैसे,—जमाना हाल।

मुहा०—हाल मे = थोडे ही दिन हुए। जैसे,—वे अभी हाल मे आए है। हाल का = थोडे दिनो का। नया। ताजा।

हाल³—अव्य० १ इस समय। अभी। उ०—बात कहिबे मे नदलाल की उताल कहा? हाल तौ हरिननैनी! हँफनि मिटाय लै।—शिव (शब्द०)। २ तुरत। शीघ्र। उ०—सग हित हाल करि जाचक निहाल करि नृपता बहाल करि कीरति बिसाल की।—गुलाब (शब्द०)।

हाल⁴—सज्ञा स्त्री० [हिं० हालना] १ हिलने की क्रिया या भाव। कप। २ झटका। झोका। धक्का।

क्रि० प्र०—लगना।

३ नौका का कर्ण। नाव की गलही (को०)। ४ लोहे का बद जो पहिए के चारो ओर घेरे मे चढाया जाता है।

हाल⁵—सज्ञा पु० [अ० हॉल] बहुत बडा कमरा। जिसमे बहुत से लोग एकत्र हो सकें। खूब लबा चौडा कमरा।

हाल⁶—सज्ञा पु० [सं०] १ खेत जोतने का हल। २ बलराम। ३ शालिवाहन राजा। ४ एक प्रकार का पक्षी [को०]।

हाल⁷—सज्ञा पुं० [फा०] १ श्वेत इलायची। २ चैन। आराम। शाति। ३ नाच। नृत्य। ४ चौगान खेलने की गेंद। कदुक [को०]।

हालक—सज्ञा पुं० [सं०] पीलापन लिए भूरे रग का घोडा ।

हालगाह—सज्ञा पुं० [फा०] चौगान खेलने का मैदान । कदुक की क्रीडा के लिये निर्मित मैदान [को०] ।

हालगोला—सज्ञा पु० [हिं० हाल + गोला] गेंद । उ०—किधौं चित्त चौगान के मूल सोहै । हिये हेम के हालगोला विमोहै ।—केशव (शब्द०) ।

हालडोल—सज्ञा पुं० [हिं० हालना + डोलना] १ हिलने की क्रिया या भाव । गति । २ कप । ३ हलकप । हलचल ।

हालत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ दशा । अवस्था । जैसे,—अब उस बीमार की क्या हालत है ? २ आर्थिक दशा । सापत्तिक स्थिति । जीवननिर्वाह की गति । जैसे,—अब उनकी हालत ऐसी नही है कि कुछ अधिक दे सके । ३. चारो ओर की वस्तुओ और व्यापारो की स्थिति । सयोग । परिस्थिति । जैसे,—ऐसी हालत मे हम सिवा हट जाने के और क्या कर सकते थे ।

मुहा०—हालत खराब होना = (१) दशा बिगडना । प्रतिकूल परिस्थिति होना । (२) पराभूत होना । हालत गैर या तबाह होना = दे० 'हालत खराब होना ।'

हालदार—सज्ञा पुं० [अ० हवालु + फा० दार] १ दे० 'हवलदार' । २ बगाल मे एक जातिगत अल्ल या उपाधि ।

हालदारी—सज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार का कर जो विवाह के अवसर पर पहले बगाल मे लगता था ।

हालना(पु)†—क्रि० अ० [सं० हल्लन] १ हिलना । डोलना । गतिवान् होना । हरकत करना । उ०—ज्यो जल हालत है लगि पौन कहै भ्रम तै प्रतिबिब हि काँपै ।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ५८० । २ काँपना । डगमगाना । उ०—भुव हालति जानि अकास हिये । जनु थभित ठौरनि ठौर किये ।—केशव (शब्द०) । ३ झूमना । लहराना । उ०—(क) भूतल भूधर हाले अचानक आप भरत्थ के दुदुभि बाजे ।—केशव (शब्द०) । (ख) हालति न चपलता डोलत समीरन के बानी कल कोकिल कलित कठ परिगो ।—(शब्द०) ।

हालभृत्—सज्ञा पुं० [स०] बलदेव । बलराम [को०] ।

हालरा—सज्ञा पुं० [हिं० हालना] १ बच्चो को हाथ मे लेकर हिलाने की क्रिया । बच्चो को लेकर हिलाना डुलाना । २ झोका । ३ लहर । हिलोर ।

हालहल, हालहाल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हलाहल', 'हालाहल' ।

हालहली—सज्ञा स्त्री० [सं०] मदिरा । शराब [को०] ।

हालहूल[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हल्ला] १ हल्ला गुल्ला । कोलाहल । शोरगुल । २ हलकप । हलचल । आदोलन ।

हालहूल(पु)[2]—क्रि० वि० [हिं० हालना + अनु० हूलना, या हिं० झूलना] हिलडुलकर । उ०—हालहूल ऊँचे नीचे ठौर ठहराहिगे । —सुदर० ग्र० (जी०), पृ० ६६ ।

हालाँकि—अव्य० [फा०] यद्यपि । गो कि । ऐसी बात है, फिर भी । जैसे,—वह ज्यादा हिम्मत रखता है, हालाँकि तुमसे कमजोर है ।

हाला[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] मदिरा । मद्य । शराब ।

हाला(पु)[2]—सज्ञा पुं० [हिं० हालना] दे० 'हालो' ।

यौ०—हालाडोला = दे० 'हालडोला' । 'हालाहाली' ।

हालात—सज्ञा पुं० [फा०] हालत का बहुवचन । परिस्थितियाँ [को०] ।

हालावाद—सज्ञा पुं० [स० हाला + वाद] साहित्य, विशेषत काव्य की वह प्रवृत्ति या धारा, जिसमे हाला या मदिरा को वर्ण्य विषय मानकर काव्यरचना हुई हो । उ०—'मधुशाला,' 'मधुबाला' इत्यादि काव्य कृतियो से हिंदी मे हालावाद नाम की एक नई प्रवृत्ति चल पडी ।—हिं० का० आ० प्र०, पृ० १८३ ।

विशेष—साहित्य की इस धारा का आधार उमर खैयाम की रुबाइयाँ रही है ।

हालाह—सज्ञा पुं० [सं०] चितकबरा घोडा । हलाह [को०] ।

हालाहल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हलाहल' ।

हालाहाली†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाल] शीघ्रता । जल्दी जल्दी ।

हालाहाली[2]†—क्रि वि० शीघ्रता मे । जल्दी मे ।

हालिक[1]—वि० [सं०] हल सबधी ।

हालिक[2]—सज्ञा पु० १ कृषक । किसान । खेतिहर । २ एक प्रकार का छद । ३ पशुओ का वध करनेवाला । कसाई । ४. वह जो हल को शस्त्र की तरह युद्ध मे प्रयुक्त करता हो । हल से युद्ध करनेवाला । ५ वह जो हल को खीचता हो । हल का बैल (को०) । ६ हलवाहा (को०) । ७ अनार । दाडिम । उ०—रक्त-बीज, हालिक, करक, शुक प्रिय, कुट्टिम मार । ए दाडिम इत देखि बलि, कछु तुव दसन अकार ।—नद० ग्र०, पृ० १०२ ।

हालिक[3]—वि० [अ०] प्राण लेनेवाला । घातक [को०] ।

हालिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की बडी गृहगोधा या छिपकली ।

हालिम—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पौधा जिसके बीज औषध के काम मे आते है । चमुर । चद्रसुर । हालों ।

विशेष—यह सारे एशिया मे लगाया जाता है । इसके बीजो से एक प्रकार का सुगधित तेल निकलता है । बीज बाजार मे बिकते हैं और पुष्ट माने जाते है । ग्रहणी और चर्मरोग मे भी इनका व्यवहार होता है ।

हाली[1]—अव्य० [अ० हाल] जल्दी । शीघ्र ।

यौ०—हाली हाली = जल्दी जल्दी । शीघ्रता से ।

हाली[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] पत्नी की छोटी बहन । साली [को०] ।

हाली(पु)[3]—सज्ञा पुं० [स० हाल] १ हल चलानेवाला । कृषक । उ०—बाडी माँहै माली निपज्यो हाली माँहै निपज्यो पेत ।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ५३३ ।

हाली[4]—वि० [अ०] १ वर्तमान समय का । आधुनिक । २ आभूषित । शृगारित । ३ चालू । जो प्रचलन मे हो । जैसे,—नोट सिक्का आदि । [को०] ।

हालीमवाली—सज्ञा पुं० [अ०] सगी साथी । यार दोस्त ।

हालु—सज्ञा पुं० [स०] दत । दाँत ।

हालूक—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की भेड जो तिब्बत के पूरबी भाग मे होती है और जिसका ऊन बहुत अच्छा होता है ।

हालों, हालौं—सज्ञा पुं० [देश० हालिम] दे० 'हालिम'।

हालो—सज्ञा पुं० [हिं० हालना] हलकप। हलचल। उ०—हालो परयो लोकन मे लालो परयो चक्रिन मे चालो परयो लोगन मे चामर चवात हो।—कविता कौ०, भा०१, पृ० १५१।

हाल्ट—सज्ञा पुं० [अ०] दल या सेना का चलते हुए एकदम रुक जाना या ठहर जाना। ठहराव।

विशेष—मार्च करती हुई या चलती हुई सेना को ठहराने के लिये यह शब्द जोर से बोला जाता है।

हाव—सज्ञा पुं० [स०] १ पास बुलाने की क्रिया या भाव। पुकार। बुलाहट। २ सयोग या शृगार के समय मे नायिका की प्रेमभाव-जनित स्वाभाविक चेष्टाएँ जो पुरुष को आकर्षित करती हैं।

विशेष—साहित्य मे ग्यारह हाव गिनाए गए हैं—लीला, विलास, विच्छित्ति, विभ्रम, किलकिंचित, मोट्टायित, विब्बोक, विहृत, कुट्टमित, ललित और हेला। भाव विधान मे 'हाव' अनुभाव के ही अतर्गत है।

यौ०—हावभाव।

हावक—सज्ञा पुं० [सं०] १ हवन या यज्ञ करानेवाला। २ वह जो आह्वान करे। पुकारनेवाला व्यक्ति (को०)। ३ वह व्यक्ति जो वधू या दुलहिन को बुलाए (को०)।

हावन—सज्ञा पुं० [फा०] १ उलूखल। ओखली। २ दवा आदि कूटने का ओखली जैसा लोहे का पात्र।

हावनदस्ता—सज्ञा पुं० [फा० हावनदस्तह्] लोहे का ओखली जैसा पात्र और कूटने का लबा लोहे का बट्टा। खरल और बट्टा।

हावनीय—वि० [स०] हवन कराने योग्य।

हावभाव—सज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियो की वह चेष्टा जिससे पुरुषो का चित्त आकर्षित होता है। नाज नखरा।

क्रि० प्र०—करना।—दिखाना।

हावर—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा पेड।

विशेष—यह पेड अवध, राजपूताना, मध्यप्रदेश और मद्रास मे बहुत होता है। इसकी लकडी मजबूत, वजनी और भूरे रग की होती है और खेती के सामान (हल, पाटे आदि) बनाने के काम मे आती है।

हावलावावला—वि० [हिं० बावला] [वि० स्त्री० हावलीबावली] पागल। सनकी।

हावहाव—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाय] किसी पदार्थ को प्राप्त करने की बहुत अधिक और अनुचित इच्छा। हाय हाय। जैसे,—तुम्हें तो हरदम रुपयो की हावहाव पडी रहती है।

हावी[1]—वि० [अ०] १ छाया हुआ। आच्छादित। जिसने किसी चीज को ढँक लिया हो। २ कुशलता और चतुराई के बल से जिसने किसी को प्रभावित कर लिया हो। ३ प्रभावित करनेवाला। अधिकार करनेवाला। उ०—कवि पर धर्मोपदेष्टा और नीतिकार का हावी होना शुक्ल जी को पसद नही है।—आचार्य०, पृ० ११५।

हावी[2]—वि० [सं० हाविन्] अग्नि मे हवि देनेवाला। साकल्य, घृत आदि हवन करनेवाला। होता (को०)।

हाशिया—सज्ञा पुं० [अ० हाशियह्] १. किसी फैली हुई वस्तु का किनारा। कोर। पाड। बारी। जैसे,—किताब का हाशिया, कपडे का हाशिया। २ गोट। मगजी।

क्रि० प्र०—चढाना।—लगाना।

३ हाशिए या किनारे पर का लेख। नोट।

मुहा०—हाशिए का गवाह = वह गवाह या साक्षी जिसका नाम किसी दस्तावेज के किनारे दर्ज हो। हाशिया चढाना = किसी बात मे मनोरजन आदि के लिये कुछ और बात जोडना। नमक मिर्च लगाना।

यौ०—हाशिया आराई = दे० 'हाशिया चढाना'। हाशियानशीन = (१) दरबार मे मडलाकार बैठनेवाले सभासद। (२) किसी बडे आदमी के पास उठने बैठनेवाले लोग। हशियानशीनी = दरबरदारी। मुसाहिबी।

हास[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ हँसने की क्रिया या भाव। हँसी। उ०—सतो भाई सुनिए एक तमासा। चुप करि रहो त कोई न जानै कहते आवै हासा।—सुदर० भा० २, पृ० ८२७। २ परिहास। दिल्लगी। ठट्ठा। मजाक। ३ निंदा का भाव लिए हँसी। उपहास। ४ आनद। खुशी। ५ हास्य रस का स्थायी भाव (को०)। ६ अत्यत चमकीला श्वेत वर्ण। ७ खिलना। विकसित होना (को०)। ८ अहकार। गर्व। घमड (को०)।

यौ०—हास परिहास, हासविलास = हास और क्रीडा। उ०—चारु चिबुक नासिका कपोला। हासविलास लेत मन मोला।—मानस, १।१२३।

हास[2]—वि० श्वेत (वर्ण)। उज्वल।

हासक—सज्ञा पुं० [सं०] १ हँसानेवाला व्यक्ति। भाँड। विदूषक। २ हास। हास्य (को०)।

हासकर[1]—वि० [स०] हँसानेवाला। जिसमे या जिससे हँसी आवे।

हासकर[2]—सज्ञा पुं० हास मे प्रवृत्त करने की क्रिया। हँसाना।

हासद—वि० [स० हास (= प्रसन्नता, खुशी) + द (प्रत्य०)] सुखात। उ०—नाटको मे दासद (दुखात) और हासद (सुखात) का भेद किया जाता है।—स० शास्त्र, पृ० १२६।

हासन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ हँसाना। हासयुक्त करना। २ वह जो हँसाता हो। हँसानेवाला।

हासन[2]—वि० हँसानेवाला। मजाक से भरा हुआ। मजाकिया (को०)।

हासनिक—सज्ञा पुं० [स०] वह जो विनोद या क्रीडा का साथी हो। साथ साथ विनोद या क्रीडा करनेवाला।

हासवती—सज्ञा स्त्री० [स०] तात्रिक बौद्धो की एक देवी।

हासशील—वि० [सं०] हँसानेवाला। हँसोड। विनोदी।

हासस्—सज्ञा पुं० [सं०] इदु। चद्रमा। सुधाकर (को०)।

हासा—सज्ञा पु० [स०] काल। समय (को०)।

हासिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हँसी। हास्य। २ आनद। क्रीडा। विलास। मौज। मनोरजन (को०)।

हासिद—वि० [अ०] हसद करनेवाला। डाह करनेवाला। ईर्ष्यालु।

हासिनी—वि० स्त्री० [स० हासिन् = हासी, हासिनी] हँसनेवाली। उ०—कौन ! कौन तुम निष्ठुर हासिनि ?—रजत०, पृ० ७६।

हासिब—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह आँधी जिसमे धूल और ककड हो। धूल और ककड पत्थर से भरी आँधी। २ वह बादल जो ओले बरसाए [को०]।

हासिल[1]—वि० [अ०] १ प्राप्त। लब्ध। वसूल। पाया हुआ। मिला हुआ। २ जो शेष रह जाय या जो बचा हुआ हो। उ०—काया गढ बैठो कुतवलिया हासिल ले सब दाम गनाय।—गुलाल०, पृ० १।

मुहा०—हासिल आना = दे० 'हासिल होना'। हासिल करना = प्राप्त करना। लाभ करना। जैसे,—दौलत हासिल करना, इल्म हासिल करना। हासिल होना = (१) प्राप्त होना। मिलना। (२) शेष रहना। बाकी रहना। बच जाना।

हासिल[2]—सज्ञा पुं० १ गणित करने मे किसी सख्या का वह भाग या अक जो शेष भाग के कही रखे जाने पर बच रहे। हाथ।

क्रि० प्र०—आना।—लगना।

२ उपज। पैदावार। ३ लाभ। नफा। ४ गणित की क्रिया का फल। जैसे,—हासिल जरब, हासिल तकसीम। ५ जमा। राजस्व। लगान। वसूली। ६ परिणाम। निचोड। निष्कर्ष (को०)।

यौ०—हासिल कलाम = बात का निष्कर्ष या निचोड। हासिल जमा = योगफल। जोड। मीजान। हासिल जर्ब = दो सख्याओ के गुणन से प्राप्त सख्या। गुणनफल। हासिल तकसीम = लब्धाक। भजनफल। हासिल तफ्रीक = बडी सख्या मे से शेष छोटी सख्या घटाने से प्राप्त शेष सख्या। शेष। हासिल मतलब = साराश। निष्कर्ष।

हासी[1]—वि० [सं० हासिन्] [वि० स्त्री० हासिनी] १ हँसनेवाला। जैसे,—चारुहासी। २ उपहास करनेवाला। ३ श्वेत। सफेद।

हासी(पु)[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० हँसना] हँसी। हास। उ०—हासी लौं उजासी जाकी जगत हुलासी है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८१।

हास्त—वि० [स०] हाथ का बना हुआ। हस्तनिर्मित।

हास्तमुकुल—सज्ञा पुं० [सं०] अजलि [को०]।

हास्तिक[1]—वि० हाथी का या हाथी से सबधित [को०]।

यौ०—हास्तिकदत = हाथी का दाँत। हाथीदाँत।

हास्तिक[1]—सज्ञा पुं० १ पीलवान। महावत। २ हाथी का सवार। ३ हाथियो का गिरोह, झुड या समूह [को०]।

हास्तिदत—वि० [सं० हास्तिदन्त] हाथीदाँत से निर्मित। हाथीदाँत का बना हुआ [को०]।

हास्तिन[1]—वि० [स०] १ हाथी जितना गहरा। जैसे,—पानी। २ हाथी का अथवा हाथी से सबधित [को०]।

हास्तिन[2]—सज्ञा पुं० हस्तिनापुर का एक नाम [को०]।

हास्य[1]—वि० [सं०] १ हँसने योग्य। जिसपर लोग हँसे। २ उपहसनीय। उपहास के योग्य। ३ हँसनेवाला। हँसी पैदा करनेवाला। हास्य उत्पन्न करनेवाला।

हास्य[2]—सज्ञा पु० १ हँसने की क्रिया या भाव। हँसी। २ नौ स्थायी भावो और रसो मे से एक। उ०—महामुनि भरत कहते हैं कि शृगार रस की अनुकृति हास्य है।—रस क०, पृ० ४१। ३ उपहास। निंदापूर्ण हँसी। ४ आनद। खुशी। प्रफुल्लता (को०)। ५ ठट्ठा। ठिठोली। दिल्लगी। मजाक।

हास्यकथा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हँसी की बात। २ कोई ऐसी कहानी या आख्यायिका जो हास्य रस की हो।

हास्यकर—वि० [सं०] १ हँसानेवाला। २ जिसमे हँसी आवे।

हास्यकार—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हासक'।

हास्यकृत—वि० [सं०] दे० 'हास्यकर'।

हास्यजनक—वि० [स०] दे० 'हास्यकर'।

हास्यकार्य—सज्ञा पुं० [स०] हँसी लानेवाला काम। वह काम जिसे देखकर हँसी आवे। उपहास के योग्य कार्य।

हास्यकौतुक—सज्ञा पुं० [सं०] हास्यपूर्ण क्रीडा। हँसी खेल।

हास्यपदवी—सज्ञा स्त्री० [सं०] उपहास। मजाक [को०]।

हास्यमार्ग—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हास्यपदवी'।

हास्यरस—सज्ञा पुं० [सं०] काव्य के नौ रसो मे से एक जिसका स्थायी भाव हास्य है [को०]।

हास्यरसात्मक—वि० [स०] [वि० स्त्री० हास्यरसात्मिका] जिसमे हास्य रस प्रधान हो। हास्य रस से भरपूर। जैसे, कविता, कहानी आदि।

हास्यरसिक—वि० [स०] हास्यप्रिय। विनोदी [को०]।

हास्यरहित, हास्यहीन—वि० [सं०] १ जो हास्य रस से रहित हो। जो हास्य रसात्मक न हो। २ जो हँसता न हो।

हास्यास्पद—सज्ञा पुं० [स०] १ हास्य का स्थान या विषय। वह जिसे देखकर लोग हँसे। २ उपहास का विषय। वह जिसके बेढगेपन पर लोग हँसी उडावे।

हास्योत्पादक—वि० [स०] जिससे लोगो को हँसी आवे। उपहास के योग्य। हास्य उत्पन्न करनेवाला।

हास्योद्दीपक—वि० [स० हास्य + उद्दीपन] हास्य उत्पन्न करनेवाला। हास्यकर। उ०—उसके साथी अपनी हास्योद्दीपक उक्तियो और प्रत्युपन्न मति के लिये प्रसिद्ध थे।—अकबरी, पृ० २३।

हा हत—अव्य० [स० हा हन्त] अत्यत शोकसूचक शब्द।

हाहल—सज्ञा पुं० [सं०] प्राणघातक विष [को०]

हाहव—सज्ञा पुं० [सं०] एक नरक का नाम [को०]।

हाहस—सज्ञा पुं० [स०] एक गधर्व का नाम [को०]।

हा हा[1]—सज्ञा पुं० [अनु०] १ हँसने का शब्द। वह आवाज जो जोर से हँसने पर आदमी के मुँह से निकलती है।

यौ०—हाहा ठीठी, हाहा हीही = हँसी ठट्ठा। विनोद। हाहा हूहू।

मुहा०—हाहा हीही करना = (१) हाहा हूहू करना। हँसना। (२) हँसी ठट्ठा करना। विनोद क्रीडा करना। हाहा हीही होना या मचाना = हँसी होना।

२ गिडगिडाने का शब्द। अनुनय विनय का शब्द। दीनता या बहुत विनती की पुकार। दुहाई।

मुहा०—हाहा करना = गिडगिडाना। बहुत विनती करना। दुहाई देना। उ०—हाहा कै हारि रहे मनमोहन पाँय परे जिन्ह लातनि मारे।—केशव (शब्द०)। हाहा खाना = बहुत गिडगिडाना। अत्यत दीनता और नम्रता से पुकारना। बहुत विनती करना। उ०—साँटी लै जसुमति अति तरजति हरि बसि हाहा खात।—सूर (शब्द०)।

हाहा[१]—सज्ञा पु० [सं०] १ एक गधर्व का नाम। २ एक विशाल सख्या का वाचक शब्द (को०)।

हाहा[२]—अव्य० दु ख, वेदना और आश्चर्यसूचक एक अव्यय [को०]।

हाहाकार—सज्ञा पु० [सं०] १ भय के कारण बहुत आदमियो के मुँह से निकला हुआ हाहा शब्द। घबराहट की चिल्लाहट। भय, दु ख या पीडा सूचित करनेवाली जनसमूह की पुकार। कुहराम। २ सघर्ष, युद्ध आदि का तीव्र कोलाहल।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—पडना।—होना।

हाहाठीठी—सज्ञा स्त्री० [अनु० हा हा + हिं० ठट्ठा] हँसी ठट्ठा। विनोद क्रीडा। जैसे,—तुम्हारा सारा दिन हाहाठीठी मे जाता है।

मुहा०—हाहा ठीठी करना=हँसी ठट्ठा करना। हाहा ठीठी होना=हँसी मजाक होना। उ०—कोऊ अन्हात पै हाहा ठीठी होत रहत चहुँ।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ४१।

हाहाल—सज्ञा पुं० [स०] प्राणघातक विष [को०]।

हाहाहूत Ⓤ†—सज्ञा पु० [अनु०] हाहाकार। भय का कोलाहल।

हाहा हूहू—सज्ञा पुं० [अनु०] हा हा करके हँसने की क्रिया। हँसी ठट्ठा। विनोद। हाहा ठीठी।

हाही—सज्ञा स्त्री० [हिं० हाय] किसी वस्तु को प्राप्त करने की अनुचित और बहुत अधिक विकलता। कुछ पाने के लिये 'हाय हाय' करते रहना। जैसे—(क) तुम्हे तो सदा रुपयो की हाही पडी रहती है। (ख) इतनी हाही क्यो करते हो? जब सबको मिलेगा, तुम्हें भी मिल जायगा।

हाहू Ⓤ—सज्ञा पुं० [अनु०] १ हल्लागुल्ला। शोरगुल। कोलाहल। २ हलचल। धूम।

हाहूबेर—सज्ञा पुं० [देश० हाहू + हिं० बेर] जगली बेर। झडबेरी।

हिंकरना—क्रि० अ० [अनु० हिन हिन अथवा सं० हिङ्कार] घोडो का हिनहिनाना।

हिंकार—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्कार] १ रँभाने का वह शब्द जो गाय अपने बछडे को बुलाते समय करती है। २ बाघ के बोलने का शब्द। ३ सामगान का एक अग जिसमे उद्गाता गीत के बीच बीच मे 'हिं' का उच्चारण करता है। ४ व्याघ्र। बाघ।

हिंकिया—सज्ञा स्त्री० [स० हिङ्किया] गाय आदि के रँभाने की ध्वनि [को०]।

हिंग[१]—सज्ञा पुं० [स० हिङ्गु] दे० 'हींग'।

हिंग[२]—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्ग] मार्कंडेय पुराण मे वर्णित एक देश का नाम।

हिंगन Ⓤ†—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्गोट] दे० 'हिंगनबेर'। उ०—चदन के साती लिब हुआ चदन, क्यो कर रोवे देखो ए हिंगन।—दक्खिनी०, पृ० २२।

हिंगनबेर—सज्ञा पुं० [हिं० हिंगोट + बेर] इगुदी वृक्ष। हिंगोट। हिंगुवा। गोदी।

हिंगलाची—सज्ञा स्त्री० [स० हिङ्गलाची] बौद्धो के अनुसार एक यक्षिणी का नाम।

हिंगलाज—सज्ञा स्त्री० [स० हिङ्गुलाजा] दुर्गा या देवी की एक मूर्ति अथवा उनका एक भेद। उ०—देवा दुदुभि बज्जिया, हिंगलाज दरबार।—रा० रू०, पृ० ३६६।

विशेष—हिंगलाज देवी का यह स्थान सिंध और बलूचिस्तान के बीच की पहाडियो मे है। यहाँ अँधेरी गुफा मे ज्योति के उसी प्रकार दर्शन होते है जिस प्रकार काँगडे की ज्वालामुखी मे। कराची बदर से उत्तर की ओर समुद्र के किनारे किनारे ४५ कोस चलकर लोग यहाँ पहुँचते हैं।

हिंगली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का तवाकू।

हिंगलू†—सज्ञा पुं० [हिं०। स० हिङ्गुल] दे० 'हिंगुल'। उ०—(क) हिंगलू के लीकै पत्रो की आयुर्दा विभाग पर तथा बीच बीच मे पदो आदि के साथ लगी हुई है।—सुदर० ग्र० (भ०), पृ० ६। (ख) अन्य ग्रथो में प्राय छदादि के पीछे हिंगलू की लीकै नही है।—सुदर० ग्र०, भा० १ (भू०), पृ० ११।

हिंगाष्टकचूर्ण—सज्ञा पुं० [हिं० हिंग + सं० अष्टक] वैद्यक मे प्रसिद्ध एक अजीर्णनाशक और पाचक चूर्ण।

विशेष—सोठ, पीपल, कालीमिर्च, अजमोदा, सफेद जीरा, स्याह जीरा, भुनी हींग और सेंधा नमक इन सबको बराबर बराबर एक साथ चूर्ण कर देने से इसका निर्माण होता है। इसके सेवन की मात्रा १ या २ टक है।

हिंगु—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्गु] १ हीग। उ०—हरित शाक कबहूँ नहिं खाई। हिंगु ल्हसनु सब देइ बहाई।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० १०२। २ हिंगु का वृक्ष। हीग का पेड (को०)। ३ नीम का वृक्ष (को०)।

हिंगुक—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्गुक] हिंगुवृक्ष [को०]।

हिंगुनाडिका—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुनाडिका] एक प्रकार का हिंगु वृक्ष और उसका निर्यास। विशेष दे० 'नाडी हिंगु'।

हिंगुदी—सज्ञा स्त्री० [स० हिङ्गुदी] एक प्रकार का वृताक।

हिंगुनिर्यास—सज्ञा पुं० [स० हिङ्गुनिर्यास] १ हिंगु वृक्ष का गोंद। हींग। २ नीम वृक्ष [को०]।

हिंगुपत्र—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्गुपत्र] १ इगुदी। हिंगोट। २. हिंगुवृक्ष का पत्ता।

हिंगुपत्री—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुपत्री] एक तरह की हींग । वशपत्री [को०]

हिंगुपर्णी—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुपर्णी] वशपत्री [को०] ।

हिंगुल—सज्ञा पु० [सं० हिङ्गुल] १ ईंगुर । सिंगरफ । २ एक नदी का नाम ।

हिंगुला—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुला] एक प्रदेश का नाम जो सिंध और बलूचिस्तान के बीच मे है और जहाँ 'हिंगुलाजा या 'हिंगलाज' देवी का स्थान है । विशेष दे० 'हिंगलाज' ।

हिंगुलाजा—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुलाजा] दुर्गा या देवी का एक रूप । हिंगलाज देवी ।

हिंगुलि—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुलि] ईंगुर [को०] ।

हिंगुलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुलिका] कटकारी [को०] ।

हिंगुलु—सज्ञा पु० [हिङ्गुलु] सिंगरफ । ईंगुर [को०] ।

हिंगुली—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गुली] दे० 'हिंगुदी' [को०] ।

हिंगुलेश्वर रस—सज्ञा पु० [सं० हिङ्गुलेश्वर रस] ईंगुर से बनी हुई एक रसौषध जिसका व्यवहार वातज्वर की चिकित्सा मे होता है ।

हिंगूज्ज्वला—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्गूज्ज्वला] एक प्रकार का सुगधित पदार्थ [को०] ।

हिंगूल—सज्ञा पुं० [सं० हिङ्गूल] हिज्जल नाम का पौधा ।

हिंगोट—सज्ञा पु० [सं० हिङ्गुपत्र, प्रा० हिंगुवत्त] एक झाडदार कँटीला जगली पेड । इगुदी ।

विशेष—यह पेड मझोले आकार का होता है और इसकी इधर उधर सीधी निकली हुई टहनियाँ गोल गोल और छोटी तथा श्यामता लिए गहरे हरे रग की पत्तियो से गुछी होती है । इसमे बादाम की तरह के गोल छोटे फल लगते है जिनकी गुठलियो से बहुत अधिक तेल निकलता है । छाल और पत्तियो मे कसाव होता है । प्राचीन काल मे जगल मे रहकर तपस्या करनेवाले मुनियो और तपस्वियो के लिये यह पेड बडे काम का होता था, इसी से इसे 'तापसतरु' भी कहते थे ।

पर्या०—इगुदी । हिंगुपत्र । जगली बदाम ।

हिंग्वाष्टक चूर्ण—सज्ञा पु० [सं० हिङ्ग्वष्टक चूर्ण] दे० 'हिंगाष्टकचूर्ण' ।

हिंग्वादिगुटिका—सज्ञा स्त्री० [सं० हिङ्ग्वादि गुटिका] हीग के योग से बनी हुई एक विशेष प्रकार की गोली ।

विशेष—भुनी हीग, अमलवेत, काली मिर्च, पीपल, अजवायन, काला नमक, साँभर नमक, सेधा नमक इन सबको पीसकर बिजौरे नीबू के रस मे गोलियाँ बनाते है जो गरम पानी के साथ खाई जाती हैं । इसके सेवन से पेट का दर्द दूर होता है ।

हिंग्वादि चूर्ण—सज्ञा पुं० [हिङ्ग्वादि चूर्ण] हीग के योग से बनी हुई एक बुकनी ।

विशेष—भूनी हीग, पिपलामूल, धनिया, जीरा, वच, चव्य, चीता, पाठा, कचूर, अमलवेत, साँभर नमक, काला नमक, सेधा नमक, जवाखार सज्जी, अनारदाना, हड का छिलका, पुष्करमूल, डाँसरा, झाऊ की जड, इन सबका चूर्ण कर डाले और अदरक तथा बिजौरे के रस के सात सात पुट देकर सुखा डाले । यह बुकनी गुल्म अनाह, अर्श, सग्रहणी, उदावर्त, शूल और उन्माद आदि रोगो मे दी जाती है ।

हिंच—सज्ञा पुं० [अ० हिच] झटका । आघात । चोट । (लश्करी) ।

हिंछना‡—क्रि० अ० [सं० इच्छण] इच्छा करना । चाहना ।

हिंछा‡—सज्ञा स्त्री० [सं० इच्छा] दे० 'इच्छा' । उ०—महादेव कर मडप जगत जातरा आउ । जो हिंछा मन जेहि के सो तैसै फल पाउ ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २३१ ।

हिंजीर—सज्ञा पुं० [सं० हिञ्जीर] हाथी के पैर मे बाँधने की रस्सी या जजीर ।

हिंडक[1]—वि० [सं० हिण्डक] हिंडन करनेवाला । घूमने फिरनेवाला ।

हिंडक[2]—सज्ञा पुं० एक प्रकार का विष जिसे नाडीतरग भी कहते है । काकोल नाम का विष [को०] ।

हिंडन—सज्ञा पुं० [सं० हिण्डन] १ घूमना । फिरना । चक्रमण । २ लिखना । लेखन (को०) । ३ सभोग । मैथुन (को०) ।

हिंडना—क्रि० अ० [सं० हिण्डन] घूमना । फिरना । चक्रमण करना । जाना । उ०— बिरचयो लोहबर सिंघ सुग्र पड षड तन षडयौ । निढ्ढुर निसक झुझ्झत रन अठ्ठ कोस नृप हिंडयौ ।—पृ० रा०, ६१।२२०८ ।

हिंडिक—सज्ञा पुं० [सं० हिण्डिक] फलित ज्योतिषी ।

हिंडिर—सज्ञा पुं० [सं० हिण्डिर] दे० 'हिंडीर' ।

हिंडी—सज्ञा स्त्री० [सं० हिण्डी] दुर्गा का एक नाम ।

हिंडीकात—सज्ञा पु० [सं० हिण्डीकान्त] शिव का एक नाम ।

हिंडीप्रियतम—सज्ञा पु० [सं० हिण्डीप्रियतम] शिव । हिंडीकात [को०] ।

हिंडीबदाम—सज्ञा पुं० [देश० हिंड + फा० बादाम] अडमान टापू मे होनेवाला एक प्रकार का बडा पेड जिसमे एक प्रकार का गोद निकलता है और जिसके बीजो से बहुत सा तेल होता है ।

हिंडीर—सज्ञा पु० [सं० हिण्डीर] १ एक प्रकार की समुद्री मछली की हड्डी जो 'समुद्रफेन' के नाम से प्रसिद्ध है । २ मर्द । नर । पुरुष । ३ बृताक । वार्ताकु । बैंगन (को०) । ४ अग्निदीपन (को०) । ५ अनार का पेड ।

हिंडुक—सज्ञा पुं० [सं० हिण्डुक] शिव का एक नाम ।

हिंडुल—वि० [हिं० हिंडोल] हिलता हुआ । झूलता हुआ । उ०—कठसरी बहु काति मिली मुकताहलाँ । हिंडुल नोसरहार जलूस जलाहलाँ ।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ३६ ।

हिंडोर—सज्ञा पुं० [हिं० हिंडोल] दे० 'हिंडोरा' ।

हिंडोरना—सज्ञा पुं० [हिं० हिंडोर] दे० 'हिंडोला' ।

हिंडोरा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'हिंडोला' ।

हिंडोरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिंडोरा] छोटा हिंडोला ।

हिंडोल—सज्ञा पुं० [सं० हिन्दोल] १ हिंडोला । २ एक राग जिसे गाधार स्वर की सतान कहा गया है ।

विशेष—एक मत से यह ओडव जाति का है और इसमे पचम तथा गाधार वर्जित हैं । इसकी ऋतु वसत और वार मगल है ।

गाने का समय रात को २१ या २६ दड से लेकर २९ दड तक है। ऐसा प्रसिद्ध है कि यह राग यदि शुद्ध गाया जाय तो हिंडोला आपसे आप चलने लगता है। हनुमत् के मत से इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—सा ग म प नि सा नि प म ग सा। विलावली, भूपाली, मालश्री, पटमजरी और ललिता इसकी स्त्रियाँ तथा पचम, वसत, विहाग, सिंधुडा और सोरट इसके पुत्र माने गए है। इसकी पुत्रवधुएँ, सिंधुरई, गाधारो, मालिनी और त्रिवेणी कही गई हे।

हिंडोलना‡—सज्ञा पुं० [स० हिण्डोल] दे० 'हिंडाला'। उ०—भूलत गुरुमुख सत अलख हिंडोलने।—चरण० बानी, पृ० १४४।

हिंडोला—सज्ञा पु० [स० हिन्दोल] १ नीचे ऊपर घूमनेवाला एक चक्कर जिसमे लोगो को बैठने के लिये छोटे छोटे मच बने रहते हैं।

विशेष—विनोद या मनबहलाव के लिये लोग इसमे बैठकर नीचे ऊपर घूमते हैं। सावन के महीने मे इसपर झूलने की विशेष चाल हे।

२ पालना। ३ झूला। उ०—अली फूल को हिंडोलो बनो फूल रही जमुना।—नद० ग्र०, पृ० ३७४।

हिंडोली—सज्ञा स्त्री० [सं० हिण्डोली] एक रागिनी जो हनुमत के मत से हिंडोल राग की प्रिया है।

हिंता—सज्ञा पुं० [अ० हितह्] गेहूँ। गोधूम [को०]।

हिंताल—सज्ञा पु० [स० हिन्ताल] एक प्रकार का जगली खजूर जिसके पेड छोटे छोटे—जमीन से दो तीन हाथ ऊँचे—होते हैं। उ०—शाल ताल हिताल वर सोभित तरुन तमाल।—श्यामा०, पृ० ३९।

विशेष—यह पेड देखने मे बहुत सुदर होता है और दक्षिण के जगलो मे दलदलो के किनारे और गीली जमीन मे बहुत पाया जाता है। अमरकटक के आसपास यह बहुत होता हे। सस्कृत के पुराने कवियो ने इसका बहुत वर्णन किया है।

हिंद—सज्ञा पुं० [फा०] हिंदोस्तान। भारतवर्ष। उ०—गिल जाय हिंद खाक मे हम काहिलो को क्या।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४८०।

विशेष—यह शब्द वास्तव मे 'सिंधु' शब्द का फारसी उच्चारण है। प्राचीन काल मे भारतीय आर्यो और पारसीक आर्यो के बीच बहुत कुछ सबध था। यज्ञ करानेवाले याजक बराबर एक देश से दूसरे देश मे आते जाते थे। शाकद्वीप के मग ब्राह्मण फारस के पूर्वोत्तर भाग से ही आए हुए हैं। ईसा से ५०० वर्ष पहले दारा (दारयवहु) प्रथम के समय मे सिंधु नदी के आसपास के प्रदेश पर पारसियो का अधिकार हो गया था। प्राचीन पारसी भाषा मे सस्कृत के 'स' का उच्चारण 'ह' होता था। जैसे,—सस्कृत 'सप्त' फारसी 'हफ्त'। इसी नियम के अनुसार 'सिंधु' का उच्चारण प्राचीन पारस देश मे 'हिंदु' या 'हिंद' होता था। पारसियो के धर्मग्रथ 'आवस्ता' मे 'हफ्तहिंद' का उल्लेख है जो वेदो मे भी 'सप्तसिंधु' के नाम से आया है। धीरे धीरे 'हिंद' शब्द सारे देश के लिये प्रयुक्त होने लगा। प्राचीन यूनानी जब फारस आए, तब उन्हें इस देश का परिचय हुआ और वे अपने उच्चारण के अनुसार फारसी 'हिंद' को 'इंड' या 'इंडिका' कहने लगे, जिससे आजकल 'इंडिया' शब्द बना है।

हिंदवा—सज्ञा स्त्री० [फा] एक वनौषधि। कामनी [को०]।

हिंदवाँ†—सज्ञा पुं० [फा० हिंदू] हिंदू का बहुवचन। हिंदू लोग। उ०—जवन जोस बरजोर, हेक मम तोर हजारां। हीण तवै हिंदवां, एक लेखवै अपारां।—रा० रू०, पृ० २३।

हिंदवाना†—सज्ञा पुं० [फा० हिंद + वान] १ तरबूज। कलीदा। हिंदुआना। २ हिंदुस्तान। भारतवर्ष। उ०—केती हुती रिद्धी सिद्धी केते हुते सत वृद्ध, छोडा हिंदवाना तुर्कान हद्द नामी है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४३३।

हिंदवी—सज्ञा स्त्री० [फा०] हिंद या हिंदोस्तान की भाषा। हिंदी जो उत्तरीय भारत के अधिकतर भाग मे बोली जाती है। उ०—कोई हिंदवी मे हिंदू सिद्ध करते।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३८२।

हिंदसा—सज्ञा पुं० [अ० हिंदसह] १ सख्या। अदद। २ गणित [को०]।

हिंदी[1]—वि० [फा०] हिंद का। हिंदुस्तान का। भारतीय।

हिंदी[2]—सज्ञा पुं० हिंद का रहनेवाला। हिंदुस्तान या भारतवर्ष का निवासी। भारतवासी। उ०—मालिक व आदम व जिन्नो परी। हबशी हिंदी व खेंवर और ततरी।—कबीर सा०, पृ० ९७९।

हिंदी[3]—सज्ञा स्त्री० १ हिंदुस्तान की भाषा। भारतवर्ष की बोली। २ हिंदुस्तान के उत्तरी या प्रधान भाग की भाषा जिसके अतर्गत कई बोलियाँ हैं और जो बहुत से अशो से सारे देश की एक सामान्य भाषा मानी जाती है।

विशेष—मुसलमान पहले पहल उत्तरी भारत मे ही आकर जमे और दिल्ली, आगरा और जौनपुर आदि उनकी राजधानियाँ हुई। इसी से उत्तरी भारत मे प्रचलित भाषा को ही उन्होने 'हिंदवी' या 'हिंदी' कहा। काव्यभाषा के रूप मे शौरसेनी या नागर अपभ्रश से विकसित भाषा का प्रचार तो मुसलमानो के आने के पहले ही से सारे उत्तरी भारत मे था। मुसलमानो ने आकर दिल्ली और मेरठ के आसपास की भाषा को अपनाया और उसका प्रचार बढाया। इस प्रकार वह भी देश के एक बडे भाग की शिष्ट बोलचाल की भाषा हो चली। खुसरो ने उसमे कुछ पद्यरचना भी आरभ की जिसमे पुरानी काव्यभाषा या ब्रजभाषा का बहुत कुछ आभास था। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली और मेरठ के आसपास की भाषा (खडी बोली) को, जो पहले केवल एक प्रातिक बोली थी, साहित्य के लिये पहले पहल मुसलमानो ने ही लिया। मुसलमानो के अपनाने से खडी बोली शिष्ट बोलचाल की भाषा तो मानी गई, पर देश के साहित्य की सामान्य काव्यभाषा वही ब्रज

(जिसके अतर्गत राजस्थानी भी आ जाती है) और अवधी रही। इस बीच मे मुसलमान खडी बोली को अरबी फारसी द्वारा थोडा बहुत बराबर अलकृत करते रहे, यहाँ तक कि धीरे धीरे उन्होंने अपने लिये एक साहित्यिक भाषा और साहित्य अलग कर लिया जिसमे विदेशी भावो और सस्कारो की प्रधानता रही। ध्यान देने की बात यह है कि यह साहित्य तो पद्यमय ही रहा, पर शिष्ट बोलचाल की भाषा के रूप मे खडी बोली का प्रचार उत्तरी भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक हो गया। जब अँगरेज भारत मे आए, तब उन्होने इसी बोली को शिष्ट जनता मे प्रचलित पाया। अत उनका ध्यान अपने सुबीते के लिये स्वभावत इसी खडी बोली की ओर गया और उन्होने इसमे गद्य साहित्य के आविर्भाव का प्रयत्न किया। पर जैसा ऊपर कहा जा चुका है, मुसलमानो ने अपने लिये एक साहित्यिक भाषा उर्दू के नाम से अलग कर ली थी। इसी से गद्य साहित्य के लिये एक ही भाषा का व्यवहार असभव प्रतीत हुआ। इससे कलकत्ते के फोर्ट विलियम कालेज के प्रोत्साहन से खडी बोली के दो रूपो मे गद्य साहित्य का निर्माण आरभ हुआ– उर्दू मे अलग और हिंदी मे अलग। इस प्रकार 'खडी बोली' का ग्रहण हिंदी के गद्य साहित्य मे तो हो गया, पर पद्य की भाषा बहुत दिनो तक एक ही—वही ब्रजभाषा—रही। भारतेंदु हरिश्चद्र के समय तक यही अवस्था रही। पीछे हिंदी साहित्यसेवियो का ध्यान गद्य और पद्य की एक भाषा करने की ओर गया और बहुत से लोग 'खडी बोली' के पद्य की ओर जोर देने लगे। यह बात बहुत दिनो तक एक आदोलन के रूप मे रही, फिर क्रमश खडी बोली मे भी बराबर हिंदी की कविताएँ लिखी जाने लगी। इस प्रकार हिंदी साहित्य के भीतर अब तीन बोलियाँ आ गईं—खडी बोली, ब्रजभाषा और अवधी। हिंदी साहित्य की जानकारी के लिये अब इन तीनो बोलियो का जानना आवश्यक है। साहित्यिक खडी बोली की हिंदी और उर्दू दो शाखाएँ हो जाने से साधारण बोलचाल की मिलीजुली भाषा को अँगरेज हिंदुस्तानी कहने लगे।

यौ०—हिंदीदाँ = हिंदी भाषा का जानकार। हिंदी का ज्ञाता। हिंदीदानी = हिंदी लिखना और पढना जानना। हिंदीसाज = हिंदी को सँवारनेवाला। हिंदी का तुकबाज। उ०—कोई हिंदीसाज इनके नाच और बाजे की तारीफ मे यों कह गया है कि बपारन बाजा लगा बजने झार मन।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १५२।

हिंदीरेवद—सज्ञा पुं० [फा०] एक प्रकार का पौधा।

विशेष—यह पौधा हिमालय मे ११,००० से १२,००० फुट की ऊँचाई तक उगता है। यह काश्मीर, लद्दाख, नेपाल, सिक्किम और भूटान मे पाया जाता है। इसकी जड औषध के काम मे आती है और चीनी रेवद या रेवदचीनी कहलाती है। इसका रग भी मैला होता है और सुगध भी कम होती है, पर चीनी रेवद की जगह यह बाजारो मे बराबर बिकती है। चीनी जाति का पौधा तिब्बत के दक्षिणपूर्व भाग मे तथा चीन के पश्चिमोत्तर भाग मे होता है और उसकी जड क्राइसोफेनिक एसिड के अश के कारण पीसने पर खूब पीली निकलती है। रेवद की जड दवा के काम मे आती है और यह पुष्ट, उदरशूलनाशक तथा कुछ रेचक होती है। यह आमातिसार मे उपकारी होती है, पर ग्रहणी मे नही।

हिंदु(पु)—सज्ञा पुं० [स० फा० हिंदू] भारतवासी आर्य जाति के वशज। विशेष दे० 'हिंदू'। उ०—हुए हिंदु बलहीण, धरा पण खीण सुराँ धम। मिटे बेद मरजाद, भेद गुण आद पडे भ्रम।—रा० रू०, पृ० २२।

हिंदुआना—सज्ञा पु० [फा० हिंदुआनह्] तरबूज।

हिंदुई—सज्ञा स्त्री० [फा० हिंदी > हिंदवी] दे० 'हिंदी'। उ०—खुसरो ने फारसी, अरबी, तुर्की भाषाओ के वर्णन के साथ भारत की सर्वप्रचलित भाषा हिंदी (हिंदुई) का भी उल्लेख किया है।—अकबरी०, पृ० २६।

हिंदुगी(पु)—सज्ञा स्त्री० [फा० हिंदी = हिंदवी] दे० 'हिंदी'। उ०—मूलदास जिनदास के भयौ पुत्र परधान। पढ्यौ हिंदुगी पारसी भागवान बलवान।—अर्ध०, पृ० २।

हिंदुत्व—सज्ञा पुं० [स० हिन्दुत्व या फा० हिंदू + स० त्व (प्रत्य०)] हिंदू का भाव। हिंदूपन।

हिंदुनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [फा० हिंदू + इनि (प्रत्य०)] हिंदू स्त्री। विवाहिता हिंदू महिला। उ०—हिंदुनि सो तुरकिनि कहै, तुम्हैं सदा सतोष।—भूषण ग्र०, पृ० १२६।

हिंदुवान(पु)—सज्ञा पुं० [हि० हिन्दु + वान् (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ हिंदू रहते है। हिंदुओ का जनपद। हिंदवान। हिंदुस्तान। उ०—इक्क मत्त किन्नव सवन, मिट्टव कहँ हिंदुवान।—प० रासो, पृ० १०२।

हिंदुसथाँन(पु)—सज्ञा पुं० [फा० हिंदू + सं० स्थान] दे० 'हिंदुस्तान'। उ०—मेक सपत समत्त मैं, पैतीसै जसराज। गौ हरि धाम जिहान तज, हिंदुसथाँन जिहाज।—रा० रू०, पृ० १७।

हिंदुस्तान—सज्ञा पुं० [फा० हिंदोस्तान] १ भारतवर्ष। विशेष दे० 'हिंद'। २ भारतवर्ष का उत्तरीय मध्य भाग।

विशेष—भारतवर्ष का यह भाग दिल्ली से लेकर पटना तक और दक्षिण मे नर्मदा के किनारे तक माना जाता है। यह खास हिंदुस्तान कहा जाता है। पजाब, बगाल, महाराष्ट्र आदि के निवासी इस भूभाग को प्राय हिंदुस्तान और यहाँ के निवासियो को हिंदुस्तानी कहा करते हैं।

हिंदुस्तानी¹—वि० [फा०] हिंदुस्तान का। हिंदुस्तान सबधी।

हिंदुस्तानी²—सज्ञा पु० १ हिंदुस्तान का निवासी। भारतवासी। २ उत्तरीय भारत के मध्य भाग का निवासी। भारतवासी। (पजाबी, बगाली आदि से भेद सूचित करने के लिये)।

हिंदुस्तानी³—सज्ञा स्त्री० १ हिंदुस्तान की भाषा। २ बोलचाल या व्यवहार की वह हिंदी जिसमे न तो बहुत अरबी फारसी के शब्द हो न सस्कृत के। उ०—साहिब लोगो ने इस देश की भाषा का एक नया नाम हिंदुस्तानी रखा।—प्रेमघन०, भा० २ पृ० ४१४।

हिंदुस्थान—सज्ञा पुं० [सं०, फा० हिंदू + स० स्थान] हिंदुस्तान । भारतवर्ष । उ०—जितनी प्रजा हिंदुस्थान की है ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २६७ ।

हिंदू—सज्ञा पुं० [स०, फा०] भारतवर्ष मे बसनेवाली आर्य जाति के वशज जो भारत मे प्रवर्तित या पल्लवित आर्य धर्म, सस्कार और समाजव्यवस्था को मानते चले आ रहे हो । वेद, स्मृति, पुराण आदि अथवा इनमे से किसी एक के अनुसार चलनेवाला । भारतीय आर्य धर्म का अनुयायी ।

विशेष—यह नाम प्राचीन पारसियो का दिया हुआ है जो उनके द्वारा ससार मे सर्वत्र प्रचलित हुआ । प्राचीन भारतीय आर्य अपनी धर्मव्यवस्था को 'वर्णाश्रम धर्म' के नाम से पुकारते थे । प्राचीन अनार्य द्रविड जातियो को उन्होने अपने समाज मे मिलाया, पर उन्हे अपनी वर्णव्यवस्था के भीतर करके अर्थात् सिद्धात रूप मे किसी आर्य ऋषि, राजा इत्यादि की सतति मानकर । पीछे शक, हूण और यवन आदि भी जो मिले, वे या तो वसिष्ठ ऋषि द्वारा उत्पन्न (गाय से सही) वीरो के वशज माने जाकर अथवा ब्राह्मणो के अदर्शन से पतित क्षत्रिय माने जाकर । साराश यह कि भारतीय आर्य अपनी धर्मव्यवस्था को मजहब की तरह फैलाते नही थे, आसपास की या आई हुई जातियाँ उसे सभ्यता के सस्कार के रूप मे आपसे आप ग्रहण करती थी । प्राचीन काल मे आर्य सभ्यता के दो केंद्र थे—भारत और पारस । इन दोनो मे भेद बहुत कम (दे० 'हिंद') था । हूणो ने पहले पारसी सभ्यता ग्रहण की, फिर भारत मे आकर वे भारतीय आर्यो से मिले । शक जाति तो आर्य जाति की ही एक शाखा थी । पीछे जब पारस के निवासी मुसलमान हो गए तब उन्होने 'हिंदू' शब्द के साथ 'काफिर', 'काला', लुटेरा आदि कुत्सित अर्थो की योजना की । जब तक वे आर्य धर्म के अनुयायी रहे, तब तक 'हिंदू' शब्द का प्रयोग आदर के साथ 'हिंद के निवासी' के अर्थ मे ही करते थे । यह शब्द इसलाम के प्रचार के बहुत पहले का है (दे० 'हिंद') । अत पीछे से मुसलमानो के बुरे अर्थ की योजना करने से यह शब्द बुरा नही हो सकता । भविष्य पुराण 'हप्त हिंदु' शब्द का उल्लेख करता है । कालिका पुराण, राम कोश, हेमत कवि कोश, अद्भुतरूप कोश, मेरुतत्र (आठवी शताब्दी आदि), कुछ आधुनिक ग्रथो मे इस शब्द को सस्कृत सिद्ध करने का जो प्रयत्न किया गया है, उसे कल्पना मात्र ही समझना चाहिए ।

हिंदूकुश—सज्ञा पुं० [फा०] एक पर्वतश्रेणी जो अफगानिस्तान के उत्तर मे है और हिमालय से मिली हुई है ।

हिंदूधर्म—सज्ञा पुं० [फा० हिंदू + स० धर्म] हिंदुओ का धर्म । वर्णाश्रम धर्म । भारतीय आर्य धर्म ।

हिंदूपन—सज्ञा पुं० [फा० हिंदू + हिं० पन (प्रत्य०)] हिंदू होने का भाव या गुण ।

हिंदोरना—क्रि० स० [सं० हिन्दोल + हिं० ना (प्रत्य०)] पानी के समान पतली चीज मे हाथ या कोई चीज डालकर इधर उधर घुमाना । घँघोलना । फेंटना ।

हिंदोल—सज्ञा पुं० [सं० हिन्दोल] १ हिंडोला । झूला । उ०—न कर वेदनासुख से वचित, बढा हृदय हिंदोल ।—साकेत, पृ० २७० । २ हिंडोल नाम का राग । उ०—इतिहासकार स्मिथ ने लिखा है कि कुछ रूढिवादी हिंदू सगीतज्ञ तानसेन की भर्त्सना इसलिए करते है कि परपरागत दो राग हिंदोल और मेघ इनके समय मे लुप्त हो गए थे ।—अकबरी०, पृ० १०५ । ३ श्रावण के शुक्लपक्ष मे दोलोत्सव जिसमे श्रीकृष्ण की मूर्ति हिंडोले मे रखकर उपवनादि मे उत्सवार्थ ले जाते हैं । ४ इस प्रकार की यात्रा । भगवतयात्रा ।

हिंदोलक—सज्ञा पुं० [स० हिन्दोलक] दे० 'हिंडोला' ।

हिंदोला—सज्ञा पुं० [स० हिन्दोला] दे० 'हिंडोला' ।

हिंदोस्तान—सज्ञा पुं० [फा०] दे० 'हिंदुस्तान' । उ०—वह भाषा कि जो समस्त हिंद वा हिंदोस्तान की हो ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३८१ ।

हिंदोस्तानी—वि०, सज्ञा पुं०, सज्ञा स्त्री० [फा० हिंदुस्तानी] दे० 'हिंदुस्तानी' ।

हिंन—सज्ञा पुं० [स० हरिण, हिं० हिरन] मृग । हिरन । उ०—महा सुछछ पुछछ हीं ह उनै सी । नरी पाँतरी आतुरी हिंन जैसी । —पद्माकर ग्र०, पृ० २८१ ।

हिंमत—सज्ञा स्त्री० [अ० हिम्मत] दे० 'हिम्मत' । उ०—दास कौ प्रनाम मन धारिकै, दयालु मात, दीजिए हिंमत बल कल ब्रह्मबालिका ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४३६ ।

हिंस—सज्ञा स्त्री० [स० हेषा या अनु० हि हि] घोडो के बोलने का शब्द । हींस । हिनहिनाहट । उ०—गरजहि गज, घटाधुनि घोरा । रथ रव बाजि हिंस चहुँ ओरा ।—तुलसी (शब्द०) ।

हिंसक[1]—वि० [स०] १ हिंसा करनेवाला । हत्यारा । वध करनेवाला । घातक । २ मारने या पीडित करनेवाला । कष्ट पहुँचानेवाला । ३ बुराई करनेवाला । हानि करनेवाला ।

हिंसक[2]—सज्ञा पुं० १ जीवो को मारनेवाला पशु । खूँखार जानवर । २ शत्रु । दुश्मन । ३ मारण, उच्चाटन आदि प्रयोग करनेवाला ब्राह्मण । तात्रिक ब्राह्मण ।

हिंसन—सज्ञा पुं० [सं०, वि० हिंसनीय, हिंसित, हिंस्य] १ जीवो का वध करना । जान मारना । घात करना । उ०—गोभक्षन द्विज श्रुति हिंसन नित जासु कर्म मैं ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५१० । २ जीवो को पीडा पहुँचाना । कष्ट देना । सताना । पीडन । ३ बुराई करना । अनिष्ट करना या चाहना । ४ वैरी । शत्रु । दुश्मन (को०) ।

हिंसना—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हिंसन', 'हिंसा' ।

हिंसनीय—वि० [स०] १ हिंसा करने योग्य । २ जिसकी हिंसा की जानेवाली हो । ३ वध करने योग्य । वध्य (को०) ।

हिंसा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वध या पीडा । जीवो को मारना या सताना । प्राण मारना या कष्ट देना । २ हानि पहुँचाना । अनिष्ट करना ।

विशेष—हिंसा तीन प्रकार से हो सकती है—मनसा, वाचा और कर्मणा। पुराणो मे हिंसा लोभ की कन्या और अधर्म की भार्या कही गई है। जैन शास्त्रानुसार हिंसा चार प्रकार की होती है—आकुट्टी हिंसा, दर्प हिंसा, प्रमाद हिंसा और कल्प हिंसा। ३ लूट। डकैती (को०)।

हिंसाकर्म—सज्ञा पुं० [स० हिंसाकर्मन्] १ वध करने या पीडा पहुँचाने का कर्म। मारने या सताने का काम। २ दूसरे का अनिष्ट करने के लिये मारण, उच्चाटन, पुरश्चरण आदि तान्त्रिक प्रयोग।

हिंसात्मक—वि० [स०] १ जिससे हिंसा हो। २ हिंसा से युक्त।

हिंसाप्राणी—सज्ञा पुं० [स० हिंसाप्राणिन्] हानि पहुँचानेवाले या हिंसक पशु। खूँखार जानवर (को०)।

हिंसाप्राय—वि० [सं०] सामान्यतया हानिकारक (को०)।

हिंसारत—वि० [सं०] दुष्टतापूर्ण कार्य मे आनद लेनेवाला। उ०—हिंसारत निषाद तामस वपु पसु समान वनचारी।—तुलसी ग्र०, पृ० ५४२।

हिंसारु—सज्ञा पुं० [सं०] १ हिंसक पशु। हिंस्र पशु। खूँखार जानवर। २ वाघ। शेर।

हिंसारुचि—वि० [स०] दे० 'हिंसारत' (को०)।

हिंसालु[1]—वि० [सं०] १ हिंसा करनेवाला। मारनेवाला या सतानेवाला। २ हिंसा की प्रवृत्तिवाला।

हिंसालु[2]—सज्ञा पुं० कटहा कुत्ता या दुष्ट कुत्ता। जगली या शिकारी कुत्ता (को०)।

हिंसालुक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हिंसालु[2]'।

हिंसाविहार—वि० [सं०] दे० 'हिंसारत'।

हिंसासमुद्भव—वि० [सं०] जो हिंसा से उत्पन्न हो (को०)।

हिंसित[1]—वि० [स०] १ जिसकी हिंसा की गई हो। जिसे मार डाला गया हो। २ जिसे हानि पहुँचाई गई हो। ३ जिसे आघात पहुँचा हो। आहत (को०)।

हिंसित[2]—सज्ञा पुं० १ आघात। चोट। २ क्षति। हानि (को०)।

हिंसितव्य—वि० [स०] १ हिंसा करने योग्य या जिसकी हिंसा करनी हो। २ जिसे पीडा या कष्ट पहुँचाया जाय (को०)।

हिंसीन—सज्ञा पुं० [स०] हिंसक पशु। जगली जानवर। शिकारी जानवर (को०)।

हिंसीर[1]—वि० [स०] १ हिंसा करनेवाला। हिंसक। २ पीडित करने, बुराई करने या सतानेवाला।

हिंसीर[2]—सज्ञा पुं० १ वाघ। २ खग। पक्षी (को०)। ३ निदक अथवा बुराई करनेवाला व्यक्ति (को०)।

हिंस्य—वि० [सं०] १ हिंसा के योग्य। २ जिसकी हिंसा होनेवाली हो। ३ जिसे सताया या कष्ट पहुँचाया जाय (को०)।

हिंस्र[1]—वि० [सं०] १ हिंसा करनेवाला। खूँखार। जैसे,—हिंस्र पशु। २ निंदा करने या हानि करनेवाला। ३ विध्वसक। विनाशक। ४ भयकर। भयदायक। भयानक (को०)। ५ क्रूर। निर्दय। निष्कृप (को०)।

हिंस्र[2]—सज्ञा पुं० १ खूँखार पशु। जगली जानवर। हिंसा करनेवाला जानवर। २ विनाश करनेवाला व्यक्ति। ३ शिव। ४ भीम। ५ वह व्यक्ति जो जीवित प्राणियो को कष्ट पहुँचाने मे सुख का अनुभव करे। ६ क्रूरता। निर्दयता (को०)।

हिंस्रक—सज्ञा पुं० [स०] जगली जानवर। हिंसक पशु। शिकार करनेवाले जानवर (को०)।

हिंस्रजतु—सज्ञा पुं० [स० हिंस्रजन्तु] हिंसक पशु (को०)।

हिंस्रपशु—सज्ञा पुं० [स०] खूँखार पशु। शिकारी जानवर (को०)।

हिंस्रयत्र—सज्ञा पुं० [स० हिंस्रयन्त्र] १ कूटयत्र। पाश। जाल। फदा। २ मारण, मोहन, उच्चाटन आदि कर्मों का विधायक अभिचार मत्र (को०)।

हिंस्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नस। नाडी। शिरा। २ जटामासी ३ गुजा का पौधा। ३ एक प्रकार का अनाज। गवेधु। ४ चर्बी। वसा (को०)।

हिंस्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुश्मनो या डाकुओ की नाव।

हिँकरना(पु)—क्रि० अ० [अनु० हिन हिन] घोडो का बोलना। हिनहिनाना। हीसना। उ०—जो कहु रामलखन बैदेही। हिँकरि हिँकरि हित हेरहिं तेही।—मानस, २।१४३।

हिँगाइन†—वि० [हिं० हींग] हींग के समान गधवाला। जिसकी गध कच्ची हींग की महक के समान हो।

हिँगाना†[1]—क्रि० स० [हिं० हेंगा] खेत को पटेले से ठीक करना। पटेला चलाना।

हिँगाना†[2]—क्रि० अ० [हिं० हींग + आइन (प्रत्य०)] हींग के समान गध आना। हींग की तरह महकना।

हिँगाया(पु)†—वि० पटेला चलाकर बराबर किया हुआ। हेंगाया हुआ [खेत]। उ०—जुते हिँगाए खेत बनत उज्वल दुतिधारी।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ३३।

हिँछना(पु)‡—क्रि० अ० [स० इच्छन] इच्छा करना। चाहना।

हिँडोर(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० हिडोल] हिंडोला। उ०—कै तरग की डोर हिँडोरन करत कलोलैं।—भारतेदु ग्र०, भा० १, पृ० ४५५।

हिँडोरना(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० हिडोल] दे० 'हिंडोला'। उ०—(क) माई झूलत नवल लाल, झुलावत व्रज की बाल कालिदी के तीर माई रच्यो है हिँडोरना।—नद० ग्र०, पृ० ३७८।

हिँडोरा—सज्ञा पुं० [हिं० हिंडोला] दे० 'हिंडोला'।

हिँडोरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिँडोला] छोटा हिंडोला।

हिँडोल—सज्ञा पुं० [हिं०] १ हिंडोला। २ एक राग।

हिँयवैं(पु)—अव्य० [हिं०] दे० 'यहाँ'। उ०—मोर पिया बसैं पुर पाटन, हम धन हियवैं हो ललना। अपने पिय की सुद्धि जो पौतिउँ हम धन कहवौं हो ललना।—पलटू०, भा० ३, पृ० ७५।

हिँयाँ(पु)†—अव्य० [हिं०] दे० 'यहाँ'।

हिँव(पु)—सज्ञा पुं० [सं० हिम] दे० 'हिम'।

हिँवार—सज्ञा पुं० [सं० हिमालय] १ हिम। बर्फ। पाला। २ हिमालय पर्वत।

मुहा०—हिँवार पडना = (१) बर्फ गिरना। (२) बहुत सर्दी पडना। बहुत जाडा होना।

हिँवारै(पु)—सज्ञा पुं० [स० हिमालय] हिमालय पर्वत। उ०—केचित जाइ हिँवारै सीझै। मन की मूठि तहाँ अति गीझै।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० ९३।

हिँवालै(पु)—सज्ञा पुं० [स० हिमालय] दे० 'हिँवारै'। उ०—को सीझै जाइ हिँवालै। इद्रिय अपनी नहि गालै।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० १४७।

हिँसना(पु)—क्रि० अ० [अनु० हिनहिन] दे० 'हीसना'। उ०—हिँसहि तुरग चिकारै हाथी। सोभै हक हक मिलि साथी।—हि० क० का०, पृ० २२४।

हि[1]—एक पुरानी विभक्ति जिसका प्रयोग पहले तो सब कारको मे होता था, पर पीछे कर्म और सप्रदाय मे ही ('को' के अर्थ मे) रह गया। जैसे—रामहि प्रेम समेत लखि सखिन्ह समीप बोलाइ।—मानस, १।२५५।

विशेष—पाली मे तृतीया और पचमी की विभक्ति के रूप मे 'हि' का व्यवहार मिलता है। पीछे प्राकृतो मे सबध के लिये भी विकल्प से अपादान की विभक्ति आने लगी और सब कारको का काम कभी कभी सबध की विभक्ति से ही चलाया जाने लगा। 'रासो' आदि की पुरानी हिंदी मे 'ह' रूप मे भी यह विभक्ति मिलती है। अपभ्रश मे 'हो' और 'हे' रूप सबध विभक्ति के मिलते हैं। यह 'हि' या 'ह' विभक्ति सस्कृत के 'भिस्' या 'भ्यस्' से निकली जान पडती है।

हि‡[2]—अव्य० दे० 'ही'। उ०—हरि कर पिचका निरखि तियन के नैना छवि हि ठराई।—नद० ग्र०, पृ० ३८१।

हिअ(पु)—सज्ञा पुं० [प्रा० स० हृत्, प्रा०, अप० हिअ या सं० हृदय, प्रा० हिअय, अप० हिअ] १ हृदय। उ०—स्रवन नाहि पै सब किछु सुना। हिअ नाही गुनना सब गुना।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १२५। २ छाती। वक्ष।

हियडा, हिअरा(पु)—सज्ञा पुं० [अप० हिअ+डा (प्रत्य०)] दे० 'हिअ'।

हिआ(पु)—सज्ञा पुं० [प्रा० अप० हिअ]। १ हृदय। २ छाती। उ०—हिआ थार कुच कचन लाडू।—जायसी (शब्द०)।

हिआउ‡—सज्ञा पुं० [हि० हिआ+आउ (प्रत्य०)] दे० 'हिआव'। उ०—(क) जाँचो जल जाहि कहै अमिय पिआउ सो। कासो कहौ काहू सो न बढत हिआउ सो।—तुलसी ग्र०, पृ० ५४९। (ख) अस्ति नास्ति एको नाउँ। कवण सु अखरु जितु रहै हिआउ।—प्राण०, पृ० ११५।

हिआव—सज्ञा पुं० [हि० हिअ+आव (भाव० प्रत्य०)] साहस। जिगरा। हिम्मत। विशेष दे० 'हियाव'। उ०—भँवर जो मनसा मानसर लीन्ह कँवलरस जाइ। घुन जो हिआव न कै सका भूर काठ तस खाइ।—जायसी (शब्द०)।

हिकदा—सज्ञा पुं० [फा० सिह, सेह (=तीन) + हि० कोडी] तीन कोड़ी कपड़ो का समूह। (धोबी)।

हिकदा(पु)—वि० [प०] एक या प्रधान (परमात्मा)। उ०—विचौं सभौ डूरि करि अदर बिया न पाइ। दादू रता हिकदा, मन मोहब्बत लाइ।—दादू०, पृ० ६५।

हिकमत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ विद्या। तत्वज्ञान। उ०—धर्मराय को हिकमत दीन्हाँ।—कबीर मा०, पृ० ८१८। २ कला-कौशल। निर्माण की बुद्धि। कोई चीज बनाने या निकालने की अक्ल। जैसे—हिकमते चीन, हुज्जते बगाल। ३ कार्य सिद्ध करने की युक्ति। तदबीर। उपाय। जैसे—उनके हाथ से रुपया निकालने की तुम्ही कोई हिकमत सोचो।

क्रि० प्र०—करना।—निकालना।—लगाना।

४ चतुराई का ढग। चाल। पालिसी। जैसे,—ऐसे मौके पर हिकमत से काम लेना चाहिए। ५ किफायत। ६ हकीम का काम या पेशा। हकीमी। वैद्यक। ७ मल्लाही। (लश०)।

यौ०—हिकमते अमली = कूटनीति। चतुराई। हिकमते इलाही = ईश्वरेच्छा।

हिकमति(पु)—सज्ञा स्त्री० [अ० हिकमत] दे० हिकमत'। उ०—करि सलाम सुरजन तबै, वीरा खायौ कोपि। आप (य) भवन हिकमति रची, स्वामि धर्म सब लोपि।—ह० रासो, पृ० ११४।

हिकमती—वि० [अ० हिकमत] १ कार्यसाधन की युक्ति निकालनेवाला' तदबीर सोचनेवाला। उपाय निकालनेवाला। कार्यपटु। २ चतुर। चालाक। ३ किफायती।

हिकलाना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'हकलाना'।

हिकायत—सज्ञा स्त्री० [अ०] कथा। कहानी। प्रसग।

हिकारत—सज्ञा स्त्री० [अ० हकारत] उपेक्षा। अपमान। तिरस्कार। उ०— सिलिया ने हिकारत के साथ कहा—बिरादरी मे क्यो न लेंगे?—गोदान, पृ० २४२।

हिक्कल—सज्ञा पुं० [?] बौद्ध सन्यासियो या भिक्षुओ का दड।

हिक्का[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हिचकी। २ बहुत हिचकी आने का रोग।

विशेष—वायु का पसलियो और अँतडियो को पीडित करते हुए ऊपर चढकर गले से झटके से निकलना ही हिक्का या हिचकी है। वैद्यक मे वायु और कफ के मेल से पाँच प्रकार की हिक्का कही गई है—अन्नजा, यमला, क्षुद्रा, गभीरा और महती। पेट मे अफरा, पसलियो मे तनाव, कठ और हृदय का भारी होना, मुँह कसैला होना हिक्का होने के पूर्वलक्षण हैं। गरम, वादी, गरिष्ठ, रूखी और बासी चीजें खाना, मुँह मे धूल जाना, थकावट, मलमूत्र का वेग रोकना हिक्का के कारण कहे गए हैं। जिस हिक्का मे रोगी को कप हो, ऊपर की ओर दृष्टि चढ जाय, आँख के सामने अँधेरा छा जाय, शरीर दुबला होता जाय, छीक बहुत आवे और भोजन मे अरुचि हो जाय, वह असाध्य कही गई है।

३ रोने या सिसकने का वह शब्द जो रुक रुककर आवे। ४ उलूक नाम का पक्षी। उल्लू (को०)।

हिक्का[2]—सज्ञा स्त्री० [देशी] रजकी । धोविन ।

हिक्काश्वासी—वि० [स० हिक्काश्वासिन्] जिसे बहुत हिचकी आती हो । जिसे हिचकी का रोग हो [को०] ।

हिक्किका—सज्ञा स्त्री० [स०] हिक्का । हिचकी ।

हिक्किरत—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हिक्का' [को०] ।

हिक्की—वि० [स० हिक्किन्] जिसे हिक्का रोग हो । हिचकी का रोगी ।

हिचक—सज्ञा स्त्री० [हि० हिचकना] किसी काम के करने मे वह रुकावट जो मन मे मालूम हो । आगा पीछा । हिचकिचाहट । उ०—छूने मे हिचक, देखने मे पलकें आँखो पर झुकती है ।—कामायनी, पृ० ९९ ।

हिचकना—क्रि० अ० [सं० हिक्का या अनु० हिच, हिचक + हि० ना (प्रत्य०)] १ हिचकी लेना । वायु का उठा हुआ झोका कठ से निकालना । २ किसी काम के करने मे कुछ अनिच्छा, भय या सकोच के करण प्रवृत्त न होना । आगा पीछा करना । जैसे,—वहाँ जाने से तुम हिचकते क्यो हो ?

हिचकिच—सज्ञा स्त्री० [हि० हिचकना] दे० 'हिचक' ।

हिचकिचाना—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'हिचकना' ।

हिचकिचाहट—सज्ञा स्त्री० [अनु० हिचकिचाना + हि० आहट (प्रत्य०)] दे० 'हिचक' ।

हिचकिची—सज्ञा स्त्री० [अनु० हिचकिच + हि० ई] दे० 'हिचक' ।

हिचकी—सज्ञा स्त्री० [अनु० हिच या स० हिक्का] १ पेट की वायु का झोंके के साथ ऊपर चढकर कठ से धक्का देते हुए निकलना । उदरस्थ वायु के कठ मे आघात या शब्द के साथ निकलने की क्रिया । विशेष दे० 'हिक्का' ।

क्रि० प्र०—आना ।—लेना ।

मुहा०—हिचकियाँ लगना = मरने के समय वायु का कठ मे से रह रहकर आघात करते हुए निकलना । मरणासन्न अवस्था होना । मरने के निकट होना ।

२ रह रहकर सिसकने का शब्द । रोने मे रह रहकर कठ से साँस छोडना ।

क्रि० प्र०—बँधना ।

मुहा०—हिचकी लेना = रोने मे साँस का रुक रुककर आना ।

हिचकोला—सज्ञा पु० [हि० हचकना] दे० 'हचकोला' । उ०—रास्ते भर हिचकोलो के कारण नाको दम रहा ।—सन्यासी, पृ० ३०९ ।

हिचना—क्रि० अ० [देश०?] लडना । युद्ध करना । उ०—(क) हिचे मरे खल हात, खग धारं कुलखोवणा ।—बाँकी ग्र०, भा० १, पृ० ५ । (ख) एक अनेकाँ सूँ हिचै, छाती बजर कपाट ।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ६२ ।

हिचर मिचर—सज्ञा पु० [हि० हिचक] १ किसी काम के करने मे भय, सकोच या कुछ अनिच्छा के कारण रुकना या देर करना । आगा पीछा । सोच विचार । २ किसी काम को न करना पडे, इसलिये देर करना या इधर उधर की बात कहना । टालमटूल ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

हिचिर मिचिर—सज्ञा पु० [अनु०] दे० 'हिचर मिचर' ।

हिच्छ—सज्ञा स्त्री० [सं० इच्छा] दे० 'इच्छा' । उ०—आन हिच्छ नहिं दूसरी, देहु कलपि करि सीस । हम परसन परसाद तुव, होहिं भवानी ईस ।—चित्रा०, पृ० १८ ।

हिज आनर—सज्ञा पु० [अ० हिज आनर] छोटे लाट आदि के पद के आगे लगनेवाला सम्मान का सूचक शब्द । जैसे,—हिज आनर लेफ्टिनेंट गवर्नर ।

हिज एक्सेलेसी—सज्ञा पु० [अ० हिज एक्सेलेसी] [स्त्री० हर एक्सेलेंसी] राष्ट्रपति, प्रधान सेनापति, राज्यपाल, स्वतत्र देशो के मत्री आदि कुछ विशिष्ट उच्च अधिकारियो के नाम के आगे लगनेवाली प्रतिष्ठासूचक उपाधि । श्रीमान् । जैसे,—हिज एक्सेलेसी वाइसराय, हिज एक्सेलेंसी कमाडर इन चीफ, हिज एक्सेलेसी प्राइम मिनिस्टर, नेपाल ।

हिजडा—सज्ञा पु० [फा० हीज + हिं० डा (स्वा० प्रत्य०)] जो न स्त्री हो, न पुरुष । विशेष दे० 'नपुसक' ।

हिज मैजेस्टी—सज्ञा पु० [अ०] [सज्ञा स्त्री० हर मैजेस्टी] सम्राट् और स्वाधीन देशो के राजाओ के आगे लगनेवाली गौरवसूचक उपाधि । माहमहिमान्वित । मालिक मोअज्जम । जैसे,—हिज मैजेस्टी किंग जार्ज । हिज मैजेस्टी अमानुल्ला ।

हिजरत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ अपना देश छोडकर दूसरे देश मे जा बसना । उ०—बुल्ला हिजरत विच अलाह दे मेरा नित है खास अराम ।—सतवाणी०, पृ० १५२ । २ मुहम्मद साहब की मक्का से मदीने की यात्रा ।

हिजरा—सज्ञा पु० [हिं० हीजडा] स० 'हिजड़ा' ।

हिज रायल हाइनेस—सज्ञा पु० [अ०] [स्त्री० हर रायल हाइनेस] स्वाधीन राज्यो या देशो के युवराजो तथा राजपरिवारो के व्यक्तियो के नाम के आगे लगनेवाली गौरवसूचक उपाधि । जैसे,—हिज रायल हाइनेस प्रिंस आव वेल्स ।

हिजरी—सज्ञा पु० [अ०] मुसलमानी सन् या सवत् जो मुहम्मद साहब के मक्के से मदीने भागने की तारीख (१५ जुलाई, सन् ६२२ ई० अर्थात् विक्रम सवत् ६७९, श्रावण शुक्ल २ का सायकाल) से चला है ।

विशेष—खलीफा उमर ने विद्वानो की समति से यह हिजरी सन् स्थिर किया था । हिजरी सन् का वर्ष शुद्ध 'चाद्र वर्ष' है । इसका प्रत्येक मास चद्रदर्शन (शुक्ल द्वितीया) से आरभ होता है और दूसरे चद्रदर्शन तक माना जाता है । हर एक तारीख सायकाल से आरभ होकर दूसरे दिन सायकाल तक मानी जाती है । इस सन् के बारह महीनो के नाम इस प्रकार है—(१) मुहर्रम, (२) सफर, (३) रबीउल् अव्वल, (४) रबीउस्सानी, (५) जमादिउल् अव्वल, (६) जमादिउल् आखिर, (७) रजब, (८) शाबान, (९) रमजान, (१०) शव्वाल, (११) जल्काद और (१२) जिलहिज्ज । चाद्रमास २९ दिन, ३१ घडी, ५० पल और ७ विपल का होता है, इससे चाद्रवर्ष सौरवर्ष से १० दिन, ५३, घडी, ३० पल और ६ विपल के करीब कम होता है । इस हिसाब से सौ वर्ष मे ३ चाद्रवर्ष २४ दिन और ९

घड़ियाँ बढ जाती हैं। अत विक्रम सवत् या ईसवी सन् से हिजरी सन् का कोई निश्चित अतर नही रहता, जिससे दिए हुए हिजरी सन् मे कोई निश्चित सख्या जोडकर ईसवी सन् या विक्रम निकाल लें। इसके लिये गणित करना पडता है।

हिजली वदाम—सज्ञा पु० [हिजली ? + हिं० वादाम] काटू नामक वृक्ष के फल जो प्राय वादाम के समान होते हैं और जिनसे एक प्रकार का तेल निकलता है जो प्राय वादाम के तेल के समान होता है। यह फल भूनकर खाया जाता है और इसका मुरब्बा भी पडता है। विशेष दे० 'काटू'।

हिज हाइनेस—सज्ञा पु० [अ०] [स्त्री० हर हाइनेस] राजा महाराजाओ के नाम के आगे लगनेवाली गौरवसूचक उपाधि। जैसे,—हिज हाइनेस महाराज सर सयाजी राव गायकवाड।

हिज होलीनेस—सज्ञा पु० [अ०] पोप तथा ईसाई मत के प्रधान आचार्यो के नाम के आगे लगनेवाली उपाधि।

विशेष—भारत मे भी लोग धर्माचार्यो के नाम के आगे यह उपाधि लगाने लग गए हैं। जैसे,—हिज होलीनेस स्वामी शकराचार्य।

हिजा—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ निंदा। अपकीर्ति। अपवाद। २ मात्राओ के साथ अक्षरो का स्पष्ट उच्चारण [को०]।

हिजाज—सज्ञा पु० [अ० हिजाज] १ अरब के एक भाग का नाम जिसमे मक्का और मदीना नामक नगर हैं। २ फारसी सगीत के १२ मुकामो मे से एक का नाम।

हिजाब—सज्ञा पु० [अ०] १ आड। ओट। परदा। २ शर्म। हया। लज्जा। ३ झिझक। सकोच।

मुहा०—हिजाब उठना = पर्दा हटना। शर्म न रह जाना।

हिजाबत—सज्ञा स्त्री० [अ०] ड्योढीदार या द्वारपाल का काम। दरबानी (को०)।

हिज्ज[1]—सज्ञा पु० [स०] दे० 'हिज्जल'।

हिज्ज[2]‡—सज्ञा पु० [फा० हीज] १ दे० 'हीजडा'। २ आलस्य। सुस्ती। विलब।

हिज्जल—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का पेड।

हिज्जे—सज्ञा पु० [अ० हिज्जह्] किसी शब्द मे आए हुए अक्षरो को अलग अलग मात्रा सहित कहना।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—हिज्जे निकालना = (१) टुकडे टुकडे करना। (२) अपत्ति करना। हिज्जे पकडना = अशुद्धि पकडना या गलती निकालना।

हिज्र—सज्ञा पु० [अ०] जुदाई। वियोग। विछोह। उ०—आवरू हिज्र बीच मरता था। मुख दिखाकर उसे जिलाया गया।—कविता को०, भा० ४, पृ० ११।

यौ०—हिज्रनसीब = जिसकी किस्मत मे प्रिय से वियोग ही वियोग हो।

हिज्री—सज्ञा स्त्री० [अ०] दे० 'हिजरी'।

हिटकना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'हटकना'।

हिडव—सज्ञा पु० [?] [स्त्री० हिडवी] भैंस। (डिं०)

हिडिंब—सज्ञा पु० [सं० हिडिम्ब] एक राक्षस का नाम जिसे भीम ने पाडवो के वनवास के समय मारा था।

यौ०—हिडिंबजित्, हिडिंबनिषूदन, हिडिंबभिद्, हिडिंबरिपु = हिडिंब राक्षस को मारनेवाले, भीम।

हिडिंबा—सज्ञा स्त्री० [स० हिडिम्बा] १ हिडिंब राक्षस की बहिन जो पाडवो के वनवास के समय भीम को देखकर मोहित हो गई थी और जिसके साथ, हिडिंब को मार चुकने पर, भीम ने विवाह किया था। इस विवाह से भीम को घटोत्कच नामक पुत्र उत्पन्न हुआ था। २ हनुमान की स्त्री (को०)।

यौ०—हिडिंबापति, हिडिंबारमण = (१) भीमसेन। (२) हनुमान।

हिडोर—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'हिंडोला'।

हिडोल, हिडोला—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'हिंडोला'। उ०—मुदित मनोभव खेल हिडोल।—विद्यापति, पृ० ३४०।

हित[1]—वि० [सं०] १ लाभदायक। उपकारी। फायदेमद। २ अनुकूल। मुवाफिक। ३ अच्छा व्यवहार करनेवाला। भलाई करने या चाहनेवाला। सद्भाव रखनेवाला। स्नेहपूर्ण। खैरख्वाह। उ०—मिली मातु, हित, मीत, गुरु सनमाने सब लोगु।—तुलसी ग्र०, पृ० ६१। ३ रखा हुआ। व्यवस्थित (को०)। ४ लिया हुआ। गृहीत। ५ जिसे प्रेरित किया गया हो। ६ भेजा हुआ। प्रेषित (को०)। ७ गया हुआ। ८ मागलिक। शुभद (को०)।

हित[2]—सज्ञा पु० १ लाभ। फायदा। २ कल्याण। मगल। भलाई। उपकार। बेहतरी। उ०—राम विमुख सुत तें हित हानी।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—हितकर। हितकारी।

३ अनुकूलता। मुवाफिकत। ४ स्वास्थ्य के लिये लाभ। तदुरुस्ती को फायदा। ५ प्रेम। स्नेह। अनुराग। उ०—हित करि श्याम सो कह पायो ?—सूर (शब्द०)। ६ मित्रता। खैरख्वाही। ७ भला चाहनेवाला आदमी। मित्र। ८ सबध। नाता। रिश्ता। ९ उचित, उपयुक्त या योग्य वस्तु। १० सबधी। नातेदार। रिश्तेदार।

हित[3]—अव्य० १ (किसी के) लाभ के हेतु। खातिर। प्रसन्नता के लिये। २ निमित्त हेतु। कारण। लिये। वास्ते। उ०—हरि हित हरहु चाप गरुवाई।—तुलसी (शब्द०)।

हितक—सज्ञा पु० [सं०] १ शिशु। बच्चा। बालक। २ किसी जानवर का बच्चा।

हितकर—वि० [सं०] १. भलाई करनेवाला। उपकार या कल्याण करनेवाला। २ लाभ पहुँचानेवाला। उपयोगी। फायदेमद। ३ शरीर को आराम या आरोग्यता देनेवाला। स्वास्थ्यकर।

हितकर्ता[1]—सज्ञा पु० [सं० हितकर्तृ] भलाई करनेवाला व्यक्ति।

हितकर्ता[२]—वि० हितकाम । हितेच्छु ।

हितकाक्षी—वि० [स० हितकाङ्क्षिन्] हित का काक्षी । हितेच्छु ।

हितकाम[१]—सज्ञा पु० [स०] भलाई की कामना या इच्छा । खैरखाही ।

हितकाम[२]—वि० भलाई चाहनेवाला । हितेच्छु ।

हितकामना, हितकाम्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] परहित की आकाक्षा । दूसरे के कल्याण की कामना [को०] ।

हितकारक—वि० सज्ञा पुं० [स०] १ भलाई करनेवाला । उपकार या कल्याण करनेवाला । २ लाभ पहुँचानेवाला । फायदेमद । ३ स्वास्थ्यकर ।

हितकारी—वि०, [स० हितकारिन्] [वि० स्त्री० हितकारिणी] १ हित या भलाई करनेवाला । उपकार या कल्याण करनेवाला । २ लाभ पहुँचानेवाला । फायदेमद । ३ स्वास्थ्यकर ।

हितकृत्—वि०, सज्ञा पु० [स०] दे० 'हितकारक' ।

हितचिंतक—सज्ञा पु० [स०हितचिन्तक] भला चाहनेवाला । खैरखाह ।

हितचिंतन—सज्ञा पुं० [स० हितचिन्तन] किसी की भलाई की कामना या इच्छा । उपकार की इच्छा । खैरखाही ।

हितता—सज्ञा स्त्री० [हिं० हित + ता (प्रत्य०)] भलाई । उपकार । उ०—स्वामी की सेवक हितता सब कछु निज साँइ द्रोहाई । मैं मति तुला तौलि देखी भइ मेरिहि दिसि गरुआई ।—तुलसी ग्र०, पृ० ५४४ ।

हितपथ्य—वि० [सं०] हितकर और स्वास्थ्यवर्धक ।

हितप्रणी—सज्ञा पुं० [स०] जासूस । गुप्तचर । भेदिया [को०] ।

हितप्रवृत्त—वि० [स०] उपकार या भलाई मे लगा हुआ [को०] ।

हितप्रेप्सु—वि० [स०] दे० 'हितकाम' [को०] ।

हितबुद्धि[१]—वि० [स०] कल्याणकामी । शुभेच्छु ।

हितबुद्धि[२]—हितकारक बुद्धि [को०] ।

हितमाती—वि० स्त्री० [सं० हित + मत्त] प्रेम मे दीवानी । उ०—मैं तो हितमाती अनुराग सो अथाती रवि, जानी नाहिं जाती राति साँझ की फजर की ।—नट०, पृ० ६९ ।

हितमित्र—सज्ञा पुं० [स०] १ हितकारक मित्र । हितू मित्र । २ बधु-बाधव । भाई बधु ।

हितवत—वि० [सं० हितवत् के कर्ताकारक का बहुवचन या हित + वान् (प्रत्य०)] हित करने या चाहनेवाला । उ०—निरजनहि निर्वान पद, कही तुम्ही हितवत ।—कबीर सा०, पृ० ८५२ ।

हितवचन—सज्ञा पुं० [सं०] भलाई का वचन । कल्याण का उपदेश । बेहतरी की सलाह ।

हितवना—क्रि० अ० [हिं० हित + औना] दे० 'हिताना' ।

हितवाक्य—सज्ञा पुं० [स०] हितकारक उपदेश या कथन [को०] ।

हितवाद—सज्ञा पु० [स०] मैत्रीपूर्ण कथन । हितवचन [को०] ।

हितवादी—वि० [सं० हितवादिन्] [वि० स्त्री० हितवादिनी] हित की बात कहनेवाला । बेहतरी की सलाह देनेवाला ।

हितवार—सज्ञा पुं० [स० हित ?] प्रेम । स्नेह । दुलार ।

हिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कुल्या । नाली । बरहा । २ एक विशेष प्रकार की रक्तवाहिनी नस या शिरा ।

यौ०—हिताभग ।

हिताई—सज्ञा स्त्री० [सं० हित + आई (प्रत्य०)] नाता । रिश्ता । सबध ।

हिताकाक्षी—वि० [सं० हिताकाङ्क्षिन] हित की आकाक्षा करनेवाला ।

हिताधायी—वि० [सं० हिताधायिन्] हित का आधान करनेवाला । हितकारी ।

हितान—सज्ञा पुं० [स० हित] भलाई । हित । लाभ । उ०—चली चिन्ह खानी हितान चितान ।—घट०, पृ० ३८६ ।

हिताना—क्रि० अ० [स० हित + आना (प्रत्य०)] १ हितकारी होना । अनुकूल होना । २ प्रेमयुक्त होना । उ०—बाँध्यो देखि श्याम को परवस गोपी परम हितानी ।—सूर (शब्द०) । ३ प्यारा लगना । अच्छा लगना । भाना । रुचिकर होना । उ०—ऐसे करम नाहिं प्रभु मेरे जाते तुमहिं हितैहौं ।—सूर (शब्द०) ।

हितान्वेषी—वि० [स० हितान्वेषिन्] हितेच्छु । हितार्थी [को०] ।

हितार्थी—वि० [सं० हितार्थिन] दूसरो का भला या कल्याण चाहनेवाला । हितेच्छु [को०] ।

हितावह—वि० [स०] जिससे भलाई हो । हितकारी । कल्याणकारी ।

हिताशसा—सज्ञा स्त्री० [स०] हित कहना । हित का कथन [को०] ।

हिताहित—सज्ञा पु० [सं०] भलाई बुराई । लाभ हानि । नफा नुकसान । उपकार और अपकार । जैसे,—जिसे अपने हिताहित का ध्यान नही, वह बावला है । उ०—निठुर नियति छल हो कि कर्म फल यह चिर अविदित, चख मदिरा रस, हँस रे पर वश, त्याग हिताहित ।—मधुज्वाल, पृ० २० ।

हिती—वि० [स० हित + हिं० ई (प्रत्य०)] १ हितू । भलाई चाहनेवाला । खैरख्वाह । २ मित्र । दोस्त । ३ बधुबाधव । सबधी । रिश्तेदार ।

हितु—सज्ञा पु० [सं० हित] दे० 'हित', 'हितू' । उ०—ये तौ उनही की अनुहारी । नहिं अचिरज हितु चाहिए भारी ।—नद० ग्र०, पृ० १२५ ।

हितुआ‡—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'हितू' ।

हितुव, हितुवा‡—सज्ञा पुं० [स० हित] दे० 'हितू' । उ०—हितुव जानि सोमेस पुनि, किन्नव सधि विचार ।—पृ० रासो, पृ० ५२ ।

हितू[१]—सज्ञा पुं० [सं० हित] १ भलाई करने या चाहनेवाला व्यक्ति । खैरखाह । दोस्त । उ०—सखि सब कौतुक देखनहारे । जेइ कहावत हितू हमारे ।—तुलसी (शब्द०) । २ सबधी । नातेदार । ३ सुहृद् । स्नेही ।

हितू[२]—सज्ञा स्त्री० [स० हित] सखी । उ०—बयसा सैरिंधी सखी हितू सहचरी आही ।—अनेकार्थ०, पृ० २५५ ।

हितेच्छा—सज्ञा स्त्री० [स०] भलाई की चाह । खैरखाही । उपकार का ध्यान ।

हितेच्छु—वि० [सं०] भला चाहनेवाला । शुभेच्छु । खैरखाह । कल्याण मनानेवाला ।

हितैषणा—सज्ञा स्त्री० [स०] शुभेच्छा। हितेच्छा (को०)।

हितैषिता—सज्ञा स्त्री० [स०] भलाई चाहने की वृत्ति। खैरखाही।

हितैषी[1]—वि० [स० हितैषिन्] [वि० स्त्री० हितैषिणी] भला चाहनेवाला। खैरखाह। कल्याण मनानेवाला।

हितैषी[2]—सज्ञा पु० दोस्त। मित्र। सुहृद्।

हितोक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] हित के वचन। भलाई का उपदेश। कल्याणकारी उपदेश। नेक सलाह।

हितोपदेश—स० पुं० [सं०] १ भलाई का उपदेश। नेक सलाह। २ विष्णुशर्मा रचित सस्कृत का एक प्रसिद्ध ग्रथ जिसमे व्यवहार-नीति की शिक्षा को लिए हुए उपदेश और कहानियाँ ह।

हितौना ⓤ†—क्रि० अ० [हिं० हितवना] दे० 'हितावना'

हित्त ⓤ—सज्ञा पु० [स० हित] दे० 'हित'। उ०—देह निकट तेरे पडी, जीव अमर है नित्त। दुइ मे मूवा कौन सा, का सूँ तेरा हित्त।—सतवाणी०, पृ० १५७।

हित्र ⓤ—सज्ञा पु० [स० हित] दे० 'हितू'। उ०—पाहन ह्वै ह्वै सब गए, बिन भितियन के चित्र। जासो कियो मिताइया, सो धन भया न हित्र।—कबीर बी० (शिशु०), पृ० २१५।

हिदायत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ पथप्रदर्शन। रास्ता दिखाना। २ सीख। शिक्षा। ३ अधिकारी का आदेश। निर्देश। हुक्म।

यौ०—हिदायतनामा = नियमो, निर्देशो की पुस्तक।

हिदै ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० हृदय, प्रा० हिदै] दे० 'हृदय'। उ०—तबै कोपि कै दुष्ट उछ्छग लीनौ। हिदै फारि तत्काल सो डारि दीनौ।—पृ० रा०, २। १८८।

हिद्दत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ उग्रता। तीव्रता। तेजी। २ उष्णता। गरमी। हरारत (को०)। ३ क्रोध। गुस्सा।

हिनक्कना ⓤ—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'हिनकना'। उ०—भिनकेति पग्ग हिनक्केति ताजी। मिल भूप भूप महावीर गाजी।—पृ० रा०, ८।४१।

हिनकाना—क्रि० अ० [अनु० हिनहिन+करना] घोडे का बोलना। हिनहिनाना।

हिनती ⓤ‡—सज्ञा स्त्री० [सं० हीनता] हीनता। तुच्छता। छोटापन।

हिनवाना—सज्ञा पुं० [फा० हिंदुआनह् > हिंदुआना] दे० 'हिंदवाना'।

हिनहिनाना—क्रि० अ० [अनु० हिन हिन] घोड का बोलना। हीसना।

हिनहिनाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिनहिनाना] घोडे के हीसने की आवाज। घोडे की बोली।

हिना—सज्ञा स्त्री० [अ०] मेहदी। उ०—उसके कदमो से लगी रहती है दिन रात हिना। खूब दुनिया मे बसर करती है औकात हिना।—क० कौ०, भा० ४, पृ० ४२।

यौ०—हिना का चोर = हथेली का वह अश जहाँ मेहदी न लगी हो। हिनाबद = मेहदी लगानेवाला।

हिनाई[1]—वि० [अ० हिना+आई (प्रत्य०)] मेंहदी के रग का। हिना के रग का।

यौ०—हिनाई कागज = एक प्रकार का कागज।

हिनाई[2]—सज्ञा पुं० पीलापन लिए हुए सुर्ख रग।

हिनाई[3]—सज्ञा स्त्री० [स० हीन] क्षुद्रता। हीनता। लघुता। (को०)।

हिनाबदी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ मेंहदी लगाना। २ मुसलमानो मे विवाह के समय की एक रस्म (को०)।

हिपोक्रिट—सज्ञा पुं० [अ०] १ कपटी। मक्कार। २ पाखडी।

हिपोक्रिसी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ छल। कपट। फरेब। मक्कारी। २ पाखड।

हिप्नोटिज्म—सज्ञा पुं० [अ० हिप्नॉटिज्म] समोहन विद्या। उ०—हिप्नोटिज्म के विशेषज्ञ अपनी मोहनविद्या के आशु प्रभाव के लिये अपने पात्र की ऐसी ही अवस्था की प्रतीक्षा किया करते है। सन्यासी, पृ० ५२।

हिफाजत—सज्ञा स्त्री० [अ० हिफाज़त] १ किसी की वस्तु को इस प्रकार रखना कि वह नष्ट होने या बिगडने न पावे। रक्षा। जैसे,—इस चीज को हिफाजत से रखना। २ बचाव। देखरेख। खबरदारी। सावधानी। जैसे,—वहाँ लडको की हिफाजत कौन करेगा।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।

यौ०—हिफाजते खुदइख्तियारी = आत्मरक्षा। हिफाजते जानोमाल = आत्मरक्षा और धन की रक्षा। जीवन और सपत्ति की रक्षा।

हिफाजती—वि० [अ० हिफाज़ती] जो रक्षा के लिये हो। जिससे सुरक्षा हो। हिफाजत करनेवाला (को०)।

हिफ्ज—सज्ञा पु० [अ० हिफ्ज़] १ हिफाजत। रक्षा। २ कठस्थ या मुखाग्र होना। (को०)।

हिबा—सज्ञा पुं० [अ० हिबह्] दे० 'हिब्बा'।

यौ०—हिबा कुनिंदा = दान करने या इनाम देनेवाला।

हिबुक—सज्ञा पुं० [स०] जन्मकुडली मे लग्न से चौथा स्थान या भवन। पाताल (को०)।

हिब्बा—सज्ञा पुं० [अ० हिब्बह्] १ दाना। २ दो जौ की एक तौल।

मुहा०—हिब्बा भर = जरा सा। थोडा।

३ दान। उ०—फिर अपना सारा कारोबार उन्हें सौंपा और कुछ दिनो के उपरात यह गाँव उन्ही के नाम हिब्बा कर दिया।—मान०, भा० ५, पृ० २६४। ४ पारितोषिक। पुरस्कार (को०)।

यौ०—हिब्बानामा।

हिब्बानामा—सज्ञा पु० [अ० हिब्बह्+फा० नामह्] दानपत्र।

हिमचल ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० हिमाचल] दे० 'हिमाचल'। उ०—(क) साथ सखी के नई दूलही को भयो हरि कौ हियो हेरि हिमच्चल।—मतिराम ग्र०, पृ० २७७। (ख) हिमचल राह सती अवतरिया। गण दीन्ह नाम पारवती धरिया।—कबीर सा०, पृ० ३३।

हिमत ⓤ‡—सज्ञा पु० [स० हेमन्त] दे० 'हेमत'। उ०—खुली न कठिन समाधि ऋषि, चली हिमत सुहारि। सिसिर परस मन बरनि करि, उठी सुकाँम जुहारि।—ह० रासो, पृ० २२।

हिम[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पाला। वर्फ। जल का वह ठोस रूप जो सरदी से जमने के कारण होता है। तुपार। उ०—(क) कानन् कठिन भयकरु भारी। घोर घामु हिम वारि वयारी।—मानस, २।६२। (ख) ऊपर हिम था नीचे जल था। —कामायनी, पृ० २। २ जाडा। ठढ। ३ जाडे की ऋतु। ४ चद्रमा। ५ चदन। ६ कपूर। ७ राँगा। ८ मोती। ९ ताजा मक्खन। १० कमल। ११ पृथ्वी के विभागो या वर्षो मे से एक। १२ वह दवा जो रात भर ठढे पानी मे भिगोकर सबेरे मलकर छान ली जाय। ठढा क्वाथ या काढा। खेशाँदा। १३ हिमवान्। हिमालय (को०)। १४ रजनी। निशा। रात्रि (को०)। १५ एक वृक्ष। पद्मकाष्ठ। पद्माख। विशेष दे० 'पदम'[2]।

हिम[2]—वि० १ ठढा। सर्द। २ तुपार या पाला से भरा हुआ [को०]।

हिम(यु)[1]—सज्ञा पुं० [सं० हेम] दे० 'हेम'। उ०—राजा मन मोदित भयो, धीरज धर्म निधान। पच कोटि मँगवाइ हिम, दिय विप्रन कहँ दान।—प० रासो, पृ० १९।

हिमउपल—सज्ञा पुं० [सं०] ओला। पत्थर। जमा हुआ मेह। उ०—जिमि हिम उपल कृपी दलि गरही।—तुलसी (शब्द०)।

हिमऋतु—सज्ञा स्त्री० [सं०] जाडे का मौसम। हेमत ऋतु।

हिमक—सज्ञा पु० [स०] तालीशपत्र।

हिमकण—सज्ञा पुं० [सं०] वर्फ या पाले के महीन टुकडे।

हिमकणिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] वर्फ की छोटी कनी। उ०—वन की एक एक हिमकणिका जैसी सरस और शुचि है। क्या सौ सौ नागरिक जनो की वैसी विमल रम्य रुचि है?—पचवटी, पृ० ९।

हिमकर[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ चद्रमा। हिमाशु। उ०—सीय वदन सम हिमकर नाही।—मानस, १।२३७। २ कपूर।

यौ०—हिमकरतनय, हिमकरसुत = बुध ग्रह का नाम।

हिमकर[2]—वि० शीतप्रदायक। ठढ लानेवाला।

हिमकरधर(यु)—सज्ञा पु० [सं०] चद्रधर। शिव। उ०—सो सभो सूलिन सिव सकर। हर हिमकरधर उग्र भयकर।—नद० ग्र०, पृ० १५४।

हिमकिरण—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा।

हिमकूट—सज्ञा पुं० [स०] १ शीतकाल। ठढक का मौसम। शिशिर ऋतु। २ हिमालय पर्वत। ३ हिमालय का कूट। हिमालय की चोटी [को०]।

हिमखड—सज्ञा पुं० [स० हिमखण्ड] १ हिमालय पहाड। २ ओला। वनौरी। पत्थर (को०)।

हिमगर(यु)—सज्ञा पुं० [स० हिम + हिं० गर (प्रत्य०)] पाला। हिम। दे० 'हिंवार'। उ०—जीवजल हिमगर होत है सकत सीत कै सग। सो पखान पानी वह्या गुरु गीषम कै अग।—रज्जव०, पृ० १६।

हिमगर्भ—वि० [स०] वर्फ से परिपूर्ण।

हिमगिरि—सज्ञा पुं० [सं०] हिमालय पर्वत। उ०—(क) तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमी पारवती तनु पाई।—मानस, १।६५। (ख) हिमगिरि के उत्तुग शिखर पर।—कामायनी, पृ० १।

यौ०—हिमगिरिसुता = पार्वती।

हिमगु—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

हिमगृह—सज्ञा पुं० [स०] वह घर या कोठरी जो वहुत ठढी हो और जिसमे ठढक के सामान इकट्ठे हो। सर्दखाना।

हिमगृहक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हिमगृह'।

हिमगौर—वि० [स०] हिम के समान श्वेत। वर्फ की तरह सफेद [को०]।

हिमघ्न—वि० [स०] जिससे शीत दूर हो। ठढक या हिम को दूर करनेवाला [को०]।

हिमज[1]—वि० [सं०] १ वर्फ मे होनेवाला। २ हिमालय मे होनेवाला। ३ हिमालय से उत्पन्न।

हिमज[2]—सज्ञा पुं० मैनाक पर्वत।

हिमजा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ खिरनी का पेड। २ यवनाल से निकली हुई चीनी। ३ पार्वती।

हिमज्वर—सज्ञा पु० [सं०] जाडा देकर आनेवाला वुखार। जडैया। विशेष दे० 'जूडी' [को०]।

हिमझटि—सज्ञा स्त्री० [सं० हिमझण्टि] दे० 'हिमझटि'।

हिमझटि—सज्ञा स्त्री० [सं०] पाला। कोहरा [को०]।

हिमति(यु)—सज्ञा स्त्री० [अ० हिम्मत] दे० 'हिम्मत'। उ०—हजरति हिमति न छाडिये, धरिये मन मैं धीर।—ह० रासो, पृ० १०६।

हिमतैल—सज्ञा पुं० [सं०] कपूर देकर वनाया हुआ तेल।

हिमदीधिति—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा।

हिमदुग्धा—सज्ञा स्त्री० [सं०] खिरनी। क्षीरिणी।

हिमदुर्दिन—सज्ञा पु० [सं०] ठढक का मौसम। ठढक का बुरा मौसम [को०]।

हिमद्युति—सज्ञा पु० [स०] चद्रमा [को०]।

हिमद्रुट्—सज्ञा पुं० [स० हिमद्रुह्] सूर्य [को०]।

हिमद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] वकायन का पेड।

हिमधर—सज्ञा पुं० [सं०] हिमालय [को०]।

हिमधातु—सज्ञा पुं० [स०] हिमालय [को०]।

हिमधामा—सज्ञा पु० [सं० हिमधामन्] चद्रमा [को०]।

हिमध्वस्त—वि० [सं०] पाले से नष्ट किया हुआ। पाला मारा हुआ [को०]।

हिमपात—सज्ञा पुं० [स०] पाला पडना। वर्फ गिरना।

हिमप्रस्थ—सज्ञा पु० [सं०] हिमालय पहाड।

हिमवारि(यु)—सज्ञा पु० [सं० हिमवारि] १ दे० 'हिमवारि'। २ वह जो अत्यत शीतल हो। उ०—घोर घामु हिमवारि वयारी। —मानस, २।६२।

हिमवालुक—सज्ञा पुं० [सं०] कपूर [को०]।

हिमभानु—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

हिमभूधर—सज्ञा पुं० [स० हिम + भूधर] हिमाचल। हिमालय। उ०—जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हें। उचित वास हिमभूधर दीन्हें।—मानस १।६५।

हिमभूभृत्—सज्ञा पु० [स०] हिमभूधर। हिमालय।

हिममयूख—सज्ञा पु० [सं०] चद्रमा।

हिमयुक्त—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा।

हिमरश्मि—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा।

हिमरितु(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० हिमऋतु] हेमत ऋतु। जाडे का मौसम। अगहन और पूस का महीना। उ०—मगल मूल लगनु दिन आवा। हिमरितु अगहनु मास सुहावा।—मानस, १।३१२।

हिमरुचि—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

हिमरोम—सज्ञा पुं० [स० हिम+रोम] चद्रमा। उ०—इदु कलानिधि सुधानिधि, जैवात्रिक ससि सोम। अब्ज अमीकर, छपाकर, विधु कहियत हिमरोम।—नद० ग्र०, पृ० ८८।

हिमर्तु—सज्ञा स्त्री० [स०] हिम ऋतु। जाडे का मौसिम।

हिमवत(पु)[1]—सज्ञा पुं० [सं० हिमवत् शब्द के कर्ता कारक का बहु व०] हिमालय। उ०—बहुरि मुनिन्ह हिमवत कहु लगन गुनाई आइ। समय विलोकि विबाह कर पठए देव बोलाइ।—मानस, १।९९।

हिमवत(पु)[2]—सज्ञा पुं० [सं० हेमन्त] वह ऋतु जिसमे शीत या ठढ का आधिक्य हो। हेमत ऋतु। हिम ऋतु। उ०—(क) हिमवत कत मुक्कै न प्रिय पिया पन्न पामिनि परपि।—पृ० रा०, ६१।५२। (ख) हिमवत कत सुग्रह ग्रहति हहकरत फट्टै हियौ।—पृ० रा०, ६१।५३।

हिमवत[1]—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हिमवान्'।

हिमवत(पु)[2]—सज्ञा पुं० [सं० हिमवत्] दे० 'हिमवान्'। उ०—सो सोहति अस बैस कुमारी। हिमगिरिवर जनु हिमवत वारी।—नद-ग्र०, पृ० १२०।

हिमवत्कुक्षि—सज्ञा स्त्री० [सं०] हिमालय की कदरा या गुहा [को०]।

हिमवत्खड—सज्ञा पुं० [सं० हिमवत्खण्ड] स्कद पुराण के एक खट या विभाग का नाम।

हिमवत्पुर—सज्ञा पुं० [स०] हिमालय की नगरी। ओषधिप्रस्थ नगर जो हिमवान् की राजधानी है [को०]।

हिमवत्प्रभव—वि० [सं०] हिमालय मे उत्पन्न। हिमालय से उत्पन्न [को०]।

हिमवत्सुत—सज्ञा पुं० [सं०] मैनाक पर्वत।

हिमवत्सुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पार्वती। २ गगा।

हिमवल—सज्ञा पुं० [सं०] मोती।

हिमवान[1]—वि० [सं० हिमवत्] [वि० स्त्री० हिमवती] बर्फवाला। जिसमे बर्फ या पाला हो।

हिमवान[2]—सज्ञा पुं० १ हिमालय पहाड। उ०—गुननिधान हिमवान धरनिधर धुर धनि।—तुलसी ग्र०, पृ० २९। २ कैलाश पवत। ३ चद्रमा। उ०—पावक पवन पानी भानु हिमवान जम, काल लोकपाल मेरे डर डाँवाडोल है।—तुलसी (शब्द०)।

हिमवारि—सज्ञा पु० [सं०] हिम का पानी। बर्फ के कारण अत्यत शीतल पानी।

हिमवालुक—सज्ञा पुं० [सं०] कर्पूर। कपूर [को०]।

हिमवालुका—सज्ञा स्त्री० [सं०] कपूर।

हिमवृष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पाला पडना। २ ओले या बर्फ गिरना। बर्फ पडना [को०]।

हिमशर्करा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की चीनी जो यवनाल से निकाली जाती है।

हिमशिखरी—सज्ञा पुं० [सं० हिमशिखरिन्] हिमालय पर्वत [को०]।

हिमशीतल—वि० [सं०] १ बर्फ की तरह शीतल। अत्यत ठढा। जिसका प्रभाव तरल पदार्थ को जमा देनेवाला हो। जैसे, जाडा, शीत [को०]।

हिमशुभ्र—वि० [सं०] हिम की तरह शुभ्र या श्वेत [को०]।

हिमशैल—सज्ञा पुं० [सं०] हिमालय पहाड।

हिमशैलजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पार्वती।

हिमश्रय—सज्ञा पुं० [सं०] १ चद्रमा। २ बर्फ का पिघलना [को०]।

हिमश्रयन—सज्ञा पुं० [सं०] बर्फ पिघलना [को०]।

हिमसघात—सज्ञा पुं० [सं० हिमसङ्घात] दे० 'हिमसहति'।

हिमसहति—सज्ञा स्त्री० [सं०] हिम का समूह। बर्फ की ढेरी [को०]।

हिमसर—सज्ञा पुं० [स० हिमसरस्] शीतल जल। ठढा पानी [को०]।

हिमसुत—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

हिमहानकृत्—सज्ञा पुं० [सं०] कृशानु। पावक। अग्नि [को०]।

हिमहासुक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का खजूर। हिताल।

हिमाक—सज्ञा पुं० [सं० हिमाक्ष] कपूर।

हिमात—सज्ञा पुं० [सं० हिमान्त] शीत ऋतु का अत। हिमऋतु की समाप्ति [को०]।

हिमाबु—सज्ञा पुं० [सं० हिमाम्बु] १ शीतल जल। ठढा पानी। २ अवश्याय। ओस [को०]।

हिमाभ—सज्ञा पुं० [सं० हिमाम्भस्] दे० 'हिमाबु'।

हिमाशु—सज्ञा पुं० [स०] १ चद्रमा। २ कपूर।

हिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ शीतऋतु। ठढ का मौसम। जाडा २ छोटी इलाइची। ३ एक प्रकार की घास। चणिका। ४ दुर्गा। पार्वती। ५ नागरमोथा। भद्रमुस्तक। ६ अमरवर्ग। पृक्का [को०]।

हिमाकत—सज्ञा स्त्री० [अ० हिमाकत] नासमझी। बेवकूफी। मूर्खता। उ०—आँखो मे हिमाकत का कँवल जब से खिला है। आते हैं नजर कूचओ बाजार बसती।—भारतेदु ग्र०, भा० २, पृ० ७९२।

हिमाम—सज्ञा पुं० [सं०] हेमत ऋतु। जाडे का मौसम।

हिमाचल—सज्ञा पुं० [सं०] हिमालय पहाड।

हिमाच्छन्न—वि० [स०] बर्फ से ढका हुआ।

हिमात्यय—सज्ञा पुं० [स०] जाडे की समाप्ति [को०]।

हिमाद्रि—सज्ञा पुं० [सं०] हिमालय पहाड। उ०—हिमाद्रि तुग शृग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती।

हिमाद्रिजा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हिमालय की पुत्री। पार्वती। २ गगा का एक नाम [को०]।

हिमाद्रितनया—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'हिमाद्रिजा'।

हिमानद्ध—वि० [सं०] हिम के कारण जडीभूत अथवा वर्फ से जमा हुआ [को०]।

हिमानिल—सज्ञा पुं० [स०] ठढी हवा। वर्फीली हवा [को०]।

हिमानी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वर्फ का ढेर। घना तुषार। पाले का समूह। उ०—मृत्यु अरी चिरनिद्रे तेरा, अक हिमानी सा शीतल।—कामायनी, पृ० १८। २ पार्वती। उ०—भवा, भवानी, मृडा, मृडानी। काली कात्याइनी, हिमानी।—नद० ग्र०, पृ० २२४। ३ एक प्रकार की शर्करा जो यवनाल से निकाली जाती है। हिमशर्करा।

यौ०—हिमानीविशद, हिमानीशुभ्र = हिमसीकर या तुषार की तरह श्वेत वर्ण का।

हिमापह—सज्ञा स्त्री०[स०] वह जिससे शीत दूर हो, अग्नि। आग [को०]।

हिमाब्ज—सज्ञा पुं० [सं०] कमल। नील कमल।

हिमाभ—वि० [स०] हिम की तरह श्वेत वर्ण का [को०]।

हिमाभ्र—सज्ञा पुं० [स०] कपूर।

हिमाम(५)—सज्ञा पुं० [अ० हम्माम] दे० 'हम्माम', 'हमाम'। उ०—मोही सो किन भेटि लै जौ लौं मिली न बाम। सीतभीत तेरो हियो मेरो हियो हिमाम।—पद्माकर ग्र०, पृ० १६१।

हिमामदस्ता—सज्ञा पुं० [फा० हावनदस्तह] खरल और बट्टा।

हिमायत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ रक्षा। अभिभावकता। सरक्षा। २ तरफदारी। पक्षपात। ३ मडन। समर्थन।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हिमायतगर—वि० [फा०] दे० 'हिम्मती' [को०]।

हिमायती—वि० [फा०] १. पक्ष करनेवाला। पक्ष लेनेवाला। समर्थन करनेवाला। मडन करनेवाला। २ तरफदार। सहायता करनेवाला। मददगार।

हिमारा—सज्ञा पुं० [अ०] [स्त्री० हिमारा] गर्दभ। गधा। रासभ [को०]।

हिमारांति—सज्ञा पु० [सं०] १ अग्नि। आग। २ सूर्य। ३ चित्रक वृक्ष। चीता। ४ आक। मदार।

हिमारि—सज्ञा पुं० [सं०] अनल। अग्नि। आग [को०]।

यौ०—हिमारिरिपु, हिमारिशत्रु = जो हिम के अरि अर्थात् अग्नि का शत्रु हो। जल।

हिमारुण—वि० [स०] तुषार या पाले के कारण जो भूरे रग का हो गया हो।

हिमार्त—वि० [स०] १ हिम से पीडित या कांपता हुआ। २. पाले से जमा हुआ या ठिठुरा हुआ [को०]।

हिमाल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हिमालय' [को०]।

हिमालय—सज्ञा पुं० [सं०] १ भारतवर्ष की उत्तरी सीमा पर बराबर फैला हुआ एक बहुत बडा और ऊँचा पहाड जो ससार के सब पर्वतो से बडा है।

विशेष—इसकी ऊँची ऊँची चोटियाँ सदा बर्फ से ढकी रहती हैं और सबसे ऊँची चोटी २९,००२ फुट ऊँची है। यह ससार की सबसे ऊँची चोटी मानी गई है। उत्तर भारत की सबसे बडी नदियाँ इसी पर्वतराज से निकली हैं। पुराणो मे यह पर्वत मेना या मेनका का पति और पार्वती का पिता माना गया है। गगा भी इसकी बडी पुत्री कही गई हैं।

यौ०—हिमालयकन्या, हिमालयपुत्री, हिमालयसुता = दे० 'हिमाद्रिजा'।

२ श्वेत खदिर का वृक्ष। सफेद खैर का पेड।

हिमालया—सज्ञा स्त्री० [स०] भुइँ आँवला। भूम्यामलकी [को०]।

हिमावती—सज्ञा स्त्री० [स०] सत्यानाशी। स्वर्णक्षीरी [को०]।

हिमाविल—वि० [स०] हिम से आच्छन्न। वर्फ से ढँका हुआ। हिमाच्छादित [को०]।

हिमाश्रया—सज्ञा स्त्री० [स०] पीली जीवती। स्वर्ण जीवतिका [को०]।

हिमाहति—सज्ञा स्त्री० [स०] तुषारपात। हिमपात [को०]।

हिमाह्व—सज्ञा पुं० [सं०] १ कपूर। कर्पूर। २ जबू द्वीप के एक वर्ष या खड का नाम।

हिमाह्वय—सज्ञा पुं०[स०] १ कपूर। कर्पूर। २ कमल। पकज (को०)।

हिमि(५)—सज्ञा पुं० [स० हिम] दे० 'हिम'।

हिमिका—सज्ञा स्त्री० [स०] तुषार। पाला [को०]।

हिमित—वि० [सं०] जो हिम या वर्फ के रूप मे परिणत हो [को०]।

हिमेलु—वि० [स०] ठढ से पीडित या आर्त। शीत से सिकुडा हुआ। हिमार्त [को०]।

हिमेश—सज्ञा पुं० [सं०] हिमालय।

हिमोत्तरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की पीली दाख। कपिलवर्ण का अगूर।

हिमोसन्ना—सज्ञा स्त्री० [स०] हिमानी। दे० 'हिमशर्करा' [को०]।

हिमोद्भवा—सज्ञा पुं० [सं०] १ कचूर। आमाहलदी। २ क्षीरिणी[को०]।

हिमोस्र—सज्ञा स्त्री० [स०] चद्रमा [को०]।

हिम्न—सज्ञा पुं० [स०] बुध ग्रह। बुद्ध नाम का ग्रह।

हिम्मत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कोई कठिन या कष्टसाध्य कर्म करने की मानसिक दृढता या बल। साहस। जिगरा। करेजा। हिम्मत। २ बहादुरी। पराक्रम।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—हिम्मत टूटना = दे० 'हिम्मत हारना'। उ०—हिम्मत टट गई सोचते थे कि अगर इस बीमारी से बच भी गए तो नतीजा क्या होगा।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ११६। हिम्मत पडना = साहस होना। हिम्मत हारना = साहस छोडना। उत्साह न रहना। उ०—हिम्मत न हारिए बिसारिए न हरिनाम, जाही विधि राखे प्रभु ताही विधि रहिए।

हिम्मतवर—वि० [फा०] हिम्मतवाला। हिम्मती। साहसी [को०]।

हिम्मती—वि० [फा०] १ हिम्मतवाला। साहसी। दृढ। २ पराक्रमी। बहादुर।

हिम्य—वि० [स०] १ वर्फीला। वर्फ से युक्त। २ ठढा। हिम से जमा हुआ या आवृत [को०]।

हिय—सज्ञा पुं० [स० हृदय, प्रा० हिअ] १ हृदय। मन। उ०—चले भाँट, हिय हरष न थोरा।—तुलसी (शब्द०)। २ छाती। वक्षस्थल। दे० 'हिया'।

मुहा०—हिय हारना = हिम्मत छोडना। साहस न रखना। उ०—तेहि कारन आवत हिय हारे। कामी काक बलाक बेचारे।—तुलसी (शब्द०)।

हियडा Ⓤ†—सज्ञा पुं० [सं० हृत् या हृदय, प्रा० हिअ, हिं० हिय + डा (प्रत्य०)] दे० 'हियरा'। उ०—प्रीतम तोरइ कारणइ, ताता भात न खाहि। हियडा भीतर प्रिय वसइ, दाझणती डरपाहि।—ढोला०, दू० १६०।

हियरा—सज्ञा पुं० [हिं० हिय + रा (स्वार्थिक प्रत्य०)] १ हृदय। मन। उ०—(क) आंसु वरषि हियरे हरषि, सीता सुखद सुभाय। निरखि निरखि पिय मुद्रिकहि वरनति है बहु भाय।—केशव (शब्द०)। (ख) नैसुक हेरि हर्‌यो हियरा मनमोहन मेरो अचानक ही।—(शब्द०)। २ छाती। वक्षस्थल। उ०—हियरा लगि भामिनि सोइ रही।—लक्ष्मण० (शब्द०)।

हियाँ†—अव्य० [हिं० यहाँ, इहाँ] दे० 'यहाँ'।

हिया—सज्ञा पुं० [सं० हृदय, प्रा० हिअअ] १ हृदय। मन। उ०—(क) अब धौं बिनु प्रानप्रिया रहिहैं कहि कौन हितू अवलब हिये।—केशव (शब्द०)। (ख) साथ सखी के नई दुलही को भयो हरि को हियो हेरि हिमचल। आय गए मतिराम तहाँ घरु जानि इकत अनद ते चचल।—मति० ग्र०, पृ० २७७। २ छाती। वक्षस्थल। उ०—(क) वनमाल हिये अरु विप्रलात।—केशव (शब्द०)। (ख) हिया थार, कुच कचन लाडू।—जायसी। (शब्द०)।

मुहा०—हिये का अधा = अज्ञान। मूर्ख। हिये की फूटना = ज्ञान न रहना। अज्ञान रहना। बुद्धि न होना। हिया शीतल या ठढा होना = मन मे सुख शाति होना। मन तृप्त और आनदित होना। हिया जलना = अत्यत क्रोध मे होना। उ०—क्रूर कुठार निहारि तजै फल ताकि यहै जो हियो जरई।—केशव (शब्द०)। हिये लगना = गले से लगना। छाती से लगना। आलिगन करना। उ०—क्यो हठि मान गहै सजनी उठि वेगि गोपाल हिये किन लागै?—शकर (शब्द०)। हिये मे लोन सा लगना = बहुत बुरा लगना। अत्यत अरुचिकर होना। उ०—सुनत रूखि भई रानी, हिये लोन अस लाग।—जायसी (शब्द०)। हिये पर पत्थर धरना = दे० 'कलेजे पर पत्थर धरना'। हिया फटना = कलेजा फटना। अत्यत शोक या दु ख होना। हिया भर आना = कलेजा भर आना। शोक या दु ख का हृदय मे अत्यत वेग होना। हिया भर लेना = दु ख से लबी साँस लेना। विशेष दे० मुहा० 'जी' और 'कलेजा'।

हियाव—सज्ञा पुं० [हिं० हिय + आव (भाव० प्रत्य०)] कोई कठिन काम करने की मानसिक दृढता। साहस। हिम्मत। जीवट। उ०—भौर जो मनमा मानगर लीन्ह कँवलरस जाय। घुन जो हियाव न कै सका भूर काठ तस खाय।—जायसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—हियाव गुजना = (१) मानसिक दृढता आना। साहस हो आना। हिम्मत बँधना। (२) सकोच, झिझक या भय न रहना। धडक खुलना। हियाव पडना = हिम्मत होना। साहस होना।

हिरगु—सज्ञा पुं० [सं० हिरङ्गु] राहु ग्रह।

हिरवर Ⓤ—वि० [देश०] निर्विकार। विकाररहित। शुद्ध। उ०—जो हीरा घन गहै घनेरा। होय हिरवर बहुरि न फेरा।—दरिया० बानी, पृ० ५।

हिरमर Ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० हृदम्बर (=हृदयाकाश) या देश०] हृदयरूपी आकाश। विकाररहित हृदय। उ०—हीरा तौ हमा भए पछी सकल सरीर। सत्त नाम के जान के भया हिरमर धीर।—सत० दरिया, पृ० ८५।

हिर—सज्ञा पुं० [सं०] कपडे आदि की पट्टी या मेखला।

हिरकना Ⓤ†—क्रि० अ० [सं० हिरक् (=समीप)] १ पास होना। निकट जाना। २ इतने समीप होना कि स्पर्श हो। सटना। भिडना। जैसे,—हिरककर बैठना। ३ (बच्चों या पशुओं आदि का) परचना।

सयो० क्रि०—जाना।

हिरकाना Ⓤ†—क्रि० स० [हिं० हिरकना] १ पास करना। नजदीक ले जाना। २ इतने समीप ले जाना कि स्पर्श हो जाय। सटाना। भिडाना। ३ (पशुओं या बच्चों आदि को) परचाना।

सयो० क्रि०—देना।

हिरगूनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हीरा + गून (=सूत)] एक प्रकार की बढिया कपास जो सिंध मे होती है।

हिरण¹—सज्ञा पुं० [स०] १ सोना। स्वर्ण। २ शुक्र। वीर्य। ३ कौडी। कपर्दिका।

हिरण Ⓤ‡²—सज्ञा पुं० [सं० हरिण] दे० 'हिरन', 'हरिण'।

हिरणाखी—वि० [सं० हरिणाक्षी] मृगनयनी। हरिणाक्षी। उ०—हिरणाखी हसिनइ वहइ, परउं दिसाउर एक।—ढोला०, दू० २२१।

हिरण्मय¹—वि० [सं०] १ सुनहरा। स्वर्णिम। २ सोने का बना हुआ। स्वर्णनिर्मित।

हिरण्मय²—सज्ञा पुं० १ हिरण्यगर्भ। ब्रह्मा। २ एक ऋषि का नाम। ३ जबू द्वीप के नौ खडो या वर्षों मे से एक जो श्वेत और शृगवान् पर्वतो के बीच कहा गया है। ४ भागवत के अनुसार उक्त खड या वर्ष का शासक, अग्नीध्र का पुत्र।

हिरण्मय कोश—सज्ञा पुं० [सं०] आत्मा के सात आवरणो मे से अतिम आवरण।

हिरण्य¹—सज्ञा पुं० [स०] १ सोना। स्वर्ण। २ वीर्य। शुक्र। ३ कौडी। ४ एक मान या तौल। ५ धतूरा। ६ हिरण्मय नामक वर्ष

या खड । ७ एक दैत्य । ८ नित्य वस्तु या तत्व । ९ ज्ञान । १० ज्योति । तेज । प्रकाश । ११ अमृत । १२ स्वर्णपात्र । सोने का बर्तन । (को०) १३ रजत । चाँदी (को०) । १४ कोई मूल्यवान् धातु (को०) । १५ भावप्रकाश के अनुसार एक प्रकार का गुग्गुल (को०) । १६. मरुत् । १७ धन । सपत्ति (को०) । १८ अग्नीध्र का एक पुत्र (को०) ।

हिरण्य[2]—वि० हिरण्यनिर्मित । स्वर्णनिर्मित ।

हिरण्यकठ—वि० [स० हिरण्यकण्ठ] जिसका कठ स्वर्णिम हो [को०] ।

हिरण्यक—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ण की आकाक्षा या मनोरथ [को०] ।

हिरण्यकक्ष वि० [स०] सोने की मेखला पहननेवाला । जो सोने का कमरबद पहने हुए हो [को०] ।

हिरण्यकर्ता—सज्ञा पुं० [सं० हिरण्यकर्तृ] स्वर्णकार । सुनार [को०] ।

हिरण्यकवच[1]—सज्ञा पुं० [स०] शिव का एक नाम ।

हिरण्यकवच[2]—वि० स्वर्णनिर्मित कवचवाला [को०] ।

हिरण्यकशिपु[1]—वि० [स०] सोने के तकिए या गद्दीवाला ।

हिरण्यकशिपु[2]—सज्ञा पुं० एक प्रसिद्ध विष्णुविरोधी दैत्य राजा का नाम जो प्रह्लाद का पिता था ।

विशेष—यह कश्यप और दिति का पुत्र था और भगवान् का बडा भारी विरोधी था । इसे ब्रह्मा से यह वर मिला था कि मनुष्य, देवता और किसी प्राणी से तुम्हारा वध नही हो सकता । इससे यह अत्यत प्रबल और अजेय हो गया । जब इसने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान् की भक्ति करने के कारण बहुत सताया और एक दिन उसे खभे से बाँध और तलवार खीचकर बार बार कहने लगा कि 'बता! अब तेरा भगवान् कहाँ है? आकर तुझे बचावे ।' तब भगवान् नृसिंह (आधा सिंह और आधा मनुष्य) का रूप धारण करके खभा फाडकर प्रकट हुए और उसे फाड डाला । भगवान् का चौथा नृसिंह अवतार इसी दैत्य को मारने के लिये हुआ था ।

हिरण्यकश्यप—सज्ञा पुं० [स० हिरण्यकशिपु] दे० 'हिरण्यकशिपु' ।

हिरण्यकामधेनु—सज्ञा स्त्री० [स०] दान देने के निमित्त बनी हुई सोने की कामधेनु गाय ।

विशेष—स्वर्णनिर्मित ऐसी गाय का दान १६ महादानो मे है ।

हिरण्यकार—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्णकार । सुनार ।

हिरण्यकृत्—सज्ञा पुं० [स०] अग्नि [को०] ।

हिरण्यकृतचूड—सज्ञा पुं० [स०] शिव का एक नाम [को०] ।

हिरण्यकेश—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु का एक नाम । २ वह जिसके केश सुनहले वर्ण के हो ।

हिरण्यकेशी—सज्ञा पुं० [सं० हिरण्यकेशिन्] १ एक गृह्यसूत्रकार ऋषि का नाम । २ उक्त नाम का एक गृह्यसूत्र ।—हिंदु० सभ्यता, पृ० १४४ ।

हिरण्यकोश—सज्ञा पुं० [सं०] तपाया हुआ सोना अथवा चाँदी [को०] ।

हिरण्यखादि—वि० [सं०] स्वर्णनिर्मित ।

हिरण्यगर्भ[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह ज्योतिर्मय अड जिससे ब्रह्मा और सारी सृष्टि की उत्पत्ति हुई । २ ब्रह्मा । उ०—सृष्टि की समस्या के सुलझाव के लिये स्वभावत एक स्रष्टा की कल्पना हुई और उसे पुरुष, विश्वकर्मा, हिरण्यगर्भ और प्रजापति की सज्ञाएँ दी गईं ।—सत० दरिया (भू०), पृ० ५४ ।

विशेष—ब्रह्मा ने जल या समुद्र की सृष्टि करके उसमे अपना बीज डाला, जिससे एक अत्यत देदीप्यमान ज्योतिर्मय या स्वर्णमय अड की उत्पत्ति हुई । यह अड सूर्य से भी अधिक प्रकाशमान् था । इसी अड से सृष्टिनिर्माता ब्रह्मा प्रकट हुए जो ब्रह्म के व्यक्त या सगुण रूप हुए । वेदात की व्याख्या के अनुसार ब्रह्म की शक्ति या प्रकृति पहले रजोगुण की प्रवृत्ति से दो रूपो मे विभक्त होती है—सत्वप्रधान और तम प्रधान । सत्वप्रधान के भी दो रूप हो जाते है—शुद्ध सत्व (जिसमे सत्वगुण पूर्ण होता है) और अशुद्ध सत्व (जिसमे सत्व अशत रहता है) । प्रकृति के इन्ही भेदो मे प्रतिबिंबित होने के कारण ब्रह्म कभी ईश्वर या हिरण्यगर्भ और कभी जीव कहलाता है । जब शक्ति या प्रकृति के तीन गुणो मे से शुद्ध सत्व का उत्कर्ष होता है तब उसे 'माया' कहते है, और उस माया मे प्रतिबिंबित होनेवाले ब्रह्म को सगुण या व्यक्त ईश्वर, हिरण्यगर्भ आदि कहते है । अशुद्ध सत्व की प्रधानता को 'अविद्या' सत्व कहते है और उसमे प्रतिबिंबित होनेवाले ब्रह्म को जीव या प्राज्ञ कहते हैं ।

३ सूक्ष्म शरीर से युक्त आत्मा । ४ एक मत्रकार ऋषि । ५ एक शिवलिंग । ६ विष्णु । ७. षोडश महादान के अतर्गत द्वितीय महादान (को०) ।

हिरण्यगर्भ[2]—वि० ब्रह्मा से सबद्ध । ब्रह्मा सबधी [को०] ।

हिरण्यगर्भा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक नदी का नाम [को०] ।

हिरण्यद[1]—सज्ञा पुं० [स०] समुद्र [को०] ।

हिरण्यद[2]—वि० सोना देनेवाला । स्वर्णदान करनेवाला [को०] ।

हिरण्यदा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पृथ्वी । २ एक नदी का नाम [को०] ।

हिरण्यनाभ—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु । २ मैनाक पर्वत । ३ बृहत्सहिता के अनुसार वह मकान जिसमे तीन बडी शालाएँ (कमरे) पूर्व, पश्चिम और उत्तर की ओर हो और दक्षिण की ओर कोई शाला न हो ।

हिरण्यपर्वत—सज्ञा पुं० [स०] सुमेरु पर्वत [को०] ।

हिरण्यपुर—सज्ञा पुं० [स०] हरिवश मे वर्णित असुरो का एक नगर जो समुद्र के पार वायुमडल मे स्थित कहा गया है ।

हिरण्यपुरुष—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्णनिर्मित पुरुष की प्रतिमा या मूर्ति [को०] ।

हिरण्यपुष्पी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार पौधा ।

हिरण्यबाहु—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिव का एक नाम । २ सोन नद । ३ एक नाग का नाम ।

हिरण्यबिंदु—सज्ञा पुं० [सं० हिरण्यबिन्दु] १ अग्नि । आग । २ एक पर्वत । ३ एक तीर्थ ।

हिरण्यमाली—वि० [सं० हिरण्यमालिन्] [वि० स्त्री० हिरण्यमालिनी] सोने की माला धारण करनेवाला ।

हिरण्मय—वि० [सं०] [वि० स्त्री० हिरण्मयी] सोने का । स्वर्णिम (को०)।

हिरण्यरशन—वि० [सं०] [स्त्री० हिरण्यरशना] सोने की मेखला या कटि-सूत्र धारण करनेवाला ।

हिरण्यरेता[1]—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यरेतस्] १ कृशानु । अग्नि । आग । २ सूर्य । ३ शिव । ४ बारह आदित्यों में से एक । ५ अर्कवृक्ष । मदार । ६ चित्रक वृक्ष । चीता (को०)

हिरण्यरेता[2]—वि० सोने के सदृश बीज या वीर्यवाला ।

हिरण्यरोमा—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यरोमन्] १ एक लोकपाल जो वरुण के पुत्र हैं । २ महाभारत के अनुसार भीष्म का नाम ।

हिरण्यलोमा—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यलोमन्] एक ऋषि जो पाँचवें मन्वंतर में हुए थे (को०)

हिरण्यव—संज्ञा पुं० [सं०] १ सोने का आभूषण । स्वर्णालंकरण । किसी देवता या मंदिर पर चढ़ा हुआ धन । देवस्व । देवोत्तर संपत्ति ।

हिरण्यवर्चस्—वि० [सं०] स्वर्णिम दीप्ति से युक्त । सोने की तरह कांतिवाला (को०)।

हिरण्यवर्ण—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह जिसकी कांति या वर्ण स्वर्णिम हो । २ एक नदी का नाम ।

हिरण्यवान्[1]—वि० [सं० हिरण्यवत्] [वि० स्त्री० हिरण्यवती] सोनेवाला । जिसमें या जिसके पास सोना हो ।

हिरण्यवान्[2]—संज्ञा पुं० अग्नि ।

हिरण्यवाह—संज्ञा पुं० [सं०] १ शिव । २. सोन नद ।

हिरण्यवीर्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि । २ सूर्य ।

हिरण्यशकल—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ण का छोटा छोटा टुकड़ा । सोने का छोटा टुकड़ा (को०)।

हिरण्यशृंग—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यशृङ्ग] १ वह जिसकी चोटी या सींग सोने की हो । २ महाभारतोक्त एक पर्वत का नाम (को०)।

हिरण्यष्ठीव—संज्ञा पुं० [सं०] भागवत पुराण के अनुसार एक पर्वत-विशेष (को०) ।

हिरण्यष्ठीवी—वि० [सं० हिरण्यष्ठीविन्] महाभारत के अनुसार (पक्षीविशेष) जो सोना उगलता या वमन करता हो (को०)।

हिरण्यसकाश—वि० [सं० हिरण्यसङ्काश] सोने की तरह दीप्तियुक्त (को०)।

हिरण्यसर—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यसरस्] महाभारत में वर्णित एक तीर्थ ।

हिरण्यसामुदयिक—संज्ञा पुं० [सं०] मुद्रा के रूप में कर वसूल करनेवाला अधिकारी । उ०—बंगाल में नकद कर वसूल करनेवालों को 'हिरण्यसामुदायिक' कहते थे ।—पू० म० भा०, पृ० १०७।

हिरण्यस्थाल—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ण का कटोरा या कटोरे के समान कोई पात्र (को०)।

हिरण्यस्रक्—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यस्रज्] १ सोने की माला । २ वह जिसने सोने की माला या सिरकी पहन रखी हो (को०)।

हिरण्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] अग्नि की सात जिह्वाओं में से एक जिह्वा का नाम (को०)।

हिरण्याक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रसिद्ध दैत्य जो हिरण्यकशिपु का भाई था ।

विशेष—यह दैत्य कश्यप और दिति से उत्पन्न हुआ था । इसने पृथ्वी को लेकर पाताल में रख छोड़ा था । ब्रह्मा आदि देवताओं की प्रार्थना पर विष्णु ने वाराह अवतार धारण करके इसे मारा और पृथ्वी का उद्धार किया ।

यौ०—हिरण्याक्षरिपु, हिरण्याक्षांतक=वाराह अवतारी विष्णु ।

२ वसुदेव के छोटे भाई देवभाग के एक पुत्र का नाम ।

हिरण्याण्ड—संज्ञा पुं० [सं०] दान देने के लिये बनाई हुई सोने के अंडे की मूर्ति जिसका दान १६ महादानों में है ।

हिरण्याश्वरथ—संज्ञा पुं० [सं०] दान करने के लिये बनाया गया सोने का घोड़ा और रथ । यह दान १६ महादानों में है (को०)।

हिरण्यिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोने की खान (को०) ।

हिरदय[1]—संज्ञा पुं० [सं० हृदय] दे० 'हृदय' । उ०—प्रेम प्रमोद परस्पर प्रगटत सोहहिं । मनु हिरदय गुन ग्राम सुघरि घर सोहहिं ।—तुलसी ग्र०, पृ० ५३ ।

हिरदा[1]—संज्ञा पुं० [सं० हृदय] दे० 'हृदय' । उ०—सतसंगति मति होइ भलि कपट जाइ जेहि सोय ।—जायसी ग्रं०, पृ० २७ ।

हिरदानी[1]—संज्ञा पुं० [सं० हृदय] अंतरात्मा । उ०—जैसे स्त्री न मूढ़ चित लाय हिरदानी में ।—सुंदर ग्र०, भा० २, पृ० ८०३।

हिरदावल—संज्ञा पुं० [सं० हृदावर्त] घोड़े की छाती की भौंरी (घूमे हुए रोएँ) जो बड़ा भारी दोष मानी जाती है ।

हिरन[1]—संज्ञा पुं० [सं० हरिण] [स्त्री० हिरनी] हरिण । मृग । विशेष दे० 'हरिण' ।

मुहा०—हिरन हो जाना = भाग जाना । बहुत तेजी से भागना ।

हिरन[2]—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्य, प्रा० हिरण्ण] सोना । सुवर्ण । उ०—लोहा हिरन होइ धौं कैसे जो पारस नहिं परसै ।—रै० बानी, पृ० १३ ।

हिरनखुरी—संज्ञा स्त्री० [सं० हरिण + खुरी] एक प्रकार की लता या बेल जो बरसात में उगती है और जिसके पत्ते हिरन के खुर से मिलते जुलते होते हैं ।

हिरननैनि, हिरननैनी—संज्ञा स्त्री० [सं० हरिणनयनी] मृगनयनी । उ०—हाँ हँसि हँसि हाँ ही करौ, नाहिं नाहिं मन हाँनि । हरि हरषत हेरत हिएँ हिरननैनि हित ठानि ।—ब्रज० ग्र०, पृ०७ ।

हिरना—संज्ञा पुं० [सं० हरिण] मृग ।

हिरनाकच्छप—संज्ञा पुं० [सं० हिरण्यकशिपु] एक दैत्य जो प्रह्लाद का पिता था । विशेष दे० 'हिरण्यकशिपु' । उ०—हिरनाकच्छप दीन भयो जब, दीन्हो सब वरदान ।—जग० श०, पृ०११३ ।

हिरनाकुश(पु)—संज्ञा पुं० [स० हिरण्यकशिपु] दे० 'हिरण्यकशिपु'। उ०—हिरनाकुश वा हिरनाक्ष राऊ। कीन्ह सेवा वहु शभू ठाऊ।—कबीर सा०, पृ० २६।

हिरनाकुस(पु)—सज्ञा पु० [स० हिरण्यकशिपु] दे० 'हिरण्यकशिपु'। उ०—हिरनाकुस औ कस को गयो दुहुन को राज।—गिरधर (शब्द०)।

हिरनाक्ष(पु)—सज्ञा पु० [स० हिरण्याक्ष] दे० 'हिरण्याक्ष'। उ०—हिरनाकुश वा हिरनाक्ष राऊ। कीन्ह सेवा वहु शभू ठाऊ।—कबीर सा०, पृ० २६।

हिरनी—सज्ञा स्त्री० [हि० हिरन + ई (स्त्री० प्रत्य०)] हरिण की मादा। मृगी।

हिरनौटा—संज्ञा पुं० [स० हरिणपोत] हिरन का बच्चा। मृगशावक।

हिरफत—सज्ञा स्त्री० [अ० हिरफत] १ व्यवसाय। पेशा। व्यापार। २ हाथ की कारीगरी। दस्तकारी। ३ हुनर। कलाकौशल। ४ चतुराई। चालाकी। ५ चालवाजी। धूर्तता।

हिरफतबाज—वि० [अ० हिरफत + फा० बाज] चालबाज। धूर्त।

हिरफती—वि० [फा० हिरफती] धूर्त। वचक। चालबाज [को०]।

हिरमजी—सज्ञा स्त्री० [अ० हिरमजी] १ लाल रग की एक प्रकार की मिट्टी, जिससे कपडे, दीवार आदि रँगते है। २ एक फूल जो लाल होता है। ३ रक्त वर्ण। लाल रग [को०]।

हिरमिजी—सज्ञा स्त्री० [फा० हिरमिजी] दे० 'हिरमजी'।

हिरवा‡—सज्ञा पुं० [स० हीरक] दे० 'हीरा'।

हिरवा चाय—सज्ञा स्त्री० [हि० हीरा + चाय] एक प्रकार की सुगधित घास जिसकी जड मे से नीबू की सी सुगध आती है और जिससे तेल बनता है।

हिरस‡—सज्ञा स्त्री० [अ० हिर्स] दे० 'हिर्स'।

हिरसिया—वि० [अ० हिर्स, हि० हिरस + इया] १ हिर्स करनेवाला। उ०—तूँ कादिर दरियाव जिहावन, मै हिरसिया हुसियार।—रै० बानी, पृ० २८। २ ईर्ष्यालु।

हिरसी†—वि० [अ० हिर्स, हि० हिरस + ई] १ हिरिस करनेवाला। ईर्ष्यालु। २. लोभी। लालची। उ०—इष्टी स्वाँगी वहु मिले हिरसी मिले अनत।—सतबानी०, भा० १, पृ० १२६।

हिरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] रक्तनाडी या शिरा।

हिरात—सज्ञा पु० [फा०] अफगानिस्तान के उत्तरी भाग मे स्थित एक नगर का नाम।

हिराती¹—वि० [देश० या फा० हिरात] हिरात नामक स्थान का। अफगानिस्तान के उत्तर मे स्थित हिरात नगर सबधी। जैसे,—हिराती घोडा।

हिराती²—सज्ञा पुं० एक जाति का घोडा जिसका डीलडौल औसत दर्जे का और हाथ पैर दोहरे होते हैं। यह गरमी मे नही थकता।

हिराना†¹—क्रि० अ० [सं० हरण] १ खो जाना। गायब होना। गुम होना। उ०—तौन पाप मेरे, तेरे तीर पर मैया अब, मिलत न हेरे इत, कित धौ हिराने है।—पद्माकर ग्र०, पृ० २७२। २ न रह जाना। अभाव होना। उ०—गुन ना हिरानो गुनगाहक हिरानो है।—(शब्द०)।

सयो० क्रि०—जाना।

३ मिटना। दूर होना। उ०—लखि गोपिन को प्रेम भुलायो। ऊधो को सब जान हिरायो।—सूर (शब्द०)। ४ आश्चर्य से अपने को भूल जाना। हक्का बक्का होना। दग रह जाना। अत्यत चकित होना। उ०—सोभा को सघन बन मेरो घनश्याम नित, नई नई रूचि तन हेरत हिराइऐ।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० ६०। ५ अपने को भूल जाना। आपा खोना। उ०—जौ कहि आप हिराइ न कोई। तौ लहि हेरत पाव न सोई।—जायसी (शब्द०)।

हिराना²—क्रि० स० १ भूल जाना। ध्यान मे न रहना। उ०—विकल भई तन दसा हिरानी।—सूर (शब्द०)। २ भूली हुई वस्तु को खोजने मे मदद करना। ढुँढवाना।

हिराना³—क्रि० स० [हिं० हिलाना (=प्रवेश करना और कराना)] खेतो मे भेड, बकरी, गाय आदि चौपाए रखना या रखवाना जिसमे उनकी लेँडी या गोबर से खेत मे खाद हो जाय।

हिरावल—सज्ञा पुं० [तु० हरावल] दे० 'हरावल'।

हिरास¹—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ भय। त्रास। २ नैराश्य। नाउम्मेदी। ३ रज। खेद। खिन्नता।

हिरास²—वि० [फा० हिरासाँ] १ निराश। नाउम्मेद। हताश। २ उदासीन। खिन्न।

हिरासत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ ऐसी स्थिति जिसमे कोई मनुष्य इधर उधर भाग न सके। पहरा। चौकी। २ कैद। नजरबदी।

मुहा०—हिरासत मे करना = कैद करना। पहरे के अदर करना। सिपाहियो के पहरे मे देना।

हिरासाँ—वि० [फा०] १ निराश। नाउम्मेद। २ हिम्मत हारा हुआ। पस्त। ३ उदासीन। खिन्न।

हिरिंग(पु)—सज्ञा पुं० [सं० ह्रीं] मत्र का बीजाक्षर। ह्रीं। उ०—(क) हिरिंग जाप तासु मुख गाजा लछमी शिव आधारा है। —कबीर० श०, भा० १, पृ० ५६। (ख) पचम अकास मे विष्णु बिराजे। लछमी सहित सिंघासन गाजे। हिरिंग बैकुठ भक्त समाजे। जिन भक्तन कारज सारा है।—कबीर० श०, भा० १, पृ० ६१।

हिरिंव—सज्ञा पुं० [देश०] तलैया। पल्वल [को०]।

हिरिमथ—सज्ञा पुं० [सं० हरिमन्थ] एक प्रकार का चना। दे० 'हरिमथ' [को०]।

हिरिली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का कद [को०]।

हिरिवग—सज्ञा पुं० [देश०] लगुड। लाठी [को०]।

हिरिस¹—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा वृक्ष।

विशेष—यह वृक्ष अवध, राजपूताना, पजाब और सिंध मे पाया जाता है। इसकी छाल भूरे रग की होती है। इसकी पत्तियाँ पाँच छह अगुल लबी और जड की ओर गोलाकार होती हैं।

यह फागुन चैत मे फलता है। इसके फल खटमीठे होते है और कही कही खाए जाते है।

हिरिस²—सज्ञा स्त्री० [अ० हिर्स] दे० 'हिर्स'।

हिरीसि†—सज्ञा स्त्री० [अ० हिर्स] दे० 'हिर्स'। उ०—जाहि धातुन, जिकीरि, फिकीरि, हिरीसि, हवा सब दूरि मुआ।—गत० दरिया, पृ० ६६।

हिरोदक—सज्ञा पुं० [सं०] रक्त। खून [को०]।

हिरोरा—सज्ञा पुं० [सं० हिल्लोल] दे० 'हिलोर', 'हिलोरा'। उ०—सकल कटक मैं पर्‌यौ हिरोरा। छूटै फिरैं हाँथि औ घोरा।—हिं० क० का०, पृ० २१६।

हिरौंजी‡—सज्ञा स्त्री० [अ० हिरमजी]। दे० 'हिरमजी'।

हिरौल—सज्ञा पुं० [तु० हरावल, हिं० हरौल] दे० 'हरावल'।

हिर्दय—सज्ञा पुं० [सं० हृदय] दे० 'हृदय'। उ०—हीरा पाय राय भय भागा। सत्य ज्ञान हिर्दय मे जागा।—कबीर सा०, पृ० ४६८।

हिर्फत—सज्ञा स्त्री० [अ० हिर्फत] दे० 'हिरफत'।

यौ०—हिर्फतबाज = दे० 'हिरफतबाज'।

हिर्स—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ तृष्णा। लालच। लोभ। २ इच्छा का वेग। कामना की उमग।

मुहा०—हिर्स करना = तृष्णा करना। हिर्स छूटना = मन मे लालच होना। तृष्णा होना। हिर्स दिलाना या देना = (१) प्रबल इच्छा उत्पन्न करना। लालसा जगाना। कामना उत्तेजित करना। (२) लालच दिलाना। हिर्स मिटना = (१) इच्छा का वेग शात होना। (२) कामेच्छा शात होना। काम का वेग शात होना। हिस मिटाना = (१) इच्छा पूरी करना। लालसा पूरी करना। (२) काम का वेग शात करना। हिर्स होना = दे० 'हिर्स छूटना'।

३ किसी की देखादेखी कुछ काम करने की इच्छा। टीम। स्पर्धा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—हिर्साहिर्सी।

हिर्साहा†—वि० [अ० हिर्स] १ लालची। लोभी। २ ईर्ष्यालु। लाग-डाट करनेवाला।

हिर्साहिर्सी—सज्ञा स्त्री० [अ० हिर्स] लाग डाट। देखा देखी।

हिर्सी—वि० [अ० हिस + हिं० ई (प्रत्य०)] १ हिर्स रखनेवाला। लालची। २ ईर्ष्यालु। द्वेषी।

हिर्सोहवस—सज्ञा स्त्री० [अ० हिर्स + फा० हवस] हिर्स और हवस। लोभ और लालच [को०]।

हिर्सोहवा—सज्ञा स्त्री० [अ० हिस + फा० हवा] लोभ और लालच। अधिक लोभ। उ०—गाफिल हुए सब हिर्सोहवा ढग लगाए।—कबीर म०, पृ० ४६६।

हिलदा—सज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० हिलदी] मोटा ताजा आदमी। तगडा या तदुरुस्त आदमी।

हिलकना†¹—क्रि० अ० [अनु० या सं० हिक्का] १ हिचकियाँ लेना। हिचकना। २ सिसकना।

हिलकना²—क्रि० स० [देश०] सुकोडना। (मुँह) ऐंठना या सिकोडना।

हिलकना³—क्रि० अ० [सं० हिरुक् (=समीप)] दे० 'हिरकना'।

हिलकी†¹—सज्ञा स्त्री० [अनु० या सं० हिक्का] १ हिचकी। २ भीतर ही भीतर रोने से रह रहकर वायु के निकलने का झोका या आघात। सिसकने का शब्द। सिसक। उ०—(क) देखी माई कान्ह हिलकियनि रावै।—सूर०, १०। ३४७। (ख) (माई) नैकुहूँ न दरद करति हिलकिनि हरि रोवै।—सूर०, १०। ३४८। (ग) कमल नयन हरि हिलकिन रोवै बधन छोरि जसोवै।—सूर (शब्द०)। (घ) उरनाय लई अकुलाय तऊ अधिरातिक लौ हिलकीन रही।—केशव (शब्द०)।

क्रि० प्र०—भरना।—लेना।

हिलकी²—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिलना] उमग। तरग।

हिलकोर—सज्ञा पुं० [सं० हिल्लोल] हिलोर। लहर। तरग।

हिलकोरना—क्रि० स० [हिं० हिलकोर + ना (प्रत्य०)] पानी को हिलाकर तरगें उठाना। जल को क्षुब्ध करना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

हिलकोरा—सज्ञा पुं० [सं० हिल्लोल] तरग। लहर। वीचि। हिलोरा। हिलकोर। उ०—नदी का जल हिलकोरा मार रहा था।—प्रेमघन०, भा०, पृ० ४४४।

मुहा०—हिलकोरा देना = (१) तरगित करना। (२) लहराना। हिलकोरा मारना या हिलकोरे लेना = लहराना। तरगित होना।

हिलग—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिलगना] १ लगाव। सबध। २ परिचय। हेलमेल। हिलने मिलने या परचने का भाव। ३ लगन। प्रेम। उ०—देखे भूलियन कछू कहत न आवै सखी, इनकी हिलग नई नई देखियत है।—घनानद, पृ० २१४।

हिलगत—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिलगना] १ हिलगने या परचने का भाव। २ टेव। आदत। बान।

हिलगना¹—क्रि० अ० [सं० अधिलग्न, प्रा० अहिलग्ग] २ अटकना टँगना। किसी वस्तु से लगकर ठहरना। २ फँसना। बझना। ३ हिलमिल जाना। ४ परचना।

हिलगना²—क्रि० अ० [सं० हिरुक् (=समीप। पास)] पास होना। इतने समीप होना कि स्पर्श हो। सटना। भिडना। दे० 'हिरकना'।

हिलगाना¹—क्रि० स० [हिं० हिलगना] १ अटकाना। टाँगना। किसी वस्तु से लगाकर ठहराना। २ फँसाना। बझाना। ३ मेलजोल मे करना। घनिष्ठता स्थापित करना। ४. परचाना। परिचित और अनुरक्त करना। जैसे—बच्चे को हिलगाना।

हिलगाना²—क्रि० स० [सं० हिरुक् (=पास)] सटाना। भिड़ाना। दे० 'हिरकाना'।

हिलन मिलन—सज्ञा स्त्री० [हि० हिलना + मिलना] मिलना जुलना। मिलाप। उ०—हिलन मिलन, उनकी लागत मन को अति प्यारी।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १६।

हिलना[1]—क्रि० अ० [स० हल्लन (=इधर उधर लुढकना)] १ डोलना। चलायमान होना। स्थिर न रहना। हरकत करना। जैसे,—पेड की पत्तियाँ हिलना। घडी का लगर हिलना।

सयो० क्रि०—जाना।—उठना।

मुहा०—हिलना डोलना = (१) चलायमान होना। (२) चलना फिरना। घूमना। टहलना। जैसे,—शाम को कुछ हिला डोला करो। (३) श्रम करना। काम धधा करना। (४) प्रयत्न करना। उद्योग करना। जैसे,—बिना हिले डोले कोई काम नही हो सकता।

२ अपने स्थान से टलना। सरकना। चलना। जैसे,—जो लडका अपनी जगह से हिलेगा, वह मार खायगा। ३ काँपना। कपित होना। थरथराना। जैसे,—लिखने मे हाथ हिलना। जाडे से बदन हिलना। ४ खूब जमकर बैठा न रहना कि छूने से इधर उधर न करे। ढीला होना। जैसे—दाँत हिलना। ५ झूमना। लहराना। नीचे ऊपर या इधर उधर डोलना। जैसे,—(क) बहुत से लडके हिल हिलकर पढते हैं। (ख) बुड्ढो का सिर हिलना। ६ घुसना। पैठना। प्रवेश करना। (विशेषत पानी मे)।

यौ०—हिलना मिलना = (१) मेल जोल के साथ होना। घनिष्ठ सबध रखना। (२) मेल जोल से होना। एकता के साथ रहना। (३) एक जी होना। परस्पर गहरे मित्र होना। जैसे,—दोनो खूब हिल मिल गए है। उ०—आनदघन ब्रजजीवन जेँवत हिलिमिलि ग्वार तोरि पतानि ढाक।—घनानद, पृ० ४७३।

मुहा०—हिल मिलकर = (१) मेल जोल के साथ। घनिष्ठता और मैत्री के साथ। एक जी होकर। सुलह के साथ। (२) समिलित होकर। इकट्ठा होकर। एकत्र होकर। उ०—हिल मिल फाग परस्पर खेलहिं, सोभा बरनि न जाई।—गीत (शब्द०)। हिला मिला या हिला जुला = (१) मेल जोल मे आया हुआ। घनिष्ठ सबध रखता हुआ। सुहृद् भाव रखता हुआ। (२) परचा हुआ। परिचित और अनुरक्त। जैसे,—यह बच्चा तुमसे खूब हिला जुला है।

हिलना[1]—क्रि० अ० [देश०] प्रवेश करना। घुसना। (विशेषत पानी मे)।

हिलनि—सज्ञा स्त्री० [सं० हल्लन, हिं० हिलना] हिलने का कार्य या भाव। उ०—मेरी गति होउ सोई महरानी। जासु भौह की हिलनि विलोकत निसु दिन सारँगपानी।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७६।

हिलबी—वि० [देश०] हलब देश का। उ०—आँणे हिलबी आदरस, वोह यमनी वोदार।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ५७।

हिलमोचि, हिलमोचिका, हिलमोची—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक तरह का साग [को०]।

हिलसा—सज्ञा स्त्री० [सं० इल्लिश] एक प्रकार की मछली जो चिपटी और बहुत काँटेदार होती है।

हिलाना[1]—क्रि० स० [हिं० हिलना] १ डुलाना। चलायमान करना। हरकत देना। जैसे,—(क) बैठे बैठे पैर हिलाना। (ख) छडी हिलाना। २ स्थान से उठाना। टालना। हटाना। जैसे,—(क) जब हम बैठ गए, तब कौन हिला सकता है। (ख) इस भारी पत्थर को जगह से हिलाना मुश्किल है। ३ कँपाना। कपित करना। ४ नीचे ऊपर या इधर उधर डुलाना। झुलाना। जैसे,—मुगदर हिलाना, सिर हिलाना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

हिलाना[2]—क्रि० स० [हिं० हिलगाना] १ परिचित और अनुरक्त करना। परचाना। घनिष्ठता स्थपित करना। जैसे,—छोटे बच्चे को हिलाना। जानवरो को हिलाना।

हिलाना[1]—क्रि० स० [देश०] प्रवेश कराना। घुसाना। प्रविष्ट करना। पैठना। (विशेषत पानी मे)।

हिलाल—सज्ञा पुं० [अ०] दूज का चाँद। शुक्ल पक्ष की द्वितीया का चद्रमा। उ०—अजब हुस्न मे खूब साहब जमाल। जिस हुस्न तल दब रहे नित हिलाल।—दक्खिनी०, पृ० २६७।

हिलूर—सज्ञा स्त्री० [स० हिल्लोल] तरग। लहर। हिलोर। उ०—पुनि यहै अक्रूर नाँही ऊर प्रेम हिलूर बरषाशी।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० २४१।

हिलूसना—क्रि० अ० [स० उल्लासन] उत्सुक या लालायित होना। दे० 'हुलसना'। उ०—आडा डुँगर दूरि घर, वणइ न जाणइ भत्त। सज्जण सदइ कारणइ हियउ हिलूसइ नित्त।—ढोला०, दू० ६७।

हिलोर—सज्ञा पुं० [स० हिल्लोल] १ हवा के झोके आदि से जल का उठना और गिरना। तरग। लहर। २ मौज। उ०—सोहै सितासित को मिलिबो, तुलसी हुलसैं हियहेरि हिलोरे।—(शब्द०)।

क्रि० प्र०—उठना।

मुहा०—हिलोरे लेना = तरगित होना। लहराना।

हिलोरना—क्रि० स० [हिं० हिलोर + ना (प्रत्य०)] १ जल को क्षुब्ध और तरगित करना। पानी को इस प्रकार हिलाना कि लहरें उठें। २ लहराना। इधर उधर हिलाना डुलाना। ३ हिला डुलाकर बडी वस्तु ऊपर करना। ४ अत्यधिक द्रव्य उपार्जित करना।

हिलोरा—सज्ञा पुं० [स० हिल्लोल] दे० 'हिलोर'।

हिलोल—सज्ञा पु० [स० हिल्लोल] दे० 'हिल्लोल', 'हिलोर'।

हिलौअल†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हिलाना] हिलाने या आदोलित करने की क्रिया। उ०—किसी से गुडमार्निंग और किसी मे हाथ हिलौअल होती।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४८।

हिल्ल—सज्ञा पुं० [सं०] एक जलीय पक्षी [को०]।

हिल्ला[1]—सज्ञा पुं० [अ० हीलह्] दे० 'हीला'।

हिल्ला[३]—सज्ञा पुं० [हिं० गोला या देशी] १ कीचड। कर्दम। २ बालू। सिकता।

हिल्लूरी—सज्ञा स्त्री० [देशी] लहरी। तरग।

हिल्लोल[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ हिलोरा। तरग। लहर। २ आनद की तरग। मौज। ३ कामशास्त्र के अनुसार एक रतिबध या आसन। ४ मौज। धुन। सनक। ५ एक राग का नाम। हिंडोल।

हिल्लोल[१]—सज्ञा पुं० [हिं० हिलोर] दे० 'हिलोर'।

हिल्लोलन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० हिल्लोलित] १ तरग उठना। लहराना। २ दोलन। झूलना।

हिल्वला—सज्ञा स्त्री० [सं०] इल्वला नामक पाँच छोटे तारो का समूह जिनकी स्थिति मृगशिरा नक्षत्र के शीर्ष भाग के ऊपर मानी गई है। इल्वका [को०]।

हिवचल—सज्ञा पुं० [सं० हिम+अचल] पाला। बरफ। हिम। उ०—बरखा रुदन गरज अति कोहू। बिजुरी हँसी हिवचल छोहू।—जायसी (शब्द०)।

हिवचल—सज्ञा पुं० [स० हिमाचल] दे० 'हिमालय'। उ०—को ओहि लागि हिवचल सीझा। का कह लिखी ऐस को रीझा।—जायसी (शब्द०)।

हिवँ—सज्ञा पुं० [सं० हिम] बर्फ। पाला।

हिव[१]—अव्य० [देश०] अब। उ०—समुझै क्यों न अजूँ समझाऊँ भूल मतौ हिव भाया।—रघु० रू०, पृ० १६।

हुण†—अव्य० [प०] अधुना। अब। आज। उ०—(क) हुण क्या कीजै लाडिले वेखन नहि पावैं।—घनानद, पृ० १८०। (ख) कद्दू वण्या ए मजेदार गोरिए, हुण लाणा चटाका कदुए नूं। —गुलेरीजी०, पृ० ४२।

हुत[1]—वि० [सं०] १ हवन किया हुआ। आहुति दिया हुआ। हवन करते समय अग्नि मे डाला हुआ। २ जिसके निमित्त आहुति दी गई हो (को०)।

हुत[2]—सज्ञा पुं० १ हवन की वस्तु। हवन करने की सामग्री। २ शिव का एक नाम।

हुत⑤[1]—क्रि० अ० [सं० भूत, हु + त, प्रा० हुअ] 'होना' क्रिया का प्राचीन भूतकालिक रूप। था। उ०—हुत पहिलै औ अब है सोई।—जायसी (शब्द०)।

हुतजातवेद—वि० [सं० हुतजातवेदस्] जिसने अग्नि मे हवन किया हो। जो अग्नि मे आहुति प्रदान कर चुका हो [को०]।

हुतभक्ष—सज्ञा पुं० [स०] अग्नि। आग।

हुतभुक्—सज्ञा पु० [सं० हुतभुज्] १ अग्नि। आग। २ चित्रक वृक्ष। चीते का पेड। ३ शिव। महादेव (को०)। ४. विष्णु (को०)।

हुतभुक्प्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] अग्नि की पत्नी—स्वाहा [को०]।

हुतभुज्—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हुतभुक्'।

हुतभोक्ता—सज्ञा पुं० [सं० हुतभोक्तृ] अग्नि। हुतभक्ष [को०]।

हुतभोजन—सज्ञा पु० [स०] अग्नि का एक नाम [को०]।

हुतवह—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि। आग।

हुतशिष्ट—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हुतशेष'।

हुतशेष—सज्ञा पुं० [स०] हवन करने से बची हुई सामग्री।

हुतहोम—सज्ञा पुं० [सं०] १. जलता हुआ साकल्य या आहुति। २. वह ब्राह्मण जो हवन कर चुका हो [को०]।

हुता⑤†—क्रि० अ० [हिं० हुत] 'होना' क्रिया का पुरानी अवधी हिंदी का भूतकालिक रूप। था। उ०—गगन हुता, नहिं महि हुती, हुते चद नहिं सूर।—जायसी (शब्द०)।

हुताग्नि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जिसने हवन किया हो। २ अग्निहोत्री। ३ यज्ञ या हवन की आग।

हुताग्नि[2]—वि० अग्नि मे आहुति प्रदान करनेवाला। हवन करनेवाला [को०]।

हुतात्मा—सज्ञा पुं० [स० हुतात्मन्] वह व्यक्ति जिसने किसी अच्छे कार्य मे अपने को हवन कर दिया हो या अपना प्राण दे दिया हो। (अ० मार्टायर)।

हुतावशेष—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हुतशिष्ट', 'हुतशेष'।

हुताश—सज्ञा पुं० [सं०] १ (आहुति खानेवाला) अग्नि। आग। २ तीन की सख्या। ३ चित्रक। चीते का पेड। ४. डर। त्रास। खौफ। भय (को०)।

यौ०—हुताशवृत्ति = जिसकी आजीविका अग्नि पर निर्भर हो। हुताशशाला = अग्नि का स्थान। अग्निशाला।

हुताशन—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। आग। २ कृशानु। शिव का एक नाम (को०)। ३ चित्रक वृक्ष (को०)।

यौ०—हुताशनसहाय = शिव का एक नाम।

हुताशना—सज्ञा स्त्री० [सं०] योगिनी विशेष [को०]।

हुताशनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] फाल्गुन मास की पूर्णिमा, जिस दिन होली जलती है [को०]।

हुतास⑤—सज्ञा पुं० [सं० हुताश] दे० 'हुताश'। उ०—बिरचत आप समान न तो हिय सुन निहारत। तेरै पास हुतास तासु ते तिनहूँ जारत।—दीन० ग्र०, पृ० १००।

हुतासन⑤—सज्ञा पुं० [सं० हुताशन] अग्नि। दे० 'हुताशन'। उ०—न होतो अनग, अनग हुतासन।—प्रेमघन०, पृ० २०९।

हुति⑤[1]—अव्य, [प्रा० हिंतो] १ अपादान और करण कारक का चिह्न। से। द्वारा। २ ओर से। तरफ से। दे० 'हुँति'।

हुति[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] हवन। यज्ञ।

हुतियन—सज्ञा पुं० [देश०] सेमल का पेड।

हुती—अ० क्रि० [हिं० 'होना' का भूत का० रूप] थी। उ०—लाज के साज मैं हुती ज्यौं द्रौपदी, बढ्यौ तन चीर नहि अत पायौ।—सूर०, १।५।

हुते—अव्य० [प्रा० हिंतो] १ से। द्वारा। २ ओर से। तरफ से।

हुतो⑤—क्रि० अ० ['होना' क्रिया का व्रजभाषा मे भूतकालिक रूप] था।

हुत्कच—सज्ञा पुं० [सं०] एक दैत्य का नाम।

हुदकना†—क्रि० अ० [सं० उत् (= ऊर्ध्व)] उछलना। कूदना। उभडना।

हुदकाना⑤†—क्रि० स० [सं० उत्(= ऊर्ध्व) या देश०] उसकाना। उभारना।

हुदना⑤†—क्रि० अ० [स० हुण्डन] स्तब्ध होना। रुकना।

हुदहुद—संज्ञा पुं० [अ०] एक चिड़िया जो हिंदुस्तान और बरमा में प्राय सब जगह पाई जाती है। इसकी छाती और गरदन खैरे रंग की तथा चोटी और डैने काले और सफेद होते है। इसकी चोंच एक अंगुल लंबी होती है। उ०—पास हुदहुद के अब्बल आया नजदीक। याद कर फिरदोश को रोया अदीक।—दक्खिनी०, पृ० १७६।

हुदारना—क्रि० स० [देश०] रस्सी पर लटकाना। टाँगना। (लश०)।

हुदूद—संज्ञा स्त्री० [अ०] 'हद' का बहुवचन। सीमाएँ [को०]।

हुद्दा[1]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली।

हुद्दा[2]—संज्ञा पुं० [अ० ओहदा] ओहदा। पद।

हुन—संज्ञा पुं० [स० हूण, हून (=सोने का एक सिक्का)] १ मोहर। अशरफी। स्वर्णमुद्रा। २ सोना। सुवर्ण।

मुहा०—हुन बरसना=धन की बहुत अधिकता होना। उ०—हुन बरसता था, अमन था, चैन था। था फला फूला निराला राज भी। वह समाँ हम हिंदुओं के ओज का। आँख मे है घूम जाता आज भी।—चुभते०, पृ० २०। हुन बरसाना=बहुत अधिक धन लुटाना। उ०—बेगम साहब की नजर इनायत हो जाएगी तो हुन बरसा देंगी।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ३५।

हुनना—क्रि० स० [सं० हु, हुन्+हि० ना (प्रत्य०)] १ अग्नि मे डालना। आहुति देना। २ यज्ञ करना। हवन करना। उ०—सूर कवन रावन सरिस स्वकर काटि जेहि सीस। हुने अनल अति हरख बहु बार साखि गौरीस।—मानस, ६।२८।

हुनर—संज्ञा पुं० [फा०] १. कारीगरी। कला। फन। २ गुण। करतब। खूबी। ३ कौशल। युक्ति। चतुराई। ४ विद्या। इल्म (को०)। ५ दस्तकारी। शिल्प (को०)।

हुनरमद—वि० [फा०] हुनर जाननेवाला। कलाकुशल। निपुण।

हुनरमदी—संज्ञा स्त्री० [फा०] हुनरमद होने की क्रिया या भाव। कला-कुशलता। निपुणता।

हुनरा—वि० [फा० हुनर] वह बंदर या भालू जो नाचना और खेल दिखाना सीख गया हो। (कलंदर)।

हुनिया—संज्ञा स्त्री० [देश०] भेड़ो की एक जाति जिसका ऊन अच्छा होता है।

हुन्न—संज्ञा पुं० [स० हूण] दे० 'हुन'।

हुन्नर—संज्ञा पुं० [फा० हुनर] दे० 'हुनर'। उ०—अंजन कीया नैन मैं सबही रूप मोहि। सुंदर हुन्नर बहुत हैं कोई न जानै तोहि।—सुंदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७६७।

हुन्ना(पं)—संज्ञा पुं० [स० हूण] दे० 'हुन'।

हुब—संज्ञा पुं० [अ०] १ अनुराग। प्रेम। २ श्रद्धा। ३ हौसला। उमंग। उत्साह।

हुबाब—संज्ञा पुं० [अ०] १ पानी का बुलबुला। बुद्बुद। उ०—दौलत का जौक ऐसे ज्यो आब का हुबाब।—चरण० बानी, पृ० ११४। २ हाथ मे पहना जानेवाला एक आभूषण। ३ शीशे के गोले जो मकानो की सजावट मे लगाए जाते हैं अथवा जिनसे लड़के खेलते हैं।

हुब्ब—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'हुब'।

हुब्बुलवतन—संज्ञा पुं० [अ०] स्वदेशप्रेम। देशप्रेम [को०]।

हुब्बुलवतनी—संज्ञा स्त्री० [अ० हुब्बुलवतन] देशभक्ति। स्वदेशप्रेम। उ०—परम साहसी बंस प्रहारी रास बिहारी की, जो सब भी ऐसा सुनने मे आता है, अन्य देश मे, छद्म वेष मे घूम घूमकर अलख जगाता है हुब्बुलवतनी का।—बंगाल०, पृ० १५।

हुब्बेवतन—संज्ञा पुं० [अ०] देशप्रेम [को०]।

हुमक(पं)—संज्ञा स्त्री० [हि० उमग] उमंग। उत्साह। मौज। उ०—हकत हय न हुमक बक तकि नवल तमकत।—पद्माकर ग्र०, २७८।

हुमकना(पं)—क्रि० अ० [हि० उमग+ना] उत्साहयुक्त होना। उमंग या जोश से भर जाना। उ०—महासान हस्फान के हैं हुमकैं। मनो पौन के गौन कौं लेत हकैं।—पद्माकर ग्र०, पृ० २८०।

हुमकना—क्रि० अ० [अनु० हु (प्रयत्न का शब्द)] १ उछलना कूदना। २ जमे हुए पैर से ठेलना या धक्का पहुँचाना। पैरो से जोर लगाना। ३ पैरो को आघात के लिये जोर से उठाना। कसकर पैर तानना। उ०—हुमकि लात कूबर पर मारा।—तुलसी (शब्द०)। ४ चलने का प्रयत्न करना। चलने के लिये जोर लगाकर पैर रखना। ठुमकना। (बच्चो का)। ५ दबाने खींचने या इसी प्रकार का और कोई काम करने के लिये जोर लगाना। उ०—मारेसि सींग पेट महँ धँसी। काढेसि हुमकि आँति भुँई खसी।—जायसी (शब्द०)।

हुमगना—क्रि० अ० [अनु० हुँ] दे० 'हुमकना'।

हुमचना—क्रि० अ० [अनु०] किसी चीज पर चढकर उसे दबाने के लिये जोर लगाना या उसपर बार बार उछलना कूदना। दे० 'हुमकना'। उ०—उनकी पीठ पर हुमच रहे है।—गोदान, पृ० १३२।

हुमडना†—क्रि० अ० [हि० उमडना] किसी द्रव पदार्थ का उमडकर बहना या ऊपर उठकर फैल जाना।

हुमसना—क्रि० अ० [अनु०] उल्लसित होना। उत्साह से भर जाना। उमसना। उ०—इतर जनो मे भी प्राचीन भावना थी। अगर कही अँग्रेजी राज के कारण हुमसते थे तो उनका हाथ पकड़कर रास्ते पर ले चलनेवाला न था।—काले०, पृ० ६१।

हुमसाना—क्रि० स० [अनु०] १ किसी के मन मे कोई इच्छा या विचार उत्तेजित करना। २ किसी को उल्लसित या उत्थापित करना।

हुमसावना(पं)—क्रि० स० [अनु०] दे० 'हुमसाना'।

हुमा—संज्ञा स्त्री० [फा०] उर्दू और फारसी साहित्य मे एक कल्पित पक्षी जिसके संबंध मे प्रसिद्ध है कि वह हड्डियाँ ही खाता है और जिसके ऊपर उसकी छाया पड जाय वह बादशाह हो जाता है। उ०—आपके कबूतर किससे कम है वल्लाह, कबूतर नही परीजाद हैं, खिलौने हैं, तस्वीर हैं, हुमा पर साया पड़े तो उसे शहबाज बना दें।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ८१४।

हुमाई—वि० [फा० हुमा+ई (प्रत्य०)] हुमा पक्षी संबंधी।

हुमायूँ[1]—वि० [फा०] शुभ। मंगलमय [को०]।

हुमायूँ[2]—सज्ञा पुं० मुगल सम्राट् अकबर का पिता जो बाबर का बेटा था।

हुमुकना—क्रि० अ० [अनु०] दे० 'हुमकना'। उ०—अचल से मुँह निकाल निकालकर माता के स्नेह प्लावित मुख की ओर देखता है, हुमुकता है और मुसकिराता है।—रगभूमि, भा० २, पृ० ८५७।

हुमेल—सज्ञा स्त्री० [अ० हमायल] १ अशर्फियो या रुपयो को गूथकर बनी हुई एक प्रकार की माला जिसे स्त्रियाँ पहनती हैं। उ०—फूलन की दुलरी, हुमेल हार फूलन के, फूलन की चपमाल, फूलन गजरा री।—नद० ग्र०, पृ० ३८०। २ घोडो के गले का एक गहना।

हुम्मा—सज्ञा पुं० [हि० उमग] लहरो का उठना। बान। (लश०)।

हुरक(पु)—सज्ञा पु० [सं० हुडुक] हुडुक नाम का एक वाद्य। उ०—ढाढी और ढाढिनि गावै ठाढे हुरकै बजावे, हरषि असीस देत मस्तक नव ई कै।—सूर०, १०।३१।

हुरकणी(पु)†—सज्ञा स्त्री० [?श०] वेश्या। रडी। उ०—सावल अणियाँ साँकही, चोरँग वणिया चेत। भणियाँ सू भेलप नही, हुरकणियाँ सूँ हेत।—वाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० १।

हुरकिनी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'हुरकणी'।

हुरदग—सज्ञा पु० [अनु० हुड, हुर+हिं० दग] दे० 'हुडदग'।

हुरदगई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० हुरदग] हुरदगी होने का भाव या क्रिया।

हुरदगा—सज्ञा वि० पुं०, [अनु०] दे० 'हुडदगा'।

हुरदग—वि० [हिं०,हुडदगा] दे० 'हुडदगी'।

हुरमत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ सतीत्व। अस्मत। २ आबरू। इज्जत। मान। मर्यादा। उ०—ऐसी होरी खेल, जामे हुरमत लाज रहो री। सील सिँगार करो मोर सजनी धीरज माँग भरो री।—कबीर श०, भा० ४, पृ० २१।

मुहा०—हुरमत उतारना=किसी की मान प्रतिष्ठा को समाप्त करना। बेइज्जत करना। हुरमत लेना=दे० 'हुरमत उतारना'।

हुरमति(पु)—सज्ञा स्त्री० [अ० हुरमत] दे० 'हुरमत'।

हुरसा—सज्ञा पुं० [देश०] वह गोलाकार पत्थर जिसपर चदन रगडते हैं। दे० 'होरसा'। उ०—नाम तेरो आसन, नाम तेरो हुरसा, नाम तेरो केसर लै छिडका रे।—सत रवि०, पृ० १२६।

हुरहुर—सज्ञा पुं० [देश० ?] एक बरसाती पौधा। अर्कपुष्पिका। विशेष दे० 'हुलहुल'।

हुरहुरिया—सज्ञा स्त्री० [अनु० हुलहुली] एक प्रकार की चिडिया।

हुरिजक—सज्ञा पु० [स० हुरिञ्जक] निषाद और कवरी स्त्री से उत्पन्न एक सकर जाति।

हुरिहाई(पु)—वि०, सज्ञा स्त्री० [हिं० होली+हाई] होरी खेलनेवाली। उ०—रूप अलबेली सु नवेली एरी तेरी आँखैं, ताकि छाकि मारैं हुरिहाई न कहूँ छिकैं।—घनानद, पृ० ४५।

हुरिहार—वि०, सज्ञा पुं० [हिं० होली+हार (=वाला)] होली खेलनेवाला। उ०—(क) हाय इन नैनन तें निकरि हमारी लाज, कित धौं हेरानी हुरिहारन के बीच मे।—पद्माकर ग्र०, पृ० ३१६। (ख) दोनो ही हुरिहार बड़े सुकुमार है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १८६।

हुरुष्टक—सज्ञा पुं० [स०] हाथी का अकुश।

हुरुमयी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का नृत्य। उ०—उलया, टेकी, आलमस, पिंड। पलटि हुरुमयी निशक चिंड।—केशव (शब्द०)।

हुर्च्छन—सज्ञा पुं० [सं०] विश्वासघातकता। धोखेबाजी [को०]।

हुर्रा—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार की हर्षध्वनि।

हुल[1]—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का दोधारा छुरा।

हुल[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० शूल] पीडा। वेदना। कसक। उ०—उर लीने अति चटपटी सुनि मुरली धुनि धाइ। हौं हुलसी निकसी सु तौ गौ हुल सी हिय लाइ।—पद्माकर ग्र०, पृ० ७५।

हुल[3]†—सज्ञा स्त्री० [अनु० या ?] भीतर से बाहर की ओर आने का वेग।

हुलक—सज्ञा स्त्री० [अनुध्व०] वेग। गति। हूल। उ०—हुलक हुलक्का से सुतुक्का से तरारिन मे ललित ललाम जे लगाम लेत लक्का से।—पद्माकर ग्र०, पृ० ३०६।

हुलकना—क्रि० अ० [अनु० हुलहुल] कै करना। वमन करना।

हुलकी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हुलकना] १ कै। वमन। उलटी। २ हैजे की बीमारी।

हुलक्का(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० उल्का] आकाश से रात के समय तीव्र वेग से गिरनेवाला ज्योतिर्पिंड। विशेष दे० 'उल्का'। उ०—हुलक हुलक्का से सुतक्का से तरारिन मे ललित ललाम जे लगाम लेत लक्का से।—पद्माकर ग्र०, पृ० ३०६।

हुलना—क्रि० अ० [हिं० हूलना] लाठी, भाले आदि को जोर से ठेलना। रेलना। पेलना।

हुलमातृका—सज्ञा स्त्री० [स०] बडी दुधारी कटार [को०]।

हुलराना—क्रि० स० [अनु०] दे० 'हलराना'। उ०—यसोदा मइया लाल को झुलावे। आछे वार कान्ह को हुलरावे।—अकबरी०, पृ० ४८।

हुलसना[1]—क्रि० अ० [हिं० हुलास+ना (प्रत्य०)]। १ उल्लास मे होना। आनद से फूलना। उमगना। खुशी से भरना। उ०—उर लीने अति चटपटी सुनि मुरली धुनि धाइ। हौं हुलसी निकसी सु तौ गौ हुल सी हिय लाइ।—पद्माकर ग्र०, पृ० ७५। २ उभरना। उठना। ३ उमडना। बढना। उ०—सभु प्रसाद सुमति हिय हुलसी। रामचरितमानस कवि तुलसी।—तुलसी (शब्द०)। ४ शोभायमान होना। उल्लसित होना। सुशोभित होना। उ०—हिये हुलसैं बनमाल सुहाई।

हुलसना(पु)[2]—क्रि० स० १ आनदित करना। प्रफुल्लित करना। २ उभारना। उठाना। ३ अभिवर्धन करना। बढाना।

हुलसाना[1]—क्रि० स० [हिं० हुलसना] उल्लसित करना। आनदपूर्ण करना। हर्ष की उमग उत्पन्न करना। उ०—पवन

झुलावै, केकी कीर वतरावै देव, कोकिल हुलाइ हुलसावै कर तारी दै।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १५७।

हुलसाना[1]—क्रि० अ० दे० 'हुलसना'। उ०—राम अनुज मन की गति जानी। भगतवछलता हिय हुलसानी।—तुलसी (शब्द०)।

हुलसी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हुलसना] हुलास। उल्लास। आनद की उमग।—उ०—रामहि प्रिय पावन तुलसी सी। तुलसिदास हित हिय हुलसी सी।—तुलसी (शब्द०)। २. किसी किसी के मत से तुलसीदास जी की माता का नाम।

हुलहुल—सज्ञा पुं० [?] एक छोटा बरसाती पौधा। अर्कपुष्पिका। सूरजवर्त।

विशेष—इस पौधे के कई भेद होते हैं। साधारण जाति के पौधे मे सफेद फूल और मूँग सी लबी फलियाँ लगती हैं। पीले, लाल और बैगनी फूलवाले पौधे भी पाए जाते हैं। पत्तियाँ इसकी गोल और फाँकदार होती हैं जो दर्द दूर करने की दवा मानी जाती है। कान के दर्द मे प्राय इन पत्तियो का रस डाला जाता है। लोग इसकी पत्तियो का साग भी खाते हैं।

हुलहुला—सज्ञा पुं० [देश०] १ विलक्षण बात। अद्भुत बात। २ उपद्रव। उत्पात। ३ शोक। उमग। ४ मिथ्या अभियोग।

हुलहुली—सज्ञा स्त्री० [सं०। तुल० बँ० हुलू (= शुभ कर्म के समय उपस्थित नर नारियो की शुभसूचक ध्वनि)] किसी मागलिक अवसर पर स्त्रियो द्वारा उच्चरित अस्पष्ट शब्दावली [को०]।

हुला—सज्ञा पुं० [हिं० हूलना] लाठी का छोर या नोक।

हुलाग्रका—सज्ञा स्त्री० [सं०] अस्त्रविशेष [को०]।

हुलाना†[1]—क्रि० स० [हिं० हूलना] लाठी, भाले आदि को जोर से ठेलना। पेलना।

हुलाना(पु)[2]—क्रि० स० [स० उल्लसन] प्रसन्न करना। उ०—पवन झुलावै, केकी कीर वतरावै देव, कोकिल हुलाइ हुलसावै कर तारी दै।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १५७।

हुलारा†—सज्ञा पुं० [अनुध्व०] जोर लगाकर ऊपर उठाने का प्रयास। उ०—दूसरा भरा घडा उठा, हुलारा दे उसने सिर पर रख लिया।—सम्मावृत०, पृ० १२७।

हुलास—सज्ञा स्त्री० [हिं० हुलसना] तरग। लहर।

हुलास[1]—सज्ञा पुं० [सं० उल्लास] १ आनद की उमग। उल्लास। हर्ष की प्रेरणा। खुशी का उमडना। आह्लाद। उ०—तिनि लोगनि की गति दाननि की अति निरखि सचीपति भूलि रहे। ब्रजसोभ प्रकासहिं नद विलासहिं 'दास' हुलासहिं कौन कहै।—भिखारी ग्र०, भा० १, पृ० २२६। २ उत्साह। हौसला। तबीयत का बढना। उ०—सुनहिं राज, रामहि बनवासू। देहु लेहु सब सवति हुलासू।—तुलसी (शब्द०)। ३ उमगना। बढना। ४ एक छद जो चौपाई और त्रिभगी के मेल से बनता है। दे० 'हुल्लास'।

हुलास[1]—सज्ञा स्त्री० सुंघनी। मग्जरोशन।

हुलासदानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० हुलास + दान] सुंघनीदानी।

हुलासिका(पु)—वि० स्त्री० [सं० उल्लासिका] आनद देनेवाली। उत्साह देनेवाली। उ०—पुन्य प्रकासिका पाप विनासिका हीय हुलासिका सोहत कासिका।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८१।

हुलासी—वि० [हिं० हुलास + ई (प्रत्य०)] १ आनदयुक्त। उल्लसित। हुलास से युक्त। उ०—गिरिधरदास। विस्व की रति विलासी रमा हासी लौं उजासी जाकी जगत हुलासी है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८१। २ उत्साही। हौसलेवाला।

हुलिग—सज्ञा पुं० [सं० हुलिङ्ग] मध्यदेश के अतर्गत एक प्रदेश का नाम।

हुलिया—सज्ञा पुं० [अ० हुलियह] १ शकल। आकृति। रूपरग। २ चेहरा। मुख। ३ किसी मनुष्य के रूपरग आदि का विवरण। शकल सूरत और बदन पर के निशान वगैरह का ब्यौरा।

मुहा०—हुलिया कराना या लिखाना = किसी भागे हुए, खोए हुए या लापता आदमी का पता लगाने के लिये उसकी शकल सूरत आदि पुलिस मे दर्ज कराना। हुलिया तग करना = किसी को अत्यत परेशान करना। हुलिया तग होना = झझट मे पडना। परेशानी मे पडना। हुलिया बताना अथवा बयान करना = किसी के रूप, रग, शकल, सूरत और शारीरिक चिह्न वगैरह का विवरण बताना। हुलिया बिगडना = किसी की बुरी हालत होना। किसी की गत बनना। हुलिया बिगाड देना या बिगाडना = ऐसा मारना कि चेहरा और चाल आदि पूर्ववत् न रह जाय।

यौ०—हुलियानामा = किसी मनुष्य के शकल सूरत और शरीर के विशेष निशान का विवरणपत्र।

हुलिहली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ विवाह के अवसर पर स्त्रियो द्वारा गाया जानेवाला गीत। २ गर्जन। ३ भूँकना। भौंकना। हुआँ हुआँ करना [को०]।

हुलु—सज्ञा पुं० [स०] मेढा।

हुलूक—सज्ञा पुं० [देश०] एक जाति का बदर।

विशेष—इसकी लबाई बीस इक्कीस इच और रग प्राय सफेद होता है। यह आसाम के जगलो मे झुड मे रहता है और जल्दी पालतू हो जाता है।

हुलैया—सज्ञा स्त्री० [हिं० हूलना] डूबने के पहले नाव का उगमगाना।

हुल्ल—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नृत्य।

हुल्लड—सज्ञा पुं० [अनु० सं० हुलहुल] १ शोरगुल। हल्ला। कोलाहल। २ उपद्रव। ऊधम। धूम। ४ हलचल। आदोलन। ५ दगा बलवा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।—मचना।—मचाना।

हुल्लास—सज्ञा पुं० [सं० उल्लास] १ चौपाई और त्रिभगी के योग से बना हुआ एक छद जिसके अत के चारो चरणो मे जगण का रखना वर्जित है। जैसे,—छानो तिरभगी छद सुहागी है बहुरगी मनहि हरै। चदनदिठ बना बनि सो आगे धरि बसु

चरनन कविता सुथरै । हुल्लास सुछदा आनँदकदा जस वर चदा रूप रजै । यों छद वखानै सव मनमानै जाके वरनत सुकवि सजै । --छद ०, पृ० ६५ । २ उल्लास । आह्लाद । उमग । उ०—औरै के गुन और को गुन पहिले उल्लास । दास सपूरन चद लखि सिंधु हिये हुल्लास ।—भिखारी० ग्र०, भा० २, पृ० १३३ ।

हुवेदा—वि० [फा० हुवैदा] जाहिर । स्पष्ट । उ०—हुवेदा इश्क केरा सूर कीता । दो जग तिस सूर सूँ पुरनूर कीता ।—दक्खिनी०, पृ० १५४ ।

हुश—अव्य० [अनु०] दे० 'हुश्' ।

हुशकाई†—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ हुशकारने का भाव या कार्य । हुशकारने की क्रिया । २ हुशकारने की उजरत । उ०—धेले की वुलवुल हाथ न लगे और टका हुशकाई पड जाय, पुलिस की आँख मे गिर जाना है ।—चोटी०, पृ० १८ ।

हुशयार—वि० [फा०] दे० 'होशियार' ।

हुशवार—वि० [फा०] दे० 'होशियार' ।

हुशयारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दे० 'होशियारी' ।

हुशार(पु)—वि० [फा० होशयार, हुशयार] दे० 'होशियार' । उ०—हारे मुढे हुशार मुढे देख मुढे भाई । डोगी नजर देखते बावा नजीकई लाई ।--दक्खिनी०, पृ० १२३ ।

हुश्—अव्य० [अनु०] १ एक निषेधवाचक शब्द । अनुचित वात मुँह से निकालने पर रोकने का शब्द । २ पशुओ और पक्षियो आदि को अपनी ओर वुलाने या स्थान से हटाने के लिये प्रयुक्त शब्द ।

हुश्कार—सज्ञा स्त्री० [अनु० हुश्] हुश् हुश् करने की आवाज ।

हुश्कारना—क्रि० स० [हुश् से अनु०] हुश् हुश् शब्द करके कुत्ते को किसी ओर वाटने आदि के लिये वढाना या पशु पक्षियो को किसी स्थान से हटाना ।

हुसियार(पु)†—वि० [फा० होशियार] दे० 'होशियार' । उ०—हम तो वचिगे साहव दया से शब्द डोर गहि उतरे पार । कहत कवीर सुनो भाई साधो इस ठगनी से रहो हुसियार ।--कविता कौ०, भा० १, पृ० ५१ ।

हुसियारी(पु)—सज्ञा स्त्री० [फा० होशियारी] दे० 'होशियारी' । देखरेख । चौकसी । उ०—अव गदडी की करु हुसियारी, दाग न लागै देखु विचारी ।—कवीर० रे०, पृ० १ ।

हुसूल—सज्ञा पुं० [अ०] १ लाभ । नफा । २ आय । आमदनी । ३ प्राप्ति । मिलना । ४ फल । परिणाम । नतीजा । उ०—सिजदा है य सर का मारना जिसमे कुछ भी हुसूल न हो ।—भारतेदु ग्र०, भा० २, पृ० ५७० ।

हुसेन—सज्ञा पुं० [अ० हुसैन] दे० 'हुसैन' । उ०—एक दिवस जवरैल जु आए । हसन हुसेन को दुख सुनाए ।--हिंदी प्रेमा०, पृ० २३३ ।

हुसैन—सज्ञा पुं० [अ०] मुहम्मद साहव के दामाद अली के छोटे पुत्र का नाम ।

विशेष—इन्होने यजीद का शासन स्वीकार नही किया था और इसलिये करवला के मैदान मे अपने वड़े भाई हसन के साथ मारे गए थे । ये शीया मुसलमानो के पूज्य हैं । मुहर्रम इन्ही के शोक मे मनाया जाता है ।

हुसैनी—सज्ञा पुं० [अ० हुसैन] १ अगूर की एक जाति । २ फारसी सगीत के वारह मुकामो मे से एक ।

हुसैनी कान्हडा—सज्ञा पुं० [फा० हुसैनी + हिं० कान्हडा] सपूर्ण जाति का एक राग जिसमे सव शुद्ध स्वर लगते हैं ।

हुस्न[1]—सज्ञा पुं० [अ०] १ सौदर्य । सुदरता । लावण्य । उ०—उजियाला हुस्न का है अदा खूव अज्व गुल है । इस नाज वगीचे मे हम वुलवुलो का गुल है ।—व्रज० ग्र०, पृ० ४२ ।

यौ०—हुस्न का आलम = सौंदर्य का काल । सुदरता का युग । हुस्नखेज । हुस्नपरस्त । हुस्नपसद । हुस्नफरोश ।

२ तारीफ की वात । खूवी । उत्कर्ष । जैसे,—हुस्नइतजाम ।

३ अनूठापन । विचित्रता । जैसे--हुस्नइत्तफाक ।

हुस्न[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] सतीत्व [को०] ।

हुस्नआरा—वि० [फा०] सुदर । रूपवान । सुदरता को शृगारित करनेवाला [को०] ।

हुस्नइतजाम—सज्ञा पुं० [अ० हुस्ने इतिजाम] प्रवध की खूवी । अच्छा इतजाम । सुप्रवध ।

हुस्नइत्तफाक—सज्ञा पुं० [अ० हुस्ने इत्तिफाक] दैवयोग से या अचानक किसी काम का अच्छा होना ।

हुस्नखेज—वि० [अ० हुस्न + फा० खेज] जहाँ के लोग सुदर होते हो ।

हुस्नदान—सज्ञा पुं० [अ० हुस्न + हिं० दान] पानदान । खासदान ।

हुस्नपरस्त—सज्ञा पुं० [अ० हुस्न + फा० दान] सौंदर्योपासक । सुदर रूप का प्रेमी । रूप का लोभी ।

हुस्नपरस्ती—सज्ञा स्त्री० [अ० हुस्न + फा० परास्त] सौंदर्योपासना । सुदर रूप का प्रेम । रूप का लोभ ।

हुस्नपसद—वि० [अ० हुस्न + फा० पसद] सौंदर्यप्रेमी [को०] ।

हुस्नफरोश—सज्ञा स्त्री० [अ० हुस्न + फरोश] रूप का सौदा करनेवाली स्त्री । गणिका । तवायफ । वेश्या [को०] ।

हुस्नशिनास—वि० [अ०] सौंदर्यप्रेमी [को०] ।

हुस्ना—सज्ञा स्त्री० [अ०] अत्यत सुदर स्त्री । हसीन औरत [को०] ।

हुस्नेखुदादाद—सज्ञा पुं० [फा० हुस्नेखुदादाद] ईश्वरप्रदत्त सुदरता । प्रकृतिप्रदत्त लावण्य । प्राकृतिक सौंदर्य । सहज सुषमा ।

हुस्नेजन—सज्ञा पुं० [अ० हुस्नेज़न] अच्छी भावना । सुदर धारणा [को०] ।

हुस्नेतलव—सज्ञा पुं० [अ०] किसी वस्तु को माँगने अथवा लेने का अच्छा ढग [को०] ।

हुस्नोइश्क—सज्ञा पुं० [अ०] १ सौंदर्य और प्रेम । सुदरता और स्नेह । २ नायिका और नायक [को०] ।

हुस्नोदमक—सज्ञा स्त्री० [अ० + फा० दम या दमक = अनु०] सौंदर्य और काति । लावण्य तथा शोभा । उ०—है हेच नमक हुस्नोदमक हूरो गिलेमाँ ।—कवीर म०, पृ० ४६६ ।

हुस्यार(पु)‡—वि० [फा० हुशयार] दे० 'होशियार'। उ०—नहिं काहू का पतियारा। मृग निशदिन रहै हुस्यारा।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० १४१।

हुस्यारपन(पु)—संज्ञा पुं० [फा०हुशयार+हिं० पन] होशियार होना। होशियारी। बुद्धिमत्ता। चातुर्य। चालाकी। उ०—आयो सुनि कान्ह भूल्यो सकल हुस्यारपन, स्यारपन कस को न कहतु सिरातु है।—भिखारी० ग्र०, भा० २, पृ० ३३।

हुहव—संज्ञा पुं० [सं०] एक नरक का नाम।

हुहु—संज्ञा पुं० [स०] एक गधर्व का नाम। हूहू।

हुहू—संज्ञा पुं० [सं०] एक गधर्व [को०]।

हू—अव्य० [सं० हूम्] क्रोध या वर्जन बोधक अव्यय [को०]।

हूकार—संज्ञा पुं० [स० हूङ्कार] दे० 'हुकार'।

हूँ[1]—अव्य० [अनु०] १. किसी प्रश्न के उत्तर मे स्वीकारसूचक शब्द। २ समर्थनसूचक शब्द। ३ एक शब्द जिसके द्वारा सुननेवाला यह सूचित करता है कि मैं कही जाती हुई बात या प्रसग ध्यान से सुन रहा हूँ। दे० 'हूँ'।

हूँ[2]—अव्य० [सं० उप, प्रा० उव, हिं० ऊ] दे० 'हू'। उ०—(क) ज्यो सब भाँति कुदेव कुठाकुर सेए वपु बचन हिये हूँ। त्यों न राम सुकृतज्ञ जे सकुचत सकृत प्रनाम किये हूँ।—तुलसी ग्र०, पृ० ५४४। (ख) स्याम बलराम बिनु दूसरे देव को, स्वप्न हूँ माहिं नहिं हृदय ल्याऊँ।—सूर०, १।१६७।

हूँ[3]—क्रि० अ० वर्तमानकालिक क्रिया 'है' का उत्तम पुरुष, एकवचन का रूप। जैसे—'मैं हूँ'।

हूँ(पु)—सर्व० [स० अहम्] अस्मद् शब्द का उत्तम पुरुष एकवचन सर्वनाम। मैं। अहम्। उ०—(क) हूँ कुँमलाणी कत विण जलह विहूँणी वेल।—ढोला०, दू० १६३। (ख) हूँ वलिहारी मज्जणाँ सज्जण मो वलिहार। हूँ सज्जण पगपानही सज्जण मो गलहार।—ढोला० दू०, १७६।

हूँकना—क्रि० अ० [अनु०] १ गाय का बछडे की याद मे या और कोई दुख सूचित करने के लिये धीरे धीरे बोलना। हुँडकना। उ०—ऊधो! इतनी कहियो जाय। अति कृशगात भई है तुम बिनु बहुत दुखारी गाय। जल समूह बरसत अँखियन तें हूँकति लीन्हे नावँ। जहाँ जहाँ गो दोहन करते ढूँढति सोइ सोइ ठावँ।—सूर (शब्द०)। २ हुकार शब्द करना। वीरो का ललकारना या दपटना। ३ सिसक कर रोना। कोई बात याद करके रोना।

हूँ(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० अहम्] अहभाव। अहता। निजत्व का अभिमान। उ०—दादू हूँ की ठाहर है कहौ, तन की ठाहर तू। री की ठाहर जी कहौ, ज्ञान गुरु का यौ।—दादू०, पृ० १८।

हूँछ(पु)[1]—संज्ञा स्त्री० [स० उञ्छ] सीला बीनना। दे० 'उछ'।

हूँछा[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] राजस्थान मे होनेवाली भुरट नाम की एक कँटीली घास का बीज। उ०—[illegible]

कयर कँटाला रूँख। आके फोगे छाँहडी हूँछाँ भाँजइ भूँख।—ढोला०, दू० ३६१।

हूँछवृत्ति(पु)—संज्ञा स्त्री० [स० उञ्छवृत्ति] खेत मे गिरे हुए दानो को बीनकर जीवन निर्वाह करने का काम। उ०—हूँछ वृत्ति मन मानि सम दृष्टी इच्छा रहित। करत तपस्वी ध्यान कधा को आसन किए।—ब्रज० ग्र०, पृ० २३।

हूँठ—वि० [स० अर्द्धचतुर्थ, प्रा० अद्धुट्ठ (स० 'अध्युष्ठ' कल्पित जान पडता है)] साढे तीन।

हूँठा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० हूँठ] १ साढे तीन का पहाडा। २ साढे तीन उ०—बीस हिसो नर आयु बखानी। हूँठा हाथ देहो परमानी।—कबीर, सा०, पृ० २९२।

हूँठा†[2]—संज्ञा पु० [स० अगुष्ठ] दे० 'अँगूठा'।

हूँड—संज्ञा स्त्री० [हिं० होड] खेतो की सिंचाई मे किसानो की एक दूसरे को सहायता देने की रीति।

हूँण(पु)†—अव्य० [प०] अब। इस समय। दे० 'हुण'। उ०—हूँण तिसनौ कोई क्यौ करि पावै जिसदै रूप न रेषै।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० २७५।

हूँत†—वि० [सं० आहूत] बुलाया हुआ। आहूत। उ०—अत को माँ नै मुझै सोई जान फिर हूँत न कराया।—श्यामा०, पृ० ७१।

हूँमा—संज्ञा स्त्री० [फा० हुमा] एक पक्षी। दे० 'हुमा'। उ०—केवल हूँमा की हुँकारी की झाँई पर्वत के कदरो मे बोलती है।—श्यामा०, पृ० ७९।

हूँस[1]—संज्ञा स्त्री० [स० हिंस] १ दूसरे की बढती देखकर जलना। ईर्ष्या। डाह। २ दूसरे की कोई वस्तु देखकर उसे पाने के लिये दुखी रहना। आँख गडाना। ३ बुरी नजर। टोक। जैसे,—बच्चे को हूँस लगी है।

क्रि० प्र०—लगना।

४ बुरा भला कहते रहने की क्रिया। कोसना। फटकार। जैसे,—दिन रात तुम्हारी हूँस कौन सहा करे?

हूँस[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० हवस] चाह। उ०—कल कदमूं के लगर भारी कनक की हूँस।—रघु० रू०, पृ० २४०।

हूँसना[1]—क्रि० स० [हिं० हूँस] नजर लगाना।

हूँसना[2]—क्रि० अ० १ ईर्ष्या से जलना। २ किसी वस्तु पर अँख गडाना। ललचाना। ४ भला बुरा कहना। कोसना। ५ रह रहकर चिढना।

हू(पु)†[1]—अव्य० [वैदिक स० उप (=आगे, और), प्रा० उव, हिं० ऊ] एक अतिरेकबोधक शब्द। उ०—(क) काल हू के काल महाभूतन के महाभूत, कर्म हू के करम निदान के निदान है।—तुलसी ग्र०, पृ० २२९। (ख) तुम हू कान्ह मनो भए आजु काल्हि के दानि।—बिहारी (शब्द०)।

हू[2]—संज्ञा पुं० गीदड के बोलने का शब्द।

यौ०—हूध्वनि, हूशब्द=हू, हू बोलनेवाला गीदड। स्यार। हूरव।

हूक—संज्ञा स्त्री० [सं० हिक्का] १ हृदय की पीडा। छाती या कलेजे का दर्द जो रह रहकर उटता है। साल।

क्रि० प्र०—उठना।—मारना।

२ दद। पीडा। कसक। उ०—हिए हूक भरि नैन जल विरह अनल अनि हूम।—माधवानल०, पृ० २०४। ३ मानसिक वेदना। सताप। दु ख। उ०—व्यापै त्रिया यह जानि परी मनमोहन मीत सों मान किये तें। भूलिहूँ चूक परै जो कहूँ तिहि चूक की हूक न जाति हिये तें।—पद्माकर ग्र०, पृ० ११८। ४ धडक। आशका। खटका।

हूकना—क्रि० अ० [हिं० हूक+ना (प्रत्य०)] १ सालना। दुखना। दर्द करना। कसकना। २ पीडा से चौक उठना। उ०—(क) कुच तूँबी अब पीठि गडोऊँ। गहै जो हूकि गाढ रस धोऊँ।—जायसी (शब्द०)। (ख) त्यो पद्माकर पेखौ पलासन, पावक सी मनौ फूंकन लागी। वै ब्रजवारी बेचारी बधू बन बावरी लौ हिये हकन लागी।—पद्माकर (शब्द०)।

हूका[9]†—सज्ञा पुं० [अ० हुक्कह्] दे० 'हुक्का'। उ०—गादी कूँटि दावी बैठ हूका भी भराया।—शिखर०, पृ० ६०।

हूचक—सज्ञा पुं० [देश०] युद्ध। (डिं०)।

हूटना[9]†—क्रि० अ० [सं० √हूड् (=चलना)] १ हटना। टलना। उ०—हथियारनि सूटैं नेकु न हूटैं खलदल कूटैं, लपटि लरैं।—पद्माकर ग्र०, पृ० २७। २ मुडना। पीठ फेरना। उ०—जुत्थन सों जूटैं नेकु न हूटैं, फिरि फिरि छूटैं फेरि लरैं।—पद्माकर ग्र०, पृ० २६।

हूठा—सज्ञा पुं० [हिं० अँगूठा] १ किसी को चाही वस्तु न देकर उसे चिढाने के लिये अँगूठा दिखाने की अशिष्ट मुद्रा। ठेंगा। उ०—प्यारे प्रीत बढाय लिया चित चोरि कै। हूठ्यौ दै इठलाय चल्या मुख मोर कै।—घनानद, पृ० १७५। २ अशिष्टो या गँवारो की बातचीत या विवाद मे ऐंठ दिखाते हुए हाथ मटकाने की मुद्रा। भद्दी या गँवारू चेष्टा।

मुहा०—हूठा देना=ठेगा दिखाना। अशिष्टता से हाथ मटकाना। भद्दी चेष्टा करना। उ०—(क) नागरि विविध विलास तजि बसी गँवैलिन माहिं। मूढनि मे गनिबी कितौ हूठौ दै अठिलाहिं।—विहारी (शब्द०)। (ख) गदराने तन गोरटी, ऐपन आड लिलार। हूठ्यौ दै अठिलाय दृग, करै बारि सु मार।—विहारी (शब्द०)।

हूड—वि० [स० हूण (एक जाति)] १ हूड। उजड्ड। अनपढ। २ असावधान। बेखबर। ध्यान न रखनेवाला। ३ गावदी। अनाडी। ४ हठी। जिद्दी।

हूडा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो पच्छिमी घाट (मलय पर्वत) के पहाडो से लेकर कन्याकुमारी तक होता है।

हूढ[9]†—वि० [स० हुण्ड (=ग्राम्य शूकर, मूर्ख राक्षस), प्रा० हुड (=बेढब अगवाला), देश०, हुड्ड (=भेडा)] दे० 'हूड'। उ०—राम नाम को छाडि कै और भजै ते मूढ। सुदर दुख पावै सदा जन्म जन्म वै हूढ।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६७७।

हूण[1]—सज्ञा पुं० [देश० या सं०] एक प्राचीन मगोल जाति जो पहले चीन की पूरबी सीमा पर लूट मार किया करती थी, पर पीछे अत्यत प्रबल होकर एशिया और योरप के सभ्य देशो पर आक्रमण करती हुई फैली।

विशेष—हूणो का इतना भारी दल चलता था कि उस समय के बडे बडे सभ्य साम्राज्य उनका अवरोध नही कर सकते थे। चीन की ओर से हटाए गए हूण लोग तुर्किस्तान पर अधिकार करके सन् ४०० ई० से पहले वक्षु नद (आक्सस नदी) के किनारे आ बसे। यहाँ से उनकी एक शाखा ने तो योरप के रोम साम्राज्य की जड हिलाई और शेष पारस साम्राज्य मे घुसकर लूटपाट करने लगे। पारसवाले इन्हे 'हेताल' कहते थे। कालिदास के समय मे हूण वक्षु के ही किनारे तक आए थे, भारतवर्ष के भीतर नही घुसे थे, क्योकि रघु के दिग्विजय के वर्णन मे कालिदास ने हूणो का उल्लेख वही पर किया है। कुछ आधुनिक प्रतियो मे 'वक्षु' के स्थान पर 'सिधु' पाठ कर दिया गया है, पर वह ठीक नही। प्राचीन मिली हुई रघुवश की प्रतियो मे 'वक्षु' ही पाठ पाया जाता है। वक्षु नद के किनारे से जब हूण लोग फारस मे बहुत उपद्रव करने लगे, तब फारस के प्रसिद्ध बादशाह बहराम गोर ने सन् ४२५ ई० मे उन्हें पूर्ण रूप से परास्त करके वक्षु नद के उस पार भगा दिया। पर बहराम गोर के पौत्र फीरोज के समय मे हूणो का प्रभाव फारस मे बढा। वे धीरे धीरे फारसी सभ्यता ग्रहण कर चुके थे और अपने नाम आदि फारसी ढग के रखने लगे थे। फीरोज को हरानेवाले हूण बादशाह का नाम खुशनेवाज था। जब फारस मे हूण साम्राज्य स्थापित न हो सका, तब हूणो ने भारतवर्ष की ओर रुख किया। पहले उन्होने सीमात प्रदेश कपिशा और गाधार पर अधिकार किया, फिर मध्यदेश की ओर चढाई पर चढाई करने लगे। गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त इन्ही चढाइयो मे मारा गया। इन चढाइयो से तत्कालीन गुप्त साम्राज्य निर्बल पडने लगा। कुमारगुप्त के पुत्र महाराज स्कदगुप्त बडी योग्यता और वीरता से जीवन भर हूणो से लडते रहे। सन् ४५७ ई० तक अतर्वेद, मगध आदि पर स्कदगुप्त का अधिकार बराबर पाया जाता है। सन् ४६५ के उपरात हूण प्रबल पडने लगे और अत मे स्कदगुप्त हूणो के साथ युद्ध करने मे मारे गए। सन् ४९९ ई० मे हूणो के प्रतापी राजा तुरमान शाह (सं० तोरमाण) ने गुप्त साम्राज्य के पश्चिमी भाग पर पूर्ण अधिकार कर लिया। इस प्रकार गाधार, काश्मीर, पजाब, राजपूताना, मालवा और काठियावाड उसके शासन मे आए। तुरमान शाह या तोरमाण का पुत्र मिहिरगुल (सं० मिहिरकुल) बडा ही अत्याचारी और निर्दय हुआ। पहले वह बौद्ध था, पर पीछे कट्टर शैव हुआ। गुप्तवशीय नरसिहगुप्त और मालव के राजा यशोधर्मन् से उसने सन् ५३२ ई० मे गहरी हार खाई और अपना इधर का सारा राज्य छोडकर वह काश्मीर भाग गया। हूणो मे ये ही दो सम्राट् उल्लेख योग्य हुए। कहने की आवश्यकता नही कि हूण लोग कुछ और प्राचीन जातियो के समान धीरे धीरे भारतीय सभ्यता मे मिल गए। राजपूतो मे एक शाखा हूण भी है। कुछ लोग अनुमान करते है कि राजपूताने और गुजरात के कुनबी भी हूणो के वशज है।

२ एक स्वर्णमुद्रा । दे० 'हुन' (को०) । ३ वृहत्सहिता के अनुसार एक देश का नाम जहाँ हूण रहते थे ।—वृहत्०, पृ० ८६ ।

हूत[1]—वि० [स०] १ पुकारा हुआ । जिसे आहूत किया गया हो । बुलाया हुआ । २ आमन्त्रित (को०) ।

हूत[2]—सज्ञा पु० आह्वान करना । पुकारना । बुलाना (को०) ।

हूत[3]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ मछली । मीन । २ बारहवी राशि । मीन राशि (को०) ।

हूतकार(पु)—सज्ञा पु० [स० हूत + कार अथवा हुङ्कार] गर्जन । ललकार । हुकार । उ०—गरज्जे गयदौ ये जजीर झारैं । मनौ हैं हनूमत की हूतकारैं ।—पद्माकर ग्र०, पृ० २७६ ।

हूति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बुलावा । आमत्रण । २. आह्वान । ललकार । ३ आख्या । अभिधान । नाम (को०) ।

हूतो(पु)—अव्य० [प्रा० हिंतो] दे० 'हुति' ।

हूदा—सज्ञा पु० [?] दे० 'हूल', 'हूला' ।

हून[1]—सज्ञा पुं० [अ०] तिरस्कार । अपमान (को०) ।

हून[2]†—सज्ञा पुं० [स०] हूण । स्वर्ण । सोना ।

हूनना(पु)†—क्रि० स० [स० हवन] हवन करना । अग्नि मे भस्म करना । उ०—सूर कवन रावन सरिस स्वकर काटि जेहि सीस । हुने अनल अति हरष वहु वार साखि गौरीस ।—मानस, ६ । २८ ।

हूनर(पु)—सज्ञा पुं० [फा० हुनर] दे० 'हुनर' । उ०—हद अवर हूनरदार हूनर भेट दें वहुभाव ।—रघु० रू०, पृ० ७१ ।

हूनरदार(पु)—वि० [फा० हुनर + दार] दे० 'हुनरमद' । उ०—हद अवर हूनरदार हूनर भेट दै वहुभाव ।—रघु० रू०, पृ० ७१ ।

हूनिया†—सज्ञा स्त्री० [स० हूण (= देश)] एक प्रकार की भेंड जो तिब्बत के पश्चिम भाग मे पाई जाती है ।

हूब[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० हुब्ब] दे० 'हुब्ब' ।

हूब[2]—सज्ञा पुं० [अ०] १ पाप । गुनाह । दोष । २. हत्या । हनन । वध (को०) ।

हूबहू—वि० [अ०] ज्यो का त्यो । ठीक वैसा ही । बिल्कुल समान या सदृश । तुल्य ।

हूम(पु)—सज्ञा पु० [स० होम] दे० 'होम'[2] । उ०—हिऐं हूक भरि नैन जल, विरह अनल अति हूम ।—माधवानल०, पृ० २०४ ।

हूय—सज्ञा पुं० [स०] आह्वान । आवाहन । जैसे,—देवहूय, पितृ हूय ।

हूर[1]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ मुसलमानो के स्वर्ग की अप्सरा । उ०—विना उसके जल्वा दिखाती कोई परी या हूर नही । सिवा यार के, दूसरे का इस दुनियाँ मे नूर नही ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० १६४ । २ वह औरत जिसकी आँखे और वाल अत्यत श्याम हो तथा शरीर अत्यत गौर एव दीप्त हो । अत्यत खूबसूरत औरत । अप्सरा सी सुदर स्त्री (को०) ।

हूर[2]—सज्ञा पु० [अ०] १ हत्या । हनन । कतल । वध २ नुकसान । हानि (को०) ।

हूरना—क्रि० स० [हिं० हूल + ना (प्रत्य०)] १ दे० 'हूलना' । †२ ठूस ठूसकर खाना ।

हूरव—सज्ञा पुं० [स०] स्यार । गीदड (को०) ।

हूरहूण—सज्ञा पु० [स०] हूणो की एक शाखा जिसने योरप मे जाकर हलचल मचाई थी । श्वेतहूण ।

हूरा—सज्ञा पु० [हिं० हूलना] १ लाठी का निचला छोर । दे० 'हूला' । २ †घूँसा । मुक्का ।

हूराहूरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक त्योहार या उत्सव जो दीवाली के तीसरे दिन होता है । †२ मुक्का मुक्की । घूसेवाजी । मुक्केवाजी ।

हूर्छन—सज्ञा पुं० [स०] टेढी चाल । वक्र गति । धूर्तता (को०) ।

हूर्छिता—वि० [सं० हूर्छितृ] १ वक्र गति से चलनेवाला । २ धूर्त । काइयाँ (को०) ।

हूर्णि—सज्ञा स्त्री० [स०] लघु प्रवाह । छोटी नहर या जलप्रणाली (को०) ।

हूल[1]—सज्ञा स्त्री० [स० शूल] १ भाले, डडे, छुरे, आदि की नोक या सिरे को जोर से ठेलने अथवा भोकने की क्रिया । २ लासा लगाकर चिडिया फँसाने का बाँस । ३ वमन करने की प्रवृत्ति । हुल्ल । ४ हूक । शूल । पीडा । (छाती या हृदय की) । उ०—कोकिल केकी कोलाहल हूल उठी उर मे मति की गति लूली ।—केशव (शब्द०) ।

क्रि० प्र०—उठना ।

हूल[2]—सज्ञा स्त्री० [अनु० स० हुलहुल] १ कोलाहल । हल्ला । धूम । २ अस्तव्यस्तता । उलट पलट । परिवर्तन । ३ हर्षध्वनि । आनद का शब्द । ४ युद्धाह्वान । ललकार । ५ खुशी । आनद । प्रसन्नता ।

यौ०—हूलफूल ।

हूलना—क्रि० स० [हिं० हूल + ना (प्रत्य०)] १ लाठी, भाले, छुरे आदि की नोक या सिरे को जोर से ठेलना या घुसाना । सिरे या फल को जोर से ठेलना या धँसाना । गोदना । गडाना । उ०—हूलै इतै पर मैन महावत, लाज के आँदू परे गथि पायँन । —पद्माकर (शब्द०) । २ शूल उत्पन्न करना ।

हूला—सज्ञा पुं० [हिं० हूलना] शस्त्र आदि हूलने की क्रिया या भाव ।

हूश[1]—वि० [हिं० हूड या फा० हूश] १ असभ्य । जगली । उजड्ड । २ अशिष्ट । असस्कृत । वेहूदा ।

हूश[2]—सज्ञा पुं० असस्कृत या असभ्यजन । अशिष्ट व्यक्ति । जगली आदमी । उ०—वे इसे हूशो की जवान वतलाते है ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ६३ ।

हूस—सज्ञा पुं० [हिं० हूश] दे० 'हूश'[2] । उ०—नीति विरुद्ध सदैव दूत वध के अघ साने । रूस कुमति फँसि हूस आप सो आप नसाने । —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ७६४ ।

हूसड—वि० [हिं० हूस + ड (प्रत्य०)] दे० 'हूश[1]' ।

हूहू—सज्ञा स्त्री० [अनु०] हुकार । कोलाहल । युद्धनाद । उ०—(क)

चले हूह करि यूथप बदर ।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जय जय जय रघुबस मनि धाए करि दइ हूह। —तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—देना।

हूहू[1]—संज्ञा पु० [अनु०] अग्नि के जलने का शब्द। लपट के उठने या लहराने का शब्द। धायँ धायँ। जैसे,—हूहू करके जलना।

हूहू[2]—संज्ञा पु० [स०] एक गंधर्व का नाम।

हृच्छय[1]—वि० [स०] हृदय में शयन या निवास करनेवाला।

हृच्छय[2]—संज्ञा पुं० १ मनोभव। कामदेव। मनसिज। २ प्रीति। प्रेम। स्नेह। ३ आत्मा। आत्मचैतन्य [को०]।

हृच्छयपीडित—वि० [स० हृच्छयपीडित] १ कामवासना से पीडित। २ प्रेमभाव के कारण दुखी। प्रेम में व्याकुल।

हृच्छयवर्धन—वि० [स०] १ कामवर्धक। कामोद्दीपक। २ प्रेमभाव की अभिवृद्धि करनेवाला। स्नेहवर्धक [को०]।

हृच्छूल—संज्ञा पुं० [स०] १ मन की कसक। हृदय की पीडा। २ कलेजे का दर्द। हृदय में होनेवाली वेदना या शूल जो एक रोग है।

हृच्छोक—संज्ञा पुं० [सं०] मनस्ताप। हृद्गत वेदना या परिताप [को०]।

हृच्छोष—संज्ञा पुं० [सं०] हृदयशून्यता। असहृदयता।

हृज्ज[1]—वि० [स० हृत् + ज] मन से उत्पन्न। जो हृदय से या हृदय में जायमान हो।

हृणि—संज्ञा पुं० [सं०] १ कोप। क्रोध। २ प्रज्वलित होना। जल उठना। प्रज्वलन [को०]।

हृणिया, हृणीया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भर्त्सना। निंदा। विगर्हण। २ लाज। शर्म। हया। ३ कृपा। दया। अनुकंपा [को०]।

हृत्—वि० [सं०] १ ले जानेवाला। २ हर्ता। हरण करनेवाला। जैसे,—धनहृत्। ३ वहन करनेवाला। ४ मोहित या मुग्ध करनेवाला [को०]।

हृत[1]—वि० [स०] १ जिसे ले गए हों। पहुँचाया हुआ। २ हरण किया हुआ। लिया हुआ। ३ वंचित (को०)। ४ स्वीकार किया हुआ। स्वीकृत (को०)। ५ मोहित। मुग्ध (को०)। ६ विभागयुक्त। विभाजित। विभक्त (को०)।

हृत[2]—संज्ञा पुं० हिस्सा। विभाग। भाग [को०]।

हृतचंद्र—वि० [सं०] जो चंद्रमा से वियुक्त या वंचित हो। जैसे,—कमल [को०]।

हृतज्ञान—वि० [सं०] ज्ञानरहित। अज्ञ [को०]।

हृतदार—वि० [सं०] पत्नी से वियुक्त या वंचित [को०]।

हृतद्रव्य—वि० [स०] धन संपत्ति से रहित [को०]।

हृतधन—वि० [सं०] जिसकी संपत्ति नष्ट हो गई हो [को०]।

हृतप्रसाद—वि० [सं०] जो शांति से वंचित हो। शांतिरहित। अशांत [को०]।

हृतमन—वि० [सं०] संज्ञा से हीन। बुद्धि या मस्तिष्क से विरहित [को०]।

हृतराज्य—वि० [स०] जो राज्य से वंचित किया गया हो [को०]।

हृतवासा—वि० [सं०] जिसका वस्त्र हरण कर लिया गया हो [को०]।

हृतवित्त—वि० [स०] दे० 'हृतद्रव्य' [को०]।

हृतशिष्ट—वि० [सं०] जो हरण करने से बच गया या शेष रह गया हो [को०]।

हृतशेष—वि० [स०] दे० 'हृतशिष्ट'।

हृतसर्वस्व—वि० [स०] जिसका सब कुछ हरण कर लिया गया हो। पूर्णत वंचित [को०]।

हृतसर्वस्वा—वि० स्त्री० [सं०] (वह स्त्री) जिसका सर्वस्व हरण किया गया हो। जिसका सब कुछ छीन लिया गया हो। उ०—हृदय को छीन लेनेवाली स्त्री के प्रति हृतसर्वस्वा रमणी पहाडी नदियों में भयानक, ज्वालामुखी के विस्फोट से भीषण और प्रलय की अनल शिखा में भी लहरदार होती है।—स्कंद०, पृ० ११६।

हृतसार—वि० [स०] जिसका सार भाग ले लिया गया हो। जिसका उत्कृष्ट अंश या भाग ले लिया गया हो [को०]।

हृताधिकार—वि० [सं०] जिसके अधिकार का हरण कर लिया गया हो। जो अधिकार या पद से च्युत कर दिया गया हो। अपदस्थ।

हृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ ले जाना। हरण। २ ध्वंस। नाश। विनाश। ३ लूटने की क्रिया। लूट।

हृतोत्तर—वि० [सं०] बिना उत्तर के छोडा हुआ। अनुत्तरित। जिसका उत्तर न दिया गया हो या छोड दिया गया हो [को०]।

हृतोत्तरीय—वि० [स०] जिसका उत्तरीय या उपवस्त्र हरण कर लिया गया हो [को०]।

हृत्कंप—संज्ञा पुं० [स० हृत्कम्प] १. हृदय की कँपकँपी। दिल की धडकन। २ जी का दहलना। अत्यंत भय। दहशत।

हृत्कमल—संज्ञा पुं० [सं०] १ हृदय के पास स्थित एक प्रकार का चक्र जो योग में माने गए षट्चक्रों में से एक है। २ दे० 'हृत्पंकज' [को०]।

हृत्तल—संज्ञा पुं० [स०] हृदय का तल। हृत्प्रदेश। अंतस्तल। उ०—उसके हृत्तल पर विक्षोभ भी हुआ।—सुनीता, पृ० ११६।

हृत्ताप—संज्ञा पुं० [सं०] हृदय की दाह या जलन। मनोवेदना [को०]।

हृत्पंकज—संज्ञा पुं० [स० हृत्पङ्कज] कमल की तरह हृदय। कमल-रूपी हृदय।

हृत्पद्म—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'हृत्पंकज'।

हृत्पिंड—संज्ञा पुं० [सं० हृत्पिण्ड] हृदय का कोश या थैली। कलेजा। जिगर।

हृत्पीडन—संज्ञा पुं० [स०] हृदय को पीडित करना। हृदय को दुख देना। मन दुखाना [को०]।

हृत्पीडा—संज्ञा स्त्री० [सं०] हृदय की वेदना। मन की वेदना।

हृत्पुंडरीक—सज्ञा पुं० [सं० हृत्पुण्डरीक] हृत्कमल। हृत्पकज।

हृत्पुष्कर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'हृत्पकज'।

हृत्प्रिय—वि० [सं०] जो हृदय को प्रिय हो। जो मन को प्रिय लगता हो [को०]।

हृत्सार—सज्ञा पुं० [स०] साहस। हिम्मत। कलेजा [को०]।

हृत्स्तभ—सज्ञा पु० [स० हृत्स्तम्भ] हृदय का स्तभयुक्त या निश्चेष्ट होना। हृदय का पक्षाघात [को०]।

हृत्स्थ—वि० [स०] हृदयस्थित। हृदयस्थ [को०]।

हृत्स्थल—सज्ञा पुं० [सं० हृत् + स्थल] हृदयस्थल। हृदय। उ०—उनकी नेत्र ज्योति बिजली की तरह हृत्स्थल मे लगती है।—काया० पृ० ६७।

हृत्स्फोट—सज्ञा पुं० [स०] हृदय फटना। हृदय का विदीर्ण या भग्न होना [को०]।

हृद्—सज्ञा पुं० [स०] १ हृदय। दिल। मन। २ छाती। वक्ष। सीना (को०)। ३ चैतन्य। आत्मा (को०)। ४ किसी वस्तु का सत् या सार भाग। वस्तु का भीतरी या मध्यवर्ती भाग। हीर (को०)।

हृदनी(यु)—सज्ञा स्त्री० [स० ह्रदनी (= नदी), ह्राद (= अव्यक्त ध्वनि करना)] नदी। सरिता। उ०—सरिता धुनी तरगिनी तटिनी हृदनी होइ।—अनेकार्थ०, पृ० ४४।

हृदयगत—वि० [सं० हृदयङ्गत] जिसे समझा दिया गया हो या जिसका सम्यक् बोध हो गया हो। हृदय मे बिठाया हुआ। हृदयस्थ। उ०—यदि किसी ने सचमुच उसके बारे मे पहले हृदयगत करा दिया होता, तो मेरे जैसे कितने बच गए होते।—किन्नर०, पृ० ३।

हृदयगम[1]—वि० [स० हृदयङ्गम] १. मन मे आया हुआ। मन मे बैठा हुआ। २ समझ मे आया हुआ। जिसका सम्यक् बोध हो गया हो।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ मर्मस्पर्शी। रोमाचकारी (को०)। ३ प्रिय। सुदर। मनोहर। आनददायक। (को०) ४ सुखद। आकर्षक। रुचिकर (को०)। ५ प्यारा। प्रिय। वल्लभ (को०)। ६ वाछित। इष्ट। ७ समुचित। योग्य। उपयुक्त (को०)। ८ हृदय से निकला हुआ (को०)।

हृदयगम[2]—सज्ञा पुं० उचित कथन। उपयुक्त कथन। हृदय को स्पर्श करनेवाली बात या उक्ति [को०]।

हृदय—सज्ञा पुं० [स०] १ छाती के भीतर बाई ओर स्थित मासकोश या थैली के आकार का एक भीतरी अवयव जिसमे स्पदन होता है और जिसमे से होकर शुद्ध लाल रक्त नाडियो के द्वारा सारे शरीर मे सचार करता है। दिल। कलेजा। विशेष दे० 'कलेजा'।

मुहा०—हृदय धडकना = (१) हृदय का स्पदन करना या कूदना (२) भय या आशका होना।

२ छाती। वक्षस्थल।

मुहा०—हृदय से लगाना = आलिगन करना। भेंटना। हृदय विदीर्ण होना = अत्यत शोक होना। विशेष दे० 'छाती'।

३ अत करण का रागात्मक अग। प्रेम, हर्ष, शोक, करुणा, क्रोध आदि मनोविकारो का स्थान। जैसे,—उसे हृदय नही है, तभी ऐसा निष्ठुर कर्म करता है।

मुहा०—हृदय उमडना = मन मे प्रेम, शोक या करुणा का वेग उत्पन्न होना। हृदय भर आना = दे० 'हृदय उमडना'। विशेष दे० 'जी' और 'कलेजा'।

४ अत करण। मन। जैसे,—वह अपने हृदय की बात किसी से नही कहता।

मुहा०—हृदय की गाँठ = (१) मन का दुर्भाव। (२) कपट। कुटिलता। विशेष दे० 'जी' और 'मन'।

५ अतरात्मा। आत्मा। ६ विवेकबुद्धि। जैसे,—हमारा हृदय गवाही नही देता। (७) किसी वस्तु का सार भाग। ८. तत्व। साराश। ९ गुह्य बात। गूढ रहस्य। १० वेद (को०)। ११ अहकार (को०)। १२ अत्यत प्रिय व्यक्ति। प्राणाधार।

हृदयकप—सज्ञा पुं० [सं० हृदयकम्प] १ हृदय की कँपकँपी। दिल की धडकन। २ जी का दहलना। दहशत [को०]।

हृदयकपन—वि० [स० हृदयकम्पन] मन को क्षुब्ध करनेवाला।

हृदयक्लम—सज्ञा पुं० [सं०] मन की कमजोरी या शैथिल्य। हृदयदौर्बल्य [को०]।

हृदयक्षोभ—सज्ञा पुं० [स०] मन क्षुब्ध या अशात होना [को०]।

हृदयगत—वि० [स०] दे० 'हृद्गत'।

हृदयग्रथि—सज्ञा स्त्री० [स० हृदयग्रन्थि] मन की गाँठ। हृदय को कष्ट देनेवाली वस्तु। जैसे,—अविद्यारूप ससार का बधन [को०]।

हृदयग्रह—सज्ञा पुं० [स०] कलेजा पकडने का रोग। कलेजे का शूल या ऐंठन।

हृदयग्राह—सज्ञा पुं० [सं०] हृदय की बात को जान लेना। भेद या रहस्य जान लेना [को०]।

हृदयग्राहक—वि० [स०] हृदय का ग्राहक। हृदय को ग्रहण करनेवाला। प्रतीति या विश्वास दिलानेवाला [को०]।

हृदयग्राही—वि०, सज्ञा पुं० [स० हृदयग्राहिन्] [स्त्री० हृदयग्राहिणी] १ मन को मोहित करनेवाला। २ रुचिकर। भानेवाला।

हृदयचोर—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'हृदयचौर'।

हृदयचौर—सज्ञा पु० [स०] दिल चुरानेवाला। मन को मोहनेवाला।

हृदयच्छिद्—वि० [स०] हृदय को छेदनेवाला या पीडायुक्त करनेवाला [को०]।

हृदयज—सज्ञा पु० [सं०] आत्मज। पुत्र। बेटा [को०]।

हृदयज्ञ—वि० [स०] १ हृदय को जानने समझनेवाला। २ रहस्य या भेद को समझनेवाला [को०]।

हृदयज्वर—सज्ञा पुं० [स०] हृदय की जलन । मनोवेदना [को०] ।

हृदयदाह—सज्ञा पु० [स०] मन की वेदना । हृदयगत दाह या जलन [को०] ।

हृदयदाही—वि० [स० हृदयदाहिन्] दिल को जलाने या पीडित करनेवाला [को०] ।

हृदयदीप, हृदयदीपक—सज्ञा पुं० [स०] वोपदेव द्वारा रचित औषध शास्त्र सवधी एक अभिधान ग्रथ ।

हृदयदेश—सज्ञा पु० [स०] हृदय का स्थान या क्षेत्र । हृदय [को०] ।

हृदयदौर्बल्य सज्ञा पुं० [सं०] हृदय की दुर्बलता । मन की कमजोरी । कायरता । भीरुता ।

हृदयद्रव—सज्ञा पुं० [स०] हृदय का तीव्र गति से धडकना । तेजी से दिल की धडकन ।

हृदयनिकेत—सज्ञा पु० [स०] वह जिसका निवासस्थान हृदय है । मनसिज । कामदेव । उ०—सकल कला करि कोटि विधि हारेउ सेन समेत । चली न अचल समाधि सिव, कोपेउ हृदयनिकेत ।—तुलसी (शब्द०)

हृदयनिकेतन—सज्ञा पुं० [स०] कामदेव [को०] ।

हृदयपीडा—सज्ञा स्त्री० [स०] मनोवेदना । हृत्पीडा [को०] ।

हृदयपुडरीक—सज्ञा पुं० [स० हृदयपुण्डरीक] पुडरीक सदृश हृदय । कमल सदृश हृदय [को०] ।

हृदयपुरुष—सज्ञा पुं० [सं०] हृदय की धडकन या स्पदन ।

हृदयप्रमाथी—वि० [स० हृदयप्रमाथिन्] [वि० स्त्री० हृदयप्रमाथिनी] १ मन को क्षुब्ध या चचल करनेवाला । २ मन मोहनेवाला ।

हृदयप्रस्तर—वि० [स०] पत्थर सदृश हृदयवाला । कठोरहृदय । क्रूरहृदय । निष्ठुर । सगदिल [को०] ।

हृदयप्रिय—वि० [सं०] १ स्वादयुक्त । स्वादिष्ट । सुस्वादु । २ हृदय को प्रिय लगनेवाला । जो मन को प्रिय हो [को०] ।

हृदयबधन—वि० [सं० हृदयबन्धन] हृदय को बाँधने या मुग्ध करनेवाला [को०] ।

हृदयमथन—सज्ञा पुं० [सं० हृदय + मन्थन] भावो का आलोडन विलोडन । भावो का पारस्परिक सघर्ष । उ०—पत जी का हृदयमथन एक नवीन आशावाद मे परिणत हो गया ।—युगात, पृ० (छ) ।

हृदयरज्जु—सज्ञा पु० [स०] वह रेखा जो देशातर निकालने के लिये कल्पित की जाती है । विशेष दे० 'मध्यरेखा' ।

हृदयरोग—सज्ञा पुं० [सं०] हृदयसवधी रोग । दे० 'हृद्रोग' [को०] ।

हृदयलेख—सज्ञा पुं० [स०] १. औत्सुक्य । चिंता । व्यग्रता । २ बोध । ज्ञान [को०] ।

हृदयलेख्य—वि० [स०] हर्ष या आनद देनेवाला [को०] ।

हृदयवल्लभ—सज्ञा पुं० [स०] प्रेमपात्र । प्रियतम ।

हृदयवान्—वि० [स० हृदयवत्] [वि० स्त्री० हृदयवती] १ जिसके मन मे प्रेम, करुणा आदि कोमल भाव उत्पन्न हो । सहृदय । २. भावुक । रसिक ।

हृदयविदारक—वि० [सं०] १ अत्यत शोक उत्पन्न करनेवाला । २ अत्यत करुणा या दया उत्पन्न करनेवाला । जैसे,—हृदयविदारक घटना ।

हृदयविध्—वि० [स०] दे० 'हृदयवेधी' ।

हृदयविरोध—सज्ञा पुं० [स०] हृदय की पीडा या उपप्लव [को०] ।

हृदयवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] हृदय की प्रकृति या प्रवृत्ति । मन की सद्भावना या साधुशीलता [को०] ।

हृदयवेधी—वि० [सं० हृदयवेधिन्] [वि० स्त्री० हृदयवेधिनी] १ मन का अत्यत मोहित करनेवाला । जैसे,—हृदयवेधी कटाक्ष । २ अत्यत शोक उत्पन्न करनेवाला । ३ बहुत अप्रिय या बुरा लगनेवाला । अत्यत कटु । जैसे,—हृदयवेधी वचन ।

हृदयव्यथा—सज्ञा स्त्री० [स०] हृदय की पीडा । मन की व्यथा [को०] ।

हृदयव्याधि—सज्ञा स्त्री० [स०] हृदय का रोग [को०] ।

हृदयशल्य—सज्ञा पुं० [स०] १ हृदय का शूल । मन का काँटा । २ हृत्प्रदेश का घाव, चोट या जख्म [को०] ।

हृदयशून्य—वि० [स०] १ जो सहृदय न हो । अरसिक । २ क्रूर । निष्ठुर । हृदयहीन [को०] ।

हृदयशैथिल्य—सज्ञा पुं० [स०] हृदय की शिथिलता या विपण्णता । हृदयदौर्बल्य [को०] ।

हृदयशोषण—वि० [स०] हृदय या मन का शोषण करनेवाला [को०] ।

हृदयसघट्ट—सज्ञा पुं० [स० हृदयसङ्घट्ट] हृदय की गति का रुक जाना । हृदय की जडता या अत्यत शक्तिहीनता । दिल एकबारगी बेकाम हो जाना ।

हृदयससर्ग—सज्ञा पुं० [स०] मन का मिलना । हृदय का मेल [को०] ।

हृदयसम्मित—वि० [स० हृदयसम्मित] १ वह जो मन को इष्ट या प्रिय हो । २ हृदय अर्थात् वक्ष के बराबर ऊँचा [को०] ।

हृदयस्थ—वि० [स०] १ हृदय मे स्थित या रहनेवाला । उ०—कही कोई सौंदर्यप्रेमी एकात भाव से उस महाशोक के सौंदर्य को अपलक तृपित नेत्रो से हृदयस्थ किए जा रहे थे ।—ज्ञान०, पृ० १६७ । २ जो शरीर मे हो । शरीर मे स्थित । शरीरस्थ । जैसे,—कीटाणु (को०) ।

हृदयस्थल—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ 'हृदयस्थान' [को०] ।

हृदयस्थान—सज्ञा पु० [सं०] छाती । वक्ष स्थल [को०] ।

हृदयस्पृक्—वि० [स०] मन को छूने या स्पर्श करनेवाला । दे० 'हृदयस्पर्शी' ।

हृदयस्पर्शी—वि० [सं० हृदयस्पर्शिन्] [वि० स्त्री० हृदयस्पर्शिणी] १ हृदय पर प्रभाव डालनेवाला । दिल पर असर करनेवाला । २ चित्त को द्रवीभूत करनेवाला । जिससे मन मे दया या करुणा हो ।

हृदयहारी—वि० [सं० हृदयहारिन्] [वि० स्त्री० हृदयहारिणी] मन मोहनेवाला । जी को लुभानेवाला ।

हृदयहीन—वि० [सं०] १ कठोर हृदयवाला। २ क्रूर। निष्ठुर। जो सहृदय न हो। अरसिक। उ०—हृदयहीन कह ले मलीन मैं मधु वारिधि का मुग्ध मीन। अपवर्ग व्यर्थ केवल निसर्ग, सगीत, सुरा, सुदरी स्वर्ग।—मधु०, पृ० ३३।

हृदयाकाश—सज्ञा पु० [सं० हृदय + आकाश] हृदय का विस्तारक्षेत्र। हृदयरूपी आकाश। सपूर्ण हृदय [को०]।

हृदयात्मा—सज्ञा पुं० [सं० हृदयात्मन्] कक या क्रौच नामक पक्षी [को०]।

हृदयाधिकारी—वि० [स० हृदय + अधिकारिन्] हृदय पर शासन करनेवाला। प्रेमपात्र। अतिशय प्रिय। उ०—हृदयाधिकारी रघुकुलमणि रघुनाथ के।—अपरा, पृ० ८०।

हृदयानुग—वि० [सं०] सतोषकर। तुष्टिकारक [को०]।

हृदयामय—सज्ञा पुं० [स०] हृदय का रोग। हृद्रोग [को०]।

हृदयारूढ—वि० [स० हृदय + आरूढ] हृदय पर चढा हुआ। हृदयस्थ। उ०—सो याके ब्रज को स्वरूप हृदयारूढ ह्वै रह्यो।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २२६।

हृदयालकार—सज्ञा पुं० [सं० हृदय + अलङ्कार] हृदय का आभूषण। हृदय की शोभा। उ०—यह तृष्णा ही कौस्तुभमणि बन मुझे दिखायेगी वह द्वारबन उसका हृदयालकार।—वीणा, पृ० २६।

हृदयालु—वि० [सं०] १ सहृदय। रसिक। भावुक। २ अच्छे स्वभाव का। सुशील।

हृदयावर्जक—वि० [स० हृदय + आवर्जक] हृदय को लुभानेवाला। मन को खीचनेवाला। आह्लादक [को०]।

हृदयाविध्—वि० [सं०] हृदयवेधक। मर्मतुद [को०]।

हृदयासन—सज्ञा पुं० [स० हृदय + आसन] हृदयरूपी या हृदय का आसन। उ०—बैठे हृदयासन स्वतत्रमन। किया समाहित रूप विचिंतन।—अर्चना, पृ० ५।

हृदयिक—वि० [स०] सहृदय। भावुक। हृदयालु [को०]।

हृदयी—वि० [स० हृदयिनन्] १ हृदयवाला। सहृदय। २ सुशील [को०]।

हृदयेश—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० हृदयेशा] प्रेमपात्र। प्यारा। प्रियतम। २ पति। स्वामी। भर्ता।

हृदयेशा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रियतमा। प्राणेश्वरी। २ पत्नी [को०]।

हृदयेश्वर—सज्ञा पु० [स०] [स्त्री० हृदयेश्वरी] दे० 'हृदयेश'।

हृदयेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'हृदयेशा'।

हृदयोद्गार—सज्ञा पुं० [सं० हृदय + उद्गार] मनोभाव। कामना। इच्छा। उ०—सुख दुख की प्रियकथा स्वप्न, वदी थे हृदयोद्गार। एक देश था सही एक था क्या वाणी व्यापार।—युग०, पृ० ६४।

हृदयोद्वेष्टन—सज्ञा पुं० [स०] हृदय या मन का सकोच। हृदय का उद्वेष्टन या वधन [को०]।

हृदयोन्मादकर—वि० [स०] हृदय को उन्मत्त या उन्माद से युक्त करनेवाला [को०]।

हृदयोन्मादिनी[1]—वि० स्त्री० [सं०] १ हृदय को उन्मत्त या पागल करनेवाली। २ मन को मोहनेवाली।

हृदयोन्मादिनी[2]—सज्ञा स्त्री० सगीत मे एक श्रुति।

हृदय्य—वि० [स०] जो हृदय को अत्यत प्रिय हो [को०]।

हृदा (यु) †—सज्ञा पु० [स० हृदय, पु० हिं० हिरदा] दे० 'हृदय'। उ०—गुरगम मत्र जाप करु अजपा हृदा पुस्तक कीजै।—रामानद०, पृ० २७।

हृदामय—सज्ञा पुं० [स०] हृदय का रोग। हृद्रोग [को०]।

हृदावर्त—सज्ञा पुं० [स०] घोडे की छाती पर की भौंरी जिसे घोडे का बहुत बडा दोष या ऐब माना जाता है [को०]।

हृदि[1]—सज्ञा पु० [सं० हृद् का अधिकरण रूप] हृदय मे। उ०—द्वद्व विपति भयफद विभजय। हृदि बसि राम काममद गजय।—तुलसी (शब्द०)।

हृदि[2]—सज्ञा पुं० [स०] एक यादवकुमार का नाम [को०]।

हृदिशय—वि० [स०] हृदय मे शयन करने अथवा रहनेवाला [को०]।

हृदिस्थ—वि० [स०] दे० 'हृदयस्थ'।

हृदिस्पृक्—वि० [सं० हृदिस्पृश्] हृदय को स्पर्श करनेवाला। हृदयस्पर्शी। मनोहर [को०]।

हृदुत्क्लेद, हृदुत्क्लेश—सज्ञा पुं० [स०] १ हृदय का रोग। २ वमन। कै।

हृदै (यु)—सज्ञा पुं० [स० हृदय] दे० 'हृदय'। उ०—अनोखी तुही नई एक नारि। पावस रितु मै मान करै कोउ लखि तो हृदै विचारि।—भारतेदु ग्र०, भा० २, पृ० ५११।

हृदौ (यु)—सज्ञा पुं० [स० हृदय] दे० 'हृदय'। उ०—दुखी दीन प्राणी कहौ ब्रह्मवाणी। हृदौ प्रेम मीजै अभैदान दीजै।—सुदर ग्र०, भा० १, पृ० १२।

हृद्ग—वि० [सं०] हृदय तक पहुँचनेवाला। जो अतस्तल तक पहुँचा हो। जैसे—आचमन का जल [को०]।

हृद्गत[1]—वि० [सं०] १ हृदय का। मन का। आतरिक। भीतरी। जैसे,—हृद्गत भाव। २ मन मे बैठा या जमा हुआ। समझ या ध्यान मे आया हुआ।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

३ ईप्सित। मनचाहा। ४ प्रिय। रुचिकर। ५ हृदयसबधी। हृदय का [को०]।

हृद्गत[2]—सज्ञा पुं० अभिप्राय। मतलब। निष्कर्ष [को०]।

हृद्गद्—वि० [स०] हृदय का रोग। हृद्रोग [को०]।

हृद्गम—वि० [सं०] हृदय मे गमन या प्रवेश करनेवाला [को०]।

हृद्गोल—सज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम।

हृद्ग्रंथ—सज्ञा पुं० [सं० हृद्ग्रन्थ] हृदय का ग्रथ। हृदयव्रण [को०]।

हृद्ग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] हृदय की वेदना। कलेजे का ऐंठना [को०]।

हृद्घटन—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का हृदयरोग [को०]।

हृद्दाह—सज्ञा पुं० [सं०] हृदय का दाह। हृदय की जलन [को०]।

हृद्देश—सज्ञा पुं० [स०] हृत्प्रदेश। हृदय का क्षेत्र। वक्षस्थल [को०]।

हृद्द्रव—सज्ञा पुं० [सं०] १ हृदय का द्रवीभूत होना। २ हृदय या कलेजे की धडकन [को०]।

हृद्द्वार—सज्ञा पुं० [सं०] हृदयरूपी द्वार। हृत्यरूपी दरवाजा [को०]।

हृद्धाम—सज्ञा पुं० [स० हृद् + धामन्] हृदयरूपी घर। हृदय का स्थान। उ०—अधकार का अलसित अचल अब द्रुत ओढेगा ससार। दिखलाई देगा जग श्याम तृषित ले रहा मम हृद्धाम।—वीणा, पृ० २६।

हैरॉ वि० [अ० हैरान] दे० 'हैरान'। उ०—मिली कहाँ से अक्ल बशर को अक्ल सरका यह है हैराँ।—भारतेदु ग्र०, भा० २ पृ० ५६६।

हैराज(पु)—सज्ञा पुं० [सं० हयराज] उत्तम अश्व। श्रेष्ठ घोडा। उ०—सत्त हेम हैराज इक दिय पातुर प्रतिदान।—पृ० रा०, ६०।६।

हैरान—वि० [अ०] १ आश्चर्य। स्तब्ध। चकित। दग। भौचक्का। जैसे,—(क) मैं उसे एकबारगी यहाँ देखकर हैरान हो गया। (ख) ताज की कारीगरी देख लोग हैरान हो जाते है। (२) श्रम, कष्ट या झझट से व्याकुल। विकल। ३ परेशान। व्यग्र। तग। जैसे,—तुमने मुझे नाहक धूप मे हैरान किया।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

हैरानी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ विस्मय। हैरत। आश्चर्य। २ व्यग्रता। परेशानी [को०]।

हैरिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ भेदिया। गूढचर। गुप्तचर। २ चोर। तस्कर [को०]।

हैल—सज्ञा स्त्री० [अ०] ताकत। जोर। बल। शक्ति [को०]।

हैली(पु)—अव्य० [सबो० हे + अली] दे० 'हेली'[1]। उ०—हैली तीरथ जाय बुलाए रे हरदम परवे नहाए।—कबीर म०, पृ० १७४।

हैवत—सज्ञा स्त्री० [अ० हैबत] दे० 'हैबत'। उ०—हैवत से तेरी चर्ख यह दीवार झूका।—कबीर म०, पृ० ४६८।

हैवर(पु)—सज्ञा पुं० [स० हय + वर] सुदर घोडा। उ०—कबीर गरबु न कीजिए चाम लपेटे हाड। हैवर ऊपर छत्र तर ते फुन धरनी गाड।—कबीर ग्र०, पृ० २५२।

हैवानात—सज्ञा पुं० [अ०] हैवान का बहुवचन। जानवरो का समूह। पशुओ का झुड [को०]।

हैवान—सज्ञा पुं० [अ०] १. पशु। जानवर। 'इसान' का उलटा। २ वनपशु। जगली जानवर (को०)। ३ प्राणयुक्त। जीव-धारी। प्राणी (को०)। ४ जड मनुष्य। बेवकूफ या गँवार आदमी। उजड्ड आदमी। उ०—बुद्धिहीन सुद्धिहीन हौ अजान हैवान।—जग० बानी, पृ० ५।

हैवानियत—सज्ञा स्त्री० [अ० हैवानीयत] जडता। बेवकूफी। मूर्खता। पशुता। उ०—कुछ भी हिंद की हैवानियत अब हममे नही रही।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ८८।

हैवानी—वि० [अ० हैवान] १ पशु का। पशु सबधी। पशुतापूर्ण। उ०—गुस्सा हैवानी दूरि कर छाडि दे अभिमान। दुई दरोगाँ नाहिं खुसियाँ दादू लेहु पिछान।—दादू०, पृ० ६००। २ पशु के करने योग्य। जैसे,—हैवानी काम।

हैस[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'हैम'। उ०—बैर करबँदे हैस सिहोर अनास।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ७५।

हैस[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ कलह। युद्ध। लडाई। २ बुरे रास्ते लगना। कुमार्ग गति। बेराह [को०]।

हैस बैस—सज्ञा पुं० [अ०] १ बहस मुबाहिसा। विवाद। २ उधेड-बुन। उलझन। उ०—इसी हैस बैस मे रात कट गई। रग-भूमि, पृ० ४६८।

हैसियत—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ योग्यता। सामर्थ्य। शक्ति। २ वित्त। धनबल। समाई। बिसात। आर्थिक दशा। जैसे,—उनकी हैसि-यत ऐसी नही है कि गाडी घोडा रख सके। ३ मूल्य। ४ श्रेणी। दरजा। जैसे,—इस मकान की हैसियत के हिसाब से ४,०००) दाम बहुत है। ५ मान मर्यादा। प्रतिष्ठा। ६ तौर। ढग। तरीका। ७ धन दौलत। जायदाद। जैसे,—उसने अच्छी हैसियत पैदा की है।

हैसियतदार—वि० [अ० हैसियत + फा० दार (प्रत्य०)] १ हैसियत-वाला। प्रतिष्ठित। इज्जतदार। २ मालदार। धनवान। सपन्न [को०]।

हैसियतमद—वि० [अ० हैसियत + फा० मद] दे० 'हैसियतदार'।

हैहय—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक क्षत्रिय वश जो यदु से उत्पन्न कहा गया है।

विशेष—पुराणो मे इस वश की पाँच शाखाएँ कही गई है—ताल-जघ, वीतिहोत्र, आवत्य तुडिकेर और जात। लिखा है कि हैहयो ने शको के साथ साथ भारत के अनेक देशो को जीता था। प्राचीन काल का इस वश का सबसे प्रसिद्ध राजा कार्तवीर्य सहस्रार्जुन हुआ था जिसे सहस्र भुजाएँ थी। इसने परशुराम के पिता जमदग्नि को मारकर उनकी गायो का हरण कर लिया जिससे क्रुद्ध हो परशुराम ने इसे मारा था।

इतिहास मे हैहय वश कलचुरि के नाम से प्रसिद्ध है। विक्रम सवत् ५५० और ७६० के बीच हैहयो का राज्य चेदि देश और गुजरात मे था। हैहयो ने एक सवत् भी चलाया था जो कलचुरि सवत् कहलाता था और विक्रम सवत् ३०६ से आरभ होकर १८ वी शताब्दी तक इधर उधर चलता रहा। हेहयो का शृखलाबद्ध इतिहास विक्रम सवत् ६२० के आसपास मिलता है, इसके पूर्व चालुक्यो आदि के प्रसग मे इधर उधर

हैहयो का उल्लेख मिलता है। कोकल्लदेव (वि० स० ९२०-९६०) मुग्धतुग, वालहर्ष, केयूरवर्ष (वि० स० ९९८ के लगभग), शकरगण युवराजदेव (वि० सं० १०५० के लगभग), गागेयदेव, कर्णदेव आदि बहुत से हैहय राजाओ के नाम शिलालेखो मे मिलते है।

२ हैहयवशी कार्तवीर्य सहस्रार्जुन। ३ एक देश का नाम जहाँ हैहय जाति का निवास था।

४ वृहत्सहिता के अनुसार पश्चिम दिशा का एक पवत।

हैहयराज—सज्ञा पुं० [स०] हैहयवशी कार्तवीर्य सहस्रार्जुन। उ०—जब हन्यौ हैहयराज इन विनु छत्र छितिमटल करचा।—केशव (शब्द०)।

हैहयाधिराज—सज्ञा पुं० [सं०] सहस्रार्जुन। उ०—प्रचड हैहयाधिराज दडमान जानिये।—केशव (शब्द)।

हैहात—अव्य० [अ] हा हत। हाय। दे० 'है है' [को०]।

हैहेय—सज्ञा पुं० [स०] कार्तवीर्य सहस्रार्जुन [को०]।

है है—अव्य० [हा हा] शोक, खेद या दु खसूचक शब्द। हाय। अफसोस। हा हत।

हों—क्रि० अ० [स० √भू, प्रा० हव] सत्तार्थक क्रिया 'होना' का बहुवचन सभाव्य काल का रूप। जैसे,—(क) शायद वे वहाँ हों। (ख) यदि वे वहाँ हों तो यह कह देना।

हों कारना पु०—क्रि० स० [अनु० सं० हुङ्कारण] बुलाना। आह्वान करना। उ०—जब साहब हों कारिया ले चल अपने धाम। मुक्ति सँदेश सुनाइहौं मैं आयों यहि काम।—कबीर ग्र०, पृ० ५९४।

होंठ—सज्ञा पुं० [स० ओष्ठ, प्रा० होट्ठ, पु० हिं० ओठ] प्राणियो के मुखविवर का उभरा हुआ किनारा जिससे दाँत ढँके रहते हैं। ओष्ठ। रदनच्छद।

मुहा०—होंठ काटना या चबाना = भीतरी क्रोध या क्षोभ प्रकट करना। होंठ चाटना = किसी बहुत स्वादिष्ट वस्तु को खाकर अतृप्ति प्रकट करते हुए और खाने की इच्छा या लालच करना। जैसे,—हलवा ऐसा बना था कि लोग होंठ चाटते रह गए। होंठ चिपकना = मीठी वस्तु का नाम सुनकर लालच होना। होंठ चूसना = होठो का चुबन करना। दे० 'होठ चूसना'। होंठ सी लेना = किसी बात पर एकदम चुप हो जाना। कुछ भी न कहना। मौन हो जाना। होंठ हिलाना = बोलने के लिये मुँह खोलना। बोलना।

होंठल—वि० [हिं० होठ + ल (प्रत्य०)] जिसके ओष्ठ स्थूल हो। मोटे होंठोवाला।

होंठी—सज्ञा स्त्री० [हिं० होंठ] १ बारी। किनारा। औंठ। २ छोटा टुकडा।

हो[1]—सज्ञा पुं० [सं०] पुकारने का शब्द या सबोधन।

हो[2]—क्रि० अ० [स० √भू, प्रा० हव, हो] १ सत्तार्थक क्रिया 'होना' के अन्य पुरुष सभाव्य काल तथा मध्यम पुरुष बहुवचन के वर्तमान काल का रूप। जैसे,—(क) शायद वह हो। (ख) तुम वहाँ हो। उ०—तू मेरो बालक ही नँदनदन तोहि बिसभर राखें। —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० २३८।

हो(पु)†[3]—ब्रज की वर्तमानकालिक क्रिया 'है' का सामान्य भूत का रूप। था। उ०—(क) पहिने हौंही हो तब एक। अमल, अकल, अज, भेद विवर्जित मुनि विधि विमल विवेक।—सूर०, २।३८। (ख) दोउ सींग बिच हुँ हौं आयो जहाँ न कोऊ हो रखवैया।—सूर०, १०।३३५।

होई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० होना] एक पूजन या त्योहार जो दीवाली के आठ दिन पहले होता है। दे० 'अहोई'[1]।

विशेष—इस पूजन को अहोई अष्टमी भी कहते हैं। यह सतान-प्राप्ति की कामना से की जाती है। इसमे ऐसी दो स्त्रियो की कथा कही जाती है जिनमे एक को सतान होती ही नही थी तथा दूसरी की सतान होकर मर जाती थी।

होगला(पु)†—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का नरसल या नरकट।

होज—वि० [फा० होज] १ चकित। हैरान। आश्चर्य मे पडा हुआ। २ त्रस्त। भयभीत। डरा हुआ [को०]।

होजन—सज्ञा पुं० [फा० होजाँ (=नरगिस का फूल)] एक प्रकार का हाशिया या किनारा जो कपडो मे बनाया जाता है।

होटल—सज्ञा पुं० [अ०] वह स्थान जहाँ मूल्य लेकर लोगो को भोजन कराने या भोजन और ठहरने दोनो का प्रबध रहता है।

होठ—सज्ञा पुं० [सं० ओष्ठ, प्रा०, होट्ठ] दे० 'होंठ'। उ०—भूषन उतारे साज मडन के दूर डारे ककन ही एक हाथ बाएँ राखि लीनी है। तातो तातो श्वासन विनास्यो रूप होठन को नीको लाल रग मारि फीको पारि दीनो है।—शकुतला, पृ० १०९।

होड[1]—सज्ञा स्त्री० [देशी हुड्ड, होड्ड, हिं० होड या स० हार (=लडाई, विवाद)] १ दूसरे के साथ ऐसी प्रतिज्ञा कि कोई बात यदि हमारे कथन के अनुसार न हो, तो हम हार मानें और कुछ दें। शर्त। बाजी।

क्रि० प्र०—बदना।—लगाना।

२ एक दूसरे से बढ जाने का प्रयत्न। किसी बात मे दूसरे से अधिक होने का प्रयास। स्पर्धा। ३ यह प्रयत्न कि जो दूसरा करता है, हम भी करेंगे। समान होने का प्रयास। बराबरी। उ०—होड सी परी ह मानो घन घनश्याम जू सो दामिनी को कामिनी को दोऊ अक मे भरैं।—तोष (शब्द)।

क्रि० प्र०—पडना।

४ हठ। अड। जिद।

होड[2]—सज्ञा पु० [सं० होड] तरेंदा। नाव। बेडा।

होडा—सज्ञा पु० [सं० होड] लुटेरा। चोर। डाकू [को०]।

होडा—सज्ञा पुं० [देशी० हुड्ड, होड्ड] दे० 'होड'[1]। उ०—प्राननाथ से होडा लागल ब्रह्म पदारथ पाई री।—गुलाल बा०, पृ० ९५।

होडावादी—सज्ञा स्त्री० [हिं० होड + बदना] होडा होडी।

होडाहोडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० होड] १ दूसरे के बराबर होने या दूसरे से बढ़ जाने का प्रयत्न। लागडाँट। चढ़ाऊपरी। उ०—

अर तैं टरत न वर परे दई मरक मनु मैन। होडा होडी बढि चले चितु चतुराई नैन।—बिहारी र०, पृ० ४। २ शर्त। बाजी।

होढ[1]—वि० [सं०] चुराया हुआ। चोरी का।

होढ[2]—सज्ञा पुं० चुराई हुई वस्तु। चोरी का माल [को०]।

होत†—सज्ञा स्त्री० [हिं० होना या भूति] १ पास मे धन होने की दशा। आढ्यता। सपन्नता। उ०—(क) होत की जोत है। (ख) होत का बाप अनहोत की माँ। २ वित्त। सामर्थ्य। धन की योग्यता। मकदूर। समाई।

होतव(ब्य)†—सज्ञा पुं० [स० भवितव्य] वह जो होने को हो। होनेवाला। होनहार। उ०—कहाँ जैत कहँ सूर प्रथि, जिन गहे गौरी साह। होतव मिटै न जगत मैं, किज्जिय चिंता काह। —ह० रासो, पृ० ११६।

होतव्य—सज्ञा पुं० [सं० भवितव्य] दे० 'होतव'।

होतव्यता(ब्यता)†—सज्ञा स्त्री० [स० भवितव्यता] होनेवाली बात। वह बात जिसका होना ध्रुव हो। होनहार। उ०— जैसी हो होतव्यता, वैसी उपजै बुद्धि।

होतर—वि० [सं० भवितव्य] होने लायक। होने के योग्य। उ०—ये रसवाद भले न भावते करियै वही होइ जो होतर। —आनँदघन प्रिय नई घमँड सो देत दरवरयो डोलत अजौं अजोनर। —घनानद०, पृ० ३६०।

होतव्य—वि० [सं०] जो हवन करने योग्य हो। हवनीय [को०]।

होता—सज्ञा पुं० [सं० होतृ] [स्त्री० होत्री] यज्ञ मे आहुति देनेवाला। मत्र पढकर यज्ञकुड मे हवन की सामग्री डालनेवाला।

विशेष—यह चार प्रधान ऋत्विजो मे है जो ऋग्वेद के मत्र पढता और देवताओ का आह्वान करता है। इसके तीन पुरुष या सहायक मैत्रावरुण, अच्छावाक् और ग्रावस्तुत्।

२ यज्ञकर्ता। यज्ञ करनेवाला [को०]। ३ अग्नि का एक नाम (को०)। ४ शिव। शकर (को०)।

होतृक—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ मे होता की सहायता करनेवाला व्यक्ति। होता का सहायक।

होतृकर्म—सज्ञा पुं० [स० होतृकर्मन्] यज्ञ मे होता का कार्य [को०]।

होतृचमस्—सज्ञा पु० [सं०] स्रुवा आदि पात्र जिनका प्रयोग होता यज्ञ के समय करता है [को०]।

होतृप्रवर—सज्ञा पुं० [स०] होता का वरण। होता का चुनाव [को०]।

होतृपदन—सज्ञा पुं० [स०] होता का आसन। होता के बैठने का स्थान [को०]।

होतृसदन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'होतृपदन' [को०]।

होत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह वस्तु जो यज्ञ मे हवन करने के उपयुक्त हो। जैसे, घृतादि। २ होम की सामग्री। हवि। ३ यज्ञ। हवन [को०]।

होत्रक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'होतृक' [को०]।

होत्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ स्तवन। स्तुति। २ यज्ञ मे आहूत देवता। ३ यज्ञ। ४ आह्वान। पुकार। बुलाना। ५ होता के सहायक का स्थान [को०]।

यौ०—होत्राचामस्=दे० 'होतृचमस्'। होत्राशासी=होता का सहायक। होतृक।

होत्रिय[1]—सज्ञा पुं० [स०] होता के सहायक का कार्य या स्थान। दे० 'होत्रीय' [को०]।

होत्रिय[2]—वि० दे० 'होत्रीय'[2]।

होत्री[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] यजमान रूप मे शिव की मूर्ति। शिव की आठ मूर्तियो मे एक। उ०—जिसको कर्ता ने सृष्टि के आदि मे रचा अर्थात् जल, और जो विधिपूर्वक दिए हव्य को लेता है अर्थात् अग्नि, और जो यज्ञ करता है अर्थात् होत्री ‥ इन आठ मूर्तियो मे जो ईश प्रत्यक्ष है अर्थात् महादेव जी सोई रक्षा करे।—शकुतला, पृ० ३।

होत्री[2]—सज्ञा पुं० [स० होत्रिन्] हवन करनेवाला [को०]।

होत्रीय[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ होता जो हवन करता है। २ देवताओ के उद्देश्य से हवन करनेवाला ऋत्विक्। ३ यज्ञ स्थल। यज्ञ मडप [को०]।

होत्रीय[2]—वि० होता से सबध रखनेवाला। होता सबधी।

होत्वा—सज्ञा पुं० [सं० होत्वन्] यज्ञ करनेवाला व्यक्ति। यज्ञकर्त्ता [को०]।

होनहार[1]—वि० [हिं० होना+हारा (प्रत्य०)] १ जो होनेवाला है। जो अवश्य होगा। जो होने को है। भावी। २ जिसके बढने या श्रेष्ठ होने की आशा हो अच्छे लक्षणोवाला। जिसमे भावी उन्नति के चिह्न हो। जैसे,—होनहार लडका। उ०—होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

होनहार[2]—सज्ञा पुं०, स्त्री० वह बात जो होने की हो। वह बात जो अवश्य हो। वह बात जिसका होना दैवी विधान मे निश्चित हो। होनी। भवितव्यता। उ०—हमपर कीजत रोख काल-गति जानि न जाई। होनहार ह्वै रहै मिटै मेटी न मिटाई। होनहार ह्वै रहै मोह मद सबको छूटै। होय तिनूका वज्र, वज्र तिनका ह्वै टूटै।—केशव (शब्द०)।

होना—क्रि० अ० [स०√भू>भवन, प्रा० होण] १ प्रधान सत्तार्थक क्रिया। अस्तित्व रखना। कही विद्यमान रहना। उपस्थित या मौजूद रहना। जैसे,—उसका होना न होना बराबर है। (ख) ससार मे ऐसा कोई नही है। उ०—गगन हुता, नहिं महि हुती, हुते चद नही सूर।—जायसी (शब्द०)।

विशेष—शुद्ध सत्ता के अर्थ मे इस क्रिया का प्रयोग साधारण रूप 'होना' के अतिरिक्त केवल सामान्य कालो मे ही होता है। जैसे,—वह है, मैं था, वे होगे। और कालो मे प्रयुक्त होने पर यह क्रिया विकार, निर्माण, घटना, अनुष्ठान आदि का अर्थ देती है। हिंदी मे यह क्रिया बडे महत्व की है, क्योकि खडी बोली मे सब क्रियाओ के अधिकतर 'काल' इसी क्रिया की सहायता से बनते है। कालनिर्माण मे यह सहायक क्रिया का काम देती है।

९ असर देखने मे आना। प्रभाव या गुण दिखाई पडना। जैसे,—इस दवा से कुछ न होगा। १० जनमना। जन्म लेना। उद्भव पाना। जैसे,—उस स्त्री को एक लडकी हुई है। ११ काम निकलना। प्रयोजन या कार्य सधना। जैसे,—१०) से क्या होगा? और लाओ।

यौ०—होना जाना।

१२ काम बिगडना। हानि पहुँचना। क्षति आना? जैसे,—नाराज होने से हमारा क्या हो जाएगा?

यौ०—होना जाना।

होनिहार†[1] सज्ञा पुं० [हि० होना+हार] दे० 'होनहार'।

होनिहार(पु)[2] वि० होनेवाला। होनहार भावी। उ०—(क) होनिहार का करतार को रखवार जग खरभरु परा। —मानस, १।८४। (ख) हम कहँ दुर्लभ दरस तुम्हारा। जानत हौं कछु भल होनिहारा।—मानस, १।१५९।

होनी—सज्ञा स्त्री० [हि० होना] १ उत्पत्ति। पैदाइश। २ वह बात जो हो गई हो। हाल। वृत्तात। ३ होनेवाली बात या घटना। वह बात जिसका होना ध्रुव हो। वह बात जिसका होना दैवी विधान मे निश्चित हो। भावी। भवितव्यता। उ०—ह्वै रहै होनी प्रयास बिना, अनहोनी न ह्वै सकै कोटि उपाई। —पद्माकर (शब्द०)। ४ हो सकनेवाली बात। वह बात जिसका होना सभव हो।

मुहा०—होनी होय सो होय=होनेवाली बात तो होगी ही, उसके लिये चिंता क्या? उ०—पलटू बरिहौ नाम की होनी होय सो होय। लोक लाज नही मानिहौ तन मन लज्जा खोय। —पलटू०, पृ० ६१।

होवाव(पु)—सज्ञा पुं० [अ० हुबाब] पानी का बुलबुला। दे० 'बुदबुद'। उ०—यह तो एक होवाव है जी, साकिन दरियाव के बीच सदा। —कबीर० दे०, पृ० ३८।

होवार[1]—सज्ञा पुं० [देश०] सोहन चिडिया का एक भेद। तिल्लर।

होवार[2]—सज्ञा पुं० अश्व। घोडा। (डिं०)।

होम—सज्ञा पु० [स०] १ ब्राह्मणो द्वारा नित्य करणीय पचमहायज्ञो मे एक यज्ञ जिसे देवयज्ञ कहते है। २ देवताओ के उद्देश्य से अग्नि मे घृत, जौ आदि डालना। हवन। यज्ञ। आहुति देने का कर्म।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—होम करते हाथ जलना=सत्कार्य करने के फलस्वरूप कष्ट उठाना। अच्छा काम करते हुए बुरा बनना। होम कर देना। (१) जला डालना। भस्म कर देना। (२) नष्ट करना। बरबाद करना। (३) उत्सर्ग करना। छोड देना।

होमक—सज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञ मे आहुति देनेवाला। मत्र पढकर यज्ञ-कुड मे हवन की सामग्री डालनेवाला। विशेष दे० 'होता'। होता का सहायक। होतृक [को०]।

होमकर्म—सज्ञा पुं० [स० होमकर्मन्] होम सबधी कार्य। हवन की विधियाँ। यज्ञकार्य [को०]।

होमकल्प—सज्ञा पुं० [स०] हवन करने की विधि [को०]।

होमकाल—सज्ञा पुं० [सं०] हवन करने का निर्धारित समय [को०]।

होमकाष्ठी—सज्ञा स्त्री० [स०] यज्ञ की अग्नि दहकाने की फुँकनी।

होमकुड—सज्ञा पुं० [स० होमकुण्ड] हवन की अग्नि को स्थापित करने के लिये बना हुआ कुड। होम की अग्नि रखने का गड्ढा।

होम डिपार्टमेंट—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'स्वराष्ट्र विभाग'।

होमना—क्रि० स० [सं० होम+हिं० ना (प्रत्य०)] १ देवता के उद्देश्य से अग्नि मे डालना। हवन करना। आहुति देना।

सयो० क्रि०+देना।

२ उत्सर्ग करना। छोड देना। उ०—नदलाल के हेतु आपुनो सुख वै होमति। —सुकवि (शब्द०)। ३ नष्ट करना। बरबाद करना।

होम मिनिस्टर—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'स्वराष्ट्र मत्री'।

होम मेंबर—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'स्वराष्ट्र मत्री'।

होम सेक्रेटरी—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'स्वराष्ट्र मत्री'।

होमाग्नि—सज्ञा स्त्री० [सं०] हवनकुड की अग्नि [को०]।

होमार्जुनी—सज्ञा स्त्री० [स०] होमधेनु [को०]।

होमि—सज्ञा पुं० [स०] १ अग्नि। २ चित्रक नाम का एक वृक्ष। चीते का पेड (को०)। ३ तपाया हुआ मक्खन का घी। घृत। ४ जल। पानी।

होमियोपैथिक—वि० [अ०] १ चिकित्सा की होमियोपैथी नामक पद्धति के अनुसार। २ होमियोपैथी के अनुसार चिकित्सा करनेवाला।

होमियोपैथी—सज्ञा स्त्री० [अ०] थोडे दिनो से निकला हुआ पाश्चात्य चिकित्सा का एक सिद्धात या विधान। वह चिकित्सापद्धति जिसे डाक्टर हैनिमैन ने जर्मनी मे आविष्कृत किया था। रोग के समान लक्षण उत्पन्न करनेवाले द्रव्यो द्वारा रोगनिवारण की पद्धति।

विशेष—इसका सिद्धात है कि जो वस्तु अधिक मात्रा मे कोई रोग उत्पन्न करती है वही वस्तु सूक्ष्ममात्रा मे उस रोग का विनाश भी करती है। इस सिद्धात के अनुसार कोई रोग उसी द्रव्य से दूर होता है जिसके खाने से स्वस्थ मनुष्य मे उस रोग के समान लक्षण प्रकट होते हैं। इस पद्धति मे रोग के लक्षण तथा रोगी की मानसिक अवस्था के अनुसार दवा दी जाती है। मुख्यत इस प्रणाली मे रोगी की मन स्थिति पर विचार करके दवा होती है। इसमे वैज्ञानिक विधि द्वारा विभिन्न ओषधियो और सखिया, कुचला आदि अनेक विषो को स्पिरिट मे डालकर उनकी मात्रा को निरतर हलकी करते जाते है और इस प्रकार विषो की अल्प से अल्प मात्रा द्वारा रोग दूर किए जाते हैं।

होमी—सज्ञा पुं० [सं० होमिन्] हवन करनेवाला या आहुति देनेवाला व्यक्ति [को०]।

होमीय--वि [सं०] १ होम सबधी। होम का। जैसे,--हौमीय द्रव्य। २ हवन कार्य मे उपयुक्त। हवन के योग्य।

यौ०--होमीय द्रव्य = होम के काम मे उपयुक्त होनेवाले द्रव्य, जैसे, घी, साकल्य आदि।

होमेधन--सज्ञा पुं० [स० होमेन्धन] होम कार्य मे प्रयुक्त इधन। यज्ञकाष्ठ [को०]।

होम्य¹--वि० [सं०] होम सबधी। होम का। होमीय।

होम्य²--सज्ञा पुं० १ घृत। घी। २ हवन मे प्रयुक्त पदार्थ। होम द्रव्य (को०)।

होर¹--वि० [अनु०] ठहरा हुआ। चलने से रुका हुआ।

क्रि० प्र०--करना।--होना।

होर²--सज्ञा पु० [प०] ओर। मार्ग। राह। उ०--असाँनूं चेटक लाइ गया की कराँ कुछ होर न सुझदा।--घनानद०, पृ० ३४०।

होर³--सज्ञा पुं० [फा०] रवि। सूरज। सूर्य [को०]।

होरख्श--सज्ञा पुं० [फा० होरख्श] सूर्य।

होरमा--सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की घास या चारा। सावक।

होरमुज्द--सज्ञा पुं० [फा० होरमुज्द] एक ग्रह। वृहस्पति। मुश्तरी [को०]।

होरस--सज्ञा पुं०[यू०] यूनान के एक प्राचीन देवता का नाम। उ०--होरस देवता भी गृद्धमुख है।--प्रा० भा०, प०, पृ० ८३।

होरसा--सज्ञा पुं० [स० घर्ष (= घिसना)] पत्थर की गोल छोटी चौकी जिसपर चदन घिसते या रोटी वेलते हैं। चौका।

होरहा Ⓤ--सज्ञा पुं० [सं० होलक] १ चने का छोटा पौधा जो प्राय जड से उखाडकर बाजारो मे बेचा जाता है और जिसमे से चने के ताजे दाने निकलते हैं। २ चना, यव आदि को जड से उखाडकर अग्नि मे भूने हुए ताजे दाने। उ०--होरहा कोऊ जलाय खात कच्चा रस पीवत।--प्रेमघन०, भा० १, पृ० ४४।

होरा'--सज्ञा पुं० [सं० होला] दे० 'होला'।

होरा²--सज्ञा स्त्री० [स० यूनानी भाषा से गृहीत] १ एक अहोरात्र का २४ वाँ भाग। घटा। ढाई घडी का समय। २. एक राशि या लग्न का आधा भाग। ३. ज्योतिषशास्त्र मे एक लग्न। ४ रेखा। चिह्न। लकीर [को०]। ५ जन्मकुडली। ६ जन्मकुडली के अनुसार फलाफल निर्णय की विद्या। जातक शास्त्र।

होराविद्--सज्ञा पुं० [सं०] जन्मकुडली देखने मे कुशल व्यक्ति। होराशास्त्र का ज्ञाता। ज्योतिषी [को०]।

होराशास्त्र--सज्ञा पुं० [सं०] फलाफल निर्णय की विद्या। जातक शास्त्र। फलित ज्योतिष [को०]।

होरिल†--सज्ञा पुं० [देश०] नवजात बालक। नया पैदा लडका। (गीत)।

होरिलवा, होरिला†--सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'होरिल'।

होरिहार Ⓤ†--सज्ञा पु० [हिं० होरी] होली खेलनेवाला। उ०--होन लग्यो व्रज गलिन मे होरिहारन को घोप।--पद्माकर (शब्द०)।

होरी¹--सज्ञा स्त्री० [स० होली] दे० 'होली'। उ०--अति रस बाढयो री बाढयो पिय प्यारी को होरी ठानत।--घनानद०, पृ० ४४५।

होरी²--सज्ञा स्त्री० [हिं० होर (= ठहरा हुआ)] एक प्रकार की बडी नाव जो जहाजो पर का माल लादने और उतारने के काम मे आती है।

होल--सज्ञा पुं० [देश०] पश्चिमी एशिया से आया हुआ एक पौधा जो घोडो और चौपायो के चारे के लिये लगाया जाता है।

होलक--सज्ञा पुं० [सं०] आग मे भुनी हुई चने, मटर आदि की हरी फलियाँ। होला। होरा। होरहा।

होलडाल--सज्ञा पुं० [अ०] यात्रा मे बिस्तर आदि बाँधकर रखने के काम आनेवाला लवा चौडा एक प्रकार का थैला जो बिस्तर की तरह फैलाया जा सकता है। बिस्तरबद। उ०--मैंने अपनी सभी छोटी मोटी चीजें और कपडे लत्ते बक्स मे सँभालकर रखे और बिस्तर होलडाल मे बाँधा।--सन्यासी, पृ० १२३।

होला¹--सज्ञा स्त्री० [स०] होली का त्यौहार।

यौ०--होला क्रीडन, होला खेलन = होली खेलना। फाग खेलना। होलाष्टक।

होला²--सज्ञा पुं० सिक्खो की होली जो होली के दूसरे दिन होती है।

होला³--सज्ञा पुं० [सं० होलक] १ आग मे भूनी हुई हरे चने या मटर की फलियाँ। २ चने का हरा दाना। होरा। होरहा।

होलाक--सज्ञा पुं० [सं०] आग की गरमी पहुँचाकर पसीना लाने की आयुर्वेदोक्त एक क्रिया। एक प्रकार की स्वेदन विधि।

होलाका--सज्ञा स्त्री० [स०] १ वसत ऋतु आने पर मनाया जानेवाला। एक उत्सव। होली का त्योहार। २ फाल्गुन मास की पूर्णिमा (को०)।

होलाष्टक--सज्ञा पुं० [स०] होली के पहले के आठ दिन जिनमे विवाह कृत्य नही किया जाता। जरता वरता।

होलिका--सज्ञा स्त्री० [सं०] १ होली¹ का त्योहार। २ लकडी, घास फूस आदि का वह ढेर जो होली के दिन जलाया जाता है। उ०--गोपद पयोधि करि होलिका ज्या लाय लक, निपट निसक परपुर गलवल भो।--तुलसी ग्र०, पृ० २४७।

यौ०--होलिकादहन, होलिकादाह = होली जलाना।

३ एक राक्षसी का नाम जो हिरण्यकशिपु की बहिन थी। विशेष दे० 'ढुढा'¹।

होलिकानल--सज्ञा पुं० [सं० होलिका + अनल] होलिका की अग्नि। होली की आग। उ०--ससार का कूडा करकट समझ होलिकानल मे झोक देना।--प्रेमघन०, भा० २, पृ० २५२।

होली¹--सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हिंदुओ का एक बडा त्योहार जो फाल्गुन के अत मे वसत ऋतु के आरभ पर चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को मनाया जाता है और जिसमे लोग एक दूसरे पर रग, अबीर आदि डालते तथा अनेक प्रकार के विनोद करते हैं। उ०--

लगे गुलशन पे अजवस गम के होल्याँ। हुए पुरखून कुल मेहदी के फूलाँ।-- दक्खिनी०, पृ० १६१।

विशेष—प्राचीन काल मे जो मदनोत्सव या वसतोत्सव होता था, उसी की यह परपरा है। इसके साथ होलिका राक्षसी की शाति का कृत्य भी मिला हुआ है। वसत पचमी के दिन से लकडियो आदि का ढेर एक मैदान मे इकट्ठा किया जाना है जो वर्ष के अतिम दिन फाल्गुन की पूर्णिमा को जलाया जाता है। इसी को 'होली जलाना' या 'सवत् जलाना' कहते है। बीते हुए वर्ष का अतिम दिन और आनेवाले वप का प्रथम दिन दोनो इस उत्सव मे ममिलित रहते हैं।

मुहा०—होली खेलना = होली का उत्सव मनाना। एक दूसरे पर रग, अबीर आदि डालना। उ०—थे कैयाँ होली खेलौ भोरा कान्ह जी। औराँ काँ धोखा सू म्हारी आँख्याँ बूकौ मेलौ। —घनानद०, पृ० ४४५। होली का भँडवा = बेढगा पुतला जो विनोद के लिये खडा किया जाता है।

२ लकडी, घास फूस आदि का ढर जो होली के दिन जलाया जाता है। उ०—त्रिविध सूल होलिय जरै खेलिय अस फागु। जो जिय चहसि परम सुख तो यहि मारग लागु।—तुलसी ग्र०, पृ० ५६१। ३ एक प्रकार का गीत जो होली के उत्सव मे गाया जाता है।

होली[२]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक कँटीला झाड या पौधा।

होलू(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० होला] भुने या उबाले हुए चने। (खोचेवाला)।

होल्डर—सज्ञा पु० [अ०] १ अँगरेजी कलम का वह हिस्सा जो हाथ से पकडा जाता है और जिसमे लिखने की निब या जीभ खोंसी जाती है। २ किसी वस्तु को पकडने का साधन। ३ बिजली के लट्टू को लटकाने का साधन जो तार मे लगा रहता है।

होल्डाल—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'होलडाल'।

होल्दना†—क्रि० स० [देश०] धान के खेत मे घास पात दूर करने के लिये हल चलाना। (पजाब)।

होवनिहार—सज्ञा पुं० [हिं० होना + हार (प्रत्य०)] दे० 'होनहार'।

होवनिहारी(पु)—वि०, सज्ञा स्त्री० [हिं० होना] दे० 'होनहार'। उ०—दीखति हे कछु होवनिहारी। सो काहू पै जाति न टारी।—सूर०, ४।५।

होश—सज्ञा पु० [फा०] १ बोध या ज्ञान की वृत्ति। सज्ञा। चेतना। चेत। जैसे,—वह होश मे नही है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—होश व हवास, होशोहवास = चेतना और बुद्धि। सुध बुध।

मुहा०—होश उडना या जाता रहना = भय या आशका से चित्त व्याकुल होना। चित्त स्तब्ध होना। सुध बुध भूल जाना। तन मन की सँभाल न रहना। जैसे,— बदूक देखते ही उसके होश उड गये। होश करना = सचेत होना। बुद्धि ठीक करना। होश दग होना = चित्त चकित होना। आश्चर्य से स्तब्ध होना। मन मे अत्यत आश्चर्य उत्पन्न होना। होश पकडना = आपे मे होना। चेतना प्राप्त करना। होश सँभालना = अवस्था बढने पर सब बाते समझने बूझने लगना। सयाना होना। अनजान बालक न रहना। जैसे, मैंने तो जब से होश सँभाला, तब से इसे ऐसा ही देखता हूँ। होश मे आना = चेतना प्राप्त करना। बोध या ज्ञान की वृत्ति-फिर लाभ करना। बेसुध न रहना। मूर्छित या सज्ञाशून्य न रहना। होश की दवा करो = बुद्धि ठीक करो। समझ बूझकर बोलो। होश ठिकाने होना = (१) बुद्धि ठीक होना। भ्राति या मोह दूर होना। (२) चित्त स्वस्थ होना। थकावट, घबराहट, डर या व्याकुलता दूर होना। चित्त की अधीरता या व्याकुलता मिटना। (३) अहकार या गर्व मिटना। दड पाकर भूल का पछतावा होना। जैसे, वह मार खायगा तब उसके होश ठिकाने होगे। होश की दवा करना = समझदारी प्राप्त करना। उ०— अक्ल के नाखून लो। होश की दवा करो।—फिसाना, भा० ३, पृ० १३७। होश फाख्ता हो जाना = होश उड जाना। उ०—पहलवान के होश फाख्ता हो गए। झूठी जूडो चौगुनी बढी।—काले०, पृ० ५६। होश हवा होना या हाश हिरन होना = दे० 'होश उडना'।

२ स्मरण। सुध। याद। स्मृति।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—होश आना = (१) दे० 'होश मे आना'। (२) स्मरण होना। याद आना। होश दिलाना = सुध कराना। स्मरण कराना। याद दिलाना।

३ बुद्धि। समझ। अक्ल।

यौ०—होशमद।

४ नशे के उतार की अवस्था (को०)।

होशमद—वि० [फा०] समझदार। बुद्धिमान्।

होशमदी—सज्ञा स्त्री० [फा०] समझदारी। अक्लमदी। होशियारी (को०)।

होशयार—वि० [फा०] दे० 'होशियार'। उ०—लाला ब्रजकिशोर बाते बनाने मे बडे होशयार है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० २०२।

होशियार—वि० [फा०] १ चतुर। समझदार। बुद्धिमान्। २ दक्ष। निपुण। कुशल। जैसे,—वह इस काम मे बडा होशियार है। ३ सचेत। सावधान। खबरदार। जैसे,—इतना खोकर अब से होशियार हो जाओ।

मुहा०—होशियार रहना = चौकसी करते रहना। किसी अनिष्ट से बचने का बराबर ध्यान रखना।

४. जिसने होश सँभाला हो। जो अनजान बालक न हो। सयाना।

५ चालाक। धूर्त।

होशियारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ समझदारी। बुद्धिमानी। चतुराई। २ दक्षता। निपुणता। ३ कौशल। युक्ति। सावधानी। जैसे,—इसे होशियारी से पकडना नही तो टूट जायगा।

होश्यार†—वि० [फा० होशयार, होशियार] दे० 'होशियार'। उ०—अछो होश्यार तुम सारे के अब तक। मेरा भी हे तुम्हारे सूँ सुखन यक। दक्खिनी०, पृ० १६७।

होस(पु)†[1]—सज्ञा पुं० [फा० होश] दे० 'होश'।

होस[2]—सज्ञा पुं० [अ० हवस] दे० 'हौस'।

होसलेमद—वि० [अ० हौसलह् + फा० मद] दे० 'हौसलामद'। उ०—मिस्टर रसल नील का एक होसलेमद सोदागर है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० १६४।

होसाजासी†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] किसी कार्य का स्मरण रहने पर भी आजकल करते हुए रहना।

होसा होसी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] लाग डाँट। स्पर्धा। होडा होडी।

होसी(पु)—क्रि० अ० [राज०] 'होना' क्रिया का भविष्यत् काल का एकवचनात रूप। होगा। उ०—परा रहौ जी इसौ कूंड छै थांसू होसी भेलौ।—घनानद०, पृ० ४४५।

होस्टल—सज्ञा पु० [अ० होस्टेल] १ छात्रावास। २ निवासस्थान।

होस्टेल—सज्ञा पुं० [अ०] १ स्कूल या कालेज से सबद्ध छात्रो के रहने का स्थान। छात्रावास। २ रहने का स्थान।

होहल्ला—सज्ञा पुं० [हिं०] शोरगुल। चिल्लपो। हुल्लड।

हौं(पु)†[1]—सर्व० [स० अहम्] व्रजभाषा का उत्तम पुरुष एकवचन सर्वनाम। मै। उ०—(क) हौं इक बात नई सुनि आई।—सूर०, १०।२०। (ख) हौं मारिहौ भूप द्वौ भाई।—मानस, ६।७८।

हौं[2]—क्रि० अ० 'होना' क्रिया का वर्तमानकालिक उत्तम पुरुष एकवचन रूप। हूँ।

हौंकना(पु)†—क्रि० अ० [हिं० हुकार] १ गरजना। हुकार करना। २ हाँफना।

हौंनी(पु)—वि० [हिं० होना] होनेवाली। उ०—नददास प्रभु बेगि चलौ किन, भई कहा औ आगै हौंनी।—नद० ग्र०, पृ० ३७३।

हौंस—सज्ञा स्त्री० [अ० हवस] दे० 'हौस'।

हौ(पु)[1]—अव्य० [हिं० हाँ] स्वीकृतिसूचक शब्द। हाँ। (मध्यप्रदेश)।

हौ[2]—क्रि० अ० १ होना क्रिया का मध्यम पुरुष एकवचन का वर्तमानकालिक रूप। हो। २ होना का भूतकाल। था। दे० 'हो'।

हौआ[1]—सज्ञा पुं० [अनु० हौ, हाऊ] लडको को डराने के लिये एक कल्पित भयानक वस्तु का नाम। हाऊ। भकाऊँ।

हौआ[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० हौवा] दे० 'हौवा'।

हौका—सज्ञा पु० [अनु० हाव (=मुँह बाने का शब्द)] १ मरभुखापन। खाने का गहरा लालच। २ प्रबल लोभ। तृष्णा। ३ हडबडी या घबराहट। हौलदिली। उ०—रुस्तम अली की अम्मा अपने जी के हौके मे मरी जा रही थी।—शतरज०, पृ० १६।

हौज[1]—सज्ञा पु० [अ० हौज] १ पानी जमा रहने का चहबच्चा। कुड हौद। उ०—अठएँ लोक के पार भरा इक हौज है।—पलटू०, पृ० ६५। २ कटोरे के आकार का मिट्टी का बहुत बडा बरतन। नाँद।

हौज[2]—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ अज्ञता। नासमझी। २ अधीरता। आतुरता [को०]।

हौजा[1]—सज्ञा पुं० [फा० हौजा] हाथी की अम्मारी। हौदा [को०]।

हौजा[2]—सज्ञा पुं० [अ० हौजह्] १ छोटा हौद। २ औरतो की मूत्रेंद्रिय। भग। ३ राज्य का केंद्रस्थान। राजधानी। ४ तट। किनारा [को०]।

हौड(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० होड] लागडाट। दे० 'होड'।

हौतभुज[1]—सज्ञा पुं० [सं०] कृत्तिका नामक तृतीय नक्षत्र [को०]।

हौतभुज[2]—वि० हुतभुज् या अग्निसबधी [को०]।

हौताशन—वि० [सं०] अग्नि सबधी। हुताशन सबधी।

हौताशनकोण—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्व दक्षिण का कोना। अग्नि कोण। [को०]।

हौताशनलोक—सज्ञा पुं० [सं०] अग्नि का लोक [को०]।

हौताशनि—सज्ञा पुं० [सं०] १ कार्तिकेय। स्कद। २ रामायण मे वर्णित नील नाम का बदर [को०]।

हौतृक[1]—वि० [सं०] होता सबधी। होता से सबद्ध [को०]।

हौतृक[2]—सज्ञा पुं० होता का सहायक या सहयोगी।

हौत्र—वि० सज्ञा पु० [सं०] दे० 'हौतृक' [को०]।

हौत्रिक—वि० [सं०] होता के कार्य से सबध रखनेवाला। होता सबधी।

हौद—सज्ञा पुं० [अ० हौज़] १ बँधा हुआ बहुत छोटा जलाशय। कुड। उ०—(क) हौद भरा जहाँ प्रेम का, तहाँ लेत हिलोरा दास।—दरिया०, पृ० १४। (ख) कहर को क्रोध किधौं कालिका को कोलाहल हलाहल हौद लहरात लवालव को।—पद्माकर ग्र०, पृ० ३०५। २ कटोरे के आकार का मिट्टी का बहुत बडा बरतन जिसमे चौपाए खाते पीते है तथा रँगरेज, धोबी आदि कपडे डुबाते है। नाँद।

हौदा[1]—सज्ञा पुं० [फा० हौजह्] हाथी की पीठ पर कसा जानेवाला आसन जिसके चारो ओर रोक रहती है और पीठ टिकाने के लिये गद्दी रहती है। उ०—(क) हाथिन के हौदा उकसाने कुभ कुजर के, भौन को भजाने अलि छूटे लट केस के।—भूषण ग्र०, पृ० १२७। (ख) वह हौदन सो सब छन कस्यो नृप गजगन अवरेखिए।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २३३।

क्रि० प्र०—कसना।

हौदा[2]—सज्ञा पुं० [अ० हौज, हिं० हौद] [अल्पा० स्त्री० हौदी] कटोरे के आकार का मिट्टी, पत्थर आदि का बहुत बडा बरतन जिसमे चौपायो को चारा दिया जाता है। नाँद।

हौन(पु)†—सज्ञा पुं० [देश०] अपनत्व। आत्मीयता। अपनापन।

हौमीय—वि० [सं०] होम सबधी या हवन के उपयुक्त [को०]।

हौम्य—सज्ञा पुं० [स०] घृत। घी। दे० 'होम्य' [को०]।

हौम्यधान्य—सज्ञा पुं० [स०] हवन का अन्न। दे० 'होमधान्य' [को०]।

हौर†—अव्य० [देश०] दे० 'और'। उ०—न माने प्यास हौर भूख नाले के सुख दु ख।—दक्खिनी०, पृ० ५२।

हौरा†[1]—सज्ञा पुं० [अनु० हाव हाव] शोर गुल। हल्ला। कोलाहल। उ०—सुनि सर्वत्र सब हौरा किरना।—कबीर सा०, पृ० ४४०।

क्रि० प्र०—करना। —मचना।—होना।

हौरा[२]—सज्ञा स्त्री० [अ०] गौर वर्ण की वह स्त्री जिसके बाल और आँखे घने श्याम वर्ण की हो [को०]।

हौरा हौरा, हौरे हौरे†—क्रि० वि० [देश०] दे० 'हौले हौले'।

हौल—सज्ञा पुं० [अ०] डर। भय। दहशत। खौफ।

यौ०—हौलदिल। हौलनाक।

मुहा०—हौल पैठना या बैठना=जी मे डर समाना। हृदय मे भय उत्पन्न होना।

हौल अगेज—वि० [फा०] खौफनाक। भयदायक।

हौल खौल—सज्ञा स्त्री० [अनुध्व०] दे० 'हौल जौल'।

हौलजदा—वि० [फा० हौलजदह्] भयभीत। त्रस्त। डरा हुआ।

हौल जौल—सज्ञा स्त्री० [अ० हौल+जौल (अनु०)] १ जल्दी। शीघ्रता। २ जल्दी के कारण होनेवाली घबराहट।

क्रि० प्र०—करना।—मचाना।

हौलदिल[१]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ कलेजा धडकना। दिल की धडकन। २ दिल धडकने का रोग।

हौलदिल[२]—वि० १ जिसका दिल धडकता हो। २ दहशत मे पडा हुआ। डरा हुआ। ३. घबराया हुआ। व्याकुल। जिसका जी ठिकाने न हो।

हौलदिला—वि० [फा० हौलदिल] [वि० स्त्री० हौलदिली] डरपोक। बुजदिल।

हौलनाक—वि० [अ० हौल+फा० नाक] डरावना। भयानक। भयकर।

हौला जौली—सज्ञा स्त्री० [अ० हौल+अनु० जौल] दे० 'हौल जौल'।

हौली—सज्ञा स्त्री० [स० हाला (=मद्य)] वह स्थान जहाँ मद्य उतरता और बिकता है। आबकारी। कलवरिया।

हौली हौली—क्रि० वि० [हिं० हौले हौले] धीरे धीरे। उ०—हौली हौली बढ गई धेनु, चोली हमजोली की मसकी।—आराधना, पृ० २५।

हौलू—वि० [अ० हौल+हिं० ऊ (प्रत्य०) या हिं० हौल] जिसके मन मे जल्दी हौल होना हो। शीघ्र भयभीत होने या घबरानेवाला।

हौले हौले—क्रि० वि० [हिं० हलुआ] १ धीरे धीरे। आहिस्ता। मद गति से। क्षिप्रता के साथ नही। जैसे,—हौले हौले चलना। २ हलके हाथ से। जोर से नही। जैसे,—हौले हौले मारना।

हौवा[१]—सज्ञा स्त्री० [फा०] पैगबरी मतो के अनुसार सब से पहली स्त्री जो पृथ्वी पर आदम के साथ उत्पन्न की गई और जो मनुष्य जाति की आदि माता मानी जाती है। हव्वा।

हौवा[२]—सज्ञा पु० [अनु० हौ] दे० 'हौआ[१]'।

हौश—सज्ञा पुं० [अ०, तुल० अ० हाउस] १ मकान। घर। गृह। भवन। २ स्थान। जगह [को०]।

हौस—सज्ञा स्त्री० [अ० हवस] १ चाह। प्रबल इच्छा। लालसा। कामना। उ०—(क) सजै विभूषन बसन सब पिया मिलन की हौस।—पद्माकर।—(शब्द०)। (ख) हौस मरै मिगरी सजनी कबहूँ हरि सो हँसि बात कहौगी।—केशव (शब्द०)। २ उमग। हर्षोत्कठा। उ०—रति विपरीत की पुनीत परिपाटी मनौ हौसन हिंडोरे की सुपाटी मे पढति है।—पद्माकर (शब्द०)। ३ हौसला। उत्साह। साहसपूर्ण इच्छा।

हौसला—सज्ञा पुं० [अ० हौसलह्] १ किसी काम को करने की आनदपूर्ण इच्छा। उत्कठा। लालसा। जैसे,—उसे अपने बेटे का ब्याह देखने का हौसला है।

मुहा०—हौसला निकलना=इच्छा पूरी होना। अरमान निकलना। २ उत्साह। आनदपूर्ण साहस। जोश और हिम्मत। जैसे,—फिर कभी मुझसे लडने का हौसला न करना।

मुहा०—हौसला पस्त होना=उत्साह न रह जाना। जोश ठढा पडना। हिम्मत न रहना। हौसलो के पुतले बनना=अत्यधिक उत्साही होना। उ०—हौसलो के बने रहें पुतले। हार हिम्मत कभी न हम हारे।—चुभते०, पृ० ५३।

३ प्रफुल्लता। उमग। बढी हुई तबीयत। जैसे,—उसने बडे हौसले से बेटे का ब्याह किया है। ४ उद्दडता। गुस्ताखी। धृष्टता [को०]। ५ आवेग। जोश [को०]।

हौसलामद—वि० [फा०] १ लालसा रखनेवाला। २ बढी हुई तबीयत का। उमगवाला। ३ उत्साही। साहसी।

हौसु—सज्ञा स्त्री० [अ० हवस] दे० 'हौस'। उ०—दोस लगावत दीनदयालहि हौसु हिये हरि भाँतिन स्यौ है।—ठाकुर०, पृ० १२।

हौसुर—क्रि० वि० [देश०] उच्च स्वर से। उ०—कठ लागि सो हौसुर रोई। अधिक मोह जो मिलै बिछोई।—पदमावत०, पृ० १६८।

ह्नव—सज्ञा पुं० [स०] गोपन। छिपाव।

ह्नवन—सज्ञा पुं० [सं०] गोपन। छिपाना [को०]।

ह्नुत—वि० [सं०] गोपन किया हुआ। छिपाया हुआ [को०]।

ह्नुति—सज्ञा स्त्री० [स०] छिपाव। गोपन। दुराव। २ प्रत्याख्यान। अस्वीकृति [को०]।

ह्य—अव्य० [सं० ह्यस्] गत कल। पिछला दिन [को०]।

ह्यस्कृत—वि० [सं०] जो कल किया गया हो। जो बीते हुए दिन अर्थात् कल को घटित हुआ हो [को०]।

ह्यस्तन—वि० [स०] गत कल सबधी [को०]।

यौ०—ह्यस्तनदिन, ह्यस्तनदिवस=गत दिन। बीता हुआ पिछला दिन।

ह्यस्त्य—वि० [सं०] जो एक दिन पहले का हो [को०]।

ह्याँ—अव्य० [हिं० यहाँ>हियाँ†] दे० 'यहाँ'।

ह्यो—सज्ञा पुं० [हिं० हिय] दे० 'हियो', 'हिया'। उ०—(क) लक्ष्मण के पुरिखान कियो पुरुषारथ सो न कह्यो परई। वेष

बनाय कियो बनितान को देखत केशव ह्यो हरई ।—केशव (शब्द०) । (ख) कहै पदमाकर त्यो बाँधनू बसनवारी, वा व्रज बसनवारी ह्यो हरनहारी है ।—पद्माकर (शब्द०) ।

ह्योभव—वि० [सं०] जो कल हुआ हो [को०] ।

ह्यौ(पु)—सज्ञा पु० [हि० हिय] 'हियो', 'हिया' और 'हिय' ।

ह्रणिया, ह्रणीया—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लज्जा । व्रीडा । २ कृपा । ३ निंदा [को०] ।

ह्रद—सज्ञा पुं० [सं०] १ बडा ताल । झील । २ सरोवर । तालाब । ३ नाद । ध्वनि । आवाज । ४ किरण । ५ मेघा । मेघ ।

यौ०—ह्रदग्रह = नक्र । घडियाल । कुभीर ।

ह्रदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नदी । २ बिजली । विद्युत् [को०] ।

ह्रद्रोग—सज्ञा पुं० [सं०] राशि-चक्र-गत ११वी राशि । कुभ राशि [को०] ।

विशेष—सस्कृत मे यह शब्द ग्रीक भाषा से आगत एव प्रयुक्त है ।

ह्रसित—वि० [सं०] १ छोटा किया हुआ । कम किया हुआ । घटा हुआ । जिसका ह्रास हुआ हो । २ जो ध्वनि के रूप मे व्यक्त हो । जिसकी ध्वनि हुई हो । ध्वनित । शब्दित [को०] ।

ह्रसिमा—सज्ञा स्त्री० [स० ह्रसिमन्] १ लघुता । छोटापन । २ कम होने का भाव । न्यूनता । स्वल्पता [को०] ।

ह्रसिष्ठा—वि० [सं०] अत्यत लघु या न्यून । लघुतम [को०] ।

ह्रसीयस्—वि० [सं०] लघुतर । स्वल्पतर [को०] ।

ह्रस्व[1]—वि० [स०] १ छोटा । जो बडा न हो । २ नाटा । छोटे आकार का । ३ कम । थोडा । ४ नीचा । जैसे,—ह्रस्व द्वार । ५ तुच्छ । नाचीज । ६ जो दीर्घ न हो । लघु । जैसे—स्वर ।

विशेष—वर्णमाला मे दीर्घ की अपेक्षा कम खीचकर बोले जानेवाले स्वर अथवा स्वरयुक्त व्यजन 'ह्रस्व' कहलाते हैं । जैसे अ, इ, क, कि, कु, ह्रस्व वर्ण है और आ, ई, ऊ, का, की, कू, दीर्घ ।

ह्रस्व[2]—सज्ञा पुं० १ वामन । बौना । २ दीर्घ की अपेक्षा कम खीचकर बोले जानेवाले स्वर । एक मात्रा का स्वर । जैसे,—अ, इ, उ । ३ एक प्रकार का कसीस । हीरा कसीस । पुष्पकसीस । विशेष दे० 'हीरा कसीस' । ४ यम का एक नाम [को०] ।

ह्रस्वक—वि० [स०] अत्यत छोटा या लघु । दे० 'ह्रस्व'[1] [को०] ।

ह्रस्वकर्ण—सज्ञा पुं० [स०] एक राक्षस का नाम [को०] ।

ह्रस्वकुश—सज्ञा पुं० [स०] श्वेत कुश [को०] ।

ह्रस्वगर्भ—सज्ञा पु० [सं०] कुश [को०] ।

ह्रस्वगवेधुका—सज्ञा स्त्री० [सं०] नागबला । नागबल्ली । गागेरुकी [को०] ।

ह्रस्वजबु—सज्ञा पुं० [सं० ह्रस्वजम्बु] छोटी जामुन । कठजामुन [को०] ।

ह्रस्वजात रोग—सज्ञा पुं० [स०] एक रोग जिसमे दिन के समय वस्तुएँ बहुत छोटी दिखाई पडती हैं ।

ह्रस्वजात्य—वि० [सं०] छोटी जाति या किस्म का [को०] ।

ह्रस्वतडुल—सज्ञा पुं० [सं० ह्रस्वतण्डुल] धान की एक किस्म । राजान्न [को०] ।

ह्रस्वता—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटाई । छोटापन । अल्पता । लघुता ।

ह्रस्वत्व—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'ह्रस्वता' [को०] ।

ह्रस्वदर्भ—सज्ञा पुं० [सं०] श्वेतकुश । ह्रस्व कुश [को०] ।

ह्रस्वदा—सज्ञा स्त्री० [स०] शतवरी । सतावरी का वृक्ष । सतर [को०] ।

ह्रस्वनिर्वशक—सज्ञा पुं० [सं०] छोटी असि । छोटी तलवार [को०] ।

ह्रस्वपत्रक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का महुआ । जगली मधूक ।

ह्रस्वपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'अश्वत्थी' । छोटा पीपल [को०] ।

ह्रस्वपर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] पक्कड । पाकर का पेड ।

ह्रस्वप्रवासी—सज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के मतानुसार वह व्यक्ति जो कुछ काल के लिये परदेश गया हो । थोडे समय के लिये बाहर गया हुआ मनुष्य ।—इ०—ह्रस्वप्रवासी शूद्र, वैश्य, क्षत्रिय, ब्राह्मणो की भार्यायें एक बरस काल तक प्रतीक्षा करें यदि उनको सतान न हुई हो, सतान हुई हो, तो बरस से अधिक । —भा० इ० रू०, पृ० ५६१ ।

विशेष—ऐसे प्रवासियो की स्त्रियो के लिये कुछ अवधि नियत थी कि वे कितने दिनो तक पति की प्रतीक्षा करें । उस काल के पहले वे दूसरा विवाह नही कर सकती थी ।

ह्रस्वप्लक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] पक्कड वृक्ष । ह्रस्वपर्ण [को०] ।

विशेष—राजनिघटु के अनुसार यह शीतल है और मूर्छा भ्रम, प्रलाप रोग और रक्तदोष को दूर करनेवाला है ।

ह्रस्वफल—सज्ञा पुं० [स०] खजूर या छुहारा ।

ह्रस्वफला—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी जाति की जामुन जो नदियो के किनारे होती है । भूमिजबु ।

ह्रस्ववाहु[1]—सज्ञा पुं० [सं०] निषधनरेश नल का एक नाम [को०] ।

ह्रस्ववाहु[2]—वि० जिसकी बाँहें छोटी हो [को०] ।

ह्रस्ववाहुक—सज्ञा पुं० वि० [स०] दे० 'ह्रस्ववाहु' [को०] ।

ह्रस्वमूर्ति—वि० [सं०] छोटे आकार या कद का । ठिंगना । नाटा [को०] ।

ह्रस्वमूल—सज्ञा पुं० [स०] लाल गन्ना ।

ह्रस्वशाखाशिफ—सज्ञा पुं० [सं०] क्षुप । गुल्म । झाडी [को०] ।

ह्रस्वसभा—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी और तग कोठरी या दालान जहाँ कुछ ही लोग बैठ सकें [को०] ।

ह्रस्वाग[1]—वि० [स०] नाटा । ठिगना । बौना ।

ह्रस्वाग[2]—सज्ञा पुं० जीवक नाम का पौधा ।

ह्रस्वाग्नि—सज्ञा पुं० [सं०] आक का पौधा । मदार । अर्क ।

ह्राद—सज्ञा पुं० [सं०] १ ध्वनि । शब्द । आवाज । २ बादल की गरज । मेघगर्जन । ३. शब्दस्फोट । ४ एक नाग का नाम । ५ हिरण्यकशिपु के एक पुत्र का नाम ।

ह्रादिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नदी। २ वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक नदी का नाम जिसे 'ह्रादिनी' और 'दूरपारा' भी कहते थे। ३ शल्लकी वृक्ष। सलई का पेड (को०)। ४ बिजली। वज्र।

ह्रादी—वि० [स० ह्रादिन्] [वि० स्त्री० ह्रादिनी] शब्द करनेवाला। गर्जन करनेवाला।

ह्रादुनि, ह्रादुनी—सज्ञा पुं० [स०] एक नरक का नाम (को०)।

ह्रास—सज्ञा पुं० [स०] १ पहले से छोटा या कम हो जाने की क्रिया या भाव। कमी। घटती। घटाव। छीज। क्षीणता। अवनति। २ शक्ति, वैभव, गुण आदि की कमी। ३ छोटी सख्या (को०)। ४ ध्वनि। आवाज।

ह्रासक—वि० [स०] ह्रास करनेवाला [को०]।

ह्रासन—सज्ञा पुं० [स०] १ क्षय करना। क्षीण करना। २ कम करना। घटाना। ३ आठ दिग्गजो मे से एक का नाम [को०]।

ह्रासनीय—वि० [स०] कम करने योग्य। घटाने लायक [को०]।

ह्रिणिया, ह्रिणीया—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'ह्रणिया', 'ह्रणिया' [को०]।

ह्रित[१]—वि० [स०] १ शर्मिदा। लज्जित। २ ले आया हुआ। लाया हुआ। नीत। ३ अपहरण किया हुआ। छीना हुआ। दे० 'हृत'। विभक्त। विभाजित। अलग किया हुआ। [को०]।

ह्रित[२]—सज्ञा पुं० विभाग। अश।

ह्रिति—सज्ञा स्त्री० [सं०] हरण। हृति [को०]।

ह्री—सज्ञा पुं० [स०] बीजमंत्र।

ह्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लज्जा। व्रीडा। शर्म। हया। सकोच। २ लज्जायुक्त होने का भाव। शर्मिदगी (को०)। ३ दक्ष प्रजापति की कन्या जो धर्म की पत्नी मानी जाती है। ४ जैनो के अनुसार महापद्म नामक सरोवर की देवी का नाम।

ह्रीक—सज्ञा पुं० [स०] १ पिता। जनक। २ नेवला।

ह्रीका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लज्जा। लज्जाशीलता। हया। २ भय। डर। भीरुता (को०)।

ह्रीकु[१]—वि० [स०] १ लजीला। लज्जाशील। शर्मीला। २ भयभीत। भीरु [को०]।

ह्रीकु[२]—सज्ञा पुं० १ बिल्ली। २ लाख। ३ राँगा।

ह्रीजित—वि० [स०] अत्यत लजीला। अत्यत लज्जाशील [को०]।

ह्रीण—वि० [स०] लज्जित। शरमिदा। जैसे,—ह्रीणमुख।

ह्रीत—वि० [स०] लज्जित। लजाया हुआ। जैसे,—ह्रीतमुख।

ह्रीति—सज्ञा स्त्री० [सं०] लज्जा। शर्म। हया। सकोच।

ह्रीदेव—सज्ञा पुं० [सं०] बौद्धो के एक देवता [को०]।

ह्रीधारी—वि० [सं० ह्रीधारिन्] [वि० स्त्री० ह्रीधारिणी] लजीला। सकोची [को०]।

ह्रीनिरास—सज्ञा पुं० [स०] निर्लज्जता। बेहयापन [को०]।

ह्रीनिषेव—वि० [स०] विनम्र। विनयी [को०]।

ह्रीपद—सज्ञा पुं० [स०] लज्जा या व्रीडा का कारण [को०]।

ह्रीवल—वि० [सं०] अत्यत विनयी [को०]।

ह्रीभय—सज्ञा पुं० [सं०] लज्जा का भय। लाज का डर (को०)।

ह्रीमान्[१]—वि० [सं० ह्रीमत्] [वि० स्त्री० ह्रीमती] लज्जाशील। हयादार। शर्मदार।

ह्रीमान्[२]—सज्ञा पुं० विश्वेदेवा मे से एक।

ह्रीमूढ—वि० [स० ह्रीमूढ] लज्जा से घबराया हुआ। लज्जा के कारण निश्चेष्ट। लाज से दबा हुआ।

ह्रीयत्रणा—सज्ञा स्त्री० [स० ह्रीयन्त्रणा] लाज की पीडा (को०)।

ह्रीवेर—सज्ञा पुं० [स०] सुगधवाला।

ह्रीवेल, ह्रीवेलक—सज्ञा पुं० [सं०] सुगधवाला। ह्रीवेर।

ह्रेपण—सज्ञा पु० [स०] १ किसी को लज्जित करना। अतिक्रात या अतिशर्मित करना। २ व्याकुलता। व्यग्रता। सभ्रम [को०]।

ह्रेपित—वि० [स०] १ लज्जित। शरमिंदा। २ अतिक्रमित। अतिक्रात [को०]।

ह्रेषा—सज्ञा स्त्री० [स०] घोडे की हिनहिनाहट [को०]।

ह्रेषित[१]—वि० [स०] हिनहिनाया हुआ (घोडा) या जो हींस रहा हो [को०]।

ह्रेषित[२]—सज्ञा पुं० हिनहिनाहट। हींसने की क्रिया [को०]।

ह्रेषी—वि० [सं० ह्रेषिन्] हींसने या हिनहिनानेवाला [को०]।

ह्रेषुक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की कुदाल [को०]।

ह्लत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] आह्लाद। खुशी। प्रसन्नता [को०]।

ह्लन्न—वि० [स०] आनदित। खुश। प्रसन्न [को०]।

ह्लाद—सज्ञा पु० [स०] १ आनद। खुशी। प्रफुल्लता। २ नवता। ताजगी (को०)। ३ हिरण्यकशिपु के एक पुत्र का नाम।

ह्लादक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'ह्लाद'।

ह्लादन[१]—सज्ञा पु० [स०] [वि० ह्लादनीय, ह्लादित] आनदित करना। खुश करना।

ह्लादन[२]—वि० आनदित। खुश। प्रसन्न [को०]।

ह्लादिको—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'ह्लाद'।

ह्लादित—वि० [सं०] आनदित [को०]।

ह्लादिनी[१]—वि० स्त्री० [स०] आनदित करनेवाली।

ह्लादिनी[२]—सज्ञा स्त्री० १ बिजली। वज्र। २ धूप का पौधा। ३ एक शक्ति या देवी का नाम। ४ एक नदी का नाम। दे० 'ह्रादिनी'।

ह्लादी—वि० [सं० ह्लादिन्] १ आनदयुक्त। आनदी। २ प्रसन्न करनेवाला। ३ निनाद करनेवाला [को०]।

ह्लीका—सज्ञा स्त्री० [सं०] लज्जा। शर्म।

ह्लीकु[१]—वि० [सं०] १ लज्जाशील। २ भयभीत। भयालु।

ह्लीकु[२]—सज्ञा पुं० दे० 'ह्रीकु'[२] [को०]।

ह्वेपा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'हेपा' [को०]।

ह्वैं (पु)†—अव्य० [हिं० वहाँ + ही] दे० 'वहीं'। उ०—जहाँ भूप जा ना रहि मरत, तिनके हाड ह्वैं जा गिरते।—चरण०, पृ० २०८।

ह्वैनन—संज्ञा पुं० [सं०] इधर उधर झुकना या गिरना पडना। लडखडाना। थहराना।

ह्वैना—संज्ञा स्त्री० [सं०] विषयगामी होने की स्थिति। पथभ्रष्टता। विमार्गगामिता [को०]।

ह्वौं†—अव्य० [हिं० वहाँ] दे० 'वहाँ'। उ०—ना इतते कोउ जाय न ह्वातें आवई। सुदर बिरहिनि दुखन रैनि बिहावई।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० ३६४।

ह्वा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जिह्वा। २ तरुणी। ३ सरिता। नदी [को०]।

विशेष—मेदिनिकृत 'द्व्यक्षर' नाममाला मे ये अर्थ प्राप्त होते हैं।

ह्वा[2]—संज्ञा पुं० अभिधान। नाम। आख्या। आह्वा।

ह्वातव्य—वि० [सं०] १ जिसे पुकारा जाय। जो पुकारा जाय। २ पुकारनेवाला [को०]।

ह्वान—संज्ञा पुं० [सं०] १ बुलाना। पुकारना। २ चिल्लाहट। शोर-गुल। ३ युद्ध के आह्वान। युद्धाह्वान। ललकार [को०]।

ह्वायक—वि० [सं०] पुकारनेवाला। आह्वान करनेवाला [को०]।

ह्वायि—वि० [सं० ह्वायिन्] १ पुकारनेवाला। बुलानेवाला। २ युद्धार्थ आह्वान करनेवाला। ललकारनेवाला [को०]।

ह्वार्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ सर्प। साँप। २ अश्व। घोडा [को०]।

ह्वाल(पु)†—संज्ञा पुं० [अ० हाल] दशा। अवस्था। दे० 'हवाल'। उ०—चाँवल आय चगा माल। साँई बिना भूँडो ह्वाल।—राम०, धर्म०, पृ० ६६६।

ह्विप—संज्ञा पुं० [अ०] १ पार्लमेंट या व्यवस्थापिका सभा का वह सदस्य जो अपनी पार्टी या दल के सदस्यो को किसी महत्व के प्रश्न पर वोट या मत लिए जाने के समय सभा मे अधिकाधिक सख्या मे उपस्थित करता है। दलदूत। जैसे,—इस बार परिषद् के स्वराजी दल के ह्विप के उद्योग से दल के समस्त सदस्य १२ ता० को अधिवेशन मे उपस्थित हुए थे।—(शब्द०)।

विशेष—ह्विप का काम है, अपने दल के प्रत्येक सदस्य को सूचित करना कि अमुक समय पर अमुक महत्व के विषय पर वोट या मत लिए जायँगे, और इस बात का ध्यान रखना कि वोट लिए जाने के पहले सभा से दल का कोई सदस्य बाहर न जाने पावे (अर्थात उन सबको सभा मे रोक रखना), अपने दल के सदस्यों को बताना कि किस प्रकार वोट देना चाहिए, वोट लिए जाने के समय प्रत्येक दल के सदस्यो की गणना करना, अपने दल के सदस्यो से मिलते जुलते रहना और किसी विषय पर उनका क्या निश्चित मत है, यह अपने दल के नेता को विदित करना, जिसमे वह निश्चय कर सके कि कहाँ तक हमे इस विषय मे अपने दल का सहारा मिलेगा। साराश यह कि ह्विप का काम दल के स्वार्थ या हित को देखना है।

२ चाबुक। ३ सारथी। कोचवान।

ह्विस्की—संज्ञा स्त्री० [अ०] एक प्रकार की अँगरेजी शराब।

ह्वेल—संज्ञा पुं० [अ०] एक बहुत बडा समुद्री जतु जो आज कल पाए जानेवाले पृथ्वी पर के सब जीवो से बडा होता है।

विशेष—ह्वेल ८० या ९० फुट तक लबे होते हैं। इसकी खाल के नीचे चरबी की एक बडी मोटी तह होती है। आगे की ओर दो पर होते हैं, जिनसे यह पानी ठेलता और अपनी रक्षा करता है। किसी किसी जाति के ह्वेल की दुम के पास भी एक पर सा होता है। पूँछ के बल ये जतु पानी के बाहर कूदकर आते हैं। मछली के समान ह्वेल अडज जीव नही है, पिंडज है। मादा बच्चे देती है और अपने दो थनो से दूध पिलाती है। बहुत छोटे छोटे कान भी ह्वेल को होते है। यह जतु छोटी छोटी मछलियाँ खाकर रहता है। यह बहुत देर तक पानी मे डूबा नही रह सकता। फेफडे या गलफडे के अतिरिक्त दो छेद इसके सिर मे होते हैं जिनसे यह साँस भी लेता है और पानी का फुहारा भी छोडता है। इसकी आँखें बहुत छोटी होती हैं। पृथ्वी के उत्तरी भाग के समुद्रो मे ह्वेल बहुत पाए जाते है और उनका शिकार होता है। ह्वेल की हड्डियो से हाथीदाँत की तरह अनेक प्रकार के सामान बनते हैं। इसकी अँतडियो मे एक प्रकार का सुगधित द्रव्य जमा हुआ मिलता है जो 'अबर' के नाम से प्रसिद्ध है और जो भारतवर्ष, अफ्रिका और दक्षिण अमेरिका के समुद्रतट पर बहता हुआ पाया जाता है। प्राणिविज्ञानवेत्ताओ का कहना है कि ह्वेल पूर्व कल्प मे स्थलचारी जतु था और पानी के किनारे दलदलो मे रहा करता था। क्रमश पृथ्वी पर ऐसी अवस्था आती गई जिससे उसका जमीन पर रहना कठिन होता गया और स्थितिपरिवर्तन के अनुसार इसके अवयवो मे फेरफार होता गया, यहाँ तक कि लाखो वर्ष अनतर ह्वेलो मे जल मे रहने के उपयुक्त अवयवो का विधान हो गया, जैसे, उनके अगले पैर मछली के डैने के रूप मे हो गए, यद्यपि उनमे हड्डियाँ वे ही बनी रही जो घोडे, गधे आदि के अगले पैरो मे होती हैं। हमारे यहाँ के प्राचीन ग्रथो मे 'तिमिंगिल' नामक एक बडे भारी मत्स्य या जलजतु का उल्लेख मिलता है जो सभव है, ह्वेल ही हो।